डमरारा, ट्रिनीडाड, जमैका आदि उपनिवेशोंमें मृतक-दाह कानूनसे वर्जित है। जहाँ आज यूरोप और अमेरिकामें और यहाँतक कि अफ्रिकामें भी मृतक-दाहकी प्रथा लोकप्रिय होती जाती है। संसारके सभी बड़े-बड़े नगरोंमें श्मशान बन गये हैं। दक्षिण अफ्रिकामें भारतीय श्मशानोंके सिवा डरबन आदि शहरोंमें श्वेतांगोंके भी श्मशान हैं जिनमें बिजलीके जरिये मुर्दे जलाये जाते हैं, परन्तु दक्षिणीय अमेरिकाके ब्रिटिश उपनिवेशोंका कानून संसारमें निरालाही है। वहाँके हिन्दू पिछली एक शतीसे प्रार्थना करते-करते थक गये और अब तो वे निराश हो बैठे हैं पर उनकी प्रार्थना और विश्वकी प्रगति पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और उस पुराने कानूनमें कोई भी परिवर्तन करना उचित नहीं समझा गया। वहाँके डॉक्टर ह्वारटन एक ईसाई गृहस्थ थे लेकिन उनके हिंदू पिता जब मरने लगे तो अपनी अंतिम इच्छा प्रगट कर गये कि उनकी लाशको दफनाया नहीं, जलाया जाय। उनकी मृत्युके बाद ईसाई डाक्टरने अपने पिताकी अंतिम इच्छा पूरी करनेके लिये बड़ी कोशिशें की और सरकारसे आज्ञा प्राप्त करनेके लिये अपनी सारी शक्ति लगा दी पर उनका सारा प्रयत्न निष्फल गया। प्रो० सत्याचरणजी कुछ साल पहले जब आर्य प्रचारकके रूपमें वहां गये थे तो उन्होंने उस जंगली कानूनको रद्द कराने और जो चाहे उसको मुर्दे जलानेकी आजादी दिलानेके लिये बहुत कुछ प्रयत्न किया था पर उस समय उनका भी परिश्रम निरर्थकही गया। अब तो वे भारत सरकारके कमिश्नरके रूपमें वहाँ गये हैं। हमने अपने व्यक्तिगत पत्रों और "प्रवासी" के कई लेखोंमें इस आवश्यक बातकी ओर उनका ध्यान खींचा है और उन्होंने हमें विश्वास दिलाया है कि वे वहाँकी कानूनी किताबसे इस कलङ्कको मिटा डालनेके लिये अपनी सारी शक्ति लगा देंगे पर खेदकी बात है कि इस काममें जितना चाहिये प्रवासी भारतीयोंसे उनको सहयोग नहीं मिल रहा है। इसपर प्रवासियोंको कहा भी क्या जाय ? यह तो उनकी आत्म-विस्मृतिका स्पष्ट प्रमाण है। जिस वातावरणमें उनका जन्म और पालन-पोषण हुआ है उसका परिणाम इसके सिवा और हो ही क्या सकता है ? जबसे वे उन उपनिवेशोंमें गये तभीसे मुर्देको दफनानेका रिवाज उनमें चल पड़ा और शनैः शनैः इस रिवाजने उनके दिलपर ऐसा दखल जमा लिया है कि अब वे मुर्देको जलाने की कोई जरूरतही नहीं समझते हैं। अतएव हमारे कमिश्नर प्रो० सत्याचरणजीको इस कार्यके सम्पादन करनेमें कठिनाइयाँ तो होगीही, पर यह कार्य है इतना महत्वपूर्ण कि इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। हिन्दू धर्मकीही नही मानव-समाजकी हितदृष्टिसे भी मृतक-दाहकी प्रथा प्रचलित होजाना अनिवार्यतः आवश्यक है। हमारे कमिश्नरके साथ

यूरोप और अमेरिकाके उन लाखों व्यक्तियोंकी सहानुभूति है जो वैज्ञानिक दृष्टिसे मुर्देको गाड़नेकी अपेक्षा फूँकनाही श्रेयस्कर समझते हैं। यदि उनके कार्यकालमें जनत को मृतक-दाहका अधिकार मिल गया तो बृहत्तर भारतके इतिहासमें उनका नाम स्वर्णाक्षरोंमें अंकित रहेगा।

उन उपनिवेशोंकी ओर मैं इस शताब्दीकी दूसरी दशाब्दीसेही ध्यान दे रहा हूँ। सुरीनाम डचोंका उपनिवेश है और हॉलेन्डको सहायता करनेके लिये हमारे अंग्रेज प्रभुओंने हमें कुली-कबाड़ीके रूपमें वहाँ भी भेजना उचित समझ लिया था। डच गायना दक्षिण अमेरिकाके उत्तर-पूर्वकी तरफ स्थित है। इसका क्षेत्रफल ५८,५३० वर्ग-मील है जिसमें केवल थोड़ी जमीन जोती जाती है। इस उपनिवेशमें छः बड़ी बड़ी नदियाँ हैं। सुरीनाम नदी जहाँ समुद्रसे मिलती है वहाँ उसकी चौड़ाई तीन मील है। डच गायनाकी राजधानी 'परामारिबो' है। सन् १८७३ में वहाँ गिरमिट लिखाकर भारतीयोंके जानेका सिलसिला शुरू हुआ जो सन् १९१६ तक जारी रहा। इस समय लगभग चालीस हजार भारतीय वहाँ रहते हैं। उनमेंसे कुछ तो रोजगार या खेती करते हैं और शेष मजदूरी। वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें मुख्यतः युक्तप्रांत और बिहारके निवासी हैं।

डच गायनामें कई ऐसे स्कूल हैं जिनमें हिंदीकी पढ़ाई होती है। हिंदी पढ़ानेके लिये खास अध्यापक नियुक्त किये गये हैं। कालेजोंमें रङ्गभेद नहीं हैं। भारतीय लड़के भी डच लड़कोंके साथ उच्च-शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, पर छठे दर्जेतक शिक्षा प्राप्त करके भारतीय विद्यार्थी प्रायः स्कूल छोड़ देते हैं और कोई बिरलाही कालेजमें पहुँच पाता है। भारतीय अनाथ बच्चोंको वहांकी सरकार ऐसे गृहस्थको सौंप देती है जो निःसंतान होते हैं। अनाथ बच्चोंके पालनके लिये उन गृहस्थोंको सरकारकी तरफसे ५ रुपया मासिक सहायता तबतक मिला करती है जब तककि अनाथोंकी आयु १५ सालकी नहीं हो जाती है। ऐसे अनाथ बालक, जिनके पालन पोषणके लिये उपयुक्त गृहस्थ नहीं मिलते है, सरकारी अनाथालयमें रक्खे जाते हैं और बादमें औद्योगिक विद्यालयोंमें दाखिल करा दिये जाते हैं।

भारतीयोंको वहां बसानेके लिये डच सरकारने सभी उपायोंका अवलंबन किया था। गिरमिट समाप्त होने पर जो वहाँ बस जाता था उसको सरकार १०० रुपया नकद सहायता देती थी और छः सालके लिये जमीन मुफ्त में दी जाती थी। मालगुजारी और इनकम-टैक्स भी नहीं देना पड़ता था। वे सुरीनामसे कलकत्ते तक बिना स्टाम्प लगाये चिट्ठी भेज सकते थे और मनिऑर्डरकी फीस भी माफ कर दी जाती थी। यहाँ तक कि नालिश-फरियाद करनेके लिये उनसे कोर्ट फीस भी नहीं ली जाती थी। यद्यपि वहांके भारतीयोंको वोट देनेका अधिकार है पर वहाँकी धारा सभाके सदस्योंमें एक भी भारतीय नहीं है। म्युनिसिपल-कौंसिलमें भी कोई भारतीय मेम्बर नहीं है। प्रवासी भारतीय वहाँके गवर्नरसे सप्ताहमें एक बार मिल सकते हैं।

यद्यपि ब्रिटिश उपनिवेशोंकी अपेक्षा सुरीनाममें भारतीयता कुछ हद तक सुरक्षित हैं, पर उसीपर संतुष्ट हो बैठना आत्मा-प्रतारणा होगी। वहाँ भी धर्म, संस्कृति और भाषाके प्रचारकी नितांत आवश्यकता है। इस शताब्दीकी तीसरी दशाब्दीके आरंभमें पारामारिबोसे स्वर्गीय श्री शीतल प्रसाद दूबेने हिंदीमें छोटे आकारके दो-चार पन्नेका "विदेशी भारतवासी" नामक एक अखबार निकाला था लेकिन उसके पाँच-छः अंकसे अधिक नहीं निकलने पाये और दूबेजीको परिस्थितिसे विवश होकर उसका प्रकाशन बन्द कर देना पड़ा। अब पंडित भवानी भीख मिश्रकी यह हार्दिक इच्छा है कि वे पारामारिबोमें एक प्रेस खोलें और हिंदीमें एक पत्र प्रकाशित करें। इस समय भारतसे टाइप आदि मंगानेमें बड़ी कठिनाई है इस-लिये यह कहना कठिन है कि उनकी इच्छाकी पूर्त्ति कबतक हो सकेगी? वे अब वृद्ध भी हो चले हैं और उनकी तन्दुरस्ती भी अच्छी नहीं रहती है। अतएव उनके पुत्र, जो वकालत पास कर चुके हैं तथा वहाँ के अन्य हिन्दी प्रेमियोंको मिश्रजीकी इस इच्छाकी पूर्त्तिके लिये निरंतर उद्योग करते रहना चाहिये और जब तक यह महान कार्य पूरा न हो जावे तबतक चैनसे न बैठना चाहिये। यह कार्य इतना आवश्यक है कि इसीपर वहाँके प्रवासी भाइयोंकी भारतीयता अवलंबित है। भाषाको गँवाकर कोई भी कौम जिन्दा नहीं रह सकती।

स्वर्गीय श्री शीतल प्रसाद दूबेके जमानेमें 'सुमति सभा' और 'भारतोदय' नामकी सभाएँ भी खुली थी। उनमें 'सुमति सभा'की तो अब नाम भी नहीं सुनाई पड़ता है

लेकिन 'भारतोदय' ने अपने अस्तित्वको विलुप्त नहीं होने दिया है। इधर आर्यसमाजों और आर्य प्रतिनिधि सभाकी स्थापनासे सुरीनाममें एक नई जागृति पैदा हो गई है। उसके मुकाबलेमें सनातन धर्म सभा भी खड़ी हो गई है। एक देवीने अपने धनसे पारामारिबोमें एक भव्य आर्यसमाज मंदिर भी बनवा दिया है जिसका उद्‌घाटन डच गायनाके गवर्नरने किया था। सनातन धर्मकी तरफसे हालहीमें एक मंदिर बना है। डच गायनासे भारत पैसा भेजनेमें बड़ी कठिनाई होती है। सरकारकी आज्ञा बिना कोई एक पैसा भी देशसे बाहर नहीं भेज सकता। वहाँ ब्रिटिश पोस्टल ऑर्डर भी उपलब्ध नहीं होता है। सुरीनामके बेंकका हिन्दुस्थानके किसी बेंकसे सम्बन्ध नहीं है। इसलिये वहाँके बेंकसे जो ड्राफ्ट मिलता है वह लंडनके 'वेस्टमिनिस्टर बेंक' के नामसे। वहाँसे मनिऑर्डर आनेकी भी कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिये वहाँके प्रवासी भारतीयोंको भारतसे पुस्तकें, अखबार आदि मँगानेमें बड़ी दिक्कत होती है। वहाँके हिन्दुओंमें बहुत थोड़े ईसाई हुए हैं। छुआछूतका भूत और स्त्रियोंके परदेका पिशाच भी उनका पिण्ड छोड़ चुका है। भारतका कोई एक विद्वान प्रचारक भी वहाँ दो चार साल रहकर भारतीयताकी बुनियादको ऐसा मजबूत बना सकता है कि फिर उसके विनाशकी कोई आशंका नहीं रह जायगी।

ट्रिनीडाडमें पंडित अयोध्या प्रसादनेही आर्यसमाजों और आर्य प्रतिनिधि सभाकी स्थापना कर दी थी। उनकी विद्यमानतामेंही प्रोफेसर सत्याचरणजी वहाँ पहुँच गये थे। इन विद्वान वक्ताओंके व्याख्यानोंसे वहाँके प्रवासी भारतीयोंमें नवजीवन और नवजागरणका उदय हो आया था। वहाँ भी आर्यसमाजके मुकाबलेमें सनातन धर्म सभाका ढोंग रचा गया पर जब सभाके लिये कोई सुयोग्य हिन्दू सभापति नहीं मिला तो श्री तिलकसिंहको उसका सभापति बनाया गया। यह जानकर किसे आश्चर्य न होगा कि तिलक सिंह एक ईसाई हैं और एक ईसाई सनातन धर्म सभाका सभापति हो सकता है, यह विश्वके लिये एक विस्मयकी वस्तु है। ऐसे तो तिलक सिंह वहाँके एक प्रसिद्ध मालदार तथा रईस हैं और वहाँकी धारासभाके सदस्य भी हो चुके हैं लेकिन सनातन धर्मियोंने उनको अपनी धार्मिक सभाका प्रधान बनाया और उन्होंने भी ईसाई होते हुए इस पदको स्वीकार कर लिया, यह बात प्रवासी भारतीयोंकी सिद्धांतहीनताकी साक्षी है।

डमरारामें पंडित भास्करानंदजी एम. ए. के उद्योगसे अनेक आर्यसमाजोंकी स्थापना हो गई है और समाजोंके संगठनके लिये आर्यप्रतिनिधि सभाकी जगह उन्होंने आर्यन लीग बनाई है, जो वहाँके समस्त आर्यसमाजोंका प्रतिनिधित्व करती है। इस लीगने जो सबसे अधिक महत्वका कार्य किया है वह है आर्यन्-ओरियन्टल कालेजकी स्थापना इस कॉलेजकी इमारतमें अबतक लगभग ५० हजार रुपया खर्च हो चुका है। ऐसे तो सुरीनाम, ट्रिनीडाड और डमरारा—इन तीनों उपनिवेशोंमें महता जैमिनीजी, पंडित अयोध्या प्रसादजी, प्रोफेसर सत्याचरनजी, पंडित भास्करानंदजी, पंडित ऋषिरामजी, श्रीमती जानकी देवीजी और पंडित नारायणदत्तजी आदि आर्य उपदेशक प्रचार कर चुके हैं लेकिन पंडित भास्करानंदजीने अपना अधिकांश समय डमरारामें लगाया। फलतः वहाँके प्रवासी भारतीयोंके विचारोंमें भी क्रांति हो रही है।

वहींपर जमैका, ग्रनेडा और सेंट लूशिया भी है लेकिन इन अभागे उपनिवेशोंकी हालत बिल्कुल निराली है। मालूम पड़ता है कि वहाँके प्रवासी भारतीयोंपर भगवान का श्राप है। इस लिये कोई उपदेशक वहाँ न जाता है और न जाना चाहता है। अगर कोई साहस करके पहुँच भी जाता है तो अपने अभागे देशवासियोंकी दशा देखकर निराश हुए बिना नहीं रहता और लाचार होकर अपना रास्ता नापता है।

अब तो भारत स्वतंत्र हो गया है। हमारा यह कर्तव्य है कि जहाँ हम प्रवासी भाइयोंके राजनैतिक स्वत्वोंकी रक्षा करें और उनको यह सभी अधिकार दिलावें जो अन्य नागरिकोंको मिले हुए हैं। वहाँ उनकी सांस्कृतिक आवश्यकताको भी न भूल जावें। यही एक ऐसा सूत्र है जो मातृभूमि भारतसे उनको बाँधे रखेगा। भारतमें तो राष्ट्र और राज भाषाके सिंहासन पर हिंदी बैठाई जा चुकी है, अब हिंदी साहित्य सम्मेलन आदि संस्थाओंको प्रवासी भारतीयोंमें हिंदी प्रचारकी व्यवस्था करनी चाहिये क्योंकि भाषाही उनकी राष्ट्रियताको जीवित रख सकेगी अन्यथा वे भारतीय होते हुए भी एक ऐसे साँचेमें ढल जायँगे जिनको फिर पहचानना भी कठिन हो जायगा। भारतकी धार्मिक संस्थाओंको उनकी आत्मिक क्षुधाकी तृप्तिके लिये प्रयत्नशील हो जाना चाहिये। यदि इस

अवसर पर हमने अपने कर्तव्यका पालन किया और प्रवासी भारतीयोंकी धार्मिक, सामाजिक और संस्कृतिक आवश्यकताओंकी ओर ध्यान दिया तो हम बौद्ध-कालकी भाँति इस युगमें भी एक नवीन बृहत्तर भारतका निर्माण कर सकेंगे जो स्वतंत्र भारतकी प्रतिष्ठा और महत्ताको और भी बढ़ानेमें सहायक होगा।

# स्वर्गीय भाई पीर मुहम्मद मूनिस

इधर अपनी रुग्णावस्थाके कारण मैं 'हिन्दुस्थान टाइम्स' और "सर्चलाइट" के सिवा हिन्दी अखबारोंकी तरफ बहुत कम ध्यान दे पाया हूँ। इसलिये उस दिन भाई बनारसी दास चतुर्वेदीके एक लेखमें और उसके बाद 'नयासमाज' की एक सम्पादकीय टिप्पणीमें यह बात पढ़कर दुःखसे काँप उठा कि वेतिया (चम्पारन) के भाई पीर मुहम्मद मूनिस इस विश्वसे सदाके लिये बिदा हो गये। इस दुखद संवादसे मेरे हृदय पर ऐसा कठोर आघात पहुँचा है कि वह अनुभूतिकी ही वस्तु है——शब्दों द्वारा उसकी अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। हिन्दी-साहित्य गगनसे इस उज्वल नक्षत्रका अस्त हो जाना भारतका भारी दुर्भाग्य है। मूनिसजी उन इनेगिने मुसलमानोंमें एक थे जिन्होंने अपने जीवनको हिंदीकी सेवामें उत्सर्ग किया है। उनकी लेखनी ऐसी बलवती थी कि जिस विषयपर वे लिखते थे, कमाल कर दिखाते थे। हमने "प्रवासी" के दिवाली अंक में मूनिसजीके "भारतीय राष्ट्रके निर्माता ऋषि दयानंद" और अभी 'प्रवासी' के दूसरे वर्ष के ८ वे अंकमें "आनन्द-कंद श्री कृष्णचन्द्र" शीर्षक लेखोंको प्रकाशित किया है। उन लेखोंसे जहाँ उनकी भाषा और शैलीका परिचय मिलेगा वहाँ उनकी विशुद्ध राष्ट्रिय भावनाओंका भी। भारतमें बड़ी बड़ी घटनाएँ घटी, शतियोंसे हिल मिलकर रहनेवाले हिंदू और मुसलमान एक दूसरेके जानी-दुश्मन बन गये और इधर देशका अंग-भंग होनेके बाद उन्होंने मनुष्यताको तिलांजलि देकर भारत माताकी छाती पर नृशंसताका जैसा नग्न नृत्य कर दिखाया वैसा भारतमें कभी देखा तो क्या, सुना भी नहीं गया था। पर इस भयंकर तूफानमें भी मूनिसजी अपने स्थान पर अटल-अचल रहे, उनकी राष्ट्रियतामें कोई अंतर नहीं आने पाया।

आजसे ३० साल पहले इस देश भक्त मुसलमानसे मेरा परिचय हुआ था। सन् १९२० में मूनिसजीके विशेष आग्रहसेही अखिल-भारत हिन्दी साहित्य सम्मेलनके पटना-अधिवेशनमें मैं सम्मिलित हुआ था। वहीं उनके प्रथमबार दर्शन हुए थे। उन्होंने मेरे ठहरनेके लिये एक आलीशान बंगलेमें विशेष व्यवस्था कर रखी थी। मूनिसजी नेही श्रद्धेय राजेन्द्र बाबूसे पहले-पहल मेरा परिचय कराया था। मैं राजेन्द्र बाबूकी शक्ल-सूरत और भेष-भूषा देखकर उनकी उपेक्षाही कर रहा था और उनको सम्मेलनका कोई मामूली क्लर्क समझ रहा था लेकिन जब मूनिसजी ने उनसे मेरा परिचय कराते हुए कहा कि "यही राजेन्द्र बाबू हैं" तो मैं विस्मय-वारिधिमें डूब गया। सोचा कि यदि यही बिहारके सर्वश्रेष्ट नेता राजेन्द्र बाबू हैं तो इस पिछड़े हुए अभागे प्रांतका ईश्वरही रक्षक हैं। जो व्यक्ति सामयिक पोशाक-परिधानका भी मर्म और महत्व नहीं जानता है और इस तरह एक मामूली मजदूर या किसानकी भांति कपड़े पहने हुए है और वह भी ठीक ढंगसे नहीं, वह भला जनताका नेतृत्व क्या करेगा, क्योंकि नेहरु, दास, जिन्ना आदि नेताओंकी पोशाक और ठाट-बाटको मैं देख चुका था और नेतृत्वके लिये उनको आवश्यक मान बैठा था, इसलिये राजेन्द्र बाबूकी देशी पनही, ढीली धोती, मामूली मिजई और दुपल्ली टोपी देखकर निराश होना मेरे लिये स्वाभाविकही था। यद्यपि बापूकी सादगीसे मैं परिचित था पर उनको मैं नेता नहीं, सत-महात्मा मानता था। प्रवासी होनेके कारण मेरे दृष्टिमें पोशाककी बड़ी महत्ता थी। खैर, राजेन्द्र बाबूकी मुखाकृतिपर एक ऐसी आभा प्रदीप्त थी और उनके व्यक्तित्वमें एक ऐसा आकर्षण था कि मैं मन्त्रमुग्ध होकर उनकी ओर निहारता तथा उनकी बातें सुनता रहा और ठाट-बाट तथा पोशाकवाले मेरे पूर्व विचार दूसरेही क्षण सदाके लिये विलुप्त हो गये। राजेन्द्र बाबूपर मेरा केवल स्नेहही नहीं, श्रद्धा भी हो गई।

मुझे सम्मेलनके समय कई दिनों तक मूनिसजीके

सत्संगका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनको निकटसे मैं देख पाया था और उनके उच्च विचारोंका मुझपर काफी असर पड़ा था। उन्हीं दिनों मैंने एक छोटीसी पुस्तक लिखी थी जिसका नाम था—"शिक्षित और किसान"। इसमें विलायतसे ताजे आये हुए एक भारतीय बैरिस्टर और किसानोंका संवाद है। इस पुस्तकमें तो कोई विशेषता न थी पर मूनिसजीने भूमिका लिखकर इसकी महत्ता बढ़ा दी थी। भूमिका भी कैसी? ६१ पन्नेकी पुस्तककी २४ पन्नेकी लम्बी भूमिका! इस भूमिकामें मूनिसजीने अपने व्यक्तिगत अनुभवोंके आधार पर भारतीय किसानोंकी जो तसवीर खींची है उसको देखकर दिल दहले बिना नहीं रहता है। एक जगह उन्होंने कविवर 'सनेही' के शब्दोंमें भारतीय किसानके मुँहसे ईश्वरको संबोधन करते हुए कहलवाया है—

"भारतमें जनमाय चहै फिजी भिजवाना,
जी चाहे नेटाल भेजकर खान खुदाना।
है मुझको मंजूर वहाँ पर कोड़े खाना,
दीन बन्धु! पर भारतीय मत कृषक बनाना।
जोते, बोवें, मरें, खपें, भरपेट न खावें,
बे-दखलीको जमीन्दार तिसपर धमकावें।"

इस पुस्तकको भाई द्वारिकाप्रसाद सेवकने प्रकाशित की थी और मूनिसजीकी भूमिकाके प्रतापसे उसकी प्रथमावृत्ति बातकी बातमें खप गई। भारतके किसानोंमें उसकी बड़ी माँग होनेपर भी प्रकाशक महोदय अपनी परिस्थितिसे विवश होकर उसकी दूसरी आवृत्ति न निकाल सके और अब तो उसका दर्शन भी दुर्लभ है।

मूनिसजीसे मेरी घनिष्टता बढ़तीही गई। भारतका बँटवारा होनेसे कुछ दिन पहले मुझे यह खबर मिली कि मूनिसजीका पुत्र क्षय रोगसे पीड़ित है। इधर मूनिसजी की आर्थिक अवस्था भी शोचनीय हो गई थी। इसलिये मैंने पुत्रके उपचारके लिये कुछ रुपये मूनिसजीके पास भेजे जिसको उन्होंने मेरी बहुत प्रार्थना करने पर स्वीकार तो किया लेकिन उनको बड़ी आत्मग्लानि हुई। उस समय उन्होंने अपनी व्यथाको जिस रूपमें प्रकट किया था वह आज भी मेरे हृदयको व्यथित कर रहा है।

एक तो पुत्र-शोक और तिसपर आर्थिक चिन्तासे मूनिसजीको मानसिक क्लेश तो हुआ ही पर उनका शरीर भी उनके प्रभावसे न बचने पाया। वे स्वयं भी असाध्य रूपसे बीमार पड़ गये और उनके जीवनकी कोई आशा नहीं रह गई। उन्हीं दिनों भारत स्वतंत्र हुआ था और तत्कालीन दुर्घटनाओंसे देशमें उथल पथल मचा हुआ था। जब मुझे उनकी बीमारीकी सूचना मिली तो मैंने उनको पत्र लिखकर प्रवासी भवन आ जानेके लिये आग्रह किया। मैंने उनको विश्वास दिलाया कि यहाँ आनेपर मैं स्वयं अपने हाथोंसे उनकी सेवा करूँगा, उनके उपचारकी उचित व्यवस्था करूंगा और उनको आर्थिक चिन्ताओंसे मुक्त रखूंगा। डाक्टरोंने भी स्थान परिवर्तनके लिये सलाह दी थी और वे स्वयं भी यहाँ आनेके लिये तैयार थे परन्तु हाय! उन दिनों पाकिस्तानके प्रतिशोधमें कोई यह नहीं देखता था कि यह भारत-भक्त है या भारत-द्रोही, राष्ट्रवादी है या सम्प्रदायवादी, मुस्लिम लीगी है या काँग्रेसकर्मी—देखा केवल यह जाता था कि यह हिंदू है या मुसलमान? यदि मुसलमान है तो चाहे वह कैसाही भारत-भक्त या राष्ट्र-वादी क्यों न हो, पाकिस्तान और मुस्लिम लीगका कट्टर दुश्मन भी क्यों न हो, आखिर है तो मुसलमानही और इसलिये उसकी हत्या कर डालनाही एक सच्चे हिंदूका सर्वश्रेष्ट धर्म है। अतएव मूनिसजीने मुझे उत्तर दिया कि मैं खुशीसे प्रवासी भवनमें आनेको तैयार हूँ और डाक्टरोंने भी उनके लिये अजमेरके हवा-पानीको लाभदायक बतलाया है परन्तु उनके लिये मुसलमान होनेके कारण इतनी लम्बी यात्रा करना खतरेसे खाली नहीं है क्योंकि उन दिनों पाकिस्तानकी देखादेखी यहाँके रेलगाड़ियोंमें भी मुसलमानों की हत्याएँ हो रही थी—या तो उनको गाड़ीसे उठाकर बाहर फेंक दिया जाता था अथवा गाड़ीमेंही उनका काम तमाम हो जाता था। मूनिसजीने मुझे यह विश्वास दिलाया कि देश की स्थिति शांत होनेपर वे अवश्य अजमेर आ जावेंगे और मेरे साथ कुछ दिनों तक प्रवासी-भवनमें रहेंगे। इसके बाद उनका स्वास्थ्य सुधरता गया और जब उनके पत्रोंसे मालूम हुआ कि वे बिलकुल तन्दुरस्त हो गये हैं तो मैंने सन्तोषकी साँस ली।

परसालके आरम्भमें मैं स्वयं बीमार पड़ गया और मेरी अवस्था दिनपर दिन भयावह होती गई। बीमारीके दरम्यानमें मूनिसजीके अनेक पत्र मुझे मिले जो पढ़कर फाड़ दिये गये। उन पत्रोंके विनष्ट हो जानेपर आज मुझे बड़ा अफसोस हो रहा है अन्यथा उन पत्रोंसे यह पता लग जाता कि मूनिसजीमें मनुष्यताकी कितनी उच्च भावना

थी। उनके अन्तिम तीन पत्र, जो उनकी मृत्युसे थोड़े दिन पहले लिखे गये हैं, किसी तरह नष्ट होनेसे बच गये हैं। एक पत्रमें उन्होंने मुझे वेतिया आनेकी सलाह दी थी। यह भी प्रलोभन दिया था कि वे राज्यके एक ऐसे बंगले में मुझे ठहरावेंगे जिसमें सरदार पटेल और आचार्य कृपलानी ठहर चुके हैं और उसको विश्रामके लिये उपयुक्त बता चुके हैं। उनके खयालमें वह स्थान और बंगला मेरे स्वास्थ्यके लिये लाभदायक होगा। उन्होंने यह भी लिखा था कि यदि मैं उनका आमंत्रण मंजूर कर लूँ तो वे स्वयं अजमेर आकर मुझे वेतिया ले जानेके लये प्रस्तुत हैं। यह पत्र उन्होंने अपनी मृत्युसे ठीक दो मास पूर्व लिखा था। यहाँ हम उनके तीन पिछले पत्र देते हैं जिनमें अंतिम पत्र तो उनके निधनसे केवल एक मास पहले लिखा गया था:—

वेतिया, १९-७-४९.

श्रद्धेय स्वामीजी।

अभी जुलाईका "प्रवासी" मिला। सबसे पहले आपके स्वास्थ्यके विषयमें बाबा रमता योगीकी कलिकाल कथामें समाचार पढ़ा, बड़ी खुशी हुई। फिर सम्पादकजीकी बीमार वाले नोटको पढ़ा इससे कुछ उतनी खुशी हासिल नहीं हुई, पर, यह अच्छी तरह मालूम हो गया कि अब चिन्ताकी घड़ी बीत गई और अब सिर्फ कमजोरी है, जो क्रमशः कम होती जायगी। परमात्माको कोटिशः धन्यवाद है कि आपको देश और प्रवासी भाइयोंकी सेवा करनेके लिये निरोग कर सुअवसर दिया। प्रार्थना है कि आप सारा काम कुछ दिनोंके लिये छोड़कर अन्यत्र चले जाइये। यदि मेरी प्राथना स्वीकार हो तो बेतिया चले आइये। राजके एक रमणीय फूलवारीके, जिसको प्रोफेसर कृपलानी और पटेल साहेबने काश्मीरकी उपमा दी है, बंगलेमें रहकर पूरी तरहसे स्वस्थ हो जाइये। अगर लिखें तो मैं अजमेर आकर आपको यहाँ बुला लाऊं। शीघ्र उत्तर दें। योग्य सेवाके साथ उत्तरकी प्रतीक्षा कर रहा हूँ। आपका

पीर मुहम्मद मूनिस

वेतिया, १-८-४९.

श्रद्धेय भाई भवानी दयालजी।

अभी अभी आपका कृपा पत्र ता० २९ का लिखा हुआ मिला। पत्र पढ़कर चित्त व्यग्र हो गया। मैं नहीं समझता था कि आपकी अवस्था इस प्रकार नाजुक हो गई है।

सब चिन्ता छोड़कर परमात्माका नाम लीजिये शायद वह रहम करे। उसकी दया और कृपा अपरम्पार है, राईसे पर्वत और पर्वतसे राई वह क्षण मात्रमें कर देता है—जीवनसे निराश न होना चाहिये—शायद वह परीक्षा लेता हो। प्रवासी भाइयों के लिये कमसे कम १० वर्ष और जिन्दा रहें—यही मेरी प्रार्थना है। परमात्मा जो करता है भलेके लिये करता है। लाखों व्यक्तियोंके आप जीवनाधार हैं, वह इतना निष्ठुर और कठोर नहीं हो जायगा, वह सब कुछ देखता है। निस्सहाय और पीड़ित प्रवासी भाइयों के आप सहारा हैं—आपके द्वारा उन लोगोंका उद्धार होनेवाला है। परमात्मा अवश्य इस पर विचार करेंगे। आपका जीवन परोपकारके लिये है। आशा है कि वह अपनी दया और रहमत अवश्य दिखायेगा। उत्तरकी प्रतीक्षा कर रहा हूँ। आपका छोटा भाई,

पीर मुहम्मद मूनिस

वेतिया, २६ ८ ४९

श्रद्धेय भाई। सप्रेम बंदे।

आपका कृपापत्र ठीक समयपर मिला—आज्ञाके अनुसार लेख लिखनेकी कोशिश की, पर उसी रोजसे अभी तक हृदयकी धड़कन जारी है। बैठना मुश्किल हो रहा है अतः लाचार हूं। क्षमा करें, आज्ञा पालन न कर सका।

शेष कुशल है। अपने परिवारवालोंको प्रेमपूर्वक मेरी तरफसे प्रणाम और आशीर्वाद कह देनेकी कृपा करें।

मैं आपके स्वास्थ्य लाभके लिये परमात्मासे नित्य विनय करता हूँ। आशा है कि इस पत्रके उत्तरमें स्वास्थ्य सुधरनेका शुभ समाचार प्राप्त होगा। शेष कुशल है। आपका

पीर मुहम्मद मूनिस

इसके बाद मूनिसजीकी कोई चिट्ठी न मिली। मुझे क्या मालूम कि उनके जीवन-दवातकी स्याही सूख गई है, जो कलम क्रांतिकी आग उगलती थी और राष्ट्रियताकी इमारत उठाती थी वह सदाके लिये टूट जायगी। वे २४ सितम्बरको स्वर्ग सिधार गये, पर उनकी महायात्राकी खबर तक किसीने मुझे नहीं दी। किसीने उनकी मृत्युको कोई महत्वकी घटना नहीं समझा। यद्यपि मैं बीमारी और कमजोरीके कारण "प्रवासी" कार्यालयमें आनेवाले सभी अखबारोंपर दृष्टि डालनेमें असमर्थ था तो भी मेरे सहकर्मी सारे अखबारोंको देख लिया करते थे और यदि उनमें कोई महत्वकी बात देखते तो मुझे उसकी सूचना देनेसे भी नहीं चूकते थे। बिहारके भी कई दैनिक और साप्ताहिक पत्र मेरे पास आते हैं उनमेंसे किसीमें भी मूनिसजीकी मृत्युकी खबर दृष्टिगोचर नहीं हुई। यदि किसीमें छपी भी होगी तो कहीं किसी कोनेमें, जिसपर किसीकी नजर न पड़ी। ऐसे महान साहित्यकारके जीवनमें तो उसकी उपेक्षा की ही गई, आर्थिक चिन्तासे घुल-घुलकर मर जानेके लिये छोड़ दिया गया पर उसकी मृत्यु पर हमारे लेखकों और पत्रकारोंने जिस उपेक्षावृत्तिसे काम लिया है वह हिंदी वालोंके लिये अमिट कलंक और कृतघ्नताकाही द्योतक है। न किसी अखबारने अग्रलेख लिखा और न उनका चित्र और चरित्रही प्रकाशित किया। बिहार प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलनने एक बार मूनिसजीको प्रधान चुनकर अपनी गुणग्राहकताका परिचय दे चुका है पर हिंदी संसार ने उनको बिसारकर साहित्यकारोंके प्रति उदासीनता और कृतघ्नताकी सूचीमें एक और अभिवृद्धि कर ली है। मूनिस जी स्वयं आत्म-विज्ञप्तिसे घृणा करते थे, इसलिये हिंदी संसार उनकी साहित्य सेवासे बहुत कुछ अनभिज्ञही रहा क्योंकि यह विज्ञापनका जमाना है, जो जितनाही विज्ञापन से काम लेता है वह उतनाही संसारमें प्रसिद्ध हो जाता है। पर मूनिसजी आत्मश्लाघा और आत्म-विज्ञप्तिको पतनका सोपान समझते थे। इसीलिये इतनी घनिष्टता होनेपर भी मूनिसजीका कोई चित्र मेरे पास नहीं है; बार बार माँगनेपर भी उन्होंने अपना एक चित्र खिंचवाकर मेरे पास भेजना उचित नहीं समझा क्योंकि उनको यह मालूम था कि मेरे पास आनेपर उनका चित्र अखबारोंके पास अवश्य पहुँच जायगा।

अंतमें हम ईश्वरसे प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्माको अनंत शांति देवें और उनके परिवारको यह संताप सहनेकी शक्ति। हिंदी-संसारसे हम क्या कहें? जिस आदमीने हिंद देश और हिंदी साहित्यकी सेवामें अपना जीवन खपा दिया उसको हमने अपनी संकुचित मनोवृतिके कारण महज एक मुसलमानही समझा, एक अच्छा इन्सान नहीं। आर्थिक चिंता, शारीरिक व्यथा एवं पुत्र-विछोहसे तड़पता हुआ वह सच्चा साहित्यकार हमसे सदाके लिये विदा हो गया। वह तो सभी यातनाओंसे छुट्टी पा गया और यहाँ से चला गया; अब तो केवल उसकी स्मृति हमारे पास रह गई है। क्या उसकी रक्षाके लिये हम कुछ करेंगे अथवा उसको भी विस्मृति-वारिधिमें डूब जाने देंगे?

# प्रवासी भारतीयोंको अपनी पूँजी स्वदेश लानेमें कठिनाइयाँ

लेखक: राजरत्न सेठ नानजी भाई कालीदास मेहता

विदेशोंमें चालीस लाखसे अधिक प्रवासी भारतीयोंकी आबादी है; उनमें अनेक भारतीयोंका अपने देश और परिवारसे सम्बंध बना हुआ है। बर्मा, लंका, मलाया, जावा, मोरिशस, मेडागास्कर, दक्षिण अफ्रिका, रोडेशिया, मोज़म्बिक प्रदेश, इटालियन सोमालीलैंड, अबिसीनिया, बेलजियम-कोंगो, ब्रिटिश पूर्व अफ्रिका, सुडान, अदन, ईरान, ट्रिनीडाड, सुरीनाम, डमरारा, जमैका, फिर्जी आदि अनेक देशों और उपनिवेशोंमें प्रवासी भारतीय जा बसे हैं और उनमें अनेक अपने अध्यवसाय एवं कार्यदक्षतासे काफी खुशहाल और मालदार बन गये हैं। उन्होंने वहांके उद्योग और व्यवसायके क्षेत्रमें अच्छी प्रगति कर ली है और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बना ली है। यदि औसतन केवल एक-सौ रुपया सालानाके हिसाबसे भी प्रत्येक प्रवासी भारतीय स्वदेश भेजा करे तो भारतको पचास करोड़ रुपये की आमद हो जाती है। सच बात तो यह है कि भारतके इन प्रवासियोंके अर्जित धनका एक बहुत बड़ा भाग उनके

परिवारके उत्कर्षके लिये भारत आ जाता है और इससे देशकी पूंजीमें अभिवृद्धि हो जाती है।

पर उनकी इस प्रवृतिमें संप्रति बड़ी अड़चन पड़ रही है। भारतीय इनकम-टैक्स कानूनकी वे धाराएँ, जिनमें विदेशोंसे आनेवाले पैसेपर टैक्स लगाये गये हैं और वे उपधाराएँ, जिनमें यह सिद्ध करनेके लिये कि वह धन उनकी आमदनीका नहीं, पूँजीकाही अँश है, नाना प्रकारके प्रमाण और साक्षी मांगे जाते हैं—इतनी कठोर हैं और इतनी कठिनाइयाँ होतीं हैं कि उनसे परेशान होकर लोगोंने अब विदेशोंसे अपना संचित धन भेजनाही बन्द कर दिया है।

इस समय ससारकी राजनैतिक अवस्था ऐसी हो गई है कि अनेक देशोंमें विदेशियोंके साथ भेदमूलक व्यवहार होने लगा है। विदेशोंकी डँवाडोल परिस्थिति देखकर जो प्रवासी भाई अपने संचित धनको भारत भेज देना चाहते हैं उनको यहाँके इनकम-टैक्स विभागवालोंके कठोर व्यवहारको देखकर अत्यंत क्लेश होता है। वे सोचते हैं कि जहाँ भारतको अपने प्रवासियोंके अर्जित और संचित धनको स्वदेश लानेके उपलक्ष्यमें उनका स्वागत करना चाहिये वहाँ उल्टे उनके मार्गमें ऐसे कांटे बिखेर दिये गये हैं जो पग-पगपर चुभते हैं।

विदेशोंमें व्यवसाय करनेवाले प्रवासी भारतीयोंको अपनी पूँजी लाकर यहाँके उद्योग-धंधोंमें लगानेके लिये यह बड़ाही उपयुक्त अवसर है। अतएव तत्क्षण ऐसी व्यवस्था हो जानी चाहिये कि उनको इनकम-टैक्स तथा अन्य विघ्न बाधाओंसे मुक्तकर भारतमें पूंजी लानेका पथ प्रशस्त कर देना चाहिये।

इसी वजहसे तथा अन्य राजनैतिक कारणोंसे अनेक प्रवासी भारतीयोंने मातृभूमिसे सम्बन्धही विच्छेद कर लिया है। आगा खाँके धनवान अनुयायी, जिनकी संख्या चालीस हजार है, भारतसे नाता तोड़कर अफ्रीकाकोही अपना घर बना रहे हैं। मोरिशस, ट्रिनीडाड, दक्षिण अफ्रिका आदि देशोंके अधिकांश भारतीयोंका मातृभूमिसे केवल नाममात्रका सम्बंध रह गया है। जिन लोगोंने भारतसे सम्बंध बनाये रखा है, यदि उनको अपना धन यहाँ लानेमें कठिनाइयोंका अनुभव हुआ तो भारतकी आयका एक महत्व पूर्ण सोता सूख जायगा, जो देशके लिये बड़ाही हानिकारक होगा। सूरतके बोहरे, काठियावाड़के मेमन और गुजरातके मुसलमानोंने अपनी पूँजीको पाकिस्तान भेजना शुरु कर दिया है। जावाके भारतीयोंका भी मातृभूमिसे कोई वास्ता नहीं रह गया है।

परिस्थितिको एक दम बिगड़ जानेसे पहले हमारी सरकारको सचेत हो जाना चाहिये और वर्तमान अवस्था को बदल देनी चाहिये। प्रवासी भारतीयोंके लिये ऐसी सहूलियत कर देनी चाहिये कि वे इनकम-टैक्सकी बलासे बचकर खुशी और आजादीसे अपनी पूँजी स्वदेश ला सकें। ससारकी स्थिति स्थिर हो जानेके बाद उद्योग और व्यवसायके क्षेत्रमें प्रवासी भारतीय अपनी मातृभूमि और विदेशोंके बीच स्वर्ण-सूत्रका काम देंगे और विदेशियोंकी दृष्टिमें भारतकी प्रतिष्ठाकी अभिवृद्धि करते रहेंगे। इङ्गलेण्ड अपने उपनिवेशोंके अंग्रेजोंके साथ जो व्यवहार करता है वह हमारे सामने एक सजीव उदाहरण है। हमें भी इंगलैंडका अनुकरण करना चाहिये और विदेशोंमें अपने प्रवासी भाइयोंकी स्थितिको दृढ़ बनाना चाहिये।

असल बात यह है कि वे कानून जो विदेशी पूँजीको भारतमें लाने और यहाँके कामोंमें लगानेमें बाधाएँ डालते हैं उनका मुख्य उद्देश्य यह था कि विदेशियोंको इस देश में अपना व्यापारिक पाया मजबूत बनानेसे रोका जाय। पर अब तो जमाना बदल गया है, देशकी स्थिति बदल गई है, हमारी राष्ट्रिय सरकार देशपर हुकूमत कर रही है। अतएव हमारी सरकारको चाहिये कि वह प्रवासी भारतीयोंको अपनी पूँजी यहाँ लाकर लगानेमें प्रोत्साहित करे। इससे देशको जो आर्थिक लाभ होगा वह टैक्सके रूपमें लिये गये धनसे कई गुणा अधिक मूल्यवान और हितकर होगा। वास्तवमें विदेशोंसे धनका आना रुकसा गया है। यदि सामयिक स्थितिमें सरकार तत्क्षण कोई सुधार नहीं करेगी तो हालत काबूसे बाहर हो जायगी और फिर पछतानेके सिवा और कुछ हाथ न लगेगा।

# मोरिशसमें बलिदान दिवस

लेखक: श्रीदयानन्दलाल बसन्तराय

मोरिशसमें हरसाल दिसम्बर मासके अन्तमें श्रद्धानन्द बलिदान दिवस मनाया जाता है। जिस समय दिल्लीमें एक आततायी मुसलिम युवकने स्वामीजीकी हत्या कर डाली थी उस समय सारा भारत तो शोकमें डूबही गया था पर मोरिशसके प्रवासी भी कुछ कम शोकातुर नहीं हुए थे। कहींपर स्वामीजीकी पुण्य स्मृतिमें श्रद्धानन्द आश्रम बना तो कहींपर श्रद्धानन्द प्रेस खुला। मोरिशसकी हिंदी पाठशालाओंमें पढ़ाई जानेवाली पुस्तकोंमें स्वामीजीकी जीवन रेखा मिलती है। उनका सुंदर चित्र किसी पुस्तकके अन्दर और किसीके कवरपर दृष्टिगोचर होता है। उस अमर शहीदकी स्मृतियाँ हमें स्वधर्माभिमानकी शिक्षा देती रहती हैं। स्वामीजी मरकर भी करोड़ों व्यक्तियोंके हृदयमें एवं भारत तथा बृहत्तर भारतके इतिहासमें अमर हो गये हैं। अतएव मोरिशसके प्रवासी भाइयोंने बलिदान दिवस मनाकर जहाँ अपने कर्तव्यका पालन किया है वहाँ उससे बहुत कुछ शिक्षा और प्रेरणा भी प्राप्त की है।

इधर छ सालसे मजदूरोंकी तरफसे भी एक बलिदान दिवस लगातार मनाया जा रहा है। यह बलिदान दिवस स्वामीजीके बलिदान दिवससे भिन्न है। सन १९४३ के सितम्बर महीनेमें एक गर्भवती देवी, एक नवयुवक और दो पुरुष पुलिसकी गोलियोंके शिकार बना दिये गये थे। जिस कॉटेज नामक छोटेसे गाँवमें उनकी दाहक्रिया की गई थी वहीं हरसाल १७ सितम्बरको उनकी स्मृतिमें बलिदान दिवस मनाया जाता है। इस अवसरपर मजदूरोंका वहाँ अच्छा जमाव होता है, और उनके सामने मजदूर नेताओं के व्याख्यान होते हैं।

मोरिशसके कॉटेज ग्राममें बलिदान दिवसपर माननीय एस. विष्णुदयालका भाषण।

The Hon. S. Bissoondoyal addressing a mass meeting held at Cottage Village on the occasion of Balidan Diwas.

इस साल सितम्बरके आरंभमें पिछली घुड़दौड़के दिन सत्याग्रह हुआ। जहाँ परसाल सत्याग्रहके दिन पांच हजार व्यक्तियोंने यात्राके लिये रेलगाड़ियोंका आश्रय लिया था वहाँ इस साल केवल २,३२८ व्यक्तियोंने रेल यात्रा की। मजदूरोंमें एक नया उत्साह दिखाई देने लगा। उनके नेता पंडित रामनारायण तथा पंडित सुन्दर बाबूलालने माननीय एस. विष्णुदयालसे मेलजोल करके उन्हींको बलिदान दिवसके अवसर पर भाषण करनेके लिये आमंत्रित किया। उनके भाषणका जो प्रभाव पड़ा, वह मजदूरों और उनके नेताओंके कथनानुसार वास्तवमें स्फूर्तिदायक था। इस साल बलिदान दिवस पड़ा सप्ताहके बीचमें। कटनी हो रही थी पर तिथिको टालना उचित नहीं जँचा,

पोर्ट लुईकी सार्वजनिक सभा जिसमें घुड़दौड़के विरुद्ध सत्याग्रह करनेकी अपील की गई थी।

A mass meeting at Port Louis, where an appeal was made to offer Satyagrah against the participation of the Indian settlers in horse racing.

अतएव बलिदान दिवस ठीक तिथिपरही मनाया गया। शक्करके तीन कारखाने बंद हो गये थे। 'लेन्न' ने लिखा है कि उस दिन उस सुदूर ग्राम कॉटेजमें लगभग ७००० मनुष्योंकी उपस्थिति थी। जब नेताओंके बीच मेल-मिलाप और संगठन हो जाता है तो परस्पर सहयोगकी भावना और भी दृढ़ हो जाती है इससे जनतामें उल्लास और उत्साह अविर्भूत होता है। जब गोलीकाण्ड हुआ था, उस समय भी इसी प्रकार मेलजोल हो गया था। मजदूरोंको नाना प्रकारके क्लेश भोगने पड़ते हैं और उनके नैसर्गिक अधिकारोंकी हत्या की जाती है। अतएव उनके उद्धारके लिये सभी नेताओंको अग्रसर होना चाहिये और सभीको एक मन तथा एक मस्तिष्कसे काम करना चाहिये।

इस बलिदान दिवसके अवसरपर देवियोंकी संख्या भी कुछ कम नहीं थी। मोरिशसमें इतनी दरिद्रता और गरीबी है कि स्त्रियोंको भी मजदूरी करनी पड़ती है। जिस देवीकी हत्या हुई थी, वह भी मजदूरी करती थी और प्रान्त के बिचारसे मद्रासी थी। मोरिशसके तामिल कवि पंडित परमाल सुब्रायनने उन शहीदोंपर एक कविता लिखी है जिसका अंग्रेजीमें भी अनुवाद हो गया है। जबतक बलिदान दिवस मनाया जायगा तब तक वह कविता पढ़ी जाती रहेगी। कविने उस कवितामें अपना हृदय काढ़कर रख दिया है, श्रोताओंपर उसका विलक्षण प्रभाव पड़ता है। कॉटेजमें तामिल, तेलगू, बिहारी, बंगाली आदि सभी भाषा-भाषी भारतीय उपस्थित थे। भाषण हिंदीमेंही हुए। वक्ताओंने बलिदान दिवसका महत्व समझाया—श्रोताओंने उसको हृदयंगम किया। अंततः लोग किसी कविका यह पद्य गाते हुए कॉटेजसे विदा हुए—

"शहीदोंकी चिताओंपर लगेंगे हर बरस मेले।
वतनपर मरनेवालोंका यही नामोनिशां होगा।"

---

गत मास मोरिशसकी धारा सभाके सदस्य श्री जय नारायन राय और उनके साथ अन्य ४० भारतीय स्वदेश आ पहुँचे हैं। उनकी यात्राका लक्ष्य है भारतीय प्रजातन्त्र घोषणा-दिवसमें भाग लेना और स्वाधीन भारतका मोरिशस प्रवासी बंधुओंकी ओरसे अभिनन्दन करना। खबर है कि वहाँके ६० व्यक्तियोंका एक और दल प्रजातन्त्र दिवस समारोहमें भाग लेनेके लिये भारत आवेगा।

---

आँखो देखी सत्य घटनाके आधार पर——

# डरबनका नरमेध

लेखक: श्री ब्रह्मदत्त भवानी दयाल,

"अफसोस! इसकी स्मरण-शक्ति बिलकुल नष्ट हो गई है! यह तुम्हें पहचान नहीं रही है।" नर्स ने रोगिनीको 'इन्जेक्शन' देते हुए कहा।

बंशीकी आँखोंमें आँसू छलछला आये। रोकनेकी बहुत कोशिश करनेपर भी सिसकियोंसे उसका हृदय चीतकार कर उठा। बिछौनेपर मृतप्राय पड़ी हुई रंभाके सिरपर हाथ फेरते हुए बंशी रुंधे स्वरमें बोला—"अपने चित्तको स्थिर करो, रंभा! क्या क्या बक रही हो? मेरी तरफ तो देखो, मुझे, बंशीको नहीं पहचानती?"

रोगिनीने अपने निष्क्रिय नयनोंको प्रश्नकर्ता युवककी ओर डालकर करवट बदलनेकी चेष्टा की पर तत्क्षण एक हल्की चीखके साथ-साथ फिर पीठके बल आ रही। नर्सने जल्दीसे आगे बढ़कर, उसकी अगल बगलमें लगे हुए तकियोंको ठीक करते हुए, कोमल शब्दोंमें आदेश दिया—"देखो बच्ची! तुम्हें हिलना-डुलना नहीं चाहिये। बात नहीं मानोगी तो कैसे जल्द अच्छी हो सकोगी?

क्षीण रंभा अपने बलहीन हाथोंसे नर्सकी कलाई थामते हुए भयभीत, सशंक स्वरमें बोली—"क्या हम सब भाई-भाई नहीं हैं?........डाक्टर दादूने तो कितनी बार अपने भाषणोंमें कहा है कि काले निग्रो और भूरे हिंदुस्थानी भाई सरीखे हैं.. ....दुनियाके सभी सफेद चमड़ेवाले हम दोनोंके सामान रूपसे दुश्मन हैं........तुम भी तो सफेदही हो नर्स........जाओ, मुझे मत छुओ!.. ....अरे देखो........ बाचओ मुझे इन काले यमदूतोंसे........अरे देखती नहीं हो क्या ...... देखो, उधर देखो........कैसे भयानक, खूँखार जंगली जानवरोंके समान दिखाई देते हैं ये काले काफर!

उनकी लाल-लाल आँखोंसे नफरत और वासना बरस रही है !........बचाओ........सब मेरी तरफ आ रहे हैं.......!"

इतना कहते कहते उत्तेजित रंभा एक चीतकारके साथ बेहोश हो गई। नर्स एक करुण-दृष्टि संज्ञाहीन रंभा की ओर डालती बंशीसे बोली, "इसकी हालत बहुत नाजुक है। जबसे यहाँ आई तबसे इसी तरह न मालूम क्या क्या बकती रहती है। दिमागपर अत्यन्त भयानक आघात पहुँचा है। फिर वैसी परिस्थितिमें मानसिक विकार स्वाभाविक ही है। (धीमी आवाजमें) करीब करीब सात आठ शैतानोंने इस कोमल बच्चीपर एक साथ बलत्कार किया है। इसका 'पेल्विस बोन' (pelvis bone) टूट गया है........!" बंशीमें आगे सुननेकी हिम्मत न रही। क्षोभ और घृणासे उसने अपनी आँखें मीच ली।

नर्स उसके भावनाओंको भाँपकर बातको बदलते हुए बोली, "चार पाँच दिनोंसे यह इसी तरह बक रही है। 'ब्रेन फीवर' है। जब तक दिमाग स्थिर न होगा, इसकी हालतमें सुधार होना मुश्किल है। एक खतरनाक ओपरेशनकी भी जरुरत पड़ेगी। आजका 'क्रायसिस' पार हो गया तो थोड़ी बहुत उम्मीद है, वरना.......! खैर, तुमने अच्छा किया कि 'किंग एडवर्ड अस्पताल' से इसे यहाँ उठा लाये; यहाँपर ज्यादा देखरेख हो सकती है। हाँ, तो यह लड़की नातेमें तुम्हारी कौन है ?"

"मैं........मैं इसका होनेवाला पति हूँ," बंशी डबडबाई आँखोंसे चेतनाहीन रंभाको निहारते हुए बोला, "कैसी हालत हो गई है बेचारीकी। यह काली कौम इन्सान नहीं, सचमुच हैवान हैं। इसी २४ तारीखको हमारी शादी होने वाली थी। हमारे निवास स्थानोंमें कोई विशेष फासला नहीं है। मैंने इन लोगों का मकान स्वयँ अपने नेत्रोंसे जलते हुए देखा है। मैंने पुलिसकी सहायताके लिये टेलीफोन पर टेलीफोन किया पर पुलिस स्टेशनसे कोई उत्तर तक भी न मिला। कैसे मैं, मेरे परिवारके अन्य प्राणी और मकान बच गया, यह भी एक आश्चर्यकी बात है—शायद योरोपियन मुहल्ला होनेके कारण। अब तो इस लड़कीका अपना कोई दुनियामें नहीं रहा। इसके मां-बाप, दो भाइयोंको तो नेटिवोंने मौतके घाट उतार कर घरके साथ जला डाला। उनकी हड्डियाँही सिर्फ मिली हैं। नर्स कुछ भी हो, अच्छी तरहसे इसकी देख-भाल करके इसे बचा लो। मैं तुम्हारा उपकार कभी न भूलूंगा।

श्री ब्रह्मदत्त भवानी दयाल
Brahmdutt B. Dayal

चाहे कितना ही पैसा क्यों न लग जाय, उसकी पर्वाह नहीं। तुम्हें भी खुश कर दूंगा।"

"हम तो अपनी तरफ से कोई बात न उठा रखेंगे इसके उपचारमें। यह तो हमारा धर्म ही है। इसका भविष्य तो ईश्वरके हाथमें है।" नर्सने उत्तरमें कहा—"अब आप जाइये। इसे पूर्ण आरामकी जरुरत है।"

२

डरबनके दंगेका सही-सही कारण शायद अभी तक किसीके द्वारा प्रकट नहीं हो सका है हालाँकि बहुतोंने अपने अपने नीजी दृष्टिकोणके अनुसार इसपर प्रकाश डाला है। हबशियों और हिंदुस्थानियोंमें जो सदा एक दूसरेके निकट सम्पर्कमें रहते आये हैं, परस्पर दुर्भाव और वैमनस्य तो दूर रहा, एक दूसरेके प्रति सहानुभूति और सद्भावनाकाही व्यवहार रहा है। हिन्दुस्थानी राजनैतिक सभाएँ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूपसे हमेशा निग्रो कौमकी हिमायत करती आई हैं। 'नॉन-योरोपियन युनाइटेड फ्रन्ट' नामक राजनैतिक संघ इसका ज्वलन्त उदाहरण है। डाक्टर दादू तो उठते-बैठते, सोते-जागते, हबशियोंके सामाजिक और राजनैतिक उन्नतिकाही स्वप्न देखा करते हैं। उनकी कम्युनिस्ट दृष्टिसे हबशियोंका प्रश्न मुख्य है और अपने हिन्दुस्थानी भाइयोंका गौण। फिर भी हबशियोंने एकाएक ऐसे नृशंस काण्डकी सृष्टि क्यों कर डाली जिसकी कभी किसीने कल्पना भी नहीं की थी ?

इसका एकही स्पष्टीकरण है—ऐसे विभत्स कर्मका प्रदर्शन उनके दिमागकी प्रेरणाका फल कदापि नहीं है। वास्तवमें यह किसी अज्ञात विलक्षण मस्तिष्ककी उपज है। और वह विलक्षण मस्तिष्क सिर्फ हो सकता है वर्तमान यूनियन सरकारके गुप्त एजन्टोंका, जिनके आदमियों ने छिपे तौरसे हबशियोंके कम्पाउन्ड और 'रिजर्व क्षेत्रों' में जाकर उनको हिंदुस्थानियोंके विरुद्ध भड़कानेमें कोई कोर

कसर न छोड़ी। उन्हें तरह-तरहके सब्जबागका दिग्दर्शन कराया और उनकी प्रगतिकी राहमें हिन्दुस्थानियोंको सबसे बड़ा बाधक बतलाया। इस प्रकारके प्रचारसे जहाँ उनके अभीष्टकी सिद्धि हुई वहाँ अफ्रिकनोंको असभ्य तथा बर्बर कह कर उनको और दबानेका एक अच्छा बहाना भी मिल गया।

खैर, श्वेताङ्गोंका विषाक्त प्रचार सफल हुआ और १३ जनवरी १९४९ को एकाएक हबशियोंने सामूहिक रूपसे हिन्दुस्थानियोंको जड़से उखाड़ फेंकनेके लिये जहाद बोल दिया और वे तीन दिनोंतक अपने पैशाचिक कृत्योंका नग्न प्रदर्शन करते रहे।

× × × ×

उस दिन आक्रमणका दूसरा दिन शुक्रवार था। यह दिन नेटालमें 'फेटल फ्रायडे' के नामसे स्मरण किया जाता है। उस दिन साक्षात शैतान मानो उन हबशियोंकी आत्मामें प्रविष्ट होकर इन्सानियतका गला घोट रहा था। हर शुक्रवारको डरबन शहरकी दुकानें शामको सात बजे तक खुली रहती हैं। रंभाके पिता एक छोटे मोटे व्यापारी थे। 'इन्डियन मार्केट' में उनका एक छोटा स्टोल था। एक दिन पहलेका खराब रंग-ढंग देखकर रंभाकी माँ ने उनसे कहा—"आज दूकानपर मत जाओ। न जाने क्यों मेरा दिल धड़क रहा है जैसे कोई भयानक अनिष्ट होनेकी संभावना हो।" पर रंभाके पिता रामलालने उसकी बातें हँसीमें उड़ाते हुए कहा—"अरे, डरनेकी क्या बात है? औरतोंको तो सिर्फ अशुभ बातही सूझा करती है। कल मारकेटमें और बस-रेन्क पर कुछ मार-पीट अवश्य हो गई थी पर आज दुबारा ऐसा होना संभव नही है। फिर पुलिस किस मर्जकी दवा है? यह हिंदुस्थान नहीं है जहाँ पुलिसकी आँखोंके सामनेही लोग दिन दहाड़े लूट लिये या मार डाले जाते हैं। हिंदुस्थान जैसे 'असभ्य' देशोंमें कानूनकी कोई परवाहही नहीं करता—वहाँ दिनपर दिन अराजकता बढ़ती जाती है। कमसे कम इस सभ्य देशमें वैसा अन्धेर नहीं मच सकता, यहाँ श्वेताङ्गोंका राज्य है और यहाँ शेर और बकरे एकही घाट पर पानी पीते हैं। यहाँ तो सर्वत्र शांति व्याप रही है। खैर, तुम घबड़ाओ मत। अगर शहरकी हालत कुछ भी खराब मालूम हुई तो मैं फौरन घर लौट आऊँगा।" इतनी बातें कहकर वे चले गये। यह अपनी पत्नीसे उनकी अन्तिम बातचीत और भेंट थी।

रंभाकी माँ अपने हृदयसे कुछ अनिष्ट होनेकी आशंका को हटा न सकी। किसी भी काममें उसका मन नहीं लग रहा था। सूर्यास्तके बाद उसकी शंकाओंकी पुष्टि होने लगी। उसकी निग्रो नौकरानी शामको पाँच बजेके वक्त घर जाने के लिये छुट्टी माँगने आई। अक्सर वह सात-साढ़े सात बजे के बाद जाया करती थी लेकिन आज अकस्मात जल्दी छुट्टी माँगते देख रंभाकी माँको स्वभावतः आश्चर्य हुआ और उसने पूछा—"आज इतनी जल्दी क्यों? अभी तो पाँच भी नहीं बजे हैं। कमसे कम जबतक मेरे पति घर न आ जावें तबतक तो ठहर जाओ। आज अकेली मुझे कुछ डरसा लग रहा है।"

निग्रो नौकरानी, जिसको घरवाले 'मकोटी' कहकर पुकारते थे, रंभाकी माँको बच्चोंसे अलग एक ओर एकांत में ले गई और दबे हुए स्वरमें बोली—"देखो मिसिस! आज बड़े खतरेका दिन है। आज हमारी जातिके आदमी अँधेरा होतेही एक-एक इंडियनको खोज-खोजकर मौतके घाट उतारनेवाले हैं। मुझे मालूम हुआ है कि वे तुम लोगोंपर अत्यन्त क्रुद्ध हैं। उनकी धारणा है कि हिंदुस्थानी उनका खून चूस रहे हैं, उन्हींकी वजहसे बान्टू जातिकी दुर्दशा हो रही है। उन्हें पेट भरनेके लिये भोजन और तन ढकनेके लिये यथेष्ट वस्त्र भी नसीब नहीं होता है। और भी बहुतसे कारण हैं। मिसिस, मैंने तुम्हारा नमक खाया है और मैं एक 'क्रिसचियन' हूँ। तुम्हें एक सच्चे दोस्तकी हैसियतसे यह नेक सलाह देती हूँ कि तुम बच्चोंके साथ कहीं ऐसी जगह जा छिपो, जहाँ बदमाशोंसे तुम्हारी रक्षा हो सके। सोचने-विचारनेका समय अब नहीं रह गया है। तुमलोग अपनी खैर चाहते हो तो मेरी सलाह के अनुसार काम करो। मुझे फिर मत दोष देना कि मैंने तुम्हें सचेत नहीं किया।"

रंभाके माँके हृदयमें अनिष्टकी आशंकाने घर कर रखा था। मकोटीकी बात सुनतेही उसकी रूह काँप उठी—हृदय-धड़कनकी गति और भी तीव्र हो गई, बदन पसीनेसे शराबोर हो गया।

"मकोटी! तू क्या बक रही है?" रंभाकी माँने काँपती हुई आवाजमें कहा—"इंडियन लोगोंने तुम्हारे

कौमका क्या बिगाड़ा है, वे क्यों हमारे विनाशकी बात सोच रहे हैं ? क्या सबके सब पागल तो नहीं हो गये हैं ? मकोटी, शायद तुमको किसीने बहका दिया है। तुमने क्या समझ रखा है कि यह 'चाका' और 'डिङ्गान' का जमाना है कि जिसके जो जीमें आवे, कर डाले। अब यहाँ सफेद जातिका राज्य है जो सबकी समान रूपसे रक्षा करती है।"

मकोटी कुछ समझदार थी और अपने पूर्वज 'चाका' और 'डिङ्गान' के इतिहाससे, जिनसे गोरे एक समय थर थर काँपते थे, अनभिज्ञ न थी। उनके प्रति ऐसी तिरस्कार-पूर्ण बात सुन कर वह कुछ कुढ़सी गई और कुछ तैश में आकर बोली—"मिसिस, मैंने तो तुम्हारे हितके लिये यह सलाह दी है वरना मुझे क्या पड़ी है ? पर 'बान्टू' को मामूली कौम मत समझ बैठो। जब वे अपनी जुझाऊ गीत गाते हुए तुम लोगोंपर धावा बोलेंगे तब आटे-दालका भाव मालूम हो जायगा—भागनेके लिये समय और रास्ता भी न मिलेगा। पुलिसकी सारी शक्ति एक भी इंडियनको न बचा सकेगी। झूठी आशापर मत रहो। मुझे तुमसे मजाक करने या तुम्हें व्यर्थमें भयभीत करनेका कोई शौक नहीं चर्राया है। आज तक क्या कभी मैंने तुमसे मजाक किया है ? लगभग दो-तीन महीनेसे ऐसी बातें सुननेमें आ रही थीं पर मैंने इस पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया था पर आजसे चार-दिन पहले एक रात्रिको एक जूलू, जो इसी 'आयरन फेक्टरी' में सरदार है और जो मेरे आदमीका दोस्त है—दोनो साथ साथ शराब पिया करते हैं,—मेरे पतिसे मिलने आया था उसीके मुँहसे मैंने सुना कि सब तैयारी हो चुकी है हिंदुस्थानियोंको मारकर इस देशसे भगा देनेके लिये। मुझे अच्छी तरहसे याद है कि उसने इसी शुक्रवारका नाम लिया था। सबको खबर हो चुकी है और बहुतसे आदमी हिंदुस्थानियोंको लूटने और कत्ल करनेके लिये कमर कसे बैठे हैं। इशारा मिलतेही वे अपना कार्य आरम्भ कर देंगे और 'चाका' और 'डिङ्गान' को भी शायद मात कर देंगे। इस काममें मेरा अनुमान है कि बहुतसे गोरे भी शामिल हैं। गोरे आदमियोंने उन्हें यह भी आश्वासन दे रखा है कि पुलिस उनकी धर-पकड़ तक न करेगी। अच्छा मिसिस, अब तो मैं जाती हूँ। न मालूम आज क्या हो ! संभल कर रहना। सबसे अच्छा होगा कि तुम अपने बच्चोंके साथ यहाँसे भाग जाओ।"

मकोटीके चले जानेके बाद रंभाकी माँ भोजन तैयार करनेमें व्यस्त हो गई। खाना पकाते-पकाते वह नौकरानी की बातोंको गम्भीरतापूर्वक सोचने लगी। क्या जो कुछ उसने कहा है, वह सत्य है या सिर्फ अफवाह मात्र है। आखिर हिंदुस्थानियोंने उनका बिगाड़ाही क्या है ? उसकी समझमें कोई बात नहीं आ रही थी। क्या उन लोगोंको किसी निरापद स्थानमें चला जाना ठीक होगा या जहाँ है वहीं रहना ? वह किसी निर्णय पर नहीं पहुँच सकी। उसने सोचा कि रंभाके पिताके आ जाने परही कुछ करना ठीक होगा। जैसा वे कहेंगे वैसाही किया जायगा। अफवाह मात्रसे व्यर्थही घबड़ाना उचित नहीं है।

दोनों लड़के जो क्रमशः बारह और पन्द्रह सालके थे, दो घंटे पहलेही स्कूलसे आ गये थे। रंभाकी माँने छः बजेसे पहलेही उन्हें खिला-पिला दिया था और धड़कते हुए हृदयसे पतिकी बाट जोह रही थी। शुक्रवारकी रात्रि को हमेशा वे आठ बजे तक घरपर आ जाते थे पर आज वे जाते-जाते कह गये थे कि छः बजे तक अवश्य घर लौट आवेंगे। पर अब सवा सात हो चला था, इसलिये रंभाकी माँ मकोटीकी बातें याद करतेही भयसे थर-थर काँपने लगी। पर उसने बहुत प्रयत्नसे अपनी घबराहटको अपने तकही सीमित रखा—यह सोचकर कि बच्चे व्यर्थमें डर जायँगे।

बड़ी लड़की रंभा, जो सोलह सत्रह सालकी थी, सोफापर बैठे हुए बुनाईमें लीन थी और दोनों लड़के आपसमें झगड़ते हुए ड्राफ्ट खेल रहे थे।

करीब पौने आठ बजे सहसा एक भीषण कोलाहलसे वहाँकी शांतिमयी निस्तब्धता भंग हुई। रंभाकी माँका शरीर चिन्ता और व्यथासे प्रकंपित हो उठा। यह सैकड़ों हबशियोंकी एक साथ गानेकी हृदय विदारक आवाज थी।

रंभाकी माँका बचपन 'नोर्थ कोस्ट' के एक ऐसे गाँव में बीता था, जहाँ सिर्फ निग्रोही निग्रोकी बस्ती थी। वहाँ किसी हिंदुस्थानीका दर्शन बड़े मुश्किलसे हो जाता था। इस लिये जूलुओंके सामाजिक व्यवस्था और रुढ़ियोंका उसे अच्छा ज्ञान था। जोशीले गानेकी आवाज कानोंमें गूँजतेही उसे मालूम हो गया कि यह गीत कोई मामूली नहीं बल्कि युद्धके कूचका गीत है ! इस तरहकी सम्मलित गानेका प्रयोग उन्हीं प्रसंगोंपर होता है, जब वे जोशमें

आकर और सिरपर कफनी बाँधकर मरने-मारनेके लिये शत्रुकी ओर अग्रसर होते हैं। ऐसे मौकेपर वे शैतानसे भी अधिक भयानक हो जाते हैं और उत्तेजनाके ऊँचे स्तर पर पहुँच जानेपर उनमें किसी भी चीजका भय नहीं रह जाता है। कईबार रंभाकी माँ ने उनके आपसी युद्धका दृश्य अपनी आँखों देखा था जबकि एक फिर्केके मुखिया दूसरे फिर्केके मुखियासे किसी बातपर झगड़ा हो जानेके कारण दल बल सहित जानवरोंके समान विपक्षी पर टूट पड़ता था।

रंभाकी माँ ने खिड़की खोलकर बाहर झाँका। उसका मकान कुछ ऊँचे स्थानपर स्थित था। नीचे कोई दो फर्लाङ्गकी दूरी पर मजदूर और अत्यन्त गरीब वर्गके हिंदुस्थानियों की लकड़ी और टीनकी बनी झोपड़ियाँ थी। वहाँ लगभग पचीस-तीस परिवारकी बस्ती थी। हबशियोंकी विकट और क्रूर आवाजोंके साथ साथ औरत-बच्चोंके करुण चीतकारसे वातावरण अशांत हो उठा था। रंभाकी माँ खिड़कीके समीप जड़वत खड़ी रह गई मानो पत्थरकी प्रतिमा बन गई हो। वह सोच रही थी कि हे भगवान! ये राक्षस क्या करनेपर उतारु हैं आज? मकोटींके वाक्य उसके कानोंमें गुंजारित हो उठा—"आज हमारी जातिके आदमी अन्धेरा होतेही एक-एक इन्डियनको मौतके घाट उतारनेवाले हैं........!" हे भगवान, क्या सचमुच ऐसा ही होगा?

रंभा और बच्चे भी इस असाधारण शोरगुलसे आकृष्ट होकर माँके पास दौड़ आये।

"क्या हल्ला हो रहा है, माँ?" रंभाने कौतूहल वश पूछा। वह अभी तक अपनी बुनाईमें व्यस्त थी, सर्वनाश के काले बादलोंसे सर्वथा अनभिज्ञ। "शायद काफर लोग दारू पीकर आपसमें लड़ रहे हैं।" रंभाने अपने प्रश्नका उत्तर आपही दे डाला।

रंभाकी आवाज कानोंमें पड़तेही उसकी माँके बदनमें चैतन्यता लौट आई। "अरे बेटी! जा जल्दीसे दरवाजे-खिड़कियाँ बंद कर दे," वह शीघ्रतापूर्वक इस खुली हुई खिड़कीको बन्द करते हुए बोली, "काफर आपसमें मार पीट नहीं कर रहे हैं। सुनाई नहीं देता क्या—औरत बच्चोंके चिल्लानेकी आवाज! वे हिन्दुस्थानियोंको मार रहे हैं। हे भगवान, आखिर मकोटीका कहना सत्यही हुआ! अरे, अभी तक तो तुम्हारे बाप भी नहीं आये। अब हम क्या करेंगे? दरवाजे अच्छेसे बन्द करके सारी बत्तियाँ बुझा डालो!"

बत्तियाँ बुझा देनेके बाद रंभाकी माँ ने परदा हटाकर खिड़कीके काँचसे देखा तो उसपर मानो वज्र टूट पड़ा। हबशियोंने झोपड़ियोंमें आग लगा दी थी। लपटें आकाश को छू रही थी। चारो तरफ प्रकाश फैल रहा था। रंभा की माँ ने धड़कते हुए हृदयसे देखा कि नर नारियाँ और छोटे छोटे बच्चे पागलोंके समान चिल्लाते हुए धधकती हुई मौत रूपी आगसे बचनेके लिये निष्फल प्रयास कर रहे थे और विकराल काले हबशी उन्हें चारों तरफसे घेरकर नृशंसतापूर्वक पीटते हुए जलकर मरनेके लिये मजबूर कर रहे थे!

इस प्रलयका भीषण दृश्य देखतेही रंभाकी माँ चीख मारकर बेहोश हो गई।

अब शोर बहुत निकट मालूम हुआ। अंधेरे घरमें बच्चे एक दूसरेसे चिपटे थर-थर काँप रहे थे। सामनेके दरवाजेको किसीने जोरसे पीटा। "खोलो! खोलो!!" की आवाज सुनाई दी। रभा और लड़कोंने तुरन्त पहचान लिया कि यह उनके पिताकी आवाज है। रंभाने बिजली की बत्ती जलाकर फौरन दरवाजा खोल दिया।

दरवाजा खुलतेही खूनसे लथपथ रामलाल चौखटही पर भहरा पड़े।

"अरे बेटी! काफरोंने तो मुझे मार डाला....... पानी.... तुमलोग........भाग जावो........!"

उनका अन्तिम वाक्य पूरा भी न हो पाया था कि तीस-चालीस हबशी कम्पाउन्डमें घुस आये। उन्हीं शैतानोंने रामलालकी यह गति बनाई थी। छूरे, लाठी, तीर, तीक्ष्ण कुल्हाड़ी, लोहेकी छड़ आदि हथियारोंसे वे सब पूर्ण लैस थे। एकने तो पास पहुँचतेही यह कहते हुए कि "मकूला, अभी तक तू मरा नहीं?" मरते हुए रामलाल पर लोहेकी छड़से प्रचंड वार किया। उस प्रबल प्रहारसे रामलालके सरकी गुद्दी बाहर निकल आई। तत्क्षण मौतने उन्हें अपनी गोदमें ले ली। पर वह हबशी उनके मृत शरीरपर प्रहार करताही गया, जबतककि उसे पूर्णरूपसे विश्वास नहीं हो गया कि अब इसमें जान बाकी नहीं है।

रामलालसे निपटतेही उन शैतानोंकी निगाह रंभा और छोटे लड़कोंपर पड़ी जो भयसे थर-थर काँप रहे

थे। रंभाको तो मानो काठसा मार गया—अपने पिता की भयानक मौत देखकर! उसमें न तो चिल्लानेकी शक्ति रह गई थी और न हिलने-डोलनेकी। हबशी मकानके अन्दर तूफानके समान घुस पड़े और लगे घरके बहुमूल्य वस्तुओंको तोड़-फोड़ करने।

मूर्छा दूर होतेही रंभाकी माँने अपने चारो तरफ यमदूतोंके सामान भयानक काली मूर्तियाँ देखी। एकने अपनी पूरी शक्तिसे मुँहपर थप्पड़ जड़ते हुए पूछा—"बता, पैसे कहाँ छिपा रखी है।" उस क्रूर प्रहारसे रंभा की माँका दिमाग चक्कर खा गया—ओंठ फटकर लहू लुहान हो गया। वह विक्षिप्तसी उसकी ओर देखतीही रह गई।

"जल्द बता पैसे कहां है?" कर्कश कंठध्वनिसे धमकाते हुए वह दूसरा प्रहार करनेही जा रहा था कि एक भीमकाय हबशीने बीचमें आकर उसे रोक लिया।

"अरे पागल! अभी तो बहुतसे मकूलोंका विनाश करना है। पैसे बहुत हाथ लगेंगे। मुझे सौंप दो इसे! (ऊँ फूनी इश्ला गूकाला ले अम्फासी गा कूला) पहले तो मैं इस इंडियन औरतका स्वाद चखना चाहता हूँ"।

वह कहते हुए उस भयानक हबशीने लपक कर रंभा की माँको धर दबोचा और तनसे उसकी साड़ीको फाड़ कर सर्वथा नंगा कर डाला.......! फिर बड़ी बेशर्मीसे उस के आवरणहीन शरीरको घूरकर और फिर अपने साथियों की ओर मुखातिब होकर बोला—"मेरे बाद यह शिकार तुम लोगोंका आहार बनेगा!"

उधर माँ बापकी यह भीषण दुर्दशा देखकर रंभा और दोनों लड़के भयसे पागल हो गए और निकल भागनेका उपक्रम करने लगे। पांच छः राक्षसोंने उनको रोक लिया और तेज कुल्हाड़ियोंसे दोनों लड़कोंको हलाल कर डाला। रंभाको निर्दयतापूर्वक घसीटते हुए उन नर-पिशाचोंने कम्पाउन्डमें ला पटका। उसे भी सर्वथा वस्त्रहीन बनाकर अपनी पैशाचिक प्रवृतिका ऐसा नग्न प्रदर्शन किया जो हबशियोंकी मनुष्यतापर एक अमिट कलंक और उनकी कौमके इतिहासका एक गर्हित परिच्छेद बन गया है।

३

डाक्टरके चेहरेपर चिंता और परेशानीके चिन्ह थे। बंसीने कंपित स्वरमें पूछा—"हलो डाक्टर! अब कोई 'होप' नहीं है?"

"होपकी पूछते हो! अब तो यह सिर्फ दो-चार मिनटके लिये मेहमान है। 'केस' और भी ज्यादा खराब हो गया क्यों कि 'पेशन्ट' उस समय पहले रोजकी 'मेन्सस' में थी। 'इन्फलेमेशन' के साथ-साथ 'सेप्टिक' हो गया है। जो कष्ट इसने झेला है और यह झेल रही है वह तो इसेही मालूम है। (धीमी आवाजमें) मौतही अब इसके लिये शान्तिप्रद और श्रेयस्कर है।"

डाक्टरकी बात सुनकर बंसीकी आँखोंमें आँसू भर आये, उसका हृदय हाहाकार कर उठा।

"अपने दिलको मजबूत बनाओ, यङ्ग मेन! यह भी सोचो कि सिर्फ यह एकही लड़की नहीं है जो इस दारुण दुःखको झेल रही है। इस दंगेमें सैकड़ों हिन्दुस्थानी औरतोंकी मौत बलात्कारही द्वारा हुई है। तुम्हारे कौम पर इससे बढ़कर विपदा कभी नहीं आई थी।

सहसा रंभाके ओठ हिले........"नस, क्या हिंदुस्थानी और अफ्रिकन भाई भाई नहीं हैं........अगर नहीं हैं तो डाक्टर दादू हमेशा क्यों यह नाता जोड़ते आये हैं? महात्मा गांधी और स्वामी भवानी दयाल जैसे अनुभवी नेता हबशियोंसे मिलजुलकर रहनेकी सलाह देते हुए भी 'नॉन-यूरोपियन युनाइटेड-फ्रॉन्ट' को सदा अवांछनीय बतलाते रहे और उसका विरोध करते रहे लेकिन डाक्टर दादू तो इसी 'फ्रॉट' को हमारे उद्धारका एकमात्र मार्ग बतलाया करते हैं। फिर 'फ्रॉट' का यह नतीजा क्यों? हमने क्या बिगाड़ा है इन हबशियोंका........देखो वे फिर मेरी तरफ आ रहे हैं........वे मुझे मार डालेंगे........ "अरे बापरे बाप!........बचाओ मुझे .....!"

एक हिचकी आई और रंभाके जीवनकी टिमटिमाती बत्तीको बुझाती हुई चली गई।

---

(इधर लेखककी एक दर्जनसे अधिक हिन्दी और अङ्गरेजी कहानियाँ 'माया' तथा 'मनोहर कहानियाँ' और 'ओरियन्ट' आदि मासिक पत्रोंमें निकल चुकी हैं जो बहुत पसंद की गई हैं और उनपर काफी पारिश्रमिक भी मिला है पर चूंकि उनका प्रवासी भारतीयोंके जीवनसे कोई सम्बंध न था, इस लिये वे "प्रवासी" में प्रकाशित नहीं हो सकीं। आशा है लेखक इस ढंगकी कहानियाँ लिखकर "प्रवासी" की सेवा करना अपना सर्वोपरि कर्तव्य समझेंगे, यद्यपि "प्रवासी" से पारिश्रमिक पानेकी आशा नही है——सम्पादक)

# स्वामी भवानी दयालका सम्मेलन द्वारा सम्मान

लेखक: प्रोफेसर देवकीनन्दन शर्मा, एम० ए०, एल० एल० बी०, वाइस-प्रिंसिपल, गवर्नमेन्ट कालेज, अजमेर

वास्तवमें यह संतोष और हर्षकी बात है कि स्वामी भवानी दयालने हिन्दीकी जो अमूल्य सेवाएँ की हैं उनपर अखिल-भारत हिन्दी-साहित्य-सम्मेलनने स्वीकृतिकी मोहर लगा दी और स्वामीजीको 'साहित्य वाचस्पति' की, जो अंग्रेजीके 'डाक्टर ऑफ लिटरेचर' के समकक्ष है, अपनी सर्वोच्च पदवीसे अलंकृत किया है। प्रवासी भारतीयों के सर्वमान्य नेताके रूपमें वे देश और विदेशोंमें बहुत प्रसिद्ध हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रिका तथा अन्य उपनिवेशों के प्रवासी भारतीयोंके जीवन स्तरको ऊँचा उठाने और उनकी राजनैतिक स्थितिको उन्नत बनानेके लिये जो उद्योग और परिश्रम किया है उसको वे सभी भली भाँति जानते हैं जिनका इस प्रश्नमें कुछ भी अनुराग है, चाहे वे स्वदेशमें हो अथवा विदेशोंमें। परन्तु इस बातको बहुत कम लोग जानते हैं कि उन्होंने हिन्दी प्रचारके लिये कितना भागीरथ प्रयास किया है और प्रचारक, पत्रकार एवं ग्रन्थकारके रुपमें हिन्दी-साहित्यकी कैसी ठोस सेवाएँ और उसकी कितनी अभिवृद्धि की है।

स्वदेश और विदेशोंमें इस समय शायदही कोई ऐसा व्यक्ति हो जिसने हिन्दीकी स्थिति और स्तरको ऊँचा उठाने में स्वामीजीसे बढ़कर काम किया हो। उन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें हिन्दी-साहित्य-सम्मेलनकी स्थापना की थी जिसके दो अधिवेशनोंमें देशके भिन्न-भिन्न भागोंके सैकड़ों प्रतिनिधि सम्मिलित हुए थे। युवावस्थामेंही स्वर्गीय महात्मा गांधीकी देखरेखमें स्वामीजीने राजनैतिक कार्य आरम्भ कर दिया था। सन १९१४ में उन्होंने ट्रांसवाल के जर्मिस्टन नगरमें हिन्दी प्रचारिणी-सभा, हिन्दी-रात्रि-पाठशाला और हिन्दी फुटबॉल क्लब स्थापित किया था। दो सालतक उन्होंने नेटालका लगातार पर्यटन किया और इस दरम्यानमें न्यूकॉसल, डैनहौसर, हाटिङ्गस्प्रुट, ग्लेंको, बर्नसाइड, लैडीस्मिथ, वीनेन और जैकब्समें हिन्दी-प्रचारिनी सभाओं तथा हिन्दी पाठशालाओंकी स्थापना की; क्लेरइस्टेट (डरबन) में हिन्दी आश्रमका निर्माण किया जिसके अन्तर्गत हिन्दी पुस्तकालय, हिन्दी विद्यालय और हिन्दी मुद्रणालय थे। हिन्दीके दर्जे और दावेका अनादर सहन कर लेना स्वामीजीके बूतेके बाहरकी बात है और इस विषयपर उन्होंने बड़ेसे बड़े व्यक्तित्वका विरोध करनेमें भी कभी संकोच नहीं किया। सन १९२७ में साउथ अफ्रिकन इंडियन काँग्रेसके किम्बर्ली-अधिवेशनमें तत्कालीन भारतके ऐजेन्ट जनरल, राइट ऑनरेबल श्रीनिवास शास्त्रीने भारी बहुमतसे एक ऐसा प्रस्ताव पास करा लिया था जिसमें भारतीय बालकोंको केवल अंग्रेजीमें शिक्षा देनेके लिये सरकारसे मांग की गई थी। स्वामीजीको यह बात बहुत अखरी और उन्होंने इसके विरोधमें परिषदसे 'वाक आउट' कर दिया। इसपर १२० मेंसे ९० प्रतिनिधियोंने प्रस्ताव पर पुनर्विचार करनेके लिये सभापतिको लिखित प्रार्थना-पत्र दिया। फलतः स्वामीजीकी शानदार विजय हुई और उस समय नेटालमें जो भारतीय शिक्षा कमीशन बैठा था उसमें काँग्रेसकी ओरसे भारतीय भाषाओंके पढ़ाये जाने की माँग करनेके लिये प्रस्ताव स्वीकृत हुआ। स्वामीजीने सोचा कि यदि दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी मातृभाषा विलुप्त हो गई तो फिर भारतीय संस्कृतिकी हस्ती कैसे बच सकती है—भाषाके साथही संस्कृति एवं भारतीयताका विनाश भी अनिवार्य है। इसीलिये उनको शास्त्री जी जैसे महापुरुषके विचारोंके विरुद्ध आवाज उठानेपर बाध्य होना पड़ा था। 'मॉडर्न रिव्यू' ने इस घटनापर प्रकाश डालते हुए भारतीय संस्कृति और भाषाकी वकालत के लिये स्वामीजीको बधाई दी थी। स्वामीजीकेही प्रभाव और प्रयत्नसे साउथ अफ्रिकन इंडियन काँगरेसके विधानमें अंग्रेजी और अफ्रिकानके साथ हिंदीको भी काँग्रेसकी भाषा स्वीकार किया गया है, दक्षिण अफ्रिकाके लिये यह बड़े महत्वकी बात है।

ग्रंथकार और पत्रकारके रूपमें स्वामीजीका स्थान बहुत ऊँचा है। उन्होंने हिन्दीके प्रमुख दैनिक, साप्ताहिक और मासिक पत्रोंमें जितने लेख लिखे हैं उनकी संख्या बहुत बड़ी है। वे हिंदीके अनेक महत्वपूर्ण ग्रंथोंके प्रणेता हैं—हिन्दीमें प्रवासी साहित्यके अधिकांश भाग उन्हींकी लेखनीकी देन है। पत्रकारके हैसियतसे दक्षिण अफ्रिकामें वे महात्मा गांधीके प्रथम पत्र 'इंडियन ओपि-

नियन' के हिन्दी अंश, डरबनके साप्ताहिक 'धर्मवीर' और हिन्दी-अंग्रेजीके साप्ताहिक "हिन्दी" पत्रके सम्पादक रह चुके हैं। "इंडियन-ओपिनियन" मेंही उन्होंने महात्मा गांधी और श्री हेनरी एस. एल. पोलकसे पत्रकार कला की शिक्षा पाई थी। "हिन्दी" के तो वे मालिक, मनैजर, सम्पादक आदि सर्वेसर्वा थे। यह पत्र अपने जमानेमें समस्त प्रवासी भाइयोंका मुखपत्र बन गया था। भारतमें स्वामीजी साप्ताहिक 'आर्यावर्त' का सम्पादन कर चुके हैं जो विहारकी आर्य प्रतिनिधि सभाका मुखपत्र था। इस समय वे अपने प्रवासी-भवनसे मासिक पत्र "प्रवासी" निकाल रहे हैं और स्वयं उसका सम्पादन भी कर रहे हैं। "प्रवासी" ने स्वल्पकालमेंही अन्तर्राष्ट्रिय ख्याति प्राप्त कर ली है। प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंपर प्रकाश डालने वाला भारतमें "प्रवासी" के सिवा और कोई पत्र नहीं है।

अखिल-भारत हिन्दी सम्पादक सम्मेलनके कलकत्ता अधिवेशन, बिहार प्रादेशिक हिंदी-साहित्य-सम्मेलनके दसवें अधिवेशन और काशी नागरी प्रचारिनी सभाके स्वर्ण-जयन्ती महोसत्वके सभापति चुनकर हिन्दी-संसार स्वामीजीकी सेवाओंको स्वीकार कर चुका है। हिन्दीके शक्तिशाली पक्षपोषक होनेके कारण स्वामीजीका नाम इतिहासमें अमर रहेगा और एक दूरदर्शी राजनीतिज्ञकी हैसियतसे, जिसने राजनैतिक एकताके आधारभूत तथ्योंको परख कर अंग्रेजीको हटाने और उसके स्थानपर हिन्दीको बैठानेके प्रयासमें सफलता पाई है, वर्तमान भारतके निर्माताओंमें उनका स्थान सुरक्षित रहेगा।

अतएव हमारी सर्वोपरि साहित्यिक संगठन—अखिल-भारत हिन्दी साहित्य सम्मेलनने, जो अपने संघर्षमय जीवन में हिन्दीको राष्ट्र भाषाके पदपर बैठानेके लिये निरंतर प्रयत्नशील रहा है, स्वामीजीको 'साहित्य-वाचस्पति' की उपाधिसे अलंकृत करनेका निश्चय करके अपनी गुणग्राहकताकाही परिचय दिया। इस अवसरपर सारा हिंदी संसार खुशीका इजहार करेगा और परमेश्वरसे प्रार्थना करेगा कि वे स्वामीजीकी आयुको अनेक वर्षोंके लिये और बढ़ावें ताकि वे अपने स्वप्नोंको कार्यान्वित होते हुए देख सकें।

( १ ) सम्मेलनके सभापतिका अभिभाषण। लेखकः पंडित चन्द्रबली पांडे। प्रकाशकः मंत्री, स्वागत समिति, अखिल भारतीय हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन, हिंदी-नगर, हैदराबाद।

यह अखिल भारत हिंदी-साहित्य-सम्मेलनके हैदराबाद अधिवेशनके सभापति साहित्य-शिरोमणि पंडित चन्द्रबली पांडेका ७२ पृष्ठोंका विद्वतापूर्ण अभिभाषण है। विद्वान वक्ताने हिन्दी-साहित्यके भिन्न भिन्न अंगोंपर यथेष्ट प्रकाश डाला है। पांडेजी हिंदीके उच्च कोटिके साहित्यकारों में से एक हैं। उन्होंने हिन्दीकी जो सेवाएँ की हैं वह सर्वथा स्तुत्य है। एकबार काशी नागरी प्रचारिनी सभाके संस्थापक मित्रवर पंडित रामनारायण मिश्रके साथ पांडेजी प्रवासी-भवन भी पधार चुके हैं, उनके दर्शन और सत्संग से हम प्रभावित हुए बिना न रहे। वे जैसे उदभट विद्वान हैं वैसेही सात्विक-वृतिके परम तपस्वी भी। संयम और साधनासे उन्होंने अपने जीवनको ऐसे साँचेमें ढाल लिया है कि उनको देखकर हमें यही भासित हुआ मानों पुरातन ऋषियोंके वे सामयिक संस्करण हैं। अंग्रेजीमें भी उन्होंने एम. ए. पास किया है पर अंग्रेजीके मोहमें पड़कर क्षणमात्र के लिये भी अपनी मातृभाषाको विस्मरण नहीं किया। हिंदीके पक्षमें उन्होंने हिन्दी और अंग्रेजीमें अनेक छोटी-बड़ी पुस्तकोंकी रचना की है। उनकी आयु भी अभी केवल ४६ वर्षकी है। तरुण हिन्दी प्रेमी श्री गोविन्द प्रसाद केजरीवालने उनकी संक्षिप्त जीवनी लिखकर इस अवसर पर हिंदी संसारका बड़ा उपकार किया है।

पाण्डेजीसे हमारी एक शिकायत अवश्य है। इस विस्तृत भाषणमें कहीं भी प्रवासी भारतीयोंमें हिंदी प्रचार की चर्चा नहीं मिलती। पाण्डेजी कैसे अपने उन प्रवासी भाइयोंकी भाषा और सांस्कृतिक आवश्यकताओंको भूल

गये, जो कई पीढ़ियोंसे विदेशोंमें जा बसे हैं। पहले जब वे यहाँसे गये तो उन्होंने अपने उपनिवेशोंमें हिंदीको ही राष्ट्र भाषा बनाया था। हिंदीको अपनानेके लिये कहीं और किसीसे भी उनको प्रेरणा नहीं मिली थी, फिर भी तामिल, तेलगू, मलयालम, कनाड़ी, गुजराती आदि सभी भाषा भाषी भारतीयोंने परस्पर विचार-विनिमयके लिये हिंदीको चुन लिया था पर अब अंग्रेजीके प्रताप और प्रचारसे भारतके अन्य भाषा-भाषी भाइयोंकी तो बातही दूर रही, स्वयं हिंदी-भाषी भी अपनी भाषाको भूलते जा रहे हैं। यदि शीघ्र कुछ प्रयत्न न किया गया तो दो-तीन पीढ़ीके बाद भाषाके साथ ही उनकी भारतीयता भी विनष्ट हो जायगी। सेठ गोविन्ददाससे हमें बड़ी आशा थी क्योंकि वे स्वयं प्रवासी भाइयोंकी दशा अपनी आँखों देख आये हैं पर वे इस तरफ ध्यान न दे सके क्योंकि उनके सामने सबसे बड़ा काम था संविधान परिषदमें हिन्दीको राज और राष्ट्रभाषा स्वीकार कराना और इस कार्यमें वे सफल हुए। उनके इस महान कामके लिये देशवासी और प्रवासी चिरकृतज्ञ रहेंगे। अब तो पांडेजीके सभापतित्व कालमें विदेश-प्रचारके लिये कोई योजना बननी चाहिये और सम्मेलनकी ओरसे प्रचारक भेजकर प्रवासी भाइयोंमें प्रचार कार्य आरंभ भी कर देना चाहिये।

( २ ) योगेश्वर कृष्ण। लेखकः स्वर्गीय पंडित चमूपति, एम. ए.। प्रकाशकः श्री मुख्याधिष्ठाता, गुरुकुल-विश्व-विद्यालय, कांगड़ी, हरिद्वार। पृष्ट ३६४, मूल्य अजिल्द ४) रुपया।

यह गीताके गायक योगीराज श्री कृष्णचन्द्रका जीवन वृतान्त और लेखककी प्रतिभा एवं पांडित्यका प्रतिफल है। इसमें जहाँ भगवान कृष्णके जीवन-कार्योंका चिताकर्षक वर्णन है वहाँ उस युगकी राजनैतिक और सामाजिक परिस्थितियों का दिग्दर्शन भी। भाषा और शैलीके विषयमें कुछ कहना ही व्यर्थ है—रचना इतनी रोचक है कि एकबार आरम्भ करनेपर अन्ततक पढ़े बिना चैन नहीं पड़ सकता। इस पुस्तकका बाहुल्य प्रचार वांछनीय है।

( ३ ) लहसुन : प्याज। लेखकः श्री रामेश बेदी, आयुर्वेदालंकार। प्रकाशकः हिमालय हर्बल इंस्टिट्यूट, गुरुकुल-कांगड़ी, हरिद्वार। पृष्ट १९७, मूल्य अजिल्द २॥) रुपया।

इस पुस्तकके लेखक वनस्पति शास्त्रके प्रकाण्ड पंडित हैं। उन्होंने त्रिफला, अंजीर, सोंठ, तुलसी आदि पर भी जो कुछ लिखा है उससे हिन्दीके एक आवश्यक अंगकी पूर्ति हुई है। लहसुन और प्याजपर लेखकका अन्वेषण उनकी गवेषणा-शक्तिकाही परिचायक है। इस पुस्तकको लिखकर बेदीजीने देशवासियों और विशेषत: हिन्दुओंका बड़ाही उपकार किया है। भारतमें कुछ ऐसे भी हिन्दू गृहस्थ मिलते हैं जो लहसुन और प्याज जैसे गुणकारक पदार्थसे भी परहेज करते हैं। साधु-संतोकी बात अलग है, वे यदि लहसुन और प्याजको तामसिक खाद्य समझकर उनको त्याज्य समझें तो यह उनके लिये सर्वथा स्वाभाविक है परन्तु जो गृहस्थ मांस-मछलीको अभक्ष्य समझते हैं उनको प्याज और लहसुन आदि वनस्पतियोंसे भी परहेज करना मानो अपने स्वास्थ्य एवं शक्तिको हानि पहुँचाना है। स्वाध्यायशील लेखकने औषध विज्ञानकी दृष्टिसे लहसुन और प्याजके गुणोंपर काफी प्रकाश डाला है। इस रचनासे उन महानुभावोंकी आंखें खुल जायँगी जो उन उपयोगी और लाभदायक वनस्पतियोंको गर्हित एवं त्याज्य समझते हैं। इस पुस्तक का देशमें जितना भी प्रचार हो सके, थोड़ा है। हिन्दीमें इस विषयपर साहित्य सृजनकर बेदीजी वास्तवमें हमारे अभिनन्दनके अधिकारी बन गये हैं।

( ४ ) राष्ट्रिय डायरी। प्रकाशकः जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड, पोस्ट बक्स २४५०, ८३ पुराना चीना-बाजार स्ट्रीट, कलकत्ता-१। स्वर्णाक्षरोंसे अलंकृत, सुदृढ़ एवं सुन्दर जिल्द। मूल्य १॥) रुपया।

यह सन १९५० की डायरी है और सदाकी भाँति खूब सज-धजकर निकली है। इसके प्रत्येक पृष्ट पर भारत के किसी न किसी नेताका चित्र है, और इस प्रकार देशके सभी प्रख्यात स्वर्गीय और सामायिक नेताओंके चित्रसे यह डायरी विभूषित है। छोटे आकारके होनेके कारण यह डायरी सदा अपने साथ जेबमें रखी जा सकती है। पृष्टके नोचे अंग्रेजी और बंगलामें भी तिथियाँ दे दी गई हैं। बढ़िया और चिकने कागजका उपयोग किया गया है। जो लोग पाकेट-डायरी रखते हैं उनको हिंदीमें इससे अच्छी डायरी शायदही और कहीं मिल सके।

( ५ ) अपना राज। लेखकः श्री नरहरी नवलशंकर दवे। प्रकाशकः कला-पथक, लोईबाल बिल्डिंग, बड़ौदा। पृष्ट ३९, मूल्य अज्ञात।

यह एक द्विअंकी नाटिका है जिसमें गरीबोंकी दुर्गति का अत्यन्त करुण एवं हृदय स्पर्शी चित्र चित्रित किया गया है। नाट्य-कलाकी दृष्टिसे यह अभिनयके लिये कहाँतक उपयोगी है, यह कहना तो कठिन है, पर इसके पढ़नेपर साधारण पाठकके दिलसे गरीबोंकी दशापर एक दर्द भरी आह निकले बिना नहीं रहती है। लेखककी भाषा और शैली भी जोरदार है लेकिन उनकी भाषा गुजराती होनेके कारण इस हिंदी रचनामें यत्रतत्र ऐसी अशुद्धियाँ दृष्टिगोचर होती है और प्रसंगानुसार गीतके नामपर जो तुकबंदियाँ दी गई हैं वे निम्न कोटिकी ऐसी भद्दी मालूम पड़ती हैं कि मानों शकरमें किसीने कंकर मिला दिया हो। मुद्रणसे पहले यदि लेखकने हिन्दीके किसी विद्वानसे पुस्तकको शुद्ध करा लिया होता तो यह खटकनेवाली बात न रह जाती। फिर भी एक गुजराती लेखकका यह प्रयास सर्वथा अभिनंदनीय है।

---

शिवरात्रिके अवसरपर नेटालकी आर्य प्रतिनिधि सभाकी जो रजत-जयंती (Silver Jubilee) मनाई जानेवाली है, उसमें आर्य सार्वदेशिक सभाके मंत्री और भारतके प्रसिद्ध विद्वान पंडित गङ्गाप्रसाद उपाध्याय सम्मिलित होंगे उपाध्यायजी अफ्रिका-यात्राके लिये बंबईसे प्रस्थान भी कर चुके हैं। हम उपाध्यायजी का अभिनन्दन करते हैं। इधर वर्षोंसे हम उपाध्यायजीसे आग्रह करते आये हैं कि उनको प्रवासी भारतीयोंमें प्रचार करना चाहिये क्योंकि उनके जैसे उच्च-कोटिके विद्वानोंकीही उपनिवेशों और विदेशोंमें आवश्यकता है—साधारण उपदेशक वहाँ पहुँचकर आर्यसमाजके स्तरकोउठाते नहीं हैं, गिराते अवश्य हैं। आशा है कि उपाध्यायजीके उपदेशसे दक्षिण अफ्रिकाके भाई पूरा लाभ उठावेंगे। हम उपाध्यायजीके विदेश-प्रचार कार्यमें पूर्ण सफलताकी कामना करते हैं।

× × × ×

—अहमदाबादकी "गीता प्रचार समिति" के सभापति स्वामी विद्यानन्दजी संन्यासियोंका एक दल लेकर पूर्व अफ्रिकामें भागवत गीताके प्रचार करनेके लिये गये हैं। यह दल वहाँ तीन मासतक भ्रमण करके जहाँ प्रचार करेगा वहाँ 'गीता प्रचार समिति' की शाखाओंकी स्थापना भी। हालहीमें कलकताके 'भारत सेवाश्रम संघ' के कुछ संन्यासी भारतीय संस्कृतिके प्रचार करनेके लिये पूर्व अफ्रिका गये थे, और वे अपने उद्देश्य और कार्यमें सफल होकर स्वदेश लौटे हैं। इसीसे गीता प्रचारकोंको वहाँ जानेका प्रोत्साहन मिला है।

× × × ×

—इस समय पूर्व अफ्रिकामें आर्य कन्या महाविद्यालय-बड़ौदाकी कन्याओंके प्रचार एवं प्रदर्शनकी धूम मची हुई है। उन कन्याओंमें अपनी विद्वता और व्यायाम के प्रतापसे न केवल अपने देशवासियोंको बल्कि यूरोपियनों और अफ्रिकनोंको भी आश्चर्य-चकित कर रखा है। विद्यालय के लिये आशासे अधिक दान भी मिल रहा है।

---

## इसबार मिनिस्टर मैं हूँगा

उनचास साल तो बीत गया, पचास चला अँधड़ वाला।
हो रहे सजग सारे भिक्षुक है महाग्रहण लगनेवाला॥
भिक्षामें दे दो 'एक वोट' यह पेट हमारा खाली है।
मैं कभी न भूलूंगा तुमको साक्षी मेरी घर वाली है॥
इस बार मिनिस्टर मैं हूँगा तिकड़म मैंने रच डाला है।
यह हाट-बाट वह राह-घाट सब मेरा देखा-भाला है॥
सब जने-जनीं किरपा कई दा कौन्सिलके मेम्बर होई जाई।
का कहीं बहुत ठोकर खइलीं दुइ दिन सुखसे जीईं खाई॥
तोहरै भरोस अब हौ हमके तोहईं हमार दैया-मैया।
एक्कै मोका देइके देखा, डटिके खेइब तोहार नैया॥
होइजाब मिनिस्टर तबदेख्या हम बदलि देब अपना चोला।
ऊ टुटहा एक्का भटकि देब, ई फेंकि देब ओला झोला॥
बस एक कलैया हम मारब पहिचानि न पइबा तूं हमके।
ना रहल मवस्सर मटर हमैं तब घूमब मोटर पर चढ़िके॥
मैं धूल फाँकता आया हूँ तब धूल उड़ाता जाऊँगा।
तुम मुझसे मिलने आओगे मैं तुम्हें देख कतराऊँगा॥
मेरे कर्जे चुक जावेंगे सालते मुझे हैं जो हरदम।
पुख्ते मकान बन जावेंगे पैदल न चलूंगा एक कदम॥
मुझको 'रिसीव' करने ये अफसर स्टेशन पर आवेंगे।
आगे-पीछे अर्दली रहेंगे खिदमत सभी बजावेंगे॥
किछु दाम न लगी तोहार भैया, ऊ एक वोटके देनेमें।
पर काम हमार बहुत होई, ई एक वोटके लेनेमें॥
बस अपना अपना एक वोट दे देना प्रिय भाई-बहनों।
भगवान तुम्हारा भला करे सब दिन सुखसे खाओ-पहनो॥
लछ्मीकी माँ हल्ला न करो मैं हूँ बेढब हिम्मत वाला।
बेदम हजारसे बेहतर है दमदार एक थन्डर ताला॥

## पाकिस्तानमें नादिरशाही ।

पश्चिमीय पाकिस्तानसे तो हिंदुओंकी बिलकुल सफाई हो चुकी है । सीमाप्रांत और पंजाबमें चिराग लेकर खोजने पर भी शायदही कोई हिंदू दिखाई पड़े । सिंधमें भी इने-गिने हिंदू रह गये हैं जो पाकिस्तानियोंकी आँखोंमें किर-किरी बने हुए हैं । उनको भी निकाल बाहर करनेके लिये बुरेसे बुरे उपाय अमलमें लाये जा रहे हैं । एक तरफ तो पाकिस्तानी सरकार उनपर यह गुनाह थोपकर कि वे हिंदुस्थान जानेका इरादा रखते हैं, उनका घरबार तथा व्यापार और यहाँतक कि उनके नित्य व्यवहारमें आने-वाली वस्तुओंको भी जब्त कर रही है—वहाँ की सरकार वास्तवमें अन्तर्यामी है, जिसको हिन्दुओंके अन्दरुनी इरादे का इलहाम हुआ करता है । दूसरी तरफ वहाँके आम मुस-मान गोल बाँधकर आधी रातको हिंदुओंके मकान पर धावा बोल देते हैं, गहरी नींदमें सोये हुए उनको और उनके बाल-बच्चोंको धमकाकर उठाते हैं और फिर उनको घरसे बाहर निकाल कर उनके मकान और सामान पर कब्जा कर लेते हैं । यदि कोई विरोधमें चूं-चारा करता है तो उसकी देहकी अच्छी मरम्मत हो जाती है । पुलिस और सरकारी अमलदारोंके पास पहुँचकर गुहार मचानेपर भी कोई सुनवाई नहीं होती । उनको लाचार होकर तन-तनहा अपने वतनसे भागना पड़ता है । हर रोज वहाँ ऐसी वारदातें हो रही हैं ।

उधर पूर्वीय पाकिस्तानमें भी हिंदुओंकी जानके लाले पड़ रहे हैं । पूर्वीय बंगालमें हिंदुओंकी तादाद काफी है । वे अपने नेताओंके आदेशानुसार पाकिस्तानकी वफादार प्रजा बनकर वहाँ रहना चाहते हैं लेकिन चूंकि वे हिंदू हैं, इसलिये उनकी खैरियत कहाँ ? वहाँसे करीब बीस-पचीस लाख हिंदू भागकर पश्चिमीय बंगालमें आ चुके हैं और भगदड़का यह सिलसिला जारी है । वहाँकी सरकार और मुस्लिम जनता हिंदुओंको इतना परेशान कर रही है कि बेचारोंके नाकोंदम आ गया है । उनपर ऐसे ऐसे जुल्म हो रहे हैं कि जब उनकी सहन-शक्ति जबाब दे देती है तो उनको विवश होकर हिंदकी शरणमें आना पड़ता है । उनकी दुःख भरी कहानियाँ सुनकर पत्थरका दिल भी पसीजकर पानी-पानी हो जाता है । ऐसा प्रतीत होता है कि अगले कुछही वर्षोंमें पश्चिमीय और पूर्वीय पाकिस्तानमें हिंदुओंका चिन्ह भी अवशेष नहीं रहेगा ।

पाकिस्तानी हिंदुओंपर जो जुल्म ढाये जा रहे हैं उसकी हिंदुस्तानके हिंदुओंमें प्रतिक्रिया होना सर्वथा स्वा-भाविक है । इस प्रतिक्रियाकी आगको बुझानेका केवल एक ही उपाय है और वह यह है कि भारत सरकार पाकिस्तान के मतान्ध सत्ताधारियोंका होश-हवाश दुरुस्त करनेकी कोशिश करे । यदि भारत-सरकार अपने कर्तव्यसे चूक गई तो इस देशमें प्रतिक्रियावादियोंका बोल बाला हो जायगा । पर भारत सरकारका वर्तमान रवैया देखकर अफसोस होता है । वह पाकिस्तानसे झगड़ पड़ना उचित नहीं समझती और उसके तुष्टिकरणमेंही लगी रहती है । नेहरु आदि हमारे बड़े बड़े नेता जनताको यह उपदेश देते फिरते हैं कि भारत एक असाम्प्रदायिक (Secular) राज्य है अतएव यहाँकी जनताको सम्प्रदायवादी पाकिस्तानियोंका अनुकरण नहीं करना चाहिये और भारतमें बसे हुए चार करोड़ मुसलमानोंके साथ समताका व्यवहार करना चाहिये और ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिये जिससे उनके दिलमें सदमा पहुँचे । उधर पाकिस्तानने अब एक नया रुख अख्तियार किया है । एक तरफ तो वह हिंदुओंका सर्वस्व हरणकर उनको पाकिस्तानसे निकाल रहा है और दूसरी तरफ उन मुसलमानोंका पाकिस्तानमें प्रवेश करना रोक दिया है जो अपनी सारी सम्पति और औरत-बच्चों को पाकिस्तान भेज चुके हैं और अब खुद भी वहाँ जानेके लिये छटपटा रहे हैं । तिसपर तुर्रा यह है कि पाकिस्तान भारतके ४ करोड़ मुसलमानोंका प्रतिनिधित्व करनेसे बाज नहीं आता है और वहाँके प्रधान मंत्री तथा अन्य बड़े बड़े

सत्ताधारी गला फाड़-फाड़कर चिल्ला रहे हैं कि हिंदुस्थान में मुसलमानोंको गुलामीकी जिन्दगी बसर करनेपर मजबूर किया जा रहा है। मैं पूछता हूँ कि इन सब बातोंका आम हिंदू जनतापर क्या असर पड़ेगा और उनमें क्या प्रतिक्रिया पैदा होगी ? अगर हमारे नेता जनताकी भावनाओंको नहीं समझ सकते हैं तो उनका जनतंत्रके नारे लगाना फजूल है। सिर्फ 'सेकूलर स्टेट'की चिल्लाहटसे आम जनताकी तसल्ली नहीं हो सकती। जहाँ वे सरकारकी शिथिलता और निष्क्रियतापर नाराज हो रहे हैं वहाँ भारतके मुसलमानोंकी मौजूदा मनोवृत्ति भी उनको अखर रही है। श्री अब्दुल क्यूम अन्सारी जैसे इनेगिने सच्चे देशभक्तोंको छोड़कर अधिकांश मुसलमान पाकिस्तानकी कारस्तानीपर खामोश हैं। यही नहीं बल्कि वे भारतमें रहकर भी हिंदुओंको गालियाँ देनेसे भी बाज नहीं आते हैं। जिस जमैयत-उलमाकी बात मानकर सरकारने शरणार्थी कानूनमें इतना अदल-बदल कर दिया है कि पाकिस्तानी मनोवृत्तिके मुसलमानोंके दोनों हाथोंमें लड्डू मिल गये हैं और इसपर शरणार्थीही नहीं, देशवासी भी विरोधकी आवाज बुलन्द कर रहे हैं। उसी जमैयतके मेरठ अधिवेशन में उसके सदर मौलाना अहमदने कहा था कि काँग्रेस अब काँग्रेस नहीं रही, वह हिंदूमहासभा बन गई है। मौलाना हबीबुर्रहमानने खम ठोंककर हिंदीको राष्ट्रभाषा बनानेके लिये कांग्रेस नेताओंके फैसलेका खुला विरोध किया था और हिंदुओंको चेतावनी दी थी कि वे हिंदके हुक्काम होनेकी शेखीमें न झूमें। जमैयतके प्रधानमंत्री दो कदम और आगे बढ़कर मुसलमानोंको बहादुरीके साथ जेहादके लिये तैयार होनेकी नेक सलाह तक दे डाली थी।

यह सब बातें ऐसी हैं, जो हिंदुओंके दिलमें चुभती हैं; फिर चाहे वह हिंदू काँग्रेसी हो या और कोई। सब चीजकी एक हद होती है। नेहरू जैसे उच्चकोटिके चन्द काँग्रेसी-नेता भलेही पाकिस्तान और भारतके अधिकांश मुसलमानोंकी इस मनोवृत्ति पर कोई कड़ी कार्रवाई करना मुनासिब न समझें लेकिन आम हिंदु जनताके दिलमें जो आग सुलग रही है उसकी लपट कहीं बाहर निकल पड़ी तो क्या नतीजा होगा, इस पर गौर करनेकी जरूरत है। एक तो यूंही काँग्रेसको बदनाम करनेके लिये सारी प्रतिक्रियावादी शक्तियाँ एकत्र और संगठित होकर धुआँधार प्रचार कर रही हैं तिसपर इन सत्य बातोंका सहारा मिल जानेसे उनका प्रचार पूर्णतया सफल हो रहा है। भारतमें ८० प्रतिशत हिंदू हैं। उनकी भावनाओंकी उपेक्षा कर कोई भी प्रजातंत्र सरकार कायम नहीं रह सकती। इस लिये समयका तकाजा है कि हमारी सरकार पाकिस्तानके साथ वही व्यवहार करे जो वह भारतके साथ कर रहा है और यहाँके तपे हुए राष्ट्रवादी और देशभक्त मुसलमानोंको छोड़कर बाकी मुसलमानोंकी हरकत पर कड़ी निगाह रखे। पाकिस्तानी मनोवृति वाले मुसलमानोंके साथ ऐसा कड़ा व्यवहार होना चाहिये कि वे भारतका पिंड छोड़कर पाकिस्तानका रास्ता नापें; उनको यहाँ रहने देना मानो साँपको दूध पिलाकर पालना है जो एक दिन डँसे बिना नहीं रहेगा। यह तो कोई नहीं चाहता कि भारत प्रेमी मुसलमानोंके साथ किसी प्रकारका दुर्व्यवहार किया जाय पर जिनकी वफादारीमें शुबहा है उनको भी खुलकर खेलने देना ऐसी जबरदस्त भूल है कि जिसके लिये हमें एक दिन सर धुन-धुनकर पछताना पड़ेगा।

## द॰ अ॰ के मुस्लिम और पाकिस्तान

दक्षिण अफ्रिकामें लगभग ६५ हजार मुसलमान बसते हैं उनमें इने गिने पंजाबियों और पठानोंको छोड़कर बाकी सब भारतीय हैं। पाकिस्तानियोंकी कुल संख्या वहाँ एक हजारसे अधिक न होगी। अधिकांश मुसलमान गुजरात और खासकर सूरत जिलेसे वहाँ गये हुए हैं। देशसे उनका ताल्लुक बना हुआ है यहाँ उनकी जमीन जायदाद भी है। वे अकसर स्वदेश आया करते हैं और अपने परिवारके साथ भी रिश्ता-नाता बनाये रखते हैं। जब जरुरत पड़ती है तो वे निखालिस 'इंडियन' बन जाते हैं। लेकिन इस समय वहाँके सारे मुसलमान पाकिस्तानी होनेका दावा कर रहे हैं। पिछले २६ नवम्बरको कराचीसे आई हुई एक खबर भारतके अखबारोंमें छपी है जिसमें कोई इब्राहिम बावाने, जो नेटाल कांग्रेस कमेटीके पूर्व जनरल सेक्रेटरी होनेका दावा करते हैं, बयान दिया है कि दक्षिण अफ्रिका के ६५ हजार याने सारे मुसलमान पाकिस्तानी हैं। इब्राहिम बावाने जो कुछ कहा है वह सोलह आना सच है। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी मुसलमान भारतीय स्वाधीनता दिवस नहीं, पाकिस्तान निर्माण दिवस मनाते हैं। उनका अखबार "इंडियन व्यूज", जिसके सम्पादक सूरत जिलेके निवासी हैं, भारतको बदनाम और पाकिस्तानके

बखान करनेमेंही अपनी सारी ताकत खर्च कर रहा है। विदेशोंमें कुछ अपवादको छोड़कर बाकी सभी मुसलमान अपने आपको पाकिस्तानी कहनेमें गौरव समझते हैं। इस हालतमें पंडित नेहरूके विदेश-विभागको चाहिये कि वह बिदेशोंमें अपने कमिश्नरोंके जरिये ऐसी फिहरिस्त तैयार करावे जिनमें उन मुसलमानोंके नाम और स्वदेशके पते दर्ज हों जो उपनिवेशोंमें बैठकर पाकिस्तानी होनेका दम भर रहे हैं और फिर सरदार पटेलके गृह-विभागको उन सभी पाकिस्तानियोंकी जायदादको 'निष्क्रमणार्थी सम्पत्ति' ऐलानकर जब्त कर लेना चाहिये। इससे उनका होश फौरन ठिकाने आ जायगा जो इस समय 'मिस्टर हाइड और डाक्टर जयकल' का अभिनय कर रहे हैं। विदेशोंमें वे पाकिस्तानी बने हुए हैं और जरूरत पड़ने पर तथा स्वदेश आनेपर पक्का हिन्दुस्थानी बन जाते हैं। इस तरह वे अपनी चालबाजीसे डबल फायदा उठा रहे हैं। उनकी इस हरकतको रोकना निहायत जरुरी है। आशा है कि भारत सरकार इस सवाल पर फौरन ध्यान देगी।

## भारतकी वैदेशिक नीति।

हमारे प्रधान और विदेश-मंत्री पंडित नेहरू कईबार यह ऐलान कर चुके हैं कि भारत दुनियाकी दलबंदीसे बिलकुल अलग रहेगा——वह न अमेरिकाका पिछलगू बनेगा और न रूसका। वह तटस्थ रहकर सब सवालों पर विचार करेगा और जो मुनासिब समझेगा वही करेगा—वह किसी बड़े राष्ट्रकी खुशी-नाराजीकी कोई परवाह न करेगा। यद्यपि यह बात व्यावहारिक तो नहीं है तौभी देखने-सुननेमें अच्छी लगती है। लेकिन जो कुछ इस समय हो रहा है उससे इस बातकी ताईद नहीं होती है। मसलन इसराइलके कायम हुए एक मुद्दत गुजर गया, दुनियाके छोटे-बड़े करीब सभी देशोंने उसकी हस्ती मंजूर कर ली लेकिन भारत अभीतक सोच-बिचारमें पड़ा हुआ है। अमेरिका, रूस, इंगलैंड, फ्रांस आदि मुल्कोंकी सरकारोंने जब इसराइलको एक स्वतंत्र राज्य मान लिया है तो भारतकी खामोशीसे उसका कुछ भी बनता-बिगड़ता नहीं लेकिन इससे भारतको अवश्य नुकसान पहुँच रहा है। यह खयाल रहे कि आज दुनियामें यहूदियोंका एक खास दर्जा है। अमेरिकाके प्रेसिडेन्ट भी यहूदियोंको नाराज करनेकी हिम्मत नहीं रखते। इसराइलकी स्थापना एक ऐतिहासिक तथ्य है जिसको मंजूर किये बिना छुटकारा नहीं। फिर भारत सरकार क्यों इस मामलेमें चुप्पी साधे बैठी है? सच बात तो यह है कि मध्य एशियाके कुछ मुस्लिम राज्योंको खुश रखनेके लियेही नेहरूजीने यह रुख अख्तियार कर रखा है अन्यथा इसराइलको मंजूर करनेमें इतनी देर न होने पाती। उधर चीनमें चाङ्ग काई शेकका सितारा डूब चुका। वे चीनसे भागकर फारमूसामें डेरा डाले बैठे हैं। यद्यपि चाङ्ग काई शेक हमारे प्रधान मंत्रीके परम मित्र हैं और उन्होंने दुनियाके सभी जनतंत्रवादी सरकारोंसे प्रार्थना की है कि चीनकी साम्यवादी सरकारको कोई मंजूर न करे लेकिन हम देखते हैं कि अपने मित्रकी अपीलकी कोई परवाह न करके नेहरूजीने कम्यूनिष्ट चीन सरकारको मंजूर कर लिया। राजनैतिक दृष्टिसे भारत सरकारका यह कार्य वास्तवमें दूरदर्शितापूर्ण है। पर इस नीतिको ताखपर रख कर इसराइलके साथ क्यों ऐसा व्यवहार किया जा रहा है जिससे संसारके सारे यहूदी भारतसे नाराज हो गये हैं— यहाँतक कि इङ्गलैंडके मजदूर दलके पूर्व-नेता प्रोफेसर लास्की जैसे जगविख्यात यहूदी विद्वान और भारतीय स्वाधीनताके सच्चे समर्थकको भी नेहरूजीके मनोवृत्तिपर आश्चर्य और और दुःख हुए बिना न रहा। भारतकी इस डवाँडोल नीतिका फल यह हो रहा है कि सारी दुनिया उससे अलगही रहना पसंद करती है। इससे पाकिस्तानने काफी फायदा उठाया है। आज संयुक्त राष्ट्र संघमें पाकिस्तानके जितने हिमयाती हैं उसके एक चौथाई भी भारतके नहीं। इसी वजहसे काश्मीरके मामलेसे हमारी दुर्गति हो रही है। कहाँ तो हम यह फरियाद लेकर राष्ट्रसंघके पास गये थे कि पाकिस्तान हमारे साथ जोर-जुल्म कर रहा है, अंतर्राष्ट्रिय कानूनको तोड़ रहा है और कहाँ आज हमलाखोर पाकिस्तानही भारत पर अपराध मढ़ रहा है। राष्ट्र संघ पाकिस्तानके सारे अपराधों पर लीपापोती करके उसीके पक्षको मजबूत बनाता जा रहा है। यदि अब भी हमारी आँखे न खुले तो भगवानही हमारा रक्षक है।

## "जमाना" की भ्रांति।

जबसे श्री धरमयश देवजी भारतके कमिश्नर बनकर मोरिशस गये हैं और प्रोफेसर विष्णुदयालसे उनका मतभेद हो गया है तबसे "जमाना"के प्रत्येक अंकमें देवजीके विरुद्ध

कुछ न कुछ अवश्य लिखा जाता है। शायद हमारे पत्रकार बन्धु एस्नु बाबाजी यह नहीं जानते हैं कि एकही बातकी बारबार आवृत्ति करनेसे उसकी कोई कीमत नहीं रह जाती है। लोग यह समझ जाते हैं कि यह किसी पत्रकारकी खरी समालोचना नहीं है बल्कि दुश्मनीकी खुली नुमाइश है और एक बार यह बात दिलमें जम जानेपर फिर चाहे आप कुछ भी लिखा करें, पाठक उसको पढ़ना तक पसंद न करेगा, उसपर कुछ गौर करना तो दूरकी बात रही। यह भी याद रखना चाहिये कि जिस आदमीका मामला मजबूत होता है उसको अपशब्दोंका आश्रय लेनेकी जरूरत नहीं पड़ती है। जो कमजोर होता है वह लड़ तो सकता नहीं, गालियाँ बककर अपने मनका अरमान पूरा कर लेता है। "जमाना" के हरएक अग्रलेखमें देवजी किसी न किसी रूपमें दिखाई देते हैं। पहले मैं उनपर ध्यान देता और विचार करता था लेकिन अब तो मुझे ऐसे लेखोंसे नफरत सी हो गई है। सभी लेखोंमें देवजीको घसीट लाना कहाँ की पत्रकारी है? एस्नु बाबाजीके इस कारनामेसे प्रोफेसर विष्णुदयाल भी व्यर्थही बदनाम होंगे क्योंकि लोगोंकी ऐसी धारणा हो गई है कि उन्हींकी प्रेरणासे "जमाना" में देवजीके विरुद्ध लिखा जा रहा है। यह भी नहीं भूलनी चाहिये कि अति अच्छी नहीं होती—किसी बातकी अति हो जानेपर उसका उलटाही असर पड़ता है। जो अखबार बात-बातमें महात्मा गांधीके नामकी दुहाई देता है, उसका अपने विरोधीके प्रति यह रुख बिलकुल शोभा नहीं देता है। महात्माजी तो जहाँ अपने मित्रों और प्रेमियोंको ज़रा सी भूल-चूकपर ऐसी फटकार बताते थे जो हंटरकी मारसे भी अधिक चोटीली होती थी वहाँ वे अपने विरोधियोंकी इतनी प्रतिष्ठा करते थे और जरूरत पड़नेपर उनके विचारों और कामोंकी ऐसी शिष्ट और सौम्य भाषामें समालोचना करते थे कि उनका भारीसे भारी दुश्मन भी उनके सामने सर झुकाने पर मजबूर हो जाता था। इसलिये एक तरफ महात्माजीका नाम रटना और दूसरी तरफ उनके वसूलसे ठीक उलटा काम करना मानो दुनियाके सामने मजाक का मसाला बनना है। असलमें "जमाना" अति करके अपनेही पक्षको कमजोर बना रहा है और नुकसान पहुँचा रहा है।

## भारतीय प्रजातंत्रके प्रधान।

इसी जनवरी मासके २६ तारीखको भारतीय प्रजातंत्र (रिपब्लिक) की घोषणा होगी। उस दिनसे इङ्गलैंडके अधिराज्य (Dominion) के रूपमें भारत नहीं रहेगा—वह एक सर्वतंत्र स्वतंत्र प्रजातंत्रका रूप धारण करेगा। इङ्गलैंडके बादशाह भारतके बादशाह नहीं रह जायँगे—प्रजातंत्रके प्रधानही भारतके सर्वोपरि सत्ताधारी होंगे। अभीतक प्रधानका चुनाव नहीं हुआ है, २४ जनवरीके लिये टाल दिया गया है। इस समय सारे देशमें—अमीरोंकी अटारियोंसे लेकर गरीबोंकी झोपडियोंतकमें—एक ही आवाज उठ रही है और वह यह कि भारतीय प्रजातंत्रके प्रथम प्रधान डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद हों। सभीको यह पक्का विश्वास है कि राजेन्द्र बाबूके चुनावमें किसीको कोई एतराज नहीं हो सकता क्योंकि उनसे बढ़कर सर्वप्रिय और लोकमान्य नेता भारतमें दूसरा कोई नहीं है। इसी लिये तो महात्माजीने उनको संविधान-परिषदके सभापति चुननेके पक्षमें सम्मति दी थी। काँग्रेस-कर्मी और काँग्रेस विरोधी—सभी वर्ग और दलके भारतीय राजेन्द्र बाबूको स्नेह और सम्मानकी दृष्टिसे देखते हैं। पर नेहरू, आजाद आदिकी निगाह सबसे निराली है, उनके विचार सबसे भिन्न हैं। वे प्रजातंत्रकी दोहाई देते हुए भी डिक्टेटरशाहीसे काम लेना पसंद करते हैं। लोकमनकी अवहेलनाकर वे एक ऐसे व्यक्तिको भारतीय प्रजातंत्रके प्रधान आसनपर बैठाना चाहते हैं जो अपने घरसेही दूधकी मक्खीकी नाईं निकाल कर फेंक दिया गया है। यह कौन नहीं जानता कि जब प्रांतोंमें काँग्रेसके मंत्रीमडल बनने लगे तो महात्मा गांधीके कहने और तत्कालीन काँग्रेस-प्रेसीडेन्ट मौलाना आजादके धमकानेपर भी मद्रासने श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारीको प्रधान मंत्री बनानेसे साफ इन्कार कर दिया। उस समय राजाजीका अपने प्रांतमें ऐसा तिरस्कार हुआ कि उन्होंने सार्वजनिक जीवनसे वैराग्य ले लेनेका संकल्प कर लिया था। वे अपने प्रांतसे बहिष्कृत होकर महात्माजीके बुलाने पर दिल्ली आ गये और यहाँ उनको महात्माजीकीही मिहर्बानीसे केन्द्रीय मंत्री मंडलमें जगह दी गई। बादमें वे बंगालके गवर्नर बना दिये गये और जब अंग्रेज गवर्नर-जनरल माउन्ट बैटन भारतसे बिदा हो गये तो उनकी कुर्सीपर राजाजीको बैठा दिया गया। अब उनकी महत्वा-

कांक्षा इतनी बढ़ गई है कि वे भारतीय प्रजातंत्रका प्रथम प्रधान बननेके लिये लालायित हैं और आश्चर्यकी बात तो यह है कि पंडित नेहरू जैसे लोकतंत्रकी चिल्लाहट मचाने वाले महापुरूष उनकी इच्छापूर्त्तिके लिये पैरवी और कोशिश कर रहे हैं। खबर है कि डाक्टर राजेन्द्र प्रसादसे कहा जा रहा है कि वे स्वयं प्रधान पद ग्रहण करनेसे इन्कार कर दें और इस तरह राजाजीका, उस आसनकी शोभा बढ़ानेका, शौक पूरा हो जाने दें। राजेन्द्र बाबू तो ऐसे त्यागी और तपस्वी महापुरुष हैं कि उनको किसी पद-प्रतिष्ठाकी कोई चाहही नहीं है; उनके जैसा निस्पृह नेता भारत तो क्या दुनियामें भी मिलना दुर्लभ है। इसलिये वे तो इस पदको दूरसेही नमस्ते कर देंगे पर भारतीय जनता इस बातको हरगिज बर्दाश्त न करेगी। राजाजीको भारतीय प्रजातंत्रका प्रथम प्रधान बनाना मानो लोकमतके साथ मजाक उड़ाना होगा और प्रजातंत्रकी छातीमें कटार भोंकना। जिस व्यक्तिका अपने प्रांतमेंही कोई स्थान नहीं है और जो वहाँ से बहिष्कृत किया जा चुका है उसको सारे भारतका सिरमौर बनाना मानो भारतीय प्रजातंत्रको जन्मते ही जहरकी घोंटी पिलाना है। नेहरूजीको सोच लेना चाहिये कि देशमें इससे भयंकर असंतोष फैलेगा। जिस प्रकार उन्होंने जब यह देखा कि हिन्दीका विरोध करनेका नतीजा केवल देशव्यापी विप्लवही नहीं होगा प्रत्युत काँग्रेस-पार्टीमें भी भीषण विद्रोह फैलेगा तो उन्होंने लाचार होकर हिन्दीको राष्ट्र और राजभाषा तथा नागरीको राष्ट्र और राज लिपि स्वीकार कर लिया, उसी प्रकार इस चुनावमें भी यदि वे हठ और दुराग्रह न छोड़ेंगे तो उसका नतीजा बड़ा घातक होगा। अतएव समय पर सावधान हो जानाही राजनैतिक बुद्धिमत्ता है।

(ऊपरकी पंक्तियाँ लिख चुकनेके बाद हमें जो खबर मिली है उससे हमें पूर्ण संतोष हो गया है। यह बात पक्की हो गई है कि श्री राजगोपालाचारी २६ जनवरीको प्रजातंत्र का घोषणा-पत्र पढ़ेंगे और निर्वाचित राष्ट्रपतिको सिंहासन पर बैठाकर स्वयं मद्रासके लिये प्रस्थान कर देंगे। इससे यह निश्चित हो गया कि डाक्टर राजेन्द्र प्रसादही भारतीय प्रजातंत्रके प्रथम राष्ट्रपति होंगे और सारा देश उनको इस पदपर देखकर संतुष्ट होगा। समय पर हमारे नेता सचेत हो गये और उन्होंने लोकमतकी उपेक्षा करना उचित न समझा, यह उनकी राजनैतिक बुद्धमताका ही प्रमाण है।)

## हैदराबादमें सम्मेलन।

इसबार अखिल भारत हिन्दी-साहित्य-सम्मेलनका सालाना जलसा उस हैदराबाद रियासतमें हुआ जहाँके निज़ाम और उनके अमलदार हिंदीके नामसे वैसेही भड़का करते थे जैसे किसीकी लाल पोशाक देखकर बनैला बैल। कईबार वहाँ सम्मेलनका जलसा करनेकी कोशिश की गई लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हुई—निजाम और उसके अहलकारोंको हिंदीके नामसेही १०५ डिग्री बुखार चढ़ आता था। उन्होंने हैदराबादको उर्दूका केन्द्र बना रखा था—वहाँके उस्मानिया यूनिवर्सिटीमें एम. ए तक उर्दूकी पढ़ाई होती है। वहाँके हाईकोर्टमें वह वकील वकालत नहीं कर सकता है जो उर्दू नहीं जानता हो। निज़ामने उर्दू लिटरेचरकी तरक्कीके लिये लाखों रुपया फूँक डाला है। हालांकि हैदराबादकी प्रजाकी भाषा मराठी, तामिल, कनाड़ी और तेलगू है तौभी उर्दूको जबरदस्ती उनके माथे मढ़ा गया है। संस्कृतके लिये जैसे काशी मशहूर है वैसेही उर्दूके लिये हैदराबाद। हैदराबादमें यद्यपि ८० फी सदी हिंदू हैं तौभी निजाम उसको एक इस्लामी रियासत बनानेका सपना देख रहे थे। इसलिये सरकारी नौकरियोंमें जहाँ ९५ फी सदी मुसलमान लिये जाते थे वहाँ मुश्किलोंसे ५ फी सदी हिंदू। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटीके ऐसे ग्रेजुएट जिनका कहीं ठौर-ठिकाना नहीं लगता था उनको हैदराबादमें ऊँचेसे ऊँचे ओहदे मिल जाते थे। इधर कासिम रिज़वीके जरिये रजाकारके नामसे गुंडोंका एक गिरोह तैयार किया गया था जो हैदराबादसे हिंदुओंको मार भगाने और उनके जमीन-घरमें भारतसे मुसलमानोंको ले जाकर बसानेके काममें मशगूल था। इस तरीकेसे कुछ ही दिनोंमें हैदराबादको मुस्लिम मुल्क बना डालनेका इरादा कर लिया गया था लेकिन सरदार पटेलके सामने निज़ामकी दाल गलने न पाई और उनके सारे अरमान मिट्टीमें मिल गये। आज कासिम रिज़वी साहेब जेलकी ठंढी हवा खा रहे हैं और निजाम बहादुर झुक-झुककर नेहरू और पटेलको सलामी बजा रहे हैं।

इसलिये हैदराबादमें हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन होना इतिहासकी एक अनोखी घटना है। सभापति पंडित चन्द्रबली पांडेका भाषण शैतानकी आँतकी तरह बहुत

बड़ा हो गया है। उनका यह लम्बा-चौड़ा ७४ पृष्ठोंका भाषण सम्मेलनमें पढ़ा नहीं जा सका। पांडेजी केवल दो-चार पन्नेही पढ़ पाये थे कि श्रोताओंके धीरजने जवाब दे दिया, इसलिये लाचार होकर उनको मौखिक भाषण देना पड़ा। सभापतिके भाषणको भाषण कहना गोया इस शब्दके साथ जुल्म करना होगा, उसे एक प्रकाण्ड पंडितका विद्वतापूर्ण निबन्ध कहनाही ठीक है। इस प्रकारके लम्बे-चौड़े भाषणका जमाना चला गया—बहुतसी बातोंको थोड़ेसे शब्दोंमें कह देना ही इस युगका तकाजा है। मेरे पास हिन्दीके कई दैनिक पत्र आते हैं पर अफसोस है कि किसीमें भी सम्मेलनकी कार्यवाहीकी पूरी रिपोर्ट नहीं छपी है। हिन्दी अखबारोंकी हिंदीकी सबसे बड़ी सभाके प्रति यह लापरवाही खटकती है। बंगीय, मराठी और गुजराती साहित्य-सम्मेलनोंके अधिवेशनोंकी कार्यवाहियाँ उन भाषाओंके अखबारोंमें बड़े विस्तारके साथ प्रकाशित की जाती हैं लेकिन हिन्दी अखबारोंकी लापरवाहीसे सम्मेलनकी कार्यवाहीकी पूरी रिपोर्ट उनके पाठकों तक नहीं पहुँच पाई। कई हिन्दी अखबारोंने तो "प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया" की एक गलत खबर छापकर भी अपनी जानकारीका परिचय दे डाला है जिसमें यह कहा गया है कि सम्मेलन इस साल आठ व्यक्तियोंको अपनी सर्वोच्च 'साहित्य-वाचस्पति' की उपाधि देकर सम्मानित किया है। उनमें केवल तीन व्यक्ति सम्मेलनमें हाजिर थे और उनके नाम है—महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, सेठ गोविन्ददास और श्री पंचाननजी। बाकीको उनकी गैरहाजिरीमेंही उपाधि दी गई। यह पंचाननजी कौन हैं, इस पर पत्रकारोंने कुछ भी ध्यान नहीं दिया। वास्तवमें दस व्यक्तियोंको इस साल 'साहित्य-वाचस्पति' की पदवी दी गई है और उनके नाम हैं—(१) डाक्टर भगवान दासजी, (२) महापण्डित राहुल सांकृत्यायन, (३) श्रीमती महादेवी वर्मा, (४) सेठ गोविन्ददासजी, (५) प्रोफ़ेसर इन्द्रजी, (६) स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, (७) पंडित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी, (८) श्री पदुमलाल पन्नालाल बख्शी, (९) पंडित जगन्नाथ प्रसाद शुक्ल और (१०) सेठ कन्हैयालाल पोद्दार।

सम्मेलनपर अब बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ी है। उसे ऐसा प्रयत्न करना होगा कि अगामी पन्द्रह सालके अन्दर अंग्रेजीको हटाकर हिन्दी उसकी जगह पर दखल जमा सके। अगला पन्द्रह साल सम्मेलन और साहित्यकारोंके लिये अग्नि-परीक्षाका काल है। अगर वे फेल हो गये तो हिन्दीका सितारा सदाके लिये डूब जायगा। इसलिये हमें अपनी सारी शक्ति लगाकर हिन्दीको राष्ट्र और राजभाषाके सिंहासनपर बैठनेके योग्य बना देना चाहिये।

## बापूके नामकी दुहाई।

इस समय हमारे देशकी सभी दिशाएँ महात्मा गांधी के नामकी दुहाईसे गूँज रही हैं। किसी भी अखबारका अग्रलेख पढ़िये, किसी भी नेताका भाषण सुनिये—सभी एक स्वरसे पुकार रहे हैं कि यदि देशवासी बापूके कथनानुसार अहिंसा आदि उच्च सिद्धान्तों पर अमल न करेंगे—उनके उपदेशोंको अपने जीवनमें न घटावेंगे तो देशका सत्यानाश हो जावेगा, मिली हुई आजादी रफूचक्कर हो जायगी और पहलेकी भाँति हमारे पैरोंमें फिर गुलामीकी बेड़ियाँ पड़ जावेगी। पत्रकारों, नेताओं और सत्ताधारियों के मुँहसे बापूकी दुहाईकी आवाज सुनते-सुनते जनताके कानके पर्दे फट जानेकी नौबत आ गई है। सभी छप्पर पर चढ़कर और सुरमें सुर मिलाकर यही रट लगाये जा रहे हैं परन्तु उनसे यह पूछनेवाला कोई भी नजर नहीं आता है कि इस घोर कलिकालमें बापूके सिद्धान्तोंको कार्यान्वित करना भारतके लिये कहाँ तक सम्भव है? बापूका उपदेश तो मानो एक नवीन संसारकी सृष्टि करने और एक नवीन युग लानेका पवित्र सन्देश है। आजके संसारमें उसका प्रचार तो किया जा सकता है पर उस पर अमल करना तो भारतके लिये मानो आत्मघात करना होगा। बापूके सिद्धान्तके अनुसार बाहरी आक्रमणसे देशकी रक्षाके लिये न तो सेना रखनेकी आवश्यकता है और न देशके अन्दर शांति बनाये रखनेके लिये पुलिस कीही। वे तो सत्याग्रहसेही आक्रमणकारियोंका मुकाबला करनेका उपदेश दे गये हैं। क्या हमारे देशवासी यह भूल गये कि विश्वयुद्धके जमानेमें बापूने इंगलेन्डके अंग्रेजों को यह सलाह दे डाली थी कि वे हथियार रखकर सत्याग्रहसे हिटलरका सामना करें। इस बातकी इङ्गलेण्ड तथा संसारमें बड़ी चर्चा और समालोचना हुई थी। कुछ अंग्रेज तो इसे पागलका प्रलाप तक कहनेसे बाज न आये थे। भारत पर जब जापानियोंके आक्रमण

की आशंका हुई तो बापूने देश वासियोंको डटकर उनका मुकाबला करनेकी सलाह दी परन्तु वह मुकाबला केवल आत्मबल या सत्याग्रहसेही, शस्त्रबलसे नहीं। यदि भारत बापूके अहिंसा सिद्धांतपर चला होता तो आज काश्मीरकी क्या दशा हुई होती ? और अबतक, पाकिस्तानकी तो बात ही छोड़ दीजिये, हैदराबादके रिज़वीके रज़ाकार दिल्लीके लाल किलेपर इस्लामी झण्डा लहराते और सारे भारतकी छाती पर धूम चौकड़ी मचाते हुए देखे जाते। आज पाकिस्थानके सत्ताधारी भारतके विनाशके लिये नाना प्रकारके षड्यन्त्र रच रहे हैं। यदि भारतकी सैन्य-शक्तिकी उनको दहशत न होती तो शायद अबतक सारे हिंदुस्थानपर उनकी विजय-वैजयंती फहराती होती। अतएव जबतक विश्वका वातावरण नहीं बदल जाता है तबतक अकेला भारत बापूके अंहिसावादको कैसे अपना सकता है ? इस लिये बापूकी अहिंसाकी बात छोड़कर उनके अन्य रचनात्मक कार्यक्रमकी तरफ नेताओं और देशवासियोंको ध्यान देना चाहिये। बापू शारीरिक श्रमको बहुत महत्व देते थे। उनके शरीरमें जबतक शक्ति रही तबतक वे बीस-बीस मील पैदल चला करते थे, खेतमें कुदाल चलाते थे, झाड़ लगाते थे, लकड़ी चीरते थे, कपड़ा फींचते थे, बर्तन माँजते थे और यहाँ तक कि पाखाना भी उठाते थे। वृद्ध अवस्थामें भी सूत कातना और परिश्रम करना उनका नित्य-नैमितिक कर्म था। मैं पूछता हूँ कि उनके नामकी दुहाई देने वाले भारतमें कितने ऐसे व्यक्ति है जो उनके चरण चिन्ह पर चलनेकी चेष्टा करते हैं ? सरदार पटेल कभी-कभी सत्य बात कह दिया करते हैं कि वर्तमान परिस्थितिमें बापूके उपदेशोंपर अमल नहीं किया जा सकता।

बापू जैसा संसार बनाना चाहते थे, जैसा युग लाना चाहते थे, वैसा हो जाने पर इस संसारके सामने स्वर्ग भी तुच्छ हो जायगा। बापूके कल्पित युगमें न कोई चोर होगा न कोई डाकू, घरों और सन्दूकोंमें ताले लगानेकी जरूरत न पड़ेगी। सभी सत्य बोलेंगे, झूठ बोलनेवालेका कहीं नाम-निशान भी न होगा, इस लिये न अदालतकी जरूरत पड़ेगी और न हाकिम की। देशमें न कोई सरकार होगी, न सेना और न पुलिसही। गाँवकी पंचायतही सर्वसर्वा होगी। खोजनेपर भी कहीं कल-कारखानेका पता न लगेगा। प्रत्येक व्यक्ति अपने खानेके लिये अन्न पैदा करेगा और पहिननेके लिये सूत कातकर वस्त्र बना लेगा। रेलगाड़ी और मोटर कहीं दिखाई न देगी, जनताको अपने पाँवके सहारे यात्रा करनी होगी। यदि आपसमें कभी झगड़ा हो गया तो न कोई लाठी उठावेगा और न हथियार। सत्याग्रहकेही द्वारा एक दूसरे पर विजय पा लेगा। इस प्रकारका ससार कभी बन भी सकेगा या नहीं यह तो भविष्य बतावेगा। परन्तु जबतक सारी दुनिया बापूके कार्यक्रमको अंगीकार न कर लेवे तबतक अकेला भारतको ही इस प्रकारके नवीन संसारकी रचनामें अपना बना-बनाया घर क्यों उजाड़ डालना चाहिये। इसलिये उचित तो यह है कि इस समय बापूकी जिन बातोंपर हम अमल करके देशको लाभ पहुँचा सकते हैं उन्हीं बातोंका उपदेश जनताको देवें। नेताओं और पत्रकारोंको अहिंसा-अहिंसा चिल्लाकर अपना और जनताका समय नष्ट करना उचित नहीं प्रतीत होता है।

## पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी और प्रवासी भारतीय

प्रवासी भारतीयोंको यह जानकर खुशीकी हद्द नहीं रहेगी कि बृहत्तर भारतके पुराने और अनुभवी सेवक पंडित बनारसीदास चतुर्वेदीने फिर अपने दलित और पीड़ित प्रवासी बन्धुओंकी सेवामें लग जानेका शुभ-संकल्प कर लिया है। इस क्षेत्रसे उनका वैराग्य ले लेना हमें बहुत अखर रहा था और इसे हम उनके जीवनकी सबसे बड़ी भूल समझ रहे थे क्योंकि प्रवासियोंके सेवा-कार्यके सिलसिलेमेंही चतुर्वेदीजीको महात्मा गांधी, महाकवि रविन्द्रनाथ ठाकुर और साधु चार्ली एण्डरुज जैसे संसारकी उच्चत्तम विभूतियोंके निकट सम्पर्कमें आने और उनका स्नेहभाजन बन जानेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। पर जिस समय चतुर्वेदीने "विशाल-भारत" से इस्तीफा देकर और प्रवासियोंके सेवाकार्यसे विरक्त होकर टीकमगढ़में राजाश्रय ग्रहण किया था उस समय परिस्थितिही कुछ और थी। सच बात तो यह है कि परिस्थितिनेही उनको त्यागमय-जीवनसे हटाकर भोगमय-जीवनमें ला फँसाया था। पर समय-समयपर ब्राह्मणकी आत्मा जाग उठती थी और उस भोगमय जीवनसे निकल भागनेके लिये छटपटाने

थी लेकिन बन्धन ऐसा मजबूत था कि उससे सहजही छुटकारा पा जाना कोई साधारण बात नहीं थी। राज दरबारमें खुशामदी व्यक्तियोंकीही गुजर हो सकती है—एक स्वाभिमानी ब्राह्मणके लिये तो वहाँका वातावरण विषाक्त सिद्ध हुए बिना नहीं रह सकता। यह हर्ष और संतोषकी बात है कि आखिर चतुर्वेदीजीने टीकमगढ़को त्यागनेका निश्चय करही लिया और अब वे एक स्वतंत्र पत्रकारके रूपमें जीवन-यापन करना चाहते हैं।

टीकमगढ़के निवास कालमें भी चतुर्वेदीजीने हिन्दी साहित्य और हिन्दी-पत्रकार-कलाकी जो सेवाएँ की हैं वह सर्वथा अभिनन्दनीय है। इसी कार्यमें उनका सारा समय बीतता रहा है और उनकी सारी शक्ति लगती रही है। उनकी सेवाओंसे वंचित थे केवल अभागे प्रवासी भारतीय। हमारे बार-बार आग्रह करनेपर भी इस क्षेत्रमें लौटनेकी उनकी इच्छा नहीं हुई, इसे हम अपना भारी दुर्भाग्य समझ रहे थे और सोच रहे थे कि हमने अपने एक अनमोल रत्नको सदाके लिये खो दिया। पर उस दिन चतुर्वेदीजीका एक पत्र पाकर हमारे हर्षोल्लासका ठिकाना न रहा जिसमें उन्होंने फिर प्रवासी भाइयोंकी सेवामें संलग्न हो जानेकी सूचना दी है। प्रवासी-संसारके लिये तो चतुर्वेदजीका यह पुनर्जन्महो हुआ है और उनको यह विश्वास करनेका अधिकार है कि चतुर्वेदीजी अपने इस नवान जीवनमें दलित बन्धुओंको बिसार देनेका फिर कठोर दण्ड न देंगे। प्रवासी भारतीयोंसे बहुत कुछ अपराध हुआ है और आगे भी होगा परंतु उनको त्याग देना किसी भी दृष्टिसे उचित नहीं कहा जा सकता। प्रवासियोंमें यही तो सबसे बड़ी कमजोरी है कि वे अपने सच्चे हितैषियोंकी उपेक्षा करके अपनी नादानीकी नुमाइश दिखानेसे बाज नहीं आते हैं। यदि उनमें सोचने-समझनेकी शक्ति होती तो जहाँ उन्होंने भारतके चन्दाखोरोंको लाखों रुपयेकी थैली थमाई है वहाँ क्या वे अपने हितकी दृष्टिसे भारतमें कोई स्थायी काम नहीं कर पाते? वे चाहते तो भारतकी राजधानी नई दिल्लीमें उनका केन्द्रीय-कार्यालय होता और प्रान्तोंके प्रमुख नगरोंमें उसकी शाखाएँ होतीं, उनकी तरफ से भिन्न-भिन्न भाषाओंमें कई साप्ताहिक और मासिक पत्र निकलते होते और उनकी समस्याओंसे भारतका बच्चा-बच्चा परिचित होता। पर यह दूरदर्शिताका उनमें कहाँ? जो चन्दाखोर उनके पास पहुँच गया वह उनके सामने लम्बी चौड़ी हाँककर उनका सर्वस्व हरण कर लाया पर प्रवासी भाई स्वयं अपने हितके लिये यहाँ कुछ करने-धरनेका नाम तक नहीं लेते। जब कभी उनपर विपदा आ पड़ती है तो डेपुटेशन लेकर भारत पहुँच जाते हैं और हजारों रुपये घास-फूसकी तरह फूँक डालते हैं। दो चार दिन यहाँ हल्ला-गुल्ला मच जाता है और फिर वही खामोशी छा जाती है।

अतएव चतुर्वेदीजीको उनकी उपेक्षावृत्तिकी कोई परवाह न करके अपनी सेवा वृत्तिमें संलग्न रहना चाहिये। फिलहाल हम प्रवासी भारतीयोंसे यही अनुरोध करेंगे कि चतुर्वेदीजी की सेवाकार्यमें उनको सहायता पहुँचाना चाहिये। चतुर्वेदीजी उनसे पैसे नहीं चाहते हैं, उनको चाहिये उपनिवेशोंकी स्थितिपर साहित्यिक सामग्रियाँ—जैसे अखबार या अखबारोंके कतरन, चित्र, इयर-बुक, इत्यादि। प्रवासी भारतीयोंकी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और शैक्षनिक अवस्थाके विवरण भी उनके काममें सहायक होंगे। यदि प्रवासी भाई चतुर्वेदीजीकी इतनी भी सहायता न कर सकेंगे तो फिर भगवानही उनका रक्षक है।

---

## सहयोगीकी शुभकामना

"प्रवासी" के प्रकाशनका यह द्वितीय वर्ष है। जैसाकि इसके नामसेही स्पष्ट है, कि यह पत्र प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति व उनके हितचिन्तनकी ओर सतत जागरूक रहता है और देशवासियोंको उनकी वास्तविक परिस्थितिसे परिचित करानेकी ओर पूर्ण प्रयत्नशील है। सम्पादक महोदय स्वयं दक्षिणी अफ्रीका के सत्याग्रहमें बापूके साथ महत्वपूर्ण कार्य कर चुके हैं। अतः प्रवासी भारतीयोंकी वास्तविक स्थिति और समस्याओंको समझने व उनपर उचित प्रकाश डालनेमें उनसे उपयुक्त व्यक्ति सम्भवतः न मिल सकेगा। पत्रमें कुछ लेख आंगल भाषामें भी प्रकाशित होते हैं। हम पत्रकी अभिवृद्धि चाहते हैं।

इन पंक्तियोंको लिखते समय हमें सूचना प्राप्त हुई है, कि श्री भवानी दयालजी संन्यासीका स्वास्थ्य चिरकालसे चिन्ताजनक है, हम मंगलमय प्रभुसे उनके स्वस्थ्य और आरोग्यकी प्रार्थना करते हैं।

—"शिक्षा-सुधा" धनौरा मुरादाबाद।

# स्वामी भवानी दयालजीकी बीमारी

श्री स्वामीजीके दर्शनार्थ दक्षिण अफ्रिकासे गत जुलाईके अन्तमें आनेवाले उनके प्रवासी बच्चे ।

बाईं ओरसे खड़े:—श्रीमती पद्मावती कृष्णदत्त दयाल और उनकी गोदमें शिशु ब्रजेन्द्रकुमार, श्री कृष्णदत्त दयाल, श्रीमती गायत्री मगनलाल और श्रीमती प्रकाशवती रामदत्त दयाल। बैठे हुए:—देवेन्द्रकुमार, रणेन्द्रकुमार, सुधाकुमारी, यतीन्द्रकुमार और वीरेन्द्रकुमार।

Swami Bhawani Dayal's children who came to see him from South Africa in last July. From the left standing:–Shrimati Padmawati Krishnadutt Dayal with baby Vrijendrakumar in her arms, Shri Krishnadutt Dayal, Shrimati Gayatri Maganlal and Shrimati Prakashwati Ramdutt Dayal.

Seated:–Devendrakumar, Ranendrakumar, Sudhakumari, Yatindrakumar and Virendrakumar.

प्रवासी भवनसे गत दिसम्बरके प्रारम्भमें दक्षिण अफ्रिका लौट जाने वाले श्री स्वामीजीके प्रवासी बच्चे ।

बाईं ओरसे खड़े:—श्रीमती पद्मावती कृष्णदत्त दयाल और उनकी गोदमें शिशु ब्रजेन्द्रकुमार, श्री कृष्णदत्त दयाल, नरेन्द्रकुमार रामदत्त दयाल और श्रीमती गायत्री मगनलाल । बैठे हुए:— देवन्द्रकुमार,, रणेन्द्रकुमार, सुधाकुमारी और यतीन्द्रकुमार ।

Swami Bhawani Dayal's children who returned to South Africa from Pravasi Bhawan in the beginning of last December.

From the left standing: Shrimati Padmawati Krishnadutt Dayal with baby Vrijendrakumar in her arms, Shri Krishnadutt Dayal, Narendrakumar Ramdutt Dayal and Shrimati Gayatri Maganlal.

Seated: Devendrakumar, Ranendrakumar, Sudhakumari and Virendrakumar.

× × × ×

स्वामीजीको बीमार पड़े नौ माससे कुछ अधिक हो गये—पिछले साल मार्चके अन्तिम भागमें दमेके प्रकोप से वे जो खाटपर पड़े तो आजतक नहीं उठ पाये—यह दसवाँ महीना भी आरम्भ हो गया। पिछले महीनेमें आठ दस दिन उनकी तबियत बहुत अच्छी रही और ऐसा मालूम पड़ा कि अब उनका स्वास्थ्य शनैः शनैः सुधरता ही जायगा लेकिन हमारी आशा टिकाऊ न हो सकी। पहले भी कई बार हमें इस प्रकारकी आशा-निराशाकी अनुभूति हो चुकी है और उसीकी इस बार भी पुनरावृत्ति हो गई। जाड़ेकी ऋतुमें दमेका वेग बढ़ जाना तो स्वाभाविकही है पर पेटके विकारसे स्वामीजीको असह्य कष्ट भोगना पड़ रहा है। पेटमें विषाक्त वायु (गेस) की उत्पत्ति

और उसका प्रकोप स्वामीजीके लिये अत्यन्त यंत्रनादायक सिद्ध हो रहा है। इस प्रकार वे कभी दो-चार दिन अच्छे रहते हैं, फिर व्याधियोंके प्रकोपसे त्रासकारी अवस्थामें पहुँच जाते हैं और हमलोग आशा-निराशाके हिंडोलेमें झूला करते हैं। हम अजमेरके प्रसिद्ध डाक्टर अम्बालालजी शर्मा का सदाके लिये कृतज्ञ रहेंगे जिन्होंने स्वामीजीके उपचारमें कोई बात उठा नहीं रखी है। पिछले नौ महीनेसे उन्हींके देख-रेखमें स्वामीजीका इलाज हो रहा है।

## सम्मेलनका आमंत्रण।

पिछले महीनेमें १९ तारीखको प्रयागसे अखिल भारत हिन्दी साहित्य सम्मेलनके प्रधान मंत्रीका एक तार स्वामीजीको मिला जिसमें यह सूचित किया गया था कि सम्मेलन हैदराबाद-अधिवेशनमें अपनी सर्वोच्च "साहित्य-वाचस्पति" की उपाधि प्रदानकर स्वामीजीको सम्मानित करना चाहता है, अतएव स्वामीजीको हैदराबाद पहुँचकर यह उपाधि ग्रहण करना चाहिये। पर वर्तमान रूग्णावस्थामें स्वामीजीके लिये पन्द्रह बीस कदम चलकर पाखाने तक जाना भी असंभव है, फिर हैदराबाद जाना कैसे संभव हो सकता है। अतएव सम्मेलनके तारके उत्तरमें तार द्वारा निवेदन किया गया कि स्वामीजी सम्मेलनकी इस अनुकंपाके लिये कृतज्ञ हैं लेकिन असाध्य रुपसे बीमार होनेके कारण हैदराबाद जानेमें असमर्थ हैं।

## प्रवासी-भवनसे बिदाई।

स्वामीजीकी असाध्य बीमारीकी खबर पाकर दक्षिण अफ्रिकासे उनकी ज्येष्ठ पुत्रबधू श्रीमती प्रकाशवती, द्वितीय पुत्र श्री कृष्णदत्त तथा द्वितीय पुत्रवधू श्रीमती पदमावती, पुत्री गायत्री और उनके बच्चे वीरन्द्र कुमार, देवेन्द्रकुमार, यतीन्द्रकुमार, सुधाकुमारी, रणेन्द्रकुमार तथा बृजेन्द्रकुमार गत २९ जुलाईको प्रवासी-भवन पहुँच गये थे। यहाँ उन्होंने चार मास स्वामीजीके साथ बिताये। वे गत ३ दिसम्बरको प्रवासी भवनसे विदा हो गये और यहाँ से बंबई पहुँचकर ८ दिसम्बरको "करंजा" जहाजसे दक्षिण अफ्रिकाके लिये। उनके कुशलपूर्वक डरबन पहुँचनेका तार भी आ गया है उनमेंसे केवल स्वामीजीकी सेवा करनेके विचारसे श्रीमती प्रकाशवती अपने छोटे पुत्र वीरेन्द्रकुमार के साथ प्रवासी-भवनमें रह गई हैं, शेष सभी वापस चले गये। श्रीमती प्रकाशवतीका ज्येष्ठ पुत्र नरेन्द्रकुमार भी, जो यहाँ सन १९४२ से प्रवासी-भवनमें रहकर स्थानीय डी. ए. बी. हाईस्कूलमें शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, इस पार्टी के साथ दक्षिण अफ्रिका लौट गये हैं, वहाँ वे अपने पिता श्री रामदत्तजीके साथ रहेंगे।

---

Printed and published by Bhawani Dayal Sannyasi at the Pravasi Press, Pravasi-Bhawan, Adarshnagar, Ajmer, India.

प्रवासी
PRAVASI
DELHI
BOMBAY
CALCUTTA
MADRAS
वर्ष २
अङ्क १२

Editor: Bhawani Dayal Sannyasi, SAHITYA-VACHASPATI

Vol. 2 | FEBRUARY 1950 | No. 12

# Free India and Indians Abroad

By Dr. Lanka Sundaram, M.A., Ph.D.

Four hundred million people today, whether they belong to India or Pakistan, rejoice at the advent of Freedom, which is the culmination of long years of national effort and sacrifice.

There are four million Indians resident overseas—in fact exactly one Indian for every hundred in the Mother country, to whom this Freedom of ours is a rich heritage which they have eagerly looked forward to inherit. And yet, this new-won Freedom of ours creates new and ominious problems to this large Indian resident community abroad, which have got to be tackled with statesmanship and firmness by Free India.

I wonder how many of us in this country realise that the original Indian emigrant overseas was more of a slave than a free man In fact, how many of us remember today that the indentured Indian emigrant labourer of yore was shipped across the seas, under false pretences, with shockingly wages low without knowledge of who would be his master, and with a legal contract in which his rights were minimal, while his employer and master had all the advantages accruing to himself. How many of us realise the fact that Indian emigrant workers went overseas in the wake of the abolition of slavery in the British colonial Empire and of the code noir (black code) of France over a hundred years ago today, and how during these long, long years Indians, despite the unfriendly attitude of alien rule, put in heroic effort to raise themselves, through self-help, to the fullest opportunities available to them in the countries of their adoption, grasping the meaning of the words, the fundamental worth and dignity of human personality, which the United Nations today speak so loudly these days ? This, indeed, is the story of the Indian resident communities of Mauritius, South Africa, Suriname ( Dutch Guiana ), British Guiana, Trinidad, Jamaica, Fiji etc.

Again how many of us realise that the nearly two million Indians resident, temporarily or permanently, in Ceylon, Malaya and Burma, were till recently subject to recruitment by kanganis or headmen, who were given a regular "commission" for the recruitment of labour for work on the plantations of Ceylon and Malaya, or by mistris, who left their role of gang leaders to assume that of employers in Burma, collecting the wages fund from the employer, cheating the worker of his lawful wages and becoming multi-millionaires in the process? It was only the other day—indeed, not so long ago, that the tundu and discharge ticket systems, which tied the Indian wor ers to the rubber and tea estates of Ceylon and Malaya, were done away with. Even today, the Indian estate worker of Ceylon and Malaya has obtained for himself protection on paper against imprisonment for civil debt in these two countries, though there is always the risk of his being completely screened off from the rest of the civilized world by rapacious estate superintendents and their inquisitorial kanganis and mistris. I have visited all these countries and it is difficult for me to describe the squalor and dirt and helplessness of these nationals of ours resident in the countries of the Bay of Bengal group.

Actually, a Free India must remember her lost children abroad. This is the time that we should remember them and rededicate ourselves to securing for them their right to a decent life and comparable treatment alongside of the sister communities resident in the countries of their adoption. In fact, these 4,000,000 Indian nationals abroad are the Foreign Legion of India, to whom the honour and strength of Free India are matters of vital importance, and who would be willing and ready to fight for the preservation of our national Freedom, should it be assailed by enemies from without or from within. Do we not remember the heroic sacrifices of the Indian communities of Malaya, Burma and Siam, to name a few, which had manned the Azad Hind Fouz of Netaji Subhas Chandra Bose?.

The future of the Indian community in distant Fiji, where it constitutes the major community, with over 130,000 people, requires urgent attention, for their problems have not been officially studied by the Government of India, after the completion of the work of the late C.F. Andrews and the late B. Venkatapathi Razu Committee over a quarter of a century. The abolition of the communal franchise; right to educate Indian children in the mother tongue; stabilisation of wages and standards of living; right to participate in the administration on a par with the Britishers and the indigenous Fijians; and other questions are uppermost in my mind when I contemplate the position of this group of "marooned" nationals of ours in the Southern Pacific.

मैं डाक्टर लङ्कासुन्दरम्को अपने सामने पाकर आनन्दसे उछल पड़ा। उनसे मिलनेकी मेरी चिरकालसे अभिलाषा थी, वह अनायासही पूरी हो गई। उनसे दक्षिण अफ्रिकाकी सामयिक स्थितिपर बहुत देर तक बात-चीत हुई। उनकी मधुर वाणी, गम्भीर विचार और तत्वानुसन्धानकी शक्ति देखकर मैं समझ गया कि लङ्का-सुन्दरम् कोई साधारण व्यक्ति नहीं, एक प्रच्छन्न शक्ति हैं। शामको चाय पानका आमंत्रण पाकर मैं उनके घर पहुँचा। वहाँ उनकी विदुषी पत्नी अनसूयाके दर्शन हुए। इस देवी की क्रियाशीलता देखकर मैं दङ्ग रह गया। वे अपने कार्यसे अर्द्धाङ्गिनी शब्दको सार्थक बना रही थीं। पत्नीसे पतिको प्रवासी भारतीयोंके काममें भारी सहायता मिल रही थी। अनसूया प्रतिदिन दर्जनों अखबार गौरसे देखतीं, उनमें यदि प्रवासी भारतीयोंके सम्बन्धमें कोई अग्रलेख, विशेष लेख या समाचार पातीं तो उनको काट लेतीं और "कतरनकी किताब" में उनको सिलसिलेसे तारीखवार सटाती जातीं। इससे लङ्कासुन्दरम्को सन्दर्भ ढूँढने तथा लेख लिखनेमें बड़ी आसानी होती। उन दिनों वे लन्दन तथा देशके कई अखबारोंके सिवा दिल्ली के 'स्टेटसमैन' में प्रति सप्ताह 'प्रवासी भारतीय' शीर्षक एक विशेष लेख लिखा करते थे, जिससे उनको अपने निर्वाहके लिये काफी द्रव्य मिल जाता था और वे निश्चिन्त होकर अपना शेष समय देशवासियों तथा प्रवासी बन्धुओंकी सेवामें लगा रहे थे।

प्रथम मिलनमेंही डाक्टर लङ्कासुन्दरम् और बहन अनसूयासे मेरा जो स्नेह सम्बन्ध स्थापित हुआ वह दिन पर दिन घनिष्टही होता गया। ज्यों-ज्यों मैं उनके निकट सम्पर्कमें आता गया, त्यों-त्यों उनकी सहृदयता, सचाई, ईमानदारी, क्रियाशीलता और सेवाकी भावनासे उनपर मेरा स्नेह और विश्वास बढ़ताही गया। बालककी भाँति भोलेपनके साथही उनकी अगाध विद्वता और प्रकाण्ड पांडित्य देखकर किसे आश्चर्य न होगा? वे अन्तर्राष्ट्रिय समस्याओंके मर्मज्ञ विद्वान हैं। जिन्होंने उनका प्रसिद्ध अँग्रेजी ग्रन्थ "विश्वकी राजनीतिमें भारत" (India in World Politics) देखा है उनको यह पता लग चुका है कि डाक्टर लङ्कासुन्दरम् अन्तर्राष्ट्रिय राजनीतिके कितने बड़े पण्डित हैं। वे तैलगू भाषा और साहित्यके भी मर्मज्ञ हैं, पर दुर्भाग्य-वश उनकी मातृभाषा उनकी प्रतिभा से वंचितही है। कुछ अपवादोंको छोड़कर अंगरेजीमेंही उनके सारे ग्रन्थ और लेख लिखे गये हैं।

## २

डाक्टर लङ्कासुन्दरम्का जन्म दक्षिण भारतके आन्ध्र देश अन्तर्गत मसुलीपट्टम् नगरमें २६ नवम्बर सन १९०४ ई० में हुआ था। वे बचपनमें जहाँ पढ़ने-लिखनेमें तेज थे वहाँ फुटबाल, क्रिकेट, हाकी, टेनिस आदि खेलोंमें अपना जोड़ नहीं रखते थे। अखाड़ेमें धूल लगाने, दण्ड बैठक करने और कुश्ती लड़नेमें उनकी विशेष अभिरुचि थी। वे बड़े नटखट बालक थे, उनकी शरारतसे घरवाले परेशान रहते थे। स्कूलमें इनकी गिनती मेधावी छात्रोंमें थी।

सन १९२२ में अठारह सालके वयमें आपने बी० ए० पास किया और वह भी राजनीति, अर्थशास्त्र एवं इतिहासमें प्रतिष्ठाके साथ। सारे आन्ध्र देशमें आप प्रथम आये। बी० ए० में पढ़ते समय आपने 'मुगल लैंड रेविन्यू सिस्टम" (Moghal Land Revenue System) नामकी अपनी प्रथम पुस्तक लिखी। उस समय इस विषय पर कोई पुस्तक नहीं थी। आप अपने उद्योग और खर्चसे एम० ए० और एल० एल० बी० पास करनेके विचारसे बम्बई गये, पर वहाँ ऐसे बीमार हो गये कि लाचार होकर घर लौटना पड़ा। यहाँ आप ३५) रुपया मासिकपर नौकरी करने लगे और खानगी तौरपर एम० ए० की तैयारी भी। उन्हीं दिनों आपकी "काउ प्रोटेक्शन इन इंडिया" (Cow Protection in India) नामकी दूसरी पुस्तक लिखी गई थी। बादमें आप आन्ध्र-विश्व-विद्यालयमें ३६) रु० मासिकपर क्लर्क बन गये। यहां

आपनें एम० ए० की परीक्षा दी और पास हो गये। इसके बाद कोकनाडाके महाराजा-कालेजमें आपको लेक्चरार नियुक्त किया गया, पर आप वहाँ ठहर न सके। आपकी लिखी हुई दोनों पुस्तकोंसे आपकी विद्वता प्रकट हो चुकी थी। अतएव मद्रास और आन्ध्र विश्वविद्यालयोंकी सिफारिशसे आपको एक ट्रस्टका ओरसे पी-एच० डी० के अध्ययन लिये छात्रवृत्ति मिली और सन १९२७ में आप लडनको प्रस्थान कर गये।

विलायतमें इनको भी अन्य भारतीयोंकी भाँति अँग्रेजोंके वर्ण विद्वेष मूलक मनोवृत्तिका अनुभव हुए बिना न रहा। वस्तुतः पराधीन प्रजाका विदेशोंमें सम्मान नहीं, अपमानही होता है और खासकर शासक-वर्गके व्यक्ति शासित प्रजाको हिकारतकी निगाहसे ही देखते हैं। लङ्कासुन्दरमूने लंडनमें अन्तर्राष्ट्रिय समस्याओंका अध्ययन एवं अनुसन्धान करना आरम्भ किया और साथही भारतके अतीत एवं आधुनिक कालके इतिहासका अनुशीलन भी। इसका फल यह हुआ कि आपने इस्ट इडिया कम्पनीके 'रेवेन्यू एडमिनिस्ट्रेशन' Revenue Administration पर जो निबन्ध लिखा, वह इतना खोजपूर्ण एवं प्रमाणिक था कि उसी निबन्ध पर आपको पी-एच० डी० की पदवी मिली। आपने आय० सी० एस० में भी प्रवेश किया था, पर राजनीतिक कारणोंसे इनको फेल कर दिया गया। यह अच्छाही हुआ, अन्यथा डाक्टर लङ्कासुन्दरमूकी सारी विद्वता, योग्यता एवं प्रतिभा ब्रिटिश साम्राज्यवादकी सेवा और रक्षामेंही लगती और देशको स्वाधीन बनानेकी अपेक्षा उसकी दासत्व-शृङ्खलाको और भी दृढ़ करनेमें वे कटिबद्ध होते।

३

सन १९३० में डाक्टर लङ्कासुन्दरमूने सार्वजनिक जीवनमें प्रवेश किया। उन्हीं दिनों लङ्का (सिलोन) के प्रवासी भारतीयोंका एक डेपुटेशन लंडन गया था; हमारे लङ्कासुन्दरमूही उसके मंत्री बनाये गये थे। "क्लोनियल आफिस" को डेपुटेशनकी ओरसे जो 'मेमोरेंडम' दिया गया था, वह आपनेही लिखकर तैयार किया था। उसी साल लङ्कामें शासन सुधारके लिये 'डोनोमोर कमीशन' बैठा था, जिसमें आपने लङ्का-प्रवासी भारतीयोंकी तरफसे साक्षी दी थी।

सन १९३१ में लंडनमें "इम्पीरियल कान्फ्रेंस" हुई थी। श्री हेनरी एस० एल० पोलकके अनुरोधसे आपने "भारतीय प्रवासका अन्तर्राष्ट्रिय पहलू" International Aspects of Indian Immigration पर एक आवेदन पत्र तैयार किया, जो इम्पीरियल कान्फ्रेंसमें पेश किया गया था। लंडनमें आपकी कीर्ति फैलती गई। अन्तर्राष्ट्रिय प्रश्नोंके आप विशेषज्ञ माने जाने लगे। आप प्रथम भारतीय थे जिनको 'रायल इन्स्टीटयूट आफ इंटरनेशनल अफेयर्स' Royal Institute of International Affairs ने भारतकी अन्तर्राष्ट्रिय स्थिति पर भाषण देनेको आमंत्रित किया था। इस व्याख्यानकी लंडन तथा भारतके अखबारोंमें काफी चर्चा हुई थी।

लंडनसे आप हेग गये, जो उन दिनों अन्तर्राष्ट्रिय अदालतका केन्द्र था। वहाँ भारतकी अन्तर्राष्ट्रिय स्थिति पर आपके भाषण हुए। सन १९३१ मेंही आप 'हेग एकेडमी आफ इंटरनेशनल लॉ' Hague Academy of International Law की प्रतियोगितामें बैठे। चौबीस देशोंके बासठ उम्मीदवारोंमें डाक्टर लङ्कासुन्दरम् ब्रिटिश साम्राज्यकी ओरसे चुने गये, अँगरेज तथा उपनिवेशोंके श्वेताङ्ग छात्र पीछे रह गये और आपको छात्रवृत्ति भी मिली। इसी साल राष्ट्रसंघ League of Nations के अधिवेशनमें आप प्रिंसिपल शेषाद्री और बेगम शाहनवाजके सहायक बनाये गये।

उन्हीं दिनों भारतके भावी शासन-विधानके सम्बन्धमें लंडनमें दूसरी गोलमेज परिषद हुई, जिसमें महात्मा गांधी भी कांग्रेसके एकमात्र प्रतिनिधिकी हैसियत से शरीक हुए थे। 'हिंदू' के सम्पादक भी इस परिषदके एक सदस्य थे। श्री रङ्गा स्वामी आयङ्गरने आपको हेगसे लंडन बुला लिया और अपना सेक्रेटरी बनाया। डाक्टर लङ्कासुन्दरमूने कांगरेसकी तरफसे गोलमेज परिषद्में पेश करनेके लिये 'भारतकी परराष्ट्र नीति' पर एक गम्भीर गवेषणापूर्ण मेमोरेंडम तैयार किया था और उसकी गोलमेज परिषद्में काफी चर्चा भी हुई थी। उसी समय आप लंडनमें 'हिंदू' और 'लीडर' के प्रथम भारतीय प्रतिनिधि बने।

सन १९२२ में विलायतसे आप लङ्काकी राह भारत लौटे। लङ्कामें आपने भारतीय मजदूरोंकी स्थितिका

अध्ययन और अनुशीलन किया और कई भाषण भी दिये। भारत-सरकारकी दृष्टिमें आपके राजनीतिक विचार आपत्तिजनक थे। मद्रास पुलिसके आग्रहसे लङ्काकी पुलिसने आपको भारत-सरकारके हवाले कर दिया, पर आप बेदाग छूट गये। आन्ध्र देशमें उस समय करबन्दीका आन्दोलन चल रहा था, उसमें भी आपने यथेष्ट भाग लिया।

इसके बाद आप मजदूरोंके सङ्गठनमें लग गये। मजदूरोंकी अवस्था बड़ी शोचनीय थी, उधर किसीका ध्यान नहीं था। श्री गिरीजीकी सारी शक्ति रेलवे मजदूरोंकी सेवामें केन्द्रीभूत थी। डाक्टर लङ्कासुन्दरम्‌ने मिलके, बन्दरगाहके तथा अन्य क्षेत्रके मजदूरोंका संगठन शुरू कर दिया और उनकी स्वत्वरक्षाके लिये ट्रेड यूनियनोंकी स्थापना करना भी। छात्रों और युवकोंके आन्दोलनमें भी आप काफी भाग ले रहे थे। इसी सिलसिलेमें आपने सारे दक्षिण भारतका दौरा किया। निजाम हैदराबादने आपको अपनी रियासतमें प्रवेश करनेसे रोक दिया था।

सन १९३३ में डाक्टर लङ्कासुन्दरम्‌ने प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिका अध्ययन करनेके लिये विदेशोंकी यात्रा की। आपने मलायामें मजदूरोंकी दशा देखी, सिङ्गापुरमें प्रवासी भारतीयोंने आपका 'भारतके गैरसरकारी राष्ट्रदूत' के रूपमें बड़े उत्साहसे स्वागत-सत्कार किया। वहाँसे आप स्याम (थाइलैंड) गये। उन्हीं दिनों हिंद-चीनके भारतीय बेङ्कर निर्वासित कर दिये गये थे। मद्रासके 'मरचेंट चेम्बर आफ कामर्स' ने आपको वहाँ जाकर जाँच करनेका काम सौंपा। आपकी जाँचका परिणाम प्रवासी भारतीयोंके लिये हितकर हुआ। इस यात्रामें अपनी गाँठसे हज़ारों रुपये खर्च करके आपने प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवाएँ की हैं वे बृहत्तर भारतके इतिहासमें स्वर्णाक्षरोंमें अङ्कित रहेंगी।

सन १९३३ में आन्ध्र विश्वविद्यालयमें आप व्याख्याता नियुक्त हुए, पर साल भरसे अधिक आप वहाँ टिक न सके। राजनैतिक विचारोंके कारण आपको विश्वविद्यालयसे सम्बन्ध तोड़ देना पड़ा। इसके बाद आप हरिजनोंकी सेवाकी ओर झुके। विजगापट्टममें विश्वविद्यालय के सामनेही आपने एक हरिजन-मंदिर बनवाया जिसका उद्घाटन महात्मा गांधीसे कराया गया था।

सन १९३४ में आपने ब्रह्म देशकी यात्रा की। इस यात्राका मुख्य उद्देश्य था प्रवासी भारतीयोंकी अवस्थाका अध्ययन। उस समय बर्माको भारतसे अलग करनेका निश्चय हो चुका था। बर्माके भारतीय मजदूरों की ओरसे एक डेपुटेशन भारत-सरकारके पास भेजा गया था, आप भी उसके एक सदस्य होकर दिल्ली पहुँचे। इसी समय आप पोस्टल एंड आर० एम० एस० यूनियन के सभापति चुने गये।

जिस समय आप भारतमें ट्रेड यूनियन आन्दोलन को आगे बढ़ा रहे थे, उसी समय मृत राष्ट्रसंघने अपने सेक्रेटेरियटमें भारतकी तरफसे आपको 'लेजीयन अफसर' चुना। यह पद लगभग दो हजार रुपये मासिक वेतनका था। पर भारत-सरकारने आपके राजनीतिक विचारों और कार्योंके कारण अवांछित व्यक्ति Persona Nongrata कहकर आपत्ति की। इस सिलसिलेमें आप दिल्ली आये। राष्ट्रसंघका निर्णय बदलनेमें छः महीने लग गये। आपका उत्तराधिकारी साल भर तक न चुना जा सका। आपके बाद जो दो व्यक्ति चुनकर भेजे गये, वे वहाँसे आयोग्य कहकर वापस कर दिये गये। इस घटनासे आपका उत्साह मन्द पड़ गया। अन्तर्राष्ट्रिय क्षेत्रमें भारतकी सेवा करनेका अवसर हाथसे निकल जानेके कारण आपको बड़ी निराशा हुई। आपके जीवनकी धाराही बदल गई। राजनीतिसे आपको विरक्ति-सी हो गई। आपकी आर्थिक अवस्था भी अच्छी नहीं थी। आप अपनेही द्रव्यसे आन्दोलनका संचालन करते रहे, परिणाम यह हुआ कि आपपर चालीस हजार रुपयेका ऋण लद गया। भारत सरकार आपसे अप्रसन्न थी। जनेवा जानेकी कोई सूरत नहीं थी। मद्रास की धारा सभामें आप आन्ध्र देशके मजदूर क्षेत्रसे सहजही प्रवेश कर सकते थे, पर आपकी महत्वाकांक्षाओंपर चौका लग जानेसे राजनीतिसे आपका मन उचट गया था। फलतः आप दिल्लीमेंही रुक गये।

## ४

पहलेसेही पत्रकार-कला पर आपका अनुराग था। योरोप प्रवासके समय इस क्षेत्रमें आपने काफी ज्ञान प्राप्त कर लिया था। इसलिये आपने पत्रकारीके पेशेकोही अपने निर्वाहके लिये अपनाना उचित समझा। सर्वप्रथम आप १२५) रु० मासिक पर "ट्रिब्यून" के संवाददाता बने। इस क्षेत्रसे आपकी काफी प्रसिद्धि हो गई। जहाँ लंडनके 'न्यूज क्रोनिकल" ने आपको अपना दिल्ली-शिमला स्थित

संवाददाता बनाया, वहाँ भारतके फ्री प्रेस जरनल, सर्चलाइट, हितवाद, नेशनल हेरल्ड आदि अखबारोंने भी आपकी सेवासे लाभ उठाया। इस सङ्कटकी घड़ीमें भी आप अपने दलित एवं पीड़ित प्रवासी भाइयोंको न भूले। जहाँ आपने उनसे सम्पर्क बनाये रक्खा, वहाँ इन अखबारों के जरिये आप उनकी सेवा भी करते रहे। यही एक ऐसा विषय था, जो आपके जीवनकी नैराश्यमयी रजनीमें आशा एवं उत्साहका धुँधला प्रकाश दिखाता था। इसीसे आपके भग्न हृदयको कुछ प्रेरणा मिलती रही। प्रवासी भारतीयों की सामयिक स्थिति पर 'स्टेट्समेन' में प्रति सप्ताह आपका एक विशेष लेख छपता था। वास्तवमें आप भारतकी राजधानीमें प्रवासी भारतीयोंके लिये राष्ट्रदूतका काम कर रहे थे। कभी-कभी तो 'स्टेट्समेन' में प्रवासी बन्धुओंकी हालतपर ऐसे लेख निकलते थे कि सरकारी क्षेत्रमें हलचल मच जाती थी।

मुझसे जब डाक्टर लङ्कासुन्दरम्‌की पहले-पहल भेंट हुई उसी समय आपके एक लेखके कारण भारत-सरकारके सेक्रेटेरियटमें हड़कम्प मच गया था। सर गिरजाशंकर बाजपेयीको उस लेखके एक अंशपर घोर आपत्ति थी। उन्होंने डाक्टर लङ्कासुन्दरम्‌को बुलाकर बहुत समझाया। यहाँ तक कि सरकारी सूत्रसे डाक्टरको जो खबरें मिलती थीं उनको रोक देनेकी धमकी दी गई। पर आप टस-से-मस न हुए—लेखसे एक शब्द भी वापस लेनेको प्रस्तुत न हुए। आपकी दृढ़ता देखकर मैं आश्चर्य-चकित रह गया था। आपको पत्रकार-धर्मसे न लोभ विचलित कर सकता है और न भय ही। ऐसे ही पत्रकार सच्चे ब्राह्मण और देशके गौरव हैं।

सन १९४० में आपने "कामर्स एंड इंडस्ट्री" Commerce and Industry नामक साप्ताहिक पत्र खरीद लिया। इस पत्रका उद्देश्य है भारतके उद्योग और व्यापारकी रक्षा, अभिवृद्धि एवं उन्नति तथा ब्रिटिश पूँजीके दुष्परिणाम और अँगरेज-भारतीय पूँजीपतियोंके सम्मिलित षडयन्त्रसे देशवासियोंको सचेत करना। इस पत्र पर भारीसे भारी सङ्कट आये। कुछ पूँजीपतियोंने इस पत्रको खरीद लेनेकी बड़ी कोशिश की, इसके बदलेमें आपको एक भारी रकम देने और आपकोही सम्पादक बनाये रखनेका लालच दिखाया गया। जब उनकी कामना पूरी न हुई तो इस पत्रकोही नष्ट करनेका प्रयत्न किया

स्वामी भवानीदयाल संन्यासी (बैठे हुए) के साथ डाक्टर लङ्कासुन्दरम्, एम० ए०, पी-एच० डी० और उनकी पत्नी श्रीमती अनसूया देवी—नई दिल्ली में।
Dr. Lanka Sundaram and his wife Shrimati Ansuya Devi along with Swami Bhawani Dayal in New Delhi. (1946)

गया, पर यहाँ "जाको राखे साइयाँ, मार सकै ना कोय; बाल न बाँका कर सकै जो जग बैरी होय" की लोकोक्ति ठीक चरितार्थ हुई। विरोध और विपद्‌की आगमें तपकर 'कामर्स एंड इंडस्ट्री' और भी चमक उठा और उसकी उत्तरोत्तर उन्नतिही होती जा रही है। भारतके उद्योग एवं वाणिज्य क्षेत्रमें इस पत्रकी बड़ी धाक और प्रभाव है। यह प्रति सप्ताह समय पर नई दिल्लीसे प्रकाशित होता है। आपही इसके मालिक भी हैं और सम्पादक भी।

'कामर्स एंड इंडस्ट्री' में लङ्कासुन्दरम्‌जी काफी लिखते हैं, अग्रलेखके सिवा और भी कई विशेष स्तम्भोंमें आपहीके लेख छपते हैं। इसके अतिरिक्त बम्बईके 'ब्लिज' आदि अखबारोंमें भी प्रति सप्ताह आपके लेख निकलते रहते हैं।

५

पत्रकारके सिवा आप ग्रन्थकार भी हैं। आपने अँगरेजीमें अनेक ग्रन्थोंकी रचना की है जो अपने ढङ्गके अद्वितीय एवं प्रामाणिक माने जाते हैं। 'प्रवासी भारतीय' Indians Overseas के लिखनेके बाद आप कई वर्षों तक ग्रन्थ लेखन कार्यसे विरक्त रहे। यह बात उनके मित्रों को बहुत खटक रही थी। पर इधर पाँच सालके अन्दर आपके पाँच ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं। उनमें 'विश्वकी राजनीतिमें भारत' India in World Politics मेरी दृष्टिमें सर्वोत्तम है। इस नामकी एक और पुस्तक निकल चुकी है, जो डा० तारकनाथ दासकी कृति है। पर इसके सामने उसकी ज्योति मंद पड़ गई है। विश्वकी राजनीतिमें भारतकी क्या स्थिति है, इस पर डा० लङ्कासुन्दरमूने जो कुछ लिखा है वह उनकी गम्भीर गवेषणा, प्रचण्ड प्रतिभा एवं महती मननशीलताका द्योतक है।

इसके बाद आपके दो और ग्रन्थ निकले, जिनके नाम हैं—'राष्ट्रियता और आत्मनिर्भरता' Nationalism and Self-Sufficiency तथा 'भारतके लिये सार्वजनिक राज्य' A Secular State for India. ये दोनों ग्रन्थ भी डाक्टर लङ्कासुन्दरमूकी सर्वतोमुखी प्रतिभा और विद्वताके परिचायक हैं।

सन १९४६ में डा० लङ्कासुन्दरमूका एक और सामायिक एवं सर्वोपयोगी ग्रन्थ निकला, जिसका नाम है 'भारतकी सेनाएँ और उनका खर्च', India's Armies and Their Costs। आपने रात दिन परिश्रम करके और हजारों रुपये खर्च करके इस ग्रन्थको तैयार किया और ठीक उसी समय इसको प्रकाशित कराया, जिस समय कि लंडनसे 'केबिनेट मिशन' भारतके भाग्यका फैसला करनेके लिए दिल्ली पहुँचा। इसको समय पर मुद्रित और प्रकाशित करनेमें आपको बड़ी दिक्कतें झेलनी पड़ी। यदि कोई दूसरा होता तो हिम्मत हार बैठता। पर आप अपनी धुनसे नहीं हटे। प्रकाशकने ऐन मौकेपर धोखा दिया, कई प्रेस वचन देकर विश्वासघात कर बैठे। आपको इसके प्रकाशनमें जो मानसिक क्लेश और आर्थिक हानि उठानी पड़ी है वह किसीका भी उत्साह भङ्ग करनेके लिये पर्याप्त थी। पर आप हताश नहीं हुये। आखिर तीन सप्ताहके अन्दर इस २५० पन्नेके ग्रन्थको छपवाया और उसे केबिनेट मिशनके सदस्यों तथा राष्ट्रिय काँग्रेसके नेताओंके हाथमें थमाकर ही दम लिया।

अफसोसकी बात है कि सेनाके विषय पर आज तक कोई प्रामाणिक ग्रन्थ नहीं निकाला। भारत-सरकार इस मामलेमें भारतीय जनताको अनजानही रखना ठीक समझती थी इसलिये डा० लङ्कासुन्दरमूको अपने ग्रन्थके लिये सामग्री संग्रह करने, लिखने और समय पर प्रकाशित करनेमें जो श्रम और व्यय करना पड़ा, उसका अनुमान कर लेना कठिन नहीं है। इस ग्रन्थको लिखकर आपने देशकी जो सेवा की है उसे भारत कभी भूल न सकेगा। डाक्टर लङ्कासुन्दरमूके इन अनमोल ग्रंथोंका हिन्दी तथा अन्य देशी भाषाओंमें अनुवाद हो जाना चाहिये, जिससे उनके ज्ञान, गवेषणा और विचारोंसे अधिकाधिक देशवासियोंको लाभ पहुँच सके।

इधर डाक्टर लङ्कासुन्दरमूकी एक और पुस्तक "इंडियन यूनियन फायनेन्सस" Indian Union Finances के नामसे निकली है जिसमें भारतकी आर्थिक अवस्था एवं व्यवस्थाका चिताकर्षक विवरण दिया गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने और भी दो ग्रंथ लिखकर तैयार किये थे पर एक विशेष परिस्थिति पैदा हो जानेके कारण उनका प्रकाशन रोक देनाही उचित समझा। आपकी भाषा बड़ी मधुर, शैली प्रभावोत्पादक और विवेचन-पद्धति हृदयस्पर्शी होती है। आप ऐसे क्रियाशील हैं कि मैंने उनको रात-रात भर जागरण करके लिखते देखा है।

मुझे विश्वास है कि जब कभी प्रवासी भारतीयोंके विकास और उत्कर्षका निष्पक्ष इतिहास लिखा जायेगा तब उनमें डा० लङ्कासुन्दरमूका नाम बड़े आदरसे अङ्कित होगा। प्रवासी भारतीयोंपर आपका बहुत बड़ा ऋण है, जिसे वे कभी चुका न सकेंगे। आपकी योग्यता, विद्वता, कर्तव्यनिष्ठा और आपका निर्मल सार्वजनिक जीवन आपके मित्रों और देशवासियोंके लिये पथ प्रदर्शन करेगा। अभी तो आपके जीवनका काम जारीही है। हालहीमें आप कांग्रेसमें भी शरीक हो गये हैं और भारतकी सेवाके लिये आत्मोत्सर्ग करनेको प्रस्तुत हैं। आपही जैसे सपूतोंपर भारत जननीको गर्व करनेका अधिकार है। भगवान आपको शतायु बनावें।

——:०:——

# स्वर्गीय पं० तोताराम सनाढ्यका परिचय

लेखकः पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी

## १५ जून १९१४

"ये हैं पं० तोतारामजी सनाढ्य, जो फिजीसे अभी लौटे हैं।"

भारती-भवन (फीरोजाबाद) के मैनेजर लाला चिरंजीलालजीने मुझसे कहा। मैंने पंडितजीको प्रणाम किया और कहा "आपके व्याख्यान मैंने भारतमित्रमें पढ़े हैं। कुली प्रथाके विरुद्ध आप खूब बोले।"

पंडितजीने कहा—"पंडित अम्बिका प्रसाद बाजपेयीकी कृपासे वह सब वृत्तान्त छप गया।"

मैंने निवेदन किया—"पंडितजी, आप अपने अनुभवोंको पुस्तकाकारमें क्यों नहीं छाप देते ?"

पंडितजी—"मैं कोई लेखक थोड़ेही हूँ। हां, अपने अनुभव सुना जरुर सकता हूँ। कोई उन्हें लिख सके तो काम बने।"

मैं—"इसकी चिन्ता आप न करें। क्लर्कीका काम मेरे जिम्मे रहा।"

पं० तोतारामजी सनाढ्य
Pandit Totaram Sanadhya

## फिजी द्वीपमें मेरे २१ वर्ष

इस प्रकार 'फिजी द्वीपमें मेरे २१ वर्ष' नामक पुस्तकका प्रारम्भ हुआ, जिसके तीन संस्करण हिन्दीमें छपे, जिसके चार भिन्न-भिन्न गुजराती अनुवाद प्रकाशित हुए, मराठीमें जिसका तर्जुमा छपा, बंगलामें दो बार जो अनुवादित हुई और जिसका अंगरेजी ट्रांसलेशन कराकर दीनबन्धु ऐण्डरुज फिजी ले गये! पुस्तकका निन्यानबे फीसदी श्रेय पंडित तोतारामजी सनाढ्यकोही था। उनका सुनानेका ढंग इतना चित्ताकर्षक था कि उसे ज्योंका त्यों लिखना कठिन कार्य था। वैसे उनकी वह गाथा भी इतनी हृदयवेधक थी कि मैंने रोते-रोतेही उसको लिपिबद्ध किया था। शर्तबन्दी की गुलामी (Indentured System) के विरुद्ध आंदोलनमें इस पुस्तकसे बड़ी सहायता मिली थी।

पंडित तोतारामजीका जन्म फीरोजाबादके निकट हिरनगौमें सन १८७६ में हुआ था। उनके पूज्य पिताजी का स्वर्गवास सन १८८७ में हो गया। घरकी हालत इतनी खराब हो गई कि उनके बड़े भाई रामलालको कलकत्ते जा कर रैली ब्रदर्सकी आठ रुपये महीनेकी नौकरी करनी पड़ी। सन १८९३ में तोतारामजी घरसे सात आने पैसे लेकर जीविकाके लिये निकल पड़े और अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सोलह दिनमें प्रयाग पहुंचे। प्रयागसेही उनके जीवनकी राम कहानीका प्रारंभ होता है। किस प्रकार वे आरकाटी (कुली रिक्रूटिंग एजेण्ट) द्वारा बहकाकर कलकत्ते भेजे गये और वहाँसे फिजी, उसका विवरण पाठक उनकी पुस्तकमेंही पढ़ सकते हैं। प्रवासी भारतीयोंके इतिहासमें यह पुस्तक चिरस्मरणीय रहेगी।

## शर्तबन्दीकी गुलामीमें

पंडितजीने अपने जीवनके पांच साल किस प्रकार गुलामीमें काटे उसकी कथा अत्यन्त रोमांचकारी है वास्तवमें यह बड़े सौभाग्यकी बात हुई कि वे उन पांच वर्षोंमें जीवित रहे—जीवित ही नहीं, जाग्रत भी रहे—क्योंकि गोरे ओवरसियरोंके अत्याचारोंसे पीड़ित होकर अथवा पारस्परिक कलहके कारण कितनेही भारतीय कुली वहां आत्मघात कर लेते थे! गुलामीसे मुक्त होनेपर पंडितजी १६ वर्षतक फिजीमें और भी रहे।

## सार्वजनिक जीवन

फिजी प्रवासी भारतीयोंके सार्वजनिक जीवनको

संगठित करनेके लिये जितना काम पंडित तोतारामजी सनाढ्यने किया था, उतना उनके पूर्व किसीने भी वहां नहीं किया और उनके लौट आनेके बाद भी उनसे बढ़कर जनसेवाका कार्य शायदही किसी अन्य फिजी प्रवासी भारतीयसे बन पड़ा हो। (यहां तोतारामजीकी प्रशंसा में अतिशयोक्ति हो गई है। अपने युगमें वे अवश्य अद्वितीय सार्वजनिक कार्यकर्ता थे पर उसके बाद अनेक जन-सेवकोंने फिजीके प्रवासी भारतीयोंके विकास और उत्थानमें तोतारामजीसे बढ़कर आत्मोत्सर्ग किया है। सम्पादक—"प्रवासी") भारतवर्षसे हिंदू धर्म सम्बन्धी ग्रंथ मंगाकर उन्होंने घरपरही उनका अध्ययन किया और अपनी जीविकाके लिये पंडिताई करने लगे। इस प्रकार उनको जन-सम्पर्क सुलभ हो गया। रामलीलाका प्रारंभ वहां उन्होंने कराया था और महात्मा गांधीजीसे पत्र व्यवहार करके डाक्टर मणिलालजी बैरिस्टरको फिजी बुलानेका श्रेय भी पंडितजीकोही था। भारतके पत्रोंको भी वे समय-समयपर वहांके समाचार भेजते रहते थे। शर्तबन्दी गुलामी के खिलाफ उन्होंनेही २३ सितम्बर सन १९१२ को राजर्षि गोखलेको बांकीपुर कांग्रेसके अवसर पर तार दिया था। पंडितजी उदार विचारोंके थे और मुसलमानों तथा ईसाइयोंसे भी उनका व्यवहार प्रेमपूर्ण था। 'फिजी ऑफ टुडे' के लेखक रैवरैंड बर्टन साहबने उन्हें अपनी पुस्तकमें "एक सुशिक्षित ब्राह्मण, साफ दिमागवाला और शांतिपूर्वक शास्त्रार्थ करनेवाला" लिखा था। फिजीके आदिवासियोंकी भाषाका आपने कई वर्षतक अध्ययन किया था और इस प्रकार आप फिजियन जनताके विश्वासपात्र बन गये थे। उन लोगोंको आप प्रहलाद, ध्रुव, तुलसीदास और कबीरदास आदिकी कथाएं सुनाया करते थे। प्रवासी भारतीयों में जो कुछ भारतीय संस्कृति विद्यमान है, उसका श्रेय महात्मा गांधी, दीनबन्धु एण्डरुज, भाई परमानन्द, स्वामी भवानीदयाल, पं० अमीचन्द्र विद्यालंकार, श्री गोपेन्द्र-नारायण तथा दो-चार प्रचारकोंको है, जो समय-समयपर वहां जाते रहे हैं। पं० तोतारामजीकी गणना भी इन्हीं लोगोंके साथ होनी चाहिये।

आज फिजी प्रवासी भारतीय भलेही पं० तोताराम जीको भूल गये हों, पर इसमें सन्देह नहीं कि उस द्वीप समूहमें भारतीयता, हिन्दी प्रेम तथा देशभक्तिकी भावनाको जाग्रत रखनेके लिये पं० तोतारामजीने जो महत्त्वपूर्ण कार्य किया, वह फिजीके इतिहासमें स्वर्णाक्षरोंमें लिखा जा[ना] चाहिये। कृतज्ञताका यह तकाजा है कि फिजी प्रवा[सी] भारतीय पंडित तोतारामजीका कोई स्मारक वहां बना[यें]। उनकी तीस वर्षकी सेवाके उपलक्ष्यमें इतना तो हो[ना] चाहिये कि उनके नामपर कोई पुस्तकालय फिजीकी रा[ज]धानी सूबामें स्थापित हो। शर्तबन्दी गुलामीके विरुद्ध [जो] आन्दोलन उन्होंने भारतमें लौटकर किया, उसका जिक्र ह[म] आगे चल कर करेंगे।

## विवाह

पंडितजीने एक सरयूपारीण ब्राह्मणकी सुपुत्री गं[गा] देवीसे अपना विवाह किया और पंडितजीके साथ वे फि[जी] से यहां लौट कर आईं थीं। गंगाबहन भी पंडितजीकी त[र]ही सुशील और परोपकार भावनासे पूर्ण थीं। जब गं[गा] बहनकी मृत्युका समाचार ६-५-३२ को महात्माजी[को] यरवदा जेलमें मिला तो उन्होंने आश्रमवासियोंको त[ार] दिया थाः—

"गंगा बहनकी मृत्युका समाचार जानकर ह[म] सबको बहुत दुःख हुआ। मुझे खुशी है कि उन्होंने अ[पना] श्रद्धाके साथ जीना जाना और मरना जाना। तोताराम[जी] आनन्दमें हैं, इसमें आश्चर्य नहीं।" पंडित तोतारामजी [जो] कुछ सेवा कर सके, उसका बहुत कुछ श्रेय उनकी स[ती] साध्वी पत्नीको मिलना चाहिये।

## भारत लौट कर

३ मई सन १९१४ को पंडितजी फिजीसे लौट[कर] कलकत्ते पहुँचे और १५ जून सन १९१४ को फीरोजाबा[द] के भारतीय भवनमें उनके दर्शन करनेका सौभाग्य मु[झे] प्राप्त हुआ। प्रवासी भारतीयोंकी जो अत्यल्प सेवा मु[झसे] २०-२२ वर्षमें बन पड़ी, उसका मुख्य श्रेय पंडित तोतारा[म] जी सनाढ्य और तत्पश्चात दीनबंधु ऐण्डरुज और महा[त्मा] गांधीजीको ही है। प्रारंभिक प्रेरणा मुझे पंडितजीसे मिली और सन १९१४ से लेकर १९२५ तक हम लो[गों] ने मिल करही काम किया। पंडित तोतारामजीने आप[नी] कठिन कमाईके सैकड़ोंही रुपये कुली-प्रथाके विरुद्ध आंदोल[न] में व्यय किये थे।

मद्रास कांग्रेसमें आप फिजी प्रवासी भारतीयों[के] प्रतिनिधि हो कर सम्मिलित हुए थे और वहाँ आध घ[ंटे]

तक आपने हिन्दीमें कुलीप्रथाके विरुद्ध भाषण दिया था। हरिद्वारके कुम्भपर अपने खर्चसे बारह दिन तक आपने कुलीप्रथाके विरुद्ध खूब प्रचार किया था और पचास सहस्र विज्ञापन आरकाटियोंके विरुद्ध बंटवाये थे।

## साबरमती आश्रममें

सन १९२१ में जब महात्माजीने प्रवासी भारतीयों का काम करनेके लिये इन पंक्तियोंके लेखकको बुलाया था, तो उस समय पंडित तोतारामजीको भी सहायतार्थ बुलवा लिया गया था और इस प्रकार हम दोनोने चार वर्षतक प्रवासी विभागका कार्य वहां किया था। मुझे तो सन १९२५ में वहांसे चला आना पड़ा पर पंडितजीका शेष जीवन वहीं व्यतीत हुआ।

खेतीके कार्यमें पंडितजीकी बड़ी रुचि थी बल्कि वे उसके विशेषज्ञही थे। महात्माजीने खेतीके विषयमें जो महत्वपूर्ण पत्र २६-४-३३ को पंडित तोतारामजीको लिखा था, उसे यहां उद्धृत करनेका मोह हम संवरण नहीं कर सकते। बापूने लिखाः—

भाई तोतारामजी, तुम्हारा विवरण अच्छा लगा। महादेवका भजन भेजा वह भी अच्छा। और दोनोका मेल भी मुझे बहुत प्रिय लगा। हमारा प्रत्येक कार्य प्रभुका भजनही होना चाहिये।

विवरण दुबारा पढ़ लूंगा। मेरी आकांक्षा तो यह है कि हम इतने फल और इतनी भाजी पैदा करें जो हमारे लिये पर्याप्त हो। यदि गोमाताके लिये भी घास आदि पैदा करें और आश्रमके लिये अनाज तो खेतीके पूर्ण आदर्शको हम पहुँचे। इसमें थोड़ा ज्यादा खर्च भी हुआ तो भी मैं उसको सफल समझूंगा। लेकिन मैं जानता हूँ कि यह सब मूर्खका बकवाद है। खेतीका काम सबसे कम किया और बातें सबसे मैंने इस बारेमें ज्यादा की है। क्या करूं खेती उन्हीं चीजोंमेंसे है जो करनेका खयाल मुझको आधी आयु बीतने पर आया। बापू"।

पंडित तोतारामजीने यद्यपि किसी विद्यालयमें शिक्षा नहीं पाई थी, अनुभव तथा स्वाध्यायसे उन्होंने अपने मस्तिष्कको खूब विकसित कर लिया था। जो कुछ वे लिखते थे, हृदयके अन्तरतमसे लिखते थे, इस लिये उनके लेखोंमें जान रहती थी। उनके एक पत्रके विषयमें, जो उन्होंने महात्माजीको यरवदा जेलमें भेजा था, श्रीयुत महादेव भाईने लिखा थाः—

"कल आश्रमकी डाक आई। सदासे ज्यादा थी। तीन बहुत लम्बे पत्र थे उनमें तोतारामजीका पत्र अमूल्य था। यह कहना मुश्किल है कि रामचरित पढ़कर मन ज्यादा पवित्र हो सकता है या इस पत्रको पढ़कर। इसमें उन्होंने अपनी पत्नीका संक्षिप्त वर्णन हृदयंगम भाषामें लिखा था।" इत्यादि।

मेरी प्रार्थनापर पंडितजीने एक दूसरी पुस्तक भी लिखी थी, जिसका नाम था 'फिजीमें मैंने क्या देखा ?' दुर्भाग्यवश वह पुस्तक अप्रकाशितही पड़ी है! पहले प्रतापके व्यवस्थापक स्वर्गीय पंडित शिवनारायणजी मिश्रने उसे छापनेके लिए मंगा लिया था, पर फिर न जाने क्यों उसे लौटा दिया। फिजी प्रवासी भारतीयोंका सामाजिक तथा धार्मिक इतिहास जाननेके लिए उक्त पुस्तकसे बढ़िया दूसरा ग्रंथ लिखा नहीं जा सकता, क्योंकि उक्त पुस्तकमें पंडितजीने अपनी अनुभूतियोंका वर्णन बड़ी जानदार भाषामें किया है।

## पंडितजीका व्यक्तित्व

पंडित तोतारामजीके व्यक्तित्वके विषयमें हम अपनी ओरसे कुछ न लिख कर महात्मा गांधीजीके लेख को ही उद्धृत किए देते हैं। यह लेख महात्माजीने अपने स्वर्गवाससे १८ दिन पूर्व 'हरिजन' के लिए लिखा था।

"वयोवृद्ध तोतारामजी किसीकी सेवा लिए बगैर गए। वे साबरमती आश्रमके भूषण थे। वे विद्वान नहीं थे, मगर ज्ञानी थे। भजनोंके भंडार होते हुए भी वे गायनाचार्य न थे। वे अपने एकतारेसे और भजनोंसे आश्रमके लोगोंको मुग्ध कर देते थे। जैसे वे थे, वैसीही उनकी पत्नी थी। वह तो तोतारामजीसे पहलेही चली गईं। ........

"तोतारामजीको धरती प्यारी थी। खेती उनका प्राण थी। आश्रममें बरसों पहले वे आए और उसे कभी नहीं छोड़ा। छोटे-बड़े, स्त्री-पुरुष उनकी रहनुमाईके भूखे रहते और उनके पाससे अचूक आश्वासन पाते।

"वे पक्के हिन्दू थे मगर उनके मनमें हिन्दू, मुसलमान और दूसरे सब धर्म बराबर थे उनमें छुआछूतकी गंध न थी। किसी किस्मका व्यसन न था।

"राजनीतिमें उन्होंने भाग नहीं लिया था, फिर भी उनका देशप्रेम इतना उज्ज्वल था कि वह किसीके भी मुकाबले खड़ा रह सकता था। त्याग उनमें स्वाभाविक था। उसे वे सुशोभित करते थे।

"ये सज्जन फिजी द्वीपमें गिरमिटिये मज़दूरकी तरह गए थे और दीनबन्धु एण्ड्रूज़ उन्हें ढूंढ लाए थे। उन्हें आश्रममें लानेका यश श्री बनारसीदास चतुर्वेदीको है। उनकी अन्तिम घड़ी तक उनकी जो कुछ सेवा हो सकती थी, वह भाई गुलाम रसूल कुरेसीकी पत्नी और इमाम साहबकी लड़की अमीना बहनने की थी।

"परोपकाराय सतां विभूतयः'। सज्जन पुरुष परोपकारके लिएही जीते हैं, यह उक्ति तोतारामजीके बारेमें अक्षर-अक्षर सच थी।"

पंडित तोतारामजी पृथ्वी पुत्र थे। जो कुछ उनमें था, सहज था, स्वाभाविक था। एक अशिक्षित ग्रामीण बालक कठिनतम परिस्थितियोंमें अपनी परिश्रमशीलता तथा ईमानदारी और परोपकारवृत्तिसे अपने जीवनका निर्माण किस प्रकार कर सकता है, पंडित तोतारामजीका जीवन इसका एक बहुत अच्छा उदाहरण है।

( बंधुवर बनारसीदास चतुर्वेदीने हमारे पास स्वर्गीय पं० तोतारामजीके इस परिचयात्मक लेखके सिवा उनकी अप्रकाशित पुस्तकका, जिसका उल्लेख इस लेखमें हुआ है, कुछ अंश भी भेजा है उसको हम अगामी अकसे कमशः प्रकाशित करेंगे। आजसे एक चौथाई शती पहले तोतारामजीने वह पुस्तक लिखी थी जिसमें हमारी गुलामी के दिनोंकी दुःखपूर्ण कहानी है। उसका रोचक एवं मनोरंजक अंशही हम पाठकोंको भेंट करेंगे।—सम्पादक )

# एक वृद्ध पुरुषकी पहली समुद्र यात्रा

( लेखक: पंडित गङ्गाप्रसादजी उपाध्याय, एम० ए०, मंत्री, आर्य सार्वदेशिक सभा )

मुझ जैसे पुरुषकी जिसने अपने जीवनके लगभग २५००० दिन या ६९ वर्ष बिना विदेश यात्राके गुजार दिये पहली समुद्र यात्राके विषयमें सुनकर कम आयु वाले यात्री अवश्य ही मुस्करायेंगे परन्तु है ऐसा ही। बचपन से मैं समुद्र और विदेशोंके विषयमें पढ़ता आ रहा हूँ। यों कहना चाहिये कि भूगोलके शुष्क नामोंको तोतेके समान रटता रहा हूँ। मेरे पितामहके समयमें तो समुद्र यात्रा करना बिना धर्म भ्रष्ट हुये असम्भव ही था। परंतु इसका भी एक कारण था। जब भारतीय लोग प्राचीन वैदिक संस्कृतिको भूल गये और जिन मन्त्रोंमें समुद्र और जहाजोंका वर्णन आता है उनका अर्थ शून्य पाठ ही करने लगे उस समय देशके बाहर खान, पान तथा आचार व्यवहारकी सब मर्यादा नष्ट हो गई, उस समय स्वभावतः अपनी अवशिष्ट संस्कृतिके भग्न भागोंको सुरक्षित रखनेके लिये हमारे कुछ नेताओंने समुद्र यात्राको निषिद्ध घोषित कर दिया। उससे लाभ कम और हानि अधिक हुई। हमारी संस्कृतिका प्रचार बाहर बन्द हो गया और जो बाहर गया वह संस्कृतिका शत्रु बन गया। ऋषि दयानन्द ने जहाँ बीसियों अन्य सांस्कृतिक सुधार किये वहाँ यह भी बताया कि समुद्र यात्रासे कोई धर्मच्युत नहीं होता और हमारे पूर्वज आर्य लोग समुद्र यात्रामें बड़े दक्ष थे। मैं आरंभसेही विदेश यात्राके लिये उत्सुक रहा परंतु परिस्थितिने साथ नहीं दिया।

गत अक्टूबर मासमें नेटालकी आर्यप्रतिनिधि सभाने सार्वदेशिक सभाको लिखा कि मुझे वहाँ उनकी जुबिलीमें सम्मिलित होनेके लिये भेजा जाय। मेरी अनुमति पर श्री प्रधानजी सभाने मुझे आज्ञा दे दी। परन्तु विदेश की यात्रा करना अत्यन्त कठिन है। कठिनाइयोंकी पहलेसे बनी हुई सूची नहीं है। एक टट्टीको पार करके दूसरी टट्टी दिखाई पड़ती है। आप किसी कार्यालय से पूछिये। उत्तर अनिश्चितही मिलता है। मेरे साथ भी वही हुआ और कई बार तो मैंने चाहा कि यदि अस्वीकृति दे दी होती तो अच्छा था। मेरी समझमें तो एक छोटीसी पुस्तिका होनी चाहिये जिससे यात्रियोंको एक दृष्टिसेही समस्त कठिनाइयोंका पता लग जावे। अपने अनुभवसे एक सूची देता हूँ।

( १ ) पासपोर्ट—यह किसी देशमें जानेके लिये भारत सरकारसे लेना होता है। मैंने इलाहाबादके मजिस्ट्रेटके द्वारा प्रार्थना-पत्र भेजकर १९४६ ई० के जूनमें मोरीशस जानेके लिये एक पासपोर्ट लिया था। उसकी अवधि ५ वर्ष थी। मैं जा नहीं सका। इस बार जब मैंने वह पासपोर्ट गवर्नमेंटके कार्यालयमें दिखाया तो वहाँ यह

परामर्श दिया गया कि इसी पासपोर्टको समस्त कामनवेल्थके लिये बढ़वा लेना चाहिये। इस कार्यमें भी बहुत देर लगती परन्तु माननीय श्री देशबन्धुजी गुप्त, एम० एल० ए० की सिफारिश पर यह काम तो एक घण्टेमें ही हो गया और चीफ कमिश्नर दिल्लीके कार्यालयने मेरा पासपोर्ट समस्त कामनवेल्थ और ब्रिटिश इलाकोंके लिये बढ़ा दिया। दक्षिण अफ्रिका कामनवेल्थका भाग होनेके कारण यह पासपोर्ट यहाँ भी काम आ सकता था।

( २ ) पर्मिट, अर्थात् दक्षिण अफ्रिकन यूनियन सरकारकी उस देशमें प्रवेशकी आज्ञा। मैंने सुना कि यह कठिन काम है, आजकल वहां जानेकी आज्ञा नहीं मिलती। यहां भी श्री देशबन्धुजीने मेरा आवेदनपत्र भारत सरकार की मिनिस्ट्री आफ एक्सटर्नल एफेयर्सकी सेवामें भेजकर सरकारसे प्रार्थना की कि तार द्वारा पर्मिट मंगायें। मेरा आवेदन पत्र पहली नवम्बरको लिखा गया और श्री देशबन्धुजीके पत्रके साथ सरकारके पास भेजा गया, परन्तु २८ नवम्बर तक कोई उत्तर नहीं मिला। २८ नवम्बरको तार दिया गया तो ५ दिसम्बरतक कोई उत्तर नहीं आया।

( ३ ) बात है जहाज में स्थान मिलना। डर्बनकी सभाने सत्तर पौंड मार्ग व्ययके लिये तार द्वारा भेजा और यह भी लिखा कि ८ दिसम्बरको करांजा जहाज बम्बईसे चलेगा। मुझे उसीसे आना चाहिये। मुझे बीचमें ५ नवम्बरको मद्रास और त्रिवेन्द्रम् जाना पड़ा। मैं जल्दी जल्दी थोड़ासा काम करके २३ नवम्बरको दिल्ली लौटा तो पता चला कि "टामस कुक" जो जहाजोंके एजेन्ट हैं कहते हैं कि फर्स्ट क्लासके लिये दो मास और सेकन्ड क्लासके लिये पांच मास प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। केवल एकही उपाय है कि भारत सरकार मुझे प्रथमता दिला दे।

श्री देशबन्धुजीका पुनः आश्रय लिया गया। परन्तु मेरी आशा टूट गई, और मै २८ नवम्बरको दो दिन के लिये प्रयाग चला गया। २ दिसम्बरको मुझे पत्र मिला कि विदेश-विभागके मन्त्री महोदयके तार देने पर करांजा जहाजवालोंने एक दूसरे दर्जेकी सीट देना तो स्वीकार कर लिया है परन्तु अफ्रिकन सरकारका पर्मिट नहीं आया। मैं तुरन्त प्रयागसे भागा और ३ दिसम्बरको दिल्ली आया। विदेश विभागके मन्त्री महोदयने कृपा करके फिर डर्बनको तार दिया। ५ दिसम्बर तक कोई उत्तर नहीं मिला। बम्बई पहुँचनेके लिये अन्तिम गाड़ी ५ दिसम्बर दस बजे रातको चलती थी। मुझे आशा दिलाई गई कि बम्बई पहुँचते पहुँचते तार आ जायगा। अतः मैं चल पड़ा। सरकारकी विशेष सिफारिशपर थॉमस कूकने दूसरे दर्जेकी यात्राके लिये ७७२॥) लेकर करंजा जहाजका टिकिट बम्बईसे प्राप्त करनेके लिये रसीद दे दी।

( ४ ) तीन स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रमाणपत्र और लेने थे। यदि मुझे ठीक-ठीक पता होता तो मैं इनको अक्टूबरके अन्तमेंही ले लेता। क्योंकि इनके प्राप्त करनेके लिये ८-१० दिन चाहिये परन्तु मुझे तो इसका पता २५ नवम्बरको चला। यह तीन प्रमाण पत्र यह हैं:—

( अ ) चेचकके टीकेका यह प्रमाण पत्र ३ वर्ष तक काम आता है। मुझे दिल्लीकी म्यूनिसिपैल्टीसे ५) फीस देकर प्राप्त करना पड़ा। टीका २५ नवम्बरको लगा। २८ को निरीक्षण हुआ और चेचकका प्रमाण-पत्र मिल गया।

( आ ) हैजाका टीका, दो टीके एक सप्ताहके अंतरमें प्रथम २५ नवम्बरको और दूसरा ३ दिसम्बरको म्युनिसिपैल्टी दिल्लीके कार्यालयसे ५) फीस देकर। अन्य डाक्टरोंके प्रमाणपत्र माने नहीं जाते। यह प्रमाणपत्र छः मास तक काम आता है।

( इ ) एलोफीवर, या पीत ज्वरका टीका, मुझे इसकी बात थॉमस कूकके दफतरमें ३ दिसम्बरको बताई गई। समय बहुत कम था। इसके लिये कनाट सर्कसमें प्राविन्शियल लेबरेटरी है। सरकारकी ओरसे शुक्र और सोमवारको टीका निःशुल्क लगाया जाता है। भाग्यवश ५ दिसम्बरको सोमवार था। डाक्टर महोदयने दया करके ठीक ११ बजे टीका लगा दिया और मुझे तीनों प्रमाणपत्र मिल गये।

( ५ ) ७ दिसम्बरको प्रातःकाल मैं बम्बई पहुँचा और आर्य समाज-काकड़वाडीमें उतरकर ठीक १० बजे थॉमस कूकके कार्यालयमें हार्नबी रोड पर पहुँचा। भाग्यवश भारत सरकारका तार भी आ गया कि ३ मास दक्षिण अफ्रिकामें रहनेकी आज्ञा मिल गई। अब तो जाना अधिक निश्चित प्रतीत होने लगा। टामस कूक वालोंने तारके प्रमाण्यमें सन्देह अवश्य किया परन्तु भारत सरकार से आया हुआ समझ कर राजी हो गये। रुपया दिल्लीके कार्यालयमें दिया जा चुका था। फिर भी ज्ञात हुआ कि कई स्थानोंपर दौड़ना पड़ेगा। पहले कस्टम कार्यालयमें

जाकर वहांके अध्यक्षको सन्तुष्ट करना पड़ा कि देश-प्रवेश (इमीग्रेशन) के नियमोंके अनुकूल कोई आपत्ति नहीं है।

अब एक बात रह गई। मुझसे कहा गया था कि मैं ५००) के अंग्रेजी सिक्के भुना लूंगा। मुझे वहां जाकर ज्ञात हुआ कि कोई यात्री हिंदुस्थानी सिक्का १००) से अधिक नहीं रख सकता। यदि उससे अधिक पाया जाय तो जब्त हो जायगा। मेरी जेबमें ५००) थे। २५०) मैं बक्समें छोड़ गया था। मुझे १००) की निश्चित रकमका नियम ज्ञात न था। मैंने ५०५) के ३७ पौण्ड भुनाये। डेढ़ बजनेका समय था। टिकिट मिलनेमें १॥ या २ घन्टेकी देर थी। मैंने सोचा कि शेष १५०) के भी अंग्रेजी सिक्के ले लेनी चाहिये। अत: मैं ट्राममें बैठकर समाज पहुँचा। जेबमें ३७ पौन्डके ट्रैवलर्स चैक थे। समाजमें जाकर पता चला कि मेरी वास्कटकी जेब ट्राममें किसीने काट ली और ३७ पोण्ड के चेक चले गये। हर चेकपर मेरे हस्ताक्षर थे। मैं २५०) लेकर टामस कूकके कार्यालयमें पहुँचा और उनके बैंक विभागको चैक चुराये जानेकी रिपोर्ट की। अध्यक्षने बहुत सहानुभूतिसे मेरी रिपोर्ट ली। चेकोंका नम्बर भी लिखा और आश्वासन दिया कि शायद यह रुपया वापिस मिल जाय, क्योंकि लेनेवालेको दुबारा हस्ताक्षर करने पड़ते हैं। मेरे पास भाग्यवश २५०) था। मैंने उसमेंसे २०७) के १५ पौण्ड भुना लिये। ३ बजे टिकिट भी मिल गया। चोरीकी पुलिसमें भी रिपोर्ट करते करते छः बज गये। फिर भी यह सन्तोष था कि जो कुछ हुआ सो हुआ, यात्रा तो निश्चित हो गई।

परन्तु इतनेसे कठिनाई दूर नहीं होती। सैकिन्ड क्लासके यात्रीको २० घन फुट असबाव ले जानेकी आज्ञा है। मेरे पास २ छोटे ट्रङ्क बिस्तरका होलडोल और एक टोकरी थी। यह ठीक था। मुझे चार लेबिल मिले। मैंने उनको लेईसे चिपका दिया।

८ दिसम्बर ९ बजे एलेकजैन्ड्रा डोकमें पहुँचे। यहीं करंजा जहाज था। यहां अजनबीको कुली बहुत तङ्ग करते हैं। एक कुलीने असबाब उतारा और ४) मजदूरी के मांगे। २) पर मामला तय हुआ। यहां दो काम करने थे। डाक्टरी परीक्षा और कस्टम अध्यक्षको सन्तुष्ट करना। कुली असबाबको भीतर गोदाममें रख देते हैं। यात्री भीतर जाने नहीं पाता। डाक्टरी और कस्टम आफिसरसे प्रमाण पत्र लेनेमें तीन-चार घण्टे लग गये। एक बजे अपने जहाज के केबिन नम्बर ८३ में आ सका। वहां मेरा असबाब ठीक ठीक मिल गया। मुझे २) और देने पड़े। ईश्वरको धन्यवाद दिया।

मेरे केबिनमें ३ सीटें हैं। दो सज्जन और हैं जो मुम्बासा जा रहे हैं, वे युवक हैं परन्तु हैं अनुभवी। केबिन बहुत स्वच्छ है। सीटोंपर मोटा बिस्तर है, दो तकिये और एक कम्बल, तौलिया और कपड़ोंको रखनेके लिये अलमारी। पानी पीनेके लिये एक एक ग्लास, और ठण्डे पानीका पात्र। सबके लिये एक कुर्सी और एक ड्रेसिंग टेबिल।

सामान सब अंग्रेजी ढङ्गका है। मैंने शौचालयको देखा तो सब उसी प्रकारके निकले। मैं हिंदुस्थानी हूँ, वैसी आदतें भी है। विशेषकर शौचके सम्बन्धमें। जहाज में रहना था २२ दिन। मैंने आदमीसे कहा कि हिंदुस्थानी टट्टी क्या नहीं है। पहले तो वह समझा नहीं। यदि स्वराज्यके दिन न होते तो मुझे पूछनेका साहस भी न होता क्योंकि ऐसा प्रश्न असभ्यताका प्रमाण समझा जाता। परन्तु अब तो हिन्दुस्थानी ढङ्गसे रहने वालोंको असभ्य नहीं समझा जाना चाहिये। हां खानसामोंकी तो वही मनोवृत्ति है। अस्तु। उस बैहराने मुझे एक टट्टी दिखाई। उसपर लिखा हुआ था 'इन्डियन डब्ल्यू० सी०' यह ठीक थी। मेरा काम चल गया।

मेरे ७७२॥) किरायेमें भोजन भी शामिल था लोग सैलूनमें अंग्रेजी खाना खा आते हैं। निरामिष को कोई पूछता नहीं। मैंने आतेही बैहरेको कह दिया था परन्तु ३ बजे एक प्याला साधारण चाय मिली और [illegible] बजे तक किसीने नहीं पूछा।

बम्बईसे जहाज साढ़े तीन बजे शामको चला। पहले पन्द्रह पन्द्रह मिनट पर तीन भोंपू बजे। हजारों आदमी प्ले फार्म पर तथा जहाजमें अपने मित्रोंसे मिलने आये थे। पास तीन रुपया में मिलता है वह भी सबको नहीं। भों[illegible] सुनतेही सम्बन्धीगण जहाजसे उतर गये। हमलोग डे[illegible] परसे तमाशा देख रहे थे। जहाज चला। पहले सीढ़ियाँ जिनको गेंगवे कहते है हटा दी गई। प्रथम जहाजकी गति अत्यन्त धीमी थी। गति अनुभव भी नहीं होती थी। पर जब प्लेट फार्म और जहाजके बीचमें जगह चौड़ी होने लगी तो प्रतीत हुआ कि जहाज चल रहा है। दस मिनट में तेजी आई, धूप निकल रही थी। बम्बईमें ठंढक [illegible]

होती ही नहीं है, दृश्य सुहावना था। मुझे हर्ष था कि मैं वैदिक धर्म प्रचारके लिये बाहर जा रहा हूँ। घड़ी घड़ी पर ईश्वरसे सहायताकी प्रार्थना करता था। उस समय मुझे कैथोलिक मिशनरियोंकी कहानी याद आ आई।

मैंने किसी पुस्तकमें पढ़ा था कि जब कैथोलिक ईसाई पादरी योरोपसे प्रचारार्थ भारत या चीनको प्रस्थान करते थे, तो उनके सम्बन्धी प्रार्थना किया करते थे कि "हे पवित्र आत्मा! तू हम सब मनुष्योंके हृदयमें प्रवेश कर और इसके द्वारा ईसामसीहके धर्मका प्रचार करा।" मैंने भी "ओ३म् वाक् वाक्" कहकर ईश्वरसे प्रार्थना की कि भगवान, मेरी तात्विक वाणी तो आपही हैं; आपने जब मुझे यह अवसर दिया है कि प्रचार यात्रा पर चल पड़ा तो इतनी और सहायता कीजिये कि यह यात्रा निष्फल न जाय और मैं ऋषि दयानन्दके ऋणका कुछ भाग चुका सकूं। जहाज जा रहा था, सागर शांत था, चारों ओर जलही जल, चारों ओर अनन्तता। जब मैं पहाड़ या समुद्रको देखता हूँ तो ईश्वरकी अनन्तताका कुछ परिचय मिलता है। परन्तु इस विषयमें पहाड़की अपेक्षा समुद्र अधिक उपयोगी प्रतीत होता है क्योंकि विशालसे विशाल पहाड़की चोटी दिखाई देती है, परन्तु समुद्रका पार तो दिखताही नहीं। दृश्य बहुत सुहावना था। अपरिचित परिचित हो रहे थे। कई मनुष्य डर्बन जाने वाले थे। श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके पुत्र श्री कृष्णदत्त जी परिवार सहित डर्बन जा रहे थे। उनसे समाजमेंही भेंट हो गई थी। यह जानकर शोक हुआ कि स्वामीजी अजमेरमें असाध्य रोगसे पीड़ित हैं। यह सज्जन अन्तिम बार अपने पिताके दर्शनोंको आये थे। अन्य सज्जन भी मिलते गये। समय अच्छा कटा। दृश्य बहुत अच्छा था।

हां, खानेकी बात रह गई। छः बज गये, मुझे खानेको किसीने नहीं पूछा। मैं भोजनाध्यक्षके पास गया। उसने कहा कि आप सैलूनमें क्यों नहीं आये? मैंने कहा, मैं निरामिष भोजी हूँ। उसने कहा कि हमारे पास शाकाहारियोंके लिये है ही क्या? मैंने कहा फिर आप लोग लगभग १० रु० रोज क्यों लेते हैं? आध घन्टे झंझट रहा। मुझे ज्ञात हुआ कि कम्पनीकी ओरसे नहीं अपितु प्राइवेट एक हिंदू भोजनशाला है जिसे हिंदू विशी कहते हैं। मैंने कहा वहां प्रबन्ध कर दो। उसने सहर्ष स्वीकार कर लिया। अन्यथा मैं इसकी रिपोर्ट भारत सरकारको करने वाला था। बात यह है कि यद्यपि जहाजपर अधिकतर भारतीय यात्री हैं और भारतीय नौकर। फिर भी मनोवृत्ति तो अंग्रेजीही बनी हुई है। मांसाहारियोंके लिये सब कुछ है और निरामिषोंके लिये कुछ नहीं। ईश्वरकी दयासे मेरा प्रबन्ध ठीक हो गया। समुद्र शान्त होनेके कारण उबकाई भी नहीं आई। रातको अच्छी नींद आई। प्रातः काल पोरबन्दर पहुँचे। यहां जहाज ५-६ घण्टे ठहरता है। परन्तु पोरबन्दर दूर है। अतः हममेंसे कोई नगर देखने नहीं जा सका। साधन भी नहीं थे।

(१) भारतीय राजस्व। लेखक और प्रकाशक: श्री भगवानदास केला, भारतीय ग्रंथमाला, दारागंज, इलाहाबाद। पृष्ठ २२५, मूल्य अजिल्द तीन रुपया।

हिंदीमें अपने विषयकी शायद यह पहली और एक ही पुस्तक है। केलाजीकी इस कृतिके लिये हिंदी संसार उनका कृतज्ञ रहेगा। खेदकी बात है कि इस आवश्यक विषयकी तरफ हिंदीके लेखकों और प्रकाशकोंने ध्यानही नहीं दिया है। फलतः अंग्रेजी ग्रंथोंका सहारा लिये बिना हमारा कामही नहीं चल सकता। केलाजीने इसको अप-टू-डेट बनानेकी भरपूर चेष्टा की है, फिर भी इस गम्भीर विषयपर यथेष्ट प्रकाश डालनेके लिये बृहद ग्रंथकी आवश्यकता है! हिंदीके लेखक और प्रकाशक अबतक ऐसीही पुस्तक लिखते और छापते रहे हैं जिनकी बजारोंमें खपत होनेकी संभावना है। इसका नतीजा यह हुआ है कि हिंदी आज बहुतसे विषयोंमें बिलकुल कंगाल है। केलाजीने अपनी रुग्णावस्थामें भी परिश्रम करके इस पुस्तककी जो संशोधित आवृत्ति निकाली है उससे हिंदीका बहुत कुछ उपकार हुआ है। उन्होंने पुस्तकके प्रारम्भमें हिंदी भाषाभिमानी मित्रोंसे जो प्रार्थना की है उसे पढ़कर हृदय व्यथासे

भर आता है और हमें अपनी अकर्मण्यतापर घोर ग्लानि होती है। जबतक इस विषयपर हिंदीमें कोई प्रमाणिक बृहद ग्रन्थ नहीं निकलता है तबतक केलाजीकी इसी रचना पर हिंदी जगतको संतोष करना पड़ेगा।

(२) कौटल्यके आर्थिक विचार। लेखकः श्री जगनलाल गुप्त और श्री भगवानदास केला। प्रकाशकः व्यवस्थापक, भारतीय ग्रंथमाला, दारागंज, प्रयाग। पृष्ट १२८, मूल्य अजिल्द डेढ़ रुपया।

कौटल्य पुरातन कालमें भारतके एक विलक्षण राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री हो गये हैं। मुसलमानोंकी मतान्धतासे हमारे प्राचीन ग्रन्थोंका अधिक भाग आगमें जलकर राख हो चुका है, फिर भी जो ग्रंथ किसी तरह बच गये हैं उनमें कौटल्यका अर्थशास्त्र भी एक है। यह ग्रंथ संस्कृतमें है और इसका पंडित प्राणनाथ विद्यालङ्कार तथा पं० उदयवीर शास्त्रीने हिंदीमें और पं० श्यामशास्त्री तथा श्री एन० जी० बंद्योपाध्ययने अंग्रेजीमें अनुवाद किया है और उसपर यथेष्ट प्रकाश भी डाला है। पर उनकी क्लिष्ट भाषा साधारण हिंदी पाठकोंके लिये बोधगम्य नहीं है। इस स्थितिमें केलाजीने सरल और सुबोध हिंदीमें कौटल्य के अर्थ शास्त्रका अनुवाद करके एक बहुत बड़ी आवश्यकता की पूर्ति कर दी है। यह निरा अनुवादही नहीं है, प्रत्युत कौटल्यके विचारोंको जिस ढंग और सिलसिलेसे प्रकट किया गया है उससे वर्तमान अर्थशास्त्रके विद्यार्थियोंको इस प्राचीन अर्थ शास्त्रको समझनेमें बड़ी सुगमता हो गई है। केलाजीकी अन्य कृतियोंकी भांति यह भी अभिनन्दनीय है।

(३) प्रार्थनावली। प्रकाशकः प्रकाशन मन्दिर, गुरुकुल कांगड़ी, हरिद्वार। पृष्ट चौंतीस, मूल्य अजिल्द चार आना।

पुस्तकके आरंभमें कुछ वेद मंत्र और उनके सरल अर्थ दिये गये हैं और फिर प्रार्थना सम्बंधी कुछ गीतोंका संग्रह है। महाकवि मैथिली शरण गुप्त, प्रोफेसर इन्द्र विद्यावाचस्पति, पं० रामनरेश त्रिपाठी, पं० चमूपति, पं० बागेश्वर विद्यालंकार आदि काव्य कलाकारोंकी कृतियोंसे इस प्रार्थनावलीकी महत्ता बहुत बढ़ गई है। इसके पाठसे मानवी हृदय प्रभु भक्तिमें ओतप्रोत हुए बिना नहीं रह सकता। प्रार्थना प्रेमियोंके लिये यह छोटीसी पुस्तक बड़े कामकी वस्तु है।

(४) Annual Report of the Agent of the Government of India in Ceylon for the year 1947. प्रकाशकः भारत सरकारके प्रकाशन विभाग, दिल्ली। पृष्ट ४१, मूल्य दो रुपया चार आना।

यह लंकामें भारत सरकारके एजेन्टकी सन् १९४७ की वार्षिक रिपोर्ट है जो दो सालके बाद सन् १९४९ में प्रकाशित हुई है। इसीसे भारत सरकारके प्रवास विभाग की कर्मण्यताका पता लग सकता है। लंकामें इस समय प्रवासी भारतीयोंकी जो दुर्गति हो रही है और उनके मानवीय अधिकारों पर जो निर्मम कानूनी प्रहार हो रहे है वह भारतके लिये शर्मकी बात है और उसके नामपर कलंकका अमिट धब्बा। इस विषयपर "प्रवासी" के किसी पिछले अंकमें एक लेख भी निकल चुका है जिससे पाठकों को ज्ञात हो चुका होगा कि लंकाके प्रवासी भारतीयोंपर अत्याचार करनेमें वहांकी भूरी सरकार दक्षिण अफ्रिकाकी गोरी मलानशाहीको भी मात कर रही है। हमें यह विश्वास था और लंकाके प्रवासी भारतीय भी यह आशा लगाये बैठे थे कि इसी मासमें कोलम्बो नगरमें ब्रिटिश कॉमनवेल्थके प्रधान मंत्रियोंकी जो परिषद् हुई है उस अवसर पर हमारे प्रधान मंत्री पं० नेहरू लंका-सरकारके मंत्रियोंसे प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नपर बातचीत किये बिना न रहेंगे। पर हमारी आशा निराधार सिद्ध हुई। नेहरूजीका वहाँके भारतीयोंने जो आगत-स्वागत किया है वह लंकाके इतिहासमें एक अभूतपूर्व घटना है लेकिन जब प्रवासी भाइयोंका डेपुटेशन पंडितजीसे मिला और उनके सामने अपने दुःख-दर्दकी शिकायतें पेश की तो उनको साफ जबाब मिल गया कि नेहरूजी इस अवसर पर लंका सरकारके मंत्रियोंसे बातचीत करनेके लिये बिलकुल तैयार नहीं है। वे इस समय इस बातकी चर्चा उठानाही अप्रासंगिक समझते हैं। पंडितजीके इस कथनसे सात लाख प्रवासी भारतीयोंमें जो निराशा फैली होगी, उसका अनुमान कर लेना सहज ही है। नेहरूजीने वहाँके प्रवासियोंका काम अपने कमिश्नर श्री वी० वी० गिरीको सौंप दिया है। देखें, लंकाके अभागे प्रवासी भाइयोंके भाग्यमें क्या बदा है? भारतके स्वतंत्र हो जानेके बाद ब्रिटिश कॉमनवेल्थके सभी देशोंमें प्रवासी भारतीयोंपर अत्याचारका सिलसिला शुरू हो गया है। उनका जैसा अपमान इस

समय हो रहा है वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। प्रवासी भारतीयोंने क्या स्वतंत्र भारतसे यही आशा बाँध रखी थी ?

(५) अनमोल पत्र। लेखकः स्वामी सत्यभक्तजी। प्रकाशकः सत्याश्रम, वर्धा, मध्यप्रदेश। पृष्ठ ५४, मूल्य अजिल्द सात आना।

इसमें सुप्रसिद्ध स्वामी सत्यभक्तजीके कुछ पत्रोंका संकलन है जो समय समयपर विभिन्न व्यक्तियोंको लिखे गये थे। ये पत्र केवल व्यक्तिगत कुशल-क्षेमतकही सीमित नहीं है प्रत्युत इनमें उन सिद्धान्तोंका भी रोचक विश्लेषण है जिनपर स्वामीजीका विश्वास है और जिनको वे कार्यान्वित करनेके लिये बद्धपरिकर हैं। इनमें महात्मा गांधी के भी नाम लिखे गये कुछ पत्र हैं जिनको पढ़कर विनोदपूर्ण अचंभा हुए बिना नहीं रहता है। एक पत्रमें स्वामीजीने बापूको लिखा था कि उनका सिद्धान्त हिन्दू धर्मकी अपेक्षा ईसाई धर्मके सन्निकट है अतएव यदि वे ईसाई हो गये होते तो संसारका अधिक कल्याण कर सकते। अब भी ईसाई बनकर बापू भारतका बहुत कुछ भला कर सकते हैं और हिंदू-मुसलमानोंमें मेलजोल कराने में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, इसलिये बापूको ईसाई बन जाना चाहिये। इस सलाहपर बापूको अफसोसकी हँसी आये बिना न रही होगी क्योंकि वे धर्मको सांसारिक-स्वार्थकी वस्तु नहीं प्रत्युत आत्माको परमात्माके निकट पहुँचनेका पवित्र साधन मानते थे। उनको आत्म-विकास और आत्मोत्कर्षके लिए जिस ज्ञानकी आवश्यकता थी वह उपनिषद् और गीतासेही प्राप्त हुआ था। फिर हिन्दू-मुस्लिम-मेल करानेके विचारसे ईसाइतका चोगा पहन लेना आत्म-प्रतारणके सिवा और क्या बात होती ? स्वामीजीके एक पत्रसे यह भी मालूम हुआ कि महात्मा-कर्मवीर-पंडित सुंदरलालजी बारह आना मुसलमान हैं और केवल चार आना हिन्दू। किसी युगमें जब पंडित सुंदरलालजी "कर्मयोगी" निकालते थे तो उनको मैं बड़े मनोयोगसे पढ़ा करता था और सच पूछिये तो उनकी जोरदार भाषा, शैली और विवेचन पद्धतिसे मुझे बड़ी प्रेरणा मिलती थी परन्तु अब तो सचमुच पं० सुंदरलालजी बारह आना मुसलमान हो गये हैं और जैसे वे बदल गये हैं वैसे ही उनकी भाषा भी बदल गई है। अब तो वे 'हिंदुस्थानी' जुबानके मशहूर मौला बन गये हैं।

स्वामीजीके पत्रोंमें विचारकी यथेष्ट सामग्री है। इस प्रकारके पत्र-साहित्यकी हिन्दीमें बड़ी आवश्यकता है। आशा है कि अन्य विशिष्ट व्यक्तियोंके पत्रोंका भी संग्रह प्रकाशित कर हिन्दीके इस अंगकी पूर्ति की जायगी।

(६) वीराङ्गना। लेखकः पण्डित रामगोपाल शर्मा "दिनेश", बी० ए०, साहित्यरत्न। प्रकाशकः अनूठा प्रकाशन, आगरा। पृष्ठ ४०, मूल्य अजिल्द ॥) आना।

इसमें लेखककी पंद्रह कविताओंका संग्रह है और सभी कविताएँ वीर रससे परिप्लावित है। इनके पाठसे जहाँ मातृभूमिके चरणोंमें अनुराग पैदा होता है वहाँ उसकी सेवामें आत्मोत्सर्ग करनेका सुंदर संकल्प भी। लेखककी भाषा बड़ी बलवती एवं शैली मर्मस्पर्शी है। इस समय भारतीय राष्ट्रको इसी प्रकारके साहित्यकी आवश्यकता है। बापू, नेताजी, भगतसिंह आदिपर लिखी हुई कविताएँ बड़ी ओजस्विनी हैं। प्रसिद्ध काव्य-कला-मर्मज्ञ पं० हरिशंकरजीकी भूमिकासे पुस्तकका महत्ता और भी बढ़ गई है।

# प्राप्ति-स्वीकार

हमारे पास सन् १९५० के अनेक कैलेण्डर आये हैं जिनमें मुख्य हैः—

(१) वैद्यराज यज्ञेश्वर प्रसाद केसरी द्वारा प्रेषित उनके हितैषी औषधालय, कोआथ, आरा, बिहारका कैलेण्डर बड़ाही चित्ताकर्षक और नेत्ररंजक है। इसमें भारतके मानचित्र पर जनतन्त्रके राज-चिन्ह और राष्ट्र-ध्वजके सिवा बापू, नेताजी और नेहरूजीके चित्र अलंकृत हैं।

(२) फाइन आर्ट प्रिन्टिंग प्रेस, अजमेर द्वारा प्राप्त बंगाल पेपर मिल कंपनी लिमिटेडके इस कैलेण्डरमें कलकत्ता विश्वविद्यालयके सिनेट हालके सामने एक प्रेजुएट देवीका सुन्दर चित्र दिया गया है।

(३) वैदिक यन्त्रालय, अजमेर। इसमें वैदिक यन्त्रालयके विशाल एवं भव्य भवनके सिवा एक कोनेमें ऋषि दयानंन्दका एक छोटासा रङ्गीन चित्र भी है। किसी युगमें प्रेसके लिये यन्त्रालय शब्दका प्रयोग होता था परन्तु यह वास्तवमें प्रेसका पर्यायवाचक शब्द नहीं है। यंत्रालय तो किसी भी कल-कारखानेको कह सकते हैं। प्रेसके लिये हिन्दीमें मुद्रणालय शब्द आविष्कृत हुआ है,

(४) श्री जयदेव ब्रदर्स, आत्माराम रोड, करेली बाग, बड़ौदा। तिथि जाननेकी साधारण यंत्री।

# भूल

( लेखक: श्री ब्रह्मदत्त भवानी दयाल )

बारह सालकी लम्बी अवधि पूरी करके जब रामशरन मेरित्सबर्गके सेन्ट्रल जेलके फाटकसे बाहर निकला, तो बारह साल पहले की गई प्रतिज्ञाका उसे स्मरण हो आया। प्रतिशोधकी भावना, जो सुषुप्ति अवस्थामें अब तक उसके वक्षस्थलमें पड़ी हुई थी, सहसा जाग उठी।

स्वतन्त्रताके वातावरणमें उसने एक दीर्घ निःश्वास लिया। अपने कपड़ोंपर पड़ी सिलवटोंको मिटानेका प्रयास करते हुए इधर उधर नजर दौड़ाई कि कोई परिचित व्यक्ति तो आसपास नहीं है। पर भाग्यवश कोई जान-पहचान का आदमी न दिखाई दिया। जब तक जेलमें सजा काट रहा था वह इस बातको भूलसा गया था कि कैदियोंके संसारके अतिरिक्त कोई और भी दुनिया है। जेलसे बाहर कदम रखतेही उसे ऐसा भान हुआ मानो उसके चेहरे पर 'खूनी' बड़े बड़े लाल अक्षरोंमें लिखा हुआ है।

बारह साल पहले जब उसे कैदकी सजा हुई थी तब यही कपड़े उसके तनपर थे और जेबमें पन्द्रह शिलिंग चार पेन्स पैसे। यहां उसे दूसरे कपड़े मिले। जेलका वार्डर जो विकराल आकृति वाला 'डचमेन' था, उसे एक करारी ठोकर लगा कर उसके निजी कपड़े उठा ले गया था। आज रिहाईके दिन उसीने खुद लाकर उसके कपड़े वापस किये और ठोंकरकी जगह उसकी पीठ पर अपने वज्र समान हाथोंसे थपकी देते हुए दस पौंडका एक नोट उसके हथेली पर रख दिया और कहा—"ये पैसे तुम्हें जेलकी अमलदारीकी तरफसे मिले हैं, तुम्हारे इतने दिनोंके मजदूरीके बदलेमें। अब कोई ऐसा काम नहीं कर बैठना जिससे फिर तुम्हें इस बड़े घरमें मेहमानदारी करनेके लिये आना पड़े। अब जाओ, तुम आजाद हुए?"

रामशरनकी चाल चलन जेलमें बहुत अच्छी रही जिसकी वजहसे वह अति क्रूर वार्डर भी उसको चाहे बिना न रह सका। भरसक उसे वह हलके कामोंमें लगाता था और अक्सर रामशरनको सिगरेट आदि भी दे दिया करता था।

रामशरनको तीव्र भूख सता रही थी क्योंकि उसने आज अपने रिहाईकी खुशीमें जेलका नाश्ता भी नहीं किया था। जेलका नाश्ता भी क्या—वही फीकी, काली चाय, एक कतरा पावरोटी और 'पूपू', ( मकईके आटेकी लपसी )। दो तीन सड़कोंको पार करनेके बाद उसे पूर्व परिचित 'शंकर केफी' दिखाई दिया जो इस शहरका सर्व श्रेष्ठ हिंदुस्थानी रेस्टूराँ था। वहाँ उसने भर पेट भोजन किया। इतनी चीजें खायीं कि परोसनेवाला वेटर भी आश्चर्य चकित रह गया। भोजन समाप्त करके, उसने इतमिनानसे सिगरेट सुलगाया और बीती हुई बातोंपर गौर करने लगा।

आज वह अपनी पत्नी राधाके कारण संसारकी नजरोंमें खूनी है। उसने एक व्यक्तिका खून कर डाला था क्रोधके आवेशमें आकर! भला कौन बरदास्त कर सकता है अपनी पत्नीको दूसरेके बाहुओंमें देखकर? हाँ, वह इस बातको स्वीकार करता है कि राधाको जबसे विवाह करके लाया, एक दिन भी सुखसे न रख सका था। परिस्थितिही कुछ ऐसी प्रतिकूल हो गई थी। कई कारण थे, उनमें एक तो पहलेहीसे शराब पीनेकी बुरी लत, दूसरा जो भी कमाता था उसमेंसे कभी भी कुछ बचानेका नाम न लेता था, तीसरा एक सालकी भयंकर बेकारी और उसपर राधाका गर्भवती हो जाना। बड़ी विकट समस्या थी। उन दिनों बेचारा रामशरण जिंदगीसे ऊब गया था और उसका दिमाग कुछ विक्रतसा भी हो गया था। कभी कभी शामको एक दो दोस्त मिल जाते जो उसे 'बार' में ले जाते और वहाँ उसे खूब पिला देते, जिससे जीवन संघर्षमें हारे हुए रामशरनमें कुछ समयके लिये नवीन हौसलोंका आविर्भाव हो आता था।

अपने पड़ोसी श्याम पर उसका थोड़ा बहुत संदेह पहलेसे ही था। उस मनहूस दिन तो उस सन्देहकी पुष्टि हो गयी थी। उस रात्रीको वह खूब शराब पीकर लड़खड़ाते हुए घर पहुँचा। उसको अपने घरमें किसी व्यक्तिकी उपस्थितिका भान हुआ। अन्दर चिराग जल रहा था।

खिड़कीसे झांककर देखा तो सन्न रह गया ! राधा पलंग पर लेटी हुई थी। श्याम उसके बाजूमें बैठा हुआ उसकी पीठ सहला रहा था और उसका एक हाथ राधाके कोमल गलेके नीचे था।

क्रोधसे उन्मत्त रामशरन बिना किसी आवाजके दबे पांवोंसे कमरेमें दाखिल हुआ। दरवाजा बिना सिटकिनी लगाये इसी तरह भिड़ाया हुआ था। एक तो शराबकी गर्मी और दूसरा उस आघात से पैदा हुआ क्रोध, दोनोंने मिलकर रामशरनको विवेक शून्य बना दिया। बिना कुछ बोले चाले उसने कोनेमें रखी हुई लकड़ी चारनेकी कुल्हाड़ी उठाई और जब तक श्याम संभले, एक भरपूर वार किया। श्यामके मस्तकके दो टुकड़े हो गये और वह बिना कुछ कहे कटे हुए वृक्षके समान गिर पड़ा। उसी समय उसकी मृत्यु हो गयी। शायद राधाको भी वह अवश्य मार डालता अगर वह इस विभत्स दृश्यको देखकर पागलोंसी चिल्लाती घरसे बाहर न निकल भागती!

शोरगुल सुन कर पास-पड़ोसके लोग दौड़ आये और रामशरनको पकड़ कर पुलिसके हवाले कर दिया। रामशरनके लिये सरकारकी तरफसे वकील नियुक्त हुआ था क्योंकि वह स्वयं वकील करनेमें असमर्थ था। वकील ने बहुतेरी कोशिशें की कि रामशरन बच जाये पर वह उसे कानूनके फौलादी शिकंजोंसे सर्वथा मुक्त न कर सका। फांसीसे तो रामशरन बच गया पर उसे जन्म कैदकी सजा सुनायी गयी।

सजा सुन लेनेके बाद जब वह छः पुलिसमैनोंके साथ कोर्टसे निकल कर पुलिसकी काली मोटरमें बैठने लगा उसकी दृष्टि अपनी पत्नी राधापर पड़ी जो एक तरफ खड़ी सिसक सिसक कर रो रही थी। बन्द गाड़ीमें सवार होते होते उसने चिल्ला कर कहा था—"राधा अगर सजा काटकर मैं जिन्दा लौटा तो मेरे हाथोंसे तुम्हारी भी मौत होगी! मैं कसम खाकर कहता हूँ कि जेलसे निकलतेही तुम्हारा खातमा करके अपना कलेजा ठंढा करूंगा! तुम्हारीही वजहसे मुझे यह नरक मिल रहा है!" आगे वह कुछ कह न सका क्योंकि एक पुलिसमेनने उसे धक्के लगा कर गाड़ीके अन्दर ढकेल दिया।

आरम्भके दो साल तो बड़ी मुसीबतोंमें कटे थे। जंगली हबशी सिपाही जानवरोंसे भी बदतर थे। काममें जरासी भी चूक हो जाने पर वे बुरी-बुरी गालियाँ सुनाते, 'मकूला' (कुली) कहकर पुकारते और गेंडेकी खालसे बने हुए कोड़ेसे इन्सानकी खाल खींचा करते। जेलकी यंत्रणायें जब असह्य हो जातीं, तब वह राधाको इन सबका कारण ठहरा कर उसे जी भर कोसता और अपनी प्रतिज्ञाकी बार बार पुनरावृत्ति करता और उसे कार्यान्वित करनेको व्यग्र हो उठता। उसके हृदयमें बदलेकी भावना क्षुब्ध सागरकी भीषण लहरोंके समान उठतीं, पर विवशताके कारण वे फिर शांत हो जातीं। वह किसी तरह धैर्य धारण करके अनुकूल समयकी प्रतीक्षा करने लगता। खैर, किसी तरह वे दिन भी कट गये और आजका दिन भी आ पहुँचा।

सिगरेट अंततक जल चुका था। विचारोंमें वह ऐसा उलझ गया था कि जलते हुए सिगरेटका भी ध्यान उसे न रहा। ऊँगुलियोंके पास जब उसे गर्मी मालूम हुई तब उससे हड़बड़ाकर उसे फेंका और दूसरा सिगरेट जलाया, फिर धुआँ उड़ाता हुआ, वह 'केफी' से बाहर निकला।

चहलकदमी करता हुआ रामशरन शहरके मुख्य बाजार चर्चस्ट्रीटमें पहुँचा। एक दूकानके सामने वह रुक गया जहाँ पर हर किस्मके औजार बिकते थे। उसकी नजर 'शो केस' में लटकते हुए एक वजनी, चमकते हुए लम्बे चाकू पर पड़ी। सूर्यके प्रकाशमें उसका फल आँखोंको चौंधिया रहा था। दूकानदारसे उसने उस चाकूको देखने की इच्छा प्रकट की, और काँपते हाथोंमें लेकर अंगूठेसे उसकी धारकी जाँच की। चीज अच्छी और उसके काम के लायक थी। बस, एक क्षणमें काम तमाम और फिर वह किसी ऐसी जगह चला जायगा, जहाँ उसे कोई न पहचानता होगा और वहीं अपनी जिन्दगी नये सिरेसे शुरु करेगा। रामशरनने जल्दीसे दाम चुकाया और चाकूको बन्द करके कोटके अन्दरकी जेबमें रख लिया।

रामशरनने सारा दिन तो इधर उधर घूम कर बिताया; फिर शामको एक सिनेमा-घरमें पहुँचा जहाँ एक हिंदुस्थानी फिल्म 'मेरी कहानी' का प्रदर्शन हो रहा था। 'शो' के बाद वह स्टेशन पर आया और टिकट लेकर मेल में बैठ गया। उसने रात्रिके अन्धकारमें अपनी प्रतिज्ञा पूरी करनेका निश्चय किया, जब चारो तरफ सन्नाटा रहेगा और राधा गाढ़ी नींदमें मग्न होगी। रातके समय उसे कोई भी देख न पावेगा और वह निर्विघ्न अपना काम पूरा करके कहीं दूर गाँवमें भाग जायगा।

रामशरनका घर 'रिचमन्ड' में था जो मेरित्सबर्ग

शहरसे थोड़ीही दूरी पर है। जब रामशरन 'रिचमंड' के रेलवे स्टेशन पर उतरा तो घना कुहासा छाया हुआ था। बड़े बड़े बिजलीके बल्ब दियेके समान टिमटिमा रहे थे। स्टेशनपर उसे दो चार हिंदुस्थानी दिख पड़े। रामशरनको भय हुआ कि कोई उसमेंसे उसे पहचान न ले। पर फिर अपने आपको समझाता हुआ आगे बढ़ा कि वे उसको कैसे पहचान सकते हैं जब कि इतना कुहरा पड़ रहा है। पहलेकी अपेक्षा वह कुछ दुबला भी हो गया है और चेहरे पर घनी मूछ और दाढ़ी उग आयी थी।

अपने घरके सामने पहुँचकर वह कुछ क्षणके लिये रुक गया। इस जगहसे उसे अत्यन्त स्नेह था। उसके पिताने स्वयं अपने हाथोंसे इस छोटेसे मकानका निर्माण किया था और मरते वक्त इस निधिको रामशरनको सौंप गये थे। इसके सिवाय और कुछ उनके पास नहीं था। वे सीधे साधे ग्रामीण थे, और खेतीबारीसेही परिवार का पालन-पोषण करते थे। रामशरनकी शादीके बादही वे इस लोकसे बिदा हो गये। मां पहलेही मर गयी थी। परिवार में रामशरन और राधाके सिवा कोई न रह गया था।

वहाँ खड़े खड़े उसे उस अशुभ दिनकी याद आई जब उसने एक व्यक्तिके खूनसे अपने हाथ रंगे थे। सहसा उसके दिलमें उस मृत व्यक्तिके प्रति करुणाका संचार हो आया। सोचने लगा—'बेचारेकी उम्र ही क्या थी? असमयमेंही मैंने उसकी जीवन ज्योति बुझा दी। वास्तवमें उसका क्या दोष था? कोई भी पुरुष बिना स्त्रीसे प्रोत्साहन मिले आगे बढ़नेका साहस कदापि नहीं कर सकता है। मेरी पत्नी ही खोटी थी तब उस भोले श्याम को कैसे दोषी ठहराया जा सकता था। बेचारा बच्चाही तो था। ओफ, बेचारेकी शादी भी होने वाली थी इसी गांवकी एक सलोनी लड़कीसे! वह मेरी कितनी इज्जत भी करता था। हर वक्त मुझे भाईही कहकर संबोधित करता था।''

आगे वह कुछ सोच न सका। सोचनेकी उसमें शक्तिही न रह गयी। पश्चातापसे उसका शरीर दग्ध होने लगा। इन विचारोंकी प्रतिक्रिया रामशरन पर उल्टी हुई। उसको प्रायश्चितके रूपमें राधाका अन्त करनाही ठीक जँचा। राधाही तो इस पापकी जड़ थी!

रामशरनने अन्दरकी जेब टटोली और चाकूको मजबूतीसे पकड़ लिया। वह अंधकारके दामनमें लिपटे हुए मकानकी तरफ बढ़ा। उसने पूरे मकान का चक्कर लगाया और बिना किसी आवाजके अन्दर दाखिल होनेका रास्ता ढूढ़ने लगा। आखिर उसे एक स्थान मिलही गया। एक खिड़कीका शीशा टूटा हुआ था। अन्दर हाथ डालकर उसने सिटकनी खोल ली और एक छलांगमें अदर दाखिल हो गया!

दस पन्द्रह मिनट तक वह निश्चल, मूर्तिवत् अंधेरेमें खड़ा रहा। वह उस उधेड़बुनमें था कि कहीं ऐसा न हो कि राधा कहीं अन्यत्र चली गयी हो। फिर तो उसकी सारी योजना व्यर्थ जायगी। रामशरन अपनी सारी हिम्मत बटोरकर और अपने संकल्पको और भी दृढ़ करके अँधेरेमें आगे बढ़नेही वाला था कि उसके कानोंमें किसी कि पदध्वनिकी आवाज आयी और दूसरेही क्षण एक खटकेके साथ बत्ती जल उठी।

एक बारगी रोशनीके पड़नेके कारण रामशरणकी आँखें चकाचौंध हो गयीं। शीघ्रतापूर्वक चाकूको उसने जेबमें छिपा लिया और कहीं छिपनेका प्रयास करने लगा। पर समय नहीं था। नवागांतुक एक वृद्धा थी और उसने बत्ती जलातेही उसे देख लिया था। सामने काले ओवर कोट में लिपटे हुए आदमीको चोर समझकर वह चिल्लानेही जा रही थी कि दूसरेही क्षण उसने उसे पहचान लिया।

"अरे, कौन! बेटा रामशरन!'' बुढ़िया चौंकते हुए पर उल्लासपूर्ण स्वरमें बोली—"तुम आ गये! जेलसे छूट आये! अरे कुछ तो बोलो! चुप क्यों हो? आखिर तुम अन्दर कैसे आये? दरवाजा तो बन्द है, खटखटाये भी नहीं।''

रामशरणको कुछ जबाब देते न बन पड़ा। उसके आश्चर्यकी सीमा न थी। बात क्या है, उसकी समझमें कुछ नहीं आ रहा था। उसे ऐसा प्रतीत हुआ मानों वह जागृत अवस्थामें स्वप्न देख रहा हो। नहीं तो क्या.......! अरे, यह तो उसी युवककी माँ है जिसका उसने खून किया था, और वह अपने बेटेके कातिलसे ऐसा ममतापूर्ण व्यवहार कर रही है जो सिर्फ स्वप्नलोकमेंही सम्भव हो सकता है। उसके घरमें यह बुढ़िया कर क्या रही है?

"बेटा, चलो, आरामसे बैठो। क्या सोच रहे हो! बीती बातोंको याद करनेसे क्या फायदा?'' वृद्धा उसकी कलाई पकड़ते हुए बोली।

दुबारा बुढ़ियाके ममतामें डूबे हुए शब्दोंको सुनकर और उसके स्नेह-स्पर्शका अनुभव करके, रामशरनको निश्चय हो गया कि यह स्वप्न नहीं, सत्य है। बुढ़ियाके पीछे-पीछे वह यन्त्र-चालितसा अपने चिर परिचित बैठक के सोफेपर जा बैठा।

"बेटा रामशरन, तुम गूँगे कैसे बन गये?'' श्यामकी

मां बोली—"और इतने रात बीते ऐसी विकट ठंढमें कैसे चले ? बेटा, तुम्हारी सजा हो जानेके बाद बेचारी राधा तो एक दम बेसहारा हो गयी थी। तीन-चार महीनेके बाद उसे बच्चा भी हुआ। नाम रखा है उसका मनोहर। बहुत अच्छा बच्चा है। अभी जगा कर उसे लाऊँगी। हमेशा पूछा करता है कि 'हमारे बाबूजी कब घर आयेंगे। क्यों नहीं उन्हें जल्द बुलाती हो, आदि।' पहले तुम्हें कुछ गरम कॉफी पिला दूँ।"

बुढ़ियाके आँखोंमें आँसू आ गये। उसने भर्राई आवाज में फिर कहना शुरु किया—"हाँ, तो बेचारी राधा बिना अवलम्बके हो गयी और साथ-साथ मैं भी। बेचारा श्याम ही तो मुझे कमाकर खिलाता था मेरे बूढ़ेके मरनेके बादसे। भगवानने उसे भी उठा लिया। तबसे राधा और मैं साथ-ही रहने लगीं और एक दूसरेके दुःखमें हाथ बटाने लगीं। बेचारी सचमुच बड़ी भली स्त्री थी। वैसी स्त्रियां बहुत कम देखनेमें आती हैं। इन बारह सालोंमें उसने बहुत मेहनत की। दिन दिन, रातरात भर उसने सीने पिरोनेका काम किया और इस तरह अपना और मेरा निर्वाह किया। लगातार उसे यही धुन बनी रही, कि इतना पैसा इकट्ठा कर ले कि जब तुम कभी जेल काटकर निकलो तब तुम्हें कोई कष्ट न होने पावे और तुम कोई स्वतंत्र धंधा चालू कर दो। उसने तो मेरा बहुतही ख्याल रखा। मेरे बच्चेकी असमय मौत मुझे कभी भी न अखरने पायी!" बुढ़िया आगे कुछ न कह सकी और दोनों हाथोंमें मुँह छिपाकर सिसकने लगी।

रामशरनका हृदय जो कि इतने दिनों तक कष्ट झेलते-झेलते भावनाओंसे शून्य हो चुका था, तरल हो उठा। उसने आगे बढ़ कर श्यामकी माँको ढाढ़स बँधाते हुए, उसके आँसू पोंछ डाले।

"माँ, राधा कहाँ है ?" रामशरनने इतनी देरके बाद जबान खोली।

"बेटा, अब राधा कहाँ है ?" श्यामकी माँ दर्दभरी आवाज में बोली—"आज दो महीने हुए, वह सदाके लिये चली गयी। वह बहुतही कमजोर हो गयी थी ज्यादा काम और ठीकसे भोजन न करनेके कारण। हमने काफी कोशिश की उसे बचानेकी, पर उसे तो टी. बी. हो गया था। बचती भी कैसे ?"

बुढ़िया उठी और सामने रखा हुआ संदूक खोल कर उसमेंसे एक छोटासा बक्स निकाला। रामशरनके सामने उसे रखती हुई बोली, "मरते वक्त उसने मुझे यह 'कैश-बॉक्स' दिया था और कहा था कि वे जब कभी आवें, इसे उन्हें सौंप देना। इसमें सौ पौंडसे कुछ ज्यादा रकम जमा है। उनके काम आयेगी। जेल से लौटे हुए व्यक्तिको नौकरी भी कौन जल्दी देता है।"

रामशरनके नेत्रोंसे व्यथाके आँसू टपक रहे थे, और दिलमें ग्लानिकी आँधी चल रही थी।

'बेटा, उठो और मुँह हाथ धो लो। अब तो सवेरा होनेको आ गया है। मैं तबतक चाय बनाती हूँ। थोड़ी देरमें मनोहर भी जग जायगा। वह है हूबहू तुम्हारे जैसा—जैसाकि बचपनमें तुम थे। और हां, एक जरुरी बात कहना तो मैं भूलही गयी जो कि बेचारी राधाने दम तोड़ते तोड़ते कहा था! वह यह कि जिस दिन श्यामकी मौत हुई, वह तुमसे मिलने आया था। उसने तुम्हारे लिए एक नौकरीका इन्तजाम किया था। वहां बड़े सबेरे ही तुम्हारा बुलावा था। इतनी रात गये वह इसलिये आया था कि शायद तुम घर पर आ गये होगे। वह तुम्हें स्वयं यह खुशखबरी सुनानेको इच्छुक था। तुम्हारा कहना है कि तुमने दोनोंको कुछ ऐसी स्थितिमें देखा था जिससे उत्तेजित होकर तुमने ऐसा कृत्य कर डाला। शायद इसके लिये तुम्हें अवश्य ग्लानि होती होगी। पर विश्वास करो कि श्याम व राधाके दिलमें कोई भी पाप न था। राधा उस समय गर्भवती थी और उसकी तबियत भी ठीक नहीं थी। तुम्हें शायद इस बातका भी पता होगा कि राधा पर अक्सर हिसटेरियाका दौरा हुआ करता था। संयोगवश उसी समय उसका दौरा आया और बेचारा श्याम निष्पाप भावसे राधाको उठाकर पलंगपर डाल रहा था, जब कि खिड़कीकी राहसे तुमने उसे देखा। कैसी भयंकर भूल की तुमने ?"

रामशरन अब उफन कर उठती हुई भावनाओंका दमन न कर सका। जोर-जोरसे बच्चोंकी तरह रो उठा। बुढ़िया, उसे सान्त्वना देते हुए, सिर पर हाथ फेरने लगी और कपड़े उतार कर मुँह-हाथ धोनेका अनुरोध करने लगी।

ओवरकोट बदनसे निकालते वक्त एक चमकती हुई कठोर वस्तु फर्श पर आ गिरी।

"अरे, यह क्या तुम्हारा है बेटा ?" बुढ़ियाने चाकूको उठाते हुए पूछा—"देखो, ऐसी चीजे पासमें मत रखा करो। महात्मा गांधीके उपदेशपर चलो, अहिंसा धर्मका पालन करो और किसीकी हत्या करनेका कभी मन में भी विचार न लाओ। इसीमें तुम्हारा कल्याण है और इसीसे तुम्हारा भविष्य मंगलमय होगा।" (समाप्त)

## सार्वदेशिक सभाका उत्तर

श्रीसम्पादकजी, नमस्ते !

दिसम्बर १९४९ के "प्रवासी" में प्रकाशित श्री जोरावरसिंहजीके "ब्रिटिश पूर्व अफ्रिकामें वैदिक धर्म प्रचार" शीर्षक लेखकी ओर मेरा ध्यान आकृष्ट किया गया है। इस लेखमें सार्वदेशिक सभा पर अनेक असत्य आक्षेप किये गये हैं जिनका निराकरण भ्रम निवारणार्थ आवश्यक प्रतीत होता है। इस लेखके पढ़नेसे प्रतीत होता है कि लेखका उद्देश्य ब्रिटिश पूर्व अफ्रिकामें आर्यसमाजके कार्य पर प्रकाश डालना नहीं है जितना कन्या महाविद्यालय बड़ौदाका और अपना विज्ञापन देना। कन्या महाविद्यालय बड़ौदाकी कन्याओंकी प्रवास यात्राका वर्णन करते हुए श्री जोरावरसिंहजीने लिखा है कि 'स्थान स्थान पर नगरों और ग्रामोंमें कन्याओंके शस्त्रसंचालन, शारीरिक व्यायाम, कलात्मक संगीत तथा जोशीले भाषण हो रहे हैं जिससे भारतीय अफ्रिकन व यूरोपियन सभी भारतके प्रशंसक बन गये हैं। अभी तक आर्य कन्या महाविद्यालय बड़ोदा को चार लाखसे अधिक रुपया मिल चुका है। इत्यादि।' इस वर्णनमें 'नृत्य' का नाम छूट गया है जो अफ्रिकासे श्री आनन्द प्रियजी द्वारा मेरे पास प्रेषित Colonial Times नामक पत्रमें चित्रसहित वर्णित है। इस प्रकारके प्रदर्शनसे लाखों रु० एकत्रित हो जाना कुछ आश्चर्यजनक नहीं है किन्तु धनसंग्रहार्थ युवती अविवाहिता कन्याओं द्वारा ऐसे प्रदर्शन कराना कहाँ तक उचित है यह आर्यजन स्वयं विचार करें। मैं तो ऐसे प्रदर्शनोंको अत्यन्त आक्षेपयोग्य और अनुचित समझता हूँ और कन्या महाविद्यालयकी देखादेखी इस प्रवृत्तिके बढ़ जानेको आर्यसंस्कृति तथा सदाचार मर्यादाकी दृष्टिसे अत्यन्त हानिकारक समझता हूँ। किन्तु इस समय इसपर अधिक न लिखकर निम्न असत्य आक्षेपोंका जो सार्वदेशिक सभापर इस लेखमें किये गये हैं निराकरण करना मुझे आवश्यक प्रतीत होता है। मुझे आश्चर्य है कि आर्य पत्रोंके संचालक ऐसे लेखों को बिना जांच किये और ऐसी अशुद्ध बातोंका जनता पर जो परिणाम होगा उसका विचार बिना किये कैसे छाप देते हैं। श्री जोरावरसिंहजी लिखते हैं किः—

"सार्वदेशिक सभापर आश्चर्य है कि वह भी सर्वथा उदास है।....सेठ नरसीदासजी नीग्रो लोगोंमें प्रचारार्थ धनादिकी सारी सहायता अकेलेही देनेको तैयार थे।....जब वे सार्वदेशिक सभाके कार्यालय दिल्लीमें जाकर पहुंचे तो उन्हें यह देखकर बड़ीही निराशा व आश्चर्य हुआ कि वहांके कर्मचारी यह भी नहीं जानते कि नैरोबी कहां है। सार्वदेशिक सभाके कर्मचारियोंके अज्ञान व उदासीनतापर मुझे भी कम दुःख नहीं हुआ।" इत्यादि

जब श्री सेठ नरसीदासजी ८-६-४८ को सार्वदेशिक सभा कार्यालयमें पधारे थे तो मैं देहलीसे बाहर गया हुआ था। अतः मैंने सार्वदेशिक सभाके पुराने कर्मचारी और कार्यालयाध्यक्ष श्री रघुनाथ प्रसादजी आदिसे जांच कराई और फाइल देखी जिससे मुझे ज्ञात हुआ कि इस लेखमें किये गये आक्षेप सर्वथा असत्य और अशुद्ध हैं। नैरोबीवालोंके साथ सभाका पत्र व्यवहार निरन्तर रहता है। उनके पत्र प्रायः प्रति मास आते रहते हैं, सभाकी विज्ञप्तियां तथा अन्य सूचनाएं भी वहां भिजवाई जाती हैं। ऐसी अवस्थामें यह लिखना कि सभाके कर्मचारियोंको यह भी ज्ञात न था कि नैरोबी कहां है, कितना असत्य है। श्री सेठ नरसीदासजीके सभा कार्यालयमें आने और उनकी योजनाका वर्णन सभाकी विदेश प्रचार फाइल में ८-६-४८ का विद्यमान है। उसपर सभाके मान्य मन्त्री श्री पं० गङ्गाप्रसादजी उपाध्यायका नोट है कि 'यह कार्य बहुत आवश्यक और उपयोगी है। श्री कोषाध्यक्षजी कृपया लिखें कि क्या सभामें इस फण्डमें कुछ रुपया है, इत्यादि।' कोषाध्यक्षजी आदिसे परामर्शके पश्चात् श्री सेठ नरसीदासजीको १८-६-४८ को जो पत्र सर्वदेशिक सभाके मन्त्रीजीने भेजा वह अविकल रूपेण सूचनार्थ उद्धृत कर देना पर्याप्त है। इसपर किसी टिप्पणीकी आवश्यकता नहीं।

'श्रीमान् सेठजी नमस्ते! आप ८-६-४८ को सभाके कार्यालयमें पधारे थे और इस्ट आफ्रीकाके लिये एक योग्य उपदेशकके लिये आपने सभाको प्रेरणा की थी। हमारे पास इस समय एक अच्छे विद्वान संन्यासी विद्यमान हैं जो ईस्ट अफ्रिकामें जाकर आपकी इच्छानुसार काम कर

सकते हैं। उनकी अंग्रेजीकी योग्यता बहुत अच्छी है। वे डबल एम० ए० हैं। संन्यासी होनेके कारण वे सर्विसमें तो नहीं जा सकते; उनके आवश्यक व्ययका बोझ तो आपकोही सहना होगा। कृपया लिखें कि आप उपदेशक को अपने यहां कब बुलाना चाहते हैं ?

सभाके पास इस निधिमें कोई रुपया नहीं है। इसलिये उपदेशकके आने-जानेका किराया भी आपकोही देना होगा।"

खेद है इस पत्रका श्री सेठजीकी ओरसे कोई उत्तर सभा कार्यालयमें अब तक प्राप्त नहीं हुआ। क्या ऊपरके पत्रसे सार्वदेशिक सभाकी उदासीनता प्रकट होती है ?— अभी दक्षिण अफ्रिका आर्य प्रतिनिधि सभा नेटालके निमन्त्रणपर सभाके मान्य मन्त्री श्री पं० गङ्गाप्रसादजी उपाध्याय ८ दिसम्बरके जहाजसे बम्बईसे अफ्रिकाके लिये प्रस्थान कर चुके हैं।

मुझे आशा है कि भविष्यमें श्री जोरावरसिंहजी तथा अन्य महानुभाव सभापर इस प्रकारके असत्य आक्षेप लगा कर जनतामें भ्रम न फैलावेंगे। प्रचार कार्यके विस्तार विषयक निर्देशोंका सभा स्वागत करेगी।

धर्मदेव विद्यावाचस्पति

(सार्वदेशिक सभाके मंत्रीजीके इस प्रतिवादसे यह विदित होता है कि सभाके पास विदेश प्रचारके लिये कोई खास फण्ड नहीं है। इस बातसे हमारे आश्चर्यकी सीमा न रही क्योंकि मथुरामें दयानन्द शताब्दीके अवसरपर बन्धुवर बनारसीदास चतुर्वेदीके प्रयत्न एवं परिश्रमसे एक प्रस्ताव पास हुआ था जिसमें विदेश-प्रचारके लिए एक विशेष निधि स्थापित करने और विदेशोंमें आर्यसमाजकी प्रवृत्ति एवं प्रगतिका एक प्रमाणिक इतिहास प्रकाशित करनेका निर्देश था। इस प्रस्तावके अनुसार शताब्दी-महोत्सवपर अपील भी की गई थी और उसी समय साठ सत्तर हजार रुपया इस फण्ड में जमा हो गया था। वह रुपया कब, कहां और किस प्रकार खर्च हुआ, इसका विवरण आज तक आर्य जनताके सामने नहीं आया। आशा है कि मंत्रीजी इस आवश्यक विषयपर प्रकाश डालकर आर्य जनता का भ्रम निवारण करेंगे। जहाँ तक हमारा खयाल है, सार्वदेशिक सभाकी तरफसे विदेश-प्रचारके लिये अब तक कोई आयोजन नहीं हुआ है। यदि वह रुपया किसी दूसरे मदमें खर्च हो गया है तो उसका भी स्पष्टीकरण हो जाना चाहिये।

इस प्रस्तावके स्वीकृत होनेके बाद सभाने आर्यसमाजका इतिहास लिखनेका कार्य मुझे सौंपा था। मैंने बड़े परिश्रम से विभिन्न उपनिवेशोंके प्रवासी भाईयों को पत्र लिखकर इतिहासकी पूरी सामग्री एकत्र कर ली थी और आर्यसभाओं, आर्यसंस्थाओं और आर्य नेताओंके दर्जनों चित्र भी मँगा लिये थे। पर ज्योंही मैंने इतिहास-लेखनका कार्य आरम्भ करना चाहा त्योंही सभाका पत्र मेरे पास आ पहुंचा, जिसमें मुझे यह हिदायत की गई थी कि मैंने इतिहास-लेखनके लिये जो सामग्री एकत्र की है वह सब सभाके पास भेज दूँ और सभा स्वयंही इतिहास तैयार करावेगी। यदि मैं चाहता तो सभाकी आज्ञाकी उपेक्षा कर सकता था किन्तु मैंने सभाकी आज्ञा शिरोधार्यकर सारी सामग्रियों और चित्रोंको सभाके पास भेज दिया। इसपर अखबारोंमें कुछ लोगोंने सभाकी इस कार्यवाहीकी कड़ी आलोचना भी की थी। आखिर "विदेशोंमें आर्यसमाज" नामकी एक छोटीसी सचित्र पुस्तक प्रकाशित कर सभा अपनी जिम्मेदारीसे छुट्टी पा गई।

कुँवर जोरावर सिंहके लेखके प्रतिवादमें मंत्री जीने जो कुछ लिखा है उसपर हम कुछ कहना नहीं चाहते ! हाँ ! एक बात मंत्रीजीके प्रतिवादमें ऐसी भी है जिससे सभी लोग सहमत नहीं हो सकते और वह है कन्याओं या युवतियोंसे नृत्य कराना। जिस बातको मंत्रीजी इतना बुरी समझते हैं उसी "गरबा नृत्य" को गुजरातके निवासी अत्यन्त आदरकी दृष्टिसे देखते हैं। यहाँ तक कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे इस युगके सर्वोपरि महा पुरुष भी "गरबा नृत्य" को प्रायः देखा करते थे और प्रशंसा किया करते थे। ऋषि दयानंदने भी बालक और बालिकाओंकी पाठ विधिमें संगीत और नृत्यको भी स्थान दिया है। अतएव सभी नृत्यको बुरा कहना मेरी समझमें तो उचित नहीं है।

—सम्पादक)

# शोक सम्वाद

## स्वामी रामानन्दजी ।

बिहारके विख्यात आर्यनेता स्वामी रामानंदजी महाराज अपने जीवनका कार्यकाल समाप्तकर इस विश्वसे बिदा हो गये। स्वामीजीके निधनसे बिहारका एक सच्चा सपूत उठ गया। आजसे चालीस वर्ष पहले उनसे मेरा परिचय हुआ था। उस समय वे श्री रामनन्दन शाहके नाम से प्रसिद्ध थे और आरा जिलामें रघुनाथपुरके नामी जमींदार थे। अपने जीवनके प्रथम चरणमें वे भी अन्य अमीरों की भांति वेश्याओंको नचाते और आमोद-प्रमोदमें समय गंवानेमेंही मशगूल रहा करते थे लेकिन ज्योंही उनको आर्यसमाजकी हवा लगी त्योंही उनके जीवनकी गति पलट गई। वे सच्चे साधु बन गये। दोनों वेला सन्ध्या हवन करना और ईश्वरकी भक्ति तथा देश सेवामें अपना अधिक से अधिक समय लगाना उनका नित्यकर्म बन गया। जो पैसे पहले वेश्याओंके नाच-रङ्गमें उड़ते थे वे आर्यसमाजके उपदेशकों और भजनीकोंको बुलाकर जगह-जगह प्रचार करानेमें खर्च होने लगे। उन्हीं दिनों मैंने भी आर्यसमाजमें प्रवेश किया था और एक ही जिलेके होनेके कारण उनसे मेरा घनिष्ठ सम्बन्ध हो गया। मैंने एक ट्रेक्ट लिखा था जिसमें कुछ चौपाई, दोहे, कुण्डलियाँ और कविताएँ थी। इन तुकबन्दियोंको मैंने शाहजीको समर्पित कर दिया था और उन्होंने इसको छोटे आकारमें "आर्य भजन प्रकाश" के नाम से पुस्तकाकार छपवा डाला। मेरे जीवनमें मेरी वह पहली कृति थी जो पुस्तकके रूपमें प्रकाशित हुई और उसका श्रेय शाहजीको ही है। उससे मुझे साहित्य क्षेत्रमें आगे बढ़नेकी बड़ी प्रेरणा मिली।

जमींदार होनेके कारण उनके दुश्मनोंकी कमी न थी। इसलिये कुछ लोगोंने उनको एक खूनके मामलेमें फँसा दिया था। कई महीनोंतक उनको हवालातमें रहना पड़ा था। सेशन कोर्टमें मामला चला। पर अन्तमें वे निर्दोष सिद्ध हुए। तभीसे गृहस्थाश्रमसे वे उदास हो गये और उससे पिंड छुड़ा लेनाही उनको उचित जँचा। अन्ततः उन्होंने अपनी जमींदारीका कारबार अपने पुत्रको सौंपकर संन्यास ग्रहण कर लिया और अपना शेष जीवन आर्य समाजकी सेवामें उत्सर्ग कर दिया। वे बड़े सदाचारी और सत्यवादी थे। यद्यपि उनकी वाणी बलवती नहीं थी तो भी उनके आचरणका असर दूसरोंपर पड़े बिना नहीं रहता था।

बिहारके आर्यनेता, साहित्य सेवी और गुरुकुल वैद्यनाथ धामके मुख्याधिष्ठाता श्री महादेव शरणजीने स्वामी रामानन्दजीका एक जीवन चरित्र भी लिखा है जो स्वामीजी के कई चित्रोंके साथ प्रकाशित भी हो चुका है। उसमें स्वामीजीके जीवनकी गति विधिका पूरा परिचय मिल जाता है। सन् १९४८ के मार्चमें जब मैं पटना गया था तो वहां डाक्टर दुखन रामके गृहपर कई बार स्वामीजीके दर्शन हुए थे, वे स्वामी अभेदानन्दजी महाराजके साथ अक्सर मिलने के लिये आया करते थे। उनको देखकर मेरे हृदयमें उस युगकी स्मृति जाग उठती थी जबकि आर्य समाजही देशकी सर्वश्रेष्ठ और शक्तिशाली संस्था थी। उस जमानेमें आर्यों परस्पर ऐसा प्रेम था कि एक दूसरेको अपने सगे भाईसे भी बढ़कर माना करते थे। आर्यसमाजी और सत्यवादी दोनों पर्यायवाची शब्द बन गये थे। हाकिम आर्यसमाजी की बातपर विश्वास कर मुकद्दमेका फैसला किया करते थे। आर्यसमाजीके छोटे छोटे बच्चे भी जब बाजारमें जाते तो मुसलमान तथा अन्य वर्गके लोग उनको घेरकर बहस छेड़ देते क्योंकि सभीका खयाल था कि आर्यसमाजीका बच्चा भी शास्त्रार्थ करनेमें दूसरोंका कान काट सकता है। उस युगसे जब आर्यसमाजकी वर्तमान दशाकी तुलना करते हैं तो व्यथा और ग्लानिसे हृदय भर आता है।

स्वामी रामानन्दजीसे उन दिनों मेरी बड़ी घनिष्ठता थी। मैं अकसर रघुनाथपुर जाया करता था और वहां स्वामीजीके मकान पर ठहरकर प्रचार किया करता था। जब ब्रह्मपुरमें मेला लगता तो वहाँ भी स्वामीजीकी कृपासे हम सब जुटकर वैदिक धर्मका डंका बजाया करते। स्वामीजी ने आर्यसमाजकी जो कुछ सेवा की है उसका यहां सम्यक् रूपसे वर्णन करना दुस्तर है। उन्होंने अपनी गाँठसे हजारों रुपये प्रचार कार्यमें लगाये थे और अपना शरीर तो उन्होंने आर्यसमाजकोही निछावर कर दिया था। वे कुछ वर्षोंतक गुरुकुल वैद्यनाथ धामके मुख्याधिष्ठाता भी रह चुके थे। उनके उठ जानेसे बिहारकी और विशेषतः वहाके आर्य

समाजकी वर्णनातीत क्षति हुई है। प्रवासी भारतीयोंके लिये भी स्वामीजीके दिलमें बड़ी हमदर्दी थी। वे अक्सर मुझसे उनकी चर्चा किया करते थे और उनके सम्बन्धमें अधिकसे अधिक जानकारी हासिल करनेकी कोशिश। उनकी दुःखभरी गाथा सुनकर वे आहें भरते और कहा करते कि जबतक भारत स्वतंत्र न हो जायगा तब तक प्रवासी बन्धुओंके संकट मोचनका और कोई उपाय दृष्टिगोचर नहीं होता है। पर आज भारतके आजाद हो जाने पर भी प्रवासी भारतीयोंकी जो दुर्गति हो रही है उसको देखकर स्वामीजीके हृदयमें कैसे कैसे भाव उठते होंगे, यह कहना कठिनही है। महा प्रभुसे मेरी विनम्र प्रार्थना है कि उनकी दिवंगत आत्माको अनन्त शान्ति देवें।

# भारतीय जनतंत्रके प्रथम प्रेसिडेंट और प्रवासी भारतीय

शतियोंकी गुलामीके बाद गत २६ जनवरीको भारत पूर्णरूपसे स्वतन्त्र हो गया। उस दिन संसारकी सभी दिशाएँ इस आवाजसे गूँज उठीं कि भारत आज सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक-जनराज्य बन गया और ब्रिटिश ताजको उसने अन्तिम नमस्ते कर दिया। ऐसे तो भारत सन् १९४७ के पन्द्रहवें अगस्तको ही स्वतंत्र हो गया था पर वह स्वतंत्रता ब्रिटिश अधिराज्य (Dominion) के रूपमें सीमित थी। भारतके गवर्नर जनरल, राज-मंत्रियों और राजदूतों आदि उच्चाधिकारियोंकी नियुक्ति ब्रिटिश सम्राटकी स्वीकृतिसेही होती थी पर अब भारतकी स्थिति बिलकुल बदल गई है। अब ग्रेट ब्रिटेनके साथ भारतका कोई सम्बन्ध नहीं रहा। ब्रिटिश सम्राटके स्थान पर अमेरिकाकी भांति भारतने भी अपना प्रेसिडेंट चुन लिया जो जनराज्यका सर्वोपरि सत्ताधारी होगा।

राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसादजी
President Dr. Rajendra Prasad

यह हर्ष और संतोषकी बात है कि डाक्टर राजेन्द्र प्रसादको भारतका पहला प्रेसिडेंट चुना गया। यह चुनाव भारतीय जनताकी आकांक्षाकी पूर्त्ति एवं लोकमतकी शान्दार विजय है। कुछ लोग जनताकी इच्छाके प्रतिकूल किसी विशिष्ट व्यक्तिको प्रेसिडेंट बनानेको उत्सुक थे पर वे ऐन मौकेपर संभल गये, यह उनकी राजनैतिक बुद्धिमत्ता का ही द्योतक है अन्यथा जनतामें ऐसा असंतोष फैलता जिसकी कल्पनासेही हृदय प्रकंपित हो उठता है। श्री राजेन्द्रबाबू एक अद्वितीय महापुरुष हैं, भारत तो क्या संसारमें भी उनके जोड़का नर-रत्न मिलना दुर्लभ है। उनको राष्ट्रपति बनाकर भारतीय राष्ट्र स्वयंही गौरवान्वित हुआ है।

राष्ट्रपति राजेन्द्रबाबूसे हमारा गत तीस वर्षका पुराना परिचय है और उनके सेनापतित्वमें भारतीय स्वाधीनताकी लड़ाईमें हम एक सिपाहीकी हैसियतसे काम भी कर चुके हैं। सन् १९३० में जब हजारीबाग जेलमें मैं ढाई बरस की सजा काट रहा था ठीक उसी समय राजेन्द्र बाबूको भी कैदी बनाकर लाया गया और उसी कमरेमें टिकाया गया जिसमें मैं पहलेसे ही टिका हुआ था। लगभग छः मास तक मुझे रात दिन राजेन्द्र बाबूके सहवासमें रहनेका सौभाग्य प्राप्त हो गया और मैं उनको अत्यन्त निकटसे देख पाया। अतएव मैं अपने व्यक्तिगत अनुभवसे कह सकता हूँ कि बापूके बाद राजेन्द्र बाबूही भारतके

सर्वश्रेष्ठ महापुरुष हैं। उसी समय मुझे यह भी मालूम हुआ कि राजेन्द्र बाबूके हृदयमें अपने दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंके लिये कितनी वेदना और सहानुभूति है। राष्ट्रपति राजेन्द्र बाबूके विषयमें "प्रवासीकी आत्मकथा" में हमने जो कुछ लिखा है उसीकी यहां पुनरावृत्ति करना अनावश्यक है। जब जब प्रवासी भारतीयोंपर विपत्तियाँ आई हैं, राजेन्द्र बाबूने उनके प्रति सहानुभूति प्रकट कर

भारतीय जनतंत्रके प्रथम राष्ट्रपति (डा० राजेन्द्र प्रसाद) प्रवासी-भवनमें स्वामी भवानी दयालके साथ, भारतके स्वाधीन होनेके बाद १७ अगस्त १९४७ को अजमेर पधारनेके अवसर पर। उस समय वे भारतीय संविधान परिषद और भारतीय राष्ट्रिय कॉंग्रेसके सभापति और राष्ट्रिय सरकारके कृषि मंत्री थे।

The first President of Indian Republic (Dr. Rajendra Prasad) with Swami Bhawani Dayal at Pravasi-Bhawan during his visit to Ajmer, a day after the attainment of India's Independence (17th August 1947), when he was the President of the Indian Constituent Assembly and the Indian National Congress and the Minister of Agriculture in the National Government of India.

अपनी सहृदयताका परिचय दिया है। मुझपर तो उनकी सदा कृपादृष्टि रही है।

यहां हालकी एक घटनाका उल्लेख कर देना ही पर्याप्त होगा। सन १९४७ में पन्द्रह अगस्तको जब भारत स्वतंत्र हुआ तो उसके तीसरे दिन सत्रह अगस्तको डा० राजेन्द्रप्रसादजी अजमेर पधारे। स्वाधीनता दिवसके उपलक्ष्यमें आयोजित कई उत्सवोंमें भाग लेने और भाषण देनेके कारण मेरी तबियत बहुत खराब हो गई थी और दूसरे दिन तेज बुखार भी हो आया था। शरीर इतना कमजोर हो गया था कि मुझमें खाटसे उठनेकी भी शक्ति नहीं रह गई थी। इसलिये १७ अगस्तको राजेन्द्र बाबूके स्वागत समारोहमें मैं सम्मलित नहीं हो सका और पं० कन्हैयालाल आर्य द्वारा अपनी बीमारीकी सूचना राजेन्द्र बाबूको दे दी। इस खबरसे राजेन्द्र बाबूका दयालु हृदय द्रवित हो उठा और उन्होंने पं० हरिभाऊ उपाध्यायसे एक चिट लिखवा कर भिजवा दिया कि शामको चार बजे वे स्वयं मुझे देखनेके लिये प्रवासी-भवन आवेंगे।

इधर इस खबरसे आदर्शनगर निवासी हर्षोल्लाससे ओतप्रोत हो उठे और उधर स्थानीय कॉंग्रेसके कुछ स्वयंभू नेताओंके सिरपर मानो बज्र फाट पड़ा। असल बात यह थी कि आदर्शनगर निवासियोंने उन कॉंग्रेसी नेताओंके दरबारमें एक अर्जी दी थी कि राजेन्द्र बाबूको केवल दस पन्द्रह मिनिटके लिये आदर्शनगर आनेकी स्वीकृति दी जावे, यहाँके निवासी अपने पूज्य नेताको मानपत्र देकर उनके चरणोंपर अपनी श्रद्धांजलि चढ़ाना चाहते हैं, पर उन्होंने दरखास्तको नामंजूर करके सूखा जबाब दे दिया था कि राजेन्द्र बाबूको आदर्शनगर जानेकी फुर्सत नहीं है। इसलिये राजेन्द्र बाबूने जब स्वयं यहाँ आनेकी इच्छा प्रकट की तब वे बड़े असमंजसमें पड़े और किसी न किसी प्रकार आदर्शनगरकी यात्रा रद्द कराने पर तुल गये। उन दिनों राजेन्द्र बाबू भारत सरकारके कृषि-मंत्री थे, इसलिये प्रवासी-भवनके सामने पुलिसका एक बड़ा दल आ जुटा और रास्तेमें जगह-जगह पुलिसका पहरा बैठ गया। आदर्शनगरके नर-नारी और बच्चे अपने पूज्य नेताके दर्शनके लिये प्रवासी-भवनमें एकत्र हो गये। उधर हमारे कॉंग्रेसी नेताओंने राजेन्द्र बाबूके सामने एकके बाद दूसरा डेपुटेशन पेश करना शुरु कर दिया और इस प्रकार छः बजा दिये। उन्होंने सोचा कि चलो काम बन गया क्योंकि ब्यावरमें सार्व-

जनिक सभाका समय हो गया था। इससे आध घन्टा पहलेही उन्होंने पुलिसको सूचना दे दी कि राजेन्द्र बाबू आदर्शनगर नहीं जायँगे और शहरसे सीधे ब्यावरके लिये प्रस्थान कर देंगे। इसलिये पुलिस भी साढ़े-पांच बजे हमें निराशजनक खबर देकर प्रवासी-भवनसे रवाना ही गई और ब्यावर रोड पर उसका पहरा पड़ गया। उस समय आदर्शनगर निवासियोंको जो संताप हुआ उसको अभिव्यक्त करनेकी शक्ति शब्दोंमें कहाँ?

निदान राजेन्द्र बाबूसे यह कहा गया कि ब्यावरकी सार्वजनिक सभाका समय हो चुका और वहाँ पहुंचनेमें करीब घंटा भर लग जायगा। अतएव अब आदर्शनगर जानेका विचार तो त्यागही देना चाहिये अन्यथा ब्यावर पहुँचनेमें बहुत देर हो जायगी। पर राजेन्द्रबाबूको अपने वचन और प्रणसे डिगा देना आसान काम नहीं है, यह बात हमारे मेहरवान मित्रोंको शायद मालूम न थी। राजेन्द्रबाबूने स्पष्ट कह दिया कि हम यहाँसे पहले आदर्शनगर चलेंगे और स्वामीजीको देखकरही ब्यावरके लिये रवाना होंगे। यदि ब्यावर पहुँचनेमें देर होगी तो दस-पन्द्रह मिनटकी और देर सही। अब किसका साहस कि और कुछ कहे। इधर मैं भी निराश होकर स्नानागारमें गया, गर्म पानीसे स्नानकर सो जानेके विचारसे। कपड़े उतारकर ज्योंही सिरपर पानी डालना चाहता था त्योंही एक लड़का दौड़ा हुआ आया और खबर दी कि राजेन्द्र बाबू आ गये। मैं उसी हालतमें स्नानागारसे निकल आया और तेज चालसे जब प्रवासी-भवनके मुख्य द्वार पर पहुँचा तो देखा कि हमारे हृदय-सम्राट प्रवासी-भवनके अहातेके अंदर प्रवेश कर चुके हैं। मैंने दौड़ कर उनका अभिवादन किया और फिर प्रवासी-भवनके पुस्तकालयमें बाबूको ला बैठाया। लगभग पन्द्रह मिनट तक उनसे भिन्न-भिन्न विषयोंपर बहुत कुछ चर्चा हुई पर उनमें मुख्य बात थी "प्रवासी-की-आत्मकथा" की भूमिका।

मेरी आत्मकथा "प्रवासीकी आत्मकथा" के नामसे दिल्लीमें छप चुकी थी और वह राजेन्द्रबाबूकी भूमिकाकी प्रतीक्षामें अप्रकाशित पड़ी थी। मैंने जब उसकी ओर उनका ध्यान खींचा तो उन्होंने बतलाया कि उसके कुछ अंश वे पढ़ चुके हैं पर शेष पुस्तक पढ़नेके लिये उनको अवकाशही नहीं मिल रहा है, इसीसे भूमिका लिखनेमें देर हो रही है। मैंने उनसे निवेदन किया कि संविधान परिषद्के सभापतित्व, भारत सरकारके कृषि-मंत्रित्व तथा अन्य अनेक कार्योंमें व्यस्त रहनेके कारण मेरी तुच्छ रचना को पढ़नेके लिये उनको समय मिलही कहाँ सकता है। इसलिये मैं तो यही आग्रह करूँगा कि इधर-उधरके पन्ने पलटकर देख लेनाही पर्याप्त होगा। पर उनको मेरा प्रस्ताव पसंद न आया और उन्होंने यह कह कर इस विषयका अन्त ला दिया कि वे सम्पूर्ण पुस्तक पढ़करही भूमिका लिखेंगे। मैं इसका जबाब तो क्या देता। सोचा कि वर्तमान स्थितिमें न तो बाबूको समयही मिलेगा, न भूमिका ही लिखी जायगी और न पुस्तकही प्रकाशित हो सकेगी पर मेरी यह धारणा भ्रमात्मक निकली। दूसरेही महीनेमें बाबू बीमार होकर दिल्लीसे पिलानी गये और वहाँ उन्होंने सारी पुस्तक पढ़कर भूमिका लिख डाली। उनके सेक्रेटरी श्री चक्रधर शरणने भूमिकाकी एक प्रति प्रकाशकके पास भेज दी और दूसरी प्रति मेरे पास भेजते हुए यह सूचना दी कि बाबूने सारी पुस्तक पढ़करही भूमिका लिखी है। मेरे आश्चर्यकी सीमा नहीं रही कि राजेन्द्रबाबूने, अनेक महत्वपूर्ण राष्ट्रिय कार्योंमें व्यस्त होते हुए भी, मेरी नीरस, शुष्क और तुच्छ आत्मकथाको आद्योपान्त पढ़ जानेका समय कैसे निकाल लिया? उन्होंने सारी पुस्तकका निचोड़ केवल एकही पृष्ठमें दे दिया और साथही अपना अभिमत भी। एक पृष्ठके भूमिकासेही यह पता चल जाता है कि ६५० पृष्ठोंकी पुस्तकमें है क्या?

कहनेका तात्पर्य यह है कि राजेन्द्र बाबू जनताके आदमी हैं। वे जनताके सम्पर्कसे कभी अलग नहीं हुए। ज्यों-ज्यों वे ऊँचे चढ़ते गये त्यों-त्यों जनताके और भी निकट आते गये। साधारणसे साधारण व्यक्ति भी उनके पास पहुँचकर अपनी गाथा सुना सकता है। जहाँ हमारे अन्य नेता राजपदपर पहुँचकर जनतासे बहुत दूर हो गये हैं, यहाँ तककी स्वाधीनताके युद्धमें जो उनके सहकर्मी रह चुके हैं उनको भी अब कहीं तेरह डेवढ़ी लांघ कर मंत्रियों से मिलनेका सौभाग्य प्राप्त हो सकता है। सन १९४८ के मार्चमें जब मैं अंतिमबार दिल्ली गया था तो पंडित जवाहर लाल नेहरूसे न मिल सका। डाक्टर लंकासुन्दरमने जब समय निश्चित करनेके लिये फोन किया तो एक सेक्रेटरीने दूसरे सेक्रेटरीसे बातचीत करनेकी सलाह दी। इस प्रकार कई सेक्रेटरियोंसे बातचीत की गई पर फल कुछ न निकला। मुझे इतना रंज हुआ कि मैंने डाक्टर लंकासुन्दरमको इन

सेक्रेटरियोंके झमेलेसे अलग हो जानेकी प्रेरणा की और नेहरूजीसे मिलकर दक्षिण अफ्रिकाकी विकट परिस्थितिपर बातचीत करनेका विचारही छोड़ दिया। पर राष्ट्रपति राजेन्द्रप्रसादसे मिलनेमें मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। मैं बिना सूचना दियेही उनके दरवाजे पर जा पहुँचा। दरवाजेके पुलिस गार्डको मुझे फौरन अन्दर आने देनेके लिये हुक्म मिल गया। उस समय राजेन्द्रबाबू दमा और बुखारसे बहुत बेहाल थे, फिर भी उन्होंने मुझसे फौरन मुलाकात की और उस कमजोरीके हालतमें भी बहुत देर तक मुझसे बातचीत करते रहे। राजेन्द्रबाबूमें यही तो विशेषता है कि वे अपने क्षुद्रसे क्षुद्र कार्यकर्ताकी भी उपेक्षा नहीं करते और उसके सुख-दुःख और हर्ष विषाद में शरीक होकर अपनी सहृदयताका परिचय देते रहते हैं। इसीसे वे जनताके हृदय-सम्राट बन गये हैं। जब-जब काँग्रेसपर संकट आया है तब-तब राजेन्द्रबाबूकोही उसको संभालनेके लिये अग्रसर होना पड़ा है। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और आचार्य कृपलानीके कांग्रेसके सभापतित्वसे इस्तीफा देनेपर बापू तथा अन्य नेताओंकी दृष्टिमें कांग्रेसकी बागडोर राजेन्द्रबाबूको थमाना ही उपयुक्त जँचा था। एक बार बिहारके त्यागी और तपस्वी नेता स्वर्गीय मज़रूल हक़ साहेबने एक पत्रकारसे पूछा कि क्या तुम बता सकते हो कि भारत क्यों स्वराज्यके योग्य है? पत्रकार महोदयने भारतकी योग्यता प्रमाणित करनेके लिये अनेक तरहकी दलीलें दी पर हक़ साहबको संतोष नहीं हुआ। जब पत्रकारने उलटकर यही प्रश्न उनसे कर डाला तो हक़ साहेब ने फरमाया कि भारत स्वराज्यके योग्य इसलिये है कि उसने राजेन्द्रप्रसादके जैसे नररत्नको जन्माया है। जब राजेन्द्र बाबू मेट्रिककी परीक्षामें प्रांत भरमें सबसे अधिक अंकसे सर्वप्रथम आये थे तो उस समय बिहारके वयोवृद्ध नेता डाक्टर सच्चिदानन्द सिंहने बाबूको आशीर्वाद देते हुए अपने "हिंदुस्थान रिव्यू" में लिखा था कि यह युवक ऐसा प्रतिभाशाली होगा कि यदि यह चाहेगा तो भारतमें कोई भी ऐसा ऊँच पद, जो भारतीयोंको प्राप्त हो सकता है, यह अवश्य प्राप्त कर लेगा। उस समय सिंहजी ने ब्रिटिश राज्यको लक्ष्यमें रखकर यह भविष्यवाणी की थी और उनका मतलब था कि हाईकोर्टकी जजी या वायसरायकी कार्य-समितिकी सदस्यता प्राप्त करनेमें बाबूको कोई कठिनाई न होगी। उस समय भारतीय जनतन्त्र और उसके प्रेसिडेंटकी कल्पना भी असम्भव थी। सरकार ने तो इस शतीके तीसरी दशाब्दीके आरम्भमेंही राजेन्द्र बाबूको पटना हाईकोर्टका जज बना कर उनको देशसे छीन लेनेकी कोशिश की थी पर उसकी मनोकामना पूरी न हुई। राजेन्द्रबाबूने जजके आसनको दूरसे ही नमस्ते कर दिया और उसकी जगह मातृभूमिकी स्वाधीनताके लिये जेलकी यातनाएँ भोगना अधिक पसंद किया।

सन १९४९ के मार्च महीनेमेंही मैं असाध्य रूपसे बीमार पड़ा और उसी समय मुझे यह भान हुआ कि मेरा कार्यकाल समाप्त हो चुका और बीमारीके रूपमें मेरी महायात्राकी यह अग्रीम सूचना है। उसी समयसे मेरे कुछ मित्र अखबारोंमें समय समयपर मेरी बीमारीकी खबर छपवाना चाहते थे और मेरे सहकर्मी पंडित कन्हैयालाल आर्यने तो अखबारोंमें भेजनेके लिये एक विज्ञप्ति तैयार भी कर डाली थी पर जब मुझे यह बात मालूम हुई तो मैंने उनकी विज्ञप्तिको फड़वा डाला और उनको सख्त हिदायत कर दी कि वे मेरे जैसे तुच्छ व्यक्तिकी बीमारीकी खबर अखबारोंमें छपवानेकी भूल कदापि न करें। केवल "प्रवासी" में मैंने बीमारीकी खबर छापनेसे नहीं रोका, क्योंकि एक तो "प्रवासी" के पाठकोंको मेरी बीमारीका समाचार मिल जाना आवश्यक था और दूसरी बात यह कि मित्रों और शुभचिंतकोंने पत्र लिखकर मेरी बीमारीका समाचार पूछना आरंभ कर दिया। उन सबको अलग अलग विस्तार पूर्वक उत्तर देना प्रवासी कार्यालयके लिये कठिन हो गया इस लिये "प्रवासी" में प्रतिमास मेरी बीमारीकी सूचना प्रकाशित कर देना उचित जँचा। पर राजेन्द्रबाबू जैसे कार्यव्यस्त महाभागको "प्रवासी" में मेरी बीमारीकी खबर पढ़नेका अवकाश कहाँ? अतएव आर्य साहित्य मण्डलके मैनेजिङ्ग डायरेक्टर बंधुवर मथुराप्रसाद शिवहरेने मुझसे अनुरोध किया कि चूंकि राजेन्द्र बाबू मुझसे बहुत स्नेह रखते हैं अतएव उनको कमसे कम पत्र लिखकर मेरी बीमारीकी खबर अवश्य दे दी जानी चाहिये पर मैंने उनके इस प्रस्तावका प्रबल प्रतिवाद करते हुए कहा कि देशके महत्वपूर्ण कार्योंमें व्यस्त महाभागको ऐसी तुच्छ बातोंकी खबर देकर उनके समयको नष्ट करना नैतिक दृष्टिसे बहुत बड़ा अपराध है पर शिवहरेजी न माने और उन्होंने मेरी सम्मतिकी उपेक्षाकर बाबूको पत्र द्वारा मेरी बीमारीकी खबर देही डाली। दिल्लीसे बाबू कातार फौरन

शिवहरेजीके पास पहुँचा जिसमें उन्होंने परमेश्वरसे प्रार्थना करते हुए यह आशा प्रकट की थी कि मेरा स्वास्थ्य शीघ्र ही सुधर जायेगा। हमारे राष्ट्रपतिमें यही तो सबसे बड़ी विशेषता है कि वे क्षुद्र जन-सेवककी भी उपेक्षा नहीं करते।

गत २४ जनवरीको वे संविधान परिषदमें सर्वानुमतसे प्रजातंत्रके प्रथम राष्ट्रपति चुने गये। उस दिन प्रवासी भारतीयों और अपनी ओरसे एक तार देकर मैंने राष्ट्रपतिका अभिनन्दन और अभिवादन किया। इस प्रकार के तारोंका उत्तर प्रायः राष्ट्रपतिके सेक्रेटरी दे दिया करते हैं परन्तु यह मैं अपना परम सौभाग्य समझता हूँ कि राष्ट्रपतिने मेरे तारका उत्तर स्वयं देकर मुझे अनुगृहीत किया। उन्होंने जो पत्र लिखा है उसका प्रत्येक शब्द उनकी सहृदयताका परिचायक है। उस पत्रको यहाँ मैं उद्धृत करता हूँ:—

गवर्नमेन्ट हाउस, नई दिल्ली। ३१-१-५०.

प्रिय श्री स्वामी भवानी दयालजी, प्रणाम! मेरे भारतीय लोकतंत्रात्मक गणराज्यके राष्ट्रपति चुने जाने के अवसरपर आपका भेजा शुभकामनाका तार मिला। इसके लिये अनेक धन्यवाद।

आपकी बीमारीके समाचारसे चिन्ता हुई। उम्मीद है ईश्वरकी कृपासे आपके स्वास्थ्यमें सुधार होता जायगा। आपका—राजेन्द्र प्रसाद।

आज सारा देश राजेन्द्र बाबूको भारतीय प्रजातंत्र के प्रथम प्रेसिडेंटके रूपमें पाकर हर्षसे गद्‌गद हो उठा है। जनता अपने हृदय-सम्राटको आज सचमुच सम्राटके सिंहासनपर विराजमान देखकर अपनी चिराभिलाषाकी पूर्त्तिके लिये ईश्वरकी अंतरतमसे धन्यवाद दे रही है। राजेन्द्रबाबू शतायु हों, उनके द्वारा प्रजातन्त्र भारतकी मान-मर्यादामें उत्तरोत्तर अभिवृद्धि होती रहे, यही जनता की शुभकामना और अंतर्भावना है।

## पाकिस्थानका विश्वासघात।

संयुक्त राष्ट्र संघकी पिछली बैठकमें जब भारत सरकारकी अनुमतिसे श्रीमती विजय लक्ष्मी पंडितने दक्षिण अफ्रिकाके झगड़ेमें पाकिस्तानको भी एक फरीक बनाया था उसी समय स्वामी भवानी दयाल और डाक्टर लङ्कासुन्दरम् ने भारत सरकारकी इस पॉलिसीका प्रचंड विरोध करते हुए यह भविष्यवाणी भी कर दी थी कि भारतको एक दिन इसका बड़ा कटु फल चखना पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान का रवैया ऐसा है कि वह विश्वासघात किये विना मानेगा नहीं। उन्होंने अपने इस बातकी पुष्टिमें यह भी प्रकट किया था कि दक्षिण अफ्रिकामें पाकिस्तानियोंकी तादाद उँगलियोंपर गिनी जा सकती है। वहाँ दो तीन दर्जनसे अधिक सिंधी नहीं हैं, और जो हैं भी, वे सब हिंदू हैं और उनके परिवार सिंधसे भागकर भारतमें आ बसे हैं। पंजाबी और पठानोंकी संख्या पांच सौ से अधिक नहीं है। दक्षिण अफ्रिकाके साठ हजार मुसलमानोंमें एक हजारसे अधिक पाकिस्थानी नहीं हैं। वहाँके सारे मुसलमान गुजरात और काठियावाड़के निवासी हैं और उनका सम्बंध स्वदेशसे बना हुआ है। उनका घरबार, परिवार और रिश्तेदार सभी भारतमें हैं और इस लिये वे भारतका प्रजा हैं। इस स्थितिमें पाकिस्थानको दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें फरीक बना लेना तुष्टिकरण नीतिके सिवा और क्या कहा जा सकता है। उस समय डरबनके मुसलिम पत्र "इन्डियन व्यूज" ने अपने दो अंकोंमें एक विस्तृत अग्रलेख प्रकाशित कर स्वामी भवानी दयाल और डाक्टर लङ्कासुन्दरम् पर गालियोंकी बेतरह बौछार की थी, अंग्रेजीके शब्दकोषमें ऐसा कोई भी अपशब्द न बचने पाया था जिसका प्रयोग इस लेखमें नहीं किया गया था। इस अखबारकी दलील यह थी कि दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंके मामले में पाकिस्थान बराबर भारतके सुरमें सुर मिला रहा है और उसने साफ तौरसे ऐलान भी कर दिया है कि हम लोगोंके आपसमें चाहे कितना ही और कैसा ही मतभेद क्यों न हो पर दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें दोनों मुल्क एक मत हैं। इस हालतमें पाकिस्थानकी नीयतपर शक करना उसके साथ घोर अन्याय है। पाकिस्थान किसी न किसी दिन इस मामलेमें विश्वासघात करेगा यह "दयाल और सुन्दरम्" के शरारती दिमागकीही उपज है। उस समय "इन्डियन व्यूज" के अनर्गल आक्षेपोंकी उपेक्षा करनाही उचित समझा गया था। पर आज असलमें हुआ क्या?

आज पाकिस्थानने भारतके पीठमें छुरा भोंक दिया। जब यूनियन सरकारने सन् १९४६ में "घेटो कानून" पास किया था उसी समय भारतके ब्रिटिश सरकारने दक्षिण अफ्रिकासे व्यापार-सम्बन्ध विच्छेद कर लिया था। स्वतंत्र भारतकी राष्ट्रिय सरकार भी ब्रिटिश सरकारकी नीतिपर अटल रही और उसने भी तब तक दक्षिण अफ्रिकासे व्यापार सम्बन्ध बनाये रखना उचित नहीं समझा जब तक कि वहांकी सरकारकी नीति और प्रवृत्तिमें कोई परिवर्तन न दिखाई पड़े। पाकिस्थान भी इस नीतिका समर्थन करता आ रहा था लेकिन अचानक उस दिन भारत सरकारको उसने सूचना दे दी कि ६ फरवरीको जिस दिन केपटाउन में भारत, दक्षिण अफ्रिका और पाकिस्थानके प्रतिनिधियों की कान्फ्रेन्स शुरु होगा उसी दिन पाकिस्थान दक्षिण आफ्रिकाके साथ व्यापार सम्बन्ध शुरु कर देगा और जो संयुक्त भारतकी तरफसे सन १९४६ में दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध व्यापार प्रतिबंध लगाया गया था उसको रद्द कर देगा। इस खबरसे भारत सरकारके अफसोस और आश्चर्यका ठिकाना न रहा और उसने पत्र लिखकर पाकिस्थानसे अनुरोध भी किया कि इस मौके पर उसकी इस कार्यवाही से प्रवासियोंको हानिके सिवा कोई लाभ न होगा लेकिन पाकिस्थान टससे मस न हुआ और उसने साफ जबाब दे दिया कि हम अपने इरादेको ६ फरवरीके दिन अवश्य अमलमें लावेंगे।

गत ६ फरवरीको केपटाउनमें तीनों देशके प्रतिनिधियोंकी कान्फ्रेंस बैठी और उसी दिन पाकिस्थानने दक्षिण अफ्रिकासे व्यापार सम्बंध स्थापित कर लिया। वास्तवमें पाकिस्थानको प्रवासी भारतीयोंसे वास्ता ही क्या है—वह तो अपने स्वार्थ साधनमें लगा हुआ है। भारतको दुनियामें बदनाम करना और हर तरहसे उसको नुकसान पहुंचानाही पाकिस्थानका मजहब बन गया है। इधर जब से भारतने पाकिस्थानको कोयला देना बंद कर दिया है तभी से उसकी छाती जल रही थी। चूंकि दक्षिण अफ्रिकामें काफी कोयला निकलता है और वह पाकिस्थानकी सारी आवश्यकताओंको पूरा कर सकता है और इधर पाकिस्थान के पास जूट है जिसकी दक्षिण अफ्रिकाको इस समय सबसे अधिक आवश्यकता है। बोरियां न मिलनेसेही दक्षिण अफ्रिकाको भारतका व्यापार-विच्छेद अखर रहा था और उसकी बड़ी हानि हो रही थी सो अब पाकिस्थानकी कृपासे उसका यह संकट कट जायगा। इस प्रकार दोनों देशोंने अपने अपने स्वार्थका साधन ढूँढ निकाला। उस दिन हमारे प्रधान मंत्री पं० नेहरूने बड़े जोश और रोषके साथ कहा था कि चाहे परिणाम कुछ भी क्यों न हो पर भारत अपनी बातसे हटेगा नहीं और जबतक दक्षिण अफ्रिका सरकारकी प्रवृत्तिमें कोई अन्तर न पड़ेगा तब तक भारत अपने व्यापार विच्छेदके निश्चयपर डटा रहेगा। इस पर वहांकी मलान-सरकारके मुख पत्र "अफ्रिकान डी बर्गर" Afrikaans Die Burger ने अग्रलेख लिखकर पंडितजीको खूब जली-कुटी सुनाई है और यह भी लिखा है कि दक्षिण अफ्रिका और पाकिस्तान जो चाहें सो कर सकते हैं उसमें नेहरूजीको दखल देनेका क्या अधिकार है। उनको अपनी जबानको काबूमें रखना चाहिये और नई दिल्लीमें बैठकर इस तरहकी वाहियात बातें बकनेसे बाज आना चाहिये। पाकिस्तानकी इस नीति और कार्यवाहीसे दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंमें भी बड़ी बेचैनी फैल गई है। इनको यह आशा नहीं थी कि पाकिस्थान अपने स्वार्थ साधनके लिये उनके साथ ऐसा घोर विश्वासघात करेगा। खासकर मुसलमानोंकी दशा बड़ी दर्दनाक हो गई है।

संयुक्तराष्ट्र संघमें भारतीय प्रतिनिधिमण्डलके भूतपूर्व सदस्य और मानवाधिकार कमीशनके सदस्य डा० लंका सुन्दरम्ने दक्षिणी अफ्रिकाके विरुद्ध व्यापारिक प्रतिबन्ध उठा लेनेके पाकिस्तानी निश्चयके सम्बन्धमें ... प्रकट करते हुए कहा कि पाकिस्तानने प्रत्याशित छुरा भारतकी पीठमें भोंक दिया है और केपटाउनमें आज प्रारंभ होने वाली बातचीतके भाग्यमें असफल होना लिखा है।

## केपटाउन-कान्फ्रेंस।

पूर्व निश्चयके अनुसार गत ६ फरवरी को केपटाउन में दक्षिण अफ्रिका, भारत और पाकिस्थानके प्रतिनिधियों की कान्फ्रेंस बैठ गई। दक्षिण अफ्रिकाकी तरफसे वहाँके आंतरिक मंत्री डाक्टर डोङ्गस, भारतकी तरफसे प्रवासी प्रश्नोंके विशेषज्ञ पं० हृदयनाथ कुंजरू और पाकिस्थानकी तरफसे वहांके वैदेशिक उपमंत्री डाक्टर महमूद हुसेनके नेतृत्वमें कान्फ्रेंसका मंगलाचरण हुआ। इन पँक्तियोंके लिखते समय तक यहां खबर मिली है कि परिषदका काम सुचारू रूपसे चला और उसका परिणाम संतोषजनक हुआ है। परिषदकी बैठक समाप्त हो चुकी है। एक बातका तो हमें ध्यान रखना चाहिये कि यह असली कान्फ्रेंस नहीं थी यह बैठक हो रही थी—असली कान्फ्रेंसमें विचारार्थ एजन्डा तैयार करनेके लिये। इसी बैठककी सफलता या निष्फलतापर असली कान्फ्रेंसका भविष्य निर्भर थी।

डाक्टर डोङ्गस कईबार स्पष्टरूपसे घोषणा कर चुके हैं कि भारतीयोंका स्वदेश प्रत्यागमनही उनकी सरकारकी मुख्य नीति है और उनकी सरकार भारतके साथ किसी भी समय बातचीत और समझौता करनेको तैयार है बशर्ते कि गोलमेज परिषदका मुख्य उद्देश्य हो—प्रवासी भारतीयों का स्वदेश प्रत्यागमन। यदि इस प्रश्नको चर्चाका मुख्य विषय नहीं बनाया जाता है तो उस चर्चामें यूनियन सरकार भाग लेना व्यर्थ समझती है। इधर भारत यदि प्रवासी भारतीयोंके प्रत्यागमनपर सहमत हो जाता है तो जहां वह स्वयं आत्मघात करता है वहां प्रवासी भारतीयोंका सर्वनाश भी। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी अढ़ाई लाखकी आबादीमें ९५ प्रतिशत वहांके जन्म-प्रवासी हैं जिनका भारतके साथ किसी प्रकारका सम्बन्ध नहीं है। यहां तककि उनके बाप दादे किस गांव और जिलेसे गिरमिट में भर्ती होकर नेटाल गये थे, यह भी अधिकांश जन्मप्रवासियोंको पता नहीं। इस स्थितिमें उनको भारत लाना मानो मछलीको पानीसे बाहर निकालकर मरनेके लिये छोड़ देना है। महात्मा गांधीके शब्दोंमें वे विचारे जब मातृभूमि की गोदमें आ जाते हैं और जब अपने गांवोंमें पहुंचते हैं तो

वही व्यवहार किया जाता है जो स्वस्थ व्यक्ति रोगीके साथ करता है। भारतको इस प्रत्यागमनका बड़ा ही कटु अनुभव हो चुका है। विदेशोंसे जितने प्रवासी भाई मातृभूमिमें आये उनमेंसे कोई भी सुखी और सन्तुष्ट नहीं रहा। अधिकांश तो यहांके प्रतिकूल वातावरणमें घुल-घुल कर मर गये। अतएव पंडित कुंजरूको इस प्रश्नपर बड़ी दृढ़तासे काम लेना होगा। यह बात दूसरी है कि स्वेच्छापूर्वक जो स्वदेश आना चाहे उनके मार्गमें किसी प्रकारकी रुकावट न डाली जाय। इस बैठकमें यदि इस प्रश्नका संतोषजनक निपटारा हो गया तो फिर असली गोलमेज परिषद बुलानेका रास्ता साफ हो जायगा और उसमें सभी प्रश्नोंका किसी न किसी रूपमें निबटारा हो सकेगा। इसलिये हम इस परिषदके परिणामकी उत्सुकता पूर्वक प्रतिक्षा कर रहे हैं।

## भारतमें मोरिशसके प्रवासी भाई।

भारतीय प्रजातंत्रके महोत्सवमें शरीक होने के लिए लगभग दो-सौ मोरिशसके प्रवासी भाई यहाँ आये हुए हैं, और गत २६ जनवरीको दिल्ली पहुंचकर उन्होंने शताब्दियोंकी गुलामीके बाद अपनी प्यारी मातृभूमिको लोकतंत्रात्मक जनराज्यके रूपमें परिणत होते हुए देखा। इस दलके नेता हैं श्री जयनारायणराय, जो वहाँकी कौन्सिलके सदस्य हैं और "जनता" नामक अखबारके सम्पादक भी। इन प्रवासी भाइयोंका दिल्लीमें अखिल भारत कांग्रेसके महामंत्री श्री कालावेंकट रावकी अध्यक्षता में आगतस्वागत किया गया था। हर्पकी बात है कि सभामें पार्लामेन्टके सदस्य, विभिन्न प्रान्तीय काँग्रेस कमेटियोंके सभापति तथा मंत्री, दिल्लीके विशिष्ट नागरिक और प्रमुख साहित्यकार भी उपस्थित थे। सभापति ने मोरिशस प्रवासी भाइयोंके देश प्रेमकी प्रशंसा करते हुए उन्हें अपनी मातृभूमिसे सम्बंध बनाये रखनेकी सलाह दी। प्रवासी भाइयोंके सुप्रसिद्ध शुभचिन्तक डाक्टर लङ्का-सुन्दरम्ने इस अवसर पर बड़ी मर्मस्पर्शी वक्तृता दी और बतलाया कि प्रवासी भारतीयोंकी समस्या स्वतंत्र भारतके लिये बड़े महत्वकी समस्या है और उसको हल करनेमें तनिक भी शिथिलता नहीं होनी चाहिये। इस बातपर भी आपने बहुत जोर दिया कि भारतकी ओरसे प्रवासी भारतीयोंके सांस्कृतिक अभ्युत्थान तथा उनसे घनिष्ट सम्बंध बनाये रखनेके लिये सद्भावना-मण्डल भेजे जाने चाहिये। श्री अरुणचन्द्र गुप्त तथा श्री चन्द्रजी विद्यावाचस्पतिने कहा कि हमारे लिये अब उपयुक्त समय आ गया है जब कि हम अपने प्रवासी भाइयोंकी सेवा कर सकते हैं। श्री जयनारायण रायजीने प्रवासियोंकी ओरसे उनके आदर-सत्कारके लिये आभार मानते हुए कहा कि भारतको मोरिशसके व्यापार पर अधिकार जमा लेना चाहिये, तथा मोरिशसमें भारतीय पूँजी लगाने और वहाँसे आयात-निर्यातका सम्बंध सुदृढ़ बनानेका प्रयत्न करना चाहिये। आपने विश्वास दिलाया कि यदि भारतीय व्यापारी वहां अपनी पूँजी लगावें और सचाई तथा ईमानदारीके साथ व्यापार करें तो कमसे कम प्रति वर्ष छः करोड़ रुपयेका व्यापर हो सकता है। यदि कोई भारतीय बैंक खोला जाय तो उस बैंकको सालाना तीन करोड़का व्यापार मिल सकता है। अन्तमें आपने यह भी कहा कि यहाँसे भारत आने-जानेमें हमें बड़ी कठिनाई होती है। मोरिशससे हमें मोम्बासा आना पड़ता है और वहाँसे फिर भारत। इस प्रकार "नौकी लकड़ी नब्बे खर्च" हो जाता है। यदि कोई भारतीय कम्पनी अपना एक भी स्टीमरको मोरिशस आनेके काममें लगा दे तो जहाँ उसको काफी कार्गो (माल) ढोनेको मिल सकता है वहाँ काफी यात्री भी। इस प्रकार एकही स्टीमर सालमें लाखों रुपया कमा सकता है। लड़ाईसे पहले अंग्रेज कम्पनी यह फायदा उठाती थीं लेकिन इस समय यह क्षेत्र खाली पड़ा है। यदि भारत इसपर दखल जमा ले तो उसको काफी आमदनी हो सकती है। श्री जयनारायणजीकी राय और सलाह तो बहुत अच्छी है पर यहाँके कूप-मंडूक व्यापारी इस पर ध्यान भी देंगे या नहीं, इसमें हमें सन्देह ही है।

—— :o: ——

# स्वामी भवानीदयालजीकी बीमारी

पिछले महीनेमें लगभग एक पखवारा स्वामीजीका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहा। उनके स्वास्थ्यमें क्रमशः सुधार और शरीरमें शनै-शनै शक्तिका संचार होने लग गया था और हमें ऐसी आशा हो चली थी कि शायद संकटकी घड़ी अब टल गई। पर फिर अचानक बुखारका प्रचण्ड आक्रमण हो गया और कई दिनों तक बुखार बना रहा। फलतः स्वामीजीकी तबीयत पहलेसे भी अधिक खराब हो गई और शरीरमें शक्ति लेशमात्र भी नहीं रहने पाई। डाक्टर अम्बालालके प्रयत्नसे बुखार तो जाता रहा किन्तु उसका परिणाम बड़ा भयंकर हुआ है। स्वामीजीकी अवस्था बड़ी चिन्तनीय हो गई है। भविष्य परमात्माके अधीन है। स्वामीजीके स्वास्थ्यके सम्बन्ध में हमारे पास देश और विदेशोंसे पत्र आतेही रहते हैं उनमें से डमरारा (ब्रिटिश गायना) के श्रीमती सरयू देवीके पत्रका एक अंश हम यहाँ देते है जिससे "प्रवासी" के पाठकोंको मालूम हो जायगा कि स्वामीजीकी बीमारीसे प्रवासी भारतीयोंमें कितनी गहरी चिंता फैल रही है। देवीजी लिखती है;—

"आपकी बीमारीकी खबर पढ़कर हम लोगोंका हृदय दुःख से भर आया है। मैं तो "प्रवासी" की प्रतीक्षा करती रहती हूँ और उसके प्राप्त होने पर सबसे पहले उस लेख को खोजती हूँ जिसमें अपनी बीमारीकी चर्चा रहती है। यह जानकर कि आपके जीवनका संध्याकाल आ गया है और रोगने आपको सर्वथा शक्तिहीन बना दिया है, हमारा रोम-रोम काँप उठा। आपके सिवा भारतमें हम अभागे प्रवासी भारतीयोंका शुभचिन्तक और है कौन? दादा बनारसीदासजी भी प्रवासियोंके कार्यसे विमुख हो गये हैं। अब आपके सिवा दूसरा कोई नहीं रहा। आपके उठ जाने से तो हम प्रवासियोंका भविष्य अन्धकारमय हो जायगा। इन उपनिवेशोंमें हमपर जो अन्याय और अत्याचार होते हैं, कौन निर्भय होकर उसने विरुद्ध आवाज उठावेगा? भारतमें ऐसे तो अनेक सज्जन होंगे जो प्रवासियोंके साथ सहानुभूति रखते हों परन्तु उनका कोई कार्य दृष्टिगोचर नहीं होता है। आप तो अपने जीवनके तीस साल प्रवासमें बिता चुके हैं, नाना प्रकारके कष्टोंको झेल चुके हैं, और प्रवासियोंके दुःखोंको व्यक्तिगत रूपसे अनुभव कर चुके हैं। इस लिये आप हमारी स्थितिको भली भाँति समझ लेते है और हमारे कष्ट निवारणके लिये प्रयत्न करते रहते हैं। आपके ग्रन्थोंको पढ़कर आपके प्रति मेरे हृदयमें बड़ी श्रद्धा हो गई है। हम लोग ईश्वरसे यही प्रार्थना करते हैं कि वे आपको शीघ्रही स्वस्थ बना दे और दीर्घायु प्रदान करें ताकि आप हम पीडित प्रवासियोंके करुण क्रन्दनको सुन कर हमें सान्त्वना तथा अत्याचारोंका मुकाबला करने के लिए हिम्मत देते रहें।"

## प्रवासी भवनमें मोरिशसके भाई

समुद्र-पार सुदूर विदेशोंमें बसते हुए भी हमारे प्रवासी भाइयोंके हृदयमें अपनी पितृभूमिके लिये इतना अनुराग है कि वे आठोंयाम भारतके नामकी माला जपा करते हैं। इधर कुछ दिनोंसे स्टीमर न मिलनेके कारण मोरिशसके भाइयोंका स्वदेश आना रुकसा गया था किन्तु हालहीमें एक-दो जहाज मिल जानेसे वहाँके दो-तीन सौ प्रवासी भाई भारतीय प्रजातंत्रके महोत्सवमें शरीक होनेके लिये यहां आ पहुंचे हैं। उनमें कुछ तो ठीक समय पर दिल्ली पहुँच गये थे परन्तु कुछको पहुँचनेमें दो-चार दिनकी देर हो गई—जहाज समयपर न आ सका, इसलिये वे प्रजातन्त्रके महोत्सवमें शरीक न हो सके और प्रजातन्त्र भारतके दर्शनसेही उनको संतोष कर लेना पड़ा।

इस मासके द्वितीय सप्ताहमें मोरिशसकी आर्य प्रतिनिधि सभाके मंत्री श्री मोहनलाल मोहित और उनके साथ श्री रामनारायण घूराजी, श्रीमोती भीनिक तथा एक और सज्जन प्रवासी-भवन पधारे थे। यहां दो दिवस ठहर कर उन्होंने भिन्न-भिन्न संस्थाओं और ऐतिहासिक स्थानों को देखा तथा विशिष्ट व्यक्तियों एवं नेताओंसे मुलाकात भी की। इनसे पहले श्री दौलत देवी भी अपनी पत्नीके साथ प्रवासी-भवन पहुँचकर रुग्नशय्या पर पड़े हुए स्वामी भवानी दयालको देख गये थे। इन भाइयोंसे हमें मोरिशसकी वर्तमान परिस्थितिका बहुत कुछ परिचय मिला है। आशा है कि इन भाइयोंकी भारत यात्रा मोरिशस और भारतमें सांस्कृतिक सम्बन्ध स्थापित करनेमें सहायक होगी।

## सात्विक जीवन ।

ऋषिकेश (हरद्वार) के प्रख्यात तपस्वी श्री स्वामी शिवानन्दजी महाराजके "डिवाइन लाइफ" मासिक पत्रका अविकल हिंदी अनुवाद । आध्यात्मिकतासे ओतप्रोत पाठ्य सामग्री । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वर-भक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

---

## सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

### ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओम्की व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

### सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है। स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

### वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

### मन और उसका निग्रह ( दो भाग ) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्त्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असम्भव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़ें । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

---

## हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशन :—

(१) ब्रह्मचर्य नाटक........... ॥)
(२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड)........... ॥)
(३) " " (द्वितीय " ) ......... ॥)
(४) सचित्र हठयोग (सजिल्द)........... २)
(५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी)........... १॥)
(६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड)........... १)
(७) " " (द्वितीय " )........... ३)
(८) ओ३म (प्रणव रहस्य)........... ॥=)
(९) वैराग्यके पथपर .. ........ १)
(१०) जीवन सौरभ........... ।-)
(११) मानव जीवनका रहस्य........... ।-)
(१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास........... ।)
(१३) देशके नौनिहालोंसे........... =)
(१४) सदाचारका महत्व........... =)
(१५) काँग्रेसके सभापति........... ।)
(१६) काँग्रेस चार्ट........... ।)
(१७) स्वास्थ्य पत्र........... ।)

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रति-वर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं :—

(१) राष्ट्रिय डायरी । १॥)
(२) जनरल डायरी । १।)
(३) सदाचार डायरी । १=)

**मिलनेका पता :—**

**जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।**

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।

फोन नं० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पताः भाईकाशी ।

General Printing Works Ltd.,
83 Old China Bazar Street, Calcutta

# जोधपुर कमर्शियल बैंक लिमिटेड

(जोधपुर स्टैटमें स्थापित: सभ्यों की जिम्मेदारी सीमित है।)

चैयरमैन—श्री नारायणलाल बंसीलाल

**चुकता मूलधन ............ रु० ५०,००,०००.**

रिजर्व फंड रु० ६,००,०००.

बैंककी शाखाएं:—

मारवाड़ : जालोरी गेट, जोधपुर, स्टाक एक्सचेंज, श्री रघुनाथजीका मंदिर, घासमंडी; जोधपुर; खेमकी हाउस, जोधपुर सिटी; कुचामन सिटी, नागोर, मेरता सिटी, पाली, रानी, बाड़मेर (मारवाड़)

बंबई : ५३ टेमरिण्ड लेन, फोर्ट; २०७ कालवा देवी रोड, शिवाजी चौक, कल्याण; ११८-१२२ काजी सैयद स्ट्रीट, माण्डवी, म्युनिसिपल बिल्डिंग, भिवण्डी (जि० थाना) थाना-जामली नाका, ६६०९ किंग्सवे, सिकन्द्राबाद।

अहमदाबाद : मस्कती मार्केट। कलकत्ता: १-१ मिशन रो. और १९५/१ हेरिसन रोड।

मद्रास: २६, गोविन्दप्पा नायिक स्ट्रीट, जी. टी. मद्रास।

चालू डिपाजिट खाता : चालू डिपाजिट खाते में रु० १,००,००० तक के दैनिक बाकी रकम पर १।४ सैकड़ा वार्षिक ब्याज मिलेगा। बड़ी रकमों पर खास निश्चित ब्याज दिया जायेगा।

Therefore in order to interest them in these important questions of our countrymen abroad we have to continue the fight probably with greater vigour than what we had been doing hitherto. In a democratic country it is essential that public opinion should make itself effective and should be created to compel the people in power to turn their everbusy hands to other questions. We cannot, and we should not sit idle if we wish anything to be done for us by those who form the government and whosehands are already full. We have to continue to by educate the masses also and with a greater vigour, since in democratic countries the government rests upon the people. This question is bound to assume greater and greater importance in the years to come.

It is a known fact that we form the Government and since we wish a better government doing more useful things, so we have to be better ourselves. This is equally true in the case of our countrymen abroad.

It is not the time for the overseas Indians to sit idle and rejoice that their motherland had become independent and that their fate would improve. That their fate would improve is undoubtedly true; but it may take time and we may not like to wait for that. We shall have to work for it and the earlier we start our work the better it is. It is time when we should organise a truly representative overseas conference in India in a politically centrally situated city like Delhi and devise ways and means to carry on our work effectively in the years to come and mobilise public opinion. Some of the points they need to discuss in this conference, in my opinion, are:—

(a) Opening of a central office well equipped with up-to-date information in a centrally situated city like New Delhi.

(b) Publishing of a weekly journal devoted exclusively to the cause of overseas Indians which may guide the public opinion and the Government of India.

(c) Opening of a research department interested in the cause of the Indians abroad.

(d) This office to have some accommodation for Indian visitors from overseas.

(e) Monthly meetings may be arranged to educate the public, and press conferences be organised to keep the Press-men in touch with the latest information from our nationals abroad.

(f) It should also help visiting Indians to establish contact with Press, people and our leaders and provide them with facilities so that they may make the best of their stay in India.

Many other similar questions of common interest to our countrymen settled in different parts of the world may be considered and suggestions may be invited from them.

I think our people——leaders and readers alike will consider this suggestion and express their opinion on this rather important question.

It is the time to act and any delay will not be good in the larger interest of our country.

In my opinion 15th August 1950 would be the appropriate date when a conference may be called and the Government of India may be asked to lend its support and full co—operation. Judging from the events that are taking place in India and the countries where the Indians have settled, I am convinced that we must not neglect their cause any more now. Now, in fact, it requires greater attention than ever before, not only in the interest of the overseas Indians but also in the larger interest of our own country.

# Silver Jubilee of Arya Pratinidhi Sabha (Natal)

By Shri S. L. Singh

The Arya Pratinidhi Sabha of Natal celebrated its Silver Jubilee in February 1950 for 12 successive days. The response to these days was very gratifying, all sections of the Hindu people turning up to listen to the discourses on religion and philosophy by eminent persons. A most gratifying feature was the presence of Pundit Ganga Prasadh Uppadhyaya, the general secretary of the Sarwadheshik Sabha of Delhi, who consented to come out to South Africa for the celebrations.

Shri S. L. Singh
श्री एस. एल. सिंह

On the 14th February 1950, the proceedings opened wuirt an address by the President, Mr. R. Bodasing, who paid testimony to the work being carried out by the Sabha in disseminating religious teachings amongst the Hindus, and bringing closer the various sections of the Hindu people domiciled in this land The Sabha has some thirty branches throughout Natal, and these bodies carry on the good work of the Arya Samaj. They conduct vernacular schools, impart religious teachings, create consciousness of the cultural heritage and civilisation of the great Hindu religion. He stressed the necessity of disseminating literature to all, so that they may learn of the precepts of the Hindu religion. In passing he paid his humble tribute to that great worker Swami Bhawani Dayal Sanyasi who was the creator of the Arya Pratinidhi Sabha and its first president, and wished him a speedy vecovery in his recent grave illness.

Pundit Ganga Prasad Uppadhyaya who attended the sessions regularly made his contributions to the religious, cultural, educational and philosophic needs of the community. His command of both English and Hindi created a very good impression amongst his many listeners. He urged the connec-

SWADESHI COTTON MILLS CO. LTD CAWNPORE
स्वदेशी कॉटनमिल्स कम्पनी लि कानपुर
INDIA
लाहौर
कलकत्ता
कानपुर
बम्बई
मद्रास
मैनेजिंग एजेन्ट्स
जैपुरिया ब्रदर्स
लिमिटेड
K.P.C. Ltd.
J.B.19

tions with Mother India, and a duty involved itself on the Sarwadeshik Sabha to send out its preachers to various parts of the Universe, more particularly where the Indians were domiciled to preach the gospel of the Vedic religion and keep the contacts alive with the outposts.

A feature of the sessions was the response of the various religious groups on one platform discoursing on the subject of "Conception of God" according to their teachings. Here Hindu, Muslim, Parsee, Christian, Theosophist and Buddhist met and imparted their knowledge and this gathering of different faiths created a most pleasant atmosphere.

Another spectacular show was the procession of men, women and children of half a mile long with bands playing, community singing, banners swaying, many of the processionists being dressed in multicoloured dresses. This procession was led by the Arya Veer Dal with the "OM" penant flying in the foreground. The procession traversed the principal streets of the City without any incidents. Each evening the programme opened with the performance of a Maha Yugna. Immediately after, discourses on educative and interetsing topics would take place both in English and Hindi. A couple of these sessions were entirely confined to the Sthree Samajes. As an act of appreciation by the Arya Pratinidhi Sabha, for their invaluable services to the cause, framed addresses were presented to Messrs. R. Bodasing, S. L. Singh, D. G. Satya Deva, M. Moonoo and B. M. Patel. ( It is a sad feature to record that Mr. B. M. Patel passed away about a week after the termination of the celebrations on board the S. S. Karanja on his way to India ).

On the final day. February 26, Mr. R. Bodasing laid the foundation stone of the proposed Vedic Temple cost of which to the value of £10,000 will be entirely borne by him. His only one wish is to dedicate this sum to posterity so that they may gain the values of the teachings of the Vedic faith and keep the banner of Hinduism alive in this outpost of South Africa.

As a mark of the occasion an historical survey has been made by Pundit Nardev Vedalankar of Gurukul who has reviewed the position from the time of the arrival of the Indian immigrants to South Africa. He has compiled valuable data of the formation of the various Sabhas and their activities. A prominent feature is the work of the many missionaries of the Arya Samaj, from the advent of Pundit Bhai Parmanand, the noble and consolidating work of Shree Swami Shankeranand, who laid the foundation of the renaissance of Hinduism, the practical work of Shree Swami Bhawani Dayal Sanyasi, and the many

others who visited these and left their landmark. This book has been printed and published by the Arya Pratinidhi Sabha as souvenir of the Silver Jubilee and this contribution will undoubtedly find a place in every Hindu home. The whole pr ogramme went off without a hitch and it speaks well for those officials who carried out their duties so arduously and conscientiously.

——:o:——

## हिन्दी के महान् समर्थक, माननीय राजर्षि पुरुषोत्तमदास जी टण्डन, वर्तमान काँग्रेस अध्यक्ष:—

स्पीकर भवन लखनऊ

श्री स्वामी भवानी दयाल ने जो सेवाएं भारत की की हैं—देश में तथा विदेश में, वे चिरस्मरणीय रहेंगी। देश सदा उनका ऋणी रहेगा। प्रवासी भारतीयों की निरन्तर सेवा का विस्तृत चित्र तो उनके नामके साथ मन में खड़ा हो जाता है। जहां भी वह रहे भारतीय संस्कृति और हिन्दी भाषाके प्रतीक होकर रहे।

श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन
Shri Purushottamdasji Tandon

पिछली बार स्वामीजी से अजमेर में मिलने का सुख मुझे उस समय हुआ था जब मैं चार वर्ष से कुछ ऊपर हुआ, उदयपुरके हिन्दी साहित्य सम्मेलनमें सम्मिलित होने के लिये जारहा था, उस समय भी वह अस्वस्थ थे। किन्तु विचारों और कार्य की योजनाओं में तेजस्विता झलकती थी।

इधर कई बार यह समाचार पढ़ना पड़ा कि स्वामी जी का शरीर अधिक अस्वस्थ है और यह अनिश्चित हो गया है कि यह अस्वस्थ शरीर कब तक चले। इस प्रकारके समाचार से स्वभावत: हृदय दु:ख से विह्वल हो जाता है और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह हमारे देश और भारतीय प्रवासियों तथा हिन्दी भाषा के हितार्थ स्वामी जी को हमारे बीच अभी कुछ वर्षों तक रहने दे।

मासिक 'प्रवासी' स्वामीजी की भावनाओं की शाब्दिक मूर्ति है। वह अपने तीसरे वर्ष में पदार्पण करने वाला है। उसका यह सौभाग्य कि उसका सृजन और पालन स्वामी भवानी दयाल के वीर और प्रतिभायुक्त हाथों से होता रहा है, वर्षों तक बना रहे, यह हृदयकी पुकार है।

पुरुषोत्तमदास टण्डन

## श्रीमती राजकुमारी अमृतकौर, स्वास्थ्य मंत्राणी भारत सरकार

नई दिल्ली
१४—४—५०

कोई भी देश-निवासी न होगा जिसकी सहानुभूति और दिलचस्पी उन भाइयों और बहिनों के साथ न हो जो बाहर के देशों में जाकर बस गये हैं। शुरू से ही दक्षिण अफ्रीकाके भाई-बहनों के साथ हमारी खास दिलचस्पी रही है। पूज्य गांधी जी ने तो काफी काम दक्षिण अफ्रीका में किया और सच्चा मार्ग भी हमें दिखा गये। अफसोस होता है कि वहां आज तक हमारे विरुद्ध कार्यवाही चल ही रही है। एक और भी दुःख जो हालमें हम सब को हुआ सो यह कि अफ्रिकाके निवासियों और हममें उतना सम्बन्ध नहीं है कि जिससे हम सब मित्र बन कर रहें। इसके कारण जो लड़ाइयां हुई, उनसे हमारा नाम भी बहुत बदनाम हुआ। अब हमारा प्रयत्न यही होना चाहिये कि ऐसी लड़ाइयां फिर कभी न हों।

श्रीमती अमृतकौर
Shrimati Amritkaur

पूज्य गांधीजी हमें अहिंसा और सत्यका मार्ग बता गये हैं और अगर हम लोग उसी पर चलते रहें तो हमारा कभी हर्ज न होगा। परदेश में जब हमारे लोग जाते हैं तो उनका धर्म होता है कि वे वहां के लोगों की सेवा करें और उस मुल्क के, जहाँ जीवन-निर्वाह कमाते हैं, वफादार रहें।

मैं आशा रखती हूँ कि "प्रवासी" जैसी पत्रिका दो विशेष सेवा करती रहे, एक तो यहां के लोगों के दिलों में विदेश में रहने वाले हमारे भाइयों के बारे में दिलचस्पी पैदा करना और दूसरे यह कि उनमें पूज्य गांधीजी की शिक्षाओं का प्रचार करना।

अमृत कौर

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी, साहित्य-वाचस्पति

वर्ष ३ मार्च १९५० अङ्क १

# "प्रवासी" को आशीर्वाद और प्रवासी भारतीयोंको शुभ संदेश

हिन्दी-पत्रकार-शिरोमणि श्री मूलचन्द्रजी अग्रवाल, संचालकः विख्यात "विश्वमित्र" जिसके दैनिक संस्करण हिन्दुस्थान के प्रसिद्ध पाँच नगरों—कलकत्ता, बम्बई, नई दिल्ली, पटना और कानपुर—से नित्य एक साथ ही प्रकाशित होते हैं:—

श्री मूलचन्द्रजी अग्रवाल
Shri Moolchand Agrawal

"प्रवासी" के नव वर्षांकके लिये सन्देश भेजनेके आदेशके साथ मुझे यह बताया गया है कि उसे सर्व प्रथम स्थान देना है। यह "प्रवासी" संचालकका स्वभाविक पक्ष पात और अन्याय है। अपनी बिरादरीके व्यक्तिको गौरव प्रदान करना सार्वभौमिक प्रेमके प्रचारक संन्यासी की कमजोरी ही कही जायेगी। "प्रवासी" हम लोगोंके शिरपर एक बड़ा भारी बोझा हो गया है। वह स्वामीजी को शान्ति पूर्वक महा प्रस्थान भी न करने देगा। बापूके मुखसे अन्त समयमें "राम राम" निकला, परन्तु स्वामीजी के मुखसे तो "प्रवासी" ही निकलेगा। प्रवासी भाइयोंके लिये अपना सारा जीवन लगाकर भी यह तपस्वी सन्तुष्ट नहीं, और आज मृत्यु से संग्राम करता हुआ रोग शय्या से "प्रवासी" का संचालन कर रहा है। यह स्वामी भवानीदयाल ही कर सकते हैं। इस मनस्वी संन्यासी को कोई नहीं समझ सकता। स्वामीजी के शुभचिन्तक इस नावको पार लगवाने में अपना कर्तव्य पालन करें। पैंतीस वर्षका पत्रकार होने के बाद "प्रवासी" पढ़नेके लिये व्याकुल रहता हूँ, क्योंकि उसमें सम्पादककी आत्मा बोलती है। आज देशमें ऐसे पत्रोंका बड़ा अभाव है जिसमें सम्पादक की आत्मा

बोल रही हो। कभी कभी आत्मा शान्तिके लिये एक दो लेख लिख अपनी आत्माको उनमें देखकर सन्तोष लाभ कर लेता हूँ। बापूके "हरिजन" से बड़ा सहारा मिलता था। अब स्वामीजीके "प्रवासी" से। अब तो स्वामीजीके दीर्घ जीवनके लिए ईश्वर से प्रार्थना करने में भय लगने लगा है, क्योंकि रोग शय्या उन्हें छोड़ना ही नहीं चाहती, वियोगकी कल्पना रोमांच उत्पन्न करती है, आगेकी बात राम जाने, आज तो स्वामीजीके जीवनकालमें उनके लाडले "प्रवासी" को जीवित देखते रहना है। उसे निर्धन होकर चलानेके लिये यह दो सौ रुपयेका चेक सेवामें प्रेषित है—धर्मपत्नी स्वदेश्वरीकी ओरसे। अन्य भाई बहन भी इस अंक को पढ़कर छोटी बड़ी रकम भेजना न भूलें—अब स्वामीजी भ्रमण करने में भी तो समर्थ नहीं।"

* * * *

राजस्थानमें आर्य संस्कृतिके प्रतीक, आर्य जातिके प्रकाश स्तम्भ और वैदिक धर्मके वयोवृद्ध भक्त, शाहपुराके आर्य नरेश श्री राजाधिराज उम्मेदसिंहजी साहब:—

आपके दर्शन करके अजमेरसे पिछली बार प्रस्थान करते समय उस रूग्ण अवस्था में भी आपने मुझे आज्ञा दी थी कि "प्रवासी" के लिये मैं अपना संदेश लिख भेजूँ क्योंकि "प्रवासी" अपना द्वितीय वर्ष समाप्त कर अब तृतीय वर्षमें प्रवेश करने जा रहा है। यद्यपि "प्रवासी" के लिये संदेश देना मेरे लिये अनधिकार चेष्टा होगी, तथापि आपकी आज्ञा का उल्लंघन करना मेरे लिये संभव नहीं है। "प्रवासी" ने पिछले दो वर्षमें प्रवासी बन्धुओंकी जो सेवा की है वह सर्वथा अभिनन्दनीय है। आपने तो अपनी सारी शक्ति ही उसके संपादन और संचालनमें लगा दी है। ऐसे तो देशमें आज पत्र निकलना और बन्द होना एक तमाशा बन गया है, किन्तु "प्रवासी" का उद्देश्य कुछ और ही है। वह तो निःस्वार्थ भावसे उस दलित वर्गकी सेवा कर रहा है जिसकी ओर हमारे देशवासियोंने अभी तक कोई ध्यान ही नहीं दिया। भारतीय पत्रकारितामें उसका एक विशिष्ट स्थान है। वह युगांतरों तक जीवित रहकर प्रवासी बंधुओंके सुख दुःख, हर्ष विषाद की तरफ देशवासियोंका ध्यान दिलाता रहे और प्रवासी भारतीयों को भारतीय संस्कृतिका संदेश सुनाता रहे; यही हमारी एक मात्र कामना है।

श्रीमान् उम्मेदसिंहजी
Shriman Ummedsinghji

* * * *

हिन्दू धर्म और हिन्दू संस्कृतिके रक्षक, पोषक और समर्थक, भारत में अनेक आदर्श हिन्दू मंदिरोंके संस्थापक, विश्वविख्यात बिड़ला परिवार के दानवीर नररत्न श्री जुगलकिशोरजी बिड़ला:—

दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीय भाई वर्तमान समय में वहां जो कष्ट भोग रहे हैं उससे यहां के लोग भी बहुत दुःखी हैं। उनके कष्टों को दूर करने के लिये भारतीय गवर्नमेंट यथासाध्य चेष्टा करती जा रही है। हमारा पक्ष न्याय का है इसलिये अन्त में "यतो धर्मस्ततोजयः" तो अवश्य ही होगा। वहां के भारतीय भाइयों को भी अपनी न्यायसङ्गत मांगे वहां की गवर्नमेंट से मनवानेके लिये अपना आन्दोलन प्रेम तथा सद्भावनाके साथ करते रहना चाहिये। तथा साथ ही उस जगन्नियन्ता ईश्वरसे जो कि अखिल विश्व का स्वामी है तथा प्राणीमात्रके अन्तरमें वास कर रहा है प्रार्थना करते रहना चाहिये और उस पर पूर्ण विश्वास रखना चाहिये कि वह हमारे सङ्कटों को अवश्य दूर करेगा।

सेठ जुगलकिशोरजी बिड़ला
Seth J. K. Birla

* * * *

भारतके प्रख्यात उद्योगपति और देशको कला कौशलसे समृद्धिशाली बनाने वाले देश हितैषी सर पदमपत सिंहानिया:—

बड़े दुःख की बात है कि गत दस मास से स्वामी भवानी दयाल जी रुग्णावस्था में पड़े हुए हैं और उनके स्वास्थ्य में कोई लाभ नहीं हो रहा है। 'प्रवासी' पत्र के सम्पादनके साथ साथ ही आपकी सेवायें प्रवासी भारतीयों के लिये सदैव अमूल्य रही हैं। गत दो वर्षों में आपने अपने पत्र द्वारा देश से दूर उन भारतीयों की जो आर्थिक संकटों से छुटकारा पानेके लिए विदेशोंमें अपनी जीविका उपार्जन कर रहे हैं, और वर्ण विभेदके परिणाम स्वरूप श्वेतांगोंकी प्रतारणा सहन कर रहे हैं और आज मानसिक अधिकारों से भी वंचित किये जा रहे हैं, लड़ाई का जो इतिहास हमारे सम्मुख रक्खा है उसने इन पीड़ित देश बंधुओंकी ओर हमारा ध्यान अधिक आकर्पित कर दिया है। आज हमारा देश स्वतन्त्र है और हम भारतीय स्वतंत्र नागरिक होने पर गर्व करते हैं........यही नहीं विदेशों में भी हमारे अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों की सराहना है, और भारतका स्थान व गौरव आज विदेशों में पहले की अपेक्षा कहीं अधिक बढ़ गया है।

सेठ सर पदमपत सिंहानिया

Sir Padampat Singhaniya

इस बदलती हुई परिस्थितिमें हमें उन अभागे भाइयोंके प्रति भी अपना कर्त्तव्य निभाना है। भारतीय संस्कृति और मानव धर्मकी रक्षाके लिए यह आवश्यक है कि प्रचारार्थ जो भी सहायता हर व्यक्ति दे सकेगा वह हमारी लड़ाई को सफल बनाने में काम आयगी। हमारा यह परम कर्त्तव्य है कि हम अपने विदेशों में बसनेवाले भाइयोंके राजनैतिक स्वत्वोंकी रक्षार्थ अपनी लड़ाई को तब तक न बन्द करें जब तक हमें अपने कार्यमें सफलता न मिल जाय। इसके साथ-साथ सरकार का भी ध्यान इस ओर आकर्पित करना है। इस समय हमारे प्रवासी भाई जो चालीस लाख से अधिक की संख्या में विदेशोंमें रहते हैं कुछ न कुछ अपनी आय का भाग अपने संबंधियों व इष्ट मित्रों को यहां भेजते हैं। यद्यपि देश की आर्थिक आय में उसका कोई मूल्य नहीं है फिर भी यदि प्रति व्यक्ति १००) रु० वार्षिक का ही औसत लगाया जाय तो भारत को लगभग ४० करोड़ की आय होती है, परन्तु इसमें भी सरकार द्वारा आयकर आदि विभिन्न कानूनी धाराओं द्वारा अड़चने पैदा हो रही है और जो भी भारतीय विदेशों में अपना रुपया लगाना चाहते हैं उनके मार्गमें नियंत्रण पैदा कर दिए गए हैं इसलिए यदि ये नियन्त्रण हटा दिया जाय तो देशके औद्योगिकरण में भी सहायता मिल सकती है।

* * * *

मध्य प्रांतके लोकनायक और वहाँ के प्रांतिक काँङ्गरेसके सभापति. भारतीय पार्लामेंटके पुराने सदस्य, अखिल भारत हिंदी साहित्य सम्मेलनके भूतपूर्व सभापति और हिन्दीमें नाट्य कला तथा अन्य विषयोंके ग्रन्थोंके प्रणेता श्री सेठ गोविन्ददासजी:—

कोई समय था जब भारतीय अपनी संस्कृति की भेंट लेकर देश विदेश-पर्वत उपत्यकाओं हिमांच्छादित वेनखंड़ों सुदुस्तर समुद्रों को पार कर पहुँचे और अपरिचित जन पदोंमें अपने शील एवं सौजन्य, परिश्रम एवं धर्म परायणतासे लोगोंकी सहानुभूति एवं स्नेह को प्राप्त किया। आज थाइलेंड, हिन्देशियां 'बाली' आदि प्रदेशोंमें राम और कृष्ण, महाभारत एवं रामायण को इतना आत्मसात् कर लिया है कि उस देश के निवासी 'राम' अयोध्या, सीता, आदिको अपने अपने देशों की ही संपत्ति और विभूति मानते हैं। सुदूर अफ्रिका अमेरिका आदि महाद्वीपोंमें गणेशकी प्रस्तर मूर्तियों और यज्ञस्तंभ उपलब्ध हुए हैं जो इन प्रदेशोंसे अपना प्राचीन संबन्ध निश्चित रूपसे सिद्ध करते हैं किन्तु कालकी गति, शृंखला ऐसी टूटी कि अपने विदेशस्थ बन्धुओं एवं समुद्र-पारगामिनी संस्कृतिको भूलसे गये—जो हुआ सो हुआ

सेठ गोविन्ददास

Seth Govind Das

अब भविष्य में ऐसा न होगा। स्नेह और संस्कृति आत्मीयता एवं बन्धुत्व की भावना सिंचित एवं परिपोषित होती रहेगी इसी आशा और अभिलाषा को लेकर 'प्रवासी' प्रकाशित हो रहा है और मेरा दृढ़ विश्वास है कि जब तक 'प्रवासी' सुप्रकाशित होता रहेगा प्रवासी देशवासी हमें अपने देशवासियों से भी अधिक प्रिय रहेंगे।

स्वराज्यके पश्चात् हमें अपनी सांस्कृतिक एकता की ओर सबसे अधिक ध्यान रखना है।

❀ ❀ ❀ ❀

कलकत्ताके प्रसिद्ध देशसेवक और "प्रवासी" के परम शुभचिंतक एवं सहायक श्री काशीराम गुप्त:—

(Shri Kashi Ram Gupta)
(श्री काशीराम गुप्त)

परमात्मा से प्रार्थना है कि "प्रवासी" दीर्घजीवी हो और उसके द्वारा प्रवासी भाइयोंकी निरंतर सेवा होती रहे। ( तार द्वारा )

❀ ❀ ❀ ❀

राजस्थान आर्य प्रतिनिधि सभा के सभापति, सुप्रसिद्ध हिन्दू नेता, आर्य धर्म और आर्य संस्कृतिके उत्साही प्रचारक और प्रवासी भाइयों के परम शुभ चिंतक श्री कुँवर चाँदकरण शारदा:—

"प्रवासी" अपने तीसरे वर्ष में पदार्पण कर रहा है। यह जानकर कौन ऐसा प्रवासी भाई होगा जिसको हर्ष न हो। श्रीमान् स्वामी भवानीदयालजी ने इसे अपने रक्त से सींचा है। और वे रुग्ण शय्या पर पड़े पड़े भी दिन रात प्रवासी भाइयों का हितचिन्तन करते रहते हैं। प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है कि इसकी तन, मन, धन से सहायता करें। हमारी परमात्मा से प्रार्थना है कि यह दिन प्रति दिन उन्नति करे। वास्तवमें "प्रवासी" हमारी रीढ़ की हड्डी का काम दे रहा है। इसके द्वारा चलाये हुए आन्दोलनोंसे कुछ न कुछ प्रवासी भाइयों का लाभ ही होता है। हमारी सरकार की नीति प्रवासी भाइयोंके सम्बन्धमें स्पष्टतया हितकर है। क्योंकि प्रवासी भारतीयों के साथ दुर्व्यवहारके विरोधस्वरूप दक्षिण अफ्रिकाके विरुद्ध व्यापारिक प्रतिबंद लगा रखा है। हाँ! पाकिस्तान वालोंने दक्षिणी अफ्रीका के रंग भेदकी नीतिके कट्टर हिमायती डाक्टर मलानके साथ संधि करके प्रवासी भारतीयोंके साथ गद्दारी की है। भारत सरकार को अवश्य ही पाकिस्तान वालोंके विरुद्ध युद्ध करना पड़ेगा। हमें जाति वाद और रंग भेद की नीतिके मानने वाले राष्ट्र मंडली के गुटको जो अपनी रंग भेदकी नीतिके कारण संसारमें अशान्ति उत्पन्न करते हैं उन सबके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करनी चाहिये परन्तु प्रश्न यह है कि वर्तमान असहाय अवस्था में हमारी उपरोक्त मनोवांछित आशाकी पूर्ति कैसे हो? भारत में भूख और बेकारी से दुखी जनता निराश हो कर बैठी हुई है। बेईमान मुनाफाखोर काला बाजार वाले रिश्वत खोर आनन्द लूट रहे हैं, बंगाल, बिहार, मद्रास, यू. पी. पंजाब, मध्य प्रदेश, राजस्थान इत्यादि सभी प्रान्तोंमें रिश्वत खोरीके विरुद्ध जनता आन्दोलन कर रही है कुछ पुरानी ब्रिटिश नौकर शाही के गुलाम रहे हुए लोग हमें गोली व जेल से दबाकर रखना चाहते हैं वे अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिये क्षात्रधर्मका प्रचार करने वालोंको सम्प्रदाय वादि कहते हैं परन्तु ऐसी बातोंका जनता पर अब कोई असर नहीं रहा अब तो जनता देश हितैषी क्षात्र धर्मके प्रचारकों के विरुद्ध प्रचार करने वाले तथा शोसने वालोंका वर्तमान असन्तोष व उपद्रवों का मूल कारण बता रही है क्रान्ति की भीषण ज्वाला भड़क रही है, हमारी सरकारको यह समझना चाहिये की पाकिस्तान के साथ मैत्रीका व्यवहार

कुँवर चाँदकरण शारदा
Kunwar Chandkaran Sharda

अब चल नहीं सकता। जनताकी शक्ति अपार है और गरीबीकी आग गोलियोंसे कदापि नहीं बुझ सकेगी सरकार को पुरुषार्थी भाइयोंका प्रश्न सुचारु रूप से हल करना ही पड़ेगा धरती से अन्यायी धर्मान्ध काफिरोंको लूटने वाले और स्त्रियों को बेइज्जत करने वालों को मिटाने के लिये लाखों देशके नव युवकों ने प्रण ले लिया है। नव युवकोंने अपने जीवन के प्रभात में अधिकारों की रक्षा कर जग का नव निर्माण करने का व्रत ले लिया है। अतः निराशा वादी बन कर जो लोग यह कहते हैं कि हम कैसे रंग भेद वाले शक्ति शाली साम्राज्य वादी और उपनिवेष वादी गोरोंसे लड़ेंगे ? उन्हें इन नव युवकों का प्रण और व्रत देख और सुन कर आशा वादी बन जाना चाहिये। यद्यपि पंडित जवाहर लाल की कृपा से और विदेशी विभागके कार्यकर्त्ताओंके उत्साह से भारतको अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो गई है परन्तु अभी दिल्ली दूर है। पाकिस्तान हम से ठंडी लड़ाई लड़ ही रहा है। दक्षिण अफ्रिकामें भारतीयों पर अत्याचार हो ही रहे हैं। मोरिशसमें भी हमारे भारतीयों की दशा सन्तोषजनक नहीं है। अमेरिका और इग्लैंड वालोंकी काश्मीरके मामलेमें नीति हमारे विरोधमें ही है। युद्धके बादल छा रहे हैं, पाकिस्तान वाले खुल्लम खुल्ला कह रहे हैं "हँस के लिया पाकिस्तान लड़के लेंगे हिंदुस्तान" "हम श्रीनगर जायेंगे फिर पटियाला और फिर दिल्ली लेंगे" पूर्वी पाकिस्ताननें आसामपर हमला करनेकी तैय्यारियां करली हैं और "शिलांग चलो" के नारे बुलन्द किये जा रहे हैं। अतः क्षात्र धर्मके उपासकोंकी बात मानकर ही पाकिस्तानियों तथा अफ्रीका, अमेरिका, और योरोपके गोरों के साथ हमारा बर्त्ताव जैसे को तैसाकी नीतिके अनुसार होना चाहिए। प्रत्येक बातमें दब जाना इन पश्चिमियोंके सामने कायरता का द्योतक है। ये पश्चिमके गोरे तो वीर योग्य। वसुन्धरा के मानने वालों से ही दबते हैं। फ्रांसीसी और पुर्तगीजी प्रदेशोंमें भी हमारे भारतीय भाई विदेशी शासकों द्वारा नाना प्रकारके दुःख उठा रहे हैं। भारतके संपूर्ण प्रमुख संपन्न गणतंत्रशासनके स्थापित हो जानेके बाद हमारा यह परम कर्त्तव्य हो जाता है कि हम हमारे प्रवासी भारतीयोंको दासता से छुड़ावें। और रंग भेदके कारण जो अन्याय और अत्याचार उन पर हो रहे हैं उनको क्षात्रधर्म जागृत करके मिटावें। हम इतने शक्ति-शाली बनें और त्याग तपसे इतनी आर्थिक उन्नति करें कि हमारी हवाई सेना, जल सेना, और स्थल सेना, संसारमें प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाली बनें। ताकि भारतीयों पर अत्याचार करने वाले गोरे घबरावें और आर्य सभ्यताके महत्व को समझ कर जगत् गुरु भारतके सपूतोंकी प्रतिष्ठा करना सीखें। अतः क्षात्र धर्म से ही हमारा बेड़ा पार होगा।

* * * * *

बिहारके प्रसिद्ध देश सेवक, त्याग और सेवाके मूर्त्ति, "प्रवासी" के परम शुभचिंतक एवं सहायक और पार्लामेन्टके मेम्बर श्रीबिपिन बिहारी वर्मा (बैरिस्टर):—

स्वामी भवानी दयाल संन्यासीसे मेरी पहली मुलाकात जेलमें हुई जिसके। आज करीब बीस वर्ष हो रहे हैं। सुखकी बात है कि तबसे आज तक स्वामीजी का स्नेह भाव मेरे प्रति बरांबर बना रहा।

श्री बिपिन बिहारी वर्मा
Shri Bipin Bihari Varma

कलान्तर में स्वामीजी अजमेरके पास आदर्शनगरमें जाकर रहने लगे और वहींसे उन्होंने 'प्रवासी' पत्रका प्रकाशन आरम्भ किया।

राष्ट्रकी सेवाके साथ-साथ प्रवासी भारतीयोंकी सेवा स्वामीजीके जीवनका अन्यतम लक्ष्य और साधना रही है और इस दिशामें उन्होंने जो कुछ किया है, उसे कृतज्ञताके साथ इतिहास सदा याद करेगा।

"प्रवासी" पत्रिका भी आज दो वर्षोंसे प्रवासी भाइयोंके सुख सौभाग्यके लिए स्तुत्य प्रयत्न कर रही है। "प्रवासी" का मैं मंगल चाहता हूँ।

* * * * *

भारतीय स्वतंत्रतापर अपना सर्वस्व निछावर करने वाले और मातृभूमिको अंग्रेजोंके चंगुलसे छुड़ाने के लिए विदेशोंमें भटकते फिरने वाले "WORLD FEDERATION" के संचालक और सम्पादक राजा महेन्द्र प्रतापजी:—

प्रिय मित्र वा आदरणीय स्वामी भवानी दयालजी ! प्रेम ! बड़ी कृपाकी। याद किया। यह सुन कर तो दुःख हुआ कि अभी तक आप अस्वस्थ्य हैं और पत्रिका भी धन के अभावके कारण जीर्ण है परन्तु आपके उत्साह को देख हर्ष हुआ। मैं तो स्पष्ट कहता हूँ कि हमारे दुःख, समाज के कुप्रबन्धके कारण हैं। और यह कुप्रबन्ध ठीक नहीं हो सकता जबतक या तो यह सरकार हमारी बात मान ले और या हम ऐसी सरकार बना सकें कि वह कुटम्ब प्रथा ही प्रत्येक ग्राम और नगरमें चलादे। इसलिये मैं कहता हूँ कि हम कांग्रेस को पकड़ेंगे। और दिल्लीको पकड़ेंगे अर्थात उसी प्रकार पकड़ेंगे जैसे महात्मा गांधीजीने सन् १९२१ में कांग्रेस पकड़ी थी और या जैसे उन्होंने १९४८ में दिल्लीको पकड़ा।— महात्माजीने कांग्रेससे अपना तीन बिन्दू कार्यक्रम बनवा लिया। उनके तीन बिन्दू थे:—

राजा महेन्द्रप्रताप
Raja Mahendrapratap

१—अहिंसा, २—नामिलवर्तन और ३—चर्खा। मैं अपने पांच बिन्दू मनवाऊँगा:—

१—कौमनवैल्थ से देशको निकालना, २—आर्यान बनाना—इरानसे आसाम तक होगा हमारा आर्यान, ३—ग्राम और नगरोंमें पूर्ण स्वराज्य। वे ही अपने आप नियम बनायेंगे और कुटम्ब प्रथाके सिद्धान्त पर राज्यको चलायेंगे। ४—मजदूरोंको बनायेंगे आधेका भागीदार। ५—विद्यालय ऐसे बनायेंगे जहां कारखाना, खेत, बाग, गऊशालायें होंगी। लड़के लड़कियां पढ़ेंगे और आवश्यक वस्तुएँ भी उत्पन्न करेंगे। अन्तमें वे सब विद्यालयोंकी समस्त सम्पत्तीके साझेके मालिक बना दिये जायेंगे। यह पाँच बिन्दू कांग्रेस से मनवायेंगे।

सरकारसे मनवाना है कि मेरे तरीके से चालीस पचास लाख सेना बनाई जाय। अभी जब जातियां है तो क्यों न इन्हीं जातियोंकी सेना बनायें जो सैनिक जातियां हैं। साथ ही हम छावनियोंमें भी कारखाने, खेत, बाग और गऊशालएँ बनायेंगे। हमारे सैनिक तीन घन्टे परेड करेंगे तो पाँच घन्टे आवश्यक वस्तुएँ उत्पन्न करेंगे। वे समाज पर भार नहीं होंगे। छावनियोंमें सेनिकोंकी स्त्रियों के लिए घर भी बने होंगे। हमारे सैनिक यहाँ बच्चे भी पैदा करते रहेंगे !

इस सरकारके भीतर अंग्रेजी चेले और गुलाम अधिक हैं। उन को अंग्रेजी बातें ही पसन्द हैं। वे हमारी बात नहीं सुनते। हम सुनायेंगे, मनवायेंगे। यदि हमारे अनुयायी बहुतसे किसान, मजदूर, विद्यार्थी और सैनिक हो जायेंगे तो कौन सरकार हमारे विचारोंको ठुकरा सकेगी !!

बहारके अपने भाइयोंसे कहना है कि हमारा कार्यक्रम उनको भी अति लाभदायक सिद्ध होगा। सेनाकी हुँकारमें जो बल है वह वकीलोंकी बातोंमें नहीं। हम खाली अफ्रिकामें अपने चालिस करोड़ भाइयोंको बसा सकेंगे। और प्रत्येक स्थान पर उनकी रक्षा भी कर सकेंगे।

साथही मेरा प्रचार ऐसा है कि हमारे देशवासी और दूसरे देशोंके निवासियों का सोचने का ढंग बदल जायगा। अभी तो उनमें रंग और बोलीका अधिक विचार है। हम सिखाते हैं कि रंग सरदी गर्मीसे बनता है। एक स्थानमें अधिक देर तक रहने से स्थानीय बोली बन जाती है। ईश्वर सबका एक है और वह सबका भला चाहता है। मैंने प्रेम धर्म पुस्तक भी तो लिखी है। हम उसका प्रचार करेंगे। और मनुष्य मात्रको भाई-भाई बना देंगे।

मैं वर्षोंसे संसार संघका प्रचार कर रहा हूँ। यह प्रचार एक नई भावना उत्पन्न करता है।

मैं सिखाता हूँ कि समस्त संसारका बतायेंगे एक संघ राजा धर्मोंमें मेल करायेंगे। सब धर्मोंकी भलाईकी

इकट्ठी करके बुराई को मिटायेंगे। प्रथा चलायेंगे कुटम्बकी अर्थात समस्त मनुष्य जाति एक कुटम्ब बन जायगी। वस्तुयें पैदा करेंगे और बाटेंगे कि कोई भूखा न रहे !!

यह ही मेरा पत्र है और यह ही मेरा लेख इसे आप ज्यों का त्यों छाप दें। मैं "प्रवासी" की उन्नति चाहता हूँ। वह फले और फूले !!

* * * *

भारत के विश्वविख्यात प्रधान उद्योगपति, करोड़ों रुपयेकी सम्पति के स्वामी, जगत भरमें भारतके एक धनवान व्यक्ति के नाम से मशहूर और स्वयं राजवाड़ी ठाट बाट से रहनेवाले श्री सेठ रामकृष्ण डालमिया का संदेश:—

प्रिय महाशय,

श्रीमान सेठजीको आपका पत्र मिला। आप अपने कामोंमें सफलता चाहते हैं। पूज्य स्वामी जी ने अपने जीवनमें जो सेवा किया है उसके लिये सेठजी के दिल में बड़ी हमदर्दी है।

**लेकिन आर्थिक मदद के लिये व्यापारकी स्थिति खराब होनेसे मजबूर हैं।**

भगवान आपका भला करे।

आपका
पी. एस. पतके, सेक्रेटरी
सेठ आर. के. डालमिया।

सेठ रामकृष्ण डालमिया
Seth R. K. Dalmia

* * * * *

हिन्दीके महारथी, हिन्दी साहित्यके प्रकाण्ड पंडित और बिहारके शिक्षा मंत्री माननीय श्री बदरीनाथ वर्मा:—

प्रवासी भारतीयोंकी समस्या, आज हमारे सामने बड़े जटिल रूपमें खड़ी है। हमारे गरीब तथा भोले-भाले भाई जो जीविका की खोजमें और गोरे सामन्तशाहियोंके बुलावेमें पड़कर अपनी प्यारी मातृभूमिके प्रेमबन्धनको तोड़कर संसारके दूर दूर देशोंमें जाकर बस गए उनकी संख्या आज लाखोंमें आंकी जाती है। परम्परा ऐसी रही है कि गोरों शासकोंने जब किसी अन्य प्रदेश अथवा पिछड़े मुल्कों पर अपना आधिपत्य जमाया तो उसके विकास तथा उत्थानके लिए उन्हें श्रमजीवियोंकी आवश्यकता पड़ी। आधे पेट खाकर पशुओं का-सा जीवन बिताकर सस्ती मजदूरीमें काम करने वाले मजदूर इस अभागे देश के अतिरिक्त और कहां मिलते ? फलस्वरूप नाना प्रकार के प्रलोभनोंमें फंसकर हिन्दुस्तानी मजदूरोंके जत्थे देश-देशान्तर और दीप द्वीपान्तरोंमें जाकर आज सैकड़ों वर्षोंसे गोरोंके अत्याचारोंके शिकार बन रहे हैं। क्या दक्षिण अफ्रिका क्या फीजी या मोरिशस, और क्या पूर्वी और पश्चिमी हिन्द द्वीपपुंज, तमामसे एकही समाचार सुननेको मिलता है गोरे सामन्तशाहिओं द्वारा हमारे निरीह देशवासी भाइयों पर अत्याचार।

अपने बिछुड़े हुए भाइयोंकी करुण कहानियोंसे हमारे आँसू उमड़ आते हैं, हमारा रक्त उबलने लगता है, पर हम अपनेको इसके योग्य नहीं पाते कि उनके दुःखोंको दूर करें और उन्हें कोई सक्रिय सहायता पहुंचा सकें। गोरे तो उनके परिश्रमसे लाभ उठाकर स्वार्थ सिद्धि कर चुके। हिन्दुस्तानी मजदूर अपने गोरे मालिकोंके लिए लाखों बीघे जमीन आबाद कर चुके, उनकी सोने हीरेकी खानोंमें खट कर सरकार उन्हें करोड़पति बना चुके, अब उन्हें क्या अधिकार है कि वे अपनी छायासे भी उन देशोंको अपवित्र करते रहें ? दक्षिण अफ्रिकाके प्रश्नको ही लीजिये। हमारे पीड़ित और निःस्सहाय भाइयोंने उस देशको समृद्धिशाली बनानेमें कौनसी कसर उठा रखी ? प्रिटोरियाके हीरे और रेणडके सोनेकी खानोंमें काम करनेवाले येही भारतीय मजदूर थे जिन्होंने उन खानोंसे अपरिमित धनराशि निकालकर अपने मालिकोंको कुबेर बना दिया। पर उन्हें मनुष्य कहलाने तक का अधिकार न मिला। नैरोबी और डरबनकी गगन-चुम्बी अट्टालिकाएं इन भारतीय मजदूरोंके परिश्रमके ही प्रतीक हैं, पर ये अछूत मजदूर उन अट्टालिकाओंके पासतक नहीं फटक सकते हैं। उन्हें इतना भी हक नहीं है कि वे गोरोंके साथ एक गाड़ीमें बैठकर यात्रा कर सकें।

आज कितने ही भारतीय अपने पुरुषार्थ तथा अध्यवसायसे धनी, शिक्षित, सुसंस्कृत तथा विख्यात हो चुके हैं, पर मलान सरकारके काले कानून सभी भारतीयों के लिये एक हैं। पद-पद पर उन्हें अपमान और कटु वाक्य सहन करने पड़ते हैं। वे किसी भी समय किसी अवस्थामें गोरोंके साथ बराबरीकी हैसियतसे नहीं मिल सकते हैं और न उनके साथ सामाजिक या आर्थिक सम्बन्धही स्थापित कर सकते हैं। अब जो नए कानून लागू हो रहे

हैं उनके मुताबिक भारतीय उन महलों टोलोंमें भी नहीं रह सकते हैं जहां गोरोंकी आबादी है।

ऐसे ऐसे और भी कितने ही कानून बनाये जा रहे हैं जिनका एकमात्र लक्ष्य है भारतीयों को पीड़ित और अपमानितकर एक ऐसी परिस्थिति उत्पन्न कर देना जिसमें वे घबड़ाकर वहांसे अपनी सारी सम्पति घर-वार छोड़कर भाग जांय। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके कष्टोंका लम्बा और दुःख जनक इतिहास है और उन्होंने अपने हकोंकी प्राप्तिके लिए जो संघर्ष किए हैं और बलिदान दिए हैं वे भी कम महत्वपूर्ण नहीं कहे जा सकते हैं। महात्मा गांधीके त्याग और तपस्यामय जीवनकी अमरकहानी यहां से ही शुरू होती है तथा दीनबन्धु एन्ड्रूज सरीखे मानव-मित्रोंका कार्यक्षेत्र भी अनेक अंशोंमें दक्षिणी अफ्रिकाही रहा है। आज भी वहांके पीड़ित पद्दलित भारतीय ऐसे तपस्वी महात्माओंके पदचिन्होंका अनुसरण करते हुए अपनी आजादीकी लड़ाई लड़ रहे हैं और अपने मनुष्योचित अधिकारोंकी रक्षाकी चेष्टामें संलग्न हैं।

अन्याय तथा अत्याचारके विरुद्ध आवाज उठानेमें, आत्मबलसे पाशविक शक्तिका सामना करनेमें, जिन लोगों ने, प्रवासी भारतीयोंका नेतृत्व किया है उनमें स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी का नाम विशेष उल्लेखनीय है। अपनी अद्भुद कार्यकुशलता, संघटनात्मक शक्ति, विद्वता, वक्तृत्व तथा, सबसे अधिक अपने त्यागमय जीवन से उन्होंने प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवाएँकी हैं वे हमारे देशके लिये एक गौरवकी वस्तु है। कुछ दिनोंसे ये वृद्धावस्था तथा शारीरिक रोगोंके शिकार होकर अपने देश को लौट आए हैं और शरीरसे नहीं तो अपनी लेखिनीसे ही अपने प्रवासी भाइयोंकी सेवा कर रहे हैं। इनके सम्पादकत्वमें "प्रवासी" दो वर्ष पूरा कर तीसरे वर्षमें पदार्पण कर रहा है। मैं "प्रवासी" का अंक देखा करता हूँ। सभी दृष्टियोंसे यह एक उच्चकोटिकी पत्रिका है। मैं इसकी सफलता और उन्नतिकी कामना करता हूँ और ईश्वरसे प्रार्थना करता हूँ कि वह श्री भवानी दयालजीको स्वस्थ्य, निरोग तथा चिरायु करे जिसमें "प्रवासी" उन्नतिपथ पर, अग्रसर होता रहे और जिस लक्ष्यको लेकर यह हमारे सामने आया है उसकी पूर्त्ति हो, अर्थात् वे भारतीय जिन्हें परिस्थितिने संसारके विभिन्न देशोंमें लेजाकर पटक दिया है, फूलें फलें और स्वतंत्र नागरिकके अधिकार प्राप्तकर अपना और अपनी मातृभूमिका गौरव बढावें।

❀ ❀ ❀ ❀

काशी नागरी प्रचारिणी सभाके संस्थापक और हिन्दीके पुराने साहित्यसेवी पंडित रामनारायण मिश्रः—

"साहित्य-वाचस्पति स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी अपना स्वास्थ्य खोकर भी गत दो वर्षोंसे 'प्रवासी' पत्र निकाल रहे हैं। वे महात्मा गांधीजीके उन थोड़ेसे साथियोंमें से एक रह गये हैं जिन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें भारतीयोंके जीवन सरधनके लिये कष्ट उठाया था। भारत आकर उन्हींके हितके लिये वे "प्रवासी" निकाल रहे हैं। जिनके पठनसे भारत निवासियोंको पता चलता रहता है कि उनके दूर देशी भाइयोंकी क्या दशा है। दुःखके साथ लिखना पड़ता है कि हमारा ज्ञान क्षितिज इतना संकीर्ण है कि इस अन्तरजातीय युगमें भी हमें यह नहीं मालूम कि हमारे स्वधर्मी भारतके बाहर बाहर कहां कहां हैं। मालूम होने पर भी हमें यह जाननेकी लालसा नहीं है कि उनसे हमारा सांस्कृतिक सम्पर्क किस प्रकार पुष्ट हो सकता है।

पं० रामनारायण मिश्र
Pandit Ramnarayan Mishra

उपनिवेशोंमें कुछ मेरे भी मित्र हैं जिनसे मेरा पत्र व्यवहार रहता है। मैं जानता हूँ कि कई पीढ़ियोंसे और बरसोंसे दूर रहने पर भी भारतका जादू उनके सिरसे अब तक नहीं उतरा। उन्हें हमसे प्रीति है। हमारी मान मर्यादाको वे अपनी समझते हैं। हमारे ऋषियोंकी वे आदर से चर्चा करते हैं। एसी अवस्थामें, विशेषकर जब भारत स्वतंत्र हो गया है, हमें उनसे निकट संबंध स्थापित करने की चेष्टा करनी चाहिये, जिसका रास्ता हमें अपने निजी जीवनसे और "प्रवासी" द्वारा स्वामी भवानी दयालजी दिखला रहे हैं। इस मार्गको दिखलाने वाले वे अकेले ही हैं। ईश्वरसे प्रार्थना है कि वे दीर्घजीवी हों और सदा स्वस्थ्य रहें।"

❀ ❀ ❀ ❀

भारतके विख्यात उद्योगपति, स्वदेशप्रेमी सेठ मंगतूरामजी जयपुरिया:—

श्री मंगतूराम जयपुरिया
Shri Mangtooram Jaipuria

"प्रवासी" अपने दो वर्ष पूरे करके तीसरे वर्षमें प्रवेश कर रहा है यह जानकर मुझे हर्ष हुआ। "प्रवासी" ने हमारे देशके बाहर रहने वाले भारतवासियोंकी बड़ी सेवाकी है। और मैं आशा करता हूँ कि भविष्यमें भी यह पत्र इसी प्रकार हमारे प्रवासी देशवासियोंकी सेवा करता रहेगा।

इसके संचालन एवं सम्पादनके लिये श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी धन्यवादके पात्र हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

हिन्दी साहित्यके त्यागी, तपस्वी एवं यशस्वी सेवक, अनेक पुस्तकोंके प्रणेता और भारतीय ग्रंथमाला के संचालक श्री भगवानदास केला:—

"प्रवासी" सम्पादक का आदेश है कि मैं 'प्रवासी' के तीसरे वर्षके प्रथमांकके लिए प्रवासी भारतीयोंको कुछ सन्देश दूं। मैं इस समय अस्वस्थ हूँ, सोचता हूँ कि श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी किस प्रकार एक जीती-जागती प्रेरणा बन रहे हैं। लम्बी और कष्टदायक बीमारी में उन्हें एक मात्र 'प्रवासी' की चिन्ता सता रही है। भारतीय जनतामें फी हजार या फी लाख कितने व्यक्ति हैं, जिन्होंने अपने आपको भारत और भारतीयताके लिए अर्पित कर रखा है। आज कलके अर्थप्रधान युगमें सबको अपना-अपना स्वार्थ सिद्ध करनेकी पड़ी है और अनेक अच्छे २ आदमी भी चोर बाजारियों रिश्वत आदि से अपना घर भर रहे हैं। विशेष दुःख इस बातका है कि जिस वीरोंके त्याग और बलिदानसे भारत स्वतंत्र हुआ था, उनमेंसे कितने ही पथ-भ्रष्ट हो गए हैं और अब अपनी पिछली सेवाओंका अधिक से अधिक पुरस्कार पानेके लिए भले बुरे सभी प्रयत्न कर रहे हैं। ऐसे दूषित वातावरण में श्री स्वामीजी जैसे महानुभाव ही भारतमाताकी आशा-केन्द्र हैं। उनके उदाहरणसे हम सब देशवासी तथा प्रवासी भारतीय यथेष्ट शिक्षा लें। आवश्यकता है भारतमाताकी प्रत्येक सन्तान सच्चे हृदयसे यह कह सके:—

अगर ये प्राण तेरे वास्ते,
ऐ देश ! नहीं जावें।
तो इस हस्तीके तख्ते से,
मिटे नामो निशां मेरा॥

"प्रवासी" ने प्रवासी भारतीयोंकी अनुपम सेवाकी है। यह धन बुद्धि पाकर चिरंजीवि हो, यही प्रत्येक देशप्रेमी को हर समय सोचना-विचारना है।

❀ ❀ ❀ ❀

वयोवृद्ध मारवाड़ी नेता और प्रवासियोंके शुभ-चिंतक रायबहादुर श्री रामदेवजी चोखाणी।

आपने मेरे सन्देशके लिये लिखा सो मैं क्या लिखूं? समझमें नहीं आता। मेरी रायमें हम भारतवासियोंको दूसरे देशोंमें रहकर अच्छे बर्तावकी आशा करनाही अनुचित है, जब कि हम जानते हैं कि उन देशोंके लोगोंमें वह उदारता और मानवता नहीं है जो भारतवर्ष वालोंमें है। आर्थिक सहायता समया-नुसारकी जायगी। मैंने यह सम्मति आजके २५-३० वर्ष पहले स्वर्गीय गुण्डूज साहबको दी थी, कि हमें उनदेशोंको छोड़ दिया जाय। अपना देश काफी बड़ा और सम्पन्न है। वे लोग हमें आदर नहीं देना चाहते तथा हमें असभ्य भी समझते हैं। दूसरेके घरमें तो उसकी इच्छाके अनुसारही रहा जा सकता है।

श्री रामदेवजी चोखाणी
Shri Ramdeoji Chokhany

मेरी राय बहुतोंको अच्छी नहीं प्रतीत होगी पर मुझे तो यही लगता है, कि कलहका मिटानेका यही मार्ग है। क्या हिन्दुस्थान और पाकिस्तान और क्या आफ्रिका और युरोप ?

❀ ❀ ❀ ❀

हिन्दीके महान् काव्य-कलाधर और प्रवासी भारतीयों एवं "प्रवासी" के परम शुभचिंतक पंडित हरिशंकर शर्मा:—

प्रवासी भाइयोंसे मेरी तो यही प्रार्थना है कि वे विदेशोंमें रहकर अपनी भारतीय संस्कृति का क्षणभर के लिये भी बिस्मरण न करें। व्यापार या जीविकाके लिये विदेशोंमें जा बसनेके मानी यह नहीं है कि हम भारतीयता को भूल जायँ, रामकृष्णके अनुयायी न रहें, गीता, उपनिषद् और वेदोंके विश्वासी न रहें, रामायण-महाभारतको गप्प समझने लगें। ऐसा करना अर्थात् संस्कृतिकी त्यागना मृत्यु से बढ़कर है। मृत्युसे तो व्यक्तिविशेष का ही भौतिक अन्त होता है, परन्तु संस्कृतिके बिनाश से तो लाखों वर्षों की परम्परागत जीवन-धारायें बिनष्ट हो जाती हैं। भाषा भी संस्कृतिका सबल आधार है। अतएव प्रवासी भारतवासियोंको चाहिए कि वे हिन्दी और हिन्दी की जननी देववाणी संस्कृतिको अपने जीवनके लिये अनिवार्य समझें। भाषा भूलनेसे साहित्य नष्ट होता है, और साहित्यके अभावमें वे सब सांस्कृतिक परम्परायें मिट जाती हैं, जिनके कारण कोई जाति अपने को जीवित-जाग्रत समझती है। संस्कृतिके बिना कोई राष्ट्र या देश जीवित नहीं रह सकता। प्रवासी भाइयोंके घर-घरमें हिन्दी संस्कृत का प्रचार हो। उनमें भारतीय भावना, भारतीय भूषा और भारतीयताका उत्तरोत्तर विस्तार हो। जीविका या पेटपूर्तिकी धुनमें अपनी संस्कृति को भुला देना आत्महत्या है, राष्ट्र-हत्या है और पुरुषाओंकी विमल विभूतिको नष्ट भ्रष्ट कर देना है।

बड़ी प्रसन्नताकी बात है कि प्रवासियोंके बहुत बड़े शुभचिन्तक पूज्यवर श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासीने 'प्रवासी' पत्र प्रकाशित कर प्रवासियोंकी महती सेवाकी है। वे तो जीवनभर प्रवासियोंकी सेवा में ही संलग्न रहे हैं। उनका जीवन और मरण लाखों प्रवासियोंके लिये है। स्वामीजीका 'प्रवासी' जो सेवा कर रहा है, उसका बदला नहीं चुकाया जा सकता। 'प्रवासी' भाइयों और 'प्रवासी' प्रेमियोंका कर्त्तव्य है कि वे इस पत्रको जीवित रखें।

*　　*　　*　　*

बिहारके प्रख्यात देशसेवक, बिहार एसेम्बलीके मेम्बर और "प्रवासी" के शुभचिंतक एवं सहायक श्री गुप्तनाथ सिंह:—

बिभिन्न देशोंमें बसे हुए लगभग ३० लाख प्रवासी भाई बहन भारतको अपनी मातृभूमि मानते हैं। ये प्रवासी विदेशोंमें भारतीय सभ्यता और संस्कृतिके सन्देश-वाहक कहे जा सकते हैं। वे सुदूर देशोंमें बसे रहने पर भी मातृभूमि को भारत कभी नहीं भूलते। उनकी आंखें भारतके मध्य गौरवकी ओर लगी रहती हैं। भारतमें चलने वाली अनेक संस्थाएँ प्रवासियोंके दान पर अवलम्बित हैं, यह है प्रवासियोंकी श्रद्धा और देश भक्ति।

प्रवासी भारतीय आरम्भसे ही बेबसी की हालतमें पड़े हुए हैं। उनका प्रश्न भारतीय स्वाधीनता संग्रामका महत्वपूर्ण अंग रहा है। सौभाग्यसे भारत अब गणराज्य बन गया है! दुर्भाग्यवश अभी प्रवासी बन्धुओंको कष्टोंसे मुक्ति नहीं मिली है। आए दिन उनके ऊपर नाना प्रकार के प्रहार होते ही रहते हैं। इस समय उनके अधिकारोंका प्रश्न बहुत गम्भीर रूप धारण कर रहा है। यद्यपि राजनीतिक दृष्टिसे भारत सीधे कुछ नहीं कर सकता फिर भी वह दूसरे उपायोंसे बहुत कुछ कर सकता है। वहांकी सरकारोंपर नैतिक दबाव डाला जा सकता है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि भारतीय सरकार अपना कर्तव्य सतर्कतासे पालन करेगी।

रही भारतीय जनताके कर्तव्यकी बात, जनता के प्रति जनता का जो कर्त्तव्य है उसके लिए हमें प्रवासी बन्धुओंके साथ सम्पर्क बनाए रखनेके अतिरिक्त उनकी परिस्थितियोंसे परिचित होते रहना भी आवश्यक है। इसके बिना हम एक दूसरेके सुख-दुखमें सहायक नहीं हो सकते।

इसके लिये सर्वोत्तम साधन समाचारपत्र है जिससे हम पारस्परिक आवश्यकताओंकी व्यक्त कर सकते हैं। भारतमें ऐसे साधनका अभाव का अनुभव करके प्रवासियोंके प्राण, पूज्य स्वामी भवानीदयाल ने "प्रवासी" का प्रकाशन प्रारम्भ किया था। यह प्रसन्नताकी बात है कि "प्रवासी" अपनी आयुके तीसरे वर्षमें प्रवेश कर रहा है। इसने प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं को भारतवासियोंके सामने उपस्थित करके प्रवासी भाई-बहनों को भारतकी

श्री गुप्तनाथ सिंह
Shri Gupta Nath Singh

स्थितिसे परिचित कराकर देशकी बहुत बड़ी सेवाकी है। स्वामीजीके स्वास्थ्यपर बार-बार रोगोंका भयंकर प्रहार होते रहनेसे प्रवासीकी महत्वपूर्ण जनसेवासे वंचित हो जाने का भय उपस्थित होता रहा है। फिर भी स्वामीजीने रोग-शय्यापर पड़े रहकर भी उसे जिस चमत्कारी रूपसे जारी रखा है वह दैवी प्रेरणाका ही परिणाम दीखता है। भगवान से यही प्रार्थना है कि स्वामीजी स्वस्थ रह कर "प्रवासी" द्वारा प्रवासियोंकी सेवा का पथ प्रशस्त करते रहें। आशा है भारतीय जनता एवं प्रवासी बन्धुओं के सहयोग और सहायता से "प्रवासी" को किसी भी प्रकार की आर्थिक कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। "प्रवासी" के भावी जीवन के लिये हार्दिक शुभकामनाएँ हैं।

* * *

बिहारके साहित्यिक-क्रान्तिके प्रतीक, विख्यात देशहितैषी और "प्रवासी" के सहायक श्री देवकुमार मिश्र:—

स्वाधीनताकी प्राप्तिके बादसे हम भारतीयोंकी जिम्मेवारी बहुत अधिक बढ़ गयी है। हमारी वह ज़िम्मेवारी जितनीही अधिक देशकी आन्तरिक सुव्यवस्था, सुख-शान्ति और धन-धान्यके संवर्धनके प्रति है, उससे कम प्रवासी भारतीयोंके दुःख-दुर्दशा उन्मूलनकी नहीं। हमारा उद्देश्य बृहत्तर भारतके पूर्व गौरवको प्राप्त करना और प्रवासी भारतीयों की समस्याको हल करना होना चाहिए। हम जिस तरह धर्म—निरपेक्ष, रंग-भेद-हीन समाज और राष्ट्रकी स्थापना कर आन्तरिक शान्ति, सुव्यवस्था और नागरिकों को समानाधिकार देते हैं, वैसे ही चाहते हैं कि हमारे प्रवासी भाई भी रंग-भेदके शिकार न हों। 'प्रवासी' ने अपने दो वर्षके जीवनमें इस उद्देश्य को सर्वोपरि रक्खा है। इसके सम्पादक और संस्थापक स्वामी भवानीदयालजी उन इने-गिने महापुरुषोंमेंसे हैं, जिन्होंने प्रवासी भारतीयोंकी मर्मवाणीको मुखर किया है। आदरणीय स्वामीजीने मृत्युशय्या पर पड़े रहकर भी भीष्मपितामहकी तरह उनकी समस्याओंके हलको जीवनका लक्ष्य बनाया है। हमारी कामना है कि 'प्रवासी' भारतीय जनताको उद्बुद्धकर प्रवासी भारतीयोंकी समस्याके हलका माध्यमहो और दिनोंदिन उसकी उन्नति होती जाय!

* * *

हिन्दी साहित्यके महारथी और प्रवासी भारतीयों एवं "प्रवासी" के परम हितैषी प्रोफेसर शिवपूजन सहायजी:—

प्रवासी भारतवासी भाइयोंके लिये प्रत्येक सच्चे भारतीयके हृदयमें स्वाभाविक सहानुभूति है। प्रत्येक भारतीय आशा और उत्सुकताके साथ इस बात की प्रतीक्षा करता है कि हमारी राष्ट्रीय सरकार उनके हितार्थ क्या कर रही है या क्या करने जा रही है या क्या करने का इरादा रखती है। भारत सरकारके सामने इस समय अनेक विषय एवं जटिल समस्याएँ उपस्थित हैं। अपनी गणतंत्री सरकारकी विकट चिन्ताओंसे प्रत्येक समझदार भारतवासी चिन्तित है। महात्मा गांधीका सत्य, अहिंसा और विश्वप्रेमका सिद्धान्त बहुत ही ऊँचा, पवित्र और विश्वकल्याणकारी है। किन्तु यह कुटिल, कपटी, दम्भी दुनिया उस सिद्धांत का पालन अथवा निर्वाह नहीं होने देना चाहती। सचाई और प्रेमका रास्ता हमेशा खतरोंसे भरा रहता है। किन्तु परम्परागत विश्वासके अनुसार अन्तमें सत्य और प्रेमकी ही विजय होती है। हमारी कांग्रेसी सरकार विश्वशान्तिके लिए प्रतिदिन प्रतिक्षण हलाहल-पान करती जा रही है। देशमें भी रक्तपात जारी है। विदेशमें भी ईर्ष्या, द्वेष, लोभ, प्रतिस्पर्द्धा, वैमनस्य और असन्तोषकी लपटें इधर-उधर उठती दीख रही हैं। उनके प्रभाव से यह देश अछूता कैसे रह सकता है? इस देश को सर्वथा साधन-सम्पन्न देख इसकी भावी उन्नति से विदेशी भी शंकित हैं। पड़ोसके और दूरके राष्ट्र डाहसे कुढ़ रहे हैं। भारतका वैभव सबकी आंखों का काँटा हो रहा है। ऐसी दशामें सभी यह मन-ही-मन चाहते हैं कि भारतीय लोग अपने देशमें भी चैन से न रहने पावें और विदेशों में भी जहां कहीं हैं वहाँ खूब सताये जायँ। मेरी समझमें यही कारण है कि प्रवासी भारतीयों पर ठौर-ठौर अत्याचार हो रहे हैं। अत्याचारी चाहते हैं कि भारत-सरकार अपनी प्रजाके दुःख-दर्दसे ही परेशान रहे और भावी उन्नति सम्बन्धी सारी योजनाएँ जहां-की तहाँ पड़ी रह जायँ। इस तरहकी स्थितिमें हमारे या राष्ट्रके धैर्यकी अग्निपरीक्षा हो रही है। खासकर हिन्दू जाति पर इस देशमें और हिन्दुस्थानी मात्र पर विदेशमें घोर संकट छा रहा है, असह्य विपत्ति घहरा रही है। ऐसे ही दुर्दिनमें पूज्य बापूका अभाव हृदय शूल बनकर विह्वल कर रहा है। किन्तु आज भी उनकी दिव्य आत्मा इस देशके भूगोल-

सगोलमें व्याप्त है। राष्ट्रपतिमें और नेहरूजीमें उनकी तपस्याका तेज आज भी अवशिष्ट है। वे प्रवासी भाइयों की दुर्दशासे परिचित और सजग हैं। फिर भी देशवासियों को अपने व्यक्तिगत कर्त्तव्यका ध्यान रखना होगा। पीड़ित प्रवासियोंकी सहायताके लिए उपाय करना होगा। उनके लिए जो लोग काम कर रहे हैं उन कामों और कार्यकर्त्ताओं को सहायता देनेमें तत्पर होना पड़ेगा। कोरी सहानुभूतिसे प्रवासी भाइयोंके गहरे घावकी मरहम-पट्टी नहीं हो सकती। जिसमें जो शक्ति हो वह अपनी उसी शक्तिका उपयोग करके प्रवासी भाइयोंको आश्वासन दे। हमारे राष्ट्रपतिने हालहीमें कहा है कि इस समय देशको त्यागियोंकी ही आवश्यकता है। हमारे देशमें आज भी बलिदानी युवकोंकी कमी नहीं है। मिशनरी-स्पिरिटके नौजवान अपने ताज़ा दिमाग़से कई तरहके तरीके सोच सकते हैं, जिनसे आज की बाहरी समस्याओंके हल निकल सकते हैं। देश के अन्दर की कठिनाइयोंके लिए

प्रो० शिवपूजन सहायजी
Shivpujan Sahaiji

हमारी स्वदेशी सरकारकी क्रियाशीलताही पर्याप्त है। विदेशमें बसे भाइयोंके लिए जो कुछ भी किया जा सकता हो उसकी ओर समर्थ लोगोंको शीघ्र ध्यान देना चाहिए। प्रवासी भाइयोंके लिए पूज्य स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीने अपना जीवन होम दिया है। बेचारे प्रवासियों की चिन्तासे उनका शरीर दिन-दिन गलता जा रहा है। जीवन-भर उन्हीं दुखी भाइयों के लिए वे आन्दोलन करते आ रहे हैं। उनकी वाणी, उनकी लेखनी, उनकी प्रतिभा, उनकी कार्यक्षमता, सारी शक्तियाँ प्रवासियोंकी सेवामेंही पिछले पचास वर्षोंसे लगातार लगती आ रही हैं। देखा कोई भी इस देश में आँखों-तले नहीं आता जो उनका सच्चा उत्तराधिकारी बनकर उनका कार्यभार सँभाल ले। किन्तु भारतकी रत्नगर्भा वसुन्धरा कभी रत्नशून्य नहीं हुई है। विश्वास है कि स्वामीजीकी लगन-भरी सेवा अवश्य कोई हल प्रसव करेगी। ईश्वरसे मेरी यही प्रार्थना है कि 'प्रवासी' की शक्ति दिन-दिन बढ़े जिससे प्रवासी-समस्या की अनुभूति देशमें खूब व्यापक हो। स्वामीजी शय्याग्रस्त और अत्यन्त अशक्त हैं; किन्तु प्रवासी भाइयोंकी सेवाके लिए उनमें जो श्रद्धा है उसीकी दिव्य शक्ति उन्हें दीर्घायु करेगी तथा प्रवासियों को सुखी देखनेकी जो आशा उनके मनमें है उस आशाकी पूर्त्तिकी प्रतीक्षामेंही उनकी श्रद्धालु आत्मा उनके पार्थिव शरीर के मन्दिर में विराजमान रहेगी, ऐसा विश्वास है। जैसे प्राणान्तक रोगोंसे वे बरसों आक्रान्त होते रहे हैं उन्हें देखने से, और रुग्णावस्थामें भी प्रवासी भाइयोंकी सेवामें अहर्निश लीन रहकर अविश्रान्त गतिसे उनके काम करते जाने पर, ऐसा विश्वास स्थिर होना आश्चर्यजनक नहीं है। परमात्मा प्रत्येक सेवाका पुरस्कार अवश्य देता है। स्वामीजीके जीवन-काल में यदि प्रवासी० समस्या हल न भी हुई, तो उनके त्याग-तपोमय जीवनका ज्वलन्त आदर्श आगे की पीढ़ियोंको अनुप्राणित और उत्साहित करता रहेगा। मैं पुनः परमेश्वर से यह प्रार्थना करता हूँ कि 'प्रवासी' पर स्वामीजीकी छत्रच्छाया घनी बनी रहे और उनकी सेवाके पुण्यसे 'प्रवासी' का प्रगतिपथ प्रशस्त होता चले। एवमस्तु!

* * * *

प्रवासी साहित्यके प्रथम प्रकाशक, भूतपूर्व "नवजीवन" संपादक और हिन्दीके प्रसिद्ध साहित्यकार श्री द्वारिका प्रसाद सेवक:—

'हज़ार विघ्नबाधाओंके होते हुए भी "प्रवासी" तीसरे वर्षमें पदार्पण कर रहा है, शिशु अब घुंटुओंके बल चलकर अपने पैरोंपर खड़ा होना सीखेगा, यह देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। प्रभु इस नन्हें-प्यारे शिशुको पूर्ण बलशाली, सामर्थ्ययुक्त और आदर्श बननेका सुअवसर दें—यह ही बारम्बार प्रार्थना है, आकांक्षा है।

आपका साहस, परिश्रम और तन्मयता भूरि-भूरि प्रशंसनीय ही नहीं वरन् आजके नवयुवकोंके लिये अनुकरणीय भी है। मैं चिरकालसे, आपसे सुपरिचित हूँ और आपके सेवा-कार्योंका अध्ययन तथा मनन करता रहा हूँ। मैंने सदाही आपसे उत्साह और प्रेरणा प्राप्त की है। सरस्वती-सदनका आरंभ मैंने 'प्रवासी भारतवासी' और 'सत्याग्रहके इतिहास' से ही किया था। "नवजीवन" द्वारा भी मैंने यत्किंचित् सेवा की थी और

यह सब आपकी प्रेरणाका ही परिणाम था। खेद है कि मैं उस समय अपनी योजनानुसार कार्यको स्थिर नहीं रख सका, किन्तु अब फिर मैं उस दिशामें सेवा करने को उद्यत हुआ हूँ। आशा है कि शीघ्र ही 'भारतवर्ष' द्वारा मैं आपको सहयोग दे सकूँगा।

आप कितने दिन से, कितने अधिक रोगपीड़ित हैं, फिर भी आप जिस अदम्य साहस, उत्साह और सहिष्णुताके साथ स्वकर्त्तव्य पालनमें सलग्न हैं वह भावी सन्तानके लिये आदर्श है, पूजनीय है और है परम स्फूर्ति-दायक भी। ईश्वर करें कि आप शीघ्रही पूर्ण आरोग्यता प्राप्त करें और अधिकाधिक समय तक इस सेवा क्षेत्र को सींचते रहें। इस क्षेत्रमें आप एक ही हैं। दूरतक खोजने पर भी दूसरा कोई नज़र नहीं आता। क्या ही अच्छा होता यदि भाई बनारसीदास चतुर्वेदी पुनः इस ओर लौट आते। प्रवासी बन्धुओंका और साहित्यका कितना उपकार होता।"

❀ ❀ ❀ ❀

भारत के प्रख्यात देशभक्त, बरार-केसरी, सदस्य भारतीय संसद, प्रतिष्ठित साहित्यकार, "प्रवाह" के संस्थापक, एवं कई सुन्दर-साहित्यिक ग्रंथों के प्रणेता श्री ब्रिजलालजी बियाणी:—

"प्रवासी" मासिक का तृतीय वर्ष का प्रथम अंक प्रकाशित हो रहा है। उसके लिए मेरी शुभकामना प्रेषित करते अत्यन्त हर्ष है। प्रवासी भारतीयों का प्रश्न स्वराज्य के पहिले अत्यन्त कठिन था और आज वह अत्यन्त गम्भीर हो रहा है। स्वामी भवानीदयालजी ने प्रवासी भारतियों की भारतीय इतिहास में संस्मरणीय सेवाकी है। इधर प्रवासी मासिक को जन्म देकर वही काय उनके हाथों हुआ। जीवन की शक्ति किसी एक काम में लगाने की संलग्नता का नमूना स्वामीजी का जीवन है, और उसका दृश्यस्वरूप साहित्य के क्षेत्र में "प्रवासी" मासिक पत्र है। पत्र ने अपने दो वर्ष पूर्ण किये हैं और वह तीसरे वर्ष में पदार्पण कर रहा है। पत्र प्रगति करे! उसके द्वारा सेवाकार्य हो और स्वामी भवानीदयालजीके आत्मा की वह आवाज़ हो, यह इस नववर्षाकके लिए मेरी शुभकामना है।

श्री ब्रिजलाल वियाणी Shri Brijlal viyani

❀ ❀ ❀ ❀

कलकियाके प्रसिद्ध साहित्यकार तथा "दैनिक जागृति" के सम्पादक श्री मिहिरचंद्जी धीमान्:—

आपका "प्रवासी" गत दो वर्षोंसे विदेशोंमें रहने वाले भारतियोंके हितके लिये निरंतर प्रयत्न कर रहा है। और उसमें आपको कुछ सफलता भी मिली है।

यदि प्रवासी भारतियोंकी स्थितिका सिंहावलोकन किया जाये तो विदित होता है, कि वहां के समाजमें उन्हें कोई स्थान प्राप्त नहीं है। यहां तक कि उन्हें मानव समाज का अंग भी नहीं समझा जाता, न ही उन्हें मानवोचित अधिकार ही मिले हैं। भारतको स्वतंत्र हुए लगभग ढाई वर्ष व्यतीत हो गये, पर प्रवासी अभी परतंत्र ही हैं। उन्होंने अभी सुख और स्वतंत्रताका अनुभव नहीं किया, उनकी अवस्था अभी सुधरी नहीं।

अफ्रीका निवासी भारतीयोंकी स्थिति सुधारके लिये तो अनेकानेक प्रयत्न किये गये, हमारी सरकार ने भी दो बार सन्धिकी पर.... ...कोई लाभ नहीं हुआ।

इन सब अवस्थाओं को दृष्टिमें रखते हुए यह स्पष्ट है कि एक महान क्रान्तिकी आवश्यकता है, ऐसी क्रान्ति जो भारतियोंमें नवजीवनका संचार करे, और उन्हें अपने कर्तव्य की याद कराये। इन सब कार्योंके लिये अभी देश को माननीय स्वामीजीकी और इनके "प्रवासी" की आवश्यकता है। ईश्वर वह दिन स्वामीजीको दिखाये जब कि विदेशवासी भारतीय, उच्च स्वरसे अपने अधिकार मांग सकें, और वह एक स्वतंत्र देशके नागरिककी भांति मस्तक ऊचा कर, स्वच्छन्द विचरण कर सकें।

मेरी हार्दिक अभिलाषा है कि द्विवर्षीय "प्रवासी" ने जो उद्देश्य अपने सम्मुख रक्खा है उसे प्राप्त करनेमें वह शीघ्र सफल हो।

* * * *

हिन्दी में अमेरिका प्रवास-साहित्यके आदि प्रवर्त्तक और "ज्ञानधारा" मासिक पत्रिकाके सम्पादक श्री स्वामी सत्यदेव परिव्राजक:—

"आपकी बीमारी का हाल सुनकर मेरा हृदय करुणासे भर गया। दो वर्ष तक आपने अपने प्यारे 'प्रवासी' को किन दिक्कतोंके बीच चलाया होगा, उसका चित्र मैं अपने मनमें भली प्रकार ला सकता हूँ क्योंकि एक साल तक "ज्ञानधारा" चलानेमें मैंने अपना चालीस पौंड वज़न खोया है और पत्रको लाचार होकर वंद कर देना पड़ा है।

इस अभागे देशमें सहानुभूति और सहयोगकी बड़ी कमी है और विश्वासपात्र आदमी तो चिराग़ लेकर तलाश करनेपर भी नहीं मिल सकते। आपके धैर्यकी बलिहारी है जो आपका "प्रवासी" तीसरे वर्षमें प्रवेश कर रहा है। मैं आपको हृदयसे विश्वास दिलाता हूँ कि मैं आपके इस पवित्र कार्यकी सफलता अपनी पूरी मानसिक शक्तिके साथ चाहता हूँ। मैंने आजतक कोई लेख आपके "प्रवासी" के लिये नहीं भेजा, क्योंकि नेत्रहीन हानेके कारण मुझे 'ज्ञानाधारा' से ही फुरसत नहीं मिलती थी। यदि मैं किसी तरह इस आपके नये वर्षमें आपके काम आ सकूँगा तो अवश्य प्रयत्न करूँगा। आपने मेरा चित्र मांगा है जिसे मैं भेज रहा हूँ और आशा करता हूँ कि आप अपने "प्रवासी" में एक दो पृष्ठ अध्यात्म-वादके लिये अवश्य खोलें। मेरे पास तो लेखोंके बाढ़ आये हुए हैं, लेकिन मैं क्या करूँ, कोई लिखने वाला ही नहीं।

श्री स्वामी सत्यदेवजी परिव्राजक
Shri Swami Satydeoji Paribarajak

मैं आपको अपना यही संदेशा भेजता हूँ कि आप अपने "प्रवासी" को कदापि बंद न करें। यदि मैं नेत्रहीन न होता तो "ज्ञानधारा" कभी बन्द न होती। इस देशमें पहला पाँच-सात वर्ष हम लोगोंके लिये बड़े विकट रहेंगे, क्योंकि प्रजा स्वाधीनता का गौरव नहीं जानती और वह साम्प्रदायिकतामें डूबी हुई है। मेरी उस सर्वशक्तिमान् परमात्मासे यही प्रार्थना है कि वे आपके लिये सहायक खड़े कर दें और आपका "प्रवासी" प्रवासी भारतीयोंके लिये प्रकाश स्तम्भ बनकर जीवन-ज्योतिका पथ दिखलावे। ईश्वर आपको शीघ्र नीरोग करें।"

* * * *

"प्रवासी" पत्रिका तथा दलित और पीड़ित प्रवासी भारतीयोंके परम हितैषी और शुभचिंतक श्री उदयराज सिंह:—

जब सहस्रों कोसों दूर, अगाध जलनिधि के विकल तरंगोंको पार करके, प्रवास में अवस्थित प्रवासी भारतीय के पास "प्रवासी" पत्र अपनी निराली छबि और सुनहला प्रकाश लेकर पहुँचता है, तो उसका कुम्हलाया मुखकमल खिल जाता है। हृदय आनंद से प्रफुल्लित हो जाता है। सर्व प्रथम उन्हीं पंक्तियोंका पढ़ना प्रारम्भ करता है, जिनमें स्वामीजीकी बीमारी, या स्वास्थ्य उपलब्धि का वर्णन हो। स्वामीजी के प्रति "प्रवासी" के अन्तः करण में अथाह स्नेह भरा है, चिरकाल से ही आपका परिचय प्राप्त है। "प्रवासी" पत्र को हाथमें लेते समय, आपका डरबन, नैटालमें पूर्व प्रकाशित, "हिन्दी" नामक पत्रका संस्मरण हो जाता है। आपकी हिन्दी सेवा वास्तवमें अनिर्वचनीय है। अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलनने जो आप को हालहीमें "साहित्य वाचस्पति" की उपाधिसे सुभूषित किया है, सर्वथा सराहनीय है। आप जैसे दिव्य आत्मा के रहते हुए "प्रवासी" पत्र, प्रवासमें रहने वाले भारतियों का प्रकाश स्तम्भ है, जो उनके करुणामय जीवनको आश्वासन देता है, और देता रहेगा। पर शोक इस बातके लिये है कि, जिसने असख्यों विपद ग्रस्तोंके अँधेरे जीवनमें प्रकाश फैलाया आज उसही श्रद्धेय स्वामीजीकी जीवन ज्योतिके बुझनेकी आशंका है। रुग्ण अवस्थामें कोई आशाजनक परिवर्तन दिखाई नहीं देता। इस अभागे "प्रवासी" का हृदय अक्षुण्ण वेदना से तड़पड़ा रहा है। क्या विधाताको यही भेंट स्वीकार है? क्या "प्रवासी"

की आत्मा, प्रवासियोंके सर्व श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, अपनी दिव्य आकांक्षाओंको अधूरा छोड़कर संसारसे विदा हो जायेंगे ? नहीं, नहीं, दुखी देशवासियों और विश्वमें बिखरे हुए प्रवासियोंकी हितकामनाके लिये परमात्मा स्वामीजीको पुनः आरोग्य प्रदान करेंगे। हमारे स्वामी चिरंजीवी होवें, प्रवासियोंकी सुन्दर अभिलाषा सफल होवे !

❀ ❀ ❀ ❀

कलकत्तेके विख्यात साहित्यकार, अनेक साहित्यिक ग्रंथोंके प्रकाशक और "प्रवासी" के सहायक श्री रुलियाराम गुप्तः—

आपका "प्रवासी" अपने तीसरे वर्षमें पदार्पण कर रहा है यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। आज भारतीयों पर क्या-क्या कष्ट आ रहे हैं इनको भगवान ही जानता है। हर जगह भारतको नीचा दिखानेका प्रयत्न किया जाता है। जिन भारतीयों ने दक्षिण अफ्रिकामें इतने घोर कष्ट सहे उनको आज क़ानूनसे निकालनेका प्रयत्न जारी है। भारतको वह प्राचीन गौरव आज कहां गया ? ऐसे समयमें आपने जो भारत माताकी सेवाकी है वह सराहनीय है। 'प्रवासी' भी आज उन प्रवासी भारतीयोंकी दुःख गाथा गाता रहता है जिससे हम लोगों को काफ़ी जानकारी वहांके बारे में मिलती है। मेरी भगवानसे यही प्रार्थना है कि प्रवासी भारतीयोंके कष्ट निवारण करनेमें आप तथा आपका पत्र "प्रवासी" सफल हो।

श्री रुलीयाराम गुप्त
Ruliaram Gupta

❀ ❀ ❀ ❀

गयाके प्रसिद्ध जागीरदार. श्री बनबिहारी प्रसादजी भूपः—

भारत, दक्षिण अफ्रीकाके अपने प्रवासी भाइयों की कष्ट-पूर्ण अवस्थासे किसी भी कालमें उदासीन नहीं रह सकता और यह उनके जीवन-मरणकी समस्या, भारत की अपनी समस्या है। यही नहीं, अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टिसे संसार के इस भागमें बसे हुए भारतीयोंकी यह कारुणिक स्थिति जो, दक्षिण अफ्रिका की स्वार्थमयी कुत्सित नीतिका ज्वलन्त उदाहरण है, संसारके उन सभी राष्ट्रों की अपनी समस्या होनी चाहिए जो, न्याय-नीतिका दम भरते हैं तथा विश्व-शान्ति एवं विश्व-कल्याणके निमित्त उत्सुक दीख पड़ते हैं।

❀ ❀ ❀ ❀

लोरेन्सो मार्क्विस (पोर्तुगीज़ पूर्व अफ्रीका) की एक मात्र महान भारतीय संस्था, "भारत समाज" एवं "वेद मंदिर" के संस्थापक और प्रधान, गुजरातके कर्मठ देश भक्त, "प्रवासी" के परम हितैषी, स्वामीजीके अनन्य मित्र और सचाई एवं ईमानदारीकी प्रतिमूर्ति श्री भीखाभाई भूलाभाई:—

"प्रवासी" जैसे उच्चकोटिके साहित्यिक पत्रको मेरे जैसा साधारण व्यक्ति क्या सन्देश भेजे ? लेकिन स्वामीजी की प्रवासी बन्धुओंकी निरन्तर निष्काम सेवा, "प्रवासी" द्वारा विदेशोंमें बसे हुए प्रवासी बन्धुओंको देशकी स्थितिका ज्ञान उनकी भयंकर रुग्णावस्थामें भी "प्रवासी" का नियमित प्रकाशन, एवं स्वामीजीका प्रेम मुझे प्रेरित करता है कि मैं अपने "प्रवासी" के लिये चन्द शब्द अर्पित करूं। "प्रवासी" में स्वामीजीकी आत्माकी ध्वनी निकलती है जो नग्न सत्य होती है जिनका आत्माके साथ सीधा संबंध है। परन्तु दुःख है कि ऐसे समय में जब कि "प्रवासी" और "प्रवासी" के संचालककी देशको आवश्यकता है। स्वामीजीको बीमारीने मृत्युके दरवाजे पर उपस्थित कर रखा है। एक तरफ स्वामीजीकी भयंकर बीमारी दूसरी तरफ आर्थिक संकट-ऐसी करुणाजनक स्थितिमें भी "प्रवासी" का नियमित प्रकाशन वृद्ध तपस्वी की तपस्या का फल है। "प्रवासी" का एक मात्र आधार स्वामीजी पर है स्वामीजी जीवित हैं तो प्रवासी भी जीवित है। ईश्वरसे प्रार्थना है कि वे स्वामीजीको शीघ्र आरोग्य

श्री भीखाभाई भूलाभाई
Shri Bhikabhai Bhulabhai

प्रदान करें। इन चन्द शब्दोंके साथ मैं अपने प्रवासी बन्धुओं से प्रार्थना करता हूँ कि "प्रवासी" उनके लिये अमूल्य सम्पत्ति है उनको "प्रवासी" की क़दर करनी चाहिये और उसे आर्थिक संकटसे मुक्त कर देना चाहिये।

* * * * *

अजमेरके कर्मशील नेता, दयानन्द एँग्लो वैदिक कॉलेज के संस्थापक, और आर्यसमाजकी वेदी पर सर्वस्व निछावर कर देने वाले त्यागी कार्यकर्त्ता कर्मवीर पंडित जियालालजी:—

मुझे यह जानकर बड़ा हर्ष है कि "प्रवासी" अपने जीवनके दो वर्ष सानन्द समाप्त करके तृतीय वर्षमें पदार्पण कर रहा है। इस अवसर पर मुझे यह बतानेकी तो आवश्यकता नहीं है कि "प्रवासी" ने अपने इस अल्प जीवनमें जनताकी क्या सेवा की है। "प्रवासी" पत्रके जन्मदाता स्वनाम धन्य श्री स्वामी भवानी दयाल जी वह कर्मठ और लोह पुरुष हैं कि जिन्हें अपने दृढ़ संकल्पसे संसारकी कोई भी शक्ति विघ्नरूप होकर हटा नहीं सकती। विदेशोंमें स्वामीजीने प्रवासी भाइयोंकी जो

पं० जियालालजी Pt. Jiyalalji

सेवाएँ निष्काम भावसे की हैं वे प्रत्येक देश दशा जाति-सेवीके हृदय पर अंकित होने योग्य हैं।

स्वामीजी पूर्ण वैदिक धर्मी हैं। महर्षि दयानन्द सरस्वतीजीके अनन्य भक्त हैं। ऋषिके मन्तव्योंका प्रचार विदेशोंमें स्वामीजीने जिस उत्साह और लगनके साथ किया है वह आर्य समाजके इतिहासमें स्वर्ण अक्षरोंमें लिखे जाने योग्य है। धार्मिक भावनाओंके साथ स्वामीजी परम देश भक्त भी हैं। देशके सामने आई हुई समस्याओंके सुलझानेके हेतु उन पर स्वामीजीने समय समय पर जो गम्भीरता पूर्वक विचार प्रकट किये हैं उन्हें प्रत्येक "प्रवासी" का पाठक भली प्रकार जानता है।

स्वामीजी जबसे अजमेर पधारे हैं तबसे मेरा उनके साथ घनिष्ठ परिचय है। मैं जब कभी उनसे मिला हूं तभी मैंने उन्हें समाजगत रूढ़ियोंके विरुद्ध वैदिक धर्मकी सार्वभौम प्रसिद्धि की चिन्ता तथा प्रवासी भाइयोंके संकटों को दूर करने की गुत्थियोंको सुलझानेकी चिन्तामें ही निमग्न पाया है। "प्रवासी" पत्रको जन्म देकर स्वामी जीने एक बड़े अभाव की पूर्ति कर प्रवासी भाइयोंकी सर्वतोमुखी सेवा की है। प्रवासी भाइयोंकी प्रत्येक प्रकार की उन्नति एवं उनके दुखको दूर करनेका प्रयत्न जहां स्वामीजीने उनके बीच रहते हुए हुये किया था, आज भी वह उसी प्रकार बल्कि उससे भी अधिक तत्परता के साथ हर प्रकारसे "प्रवासी" पत्रके द्वारा उनकी सर्वाङ्गिण उन्नतिमें सतत प्रयत्नशील दृष्टि गोचर हो रहे हैं।

स्वामीजीके प्रेमी इष्टमित्रोंको यह जान कर दुःख होगा कि आज दस मास से वह रुग्णशय्या पर पड़े हुए हैं, उनके परम हितैषी मेरे जैसे अनेकों मित्रों और सेवकों तथा चिकित्सकोंका उन्हें प्रबल आग्रह है कि वे जब तक पूर्ण स्वस्थ न हो जायं उस समय तक पूर्ण विश्राम करें। परन्तु स्वामीजी अपने सब प्रेमी मित्रोंके इस प्रबल आग्रह को यह कह कर उपेक्षित कर देते हैं कि जब तक मेरा जीवन है तब तक मैं अकर्मण्य होकर कैसे पड़ा रहूं। अस्तु ऐसे कर्मशील लोह पुरुष के दीर्घ जीवनके लिये किसे चिंता न होगी? मैं परम पिता परमात्मासे हार्दिक प्रार्थना करता हूं। कि वह श्री स्वामीजी महाराज को बहुत शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें जिस से भली प्रकार दीर्घ काल तक प्रवासी भाइयों की तथा अन्य देश भाइयोंकी भी सेवा कर सकें। इस अवसर पर मैं "प्रवासी" पत्र के लिये भी हार्दिक शुभकामना करना अपना कर्तव्य समझता हूँ। जो भाई "प्रवासी" पढ़ते रहते हैं उन्हें पता होगा कि "प्रवासी एक सच्चे संन्यासी द्वारा स्थापित कैसा

निर्भीक पत्र है। उसकी सत्य समालोचना और क्षीर-नीर-न्यायपरक-विवेचनी नीति कैसी सुन्दर, सुदृढ़ है।

मेरी हार्दिक कामना है कि "प्रवासी" सर्वदा अपने जन्मदाताके गुणोंको धारण करता हुआ अपने सद्गुणोंसे उत्तरोत्तर देदीप्यमान हो भारतके स्वतंत्र आकाशमें चिरकाल तक चमकता हुआ अपने पाठकों को स्वदेश, स्वधर्म, स्वजाति स्वसंस्कृति, तथा स्वाभिमानका पावन पाठ पढ़ाता रहे।

* * * *

लोरेन्सो मार्कस के प्रसिद्ध लोकसेवक और "भारतसमाज" के पूर्व मंत्री श्री केशवलाल मोरारजीः—

आनन्द और गौरवकी बात है कि प्रवासी भारतीयोंका मुखपत्र "प्रवासी" दो वर्ष पूरे कर तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सम्पादक महाशय भयंकर बीमारीमें फंस चुके हैं, और जीवन एवँ मृत्युकी सधि में झूल रहे हैं, फिर भी "प्रवासी" अपने निश्चित समय पर प्रकाशित हो रहा है, यह सम्पादकजीके जीवनकी कार्यपद्धति और उत्साह का उदाहरण है।

केशव लाल मोरारजी
Keshavlal Morarji

श्रद्धेय स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी मेरे लिये पूज्य विभूति हैं। उनका दूसरों के साथ सम्बन्ध हो या न हो, यह अलग प्रश्न है, परन्तु पोर्चूगीज़ ईस्ट अफ्रिकामें लोरेन्सो मार्कसमें "भारत समाज"की स्थापना उनकी मार्गदर्शिताका जीता जागता उदाहरण है, यह बताये बिना मैं नहीं रहूंगा। वर्तमान आर्थिक संकटकी घड़ियोंमें भी "प्रवासी" के नियमित प्रकाशन में कोई बाधा नहीं आई यह आश्चर्यकी बात है। "प्रवासी" पत्रमें जो प्रसाद मिल रहा है मुझे आशा है कि इस प्रसाद से सारे संसारके प्रवासी भारतीयोंका मन सन्तुष्ट होगा। स्वामीजी का सारा जीवन प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें व्यतीत हुआ, ऐसे व्यक्तिकी कलम से निकले हुए पत्रके लिये दो मत होने असंभव हैं।

परमात्मासे मेरी हार्दिक प्रार्थना है कि "प्रवासी" के सम्पादक स्वामी भवानी दयालजीको आरोग्य प्रदान कर दीर्घजीवी बनावे और उनमें "प्रवासी"को अधिक प्रगतिमय बनानेकी शक्ति दे। समग्र प्रवासी बन्धुओं से मेरी विनम्र प्रार्थना है कि वे "प्रवासी" को अपनाकर आर्थिक संकट से मुक्त कर दें। (गुजरातीसे अनूदित,)

❀ ❀ ❀ ❀

श्री मथुरा प्रसादजी शिवहरे, मैनेजर, आर्य साहित्य मण्डल लिमिटेड और 'दी फाइन आर्ट प्रिंटिंग प्रेस' अजमेरः—

'प्रवासी' पत्र भारतीय प्रवासीभाइयों का एकमात्र पत्र है। इससे प्रवासी भाइयोंके दृष्टिकोणसे लिखे गये

श्री मथुरा प्रसादजी शिवहरे
Shri Mathura Prasad Shivahare

श्री स्वामीजी महाराजके लेख वस्तुतः प्रवासी भाइयोंके लिये प्रकाशस्तम्भ का काम देते हैं। "प्रवासी" पत्र अपने बाल्यकालके प्रारम्भिक दो वर्ष पूरे करके तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है, यह बड़ी प्रसन्नताकी बात है। विगत दो वर्षोंमें श्री स्वामीजी महाराजने सदा रुग्ण रहते हुए भी इसके प्रकाशनके लिये कितना असाध्य श्रम किया वह किसी विज्ञ पाठकसे छिपा नहीं है। आपके ही महान् परिश्रमका फल है कि आज "प्रवासी" इस थोड़े कालमेंही अच्छी ऊंची स्थिति पर पहुंच गया है।

श्री पूज्य स्वामीजी महाराज जब अफ्रीकासे भारत लौटे तब मैंने उनसे निवेदन किया कि वे अपने भावी कार्य का केन्द्र अजमेर को बनावें। आपने मेरे निवेदनको स्वीकार किया और वे सन् १९४१ में अजमेर पधारे और यहीं स्थायी रूपसे रहना निश्चित किया। अपने कार्यके लिये प्रवासी भवनकी स्थापना की। श्री स्वामीजी महाराज की मेरे और मेरे परिवारके साथ अत्यन्त घनिष्टता है। इसके लिये मैं उनका अनुग्रहीत हूं।

❀ ❀ ❀ ❀

अजमेरनगर कांग्रेस कमेटीके संयुक्त मंत्री, पुराने आर्य प्रचारक, "प्रवासी"के सेवक, और स्वामी भवानी दयालजीके प्राइवेट सेक्रेटरी श्री पं० कन्हैयालाल आर्यः—

हमें हर्ष है कि इस अंकके साथ "प्रवासी" कठिनता पूर्ण अपने प्रारम्भिक दो वर्ष समाप्त करके तृतीय वर्षमें प्रवेश कर रहा है। देशमें अनेक पत्र हैं जो कि अपने अपने ढंगसे देशकी सेवा में लगे हुए हैं। प्रवासी में भारतवासियोंके प्रश्नके साथ हमारे देशके बन्धुओंकी अगणित यातनाओं, अपमान जनक घटनाओं और हृदय द्रावक अत्याचारों की कहानियां जुड़ी हुई हैं। उन यातनाओंसे छुटकारा पानेकी तथा अपनी मातृभूमि भारत को स्वतंत्र करनेके वीरतापूर्ण प्रयत्नोंकी महती गाथाएं हैं।

पं० कन्हैया लाल आर्य्य
Pt. Kanhyalal Arya

तारीख २६ जनवरी १९५० के स्मरणीय दिवसकी प्रथम रश्मियोंके साथ सैकड़ों वर्षोंसे पराधीन भारतके कोटि कोटि नर नारियों ने अपने आपको पूर्ण स्वतंत्र देखा और अपने राष्ट्रको पूर्ण प्रभुत्वसम्पन्न गणराज्यके रूपमें देखकर अपने जीवनोंको धन्य समझा। दूर देशोंमें प्रत्येक स्थानपर जहां कहीं भी भारतीय था उसने अपार हर्ष और उल्हासके साथ अनुभव किया कि उसके अपमान और लाच्छनाके दिन समाप्त हो गये। परन्तु स्वतंत्रताके साथही साथ भारतके कर्णधार और तपस्वी नेताओं एवं जनताके कन्धों पर नवीन उत्तर दायित्वका भार भी आ गया है। आज देशके सामने अभूतपूर्ण एवं कठिनतम समस्याएं आकर खड़ी हुई हैं, देशको सुख और समृद्धिसे पूर्ण बनानेका महान् कार्य नेताओंके चित्तको अपनी ओर खींचे हुए है, प्रवासी भारतीयोंके सामने भी नई नई बातें, नये नये प्रश्न और नये नये कष्ट उपस्थित हो रहे हैं। उनकी स्थितिको ठीक बनाना एक भारी प्रश्न है जिसमें कि भारतके प्रत्येक व्यक्ति की सहानुभूति और रूचिकी आवश्यकता है।

प्रवासियोंके अनन्य सेवक एवं पूजनीय नेता श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी ने जो कि पूज्यमहात्मा गांधीके उन इने गिने साथियोंमें से एक हैं इस स्थितिका अनुभव किया। उन्होंने देखा कि अभी प्रवासियोंका प्रश्न एक जाग्रत् प्रश्न है और इसके हल करनेमें अनेक कठिनाइयांका सामना करना पड़ेगा। उन्होंने सन् १९१२ से ही अपना जीवन प्रवासी बन्धुओंकी सेवामें अर्पित कर दिया। प्रवासी बन्धुओंकी वेदना से उनका हृदय व्यथित रहता है। एक क्षण भी वे उनके विचारको अपने मस्तिष्क से दूर नहीं कर सकते। जिस समय उन्होंने "प्रवासी"का प्रकाशन प्रारम्भ किया उस समय उनके स्वास्थ्यकी दशा बहुत गिरि हुई थी। परिचित घनिष्ठ मित्रों, डाक्टरों और वैद्योंने उन्हें सलाह दी कि वे इस चिन्ता और श्रमसे युक्त कार्यको प्रारम्भ न करें, परन्तु उनके हृदयने इस बातको स्वीकार न किया। परिणामतः उन्होंने अपने जीवनकी—जैसा कि वे प्रावासियों और देशकी सेवाके लिए सदासे ही करते आए थे कुछ भी परवाह न करके "प्रवासी"का प्रकाशन प्रारम्भ कर ही दिया। उनके हृदयमें जो वेदना व्याप्त थी उसका आभास उनके उस लेखसे मिलता है जो कि उन्होंने "प्रवासी" के प्रथम अंकमें लिखा था।

विरोधी परिस्थितियोंमें परिश्रमकी अधिकताके कारण उनका स्वास्थ्य दिन पर दिन क्षीण होने लगा। लगभग तीन चार वर्ष से मैं स्वामीजीके सेक्रेटरीकी हैसियतसे काम कर रहा हूं और इसलिये जो कुछ मैं लिख रहा हूं वह अपने व्यक्तिगत अनुभवके आधार पर लिख रहा हूं। लम्बे कालसे मुझे स्वमीजीकी सेवा में रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है उनका जर्जर शरीर इस

योग्य नहीं कि वे ज़्यादा परिश्रम कर सकें। इसको ध्यानमें रखते हुए मुझसे जहांतक हो सका मैं बराबर यह प्रयत्न करता रहा हूं कि स्वामीजीका स्वास्थ्य ठीक रहे। "प्रवासी" के कार्य में जहां तक हो सके वे हलके रहें और विश्राम कर सकें परन्तु प्रवासियोंकी समस्याको वे इतना महत्त्व देते हैं कि "प्रवासी" के किसी भी लेखको देखे बिना या मुझसे सुने बिना पत्रमें नहीं जाने देना चाहते और जब तक फाइनल प्रूफ स्वतः देख न लें तब तक कोई भी लेख प्रकाशित नहीं हो सकता। इस दीर्घकाल में वे अनेक बार मृत्युके मुखतक पहुंच चुके। ऐसी भयंकर बीमारी की अवस्थामें उन्होंने "प्रवासी" का सम्पादन किया और "प्रवासी" के तमाम लेखों को मुझ से लेखबद्ध कराया। इसके अतिरिक्त पत्र-व्यवहार का सभी सहकारी कार्य मुझे करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज जब कि यह लेख प्रेसमें दिया जा रहा है स्वामीजी का स्वास्थ्य बड़ी चिन्ताजनक स्थितिमें है। अगले दिन का कुछ पता नहीं। जो मित्र उन्हें देखने के लिए आते हैं वे स्वभावतः उनके साथ सहानुभूति दर्शित करते हैं और कहते हैं, यह शारीरिक कष्ट आज है कल ठीक हो जायगा। उस समय यदि स्वमीजी सचेत होते हैं और उनकी वाणी बोलनेमें समर्थ होती है तो उनके मुखसे यही उद्गार निकलते हैं कि "मुझे कोई कष्ट नहीं है मुझे तो आनन्द ही आनन्द है और इस बातकी बड़ी प्रसन्नता है कि मैं शीघ्र ही इस जराजर्ण शरीरको अर्थात् पुराने बस्त्रोंको छोड़कर सुन्दर नवीन बस्त्रोंको धारण करूंगा, कौन ऐसा मूर्ख होगा जो इतनी सुन्दर चीज़को इस जड़े गले शरीर के लिए छोड़ेगा'।

ऐसी अचेत रूग्णावस्थामें भी चेत होने पर वे "प्रवासी" के लेखोंको सुननेकी चेष्टा करते हैं। मृत्युका आलिंगन करने के लिए इतने उतावले होने पर भी वे कभी कभी कह बैठते हैं "मृत्यु अभी तू थोड़ी ठहरजा "प्रवासी" का यह अंक प्रकाशित हो जाने दे"। "प्रवासी" में स्वामीजीकी आत्मा का अन्तनाद बोल रहा है।

ऐसी परिस्थितिमें जब यह समाचार प्रवासी बन्धुओं तक पहुंचेगा उस समय सभी बन्धुओंका उद्विग्न हो जाना स्वाभाविक है। अपने महान् पथप्रदर्शक पूज्य महात्मा गांधीजीके सहवास और आदर्शों का स्मरण करके स्वामीजीने जिस प्रकार से सेवा-कार्य किया है वह हमारे लिये अमूल्य निधि है। आइये हम सब मिलकर परम पिता प्रभु से प्रार्थना करें कि हमारे इस कर्मठ पूज्य नेता को निरोग्य और दीर्घ जीवन प्रदान करे जिससे कि वे कष्ट सागर में पड़ी हुई प्रवासी बन्धुओंकी नौका को सुरक्षित्त उद्देश्य पर पहुंचाने के लिये उचित मार्गका निर्देश करते रहें।

❀ ❀ ❀ ❀

## ❀ हमारे प्रवासी बन्धु ❀

(लेखक:—डा० सूर्यदेव शर्मा, साहित्यालंकार, सिद्धान्तशास्त्री, एम-ए., डी-लिट्., परीक्षा मंत्री भारतवर्षीय आर्य कुमार परिषद, अजमेर।)

(१)

संग हमारे, अंग हमारे, प्रियजन, प्रिय परिवार सगे।
रक्त हमारे, भक्त हमारे, हृदय हमारे प्रेम पगे॥
बन्धु हमारे, सखा हमारे, सुखदुख में नित संग लगे।
हम सोये तो सोये वे भी, हम जागे तो संग जगे॥

(२)

कौन बन्धु वे? वही, प्रवासी भाई जिनको कहते हैं।
मातृभूमि को छोड़ सदा जो दूर देश में रहते हैं॥
जीवन भर जो सब प्रकार से सारे संकट सहते हैं।
फिर भी जो उत्साह प्रेम से "भारत की जय" कहते हैं॥

(३)

मातृ भूमि के प्रेम नेम से कभी न उनका हृदय हिला।
निज संस्कृति में, धर्म कर्म में, बना रहा दृढ़ यथा शिला॥
पर भारत के दर्शन का बहुतों को नहिं सौभाग्य मिला।
अभिलाषा पूरी न हुई, उनके न हृदय का कमल खिला॥

(४)

तड़प तड़प कर भारतभू के दर्शन के हित जीते हैं।
भारतीय संस्कृति का प्यारा प्रेम पयोदक पीते हैं॥
आर्य जाति के गौरव से उनके हिय अभी न रीते हैं।
वही प्रेम है उनमें यद्यपि वर्ष सैकड़ों बीते हैं॥

(५)

पर उनके प्रति भारत ने अपना कर्तव्य बिसारा है।
बैठे उनको भूल हमीं, भारी अपराध हमारा है॥
उनको तो बस भूमंडल पर, केवल एक सहारा है।
भारत के वे सदा रहे हैं, भारत उनका प्यारा है॥

( ६ )

हम स्वतंत्र हैं अब, उनको भी कुछ स्वतंत्रता दान करें।
हम चमकें यदि "सूर्य" तुल्य तो उनको चन्द्र समान करें॥
तन मन धन से सब साधन से उनको प्रेम प्रदान करें।
एक मातृ-भू के हम सब सुत, भ्रातृतुल्य सम्मान करें॥

# दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंकी समस्या

लेखक:—स्वामी भवानी दयाल संन्यासी ( साहित्य-वाचस्पति )

( इस अङ्कके छपते-छपते स्वामीजी स्वर्गवासी हो गये )

दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंका इतिहास संकटों और संघर्षोंका ही इतिहास है। सन् १८५७ की राज-क्रान्तिसे भारतका वातावरण शान्त नहीं होने पाया था और मातृभूमिके आँचल पर गिरा हुआ भारतीयोंका रक्त भी सूखने नहीं पाया था, जब कि महारानी विक्टोरियाकी सरकारने भारतीयोंको गिरमिटकी गुलामीमें बाँध कर नेटाल भेजना आरम्भ कर दिया था। उस समय नेटालके गोरे प्लान्टरोंकी आर्थिक अवस्था ऐसी त्रासदायक हो गई थी कि यदि उस विपद्की घड़ीमें भारतीय वहाँ पहुँचकर उनके सहायक न हुए होते तो गोरोंके दिवाला निकल जानेमें कोई सन्देहकी बात नहीं रह गई थी। सन् १८६० में भारतीय मज़दूरोंका पहला जहाज़ नेटालमें पहुँचा और उनके उद्योग एवं परिश्रमसे नेटालका नक़शा ही बदल गया। उस समय गवर्नरसे लेकर प्लान्टरों तकने भारतीय मजदूरोंकी श्रमशीलताकी भूरि भूरि प्रशंसा की थी। उनके वक्तव्य और भाषण भारतीय श्रमजीवियोंकी सहायताके साक्षी हैं।

प्रवासी भारतीय जबतक मज़दूर हालतमें रहे तबतक नेटालके गोरे उनका गुण गाते अघातेही नहीं थे। उनको वहां स्थाई रूपसे बस जानेके लिये मुफ्तमें जमीन भी दी जाती थी। पर जबवे गिरमिटकी अवधि पूरी कर अपना स्वतंत्र काम धंधा करने लगे और शनैः शनैः उनका आर्थिक विकास एवं उत्कर्ष होने लगा तब श्वेताङ्गोंकी आंखें खुलीं। उन्होंने भारतीयोंके अस्तित्व और उनकी आर्थिक उन्नतिको अपने भविष्यके लिये एक खतरा समझा। सन १८९४ में उन्होंने भारतीयोंको राजनैतिक मताधिकार से वंचित करनेके लिये एक क़ानून बना डाला। दैवयोगसे महात्मा गांधी उस समय नेटालमें ही विद्यमान थे। चूंकि नेटाल ब्रिटिश सरकारका एक निजी उपनिवेश ( क्राउन-कालोनी ) था इस लिये महात्माजीने एक अर्जी तैयारकी और उसपर दश हजार भारतीयोंकी सही लेकर इंगलैंडके औपनिवेशिक सचिवके पास भेजी। इस अर्जीमें नेटालके वर्णविद्वेषमूलक क़ानूनका तीव्र प्रतिवाद किया गया था। महारानी विक्टोरियाने भी इस क़ानून पर सही बनानेसे इन्कार कर दिया, क्योंकि इस क़ानूनमें स्पष्टतः भारतीयों को रङ्ग-भेदके आधार पर मताधिकारसे वंचित किया गया था। पर इससे नेटालके गोरे हताश नहीं हुए। सन १८९६ में नेटालकी पार्लामेन्टमें यही क़ानून कुछ संशोधनके साथ पास हो गया। इस बार क़ानूनमें यह कहा गया था कि जिस देशमें लोकतंत्रात्मक शासन प्रणाली नहीं है और जिस देशकी प्रजाको अपने देशमें ही मताधिकार नहीं है उस देशके निवासीको नेटालमें भी मताधिकार न होगा। उस समय भारतकी जो स्थिति थी, उसका यहाँ वर्णन करनेकी आवश्यकता नहीं। भारतकी पराधीनताके ही कारण नेटालके भारतीयोंको राजनैतिक मताधिकारसे हाथ धोना पड़ा।

सन १८९५ में एक ऐसा भी क़ानून बना दिया गया कि भविष्यमें जो भारतीय गिरमिट लिखाकर नेटाल जायेंगे, उनके लिये पांच वर्ष मज़दूरीकी अवधि पूरी करके स्वदेश लौट जाना अनिवार्य होगा और यदि वे नेटालमें रहेंगे तो उनको तीन पौण्ड अर्थात तत्कालीन विनिमयके अनुसार पैंतालीस रुपया सालाना टैक्स चुकाना पड़ेगा। इस क़ानूनका उद्देश्य यही था कि भारतीय मज़दूर जायँ अवश्य, लेकिन वहां रहने न पावें। उस समय तक स्वतंत्र-

रूपसे भारतीयोंको रोजगार धंधा करनेके लिये नेटाल जाने में कोई रुकावट न थी।

उन्हीं दिनों महात्मा गांधी भारत आ गये थे और यहाँ उन्होंने एक छोटीसी पुस्तिका निकाली थी जिसमें नेटालके प्रवासी भारतीयोंके कष्टोंका दिग्दर्शन था। रूटरने महात्माजीके वक्तव्यको तोड़ मरोड़कर जिस रूपमें नेटाल भेजा उससे वहाँके गोरोंमें बड़ी उत्तेजना फैल गई। इस लिये सन् १८९७ में जब महात्माजी यहाँसे नेटाल वापस गये तो डरबनके बन्दरगाह पर चार हज़ार गोरे उनको मार डालनेके लिये मुस्तैद थे। कई दिनों तक महात्माजी का जहाज समुद्रमेंही डोलता फिरता रहा घाट पर नहीं लग सका। किसी तरह जब महात्माजी कई व्यक्तियोंके साथ छिप कर उतरे भी, तो किसी गोरेने उनको पहचान कर भीड़को सूचना दे दी। फिर क्या कहना! भीड़ महात्माजीपर टूट पड़ी। लेकिन ऐन मौकेपर पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्टकी पत्नीने वहां पहुंचकर उनकी रक्षा करली अन्यथा वह भीड़ महात्माजीकी बोटी-बोटी काटे बिना न छोड़ती। किसी प्रकार उनको फिल्ड-स्ट्रीटमें पारसी रुस्तमजीके मकान पर पहुँचाया गया था। उस मकानको भी भीड़ने घेर लिया। महात्माजी को वहाँसे पुलिसकी पोशाक पहनाकर हटाया गया। भीड़ने रुस्तमजीका मकान ही फूंक डालने का निश्चय कर लिया था। लेकिन जब पुलिस अफसरोंने भीड़के नेताओंको समझाया कि गांधी जी उस मकानमें नहीं हैं और वे नाहकहीं एक निर्दोष व्यक्ति का मकान फूंकने जा रहे हैं तब भी उनको विश्वास न हुआ। आखिर उनके प्रतिद्वन्दियोंने जब रुस्तमजीके मकानकी पूरी तलाशी ले डाली और कहीं भी गांधीजी का पता-सुराग़ न लगा तब भीड़ और भी उत्तेजित हो उठी। गोरोंको संतोष दिलानेके ख़यालसे सरकार की तरफ से यह घोषणा कर दी गई कि शीघ्रही एक ऐसा कानून बना दिया जायगा जिससे स्वतंत्र रूपसे यहाँ आने वाले भारतीयोंका रास्ता सदाके लिये बंद हो जायगा।

उसी १८९७ के सालमें नेटाल पार्लमेंटने एक इमीग्रेशन एक्ट पास भी कर डाला जिसके अनुसार नेटालमें स्वतंत्र भारतीयोंका प्रवेश बर्जित हो गया। उस कानूनमें सिर्फ इतनी रिआयत थी कि जो अंग्रेजीमें परीक्षा दे सकते थे उनको वहाँ जानेमें कोई रुकावट न थी। उसी साल एक और कानून बनाकर व्यापारके क्षेत्रमें बढ़ते हुए भारतीयोंकी राहमें काँटे बिखेर दिये गये। किसी भी कारबार और व्यापारके लिये लाइसन्स लेना आवश्यक हो गया और भारतीयोंको लाइसन्स लेनेमें तरह-तरहकी अड़चनें डाली जाने लगीं। इसके बाद तो अंग्रेज-बोर-युद्ध छिड़ गया और सन १८९९ के अन्तसे लेकर सन १९०२ के आरंभ तक घोर घमासान मचा रहा। उन दिनों भारतीयोंकी राजभक्तिके राग अलापे जाते थे क्योंकि ट्रान्सवाल और ऑरेन्ज फ्री स्टेटके प्रजातंत्रके अंत लानेमें भारत सरकार और भारतीय रजवाड़ोंसे बहुत बड़ी सहायता मिली थी। पर युद्धका अंत होते ही फिर अंग्रेजोंका रुख बदल गया और कानून पर कानून बनाकर भारतीयोंको दबाने और मिटानेकी चेष्टा होती रही।

सन १९१२ में जब गोपाल कृष्ण गोखले दक्षिण अफ्रिका प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति देखनेके लिये वहां गये तो खासकर सालाना तीन पौण्डके टेक्स भरने वाले भारतीय नर-नारियोंकी दुर्गति देखकर प्रकम्पित हो उठे इसलिये प्रिटोरियामें जनरल बोथा और जनरल स्मट्ससे जब उनकी मुलाकात हुई तो उन्होंने यूनियन सरकारसे मानवताके नाम पर इस खूनी टेक्सको रद्द करनेके लिये विशेष रूपसे अपील की। बोथा और स्मट्सने गोखलेको बचन दिया कि यूनियन पार्लमेंटके अगले अधिवेशनमें उनकी इच्छा-पूर्ति अवश्य कर दी जायगी और वह टेक्स रद्द कर दिया जायगा। दक्षिण अफ्रिकासे लौटकर गोखलेने बंबईमें जो भाषण दिया था, उसमें यूनियन सरकारके इस इकरार पर खुशीका इजहार किया था। लेकिन जब यूनियन पार्लमेंटकी बैठक शुरू हुई और एक सदस्य ने सवाल किया कि क्या यूनियन सरकार तीन पौण्डका टेक्स रद्द करनेके लिये गोखलेको वचन दे चुकी है, तो स्मट्स ने सचाई और ईमानदारीको ताक पर रख कर बेशर्मीसे जबाब दिया कि हमने गोखलेसे ऐसा कोई वायदा नहीं किया है। इससे पहले ट्रांसवालके सत्याग्रहके समय महात्मा गांधीके साथ स्मट्स विश्वास-घात कर चुके थे, लेकिन गोखलेको भी धोखा देकर उन्होंने अपनी धूर्तताकी हद कर दी। इस घटनासे सरल-हृदय गोखलेको जो दुःख व्यापा उसका अनुमान इसीसे किया जा सकता है कि सन् १९१३ में उन्होंने अपने जीवनको खतरेमें डाल कर दक्षिण अफ्रिकाके सत्याग्रहमें सब प्रकार की सहायता पहुंचाई थी और सत्य बात तो यह है कि सत्याग्रहकी

समाप्तिके साथही गोखलेकी जीवन-लीला भी समाप्त हो गई थी।

सन् १९१३ में इमिग्रेशन कानूनमें फिर संशोधन किया गया और शिक्षित भारतीयोंका प्रवेश भी रोक दिया गया। सन् १९१२ के अंतमें अंग्रेजी शिक्षाके आधार पर नेटालमें प्रवेश करने वाला मैं ही अन्तिम भारतीय था जिसने इमीग्रेशनी स्कूलमें परीक्षा देकर वहाँ रहने का सार्टीफिकेट हासिल किया था।

सन् १९१३ में तीन पौण्ड टेक्सके विरुद्ध महात्माजीको सत्याग्रह छेड़ना पड़ा। उस समय ऐसी देशव्यापी हड़ताल हुई कि सरकार और गोरोंके छक्के छूट गये। कोयले की खानों और शक्करके कारखानोंकी चिमनियोंने धुँआ उगलना बंद कर दिया। मज़दूरोंने फावड़े फैंक दिये और कारीगरोंने औज़ारें। हॉटल और रेस्टूराँ में साहबोंको चाय, नाश्ता और खाना पका कर खिलानेवाले बावर्ची और बैहरे ग़ायब हो गये। यहाँ तक कि पाख़ाना उठानेवाले महतरोंने भी हड़ताल बोल दी। ऐसी मुकम्मल हड़तालकी किसी को भी आशा न थी। सरकारने दमन चक्र चलाकर हड़तालको दबानेकी बड़ी कोशिश की। कई भारतीय गोलियोंसे मारे गये और हज़ारों मज़दूर जेलमें ठूंसे गये, लेकिन हड़तालकी आग देश भरमें फैलती ही गई। आखिर झख मारकर स्मट्सको महात्माजीसे समझौता करना पड़ा जो "गांधी स्मट्स अेग्रीमेन्ट" के नाम से प्रसिद्ध है। इसी समझौतेके अनुसार सन् १९१४ में 'इन्डियन रिलीफ़ एक्ट' पास हुआ, । तीन पौण्डके टेक्ससे दस हजार भारतीय मजदूरोंका पिण्ड छूटा और महात्माजी विजयी होकर इंगलैंड होते हुए भारत लौटे।

इसके बादही प्रथम विश्व-युद्ध छिड़ा और नेटालके प्रवासी भारतीयोंको चार साल तक शान्तिसे रहनेका अवसर मिल गया। उधर विश्वयुद्धका अन्त हुआ और इधर नेटालमें भारतीयोंके विरुद्ध श्वेताङ्गोंके युद्धका आरम्भ। सन् १९१९ में एक कमीशन बैठा दिया गया जिसको यह काम सोंपा गया कि वह जाँच करके भारतीयोंको अछूतों की तरह अलग बसानेकी राय और सलाह देवे। किन्तु कमीशनने पृथक्करणको देश-हितके लिये घातक बतलाया और यह सलाह दी कि भारतीयोंको आर्थिक प्रलोभन देकर यहाँ से स्वदेश भेज देनाही श्रेयस्कर है। कमीशनकी सम्मतिके अनुसार एक नवीन योजना बनाई गई और भारतीयोंको यह प्रलोभन दिया गया कि जो नेटालका पिण्ड छोड़कर भारत चला जायगा उसको राह ख़र्चके सिवा ऊपरसे पांच पौण्ड इनाम भी मिलेगा। भोले भाले भारतीयोंको बहकानेके लिये दलाल भी मुकर्रर किये गये और हजारों भारतीय मज़दूर पैसेके लालचसे स्वदेश लौट आये। उनकी भारतमें बड़ी दुर्गति हुई और उनमेंसे अधिकांश घुल-घुल कर मर गये।

पर इसीसे स्मट्सको संतोष न हुआ। सन् १९२४ में एक तरफ तो जहां नेटालमें एक कानून बनाकर भारतीयोंको म्यूनिसिपल मताधिकारसे वंचितकर दिया गया वहां दूसरी तरफ स्मट्स सरकारके आन्तरिक मंत्री पैट्रिक डङ्कनने यूनियन पार्लामेंटमें "क्लास एरियाज़ बिल" (Class Areas Bill) नामक पृथकरण कानून भी पेश कर दिया। इस कानूनकी रूप-रेखासे प्रवासी भारतीय आतङ्कित हो उठे और उनमें बड़ी बेचैनी फैली। यहां से इंडियन नेशनल कांग्रेसने श्रीमती सरोजिनी देवी और पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी को अपना प्रतिनिधि बनाकर वहांकी स्थिति देखने और प्रवासी भारतीयोंकी सहायता करनेके लिये भेजा। कुछ विशेष कारणवश चतुर्वेदीजी तो दक्षिण अफ्रिका नहीं गये। उनको पूर्व अफ्रिकासे ही स्वदेश लौट आना पड़ा पर श्रीमती सरोजनी ऐन मौकेपर वहां पहुँच गई। उनके भाषणोंके प्रभावसे प्रवासी भारतीयोंमें अन्यायके विरुद्ध बड़ा जोश और रोष फैला और वे अपने स्वत्वोंकी रक्षाके लिये सर्वस्व होम करनेको प्रस्तुत हो गये। दैवयोगसे उसी समय एक ऐसी घटना घटी जिससे स्मट्स सरकारकाही विनाश हो गया। बात यह हुई कि एक उपनिर्वाचनमें स्मटसकी साउथ-अफ्रिकन-पार्टीका उम्मेदवार हार गया, इससे खिन्न होकर स्मट्सने श्वेतांग मतदाताओं की राय जाननेके लिये पार्लामेंटको भङ्ग कर दिया और नवीन निर्वाचनकी आयोजना कर डाली। उनको अपनी पार्टीकी विजयपर पक्का विश्वास था क्योंकि सन् १९१० में जबसे दक्षिण अफ्रिकाका संघ बना तबसे पन्द्रह साल—सन् १९२५ तक स्मट्सकी पार्टीके ही हाथमें शासनकी बागडोर रही, पर इस बार भाग्यने कुछ और ही रंग दिखाया। स्मट्सकी ठीक वही गति हुई जो इंगलैंडके पिछले चुनावमें हमारे मेहरबान चर्चिल महाशयकी हुई थी। जनरल स्मट्सकी साउथ-अफ्रिकन पार्टीकी करारी हार हुई और जनरल हर्टजोगकी नेशनलिस्ट पार्टीकी शान्दार जीत।

लोकतन्त्रात्मक प्रणालीके अनुसार हर्टजोगकी सरकार बनी।

पर प्रवासी भारतीयोंके लिये तो जैसे नागनाथ वैसे ही सांप स्वामी। स्मट्स जो आग लगा चुके थे उसको योंही बुझा देनेसे श्वेतांग मतदाताओंमें हर्टजोग सरकारकी बदनामी हुए बिना नहीं रहती। इसलिये स्मट्सके क्लास एरियाज़ बिल' का नाम बदल कर हर्टजोग सरकारकी तरफसे 'एरियाज़ रिजर्वेशन बिल' (Areas Reservation Bill) के नामसे पार्लामेंटमें पेश कर दिया। फिर प्रवासी भारतीयोंमें हाहाकार मचा। साउथ अफ्रिकन इंडियन काँग्रेसका एक शिष्टमण्डल भारत आया जिसके सात सदस्योंमें इन पंक्तियोंका लेखक भी एक था। शिष्टमण्डलके प्रयत्नसे भारतमें तहलका मच गया। भारत सरकारको अपना एक डेपुटेशन दक्षिण अफ्रिका भेजना पड़ा जिसने वहां पहुंच कर परस्पर समझौतेके लिये क्षेत्र तय्यार करनेमें सफलता पाई। जनरल हर्टजोग बड़े दूरदर्शी राजनीतिज्ञ थे, वे भारत जैसे विशाल देशसे बैर मोल लेना उचित नहीं समझते थे। इसलिये सन् १९२६ के अन्तमें केपटाऊनमें गोलमेज परिषद बैठी और सन् १९२७ के आरम्भमें समझौता भी हो गया जो 'केपटाऊन एग्रीमेंट' के नामसे मशहूर है। उस समय यही डाक्टर मलान वहाँ के आंतरिक मंत्री थे और उन्होंने दोनों देशोंके बीच समझौता करानेमें प्रमुख भाग लिया था। इस समझौतेमें यूनियन सरकारने प्रवासी भारतीयोंको वहांकी स्थायी प्रजाका एक अंग मान लिया और उनको अन्य किसी वर्गसे पिछड़े न रहने देनेका वचन दिया बशर्ते कि प्रवासी भारतीय वहाँ यूरोपियन ढंगसे रहें और जो यूरोपियन ढंगसे रहना पसंद न करते हों उनको स्वदेश चला जाना चाहिये। जो भारत लौटना चाहेंगे उनको राह खर्चके सिवाय भारत में बसनेके लिये बीस पाउन्ड प्रत्येक व्यक्तिके हिसाबसे सरकार सहायता देगी। यदि भारतका वातावरण उनके अनुकूल न जचा तो एक वर्षके बाद और तीन वर्षके अन्दर सरकारी खर्चसे लौटाकर वे नेटाल वापस भी आ सकेंगे। इससे पहले जहाँ सरकारी खर्चसे भारत लौटनेवाले भारतीयोंको नेटालका प्रवासाधिकार सदाके लिये त्याग देना पड़ता था, वहाँ इस समझौतेमें उनके लिये भी गुँजाइश हो गई।

इसके बाद लगभग पन्द्रह बरस तक—जब-तक जनरल हर्टजोगके हाथमें दक्षिण अफ्रिकाका शासन-सूत्र रहा तब-तक भारतीयोंके दिन शांति और चैनसे बीते। उस धर्म-भीरू और इमानदार बोअरने अपने वचनको अच्छी तरह निबाहा पर द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़तेही जब स्मट्सका सोया हुआ भाग्य जाग उठा और दक्षिण अफ्रिकाके शासनकी बागडोर फिर उसके हाथमें आ गई तो उसके साथही प्रवासी भारतीयोंके बुरे दिन भी आ गये। स्मट्स ने किस छल-कपट और विश्वासघातका प्रयोग करके इमानदार हर्टजोगको छकाया और दक्षिण अफ्रिकाका शासन सूत्र हथियाया, उसपर यहां कुछ कहना अप्रासंगिक होगा, पर इतना तो कहे बिना हम नहीं रह सकते कि जनरल स्मट्सके हाथमें सत्ता आतेही प्रवासी भारतीयोंके संकटोंका सिलसिला भी शुरू हो गया। सत्तारूढ़ होतेही स्मट्सने भारतके तत्कालीन एजन्ट जनरल रामरावके ज़रिये प्रवासी भारतीयोंसे आश्वासन माँगा कि वे श्वेताङ्गोंके मोहल्लेमें न ज़मीन खरीदेंगे और न मकान बनावेंगे। प्रवासी भारतीय जनतासे छिपाकर कुछ स्वयंभू नेताओंने स्मट्स और रामरावको संतुष्ट एवं प्रसन्न करनेके लिये लिखित आश्वासन देही डाला और इस बातका भण्डाफोड़ होनेपर जनताने विरोधकी आवाज़ उठाई, लेकिन तीर तो कमानसे निकाल ही चुका था। स्मट्सको आगे बढ़नेका एक सहारा मिल गया और उन्होंने 'उँगली पकड़ते पहुँचा पकड़ना' की लोकोक्तिको चरितार्थ कर दिखाया। भारतीय नेताओंसे कहा गया कि उनके आश्वासनसे सरकारको संतोष नहीं हुआ है और भारतीयोंकी प्रगति रोकनेके लिये कोई अन्य उपायका अवलम्बन करना आवश्यक हो गया है। इसलिये डरबनमें एक कमेटी बनाई गई जिसमें म्युनिसिपेलिटी और इंडियन काँग्रेसके चुने हुए प्रतिनिधियोंको स्थान दिया गया। इस कमेटीको यह काम सौंपा गया कि वे प्रवासी भारतीयोंकी हरकतपर कड़ी निगाह रखें और उनको समझा बुझाकर या उनपर दबाव डालकर गोरोंकी बस्तीमें जमीनमकान खरीदने और बसनेसे रोकें। इस कमेटीने सरकारकी इच्छा पूर्त्तिमें कोई कोर-कसर नहीं रखी, लेकिन स्मटस साहबका तो कुछ और ही इरादा था। उन्होंने एक तत्कालिक कानून बनाकरही दम लिया। यह कानून पृथक्करणकी बुनियाद था। इसीके आधारपर सन १९४६ में स्मट्सने "एशियाटिक लैंड टेनयूर एन्ड इंडियन रिप्रेजेन्टेशन एक्ट" Asiatic Land Tenure and Indian Representation Act) नामक कानून पास कर

भारतीयोंके सर्वनाशका रास्ता साफ कर दिया। सन् १९२४ में जिस पृथक्करण कानूनको बनानेमें स्मट्सको सफलता नहीं मिली थी और उनके मनकी बात मनमेंही दबी रह गई थी, उसी कानूनको २२ वर्षके बाद यूनियन

स्वामी भवानी दयाल संन्यासी
Swami Bhawani Dayal Sannyasi

पार्लामेंटमें पास कराकर उन्होंने अपने मनका अरमान पूरा कर लिया। इस कानूनमें प्रवासी भारतीयोंको अपने तीन प्रतिनिधि चुनकर यूनियन पार्लामेंटमें भेजनेका अधिकार दिया गया था; पर उन प्रतिनिधियोंका श्वेतांग होना अनिवार्य था, क्योंकि दक्षिण अफ्रिकाके विधानके अनुसार कोई भी गैर-यूरोपियन पार्लामेंटका मेम्बर हो ही नहीं सकता था। यूनियन पार्लामेंटमें भारतीयोंके इस तुच्छ प्रतिनिधित्वको भारतमें कुछ लोगोंने स्मट्सकी उच्च राजनैतिक भावनाओंका परिचायक समझ लिया था, लेकिन बात असलमें कुछ और ही थी। वहांके प्रवासी भारतीयोंके मामलेमें भारत सरकार निरन्तर दखल देती आई है और उसका यह दावा है कि जबतक प्रवासी भारतीयोंको वहां नागरिकताका अधिकार नहीं मिल जाता है तबतक उनको यूनियन सरकारकी दया पर भारत सरकार नहीं छोड़ सकती है। भारत सरकारके इस दावेको जड़-मूलसे उखाड़ फेंकने के लिये ही स्मट्सने भारतीय प्रतिनिधित्वका यह ढोंग रचा था।

इस कानूनके विरुद्ध जहाँ प्रवासी भारतीयोंने नेटालमें सत्याग्रह चलाया वहाँ भारत सरकारने दक्षिण अफ्रिकासे व्यापारिक संबन्ध विच्छेद कर लिया और संयुक्त राष्ट्र संघमें भी यूनियन सरकारपर अभियोग चलाया। राष्ट्र-संघमें स्मट्सकी बड़ी बेइज्जती हुई। संघने एक प्रस्ताव द्वारा यूनियन सरकारको यह आदेश दिया कि उसने भारतसे समय-समयपर जो संधियाँकी हैं उनके आधार पर दोनों देशोंमें समझौता हो जाना चाहिये। पर स्मट्सने राष्ट्र-संघके प्रस्तावकी कोई परवाह नहीं की और उसके आदेशको कार्यान्वित करनेसे साफ इन्कार कर दिया। प्रवासी भाइयोंका प्रश्न खटाईमें पड़ा रहा।

इसके बादही दक्षिण अफ्रिकाके राजनैतिक रङ्गमंच का पर्दा गिरा और उसपर एक नई मंडलीने अपना अभिनय आरम्भ कर दिया। प्रवासी भारतीयोंके मानवीय अधिकारोंकी निर्दयतापूर्वक हत्या करने पर भी और श्वेतांग मतदाताओंके तुष्टिकरणके लिये हजार कोशिश करनेपर भी पिछले निर्वाचनमें स्मट्स फिर बुरी तरह हारे और इस बार डाक्टर मलानने इसी आधार पर चुनावकी लड़ाई लड़ी गई कि विजयी होने पर वे पृथक्करण सिद्धांतको पूर्णरूपसे कार्यान्वित कर दिखावेंगे। इसलिये सत्तारूढ होते ही उन्होंने अपने वायदेके अनुसार कार्यारम्भ कर दिया। जहाँ नेटाल इंडियन काँग्रेसने यह सोचकर अपना सत्याग्रह स्थगित कर दिया कि यह वही डा० मलान है जिन्होंने सन् १९२७ में भारत और दक्षिण अफ्रिकाके मध्य सद्भाव बनाये रखनेके लिये "केपटाउन समझौते" में प्रमुख भाग लिया था और इसबार भी सत्ताके साथही जिम्मेदारी आ पड़नेके कारण वे भारतीयोंकी समस्यापर दूरदर्शितापूर्वक विचार करेंगे और स्मट्सकी डाली हुई उलझनोंको सुलझानेके लिये कोई उचित एवं न्यायपूर्ण उपाय ढूंढ निकालेंगे, वहां इस बार मलानने स्मटससे बढ़कर अपना भीषण राजनैतिक रूप दिखाया। स्मटसके पृथक्करण कानून में भारतीयोंको तीन श्वेतांग प्रतिनिधि चुनकर यूनियन पार्लामेंटमें भेजनेका जो अधिकार दिया गया था, मलानने कानूनके उस अंशको पार्लामेंटमें रद्द करा डाला। यद्यपि

भारतीयोंने इस प्रतिनिधित्वको स्वीकार नहीं किया था और अपनी तरफसे तीन श्वेताङ्ग प्रतिनिधियोंको चुनकर पार्लमेंटमें भेजने से साफ़ इन्कार भी कर दिया था तौभी मलानने उसको दक्षिण अफ्रिकाकी कानूनी किताबमें पडे रहने देना भी अपने सिद्धांतके प्रतिकूल समझा और इस पर चौका लगाकरही दम लिया। मलान और उनके आन्तरिक मन्त्री डोङ्गसने यह भी घोषणा कर दी कि दक्षिण अफ्रिकासे प्रवासी भारतीयोंको निकाल बाहर करनाही उनकी सरकारका ध्येय है। मलानके सरकारी मंत्रियों और उनके पार्टीके नेताओंने प्रवासी भारतीयोंके विरुद्ध जहर उगलना शुरू कर दिया। संयुक्त राष्ट्र संघमें दक्षिण अफ्रिकाकी वर्णविद्वेषमूलक नीतिके कारण उसकी जो बदनामी और बेइज्जती हो रही है उसका सारा दोष प्रवासी भारतीयोंके मत्थे मढ़ा गया और इससे साधारण यूरोपियन जनतामें भी भारतीयोंके प्रति कटु भावना फैले बिना न रही।

पिछले साल १३ से १६ जनवरी तक नेटालके मुख्य नगर डरबनमें हबशियोंने जो उपद्रव मचाया—सैकड़ों निर्दोष भारतीय हताहत हुए; उनकी स्त्रियोंकी आबरू उतारी गई, छोटे-छोटे बच्चे तक हलाल किये गये, उनके गोदाम, दुकान और मकानके सामान दिन-दहाड़े लूटे गये और उनमें आग लगा कर फूंक डाला गया,—वह मलानकी नीति, सत्ताधारी और श्वेतांग-नेताओंके विष-वमन तथा श्वेतांग जनताके कोपकाही परिणाम था। उपद्रव मचानेवाले अशिक्षित और अज्ञानी हब्शी तो श्वेतांगोंके बहकावेमें आकर अपने पैरोंपर आपही कुल्हाड़ी मार रहे थे। उन मूर्खोंको क्या पता कि उनके दुष्कर्मोंका क्या परिणाम होगा। उनको तो यही पाठ पढ़ा दिया गया था कि भारतीयोंको मार भगानेपर उनकी सारी संपत्ति हबशियोंके हाथ लग जायगी। इस दुष्कर्मके लिये न उनकी गिरफ्तारी होगी और न उनको सज़ा मिलेगी। इसी बातपर भरोसा करके उन्होंने अक्षम्य अपराध कर डाला और अपनी कौमपर वह कलंक लगा लिया जो कभी धुल न सकेगा। इस घटनाके तीसरेही दिन निग्रो नेताओं को अपनी कौमके मूर्खोंकी नादानीका पता चल गया। अमन और कानूनके नामपर सैकड़ों हबशी बन्दूककी गोलियोंसे भून डाले गये और श्वेतांगोंके अखबारोंने यह चिल्लाना शुरूकर दिया कि इस दुर्घटनासे जहां यह स्पष्ट हो गया कि दक्षिण अफ्रिकामें प्रवासी भारतीयोंको कोई भी नहीं चाहता है वहां यह भी मालूम हो गया कि हब्शियोंका जंगलीपन अभी दूर नहीं हुआ है, उनके दिलोंमें नृशंसताका शैतान छिपा बैठा है जो श्वेतागोंकी गोलियोंके डरसे अपना सिर नहीं उठाता है, लेकिन यदि उसको मौका मिल जाय तो वह मानवताका गला घोटनेसे बाज नहीं आ सकता और डरबनका वीभत्स काण्ड इसका साक्षी है। अतएव सरकार और श्वेतांगोंको इन जंगलियों से सावधान रहना चाहिये—इनको दबाकर रखनेमेंही देश का कल्याण है। इसके बाद हब्शियोंको दमन चक्रमें कुचलनेका सिलसिला शुरू हो गया।

भारतने फिर राष्ट्र संघका दरवाजा खटखटाया और दक्षिण अफ्रिकापर यह अभियोग लगाया कि उसने राष्ट्र-संघके प्रस्तावको रद्दीके टोकरेमें फेंक दिया है और उसपर अमल करनेसे इन्कार कर रहा है। यद्यपि दक्षिण अफ्रिकाने राष्ट्र-संघका खुल्लम्-खुल्ला अपमान कर डाला है तौभी यूनियन सरकारको दण्ड देनेकी बात तो दूर रही डांट-फटकार बतानेकी भी संघमें हिम्मत और ताकत नहीं है। आखिर बहुत बहस-मुबाहिसेके बाद फिर उसी प्रस्ताव की पुनरावृत्तिकी गई कि गोल-मेज-परिषद बुलाकर तीनों देशोंको आपसमें समझौता कर लेना चाहिये। इसबार प्रस्तावमें पाकिस्तान भी आ घुसा है। मलान परिषद बुलानेसे पहले उसका कार्यक्रम (Agenda) निश्चितकर लेना उचित और आवश्यक समझते हैं क्योंकि यह भारत सरकार वहांके प्रवासी भारतीयोंके स्वदेश प्रत्यागमनकी योजनाको स्वीकार नहीं करती है, तो डाक्टर मलानको गोल-मेज परिषद बुलानाही स्वीकार न होगा। येनकेन प्रकारेण प्रवासी भारतीयोंको वहांसे निकालना और उनकी संख्या घटानाही मलान सरकारका मुख्योद्देश्य है। इस समय वह नेटाल छोड़कर स्वदेश लौटनेवाले भारतीयोंको राह-खर्चके अलावा ५० पौंड हर व्यक्तिके हिसाबसे इनाम भी दे रही है। अतएव इसी फरवरी मासमें भारत सरकार की तरफसे पंडित हृदयनाथ कुँजरू केपटाउन पहुँचकर कार्यक्रम (एजन्डा) बनानेके लिये मलान और उनके मंत्रियोंसे विचार-विमर्श करेंगे। यदि एजन्डा सर्वसम्मति से बन गया, तभी गोल-मेज-परिषद होनेकी संभावना है। देखें, ऊँट किस करवट बैठता है?

# स्वामीजीके जीवन की झांकी

"सन् १९४९ का साल मेरे लिये बड़ा दुःखदायक निकला। इस सालके प्रथम मासमें ही दक्षिण अफ्रिकाके डरबन नगरमें हबशियोंने पागल होकर जो उपद्रव मचाया उससे प्रवासी भारतीयोंकी कल्पनातीत हानि हुई और उनके साथ ही "प्रवासी" को भी भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ी। डरबनकी दुर्घटनासे मुझे बड़ी मानसिक वेदना हुई है और उसका असर मेरे स्वास्थ्य पर भी पड़े बिना नहीं रहा। सन १९४५ से ही मैं दमेकी बीमारीसे कष्ट भोग रहा हूँ और खासकर जाड़ेकी ऋतुमें दमेका बेग अत्यन्त तीव्र हो उठता था लेकिन पार साल एक विलक्षण बात हो गई है। जाड़ेकी ऋतु आई और चली भी गई पर दमेने पहलेकी भांति अपना रंग नहीं दिखाया। मैंने सोचा कि कमसे कम अगले आठ महीनेके लिये इस बलासे छुट्टी मिल गई पर अदृश्यमें भाग्यदेव मेरी मूढ़मति पर हँस रहे थे। चैत्र मास आ गया और उसके साथही गर्मी भी शुरू हो गई। ठीक उसी समय दमेने धावा बोल दिया। इस बार दमेका आक्रमण ऐसा प्रचण्ड था जैसा इससे पूर्व कभी दृष्टिगोचर न हुआ था। अब तक दमा मुझे सिर्फ सबेरेके समय चार पाँच घन्टे तक तंग किया करता था और फिर वह ऐसा ग़ायब हो जाता था कि मानो मेरे शरीरसे उसका कोई संबंध ही नहीं है। पर इस बार का आक्रमण उससे नितान्त भिन्न था। दमेने सारे दिन और सारी रात अपना ताण्डव नृत्य दिखाना आरम्भ कर दिया और मुझे विवश होकर शय्याकी शरण लेनी पड़ी। उस समय जो खाटपर मैं गिरा तो अब तक नहीं उठ पाया हूँ। दस मास रुग्ण शय्या पर बीत चुके और यह ग्यारह भी आरम्भ हो गया। मेरी स्थिति ज्योंकी त्यों बनी हुई है, इसमें कोई अंतर नहीं पड़ा है। सच पूछिये तो मैं जीवन और मृत्युके अधरमें लटक रहा हूँ। आगे क्या होगा, यह ईश्वरके सिवा और कौन जान सकता है?

इस बारकी बीमारीके दौरानमें मैं कई बार मौतके दरवाज़े तक पहुँच चुका हूँ, लेकिन मुझे धक्के देकर अपने पूर्वकृत कर्मोंके फल भोगने के लिये वापस कर दिया गया है। पिछले जून मासमें मुझे अपनी विकट व्याधि और उसके कारण रात दिन खाट पर पड़े रहनेकी कठोर क्रिया से बड़ी ग्लानि हुई। और मैंने सोचा कि जराजीर्ण शरीर की रक्षामें अनेक व्यक्तियोंका कष्ट उठाना सर्वथा व्यर्थ है। अतएव इसको त्याग देना ही हितकर है। यद्यपि मैं अपने शरीरको अपना नहीं समझता, इसको ईश्वरका एक औजार मानता हूँ। जबतक उनकी इच्छा होगी वे अपने इस औजारसे काम लेंगे और जब इसकी जरूरत नहीं रहेगी तो इसको विनष्ट कर देंगे, तो भी उस समय मैं अपनी इस धारणाको भूल बैठा और मृत्युका अवाहन करनेके लिये प्रस्तुत हो गया। सोचा कि मैं आर्य हूँ, पुनर्जन्ममें विश्वास करता हूँ। गीताके कथनानुसार जिस प्रकार मनुष्य पुराने वस्त्रको त्यागकर नया वस्त्र परिधान करता है उसी प्रकार यह जीवात्मा पुराने शरीरको छोड़ कर नये शरीरमें प्रवेश करता है। फिर मृत्युसे भय कैसा? इस जराजीर्ण शरीरके स्थानपर बालकका सुन्दर सलौना शरीर मिलेगा, फिर बाल-सुलभ क्रीड़ाएँ करनेका अवसर प्राप्त होगा, फिर किशोर और युवा अवस्थाके आनन्द मनानेके दिन आवेंगे। इस सुन्दर भविष्यकी कल्पनामें मैं डूब गया और उस समय मुझे जितना आनन्द आया उतना इस जीवनमें कभी भी नहीं आया था। मैंने यह निश्चय कर लिया कि दो चार दिनमें इस शरीरको त्याग देना ही श्रेयस्कर है।

उस समय मेरी स्थिति अत्यन्त त्रासदायक थी। मैंने दूसरे दिनसे इन्जेक्शन लेना और औषधियोंका सेवन करना बिल्कुल बंद कर दिया।"

नोटः—यह स्वामीजीका अन्तिम और अधूरा लेख है, जो स्वामीजी रुग्ण शय्या पर पड़े-पड़े मेरेसे लिखा रहे थे। इसके पश्चात ता० १८ फरवरी को अचानक उनको हार्टका अटैक हुआ और ब्लड प्रेशर, गैस, दमा, मूर्छा आदि अनेक रोगोंने उनपर ऐसा आक्रमण किया कि फिर वे कभी न संभल सके और दिन पर दिन असाध्य होते ही गये, और न कभी लेख लिखवाही सके। सारा पत्र-व्यवहार मेरे पर छोड़ दिया। हां, इतनी भयंकर अवस्थामें भी, जहां ज़रा चेत हुआ "प्रवासी" के उन लेखोंको जो तृतीय वर्षके प्रथमाङ्क में जाने वाले कम्पोज होते थे उन्हें अवश्य देखते। कभी-कभी तो इन्जेक्शनोंके बलपर प्रूफका करेक्शन तक कर डालते

थे। मुझे तथा स्वामीजी की पुत्र-वधु, प्रकाशवतीजी को जब यह मालूम होता तो हम स्वामीजी से प्रार्थना करते—आप आगे होकर क्यों स्वास्थ्य बिगाड़ते है। कुछ सुनते, थोड़ी देर बाद मधुर मुसकानसे कहते—क्या ? तुम लोग मेरे प्यारे प्रवासी भाईयों और "प्रवासी" को अभी से मुझसे जुदा करना चाहते हो ? अभी मैं जीवित हूं, क्या मेरे जीतेजी मेरा प्यारा प्रवासी नहीं निकल सकेगा ? इतना कहकर अचेत हो जाते। कभी कभी प्रवासीकी विलम्बता को देखकर एक दम क्रोध में आते और साहसके साथ कहते "लिखो!" पर इतनी शक्ति कहां कि कुछ लिखा सकें। फ़ौरन अचेत हो जाते। निर्दयी कालने आख़िर किसी की ओर न देखा और प्रवासी प्राणियोंको बिलबिलाते छोड़ उनके प्राण-प्रवासी-नेताको आखिर ग्रसही लिया और हमेशा के लिये प्रवासियोंको अनाथ बना दिया।

पं० कन्हैयालाल आर्य

# हमारे नेटालके एक स्वर्गवासी "महाशयजी"

नाम तो उनका 'बेचू' था। उनके माँ बापको वही नाम पसंद आया था; परन्तु मैंने उनको 'महाशयजी' कहकर पुकारना शुरू किया और धीरे धीरे उनका यह नाम नेटाल भरमें प्रसिद्ध हो गया। महाशयजी पढ़े लिखे विद्वान नहीं थे पर अपढ़ भी न थे। उन्होंने परिश्रम करके हिन्दीके अक्षरोंसे परिचय कर लिया था। लिखना तो नहीं आया पर हिन्दीके गम्भीर ग्रन्थोंको पढ़ लेने और अर्थ समझ लेनेमें उनको कोई कठिनाई नहीं होती थी। वे अच्छीसे अच्छी पुस्तकें खरीदते और उनको आद्योपांत पढ़े बिना छोड़ते नहीं थे। आज भी उनकी घरेलू-लाइब्रेरी उनकी विद्याभिरूचि का परिचय दे रही हैं। इस प्रकार उन्होंने स्वाध्याय के सहारे यथेष्ट ज्ञानार्जन कर लिया था।

उनके माता-पिता गिरमिट लिखाकर नेटाल गये थे और गिरमिटकी अवधि पूरी कर खेतीबारी करने लगे थे जिससे किसी तरह उनकी गुजर-बसर हो जाती थी। इस लिये बेचू महाशयको बचपनसेही मज़दूरी गले पड़ी। उनके नेटालके फ्री पासके अनुसार उन्नीसवीं जनवरी सन् १८९२ में डरबनके समीप क्लेर-इस्टेटमें उनका जन्म हुआ था। उनके पितामह शिवनारायण—सम्प्रदायके साधु थे तथा पिता भी उसी पन्थके अनुगामी। शिवनारायण बाबाके जितने ग्रंथ हैं, सब पद्यमय हैं और अभीतक शायद किसी प्रेसमें छपे भी नहीं हैं। इस पन्थके जितने ग्रंथ मैंने देखे हैं सभी हस्तलिखित हैं, वह भी कैथी अक्षरोंमें। लोग गद्दी लगाते हैं, भजन गाते हैं, ग्रंथकी पूजा करते हैं; फूल-पत्तोंकी सजावट और दीपकोंकी जगमगाहट उसकी सबसे बड़ी विशेषता है। इस सम्प्रदायमें \ खँजड़ी बजाने और भजन गानेका ख़ास रिवाज है; इसलिये बेचू महाशयको बचपनसेही भगवद्भजनमें अनुराग उत्पन्न हो गया।

उनको बाक़ायदा न हिन्दीकी शिक्षा मिली और न अंग्रेज़ी की। उनके पितामह और पिता कैथी-अक्षर पढ़ लेते थे, यद्यपि वे कैथी अक्षर लिखनेमें भी कोरमकोर थे। इनके एक चाचा भी थे जो नागरी अक्षरका कुछ ज्ञान रखते थे और कुछ बच्चोंको बटोरकर पढ़ाया भी करते थे। उन्होंने बेचूको भी पढ़ानेकी कोशिश तो की लेकिन उनके दादा बीचमें विघ्न-रूप बन गये। उन्होंने बेचूको समझाया कि "लिखावटके साथ माथापच्ची करनेकी क्या ज़रूरत है ? मुझेही देख। मैं एक अक्षर भी लिख नहीं सकता फिर भी गुरू-ग्रंथ मज़ेसे पढ़ लेता हूँ। अतएव मेराही अनुकरण करनेमें तुम्हारा कल्याण है।" जैसे पितामह थे वैसेही वे अपने पौत्रको भी बनाना चाहते थे। उन्होंने बेचूको दान-लीला मुँहसे रटाना शुरू कर दिया और वह भी हाथमें हस्तलिखित कैथी पोथी थमाकर। बेचूने उनके द्वारा थोड़ा-बहुत कैथी अक्षर तो पहचान लिया किन्तु आगे उनके हाथमें आया प्रेमसागर और वह था नागरी अक्षरोंमें छपा हुआ, इसलिये बड़ी कठिनाई हुई। ख़ैर, उन्होंने उसके साथ भी मग़ज़मारी करना शुरू किया। इधर-उधर लोगोंसे पूछते भी और जहाँ कोई प्रेमसागर पढ़ता वहीं बैठकर बड़े ध्यान से सुनते भी। इस प्रकार घोर परिश्रम करनेपर प्रेमसागर पढ़ना आ गया।

पढ़ना तो कुछ-कुछ आ गया लेकिन लिखना तो टेढ़ी खीर थी। इसलिये उन्होंने लिखनेका अभ्यास करनेका निश्चय किया और "रामजन्म" नामकी पुस्तककी नक़ल बड़े प्रयास से करने लगे। कई दिनोंमें उसके दो-तीन पन्ने लिख सके। यह उपाय बड़ा कठोर जान पड़ा।

अतएव उन्होंने स्लेटका सहारा लेकर कुछ-कुछ कैथी लिखना सीख लिया, इसके बाद शिवनारायण बाबाके जितने ग्रंथ मिले, उन्होंने पढ़ डाले। अन्तमें टूटी-फूटी नागरी लिखनेका भी अभ्यास हो गया।

स्वर्गवासी श्री महाशय बेचू
Shri B. Bachoo

एक दिन एक मद्रासी सज्जनने बेचुको अंग्रेज़ी पढ़नेकी प्रेरणाकी और 'ए-बी-सी-डी' का श्रीगणेश भी किया लेकिन यह बात जब घरवालोंको मालूम हुई तो तहलका मच गया। उनके पितामह और पिताजीके तो सिरपर मानो बज्र टूट पड़ा। इतने बिगड़े कि ईश्वर ही बचाए। उनके हृदय में इस बात ने अपना घर कर लिया कि "अब यह अंग्रेजी पढ़कर क्रुस्तान बनेगा—कुलमें दाग़ लगावेगा" आदि। अतः झिड़कियोंके साथ उनकी अंग्रेज़ी शिक्षाकी भी सामाप्ति हुई। अक्षर-ज्ञान से तो बेचू अनभिज्ञ रहा पर, जीवन-संग्राममें भिड़नेकी शिक्षासे वह महरूम नहीं रहने पाया। उनको अपने पितामह और पिताकी भाँति कठिन परिश्रमकी आदत डालनी पड़ी। कुदाल चलाना, घास छीलना, खेत सींचना और बहँगी ढोना पैतृक धन्धाही था, इनके अतिरिक्त उन्होंने कुछ दिनोंतक फेरी लगानेका भी काम किया। अंततः भवन-निर्माण-कलामें बेचूकी अभिरूचि उत्पन्न हुई और उन्होंने इस धन्धेमें साधारण मजदूरके रूपमें प्रवेश किया। धीरे-धीरे इस कला में उनकी अभिरूचि और प्रवृत्ति बढ़ती गई और उनकी प्रतिभा ऐसी चमकी कि वे केवल अव्वल दर्जेकेही राजमिस्त्रीही नहीं बन गये बल्कि डरबनमें प्रथम श्रेणीके भारतीय करीगर और ठेकेदार ( Builder aud Contractor ) माने जाने लगे। इस स्थितिमें पहुँचनेसे पूर्व उन्हें यदा-कदा नाना प्रकार के संकटोंका सामना करना पड़ा। ग़रीबीके कारण सख़्तसे सख़्त मेहनत मज़दूरी करनी पड़ी क्योंकि उन दिनों उनके पास निजी छोटे-छोटे भाई-बहन थे जिनके निर्वाहका भार उन पर तथा पिताजी परही था।

सन् १९११ के लगभग रायकोपिस (डरबन) में एक रामायण सभा क़ायम हुई। सभाका उद्देश्य था—रामायणका पाठ और प्रचार। बेचू भी सभाके सदस्य बन गये। उसी समय उन्होंने प्रसिद्ध प्रचारक श्री स्वामी शङ्करानन्दजीका एक व्याख्यान सुना; उनके भावोंको समझना तो कठिन था किन्तु वे इतना तो ज़रूर समझ गये कि हम सब 'आर्य' हैं। आर्य क्या है, यह बात उनके दिमाग़में चक्कर काटने लगी। नेटालमें कबीरहा, शिवनारायणिया आदि अनेक पंथ हैं जिनमें गद्दी लगती है, भजन होते हैं; चेले मूंड़े जाते हैं किन्तु यहाँ तो कुछ भी नहीं है। एक उपदेशक भाषण देता है और सब सुनते हैं। ख़ैर, इसकी चर्चा रामायण सभामें भी हुई; कुछ सदस्योंने सोचा कि आर्योंका धर्म जानना चाहिये। 'सत्यार्थ प्रकाश' मँगाया गया जो अन्तमें बेचूको भी पढ़नेको मिला। फल यह हुआ कि उनके विचार बदल गये, अन्य सदस्योंपर भी सत्यार्थ-प्रकाशका प्रभाव पड़े बिना न रहा और रामायण-सभाका नाम बदलकर विद्या-प्रचारिणी सभा रख दिया गया।

परन्तु यह सौदा बेचूको बहुत महँगा पड़ा। जब उनके पिताको मालूम हुआ कि पुत्र आर्यसमाजी बन रहा है तो उनके दुःख और क्रोधकी सीमा नहीं रही। एक दिन दीपकके क्षीण प्रकाशमें उन्होंने बेचूको सत्यार्थ-प्रकाश पढ़ते देख लिया, फिर तो उनके तनमें आग लग गई और वे इतना बिगड़े कि पूछो मत। "कुल-कलङ्क, नालायक़! तू अरिया बन रहा है, अरियाकी पोथी बाँचता है? अब क्रिस्तान होगा, मुसलमान बनेगा; अपने बाप-दादोंका वंश डुबावेगा, उनके नामपर कालिख लगावेगा। दुष्ट कहींका निकल जा मेरे घरसे। मैं मर जाऊँ तो मेरी लाशको छूना तक मत, मैं अब तेरा मुँह देखना नहीं चाहता।" पिताके दुर्वचनों और व्यवहारसे बेचू महाशय बड़े दुःखी और खिन्न हुए और दूसरे ही दिन पत्नी सहित घरसे

बाहर निकल गये। माताने समझा-बुझाकर रोक तो लिया लेकिन अब पितासे पृथक् रहनेका सङ्कल्प दृढ़ हो गया। उस समय बेचू की जेबमें एक पैसा भी नहीं था, अतएव तीन दिन तक अखण्ड उपवास करना पड़ा। सारे कष्ट उन्होंने खुशीसे झेले लेकिन सिद्धान्तसे समझौता नहीं किया, विपत्तिसे घबराकर आत्महत्या करना उनको उचित नहीं जँचा। वे अपने धर्म और सिद्धांतपर चट्टानकी भाँति अटल रहे।

अन्तमें वह समय भी आया जबकि पिता को अपनी भूल पर पश्चाताप करना पड़ा। उन्होंने बेचूको केवल प्रेमकाही नहीं प्रत्युत आदरका भी पात्र समझा। वे स्वयं भी आर्य सिद्धान्तके समर्थक बन गये और अपने पुत्रके साथ रहने लगे। बेचू महाशयने पिताकी भक्तिमें कभी कोई कमी नहीं की, बुढ़ापेमें उन्होंने अपने पिताकी जिस लगनसे सेवा-ऍकी वैसी सेवाएं नेटालमें बहुत कम पुत्र करते देखे गये हैं।

आर्यसमाजमें प्रविष्ट होनेसे बेचूकी विद्याभिरुचि बढ़ती ही गई, उन्होंने अनेक आर्य ग्रंथोंका अध्ययन किया। केटो मेनर ( डरबन ) आर्यसमाजके वे प्रधान और ट्रस्टी चुने गये तथा उसी समाजके पुरोहित पद पर भी नियुक्त हुए। कम्डेला-इस्टेट ( डरबन ) कि कन्या पाठशालाके लिये आली शान इमारत बनवाने में उन्होंने जो सहायता पहुँचाई, वह उस संस्थाके इतिहासमें चिरस्मरणी रहेगी। अपने जीवनके अन्तिम समयमें वे राज नैतिक कार्योंमें भी दिलचस्पी लेने लगे थे और अपनी सेवावृतिके प्रतापसे नेटाल इन्डियन कांग्रेसके उप प्रधानके पदतक पहुँच गये थे। तात्पर्य यह कि डरबनके सार्वजनिक क्षेत्रमें उन्होंने अपना एक विशेष स्थान बना लिया था

इधर कुछ दिनोंसे हिंदी साहित्यकी ओर भी वे आकर्षित हो गये थे। साहित्य-सेवाके विचारसे उन्होंने एक योजना बनाई; जब उन्होंने अपनी योजना मुझे बतलाई और मुझसे सम्मति माँगी तो मैंने उनकी योजनाका समर्थन नहीं किया और साफ कह दिया कि उनकी योजना निष्फल जायगी। मेरी राय यह थी कि उनकी ओरसे भारतमें एक टेरक्ट-माला निकाली जाय और उस मालामें प्रवासी भारतीयोंकी भिन्न भिन्न समस्याओंके फूल गूँथे जायें। इससे जहाँ उनकी आकांक्षा पूरी हो जायगी वहीं देशवासियोंको भी अपने प्रवासी बन्धुओंकी स्थितिका परिचय मिलता रहेगा। पर महाशय जी नेटालमेंही अपनी योजनाको कार्यान्वित करना चाहते थे इस लिये ट्रस्ट बनाया और उस ट्रस्टमें कुछ धन भी जमा कर दिया। तत्पश्चात कुछ मित्रोंकी सम्मतिसे उन्होंने ट्रस्टकी ओरसे प्रकाशन का जो कार्य आरम्भ किया उसका नमूना देखकर मुझे अफसोस कि हँसी आये बिना न रही। इस ट्रेक्ट मालाको प्रकाशित करनेके लिये उन्होंने मुझसे आग्रह पर आग्रह करके अङ्गरेजीमें एक छोटी सी पुस्तिका लिखवाई थी जो नेटालके इरिंगोंमें स्थित 'मारी अम्मा' नामकी मुर्गी और बकरी खानेवाली मद्रासकी एक देवीकी कठोर आलोचना थी। पर उस ट्रेक्टको छपानेका साहस न कर सके। किसीने उनको यह कानूनी सलाह दी कि इस ट्रेक्ट पर 'मारी आम्मा' के मन्दिरके पुजारी मान हानिका अभियोग चला सकते हैं। अतएव बेचू महाशयको इस झंझटमें पड़ना उचित नहीं जंचा। मेरा वह लम्बा लेख "प्रवासी" के प्रथम वर्षके कई अंकोंमें क्रमशः निकल चुका है। बेचू महाशयने सत्यार्थप्रकाश जैसे बृहद् ग्रन्थको ट्रेक्टके रूपमें निकालनेका मनसूबा बाँध लिया। सत्यार्थप्रकाशके एक समुल्लासके कुछ अंश पांच-सात ट्रेक्टके रूपमें निकाले भी गये और वह भी पाकेट-डायरीके आकारमें १६-२० पन्नेके। कई महीनोंमें पांच-सात ट्रेक्ट निकल पाये थे। यदि इसी हिसाबसे सत्यार्थ प्रकाश ट्रेक्टके रूपमें निकलता तो शायद एक शताब्दीमें भी पूरा न हो पाता। अतः निराश होकर महाशयजीने प्रकाशन कार्य बन्द कर दिया।

## P. R. Pather, General Secretary, South African Indian Organisation:—

The death of Swami Bhawani Dayal Sannyasi at Ajmer, on Tuesday last has come as a shock to thousands of Indians in South Africa where he had spent most of his life and had identified himself with the political, religious and social advancement of the Indian community.

No Indian in South Africa had spent so many years of his life in the cause of his countrymen as had the Sannyasi. Born in South Africa, the deceased had spent some years of his early life in India where he had mastered the Hindi language and its literature.

He was a close associate of Mahatma Gandhi and when he returned to South Africa in 1912, he was in time to associate himself in the Passive Resistance struggle of 1913, which brought about the repeal of the £3 tax. Both the Sannyasi and his predeceased wife Jagrani devi suffered terms of imprisonment during that great campaign.

Up to 1939 he was an active member of the Natal Indian Congress to the development of which he had contributed a great deal of time. In 1938 he was elected President of the Congress and during his term of office by dint of consistent service, he made the Congress a mass movement.

As a devotee and disciple of Mahatma Gandhi, he never hesitated to respond to calls from India, and in many movements of Passive Ressistance which Mahatma Gandhi had launched out in India, he suffered many terms of imprisonment.

In the religious and social fields Swami Bhawani Dayal's services were no less. In the propagation of the Hindu religion and Hindi language he spared no efforts. The Swamijee was a powerful and forceful speaker and this had stood him in good stead in all his public activities.

It was in 1942 that he left South Africa for good and during his stay in that country the the Indian Government of the day as also free India always relied upon him for advice on South African affairs. He was an intimate associate of the President of the Indian Republic, Dr. Rajendra Prasad. At Ajmer he established a Printing Press which publishes the "PRAVASI" a journal in English and Hindi devoted to the cause of Indians overseas.

## Shri P. S. Joshi, A great Author and Journalist, Johannesburg:—

### TRUTH ALONE CONQUERS, NOT FALSEHOOD

It was tragic news over the All-India Radio yesterday. We were all shocked to learn the death of my very dear friend, Swamiji, at Ajmer.

He was in ill health for years; his recent illness was critical; death indeed was the end of suffering for him. Although not so old in age, it was relief for his long-ailing body.

It is, however, a great loss to all of us. A kind father, a faithful friend, a self sacrificing leader, a great scholar, an author and a journalist. Swamiji's death is a heavy loss not only to his family, but to all the Indians in South Africa.

He died in harness. His life was a continuous, selfless struggle and service for the South African Indian community in particular and for Indians overseas in general. His name will always be remembered as an Indian leader who served his countrymen throughout his life with integrity, sincerity and patriotism, personally I will miss him undoubtedly, my unbroken friendship with him dated back to 1924 and lasted until the last breath of his life. I join with you in your sorrow and bereavement.

## Yuvuk Arya Samaj, Clairwood:—

It is with deep grief that we learnt of the demise of your father Swami Bhawani Dayal. It is particularly a blow to us as he was a staunch Arya Samajist and as such was one of the main-stays of our Samaj during its infancy.

He was intimately known by some of our foundation members and through their praises of your father and his deeds we realise the sort of person he was.

Although he was in bad health for some time it came as a shock to us, as it must have been to you all, upon hearing the sad news.

We offer our sincere condolence and pray to the Almighty for eternal peace to his soul.

## Satya Dev, Hon. Secretary, Arya Pratinidhi Sabha, Natal:—

The meeting of Indian residents of Durban held under the auspices of the Arya Pratinidhi Sabha, learned with profound regret the news of the demise of Swami Bhawani Dayal Sannyasi and extends to the bereaved family their deepest sympathies. The passing away of Swamiji has removed from our midst a great South African born Indian whose achievements in the political, religious, and literary fields have been unique.

## N. S. Mudaliar and B. Vithal on behalf of all Hindu Societies, Ladysmith:—

We are directed to express, Ladysmith Hindu Communities' deepest sympathies, and profound regret, in your irreparable loss of the passing away of your beloved father. The passing away of Swamiji is a great loss to us in this conutry and a great loss to Bharat Varsh! It is our fervent prayer, that THE ALMIGHTY MAY GRANT UNTO THE DEPARTED SOUL ETERNAL PEACE. AUM SHANTI...... SHANTI......SHANTI.

## L. L. Dass, Director, Premier Produce Co. (Pty). Ltd., Durban:—

We have been deeply shocked to hear the untimely death of Swamijee. Kindly accept our deepest sympathy on your irreparable loss sustained and we pray to the Almighty that the soul may rest in peace and you may have the courage and strength to stand the strain.

## Mr. D. J. Macaulay, a friend of the Dayal Family:—

My wife and I wish to convey to you our very deepest sympathy in the death of that noble son of South Africa and of India.

Swami Bhawani Dayal, after all was not old in years. Truly he worked very hard all his life for the Indian community and suffered great hardship in doing so. Over and above that

he was our neighbour for years, and we can honestly say that we could not have a better neighbour.

And we would like you to convey our deepest sympathy to all concerned in India and South Africa.

## The Leader:—

We are deeply grieved at the untimely death of the late Swami Bhawani Dayal Sannyasi, who, until his departure for India, in 1942, rendered signal service as a leader of the Indian community of South Africa.

Swami Bhawani Dayal, because of his courage, outstanding ability, sincerity of purpose and consistency has earned the respect and admiration of every Indian in this country.

In expressing our deepest sympathy to the family of the deceased, places on record its profound gratitude for the invaluable services rendered to the people by Swamiji.

## Natal Daily News:—

Swami Bhawani Dayal Sannyasi, a close associate of Mahatma Gandhi and for many years a prominent member of the Indian Community in South Africa, has died in India.

Born in South Africa, he spent some of the early years of his life in India, where he mastered the Hindi language and its literature.

Returning to South Africa in 1912 he identified himself with the political, religious, and social advancement of the Indian community for the next 40 years. He was a member of the Natal Indian Congress until 1939 and its President in 1938.

He left South Africa in 1924, and returned to India, where he advised the Government on South African affairs.

## The Natal Mercury:—

An intimate friend of the late Mahatma Gandhi, one who served several terms of imprisonment with him, died in the Indian Republic last Tuesday, according to a letter from the Natal Indian Organisaton.

He was Swami Bhawani Dayal Sannyasi who was born in South Africa and who played a leading part in the Political, Religious and social affairs of the Indian community in this country. He spent some years of his early life in India, and on his return to South Africa in 1912 he associated himself with the Passive Resistance movement.

Upto 1939 he was an active member of the Natal Indian Congress. In 1942 he he left South Africa, and during his stay in India the Indian Government always relied upon him for advice on South African affairs.

At Ajmer he established a Journal in English and Hindi, devoted to the cause of Indians overseas.

---

M/S ISMAILBHAI VAHED & SON, Bombay "Hearty sympathy for sudden death of Swamiji, wellwisher of overseas brothers".

---

SARVADESHIK SABHA, New Delhi: "Deeply shocked to read Swami Bhawani Dayal's death. Convey condolence to bereaved family".

---

Dr. D. RAM, Patna: "Grieved at Swamiji's demise. Our heartfelt condolence. May his soul rest in peace!"

---

SOUTH AFRICAN HINDU MAHASABHA: "South African Hindus extend deepest sympathy at the loss of Bhawani Dayal. Recognise invaluable services. Pray PARMATMA peace to departed soul and courage to family bear loss".

---

SHRI GUPTANATH SINGH, M. L. A., Banaras: "Deeply shocked, feeling orphan, arrange affairs boldly, letter follows".

THE HINDI SHIKSHA SANGH, Durban: "Swamiji's death great loss to Indian community, especially Hindi speaking world. Deepest sympathy to bereaved family".

SHRI ANANDPRIYA, Baroda Pravas Mandal, Tabora: "Grieved sad demise Swamiji great torch-bearer, Aryasamajist. Loss irreparable. Accept heartfelt condolences".

PANDIT JAGMOHAN, Durban: "Please accept our deepest sympathy Swamiji's untimely demise. Big loss to Communities".

SHRI A. I. KAJEE's FAMILY, Durban: "Deeply regret sad demise Swamji. Accept heartfelt sympathy".

SHRI RULIARAM GUPTA, Calcutta: "Shocked Swamiji's death. The soul may rest in peace".

SHRI HASSAN MAMOOJEE ( BABOO SETH ) Bombay: "Much grieved to learn sad news. My sincere condolence to Swamiji's relations".

THE BHARAT SAMAJ OF LOURENCO MARQUES: "Deeply shocked hearing sad demise of our beloved Swamiji. Pray God give eternal peace to his holy soul and strength his family to bear".

SHRI U. K. OZA, Bombay: "Extremely grieved, Peace be unto Swamiji's soul".

SHRI MANGTOORAM JAIPURIA, Kanpur "Deeply grieved on the sad demise of Shri Bhawani Dayal Sannyasi. Kindly accept hearty condolence and convey sympathy to bereaved family".

SHRI BANBIHARI PRASAD BHOOP, Gaya: "Shocked by the sad demise of respected Swamiji. A great personal loss to me. May God bestow peace on him".

SHRI BAL GANESH, Durban: "Heard sad news with sorrow. Accept deepest sympathy".

SHRI PRANBALI SINGH, Natal: Accept deepest sympathy in your sad loss Swamiji".

SHRI THAKUR MAHENDRA SINGH, Sarwan: "Just returned Bombay most touching sad news of His Holiness Swamiji's untimely demise was received as bolt from the Blue. Please accept our most sincere and heartfelt condolence. Praying akhand shanti for his soul".

THE GANDHI TAGORE LECTURESHIP TRUST, Durban: Accept deepest sympathy death Swamiji. May Almighty bestow peace departed soul"!

S. R. NAIDOO, Natal: "Our deepest sympathy with you all in sad loss of swami. Bhawani dayal. His public services will always be remembered by South African Indian community".

F. SATYAPAL, Natal: "Accept and convey our heartfelt sympathy on the passing away of Swamijee".

B. S. SINGH and FAMILY, Natal: "Death of Swamijee this esteemed noble soul is not only loss to yourselves but the entire people whose services, sacrifices will be deeply mourned by South African Indians. Please accept our deepest sympathy. May Almighty give you courage to bear the irreparable loss".

**THE ZANZIBAR VOICE, Zanzibar:—**

Death occurred in Ajmere, India of Swami Bhawani Dayal Sannyasi, on Tuesday 9th May 1950. In the passing of Swami Bhawani Dayal Indians Overseas have lost a sincere and great friend and a champion of their cause, and India has lost a patriot and a great worker.

Swami Bhawani Dayal was born in Johannesburg, South Africa, in 1892 where his father, Babu Jairam Singh had gone in his young age under the Indentured Labour System. His mother, Mohini Devi, died in Johannesburg in 1899. Swamiji received his English education in the St. Cyprian School and Wesleyan Methodist School. He went to India when his father returned in 1904. His father died in 1911 and Swamiji had to surrender all his estate to his step mother and brother and sister which he did voluntarily to avoid family quarrel.

Having already come to know something about the hardships of Indians in South Africa and having learnt about Mahatma Gandhi's movements, he decided to return to South Africa, and went there in 1912 and became a close associate of Mahatma Gandhi, Mr. H. S. L. Polak and others who were then fighting in the famous Passive Resistance movement inaugurated by Mahatma Gandhi against the humiliating laws of the South African Government. Since then, he had dedicated his life to the service of his compatriots in South Africa and other British Colonies. He became the editor of the Hindi section of The Indian Opinion started by Mahatma Gandhi. He settled in South Africa till 1926 when owing to chronic illness, he went back to India and settled in Ajmer. He undertook visits to Fiji and other Colonies to study the Indian question there and make representations no their behalf and he went to India on various deputations on behalf of South African Indians.

In South Africa he became one of the trusted leaders of the Indian community and presided over many Conferences. During his occasional visits to India. he never let an opportunity go without acquanting the Government including the Viceroys and the leaders and people of India about the grievances of the Indians Overseas.

On his way to and from South Africa, he had occasions to halt at Zanzibar, Daressalaam and Mombasa about half a dozen times and addressed public meetings. He established himself as an authority on the question of Indians overseas.

In India, he happened to be on the spot during the Independence movements under the auspices of the Indian National Congress in which he joined and courted imprisonment. After settling in Ajmere, he started a monthly magazine in English and Hindi called Pravasi, meaning Overseas to advocate the cause of Indians in Colonies.

We offer our sincere sympathies to his son and members of the family and pray for the eternal rest of the departed soul.

# DARKEST HOUR FOR INDIANS IN South Africa

By: Dr. Lanka Sundaram, M. A., Ph. D., (Lon.)

July 7, 1950 is the blackest day for Indians in South Africa, for on that day the Government of the Union of Soutn Africa promulgated the Group Areas Act, 1950, with a speed and finality for which there is hardly any parallel in the legislative history of nations.

When the preliminary Cape Round Table discussions between India, Pakistan and South Africa were held in February last, not a word was passed to the Indian delegation—according to the unequivocal testimony of its leader, Hridayanath Kunzru—that this legislation was in the offing. Indeed, for weeks after the return of our delegation home there were fond hopes expressed that the formal plenary conference between the three countries would be held before the end of the current year, probably in Karachi, in terms of the U.N.O. resolutions urging such a course for the composing of the differences of opinion between India and South Africa on the future of the 300,000 Indians in the Union. When the Bill was mooted by the Union Goverment, the Government of India protested against it vehemently, and asked for its postponement until, at any rate, the plenary conference was held according to the mandate of the U.N.O. Daniel Malan refused this simple and reasonable request, with the result that the Bill became an Act in almost record time. The consequence was that India refused to participate in the formal Round Table Conference, and had taken up the South African Indian question again to the agenda of the General Assembly of the U.N.O, which will consider it, for the fourth time, in the coming cold weather.

Whatever the attitude of India and the decision of the U.N.O. General Assembly might be, the Group Areas Act has now become the law of the Union Governnment. Under this Act, the Union territories are to be demarcated into White, Black and Coloured Areas, and obviously Indians in the Union come somewhere between the Black and the Coloured communities. The Act makes it an offence for any of these demarcated groups to cut into each other's ghettoes, either for residence or for gainful employment. It is arguable that the Whites also would be subject to similarity of treatment as the Blacks and the Coloureds, with two exceptions: firstly, the Blacks would be sweated as ever before as the galley slaves of the Whites, at any rate on the farms and in the mines of South Africa; and, secondly, the

non-Whites would be generally deprived of opportunities for gainful employment, and thus compelled to stagnate in their respective ghettoes, under a system of economic and racial strangulation. In any case, the non-Whites, including the Indians, would not have opportunities for civic and political liberties, for the vote, in so far as it is to be excercised for the control of Government, Local, Provincial and National, would not be available to them. The euphamism that the Whites are subject to the same statutory limitations as the rest of the community in South Africa is mere piffle, for there is not the least justification for any comparison between the rights and opportunities of the Whites on the one part, and the Blacks, the Coloureds and the Indians on the other.

The Act by itself is bad enough. But there is worse in store for the Indians. It is not widely realised in this country that the intention of the Union Government in agreeing to the U.N.O. proposal for tripartite discussions, even after the lapse of an unconscionable length of time, was for the specific purpose of working out a scheme under which Indians are to be repatriated to India or to some other suitable place in the world. Since over 90 per cent of Indians in the Union are local-born, this would not be re-patriation, but ex-patriation. Actually, if this project of the Union does not stand any chance of fulfilment, at any rate as far as sending these Indians away to India is concerned, it would be tantamount to rendering them stateless, for no country in the world today is anxious to receive such large communities and to confer upon them their citizenship. Twenty years ago the Union Government failed to expartriate Indians is the Union to North Borneo, and the Assisted Passage scheme was a dismal failuare, for not much more 10,000 Indians in the Union elected to avail themselves of the cash bonus and passage monies placed at their disposal for returning to India. Twenty years ago India was a dependency, and today she is a Sovereign Republic. It is a curious commentary on the mentality of the Whites in South Africa that they refuse to see the writing on the wall. There is no question that Indians in South Africa would consent to be pushed into the Indian Ocean. On the other hand, they would fight for the preservation of their just rights, and perish, if necessary, in the process of vindicating those rights. Of this, more below.

PRAVASI has been consistently advocating a realistic policy on the part of the Nehru Government as regards the South African Indian question in South Africa during the past two years. India had committed the fatal mistake of asking for the association of Pakistan in the discussions at Lake Success with South Africa.

The result was that on the eve of the February Cape Town talks, Pakistan lifted unilaterally the trade sanctions she had imposed on the partition of this sub-continent, without so much as consultation with India, and commenced trade relations with South Africa. PRAVASI demanded that India should refuse to participate in the preliminary talks at Cape Town, in view particularly of this perfidy of Pakistan, and more so because of the lack of any assurances on the part of the Union that the U. N. O. resolutions would be honoured and implemented. Despite our demand, Nehru sent out his delegation to Cape Town, and the tragic denouement of the past four months in the fortunes of Indians in the Union gradually unfolded itself.

This is not the time for recriminations against the Government of India, for it has corrected its earlier mistake of agreeing to the Cape Town preliminary talks by refusing to participate in the formal conference, and taken up the question once again to the agenda of the General Assembly of the U. N. O. India must now rectify the mistake of making Pakistan a coparcenery to discussions with or about South Africa within the framework of the U. N. O. For one thing, legal opinion is clear on the point that India is the successor State to the British regime in this sub-continent as it existed before August 15, 1947; that Pakistan even today has no diplomatic relations with South Africa; and that such of the Muslims among the Indian community in the Union who want to hitch their wagon to the star of Pakistan can do so only by taking out papers as Pakistani nationals, a process of which there is not a shred of evidence forthcoming. In view of the backstabbing indulged in by Pakistan through the lifting of the trade sanctions, it is clear that the only honourable course for India to adopt in the present circumstances is to proceed unafraid alone, and if necessary unfriended, in the U. N. O. orbit with her solid case against South Africa. Chicken-heartedness on the part of Nehru at the present moment in this regard would spell ruin to the cause of Indians in South Africa, and in a sense, of the four million Indians resident overseas in various parts of the world.

Will India succeed at the U. N. O. to the extent of getting Daniel Malan and his coharts in the apartheid game completely rattled and even vanquished? Obviously, the answer is in the negative. It is true that the International Court had trounced South Africa by returning the answer that she is not entitled to alter the international status of South West Africa, etc. But, prompt came the answer of Daniel Malan that South Africa would not tolerate the interference of the U.N.O. or of any other agency or country, in her own domestic affairs—an answer which is on all fours with that returned at Lake Success by General Smuts and

other spokesmen of the Union when the U.N.O. took up India's complaint successively during the past three years. In the case of Korea, the U. N. O. machinary moved in the matters of hours, with now General McArthur functioning as its Commander-in Chief, under the common flag of nations. Will this come to happen in the case of South Africa ? Unless we misread the situation, the answer is again in the negative.

With the result, that India and Indians in South Africa must fall back on their own resources. What are these resources ? They are the inextinguishable traits of a nation's character which, in other words, mean its self-respect and resolve to fight to the last ditch for the preservation of human rights. Indians in South Africa are now facing the gravest moment in their century-old travail in the Dark Continent. Gandhiji's recipe for facing up to evil with unquenchable spirit is the only answer which Indians can return in the face of the present aggression of the White Man In other words, it is a fight with the backs to the wall, for total Victory, and nothing less. The United Non-European Front is the only fitting answer which the White Man understands, and this must be given forthwith under Indian leadership in thd Union. Blood, tears, toil and sweat-to quote Churchill's famous phrase at the time of Britain's peril in World War II--are to be the lot of Indians in South Africa, for a time is soon coming when they must totally resist the White Man's unjust laws. It is the revolt of the spirit which will bring Indians to the haven of peace and honourable living in South Africa. PRAVASI assures them that the people and the Government of India would stand by them in their darkest hour. For, the Mother Country can do nothing less, unless it be at the peril of her own existence.

---

## स्वामी भवानी दयाल के प्रति श्रद्धांजली

पुण्य भूमिका प्रेम पुजारी
संस्कृतका सच्चा व्रतधारी
आचार्य आर्य आदर्शोंका
हे तापस ! निःसंसारी

कृतनिश्चय निष्काम, चावसे
सत्यप्रेम संनिष्ठ दावसे
कर्म कुशल जागर्त स्फूर्त
चारित्र्य पुण्यबल अहोभावसे

सोई हुई महिमा को गाने
खोई हुई मुक्ति को पाने
आये घर-घर अलख जगाने
बिगड़ी बात बनाने

आकर यहीं से जो कुछ पाया
इनसे कहीं ज्यादा था लाया
हो कर उऋण हम सब को फिर
तुँ ऋणी बनाकर चल पाया

उमेश कवि

संस्थापक, स्वर्गीय श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासी

सम्पादक मण्डलः—

डाक्टर लंकासुन्दरम्, प्रोफेसर देवकीनन्दन शर्मा, ठाकुर राजबहादुरसिंह, श्रीमती प्रकाशवती रामदत्त दयाल, पंडित कन्हैयालाल आर्य और श्री मथुरा प्रसाद शिवहरे।

| वर्ष ३ | १० सितम्बर १९५० ई० | स्मृति अंक |
|---|---|---|

# स्मृति में

गत ९ मई १९५० को स्वामी भवानी दयाल संन्यासी का, साहस से झेली हुई दीर्घकालीन अस्वस्थता के पश्चात् देहावसान हो गया।

उनकी क्षति से भारतवर्ष ने प्रथम श्रेणी का एक देश-भक्त खो दिया, जिसने अपना जीवन चालीस लाख प्रवासी भारतीयों के जीवन-स्तर और उनके कार्य को सुधारने में लगाया था।

अपनी पूर्ण सरलता में भवानी दयाल स्वर्गीय दीनबन्धु सी. एफ. एन्ड्रूज़ की याद दिलाते हैं, आदर्श भावना से प्रवासी भारतीयोंके पक्षके समर्थनमें कटिबद्ध वह हमारे स्मृति-पटल पर स्वर्गीय सरोजनी नायडूकी स्मृति सजग करते हैं, लिखित और मौखिक हिन्दीके साधिकार प्रयोगमें वह स्वर्गीय श्रीनिवास शास्त्रीकी श्रेणीमें हैं जिन्हें प्रवासी भारतीयोंके पक्षका समर्थन करते हुए, अंग्रेजी माध्यमका प्रभावशाली प्रयोग करना पड़ा, अपने निष्ठापूर्ण जीवनमें वह उस पीढ़ी के थे जो सच्चे गांधीवादी आदर्शों पर इस देशमें बनी थी।

भवानी दयालजी की मृत्युने हमारे बीचसे ऐसे महान् व्यक्तिको उठा लिया जिसके लिये जो कार्य उसने प्रारम्भ किया था, वही उसका जीवन-प्राण था। दक्षिणी अफ्रिकासे लेकर वेस्ट इंडीज़ तक तथा पूर्वी अफ्रीका से लेकर फिजी तक संसारमें जहां-जहां भारतवासी बसे हैं, कोई भी ऐसा देश नहीं है जो कि भारत के इस तेजस्वी सपूतके नामसे परिचित न हो या उसे सम्मानकी दृष्टि से न देखता हो। उनकी असामयिक मृत्यु (वह पूरे साठ वर्षके भी न थे जब ईश्वर ने उन्हें बुला लिया) उनके परिवार, उनके प्रशंसक मित्रोंके विस्तृत समुदाय तथा उससे भी कहीं अधिक विस्तृत क्षेत्रमें फैले हुए प्रवासी भारतीयोंके लिये एक भारी चोट है, किन्तु उनका कार्य जीवित रहेगा, क्योंकि उनका पक्ष सच्चा और स्थाई था।

पवित्र संन्यास आश्रम में प्रवेश करनेके पश्चात् भी प्रवासी भारतीयोंके अधिकारोंके लिये संघर्षके बीहड़ और कठिन पथ से जिसे पूर्व आश्रम में उन्होंने

अपनाया था, ( जब कि वह कुछ दिनों के लिये दक्षिणी अफ्रीका में गांधीजीके सहकारी थे ) भवानी दयाल एक इंच भी विचलित न हुए। ऐसी अखंड ज्योति बुझ नहीं सकती। निस्सन्देह स्वर्गीय स्वामी जी की आत्मा आज भी हमारे चारों ओर मंडरा रही है तथा हमें इतनी गम्भीर देशभक्ति और सतत प्रयत्न से युक्त जीवन-कार्य का अनुसरण करनेके लिये प्रोत्साहित कर रही है।

जो कार्य पूरा हो चुका है और जो कार्य करना है, इसके द्वारा जन सक्रिय हों जिससे इस देश में तथा प्रवासी भारत में ऐसे सहृदय दिवंगत स्वामीजीको संतोष हो कि पृथ्वी पर किये गये उनके प्रयत्न व्यर्थ नहीं हुये तथा इस दिशामें उचित सक्रिय प्रयत्न जारी हैं।

ईश्वर करे उनकी आत्मा को शान्ति मिले !

संपादक-मंडल

---

# नम्र निवेदन

## स्वामी भवानी दयाल संन्यासी के "प्रवासी" को स्मारक रूप में जीवित रखना

स्वर्गीय स्वामी भवानी दयाल संन्यासी के दाह-संस्कार के रूप में उनके मित्र एवं प्रशंसक अजमेर में एकत्रित हुए थे और उन्होंने उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाने के लिये प्रवासी को उसी नीति पर चलाने का निश्चय किया था जो कि उन्होंने अपने दो वर्ष के संपादन-काल में निर्धारित की थी।

कहते हैं, लेखनी में तलवार से अधिक शक्ति है और स्वर्गीय स्वामीजी ने इसका प्रयोग अतीव प्रभावशाली ढंग से अपने जीवन के निष्ठावान गत तीस वर्षों में प्रवासी भारतीयोंके सेवा-कार्यमें किया। ऐसे समयमें जब कि प्रवासी भारतीयोंके ऊपर तूफ़ान और बादल घिरते चले आ रहे हैं सदा सतर्क रहनाही स्वाधीनताका मूल्य है। अतः इस को देश के राजा और प्रजा तथा विदेशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयों और उनकी सरकारोंके लिये 'प्रवासी' को केन्द्र-बिन्दुके रूप में जीवित रहना चाहिये।

इस प्रकार निम्नलिखित संपादकीय मंडल प्रवासीको चलानेके लिये बनाया गया था:—

डा० लंकासुन्दरम् एम. ए. पी-एच. डी. (लंदन) स्वर्गीय स्वामीजीके निकट के सहयोगी और प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंके सम्बन्धमें भारतमें कतिपय प्रमुख अधिकारी लेखकों में से एक।

प्रोफेसर देवकीनंदन शर्मा, एम. ए. एल-एल. बी. वाइस प्रिंसिपल, गवर्नमेंट कालेज अजमेर, स्वामी भवानी दयालजीके निकट मित्र, एवं सहकारी।

ठाकुर राज बहादुरसिंह, संपादक नवभारत टाइम्स, (बम्बई के अंग्रेज़ी टाइम्स आफ इंडियाका हिन्दी संस्करण) तथा स्वर्गीय स्वामीजीके मित्र एवं सहकारी।

श्रीमती प्रकाशवती आर. बी. दयाल. स्वामी भवानी दयालजीकी पुत्रवधू।

पंडित कन्हैयालाल स्वामीजीके विश्वासपात्र मित्र और उनके परिवार के एक सदस्य।

बाबू मथुराप्रसाद शिवहरे, मैनेजिंग डायरेक्टर, फ़ाइन-आर्ट प्रिंटिंग प्रेस, स्वामीजीके विश्वस्त मित्र।

**स्वामी भवानी दयालजीकी मृत्यु से होने वाली अनेक अड़चनों के कारण से संपादक-मंडल तत्क्षण ही कार्य प्रारम्भ न कर सका, लेकिन उसे इस अंक को प्रकाशित करते हुए जिसमें स्मृति अंक और वार्षिक विशेषांक, दोनों एक साथ हैं, प्रसन्नता हो रही है।**

ऐसे समयमें भी कि जब स्वामीजी अंतिम संघातक बीमारी से पीड़ित थे उन्होंने प्रवासीके तीसरे वार्षिक विशेषांक के विभिन्न भागोंकी तैयारी की। उनकी मृत्युके पूर्वही इसमेंसे कुछ भाग जुटा लिये गये

थे और छपाये जा चुके थे और वर्तमान संपादकीय मंडल ने इस योजना को वर्तमान अंक के उत्तरार्धमें पूर्ण करने का प्रयत्न किया है।

अब जबकि स्वामीजी नहीं है संपादक मंडलने वर्तमान अंक में संक्षेप रूपसे स्वर्गीय स्वामीजीकी स्मृतिमें राष्ट्रपति डा० राजेन्द्रप्रसाद, अध्यक्ष भारतीय जनतन्त्रके साथ-साथ उनके मित्रों एंव प्रशंसकों के भारत और उसके बाहर से संदेश रखनेका प्रयत्न किया है।

संपादक मंडल और स्वामी भवानी दयालजी के अधिकांश मित्रों एंव प्रशंसकों की यह उत्कट इच्छा है कि 'प्रवासी' उनकी स्मृतिमें बराबर निकलता रहे। इस देश में किसी पत्रिकाका निकालना सदैव कठिन कार्य रहा है और यह अब तो उत्पादन के मूल्यमें क्रमशः वृद्धि होनेके कारण और भी कठिन हो गया है। 'प्रवासी' का निकलना तभी सम्भव है जब पहले ग्राहक और समर्थक वैसेही अपनी सहायता देते रहें और नये मित्र भी इसके आर्थिक उत्तरदायित्वको ग्रहण करनेके लिये आगे आयें। संपादक-मंडल को विश्वास है कि स्वर्गीय स्वामीजीके इस देश तथा विदेशों के मित्र एवं समर्थक इस कार्य में अपनी सहायता पहुंचायेंगे।

स्वर्गीय स्वामीजी ने 'प्रवासी' के साथ-साथ उसी से लगा हुवा एक छोटासा मुद्रणालय भी खोला था जो कि प्रवासी-भवन तथा प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओं से सम्बन्धित विशाल पुस्तकालय से संबद्ध है। मुद्रणालय के पास आज भी मुद्रण यंत्रका अभाव है और यदि कुछ सहायक आगे आ जायें तो ऐसा यंत्र लगाया जा सकता है जिसके लगनेसे छपाई के खर्च में भी कमी हो और प्रत्येक अंक नियमित रूप से प्रकाशित हो सके। अतः संपादकीय मंडल मित्रों से इस यंत्रके खरीदने में सहायताके लिये विशेष रूप से प्रार्थना करता है।

स्वर्गीय स्वामी भवानी दयालने अपने लिये कोई वस्तु कभी न चाही। उनके जीवन-कार्यको अभी पूरा करना है और 'प्रवासी' एक ऐसी संस्था है जो कि भारत के इस यशस्वी और देश-भक्त सपूत के इस महान कार्यको सफलता पूर्वक पूरा करने में सहायक हो सकता है।

संपादक-मंडल

---

**स्वामीजी के इस अकाल देहावसान से सवत्र शोक छा गया। देशके प्रायः सभी प्रमुखजनों ने सहानुभूति एवं समवेदना के संदेश भेजे हैं जो कि नीचे दिये जा रहे हैं।**

स्वामी भवानी दयाल के प्रति—

**स्वामी होकर भी तुम सबकी, सेवा करते रहे सदा।**
**जीता रहे न्याय, इस कारण, लड़ते-मरते रहे सदा॥**

मैथिलीशरण गुप्त

# भारत के राष्ट्रपति

## श्री डा० राजेन्द्रप्रसादजी का संदेश

Government House,
New Delhi.
६—७—५०

"स्वामी भवानी दयाल संन्यासीके साथ मेरा सम्बन्ध प्रायः २५ वर्षों से रहा था। साक्षात् मिलनेके पहले मैंने स्वामीजी के सम्बन्धमें चम्पारण में ही जब महात्माजी गये थे कुछ सुना या पढ़ा था। इसलिये जब पहली मुलाक़ात हुई तो वह सब बातें स्मरण आगयीं। स्वामीजीके बुलाने पर मैं उनके शाहाबाद जिलेके उस गांव में भी गया जहां उन्होंने प्रवासी-भवन बनानेका निश्चय किया था और वहां पुस्तकालय इत्यादि का उद्घाटन भी मैंने किया था। यह घटना आज से २४, २५ वर्ष पहले की है। उसके बाद स्वामीजी १९३० के आन्दोलनके समय शाहाबाद ज़िला कांग्रेस कमेटीके अध्यक्ष थे और उसी सिलसिलेमें उनसे जेल जाने के पहले भी मुलाकात हुई और हज़ारीबाग जेलमें तो एक साथ ही हम लोगोंने ६ महीने बिताये। वहां पर कुछ बन्दी भाइयोंने समय काटनेके लिये और कुछ ऐतिहासिक सामग्री जमा करने के लिये एक हस्तलिखित पत्रिका निकालनेका निश्चय किया जिसमें सब अपना-अपना अनुभव और विशेष करके आन्दोलन की प्रगतिकी बातें लिखा करते थे। यह पत्रिका बहुतही सुन्दर और कामकी होती थी। स्वामीजी इसका सम्पादन किया करते थे। उसके बाद या पहले स्वामीजी जब तब विदेश यात्रा को चले जाया करते थे और दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भाइयोंका शिष्ट मंडल लेकर कांग्रेसके सामने भी वह उपस्थित हुआ करते थे। उन्होंने अपनी जीवन कहानी बहुत ही सुन्दर रीतिसे पुस्तकके रूप में लिख डाली है। जबसे वह अजमेरमें रहने लगे थे, मुझे एक बार अजमेर जाकर भी उनसे मिलनेका सुअवसर मिला था। उस समय भी उनका स्वास्थ्य बिगड़ चुका था और यद्यपि साहित्यक काम वह करते ही जारहे थे वह जानतेथे कि शरीर अब इसको बहुत दिनों तक नहीं चला सकेगा। अन्त में जो सब पार्थिव शरीरों का हाल होता है वही हुआ। और आज वह बहुतेरे मित्रों और बहुतेरे कामोंको छोड़कर चले गये। पर जो कुछ उन्होंने किया है किसी के जीवनके लिये संतोषजनक कहा जा सकता है और हमारे देशके युवकोंके सामने ऐसा ही चरित्र चाहिये जो देशको उन्नत करने में सहायक हो।"

भारत के प्रधान मंत्री माननीय श्री पं० जवाहर लालजी नेहरू, नई दिल्लीः—

"श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासी प्रवासी भारतीयोंके अधिकारोंके लिये एक वीर योद्धा थे और उन्होंने उनकी सेवा बड़ी उत्तमतासे की"

---

स्वास्थ्य-मंत्राणी माननीया श्रीमती राजकुमारी अमृतकौर, नई दिल्लीः—

"मैं स्वामी भवानी दयाल संन्यासी और उनके सेवा-कार्यों से अच्छी तरह परिचित हूँ। वे उन महान विभूतियों में से थे जिन्होंने अपना सारा जीवन सेवा में अर्पण कर दिया। स्वामीजी ने प्रवासी भारतीयों की जो सेवा की है उसका वर्णन इस छोटे से संस्मरण में करना मेरे लिये असम्भव है। सचमुच में उनकी क्षति ऐसी है जिसको पूरा नहीं किया जा सकता। उनका जीवन हमारे लिये एक नमूना है। हमारा कर्त्तव्य है कि उनके दिव्य जीवन को अपने सामने आदर्श रखकर उसका अनुकरण करें। इसी में हित है और यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा है। केवल नाम स्मरण करना व्यर्थ है। उनका असली स्मारक तो यही होगा कि हम उनकी शिक्षाओं को ग्रहण करें और उनके बताये हुये सेवा के मार्ग पर अग्रसर होते रहें।"

---

महामाननीय श्री राजा महाराज सिंह, राज्यपाल, बम्बईः—

"प्रथम बार मैं स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी से मेरे दक्षिण अफ्रिकामें पहुंचनेके बाद शीघ्रही अगस्त सन् १९३२ में मिला। तुरन्त ही मेरा हृदय उनकी ओर आकर्षित हो गया। हमारा परिचय शीघ्रही घनिष्ट, एवम् प्रेममय मित्रतामें परिणत हो गया, जो कि कुछ मास पूर्व उनकी अत्यन्त दुःखदाई मृत्युके समय तक स्थिर रही। दक्षिण अफ्रिकामें मेरे ढाई वर्षके निवास-कालमें उन्होंने मेरा हार्दिक समर्थन किया। वहाँ पर हम लोग समय-समय पर मिलते रहते थे और पारस्परिक विचार-विनिमय किया करते थे। स्वामीजी की लगभग मृत्युके समय तक हमारा पारस्परिक पत्र-व्यवहार होता रहा था। स्वामीजीका व्यक्तित्व, उत्तम चारित्र्य, असाधारण योग्यता और साहस से युक्त था। उन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें आत्म-संयम, एवम् त्यागका जीवन व्यतीत किया, सार्वजनिक सभाओंमें वे एक बहुत ही अच्छे वक्ताकी दृष्टि से देखे जाते थे। वे सदा हिन्दीमें ही भाषण देते थे जिसपर कि उन्हें पूरा अधिकार था। वे वैदिक धर्मके भक्त थे जिससे कि वे सबसे अधिक प्रेम करते थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें अपने देश-वासियों में नैतिक तथा सामाजिक सुधारोंको प्रोत्साहित किया। भारत लौटने पर मैं समझता हूँ कि सन् १९४२ में उन्होंने अपने शेष जीवनको दक्षिण अफ्रिका तथा अन्य देशोंमें रहने वाले प्रवासी भारतीयोंके हितमें समर्पित कर दिया और हिन्दी तथा अंग्रेजीमें "प्रवासी" पत्रका सम्पादन करते रहे। हमारे पारस्परिक सम्बन्ध सदा ही घनिष्ठ एवं प्रेमपूर्ण रहे। और जब कि उनका देहावसान हुआ तो मैंने मूल्यवान मित्रके निधनका शोक मनाया जिनकी कि देश-भक्ति, लक्ष्य के प्रति सत्य निष्ठा और जीवनमें स्थिरता ने सभी लोगों के हृदयोंमें जो कि उन्हें जानते थे, आदरणीय स्थान बना लिया था।"

---

महामाननीय श्री एम. एस. अणे, राज्यपाल, बिहारराज्य, पटनाः—

"मुझे स्वामी भवानी दयालजी की मृत्युसे अत्यन्त दुःख हुआ। उन्होंने प्रवासी भारतीयोंके हितार्थ साधारणतया, तथा दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंके हितोंके लिए विशेषतया लड़ाई लड़ी। वह उनके विश्वसनीय नेता थे। दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंके संबंधमें उनके मतका विशेष आदर किया जाता था। उनकी मृत्युसे संसारके सभी भागोंमें रहने वाले भारतीय और भारतके निवासी, उनके अनेकानेक सहयोगियों, मित्रों और प्रशंसकों को दुःख होगा। ईश्वर उनकी आत्माको शान्ति प्रदान करे। उनका सर्वोत्तम स्मारक होगा उनके कामको जिस कार्यके लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उस महान कार्य तथा "प्रवासी" के प्रकाशनको सुचारु रूपसे चलाते रहना ही उनका सबसे उत्तम स्मारक होगा।

मैं प्रवासी-भवनके सभी कार्यकर्ताओं तथा "प्रवासी" के संचालकोंके साथ उनके इस महान दुःखमें समवेदना प्रकट करता हूँ।"

---

महामाननीय श्री श्रीप्रकाशजी, राज्यपाल, आसामः—

"श्री स्वामी भवानी दयालजी का १४ मार्च का कृपापत्र मिला था मैं उन्हें फिर न लिख सका।

उधरके समाचार यहां तक बहुत कम आ पाते हैं, पर रेडियो से एकाएक यह जानकर कि स्वामीजी हम लोगोंके बीचसे उठ गये, हृदय को बड़ाही दुःख हुआ। वे प्रवासी भारतीयोंकी कितनी चिन्ता रखते थे, उनकी कितनी सेवा करते थे। आप सब लोगोंके उपर तो वज्रपात गिरा। मेरी हार्दिक समवेदना स्वीकार कीजिए। मुझे पूरी आशा है, आप उनका कार्य जारी रख सकेंगे।"

---

श्रीयुत सेठ गोविन्द दासजी, अध्यक्ष प्रान्तीय कांग्रेस, मध्य प्रदेशः—

"श्री भवानी दयाल जी संन्यासीको मैं सन् १९२१ से जानता हूं। उनकी देशभक्ति और प्रवासी भारतीयोंका निष्ठापूर्वक कार्य अब इतिहास की वस्तु हो गए हैं। मैं उनसे सर्व-प्रथम सन् १९२०–२१ में भारतवर्ष में ही मिला। इसके पश्चात् जब मैं दक्षिण अफ्रीका गया उस समय तो उनका और मेरा अत्यन्त निकट का सम्बन्ध हो गया। उनका व्यक्तित्व, भाषण और लेखनकला अत्यधिक परिश्रम और एकनिष्ठ सेवा-वृत्ति तथा इसके लिए सर्वस्व-त्याग की भावना सदा अन्योंके लिए पथ-प्रदर्शक रहेगी। प्रवासी जगत् का तो स्वामी जी के रूपमें एक अमूल्य रत्न खो गया।"

---

श्रीयुत अब्दुल क़य्यूम अन्सारी, मिनिस्टर ऑफ पब्लिक वर्क्स, कॉटेज इन्डस्ट्रीज एन्ड रिहेबिलिटेशन, बिहारः—

"स्वामी भवानीदयालजी की मौतकी ख़बर मैंने अख़बारोंमें पढ़ी थी। मुझे वैसा ही सदमा हुआ जैसा किसी नज़दीकी रिश्तेदार के उठ जाने से होता है। गुजिश्ता तीस सालों से, जबसे स्वामी जी से मेरी मुलाकात हुई थी, वे बराबर मुझे अपने छोटे भाई के जैसा मानते व मुहब्बत करते रहे और जैसा कि आपने भी देखा, उसी मुहब्बत की वजह से ही उन्होंने बीमारी और कमज़ोरी की हालत में भी आरे से पटने आकर मोमिन कान्फरेंस को अपने उपदेशों से पाक किया था।

स्वामीजी इनसानियत के सच्चे ख़िदमतगार थे। जहाँ कहीं वे इनसानियत को ख़तरे में देखते या ज़ात, कौम, बड़े-छोटे के नाम पर इनसान को इनसानके गले पर छुरी चलाते हुए पाते वहाँ ही तुरन्त मौजूद हो जाना वे अपना फ़र्ज़ समझते थे। कहने की ज़रूरत नहीं है कि आजकल जो कुछ छोटी ख़िदमत मैं अपने मुल्क या क़ौम की कर सका हूं उसकी तालीम मैंने स्वामीजी से ही पायी थी, और इस ख्याल से वे मेरे गुरू थे ऐसा कहना बेजा नहीं होगा।

स्वामीजी अब इस दुनियाँ में नहीं हैं। दक्षिणी अफ्रिका के हमारे मुसीबत ज़दा भाई जिनकी ख़िदमत में उन्होंने अपनी क़ीमती जिन्दगी का सब से बड़ा हिस्सा लगा दिया था आज यतीम हो गया। आज, जबकि वहाँ की गोरी सरकार हिन्दुस्तानियों को सताने और नीचा दिखाने के लिए एड़ी-चोटी का पसीना एक कर रही है, और उस मक़सद से एक से एक काले क़ानून बना रही है, स्वामीजी-जैसे लोगोंकी सब से ज्यादा जरूरत थी। पर खुदाई फ़ैसले के ख़िलाफ़ बोलने का हमें क्या हक़ है? हमें तो सर झुकाकर उस फैसले को मानना ही पड़ेगा। आप को यह जानकर तसल्ली होनी चाहिए कि आप के इस दुख में हमदर्दी रखने वाले दुनियांके हज़ारों हज़ार आदमी हैं जो स्वामीजी को जानते और मानते थे"

---

मोरिशसके सार्वजनिक कार्यकर्ता तथा नेता प्रोफ़ेसर विष्णुदयालजीः—

"स्वामीजी के स्वर्गवास का दुःखद सम्वाद सुन कर हम यहाँ अवाक् हो गये। इस घड़ी में सब को यही विचार हो रहा है कि उस "प्रवासी" को जीवित रखना चाहिए जिस के भविष्यकी चिन्तासे स्वामीजी कभी मुक्त न होते थे।

मैं आप भाई-बहनोंसे सहानुभूति प्रकट करता हूँ।"

---

श्रीमान राजा राधिकारमण प्रसाद सिंहजी, प्रसीडेन्ट चैम्बर, पटनाः—

'पूज्य स्वामीजी उठ गये! मेरा दिल बैठ गया! अब कोई न रहा जो उनकी जगह ले सके!

'किसी में रंग वो बू वैसा न पाया,
चमन में गुल बहुत गुज़रे नज़र से!"

उनकी विभूति उनके साथ गई जैसे। उनकी बातें, याद आती हैं, तो छलक आते हैं आंखों में आँसू"

# स्वामी भवानी दयाल संन्यासी

## लेखकः श्री बनारसीदास चतुर्वेदी

'स्वामी भवानीदयालजीका स्वर्गवास हो गया !' यह दुःखद समाचार 'हिन्दुस्तान' में पढ़कर सहसा चौंतीस वर्ष पुरानी स्मृतियाँ जाग्रत हो गईं। उन दिनों मैं इन्दौरके राजकुमार कालेजमें अध्यापक था और स्वामीजी, जो उस समय भवानीदयालजी ही थे, वहाँ सरस्वती-सदनके संचालक भाई द्वारिकाप्रसादजी 'सेवक'के अतिथि होकर पधारे थे। चूँकि प्रवासी भारतीयोंकी सेवाका कार्य मैं १९१४ में ही प्रारम्भ कर चुका था, इसलिए भवानीदयालजीकी मुझपर विशेष कृपा थी। पिछले चौंतीस वर्षोंमें बीसियों बार स्वामीजीसे मिलन हुआ, सैंकड़ों ही विचार-परिवर्त्तन हुआ और पत्र-व्यवहार तो अन्तिम दिनों तक निरन्तर जारी रहा।

यद्यपि स्वामीजी कोई असाधारण प्रतिभाशाली विद्वान नहीं थे और न वे कोई स्वतन्त्र विचारक ही थे—उन्हें उच्च कोटि के ग्रन्थकार कहना भी अत्युक्ति होगी—तथापि कार्यकर्ता और प्रचारककी दृष्टिसे उनकी गणना प्रथम कोटिमें ही की जायगी। स्वामीजी अत्यन्त परिश्रमी व्यक्ति थे, बेहद लगनके आदमी थे और अपने-आपको खपा देना उनके स्वभावका एक अंग ही बन गया था। बल्कि मैं तो यहां तक कहूँगा कि उनका यह गुण उस सीमा तक पहुंच गया था, जहां वह एक दुर्गुण ही माना जाना चाहिये। उदाहरण लीजिये। उपनिवेशोंसे लौटे हुए प्रवासी भाईयोंकी दशाकी रिपोर्ट अंग्रेजीमें तैयार करनी थी। स्वामीजीने अपना संग्रहीत मसाला मुझे सौंप दिया। मैंने महीने-भरमें रिपोर्ट तैयार कर दी।❀ यह तो कोई मुश्किल काम नहीं था, पर उस रिपोर्टको छपानेके लिए पन्द्रह सौ रुपएकी ज़रूरत थी। स्वामीजीने कलकत्तेमें घूमना शुरु किया और उसके लिये चन्दा कर ही लिया। उसकी छपाई कलकत्तेके प्रवासी प्रेसमें कराई गई। स्वामीजी बराबर लगे रहे। जब पुस्तक छपकर आई, तब हज़ार-बारह सौ प्रतियोंको जगह-जगह भेजनेका काम शुरू हुआ। पते वग़ैरह सब स्वामीजीने ही लिखे, टिकिट चिपकाए और विधिवत् प्रत्येक कापी पोस्ट भी की। जिस दिन वे इस कार्यको समाप्त करके अपने ग्रामको रेलसे रवाना हुए, उस दिन वे इतने थके हुए थे और उनका शरीर इतना निर्जीव हो चुका था कि ६ घन्टे तक अपने ग्रामके स्टेशन पर निर्जीव पड़े रहे।

जब-जब वे 'विशाल भारत' आफिसमें आते, मेरा-उनका एक पेटेन्ट मज़ाक़ रहता था। मैं उनसे कहता—स्वामीजी ! आप पुनर्जन्ममें क्यो नहीं विश्वास रखते ? कुछ काम अगले जन्मके लिए भी छोड़िए। सभी कामोंको इसी जन्ममें क्यों समाप्त कर देना चाहते हैं।

'आज करै सो काल करि, कालि करै सो परसों;
ऐसी जल्दी कहा परी है, परी भई हैं बरसों !'

इसपर स्वामीजी खूब हँसते और कहते—पुनर्जन्मकी यही फिलासफी तुम्हें ही मुबारक हो ! हमें तो काम करते करते मरना है। आज का काम कलपर डालना तो अधर्म है। ये ऊटपटांग कहावतें तुमने कहां से इकट्ठी कर लीं ?' मैं उनसे यही कहता—'यह शुद्ध वैदिक धर्म है कि खूब आनन्दके साथ मन आवे तब काम किया जाय; और जब मन न हो, तब काम बिलकुल बन्द रखा जाय। वेदकी यह व्याख्या आप क्या किसी चतुर्वेदीसे अधिक योग्यतापूर्वक कर सकते हैं ?' स्वामीजी इस पर खिल-खिलाकर हँस पड़ते।

### कर्मठ कार्यकर्ता और सेवक

स्वामीजीके जीवनका एक दर्शन था। अपने ध्येयकी पूर्तिके लिए सेठ-साहूकार, राजा-महाराजा, छात्र

❀हम लोगोंकी उस रिपोर्ट का काफ़ी प्रभाव पड़ा था। महात्माजी तथा 'टाइम्स आफ इन्डिया' इत्यादि पत्रोंने उसकी निरक्षता तथा संयत भाषाकी प्रशंसाकी थी और सम्पूर्ण भारतीय पत्रोंने उसका स्वागत किया था। स्वामीजीने इन सम्मतियोंको संग्रह करके उन्हें भी पुस्तकाकार प्रकाशित करा दिया ! वह तीन सौ पृष्ठोंकी एक पोथी बन गई।

अध्यापक, स्त्री-पुरुष—जिस किसीसे जो-कुछ भी सहायता मिल सके, ली जाय और सर्वथा निःस्वार्थ भावसे उसका उपयोग किया जाय, ऐसा वे मानते थे। स्वामीजी जानते थे कि हम सभी त्रुटिपूर्ण हैं और आख़िर अधूरे ही आदमियोंकी मददसे हमें अपना काम आगे बढ़ाना है। स्वामीजीके लोक-संग्रहके पीछे यही भावना थी। वे निरन्तर अपने पूरक व्यक्तियोंकी तलाशमें रहते थे और अपनी भलमनसाहत, विनम्रता तथा लगनके कारण उन्हें ऐसे व्यक्ति मिल भी जाते थे।* इसके सिवा प्रवासी भारतीयों का काम भी किसी पार्टी-विशेषका नहीं था और भारतके सभी दलों तथा श्रेणियोंकी उनके साथ सहानुभुति थी। स्वामीजी जानते थे 'एकहि साधै सब सधै....,' इसलिए अपने जीवनके मुख्य लक्ष्य प्रवासी भारतीयोंकी सेवाको उन्होंने कभी नहीं छोड़ा।

पर स्वामीजीका जीवन एकांगी नहीं था। आर्यसमाज, हिंदी-प्रचार, प्रवासी भाइयों की सेवा और साहित्य-रचना—इन चारों क्षेत्रोंमें स्वामीजीने बड़ी सफलतापूर्वक काम किया। आर्यसमाजी होनेपर भी वे कठमुल्लापन से कोसों दूर थे। साम्प्रदायिकतासे उन्हें घोर घृणा थी। सभी जातियोंमें उनके मित्र थे। सभीसे उनका भाईचारा था। एक मुस्लिम कार्यकर्ताका जीवन-चरित्र उन्होंने प्रकाशित कराया था और राजा महाराज-सिंहजीसे, जो एक प्रतिष्ठित ईसाई-वंशके हैं, उनकी घनिष्ठ मैत्री थी। दीनबन्धु ऐण्ड्रूज़ उनकी गणना अपने प्रेमी मित्रोंमें करते थे और अनेक सनातनधर्मावलम्बी भी उनको सम्मानकी दृष्टिसे देखते थे। वस्तुतः स्वामीजी मनुष्य थे और दीन-हीन भारतीय समाजके सेवक।

स्वामीजीका सबसे आकर्षक गुण उनका भोलापन था। एक बार मज़ाक़में मैंने 'विशाल भारत' में उन्हें 'कालोनियल संन्यासी' लिख दिया। स्वामीजी उस समय 'विशाल भारत' आफिसमें ही बैठे थे। जबवे जाने लगे, तो मैंने उनसे कह दिया कि ये शब्द उनके विषयमें जारहे हैं। उस समय तो सुनकर वे चुप रह गए, पर आफ़िस से मील-भर जानेके बाद फिर लौट आए और बोले—'अरे भाई। वे शब्द आप निकाल दीजिए। उसमें से तो बहुत ख़राब ध्वनि निकलती है'। मैंने बहुत समझाया कि यह तो एक निर्दोष मज़ाक़ है, पर स्वामीजीका तर्क था—प्रवासी भारतीय आपके इस मज़ाक़को अन्यथा समझेंगे और इसका कुछ-का-कुछ अर्थ निकालेंगे। इस लिए इस दुविधाजनक हास्यकी चोटसे आप मुझे बचाइए। स्वामीजीके इस आग्रहको हमें मानना पड़ा।

एक बार भवानीदयालजीने अपनी पुस्तकमें महात्माजी की कठोर आलोचना करदी थी। मैंने इसके लिए उनकी भरपूर निन्दा की और महात्माजी तक इस मामलेको पहुँचाया। महात्माजीने इतना ही कहा—'भवानीदयाल ग़लती तो कर सकता है, पर वह ईमानदार है। उसके पितासे भी मेरा सम्बन्ध था। वे तो एक अच्छे साधन् सम्पन्न गृहस्थ थे।' यद्यपि महात्माजीके प्रति स्वामीजीकी अनन्य श्रद्धा थी, पर वे उनके अन्धभक्त नहीं थे। पूज्य बापूजीकी आलोचना करनेकी हिम्मत वे रखते थे।

एक बार जब स्वामीजीके मनमें यह इच्छा हुई कि प्रवासी भारतीयोंका काम छोड़कर भारतीय राजनीति-क्षेत्रमें प्रवेश किया जाय, तो महात्माजीने यह भूल करनेसे उन्हें उबारा था। बापूने उन्हें यही आदेश दिया था कि 'भारतीय राजनीतिक क्षेत्रमें तो सैकड़ों कार्यकर्ता हैं, तुम उनमें एककी वृद्धि करोगे। पर दीनबन्धुकी मृत्युके बाद प्रवासी भारतीयोंका तो कोई सेवक रहा ही नहीं। तुम भी उन्हें छोड़ना चाहते हो क्या?' स्वामीजी निरुत्तर हो गए और बापूकी आज्ञा उन्होंने अपने सिरपर रखकर मान्य की। जीवनके अन्तिम क्षण तक वे प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें लगे रहे।

स्वामीजीके लिखे हुए कई ग्रन्थ हैं। उनके प्रारम्भिक ग्रन्थोंमें 'सत्याग्रह-संग्रामका इतिहास' महत्वपूर्ण है। वह एक सजीव और सचित्र पुस्तक थी, और चूंकि स्वामीजीने स्वयं सपत्नीक उक्त संग्राममें भाग लिया था, इसलिए वह पुस्तक काफी प्रभावोत्पादक भी बन पड़ी थी। उनकी 'प्रवासीकी आत्मकथा' भी अपने विषयकी अच्छी पुस्तक है। स्वामीजी किसीके साथ रियायत

*विशाल भारतके सहकारी सम्पादक स्वर्गीय व्रजमोहन वर्मा को उन्होंने अपना इतना प्रेमी बना लिया था और प्रवासी भारतीयोंका इतना समर्थक कि वर्माजी पंगु होनेके बावजूद दक्षिण-अफ्रिका यात्राके लिए तैयार होगये थे। और भी कई युवकोंको उन्होंने इस कार्यके लिए प्रेरित किया था। भाई राजबहादुरसिंह, श्री प्रेमनारायण अग्रवाल, श्री कन्हैयालाल इत्यादिसे उन्होंने खूब काम लिया था।

करनेवाले जीव नहीं थे । उनके पिताजी किस प्रकार उनके लिए विमाता ले आए थे, उसका ब्यौरा उन्होंने बड़े कठोर शब्दोंमें दिया है ।

व्यवस्था स्वामीजीके जीवनका एक अंग थी । चीज़ों को यथास्थान रखना, पत्रोंकी फ़ाइल बनाना, अलमारीमें ग्रन्थोंको सजाना, पत्र-व्यवहारको नियमित रखना और जो भी काम हाथमें लिया जाय, उसे ठीक तौरपर निभाना, ये सब बातें उनके स्वभावमें ही प्रविष्ट होगईं थीं । स्वामीजी एक प्रतिष्ठित पत्रकार थे । उन्होंने बिहारके कई पत्रोंका सम्पादन किया था और अफ्रीकासे भी कई पत्र निकाले थे । उनके द्वारा सम्पादित 'हिंदी'के कई विशेषांक तो अत्यन्त महत्वपूर्ण थे । अपनी मृत्युके समय भी वे 'प्रवासी' का सम्पादन कर रहे थे । प्रवासी भारतीयोंमें यह दुर्गुण है कि वे अन्य अनावश्यक कार्यों में चाहे लाखों रुपये व्यय करदें, पर अपने पत्रोंके ग्राहक वे नहीं बनते ! 'प्रवासी' के लिए स्वामीजीको पचास-पचास सौ-सौ रुपये भीख मांगने पड़ते थे और पत्रके प्रत्येक अंकमें ऐसे दानियोंका विस्तृत परिचय भी देना पड़ता था ; फिर भी पत्रका ख़र्च वे नहीं निकाल पाते थे। अपनी मृत्युके पहले तो उन्हें पत्रोंमें कई लेख लिखने पड़े और दुर्भाग्यवश एक सम्पादक महोदयसे उन्हें उन लेखों का पारश्रमिक भी नहीं मिला ! यह बात ध्यान देने योग्य है कि स्वामीजी कलकत्तेके हिंन्दी साहित्य-सम्मेलनके अवसरपर हिंदी-पत्रकार-संघके सभापति भी हुए थे ।

स्वामीजीका जीवन-क्रम और रहन-सहन पाश्चात्य ढंगका था । वे उपनिवेशमें पैदा हुए थे और भोजनालय, शौचालय इत्यादिकी सफ़ाईकी ओर उनका विशेष ध्यान रहता था । अपने प्रवासी-भवनमें उन्होंने सफ़ाईकी सर्वोत्तम व्यवस्था रखी थी । हज़ारीबाग़-जेलमें एकबार उन्हें 'ए'के बजाय 'बी' क्लास देदिया गया और इस परिवर्तनसे उन्हें पर्याप्त शारीरिक कष्ट हुआ । उस समय गवर्नरसे पत्र-व्यवहार करके उनका क्लास-परिवर्तन कराया गया था । अधिकांश प्रवासी भारतीय यूरोपियन ढंगपर रहनेके अभ्यस्त होगए हैं और उनसे यह आशा करनाकि वे लौटकर भारतीय ढंगपर रह सकेंगे, सर्वथा अनुचित होगा । बिहारके गवर्नर साहबको पत्र लिखते हुए हमने इसी बातपर ज़ोर दिया था कि दक्षिण-अफ्रिका तथा भारत सरकारके समझौतेके अनुसार वहाँके प्रवासी भारतीयोंसे यही आशा की गई थी कि वे यूरोपियन जीवन-क्रम को अपनावें, इसलिए स्वामी भवानीदयालजीको 'ए' क्लास मिलना ही चाहिए । पीछे हमें पता लगाकि स्वामीजीके कुछ साथियोंको उनका यह क्लास-परिवर्तन अनुचित जँचा । यह उन लोगोंकी असहिष्णुता थी । किसीसे भी तामसिक तपस्याकी आशा क्यों की जाय ?

स्वामीजी चायके बड़े शौक़ीन थे और 'विशाल भारत' आफिसमें जब कभी पंडित पद्मसिंहजी शर्मा तथा स्वामीजीका आगमन होता था, तो हमारे सहकारी श्री ब्रजमोहन वर्मा 'एकटा घोर चा' तैयार कराते और टोस्ट तो उसके साथ होता ही । धूम्रपानभी साथ-साथ चलता ही था । स्वामीजी नीरस व्यक्ति नहीं थे । ख़ूब मज़ाक़ करते थे । दूसरोंके प्रति वे सहिष्णु थे और कोरम-कोर धर्माडम्बरवालोंसे उनकी कभी न पटती थी । एकबार स्वामीजी किसी आर्य-समाज-मन्दिरमें ठहरे हुए थे कि रातको साढ़े तीन बजे उठकर एक उपदेशक महोदयने ज़ोर-ज़ोरसे वैदिक मन्त्र पढ़ना प्रारम्भ कर दिया । स्वामी जीकी नींद खुल गई और उन्होंने तुरन्त ही उपदेशक महानुभावसे कहा—देखिए महाशयजी, मैंने भी वैदिक धर्मका कुछ अध्ययन किया है । उसमें यह कहीं भी नहीं लिखा कि इस प्रकार निर्दयतापूर्वक पड़ोसियोंकी नींद हराम की जाय । यदि आपकी धर्म-अभिलाषा विशेष बलवती तथा जाग्रत है, तो कृपया कहीं एकान्तमें जाकर शान्तिपूर्वक मन्त्रपाठ कीजिए । हम लोगोंपर तो रहम कीजिए ।' उपदेशक महोदय स्वामीजीकी पोज़ीशनसे वाक़िफ़ थे । भीगी बिल्लीकी तरह शान्त हो गए ।

'आफिसर-क्लासके साथ व्यवहार करते समय स्वामी जीका भिन्न ही रूप रहता था । उस समय उनके नेतृत्वके गुण प्रकट हो जाते थे, और वे यह हर्गिज़ सहन नहीं कर सकते थे कि उच्च-से-उच्च अधिकारी उनके साथ कोई बेअदबीकी बात करे । एक बार 'सतलज' जहाज़के एक अधिकारीने उस समय उनकी कुछ उपेक्षा की थी, जब वे लौटे हुए प्रवासी भारतीयोंकी जाँच करनेके लिए उस जहाज़पर गए थे । बस, स्वामीजी ने भारत-सरकारको तुरन्त ही तार दिया और सर हबीबुल्लाको, जो उनसे व्यक्तिगत तौरपर परिचित थे, बीच-बिचाव कराना पड़ा ! डेपूटेशनोंमें उन्हें कई बार वाइसराय इत्यादिसे मिलना पड़ता था । उस समय स्वामीजी अपने पद-गौरवके अनुरूप ही

व्यवहार करते थे । हमारी शिथिलताओंपर स्वामीजी अक्सर व्यंग किया करते थे । उनका कहना था—'चौबेजी, इन उच्च पदाधिकारियोंसे व्यवहार करनेकी भी एक कला है । ये विनम्रताको कमज़ोरी समझते हैं और झट्से दबोच देते हैं । इनके सामने तो कठोर बनना ही पड़ता है । ऊपरी शिष्टाचार की बातोंके सिवा मैं इनपर हमेशा रोब ही जमाए रहता हूँ ।'

मैं उनसे कहता—'स्वामीजी, यह नेतागीरी तो हमसे नहीं हो सकती ।'

स्वामीजी कहते—'इसमें नेतृत्वका सवाल नहीं है, यह तो व्यवहार-कौशल है ।'

और स्वामीजी निस्सन्देह व्यवहार-कुशल थे । महिलाओंपर भी उनका जादू चल जाता था उनसे भी वे समाज-सेवाके कार्य ले लेते थे । उनका संन्यासी-वेश उस वक्त उनकी बहुत सहायता करता था ।

## विशाल भारत के निर्माता

महात्मा गांधी, कवीन्द्र रवीन्द्र और दीनबन्धु ऐण्ड्रूज़ इस त्रिमूर्तिको हम विशाल भारत (Greater India) के निर्माता कह सकते हैं । वैसे राजर्षि गोखले, माननीय श्री निवास शास्त्री तथा महामना मालवीयजीने भी प्रवासी भारतीयोंके लिए खूब काम किया था; पर विशाल भारतके निर्माताओंमें उनकी गणना नहीं हो सकती ! हाँ, स्वामी भवानीदयालजीका नाम इन निर्माताओंकी द्वितीय श्रेणीमें अवश्य गिना जायगा और उसका एक कारण है । स्वामीजीका कार्य मुख्यतया हिन्दी भाषा द्वारा ही हुआ था, जो केवल भारतकी ही नहीं, विशाल भारतकी सामान्य भाषा है । शायद ही कोई पढ़ा-लिखा प्रवासी भारतीय होगा, जिसके पास स्वामीजीके ग्रन्थ, रिपोर्ट, लेख या उनके सम्पादित पत्रोंके अंक न हों । स्वामीजी अव्वल दर्जेके प्रोपैगेण्डिस्ट थे और अपनी चीज़ोंको यथास्थान पहुंचानेमें तो वे मिशनरियोंको भी मात करते थे । हिन्दी-प्रेम, भारत-भक्ति और पारस्परिक सद्भावनाके सहस्रों बीज स्वामीजी ने भिन्न-भिन्न औपनिवेशक क्षेत्रोंमें बो दिये थे और कभी वे आगे चलकर वृक्षोंका रूप धारण कर लेंगे । ज्यों ज्यों हिन्दीका सम्मान अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्रोंमें बढ़ेगा त्यों-त्यों स्वामी भवानीदयालजीके कार्यकी महिमा में भी वृद्धि होगी । विशाल भारतके इतिहासमें स्वामीजीका नाम अमर रहेगा ।

स्वामीजीका जीवन-वृत्त बिल्कुल अधूरा ही रहेगा, यदि उनकी धर्मपत्नी जगरानीदेवीका ज़िक्र न किया जाय । जब तक वे जीवित रहीं, अपने पतिके प्रत्येक यज्ञमें वे सम्मिलित होती रहीं । दक्षिण-अफ्रिकाके सत्याग्रह-संग्राममें अपने छोटे-से बालक के साथ उन्होंने जेल-यात्रा भी की थी । भवानीदयालजीको प्रेरित करके उन्हें काममें जुटानेवाली भी वे ही थीं, और उनके आकस्मिक स्वर्गवाससे भवानीदयालजीका जीवन बिल्कुल अधूरा ही हो गया । वह उनके जीवनकी सबसे भयंकर दुर्घटना थी, पर वे उसे धैर्यपूर्वक सह गए । यद्यपि कई जगहसे प्रस्ताव आए, पर स्वामीजीने दूसरा विवाह नहीं किया । एक बार प्राइवेट तौरपर हमने स्वामीजीसे पूछा, तो उन्होंने हमें बतलाया कि कितने ही व्यक्तियोंने विवाहके लिए उनसे आग्रह किया था । एक महानुभावने तो यहाँ तक धृष्टता की थी कि रात के दस बजे अपनी लड़की स्वामीजीके कमरेमें इसलिये भेज दी कि वह स्वयं स्वामीजीको विवाहके लिए प्रेरित करे ! जब स्वामीजीको इस षड्यंत्रका पता चला, तो उन्होंने बड़ी दृढ़ता, पर विनम्रतापूर्वक इतना ही कहा—देखो बहन, मेरा शेष जीवन तो अब प्रवासी भाइयोंकी सेवाके लिये अर्पित हो चुका है । जगरानीदेवीकी स्मृतिमें मुझे अपनी शक्तिका कण-कण उर्सा कार्यमें लगाना है । अब मैं गृह-जीवनमें पुनः प्रवेश नहीं करनेका ।' स्वामीजीने अपने इस वचनका अक्षरशः पालन किया । स्वामीजीके जीवनका सबसे अधिक महत्वपूर्ण भाग हम उनकी बीमारी के अन्तिम बारह महीनोंको मानते हैं । स्वामीजी जानते थे कि उनकी महायात्रा निकट है; पर वे मृत्युसे लड़े और खूब और लड़े । जो भी क्षण इस प्रकार वे निकाल सके, उन्हें प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें लगाया ।

यद्यपि पिछले बारह वर्षोंमें स्वामीजीसे मेरा पत्र-व्यवहार कुछ कम हो गया था, क्योंकि विपरीत परिस्थितियोंके कारण मैं प्रवासी भारतीयोंके सेवा-कार्यको छोड़ बैठा था; तथापि स्वामीजीने मुझे कभी नहीं बिसारा । न जाने कितनी बार उन्होंने मुझे आज्ञा दी कि मैं प्रवासी भारतीयोंके कामको पुनः अपने हाथमें ले लूँ । चार-पाँच महीने पहले जब मैंने स्वामीजी को लिखा कि अब मैं कभी कभी अपने पुराने विषयपर लिखा करूँगा, तो उससे उन्हें कुछ सन्तोष अवश्य हुआ ।

स्वामीजीने अपने अन्तिम पत्रमें, जो उन्हें मृत्युके २०-

२५ दिन पूर्व मुझे भिजवाया था, मुझसे यह आग्रह किया था कि मैं 'प्रवासी' के सम्पादनका भार अपने ऊपर ले लूँ, ताकि वे निश्चिन्त होकर शान्तिपूर्वक परलोक-यात्रा कर सकें! इस पत्रने मुझे बड़े धर्म-संकटमें डाल दिया। मैं न तो नकारात्मक उत्तर दे सकता था, न स्वीकारात्मक। मैंने उस समय उनकी सेवामें बस इतना ही निवेदन किया—"प्रवासी की ओरसे आप निश्चिन्त रहिए। जिस भावनासे आपने उसे निकाला है, वह तो अमर है ही। 'प्रवासी' की देखभाल करनेवाला कोई-न-कोई निकल ही जावेगा।"

अपने क्षुद्र जीवनमें हमने पचासों कार्यकर्त्ता देखे हैं; पर ध्येयके लिये सम्पूर्णतया समर्पित स्वामीजी-जैसे व्यक्ति बहुत ही कम दीख पड़े हैं और जीवन-रसकी प्रत्येक बूँदका इस प्रकार सदुपयोग करनेवाले तो और भी दुर्लभ हैं। स्वामीजी कुल जमा ५८ वर्षके थे। अपने चालीसवर्षीय सार्वजनिक जीवनमें उन्होंने जितना काम कर दिखाया, उतना उससे ड्योढ़ी और दूनी उम्रमें भी कर लेना मुश्किल ही होता। परलोक चले गए; पर उनकी कीर्ति चिरस्थायी रहेगी और उनके प्रेमी तथा मित्र जीवनपर्यन्त उनकी याद करते रहेंगे।

———:o:———

# श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासी संस्मरण

( ले० विपिन बिहारी वर्मा, एम. एल. ए. बैरिस्टर, बिहार )

श्री स्वामी भवानी दयाल संन्यासी के निधनसे जो स्थान खाली हो गया है उसकी पूर्ति होना कठिनही नहीं बल्कि असंभव है। मेरा सम्पर्क उनसे १९३० से प्रारम्भ हुआ था। मेरा उनका हजारीबाग जेल में साथ हुआ और जो प्रेम एवं बन्धुत्व उनसे उस समय प्राप्त हुआ वह उनके जीवन पर्यन्त बना रहा। उनका हृदय विशाल था। सौजन्य कूट कूट कर भरा हुआ था और थे वे एक आदर्श पुरुष जिन्होंने अपने प्राणोंकी बाजी लगाकर आदर्श नगरमें "प्रवासी" का निर्माण किया था। आज वही 'प्रवासी' भवन उनके चल बसने से अनाथ हो गया और वहां चारों ओर अंधकार छा गया है।

हजारीबाग जेलमें हमें उनके चरित्र एवं कार्य-कुशलता का अध्ययन करने का मौका मिला था। मेरी उनसे सदा देर तक बातें हुआ करती थीं और प्रवासी भारत-वासियों का सुधार कैसे हो इसकी चिन्ता उन्हें विशेष रूप से सताया करती थी। जेल में एक हस्तलिखित पत्रिका भी वे निकालते थे, तभी से इनकी कार्यशीलता का परिचय हमें मिला।

प्रवासी भाइयों के लिए उन्होंने बहुत कुछ किया। जिन्हें 'प्रवासी' पत्रिका, जो वे आदर्श नगर, अजमेर से निकालते थे, देखने का अवसर मिला होगा, वे सहज ही उनके कार्य एवं लगन से परिचित हो गये होंगे। इसी 'प्रवासी' द्वारा वे पीड़ित प्रवासी भाइयों का संदेश जनता में पहुंचाया करते थे। वह वृक्ष अभी पनपने भी नहीं पाया था कि बीच ही में मुर्झा गया। आज स्वामीजी नहीं रहे, किन्तु उनकी आत्मा हमारे साथ है। वह देखना चाहती है कि उनके अधूरे कार्य कैसे पूरे किये जा सकते हैं। प्रवासी भारतवासियों पर तो हमेशा संकट मंडराया ही करता है। स्वामी जी हमेशा अपनी पत्रिका द्वारा उनकी पुकार एवं उद्धार लोगों को सुनाया करते थे। आज भी एक क्षीण किन्तु चमकती हुई रेखा प्रवासी के रूप में क्षितिज पर नजर आ रही है। यदि यहाँ के तथा कुछ दक्षिण अफ्रिका के धनी-मानी सज्जन इसमें योग देने की कृपा करें तो प्रवासी भाइयों की कराह जनता में पहुँचाने का बहुत कुछ साधन अभी भी मौजूद है।

गत मार्च महीने में जब मैं एक शादी को न्योते में दिल्ली से ब्यावर जो अजमेर के पास है, गया था तो मैंने पहिले ही से संकल्प कर रखा था कि उधर ही से स्वामी जी से मिलता आऊँगा और हुआ भी ऐसा ही! यह अन्तिम भेंट थी। मैं जब उनके कमरे में घुसा

तो उन्होंने उठने की कोशिश की और बड़े ही प्रेम से मिले। उनकी जो हालत देखी तो कंठ अवरुद्ध हो गया, मुझे भी प्रतीत हो गया कि यह अब अन्तिम भेंट है और कुछ ही अरसे के बाद शोक समाचार जानकर बहुत ही दुःख हुआ। भगवान की विचित्र लीला है। ऐसे महापुरुषों को ले लेने के लिये कराल-काल मुंह बाये रहता है। अभी उनकी सेवा की अत्यन्त आवश्यकता थी किन्तु वह नररत्न हम लोगों से विलग हो गया। प्रवासी भाइयों के लिए तो वे प्राण थे, और यहाँ के लिये थे वे एक तपे हुए तपस्वी कार्यकर्त्ता।

अभी जो पत्र ता०२३-६-५० का श्री कन्हैयालाल जी का मेरे पास आया है उसका कुछ अंश मैं उद्धृत करता हूँ जिससे पता चलेगा कि स्वामीजी कितनी कृपा मुझ पर रखते थे। आप लिखते हैं "जब कि यह पत्र आपको लिख रहा हूं मानों स्वामीजी मेरे सामने उपस्थित हैं मैं कह रहा हूं आपकी बीमारी की खबर श्रद्धेय राजेन्द्रबाबू को दूं यही उत्तर मिलता है विपिन बाबू को पत्र लिखो, उनको लिख दो वे मेरा सन्देश और हालत राजेन्द्रबाबू को पहुँचा देगें। अन्त समय तक कोई ऐसा क्षण नहीं गया जिसमें आपको याद न किया हो। और समय समय पर आपको जैसे उन्होंने आदेश दिया मैं आपको पत्र लिखता ही रहता था। स्वामीजी आपको बहुत ज्यादा निकट समझते थे और दुःख-सुख के साथी कहते थे।"

हमसे जहाँ तक हो सका है समय-समय पर 'प्रवासी' की सहायता कर दिया करता था और आगे भी जहाँ तक संभव होगा कुछ करने का प्रयत्न किया जायगा। किन्तु स्वामीजी के उठ जाने से अब कठिनाइयाँ विशेष रूप से हो गई हैं। जब तक कि यहाँ और दक्षिण अफ्रिका के कुछ धनीमानी सज्जन अपना हाथ नहीं बँटाते तब तक इसका कार्य सुचारु रूप से चलना कठिन ही नहीं बल्कि असंभव होगा।

यों तो स्वामीजी से बराबर ही पत्र-व्यवहार होता रहता था तथा जब तब भेंट भी हो जाया करती थी किन्तु हमें खेद है कि उनके बहुत से पत्र नष्ट हो गए हैं। जो बाक़ी कुछ बचे हैं आगे चलकर अपना संस्मरण लिखने का प्रयत्न करूँगा।

बस अभी तो भगवान से निवेदन है कि उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें और हम सबको बल दें कि उनके अधूरे कार्य को पूरा करने में समर्थ हों।

# अमर स्फूर्ति

( ले० पं० हरिभाऊ उपाध्याय )

स्वामी भवानी दयालजी से यों मेरा सम्पर्क बहुत पुराना था। १९१२, १३ की बात है, जब वे 'दक्षिण-अफ्रिकाके सत्याग्रह का इतिहास' छपाने के लिये काशी आये थे और मुझे याद है कि मैंने उसके बारे में उन्हें यथोचित सलाह और सुझाव दिये थे। फिर उनके अजमेर में बसने के बाद कितने ही अवसर उनके सम्पर्क में आने, उनसे वार्तालाप, विचार-विनिमय, परामर्श आदि करने के आये। हर समय उनकी भेंट स्फूर्तिप्रद मालूम हुई। चूँकि हमारी मुलाक़ात बहुत पुरानी थी, और वर्षों बाद हम एक दूसरे से मिले, तौभी दोनों को ऐसा मालूम हुआ मानों बिछड़े हुए साथी या भाई मिल गये। स्वामीजी के स्नेह और मित्रता में ऐसी ही सजीवता और स्फूर्ति मैंने सदैव पाई। वे कैसे ही थके मांदे और खिन्न क्यों न हों, पर किसी के आते ही वे एक आत्मीय शाखा की तरह प्रफुल्लित होकर उससे मिलते और उसकी ग्लानि दूर कर देते थे। अपमान, अन्याय, अत्याचार, दमन, पीड़न, शोषण के ख़िलाफ़ सदैव उन्होंने आवाज़ उठाई। इसमें उन्होंने छोटे-बड़े स्वजन, विजन, परिजन, किसी का भेद नहीं किया। यदि पिता की बात खट की तो पिता की आलोचना करने में कसर नहीं की। ऐसी तेजस्विता कम लोगों में पाई जाती है। यदि किसी ने

ज़रा भी उपकार, भलाई या सेवा—सहायता की तो सदैव उसके कृतज्ञ रहे और उसकी बड़ाई करते अघाते नहीं थे। बापूके अनुयाई और परम भक्त रहे; परन्तु आवश्यकता पड़ने पर उनसे मत-भेद रखने या उनकी आलोचना करने में भी हिचकते नहीं थे। फिर भी अपने आदर और भक्ति-भाव में कसर कभी नहीं आने देते थे। स्वतः प्रवासी माता-पिताके प्रवासी पुत्र होनेके कारण प्रवासियोंकी सेवामें ही उन्होंने अपना सारा जीवन लगाया। जब भी कष्ट सहनका, बलिदानका, संकटका समय आया, कभी नहीं हिचके। अंत समय तक प्रवासी भारत-वासियोंका ख़याल उनके हृदयसे नहीं हटा। चारित्र्यको वे जीवनमें प्रधान पद देते थे और अपने वसियतनामे में जगह जगह इस बात पर ज़ोर दिया है

"यदि ट्रस्टियोंमेंसे किसीका देहान्त हो जावे या कोई पागल हो जावे अथवा किसीने कोई ऐसा अपराध कर डाला हो जो नैतिक दृष्टि से अक्षम्य हो तो शेष ट्रस्टी उसे फौरन पदच्युत कर देवें और उसके स्थान पर, यदि संभव हो तो उसके पुत्रों में से किसी को अथवा दयाल-वंश के किसी योग्य व्यक्तिको ट्रस्टी चुन लेवें। इस बात का पूरा ध्यान रखें कि निर्वाचन के समय पक्षपात न करें, सच्चे और ईमानदार व्यक्ति को ही ट्रस्टी चुनें। दयाल वंशके किसी व्यक्तिको ट्रस्टी बनानेके लिये उसकी योग्यताकी एक मात्र कसौटी सचाई और ईमानदारी होनी चाहिये"

उन्होंने 'प्रवासी की आत्म-कथा' के नाम से अपनी आत्मकथा लिखी है जो इस तरह की आत्मकथाओंमें ऊंचा स्थान रखती है। यह आत्मकथा क्या है, स्वामी जीके हृदय का यथावत् चित्रण है। उन्होंने जो भी लिखा वह बिना किसी लाग-लपेट के लिखा, यह उनकी सत्य-प्रीति का प्रमाण है। न अपने दोष छिपाये न अपने बड़ों के। यह साहस सत्य-भक्तोंमें ही पाया जाता है। साधारण नीति तो यह है कि अपने दोष और दूसरोंके गुण बताने चाहिये, परन्तु सत्यकी साधना में एक यह अवस्था आती ही है, जहां अपने पराये का भेद मिट कर केवल सत्य-दृष्टि ही शेष रह जाती है। जैसे-जैसे सत्य की साधना में मनुष्य ऊँचा उठता है, वैसे-वैसे व्यक्ति नीचे छूटते जाते हैं और सत्य का प्रकाश और तेज चारों तरफ छा जाता है। स्वामीजीकी आत्मकथा में ऐसी सत्य-साधनाके दर्शन होते हैं।

मुझे बड़ा खेद है कि ऐसी महान आत्मा के अजमेर में बसते हुए भी हम उसी तरह उसके स्पर्श से अछूते रहे जैसे वे अभागे गंगातटवासी जो दरवाजेके निकट बहती हुई गंगाकी पवित्र धाराके स्नानसे वंचित रहते हैं। अब संभव है उनका वियोग हमें उनकी अमर स्फूर्ति से अनुप्राणित करे।

———:o:———

# 'प्रवासी' की चिन्ता

(ले०—भगवानदास केला, दारागंज, प्रयाग)

## भाई भवानीदयालजी और प्रवासी भारतीय

श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी से मेरी पहली भेंट सन् १९२०-२१ में वृन्दावनमें हुई थी, उस समय आपको 'भाई भवानीदयालजी' कहा जाता था। उसे लगभग तीस वर्ष हो गए। मैं प्रेम महाविद्यालयके मुखपत्र 'प्रेम' का सम्पादक था, और भाईजी अपने पुत्र या भतीजे को गुरुकुलमें दाखिल कराने या उनसे मिलने आए थे। भाईजी के प्रेम-भावसे मैं बहुत प्रभावित हुआ। आपने उस समय से मुझसे बराबर सम्पर्क बनाए रखा। दक्षिण अफ्रिकासे आपने 'हिन्दी' नामका अंग्रेज़ी-हिन्दी पत्र निकाला, उसे नियमित्त रूपसे भेजते रहे। उसके बाद आपने जो-जो पुस्तकें या रिपोर्ट आदि छपाईं उनकी भी प्रति मेरे पास भेजनेकी कृपा करते रहे। आप मेरी पुस्तकों को बड़े चावसे पढ़ते थे, और उनपर विस्तृत सम्मति देते थे। आपकी सम्मति केवल शिष्टाचार निभाने को नहीं होती थी, वरन् आप उसमें अपने वास्तविक विचारोंका स्पष्ट परिचय देते थे। मेरी 'भारतीय जागृति' की आपने खुले हृदय से प्रशंसा करते हुए भी मुझे बतलाया कि भारत की जागृतिमें प्रवासी भारतीयोंका यथेष्ट भाग है और इसका उल्लेख न होना पुस्तक की एक बड़ी कमी है।

मैंने अपनी ग़लती स्वीकार की, और पुस्तकके अगले संस्करण में आवश्यक सुधार कर दिया। पीछे बार बार मुझे यह अनुभव करनेका मौका मिला कि भाईजीको प्रवासी भाइयोंकी निरंतर चिन्ता रहती थी, और उनके कष्ट निवारण करना आपने अपने जीवनका खास उद्देश्य बना लिया था। अखबारों में, पुस्तकोंमें, भाषणोंमें, पत्रोंमें, तथा वार्तालाप में आपका मुख्य विषय 'प्रवासी भारतीय' रहा।

## श्री स्वामीजीकी साहित्य रचना

— कई वर्षों के विदेशवासके पश्चात् श्री भाई भवानी दयालजी ने संन्यास ग्रहण किया तो भी प्रवासियों का प्रश्न आपके मन में बराबर बना रहा। यही नहीं पिछले वर्षों में ज्यों-ज्यों आपका स्वास्थ्य गिरता गया आपको यह चिन्ता अधिकाधिक सताने लगी। आपने जी तोड़ परिश्रम करके अजमेर में प्रवासी-भवन का निर्माण कराया और 'प्रवासी' नामक अंगरेजी-हिन्दी मासिक पत्र निकालना शुरू किया। प्रवासियों के सम्बन्ध में आपने कई पुस्तकें और सैकड़ों लेख लिखे हैं। वास्तव में आपने खूब लिखा है, एक ओर जनता को प्रवासी भाइयों के सम्बन्ध में ज्ञान कराया है, दूसरी ओर भारत सरकार से समय-समय पर आवश्यक लिखा-पढ़ी करके उसे इस विषय में सतर्क रहने और प्रवासियों के हितार्थ क्रियात्मक क़दम उठाते रहने की प्रेरणा की है। 'प्रवासी' की आत्मकथा में आपने अपने जीवन-चरित्र के साथ प्रवासी भाइयों के इतिहास का धार्मिक तथा मनोरंजक वर्णन किया है। इस पुस्तकको पढ़ कर स्वामीजीसे मेरे मनमें ईर्षाका भाव पैदा हो गया। आह! स्वामीजीकी लेखन-शैली कितनी रोचक है। मैंने अपना यह भाव श्री स्वामीजीको पत्र में सूचित भी कर दिया।

श्री स्वामीजी निजी पत्रोंमें भी अपनी भावपूर्ण विचार-धाराका परिचय देते थे। कई बार मुझे आपके ख़ासे लम्बे-लम्बे पत्र प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मेरे पास विविध महानुभावोंके पत्र संग्रह करके रखने की व्यवस्था नहीं रही। तथापि इसमें सन्देह नहीं कि स्वामीजीके पत्रों से मुझे बहुत आनन्द और उत्साह मिला है। आपके स्नेह-भावको भुला देना बड़ी कृतघ्नता होगी। इस समय अनायास ही आपके दो पत्र (पोस्ट कार्ड) मेरे सामने आगए हैं। पहला पत्र दिसम्बर १९४५ का है। इस समय भी आप बीमार थे। यह पत्र स्वयं आपके हाथ का लिखा हुआ नहीं है, वरन् किसीसे लिखा कर भेजा हुआ है। मुझे यह अनुभव हुआ है कि स्वामीजी पत्रों का उत्तर या पहुंच भिजवाने में बड़े तत्पर रहते थे। आपको इस काम में ढील करना सह्य नहीं था।

दूसरा पत्र दिसम्बर १९४८ का है। यह स्वयं स्वामीजी के हाथका लिखा हुआ है। लिखावट इतनी सुन्दर है कि टाइप या छापे की सी मालूम होती है। स्वामीजीका रहन-सहन, वस्तुओंको यथास्थान पर रखनेका ढंग आदि कलामय था, आपको सफाई और सौन्दर्य बहुत प्रिय था, यह बात आपके पत्रों पर लिखे पतों से भी अच्छी तरह स्पष्ट हो जाती थी। अस्तु. इस पत्रमें स्वामीजीने अपने स्वास्थ्यकी चर्चा करते हुए लिखा है—'मैं मौतके दरवाज़े पर पहुंच चुका हूं।' ऐसी अवस्थामें भी स्वयं अपने हाथ से पत्र लिख कर भेजने से यह साफ ज़ाहिर है कि वे अपना कार्य जहां तक भी बश चलता स्वयं करते थे। दूसरे की सहायता बहुत ही लाचारीकी दशामें लेना पसन्द करते थे। आप आरामतलब नेताओंका जीवन नहीं बिताते थे, वरन् शक्ति-भर परिश्रम करने के अभ्यस्त थे।

दूसरे पत्रमें प्रवासी भाइयों को पुस्तकें पहुंचाने का उल्लेख है। श्री स्वामीजी से विचार-विनिमय होने पर मैंने व्यवसाय का आदर्श' और 'मातृवन्दना' पुस्तक की प्रतियाँ आपके पास भेजदी थीं, और आपने उन्हें पांच स्थानोंके नेताओं द्वारा वहांके पुस्तकालयोंमें पहुंचवानेका कष्ट उठाया था। एक प्रवासी भाई को 'व्यवसायका आदर्श' पुस्तक इतनी पसन्द आई कि उन्होंने मुझे इसका अंग्रेजी संस्करण छपानेके लिए लिखा। मैंने चाहा कि 'प्रवासी' कार्यालय इस कार्यको करे। परन्तु स्वामीजीके प्राइवेट सेक्रेटरी पं० कन्हैयालालजी से 'प्रवासी' कार्यालयके साधनोंकी कमी मालूम हुई, फिर श्री स्वामीजीकी भयानक बीमारीके कारण 'प्रवासी' परिवार बहुत चिन्ता और अशान्तिका समय बिता रहा था। निदान इस पुस्तकके अंग्रेजी संस्करणकी बात पूरी नहीं हो पायी।

## घातक बीमारीमें भी 'प्रवासी'की चिन्ता—

ख़ास कर पिछले तेरह मास स्वामीजीका स्वास्थ्य बहुत ही खराब रहा। शरीरकी दुर्बलता बहुत बढ़ गई थी बारबार बेहोशी हो जाती थी। अनेकबार आपकी सेवा-सुश्रूषा करने वालोंको यह आशंका होने लगी कि आजका दिन कैसे कटेगा और अगर दिनका समय जैसे-तैसे कट गया तो रातका एक-एक घंटा काटना भारी था। रोग-शय्यापर पड़े हुए स्वामीजीको अन्य चिन्ताओं से छुटकारा मिल गया तो 'प्रवासी' की चिन्ता उनके मनसे हटने वाली न थी।

बहुत देरके बाद जब होश आती तो स्वामीजी पूछते कि 'प्रवासी' का अंक कब निकलेगा, कितना मैटर छपना बाकी है, किस-किसका लेख आया है और किस किससे लेख मंगाना है। कैसी ग़जब की धुन है यह! अपनी धुनके पक्के ऐसे 'पागलों'की संख्या जिस देशमें पर्याप्त हो, उसका भविष्य सदा उज्ज्वल रहना निश्चित है। भारत अपनी पराधीनताकी बेड़ियोंको काट सका है तो उसका श्रेय ऐसे ही कार्यकर्ताओंको है, जिन्होंने देश हितके लिए न केवल अपनी सम्पत्ति या ऐश्वर्यका त्याग किया, तथा निर्धनता और संकटोंका स्वागत किया वरन्! अपने शरीर और स्वास्थ्यकी भी आहुति दे डाली।

**'प्रवासी'की आवश्यकता**—भारत स्वतंत्र हो गया पर हमारे विविध दोषोंके कारण कई समस्याएँ हमारे सामने हैं। उनमें प्रवासी भाइयोंकी समस्याका भी अपना महत्व है। इस समस्याको हल करनेके लिए आवश्यक है कि प्रवासी भाइयोंकी स्थिति और उनके कष्टों पर लगातार प्रकाश डाला जाय, और उनकी उन्नति के उपायों पर गम्भीरता पूर्वक विचार होता रहे। इस कार्यके लिए देश-के विविध पत्र-पत्रिकाओंका सहयोग तो लिया ही जाना चाहिए, किन्तु इसके साथ खास इसी विषयका एक विशेष पत्र भी रहना आवश्यक है। ऐसा पत्र अब तक अजमेर के प्रवासी भवन से प्रकाशित होने वाला 'प्रवासी' रहा है। ज़रूरत है कि आगे भी यह पत्र इस पद पर प्रतिष्ठित रहे; यही नहीं, अब यह पत्र और भी अधिक शक्तिशाली और प्रभावयुक्त हो। कौन नहीं जानता कि यह पत्र श्री स्वामीजीके लहू और पसीनेसे सींचा जाकर अपने इस रूप में आया है। इसने देश विदेशमें निर्भीकता पूर्वक प्रवासी भाइयोंकी करुण कथा सुनाई है। प्रवासी भाइयोंके हितके लिए तथा श्री स्वामीजीकी पवित्र स्मृतिको चिरस्थायी बनाए रखनेके लिए इस पत्रका जीवित रहना और अधि-काधिक उन्नत होना आवश्यक है।

**श्री स्वामीजीकी स्मृति**—श्री स्वामी भवानी-दयालजी ने अपने कर्तव्यमय जीवनसे अनेक हृदयोंमें लोक-सेवा की भावना जागृत की है। हज़ारों व्यक्ति आज आपको अपनी-अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। पर हमारी श्रद्धांजलि केवल मौखिक न होनी चाहिए हमें कुछ भावु-कता की बातें कह कर अपने कर्तव्य की इति श्री नहीं समझलेनी चाहिए। सूक्ष्म जगत् में स्वामीजीने अपना स्थान स्वयं बना लिया; वे भारतके प्रवासी-इतिहासके लिए अमर हैं। हमें उनकी स्मृति कुछ उनके ऊपर अहसान करनेके लिए नहीं बनायी रखनी है। हमें तो उनकी स्मृति बनाए रखने के सहारे अपना ही हित करना है, प्रवासी भाइयोंकी सेवा करनी है, और भारतका गौरव बढ़ाना है। श्री स्वामीजीकी स्मृतिका इससे अच्छा दूसरा कोई रूप नहीं हो सकता। आशा है, इस कार्यमें श्री स्वामीजीके सभी प्रेमी जन अपनी-अपनी शक्ति और परिस्थिति के अनुसार हाथ बटाएँगे।

**विशेष वक्तव्य**—किसी भी पत्रके सम्यक् संचालन के लिए धन और योग्य व्यक्तियोंकी आवश्यकता होती है। यह बात 'प्रवासी' के सम्बन्ध में भी है। प्रवासी भाइयों के हितैषी तथा श्री स्वामीजीके प्रेमियोंके लिए 'प्रवासी' के लिए आवश्यक धन जुटाना कोई बड़ी बात नहीं; हाँ, बहुत से आदमियोंका यह स्वभाव होता है कि वे किसी काम में सहायता करने की भावना रखते हुए भी स्वयं उसके लिए कुछ रुपया नहीं भेजते। वे इस बातकी प्रतीक्षा में रहा करते हैं कि कोई उनके पास जाय, और उनसे रुपया ले आवे। मनुष्य-स्वभाव की इस कमज़ोरीका विचार करके, 'प्रवासी' के लिए धन-संग्रहकी योजना बनाई जानी चाहिए।

विशेष विचारणीय बात यह है कि 'प्रवासी' के सम्पा-दन का उत्तरदायित्व कौन ग्रहण करे। प्रत्येक विचारशील यह समझ सकता है कि ऐसे पत्र का सम्पादन कोई सहज कार्य नहीं। इसके समाचार के लिए कोरी विद्वत्ता या योग्यता काफी नहीं। हमारे बहुत कम विद्वान् ऐसे हैं जो प्रवासी समस्याओं पर कुछ अधिकार-पूर्वक लिख सकते हूँ। सम्पादकका काम है कि वह ऐसे लेखोंका संग्रह, चुनाव और संम्पादन उचित रूपमें कर सके। इसके लिए उसे स्वयं प्रवासी विषयोंका यथेष्ट अनुभव होना आवश्यक है। मैं नहीं कह सकता कि स्वामीजी सरीखा अनुभवी व्यक्ति इस कार्य के लिए तुरन्त ही कौन मिल सकता है। पर काम तो चलाना ही है। सम्भवतः! अच्छा यह हो कि एक व्यक्ति प्रधान सम्पादक हो, चार पांच सुहृदोंका एक सम्पादक-मंडल हो। सम्पादक मंडलमें श्री स्वामीजीके निजी परिवारमेंसे एक पुरुष या महिलाके अतिरिक्त आपके प्राइवेट सेक्रेटरी हों। अन्य सदस्योंके विषयमें श्री बनारसी-दासजी चतुर्वेदी, श्रीरामजी शर्मा (सम्पादक, विशाल भारत) आदि उचित सुझाव देने की कृपा करें। जैसे भी हो, भगवान इस 'प्रवासी' की नैया को आगे बढावें।

# देश—विदेश से आई श्रद्धाञ्जलियाँ

स्वामीजी के अनन्यभक्त राजाधिराज श्रीमान् उम्मेदसिंहजी महोदय, शाहपुराः—

"मुझे यह जानकर अत्यन्त दुःख हुआ कि ऐसे देशभक्त स्वामीजी महाराज हमसे अलग हो गये। यह दुःख मुझे ही नहीं है, परंतु जो इनकी सेवाको जानते हैं सभी को होवेगा। यह तो संसार की गति है। आपको उचित है के सब परिवार को संभालें अपना दुःख भूलके अपने कुटंबका दुखभुलाने की कोशिश करें—

परमात्मा उनको सुख शान्ति देवे।"

---

स्वामीजी के अनन्य भक्त प्रो० शिव पूजन सहाय जी, राजेन्द्र कालेज, छपराः—

"पूज्य स्वामीजी के निधन का शोक-समाचार सुनकर अत्यन्त दुःखी हूँ। ऐसे अवसर पर कुछ कहते नहीं बनता। उनके अन्तिम दर्शन का सौभाग्य नहीं प्राप्त हुआ, यह पश्चात्ताप सदा के लिए रह गया। ईश्वर की इच्छा। उनके शोकसन्तप्त परिवार के प्रति हार्दिक समवेदना और उनकी दिवंगत आत्मा के लिए शान्ति प्रदान करने की ईश्वर-प्रार्थना के सिवा उनके प्रति और भी कर्त्तव्य हैं जिन्हें मैंने एक पत्रमें गत मास अपने चित्र के साथ भेजा था, मिला होगा! पूरा करनेका उद्योग होना चाहिए। अब 'प्रवासी' के विषय में क्या सोचा जा रहा है। उनके परिवार के लोग कहाँ हैं? उनके प्रवासी-भवनके संग्रहालय के लिए भी कुछ करना हो चाहिए।"

---

श्री गुप्तनाथसिंह, एम. एल. ए. विहारः—

"स्वामीजीकी मृत्युके संबंधमें स्वामीजीकी पुत्रवधू श्रीमती प्रकाशवतीदेवीका तार पाकर मैं सन्न रह गया। स्वामीजीके निधनसे बृहत्तर भारतका स्वप्न अंधकारमय हो गया है। स्वामीजी देशके गौरवमय संस्कृतिके महानतम संदेशवाहक थे। उनका रिक्त स्थान अपूरणीय रहेगा। स्वतंत्र भारतका जो नया इतिहास लिखा जायगा उसमें स्वामीजीका नाम अगली क़तारमें लिखा जायगा। प्रवासीके रूपमें उनका जन्म हुआ था, और उन्हींकी हितचिन्तनामें उनकी मृत्यु भी हुई!

---

फिजीके सार्वजनिक कार्यकर्ता श्रीसालिगरामजीः—

"तारीख १०—५—५० के हिन्दुस्तान टाइम्समें श्री स्वामीजीके देहावसान का दुःखपूर्ण समाचार पढ़कर हृदयको अत्याधिक दुःख व संताप हुआ। स्वामीजीका संपूर्ण जीवन हम हिन्दुस्थानी प्रवासी भाइयोंकी सेवामें ही व्यतीत हुआ था। यद्यपि तत्कालीन सरकार ने आपको फीजी जानेसे रोकनेके लिये आपका पासपोर्ट भी छीन लिया था। जिससे वे हमारे द्वीपमें तो नहीं पहुंच सके, फिर भी उन्होंने अनेक प्रकारसे जो हम फीजी वासियोंकी मदद की है, उसे हम कभी भी नहीं भूल सकते। स्वतंत्र भारतमें हमें अब ऐसे तपोनिष्ट नेता की और भी अधिक आवश्यकता थी। पर "ईश्वरेच्छा बलिऽसी" के अनुसार ही इस घटनाको मान कर हम सब फीजी द्वीप निवासियोंकी ओर से दिवंगत आत्माकी सेवा में भक्तिपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और जगत् नियन्ता ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह आपको तथा हम सबको उनके वियोगका कष्ट सहन कर सकने की शक्ति प्रदान करें।"

---

प्रसिद्ध पत्रकार. एवं जन-सेवक श्री रामनारायणजी चौधरीः—

"माननीय स्वामी भवानीदयालजीके निधनका समाचार सुन कर हार्दिक दुःख हुआ। शोक प्रकट करनेके लिये मैं स्वयं आता परंतु बीमारीके कारण मजबूर हूँ। मुझे विश्वास है कि स्वामीजी जैसे सत्पुरुषके पीछे रहने वाले आप लोग इस विपत्तिका सामना धीरजके साथ कर सकेंगे और उनके प्रविश्र कार्यको जारी रखेंगे।"

---

आर्य सभा मोरिशसका शोक-प्रस्तावः—

आर्य सभा मोरिशस अपने विशेष अधिवेशनमें श्री पूज्यवर स्वामी स्वतन्त्रानन्दजीकी उपस्थितिमें प्रवासी भारतीयोंकी आजन्म सेवा करने वाले त्यागी और साहित्यक

संन्यासी श्री स्वामी भवानी दयालजीके दुःखी निधन पर अत्यन्त शोक प्रकट करती है, उनकी मृत्युमें अपनी हानि समझती है। ईश्वर उनकी आत्माको सद् गति प्रदान करें, आपकी यह भी प्रार्थना है कि उनके शोका कुल कुटुम्ब परिवार तथा उनके कर्मचारी वर्गको सभाकी सहानुभूति आप पहुंचावें।"

हिन्दी शिक्षासंघ, नेटालः—

"पूज्यवर स्वामी भवानीदयालजीके निधनके तार द्वारा समाचार पाकर हृदय दुःख-सागरमें डूब गया। प्रवासी भारतीयोंके परम हितैषीके चले जानेका शोक सभी पर छा गया है। रुग्णावस्थामें भी उन्होंने जिस तत्परता से प्रवासी भाइयोंके कार्योंको चालू रखा उसे को हर एक प्रवासीका स्मरण रखेगा।

हमारे हिन्दीशिक्षा-संघके पीठबल भी स्वामीजी ही थे। उनके प्रोत्साहन से ही, उनकी कर्मभूमि में हिन्दी प्रचारका यह कार्य हो रहा है।

उन्हें तो अपने सत्यकार्योंसे ही मोक्ष प्राप्त हो गया और संन्यासीका तो विश्वही परिवार है, अतः किससे सहानुभूति प्रकट की जावे।"

आर्य प्रतिनिधि-सभा, नेटालः—

आर्य प्रतिनिधि सभा नेटालके अन्तर्गत इस सभामें जो डरबनमें गुरुवार ११ मई १९५० को सभा-भवनमें हुई है, स्वामी भवानी दयाल संन्यासीका निधन हो जाने से भारतीय जनता अपनी दुख सहानुभूति उनके समस्त परिवारोंके प्रति प्रकट करती है, परम पिता परमात्मा से प्रार्थना करती है कि उनकी जीवात्माको शान्ति और परम धाम प्रदान करें।

पं० आनन्द प्रियजी, बड़ोदा, प्रवास मंडल, आर्य समाज दारेसलामः—

"पूज्य स्वामी भवानीदयालजीके निधनसे आर्य समाजको तथा विदेशोंमें आर्य संस्कृतिके कार्यको बड़ा धक्का लगा है। पूज्य स्वामीजीका अमर कार्य केवल शोक प्रस्तावों द्वारा पूर्ण नहीं हो सकता। मेरी अल्प मतिमें पूज्यस्वामीजी का स्मारक उनके जीवन-कार्यको ऊपर करनेके लिये बनाना चाहिये। हम लोग दो बार अफ्रिका भ्रमण कर चुके हैं प्रथम बार १९३४ में हमारे दक्षिण अफ्रिका प्रचारका आयोजन एवं नेतृत्व पूज्य स्वामीजीने लिया था। अब भी पूज्य स्वामीजीकी कृपा हम पर थी।"

आर्य प्रतिनिधि सभा, पटनाः—

"स्वामीजीके स्वर्गवास से प्रवासी भाइयोंकी उन्नतिमें बाधा नहीं हुई, अपितु आर्यवर्त्त की भी बहुत क्षति हुई है।

परन्तु इसमें किसीका वशही क्या! परमात्मा से प्रार्थना है कि आप सबोंको धैर्य तथा शक्ति प्रदान करें जिससे स्वामीजीके कार्यकी पूर्त्ति होती रहे। और दिवंगत आत्माको शान्ति प्राप्त हो।"

आर्य प्रतिनिधि सभा, सिंध, बंबईः—

"यह सभा आर्य समाजके विख्यात संन्यासी, हिंदीके परम हितैषी, प्रवासियोंके अनथक सहायक तथा देशके सुन्दर सेवाधारी स्वामी भवानी दयालके मृत्यु पर शोक प्रकट करती है। सभा आशा करती है कि स्वामीजी के मित्र स्वामीजीके कार्यको सूचारु रूपसे चलाते रहेंगे।"

कन्या गुरुकुल हरिद्वार (कनखल) यू० पी०

"श्रद्धेय स्वामीजीके स्वर्गारोहण समाचार से संस्था के समस्त कुल, वासियोंको हार्दिक दुःख हुवा। उनके उठ जानेसे देश के बाहर प्रवासी भारतीयोंकी समस्याका सच्चा पारखी, नर-नाहर आदर्श संन्यासी उठ गया है। प्रभु उनकी आत्माको सद्गति और उनके पुत्रोंमें पिता—जैसा उज्ज्वल सेवाभाव उत्पन्न करें।"

आर्यकन्या महाविद्यालय, बड़ौदाः—

"आज समाचार पत्रमें पू० महात्मा स्वामी भवानी दयालजीके स्वर्गारोहणके समाचार पढ़कर अत्यन्त ही दुःख हुआ। परमदेव परमात्मन् उनकी आत्माको अमरत्व प्रदान करता हुआ शाश्वत शान्ति अर्पण करे तथा उनके परिवार जन, मित्र मंडल तथा प्रशंसकोंको यह असह्य दुःख सहन करनेकी शक्ति दे।

स्वामीजी तो एक महान विभूति थे शरीरके नश्वर होने पर भी वे तो अमर ही हैं। उनके कार्य तथा उनकी सेवाएँ चिरस्मरणीय रहेंगी उनकी निःस्वार्थ सेवासे देश-

विदेशोंमें उनका नाम, यश और कीर्ति सदैव ही बनी रहेगी।

हमारे तो वे सच्चे शुभ-चिन्तक थे। उनकी क्षति आर्य समाजके लिये ही नहीं अपितु सारे मानव-समाज के लिये बड़ी भारी है, जिसकी कमी को कोई पूरा कर नहीं सकेगा। उनका वरद हस्त सदैव ही हमारी संस्थाओं पर रहा है। उनके प्रेमसे वंचित होकर हमारा सारा कुल तथा परिवार शोक ग्रस्त हो रहा है।

परमदेव उनकी आत्माको सद्गति प्रदान करे।"

### आर्य प्रतिनिधि-सभा राजस्थान व मालवा:—

"यह सभा श्री स्वामी भवानीदयाल संन्यासी के निधन पर हार्दिक दुःख प्रकट करती है और उनके निधनको आर्य-समाज की एक महती क्षति अनुभव करती है। स्वर्गीय स्वामीजीने प्रवासी भारतीयोंके लिये बड़ा भारी कार्य किया। और राजनैतिक क्षेत्रमें रहते हुए आर्य समाजके उच्च वैदिक आदर्शको सदा अपने सन्मुख रखा। यह सभा उनसे सम्बन्धित व्यक्तियोंके लिये समवेदना प्रकट करती है।"

### काशी नागरीप्रचारिणी सभा, बनारस:—

"सभाको यह जानकर अत्यन्त दुःख हुआ कि उसके अनन्य हितैषी, हिंदी भाषा, नागरीलिपि तथा भारतीय संस्कृतिके परम पोषक विद्वान स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीका असमय निधन हो गया। उनके उठ जानेसे देशकी जो क्षति हुई है उसकी पूर्ति संभव नहीं है। हमारी प्रभुसे प्रार्थना है कि वह दिवंगतात्माको सद्गति तथा आप सब लोगोंको उनका चिरवियोग सहन करनेकी शक्ति प्रदान करे।"

### आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तर-प्रदेश, लखनऊ:—

"अन्तरंग सभाका यह साधारण अधिवेशन आर्य-समाजके प्रसिद्ध कार्यकर्ता श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीके असामयिक देहावसान पर हार्दिक शोक प्रकट करता है और परम पिता परमेश्वरसे प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्माको सद्गति और परिवार के दुखित सज्जनोंको सान्त्वना प्रदान करे।"

### लोरेन्सों मार्क्विस, (पोर्तुगीज-ईस्ट अफ्रिका) की भारत समाजके प्रधान, स्वामीजीके अनन्य भक्त श्री केशवलाल मोरारजी:—

'ज्योंही पूज्य स्वामीजीके स्वर्गवासका समाचार पढ़ा, दुखी आत्माकी कराह निकली। प्रवासी भारतीयोंकी नौका का खेवनहार आज संसारसे सदाके लिये उठ गया, मेरा दिल बैठ गया। प्रवासी भारतीयोंकी नौकाको अनेकों भंवरसे इस खेवटने बचा-बचाकर किनारे लगाया था। आज यह नैया बिना खेवट के हो गई। यद्यपि मेरी आयु ५० वर्ष की है तथापि मैं स्वामीजीको गुरु और पिता तुल्य समझता था और पत्र द्वारा अपनी व्यथाओंका समाधान कराया करता था। आज वह स्थान खो बैठा। लोरेन्सो मार्क्विसके भारत-समाजका मार्ग-दर्शक सदाके लिये चला गया। इस आघातको परमात्मा ही जानता है। अब स्वामी जी के दर्शन कहां ? सिवा अश्रु बहानेकी बेबसीके यही प्रभुसे प्रार्थना है कि वे उनकी आत्माको शान्ति प्रदान करे और उनके परिवारको यह दुसह्य कष्ट सहन करने की शक्ति दे।"

### आदर्श सनातन धर्म सभा, आदर्शनगर अजमेर:—

"श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी 'साहित्य-वाचस्पति' के स्वर्गवास होने पर यह सभा उनके असामयिक मृत्यु पर शोक प्रकट करती है और भगवानसे प्रार्थना करती है कि उनकी दिवंगत आत्मा को सुख व शान्ति प्रदान करे तथा उनके दुःखी परिवार को धैर्य प्रदान करे।"

### दैनिक हिन्दुस्तान, नई दिल्ली—

"........प्रवासी भारतवासियोंके प्राण स्वामी भवानी दयाल संन्यासीके देहावसानसे हिन्दीके महान लेखक और वक्ताकी भारी क्षति हुई है........वह ४० लाख प्रवासी भारतवासियोंके लिये महान् क्षति है। उन्होंकी सेवा करते करते उन्होंने अपना अब तक का जीवन बिताया। एक महान देशभक्त तथा जन-सेवकके निधन पर समूचा भारत शोकाकुल है।

### दैनिक जागृति, कलकत्ता।

"............स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीके पूर्व 'स्वर्गीय' शब्द लगाते हुए हृदय पसीजकर आँखोंके

मार्गसे निकल रहा है। कारण कि वे राष्ट्रीय तथा सामाजिक सेवाओंके कारण अपना ही एक महत्वपूर्ण अंग बन गये थे और जिस व्यक्तिने भारतसे बाहर जाकर भी भारतीयोंके दुःख-दर्द को अपनी आत्मासे नहीं भुलाया, दक्षिण अफ्रिकामें उन्होंने पहुंचकर जिस रूपसे प्रवासी भारतीयोंकी सेवाकी है उसे भुलाया नहीं जा सकता। गांधीजीके दक्षिण अफ्रिकासे चले आने पर स्वामी भवानी दयाल संन्यासीही थे—जिन्होंने उनके हितोंकी रक्षाके लिये अपनी छाती तान रखी थी। उनकी सेवामें ही उनका स्वास्थ्य ख़राब हो गया और ऐसा खराब हुआ कि अन्तमें रोगशय्या पर ऐसा पड़े कि उन्हें इहलोकलीला सम्पूर्ण करनी पड़ी। उनकी मृत्युसे प्रवासी भारतीयोंका एक ज़बरदस्त हित-चिंतक उठ गया। अतः ऐसे महानुभावकी मृत्यु पर किसे दुःख नहीं होगा।"

दैनिक प्रदीप, पटना।

"......आपकी क्षति से देशने एक कर्मठ नेता, एक सफल सम्पादक, एक महान साहित्यिक, एक आदर्श उपदेशक तथा एक प्रवासी बन्धु को खो दिया है। बिहार को, विशेष कर आपकी मृत्युसे बहुतही अधिक धक्का लगा है। डाक्टर सिन्हाकी मृत्युने जो घाव किया था, वह भरा भी नहीं था कि दूसरा घाव लगा। भगवान बिहार को ही नहीं, देशको शक्ति दें तथा स्वामीजी को शान्ति।"

दैनिक सन्मार्ग, काशी।

"...........स्वामीजीने अपनी एक वसीययतमें यह इच्छा प्रकटकी है कि प्रवासी भवन का संचालन एक ट्रस्ट के हाथों हो। अगर उनके [ स्वामीजीके ] परिवारमें कोई न बचे तो प्रवासी भवन राष्ट्रकी सम्पति घोषित करदी जाय।"

दैनिक विश्वमित्र,।

"......स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके अवसानसे हिन्दीका प्रबल समर्थक, वक्ता, लेखक एवं भारतका सच्चा सपूत व प्रवासी नेता उठ गया।"

"दैनिक नवज्योति, अजमेर:—

महर्षि दयानन्द सरस्वतीके बाद स्वामी भवानीदयाल संन्यासीका महाप्रयाण भी अजमेरके दुर्भाग्यमें ही लिखा था। दोनों महापुरुषोंने अपने २ सुदीर्घ सेवामय जीवनको देश विदेश व्यापी रखकर भी कीर्तिशेष होने को राजस्थान के इस अन्धेरे कोनेको ही चुना था। दोनों विभूतियां अपने जीवनके अन्तिम कालमें इस अन्धेरे प्रान्तको प्रकाश देने की असाधारण लगन लिये हुए महाप्रभुमें विलीन हो गईं। लोगोंको देशकी जागृतिमें राजस्थान का नेतृत्व इतना अभीष्ट था कि अपने देश—विदेशके समस्त कार्य क्षेत्रों को छोड़ कर अपने अपने गुजरात और बिहारमें जाकर नहीं बैठ गये। महर्षि दयानन्द गुजरातसे देश भर पर फैल कर और स्वामी भवानीदयाल बिहारसे विदेशोंके प्रवासी भारतीय नेता बन कर भी राजस्थानको आगे लाने के लिए इसे अपना समाधि—स्थल बनाने आए।

उनका इधरका प्रवासी भवन, प्रैस और पत्र एवं पुस्तकालय-निर्माण राजस्थानकी दो सौ वर्षों की सुषुप्तिमें अपना पूरा मूल्य उनके जीते जी नहीं अंकवा सके। गुलामी के प्रारम्भिक आठ सौ वर्षोंमें देशका अग्रणी रहा। राजस्थान चन्दबरदाई की अजमेर नगरीमें महर्षि दयानन्द और स्वामी भवानीदयाल की दो दो आहुतियां ले चुका हैं। अब उसे राष्ट्र की इस देन से उऋण होना है।

देशदूत ( साप्ताहिक प्रयाग )

"जब तेरी डोली उठा ली जायगी,
बे महूरत ही उठा ली जायगी।"

.......अब तक कविकी ये पंक्तियां गाने की ही लाइनें थी, जिन्हें हम सदैव गाया करते थे, पर आज इनकी मर्मज्ञताका यथोचित ज्ञान हुआ, जब हमने सुना कि वग़ैर मुहूरत ही स्वामीजी को डोलीमें बिठा कर लोगों ने उन्हें संसारसे सर्वदाके लिए बिदा कर दिया। स्वामी जीकी मृत्युके साथ साथ इन पंक्तियोंका रहस्योद्घाटन भी हुआ है, उससे हम संसारकी ओर ही विरक्ति अनुभव करते हैं।"

वीर अर्जुन ( साप्ताहिक देहली )

"........आपकी क्षतिसे देशने एक कर्मठ नेता, सफल सम्पादक, महान साहित्यिक, तथा एक आदर्श उपदेशक और एक प्रवासी बन्धुको खो दिया है। विशेषतया बिहारको आपकी मृत्युसे बहुत ही धक्का लगा है।

जन-शक्ति ( साप्ताहिक, इटारसी, मध्यप्रदेश )।

"........प्रवासी भाइयोंके प्राण, नेटाल कांग्रेसके भूतपूर्व प्रधान स्वामी भवानीदयालजी सन्यासीकी प्रवासी भारतीयों की कीगई सेवाएँ विश्वविदित हैं। प्रवासी भारतीयोंकी सेवामें उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया था।... ....स्वामीजीका निधन ४० लाख प्रवासी भारतीयों के लिये महान् क्षति है........।"

आर्य-संदेश ( साप्ताहिक, बड़ौदा )।

"........स्वामीजीके अवसानसे दक्षिण अफ्रिकाकी भारतीय जनताको बड़ी भारी कमी हुई है........प्रवासी जनतासे रूढ़िवाद, और बेढंगी प्रथाको नाश करनेके लिये उन्होंने ज़हमत उठाई थी। जिन भारतीयोंने विदेशोंमें जाकर वहांकी आदिवासी स्त्रियोंके साथ संबन्ध स्थापित कर, उनसे पैदा हुई संतानोंको इसाई, मुसलमानोंके हवाले करते थे उसको रोकने और नैतिक जीवन ऊँचा उठाने ओर राजनैतिक दृष्टिसे भारतीयोंके अधिकारोंकी रक्षा करने में स्वामीजीने महान् प्रयत्न किया था........।"

श्री वेङ्कटेश्वर समाचार (साप्ताहिक, बंबई)।

"........प्रवासी भारतीयोंके प्राण श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके देहावसानसे हिन्दीको भारी क्षति पहुंची है........।"

आर्य प्रकाश साप्ताहिक ( गुरुकुल, सूपा )

"........स्वामीजीके अवसानसे आर्य जगत्को बड़ी भारी क्षति पहुंची है। आर्यसमाजमें ऐसे परिव्राजकों का नया काल कब आवेगा यह नहीं कहा जा सकता। उनकी आत्माको चिर शान्ति मिले, यही प्रभुसे प्रार्थना है।"

नवजीवन ( साप्ताहिक, उदयपुर )

"........स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीके देहावसानसे एक कर्मरत महा पुरुष हमारे बीचसे उठ गया। एक ध्येयके प्रति जितनी निष्ठा स्वामीजीने अपने जीवनमें प्रदर्शितकी उतनी बहुत कम लोगोंमें देखनेमें मिलती है। 'नवजीवन' पर स्वामीजीका सदा वरदहस्त रहा, उनके प्रेम, स्नेह और उपकार के लिये यह पत्र सदैव कृतज्ञ रहेगा। स्वामीजीका निधन हम अपनी व्यक्तिक हानि समझते हैं। स्वामीजी यद्यपि सशरीर हमारे बीचमें नहीं रहे, किन्तु उनका कर्म और सेवामय जीवन हमारा सदैव पथ-प्रदर्शन करता रहेगा।"

विशाल भारत ( मासिक, कलकत्ता )

"..... विशाल भारतसे स्वामीजीका विशेषतया घनिष्ट सम्बंध था। बन्धुवर पं० बनारसीदास चतुर्वेदी और स्वामीजीने प्रवासी भाइयोंके लिये जो काम किया वह प्रवासी भारतीयोंके इतिहासमें अक्षुण्ण है।........राजनीतिक कार्यके अतिरिक्त साहित्य जगत्में उनका विशेष कार्य था। बिहार प्रान्तीय साहित्य सम्मेलनके देवघर अधिवेशनके वे सभापति भी थे। कई वर्षसे वे अजमेरसे 'प्रवासी मासिक का सम्पादन कर रहे थे। बीमारीके दिनोंमें भी उनका उत्साह अदम्य था। दक्षिण अफ्रिकाकी वर्तमान परिस्थिमें स्वामीजीकी सेवाओंसे वंचित हो रहे हैं........"

जीवन साहित्य (मासिक, सस्ता-साहित्य-मण्डल, नई दिल्ली)

"....... हमने देखा कि अस्वस्थताकी अवस्थामें जब अधिकांश लोग विश्राम करनेकी बात सोचते हैं, स्वामीजी जबतक शरीर चलता रहा निरन्तर काममें जुटे रहे। साहित्य, समाज, राजनीतिक, ग़रज कि जिस किसी क्षेत्र में प्रवासी भरातीयोंकी सेवा का उन्हें अवसर मिला, उन्होंने उसे हाथसे नहीं जाने दिया। अनेक प्रकारके कष्ट सहे, जेल काटी; लेकिन जो मार्ग एक बार सोच-समझकर पकड़ा, उससे विचलित न हुए। दक्षिण अफ्रिकामें वे बापू के सहयोगी रहे। वहाँ के सत्याग्रहमें भाग लिया, जेल गये और लौटकर आये तो बड़ी योग्यतासे 'इन्डियन ओपीनियन' का सम्पादन कार्य संभाला।

स्वामीजीका स्थूल शरीर आज हमारे बीच नहीं रहा; पर उनकी सेवा एक प्रेरक शक्तिके रूपमें सदा विद्यमान रहेगी। स्वामीजीके परिवारके प्रति हम हार्दिक समवेदना प्रकट करते हैं।"

प्रवाह ( मासिक, आकोला )

"........स्वामीजीके स्वर्गवाससे एक बड़ा देशभक्त और प्रवासीयोंका सच्चा सेवक उठ गया....।"

विक्रम ( मासिक, उज्जैन )

" ... हिन्दीके ओजस्वी लेखक, प्राणवान वक्ता, और प्रवासी भारतीयोंके आजन्म सेवक स्वामी भवानी दयालजीका इसी मासमें देहावसान हो गया। यह बहुत बड़ी क्षति हो गई है। कुछ समय पूर्व ही स्वामीजीने अपनी सुन्दर जीवनी लिखी थी। उसे यद्यपि हमने देखा नहीं है, परन्तु कई मित्रोंसे उसकी पर्याप्त प्रशंसा सुनी है। स्वामीजी ने 'विक्रम' के आरंभिक कालमें लिखने की कृपा भी की थी, और विक्रमको उन्होंने अपने प्रिय पत्रोंमें स्थान दे रखा था। बन्धुवर श्री शिवपूजनजीने स्वामीजीके विषयमें बहुत कुछ लिखा है। स्वामीजीने भी अपने जीवन कालमें हिंदी में पर्याप्त लिखा है, और अपना विशिष्ट स्थान बना लिया है। उनके उठ जानेसे हिन्दी साहित्यका एक तेजस्वी तारा ही तिरोहित हो गया है। और प्रवासियोंका प्यारा नेता नष्ट हो गया है। दक्षिण अफ्रिकामें हिन्दीकी उन्होंने जैसी सेवा की है, वह अविस्मरणीय बनी रहेगी। 'विक्रम' परिवारकी ओर से हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।"

---

किशोर ( मासिक, बाँकीपुर, पटना )

........."स्वामीजी का जीवनही संघर्षमय था और संघर्ष करते-करतेही उन्होंने जीवन लीला समाप्तकी। इनके निधनसे चालीस लाख प्रवासी भारतीयोंका दृढ़ अवलंब जाता रहा। परमात्मा उन्हें अपना संघर्ष जारी रखनेका आत्मबल दे तथा स्वामीजी के शोक संतप्त परिवारको धैर्य! हम उनके दुःखसे दुःखी हैं और दिवंगत आत्माके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं........

---

संगम, (मासिक, वर्धा)

...."स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीका देहान्त हो गया। आप थे बहुत दिनोंसे बीमार, पर बीमारीमें भी प्रवासी भाइयोंकी सेवा करनेसे न चूकते थे। आप अफ्रिकामें पैदा हुए और अपनी विद्वत्ता, त्याग, कर्मठता से अन्त-अन्त तक प्रवासी भारतीयोंकी तथा इस देशकी सेवा करते रहे।.... अपने क्षेत्रके असाधारण सेवक थे। आशा है उनके सहयोगी 'प्रवासी'को जीवित रखकर स्वामीजीकी स्मृति चिरस्थाई बनाएँगे।

---

शान्तिदूत ( साप्ताहिक, सूवा, फीजी )

पिछले सप्ताह नयी दिल्लीसे ऑल इण्डिया रेडियोने विश्वके विभिन्न देशोंमें बसे प्रवासी भारतीयोंको यह दुःखद समाचार सुनाया कि प्रवासी भारतीयोंके परम शुभचिन्तक और अद्वितीय सेवक श्री स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी की मृत्यु हो गई! यह समाचार प्रवासी भारतीयोंके लिए ब्रजपात था! स्वामी भवानीदयालजी संन्यासीने अपने जीवनका एक बड़ा भाग प्रवासी भारतीयोंकी सेवा, हिन्दी का प्रचार तथा देश उद्धारमें बिताया। आपकी मृत्युसे प्रवासी भारतीयोंने एक ऐसे मित्र को खो दिया कि जिसके स्थानकी पूर्ति होना कठिन है।"

आपने दक्षिण अफ्रीकामें महात्मा गांधी, श्री पोलक दीन बन्धु एण्डरूज, श्री गोखले आदि नेताओंके साथ रह कर कार्य किया। भारतीय स्वतन्त्रताकी लड़ाईमें भाग ले कर जेल गए तथा अनेक ऐसे कार्योंको किया कि जिसका स्मरण प्रवासी भारतीय सदा करते रहेंगे। स्वामीजी एक विशाल अध्येता तथा हिन्दीके एक सफल लेखक थे। उनकी लिखी हुई अनेक पुस्तकें फीजीमें भी पाई जा रही हैं। आपकी देहलीला पत्रकारी करते करते बीती। आप सच्चे सुधारक, महान शिक्षा प्रचारक, और धीर गम्भीर राजनीतिक थे। आपका मधुर और आकर्षक व्यक्तित्व इतना प्रबल था कि एक बार उनसे बातें करने वाला उन्हें जीवन भर नहीं भूल सकता। देश और समाज के इस चिर जागरूक प्रहरी की सेवाओं का मूल्यआंक करना हमारे लिए कठिन बात है।

हम स्वामीजीके पुत्रों, पुत्रियों तथा उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य और इष्ट मित्रों के साथ हार्दिक शोक सहानुभूति प्रकट करते हैं और भगवानसे प्रार्थना करते हैं कि वह दिवंगत आत्मा को सद्गति प्रदान करें।

---

जागृति, (नाँदी, फीजी)

महात्मा गांधी के साथ दक्षिण अफ्रिकाके सत्याग्रह में भाग लेने वाले, हिन्दी प्रेमी, "प्रवासी" पत्रके सम्पादक और संचालक तथा प्रवासी भारतीयोंके हितचिन्तक श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासीकी गत सप्ताह मृत्यु हो गई। आप काफी समय से श्वासकी बीमारीसे पीड़ित थे।

आपकी मृत्यु से समस्त प्रवासी भारतीयोंको शोक होना स्वाभाविक है। हम आपके दुखी परिवार के साथ हार्दिक समवेदना प्रकट करते हैं।

फीजी समाचार, (फीजी),

"कई महीनोंसे हमें यह समाचार बराबर मिलता रहता था कि प्रवासी भारतीयों के परमशुभचिन्तक, प्रवासी पत्र के संस्थापक तथा हिंदी के अद्वितीय विद्वान और सुयोग्य सम्पादक तथा लेखक श्री स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी, दमे के प्रकोपसे रूग्ण शैयापर पड़े हैं। परन्तु इस सप्ताह हमने नई दिल्लीसे प्रकाशित किए गए समाचार-पत्रोंमें सुना, और हृदय थाम कर सुना कि आपका स्वर्गवास प्रवासी-भवन अजमेर। भारत में हो गया।

स्वामीजीने दक्षिण अफ्रिकामें रहते हुए और भारत चले जाने के बाद प्रवासी भारतीयों की तथा भारत माताकी जो सेवायेंकी वह अवर्णीय है। आप बड़े परिश्रमी व्यक्ति थे। ठाली बैठे रहना आपके स्वाभाव के ही विरूद्ध था। अधिक चिन्ता के कारण ही आपका स्वास्थ्य गिरता गया। रोग-शैया पर पड़े रह कर भी आप सदैव कार्यव्यस्त रहते थे। हम फीजीवासी स्वामी भवानी दयालजी की आत्माकी सद्गति के लिये प्रार्थना करते हैं तथा उनके परिवार-जन तथा इष्ट मित्रोंके साथ सहानुभूति प्रकट करते हैं।

स्वामीजीके अनन्य भक्त अजमेरके प्रसिद्ध डाक्टर श्री अम्बालालजी शर्मा अजमेर:—

स्वर्गीय स्वामी भवानी दयालजी देश की महान् विभूति थे। सच्चे अर्थमें वे विरक्त, वीर, त्यागी, योद्धा, एवं निर्भीक परम देश-भक्त थे। इसके अतिरिक्त वे उच्च कोटि के लेखक, महान् पत्रकार, सुन्दर वक्ता, दार्शनिक विद्वान् ईश्वर-भक्त, खरे समालोचक और प्रवासी भारतीयोंके एक वीर सिपाही थे।

लगभग ५ वर्ष तक मेरा उनका घनिष्ट सम्बन्ध रहा और पिछले ढाई वर्षों में तो बहुत ही थोड़े दिन ऐसे होते थे जब मैं उनकी सेवा में नहीं पहुँच पाता था। मैंने स्वामीजीकी प्राण-रक्षाके लिये चिकित्सक की दृष्टिसे भरसक प्रयत्न किया, पर ईश्वर ने हमारे प्रयत्नोंको सफल नहीं किया। यद्यपि रोगने उनके सुन्दर शरीर को जला डाला था और उनकी वेदना अविरल रूपसे त्रास दायिनी थी, परन्तु मुझे यह देख कर आश्चर्य होता था कि ऐसी ज्वालामयी भीषण यातना में भी उनका तेज बराबर बना हुआ था। वे एक अद्भुत महापुरुष थे। हिंदी के वे परम भक्त थे। ऐसे उच्च कोटि के देशभक्त महापुरुष को खो कर सारा देश दुःखी हुआ है। ऐसी विभूतियां शताब्दियों में आती हैं।

हिन्दी-अंगरेजी शब्द-कोष के रचयिता श्री सुखसम्पतराय भंडारी, अजमेर:—

स्वामी भवानीदयालजीके असामयिक स्वर्गवाससे देश का एक महान् देशभक्त, प्रवासी भारतवासियोंका उद्धारक, हिन्दीका प्रभावशाली और निर्भीक लेखक, सदा के लिये उठ गया। स्वामीजीने प्रवासी भारतवासियोंकी जो महान् सेवाएं कीं उनका उल्लेख भारतीय इतिहास बड़े गौरवके साथ करेगा। उन्होंने अपने प्रवासी भाइयोंके लिये दक्षिण अफ्रिकामें बड़ी बड़ी लड़ाइयाँ लड़ीं और बड़े संघर्ष किये। दक्षिण अफ्रिकामें आप महात्मा गांधीके साथी थे और अपने आप को उनका एक सिपाही माननेमें गौरव समझते थे। महात्मा गांधी द्वारा चलाये गये भारतमें स्वतंत्रता-संग्राममें भी आपने बहुत हिस्सा लिया और जेल गये।

राष्ट्र भाषा हिन्दीके आप परमभक्त और प्रभावशाली लेखक थे। आपकी लेखनी में विद्युत् शक्ति थी जो पाठकोंके हृदयों पर सीधी चोट करती थी। आप बड़े निर्भीक आलोचक थे और जो बात आपको सत्य लगती थी उसके प्रकाशन करने में बड़े से बड़े नेता की नाराजगीकी भी परवाह नहीं करते थे। 'प्रवासी' की आपकी ज़ोरदार टिप्पणियां इसकी साक्षी हैं।

आप भारतीयताके कट्टर पक्षपाती थे और राष्ट्र जीवन में उसके अस्तित्व को परम आवश्यक समझते थे।

ऐसे महापुरुषके आसामयिक देहावसानसे भारतवर्ष की और विशेषतः प्रवासी भारतीयों की जो क्षति हुई है, उसकी शीघ्र पूर्ति होना कठिन है।

मैं उनकी स्वर्गीय आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वरसे प्रार्थना करता हूँ।

# स्वामी भवानी दयाल संन्यासी के जीवनकी रूप रेखा

प्रो० देवकीनन्दन शर्मा, एम० ए०, एल-एल० बी०, अ० डायरेक्टर ऑफ एजूकेशन, अजमेर।

स्वामी भवानीदयालजी संन्यासी जोहान्सवर्ग, दक्षिण अफ्रिकामें १० सितम्बर १८९२ में उत्पन्न हुए। उनके पिता श्री जयरामसिंहजी बिहारसे वहां गये थे और वहां रहनेवाले भारतीयोंके द्वारा उनका इतना आदर किया जाता था कि वो ट्रान्सवाल इन्डियन एसोसियेशनके प्रधान निर्वाचित किये गये। स्वामीजीने सेन्टसायप्रियम स्कूल

स्वर्गीय स्वामी भवानी दयाल संन्यासी
The Late Swami Bhawani Dayal Sannyasi

तथा वेसलेयनमेथडिस्ट स्कूलमें प्रारम्भिक शिक्षा पाई। परन्तु अपने बाल्यकालसे ही उन्हें अपनी मातृ-भाषासे अधिक प्रेम था। एक गुजराती ब्राह्मणके द्वारा संचालित एक पाठशाला सुविधाजनक प्रतीत हुई। उन्होंने वहाँ हिंदीका अध्ययन किया, परन्तु स्वामीजीकी शिक्षा अधूरीही रह गई। क्योंकि उनके पिताजी सन् १९०४ में भारत चले आये। भारतमें स्वामीजी लगभग ९ वर्ष तक रहे यहांपर उन्होंने हिंदीका अनेक अध्यापकोंमें विशेष अध्ययन किया। यहीं पर उनके देश-भक्ति-पूर्ण जीवनकी नींव पड़ी। वे स्वदेशी आन्दोलनमें कूद पड़े। उन्होंने स्थान-स्थान पर भ्रमण करके ब्रिटिश मालके बहिष्कारका प्रचार किया। इस समय आर्यसमाजने उनको अपनी ओर आकृष्ट किया। बिहारकी आर्यप्रतिनिधिसभाने उन्हें अपना अवैतनिक प्रचारक नियुक्त किया। इन्हीं दिनोंमें उन्होने 'आर्यावर्त' के सहायक संपादकका कार्यभी संभाला। इस समय उनकी अवस्था केवल १८ वर्ष की थी। १९१२में वे फिर अफ्रिका चले गये। दक्षिण अफ्रिकामें उन्हें जहाजसे पहले बड़ी कठिनाइयों और अपमानका सामना करना पड़ा। इस अनुभवकी कटुता और इमीग्रेशन विभागके अधिकारियों के बलात् हस्ताक्षेपकी बात उनके हृदयमें चुभ गई। शीघ्र ही १९१३ में महात्मा गांधीजीने अपना सत्याग्रह शुरू किया। श्री भवानीदयालजीने अपनी स्वर्गीया पत्नी श्रीमती जगरानी देवीजीके साथ इसमें अग्रभाग लिया। परिणाम-स्वरूप उन्हें न्यूकॉसल पीटरमेरीटजवर्ग तथा डरबनकी जेलोंमें बन्द करके रखा गया। इसके बाद शीघ्र ही उन्हें "इन्डियन ओपिनियन" के हिन्दी विभागके सम्पादकके पद पर नियुक्त किया गया। उस समय 'इन्डियन ओपिनियन' का सम्पादन महात्मा गांधी तथा मिस्टर हेनरी एस. एल. पोलक जैसे प्रमुख व्यक्ति करते थे। १९१९ में स्वामीजी ने भारतमें आकर अमृतसरमें इन्डियन नेशनल कांग्रेसके वार्षिक अधिवेशनमें दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंका प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेसके खुले अधिवेशन में उनका भाषण हुआ और श्री लोकमान्य तिलकजी से उनका परिचय हुआ। 'वन्दे मातरम्' हालमें श्रीयुत लोकमान्य तिलकजीके साथ विशाल सभामें भी उन्हें भाषण करनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने भारतमें स्थान-स्थान पर भ्रमण किया और अनेक सभाओंमें प्रवासी भारतीयोंके विषयमें अभिरुचि एवं आकर्षण उत्पन्न करने के लिये भाषण दिये।

१९२० में वे पुनः दक्षिण अफ्रिका लौट गये। स्वामीजीकी सहधर्मिणी श्रीमती जगरानी देवीजी का देहावसान हो गया। वे एक असाधारण महिला थीं और एक आदर्श हिन्दू पत्नी। वे अपने पतिदेवसे जेल जानेमें अथवा श्वेताङ्ग सरकारी अधिकारियोंके हाथोंसे अपमानका सामना करनेमें कैसे पीछे रह सकती थीं। आपने केवल

छः मासके शिशु रामदत्तके साथ कृष्ण-मन्दिरकी यात्रा की। श्रीयुत भवानीदयालजीने अपनी भक्त-पत्निकी स्मृतिको चिरस्थाई बनानेके लिये प्रतिज्ञा की कि वे कभी भी किसी अन्य स्त्रीसे पुनः विवाह न करेंगे और अपने इस व्रत पर छाप लगानेके लिये पवित्र संन्यास आश्रममें प्रवेश किया।

सन् १९२१ में स्वामीजी पुनः भारत आये और इन्डियन नेशनल कांग्रेसके गया अधिवेशनमें सम्मिलित हुए। सन् १९२१ में उन्होंने नेटाल इन्डियन कांग्रेसको पुनर्जीवित करने में विशेष एवं प्रमुख भाग लिया। उनको उसका उपाध्यक्ष चुना गया और १९३८ तक वे बराबर इसी पद पर कार्य करते रहे जबकि उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। स्वामीजीने सन् १९४१ में दक्षिण अफ्रिका हमेशाके लिये छोड़ दिया और स्थायी रूपसे आदर्शनगर, अजमेरमें अपना डेरा जमाया तथा 'प्रवासी भवन' का निर्माण किया। उन्होंने प्रवासी भवन को नेटाल इन्डियन कांग्रेसके जिसमें कि उन्हें भारतवासियों और भारत सरकारको प्रवासी भारतवासियोंकी परिस्थितिके सबंधमें जानकारी देनेके लिये अपना प्रतिनिधि नियत किया था—भारत कार्यालयके रूपमें परिवर्तित कर दिया।

स्वामीजी प्रवासी भारतवासियोंके अधिकारोंके प्रमुख समर्थक और भारतीयोंके जीवनके स्तरको ऊंचा उठानेके लिये प्रबल प्रवक्ता तो थे ही, साथ ही उन्होंने हिन्दी को भारतकी राष्ट्र-भाषा बनानेमें जो सहयोग और महत्व, पूर्ण सेवाएँ दी हैं वे उल्लेखनीय हैं। आजके जीवित व्यक्तियोंमें मुश्किलसे ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा जिसनेकि स्वामीजी के समान इतने व्यापक रूप से विभिन्न क्षेत्रोंमें हिन्दीकी पद-प्रतिष्ठा और स्तरको ऊँचा उठाने में भारत तथा उसके बाहर ऐसा कार्य किया हो। उन्होंने दक्षिण अफ्रिकामें हिन्दी-साहित्य-सम्मेलनोंका आयोजन किया जिनमें कि सैकड़ों प्रतिनिधि सारे देशसे आकरके भाग लेते थे। जबकि वे बिल्कुल नवयुवक ही थे और जब कि उन्होंने स्वर्गीय महात्मा गांधीजीके व्यक्तिगत नेतृत्वमें राजनैतिक कार्योंमें भाग लिया, तब ही सन् १९१४ में उन्होंने जर्मिस्टन, ट्रान्सवाल में हिन्दी-प्रचारिणीसभा, हिन्दी रात्रि पाठशाला और हिन्दी फुटबाल क्लबकी स्थापना की। उन्होंने दो वर्ष तक नेटाल प्रान्तका निरन्तर दौरा किया और न्यूकॉसल, डेनहासर, हेटिंगस्प्रूट, ग्लेन्को, बनसाइड, लेडिस्मिथ, वीवन और जेकब्समें हिन्दी प्रचारिणी सभाओं तथा हिन्दी पाठशालाओंकी स्थापना की। उन्होंने क्लेयर एस्टेट, डरबन में एक हिन्दी आश्रम की भी स्थापना की। उन्होंने हिन्दी के अधिकारोंकी उपेक्षा को कभी सहन नहीं किया और बड़े-बड़े व्यक्तियोंका भी विरोध करना स्वीकार किया।

दक्षिण अफ्रिकाकी इंडियन कांग्रेसके किंबरले अधिवेशनमें तत्कालीन एजेन्ट जनरल माननीय श्री निवास शास्त्री ने भारतीयोंके विद्यालयोंमें भारतीय भाषाओंके पढ़ाए जानेके एक प्रस्तावको भारी बहुमतसे अस्वीकृत करा दिया। भारतीय प्राचीन संस्कृतिके महान समर्थक स्वामी भवानी दयालजीने यह अनुभव किया कि भारतीय विद्यालयों के पाठ्य क्रम मेंसे भारतीय भाषाओंको निकाल देने से प्रवासी भारतीयोंके मस्तिष्कसे भारतीय सभ्यताका सर्वथा लोप हो जायगा; क्योंकि किसी राष्ट्रकी संकृतिकी रक्षा का सबसे महत्वपूर्ण साधन भाषा ही तो है। स्वामीजी इस अधिवेशनसे उठ आये और अपने अतुलनीय शैली तथा प्रबल प्रवक्तृत्वसे प्रतिनिधियोंको अपने दृष्टि कोणका समर्थक बना लिया। एकसौ बीस प्रतिनधि मेंसे अस्सीने यह मांग की कि इस प्रश्न पर पुनर्विचार किया जावे। फलतः पुनर्विचार किया गया और अधिक बोले जाने वाली हिंदी भाषाको इन्डियन एजूकेशन कमीशन के लिये प्रार्थना-पत्रमें सिफारिश के लिये स्थान दिया गया। इस घटना पर टिप्पणी करते हुए अप्रैल १९२८ के अंक में मॉडर्न रिव्यूने लिखा था—"किम्बरले कांग्रेसके अधिवेशनमें भारतीय भाषाओंके लिये प्रशंशनीय एवं सफल संघर्ष करने के लिए स्वामी भवानीदयाल संन्यासी हमारी हार्दिक बधाईके पात्र हैं।....यह भी ध्यानमें रखने योग्य बात है कि शास्त्रीजीने दक्षिण अफ्रिकाकी भारतीय जनता की भावनाओंके सामने अब अपना सिर झुका दिया है। हमें विश्वास है कि वे भारतीय भाषाओंको सहायता देनेमें कुछ उठा न रखेंगे"। यह भी स्वामीजीके प्रयत्नोंकी कोई छोटी विजय नहीं है कि दक्षिण अफ्रिकाकी भारतीय कांग्रेसने अपने विधान में अंग्रेजी और अफ्रिकनके साथ हिंदी को भी अपने व्यवहारकी भाषाओंमें सम्मिलित कर लिया।

एक लेखक तथा पत्रकारके रूपमें स्वामीजीका एक अत्यन्त प्रमुख स्थान था। वे हिन्दीके प्रायः सभी प्रमुख दैनिक, साप्ताहिक तथा मासिक पत्रोंमें पर्याप्त मात्रामें लेख लिखा करते थे। उन्होंने हिन्दीमें अनेक पुस्तकें

Swami Bhawani Dayal with Dr. Lanka Sundaram and his wife Shrimati Anasuya Devi in Delhi, 1946, when he went there with the South African Deputation

स्वामी भवानी दयाल संन्यासी डाक्टर लङ्कासुन्दरम् और उनकी पत्नी श्रीमती अनसूया देवी के साथ, वायसराय से मिलने जाते समय, १९४६ ।

Pravasi-Bhawan, Adarsh Nagar, Ajmer, 1941. प्रवासी-भवन, आदर्शनगर, अजमेर, १९४१

SWAMI BHAWANI DAYL'S FAMILY

First Row (Standing):— Krishnadutt Devi Dayal, Ramdutt Bhawani Dayal, Brahmadutt Bhawani Dayal and J. Maganlal. Second Row (Sitting):— Padmawati K. D. Dayal with Ushakumari, and Rajendrakumar, Prakashwati R. B. Dayal with Virendrakumar, Mahendrakumar, Swami Bhawani Dayal Sannyasi, Narendrakumar, and Gayatri Devi Maganlal with Devanrakumar. Third Row (Sitting) :—Surendrakumar and Ravindrakumar.

स्वामी भवानी दयाल संन्यासी अपने परिवार के बीच, दक्षिण अफ्रिका से अन्तिम बिदाई लेते समय, सन् १९४१ बाईं ओर से खड़े हुए:—कृष्णदत्त देवीदयाल, रामदत्त भवानीदयाल, ब्रह्मदत्त भवानीदयाल, जे० मगनलाल, बैठे हुए:—श्रीमती पद्मावती कृष्णदत्त, ऊषाकुमारी को गोदमें लिये हुए, राजेन्द्रकुमार, श्रीमती प्रकाशवती रामदत्त, वीरेन्द्रकुमार को गोद में लिये हुए, महेन्द्रकुमार रामदत्त, सुरेन्द्रकुमार कृष्णदत्त, स्वामी भवानी दयालजी संन्यासी, रवीन्द्रकुमार रामदत्त नरेन्द्रकुमार रामदत्त, गायत्री मगनलाल, देवेन्द्रकुमार को लिये हुए सन १९४१ में

लिखी हैं। वे 'इण्डियन ओपिनियन' के हिन्दी विभाग के साप्ताहिक 'धर्म वीर' (डरबन) के और प्रवासी भारतवासियोंके मुखपत्र, साप्ताहिक 'हिन्दी' के—जो कि हिन्दी और अंग्रेज़ीमें जेकब्स नेटालसे प्रकाशित होता था—सम्पादक रहे। साप्ताहिक 'आर्यवर्त' पटनेका भी उन्होंने सम्पादन किया। मासिक 'प्रवासी'के तो वे कर्ताधर्ता, सबही कुछ थे। थोड़ेसे समयमें ही इस पत्रने अन्तर्राष्ट्रिय पत्रोंमें विशेष प्रतिष्ठाका स्थान प्राप्तकर लिया था।

हिंदी संसारने उनकी सेवाओंका उचित सम्मान किया। अखिल भारतीय सम्पादक सम्मेलनके दशवें अधिवेशनका, बिहार प्रान्तीय हिंदी साहित्य सम्मेलन तथा काशी नागरी प्रचारिणी सभा, बनारस के स्वर्ण जयन्ती महोत्सवका उन्हें सभापति चुना गया। हिंदी के प्रबल समर्थक और हितसाधकके रूपमें स्वामीजीका नाम इतिहास में सदैव अमर रहेगा और राष्ट्रकी राजनैतिक एकताके आधार के रूपमें अंग्रेजीके स्थान पर जनसाधारणकी भाषा को स्थापित करने की अनिवार्य आवश्यकता पर बल देने के कारण उनका स्थान भारतवर्षके वर्तमान निर्माताओंमें चतुर राजनीतिज्ञके रूपमें निस्सन्देह सुरक्षित रहेगा।

Gopi: I heartily congratulate you on your deep insight and sound judgement. We have to raise our nation from the mire of degrading bondage lasting for centuries. It is a hard process. We have to attack and destroy all sorts of social evils, religious fanaticism, gross superstitions and slave-mentality. We belong to such a religion as is based on the universal principles of righteous living—'Dharma'. Religion is not only the science of life but also the art of right and happy living, that is to say, the chief function of religion is to teach us how to live in such a manner as to realise our ultimate destiny. There can be no harmony in our life if we neglect the true dictates of religion. How can we follow and adhere the true religion, when we miserably suffer from slave-mentality ? Religion is the essence of justice, and mental-slavery is the absence of justice. Hence, where there is religion, there can't be mental-slavery and where there is mental-slavery, there can't be religion and God. In short, true religion cannot exist where mental-slavery is rampant. Mental-slavery is the straight passage to hell, whereas religion is the royal road to heaven. The command of God is to aspire for spiritual perfection indicated by our religion. He who does not attempt to live in accordance with the tenets of religion, he who sits silent in mental-slavery, is an atheist and enemy of religion. This is the twentieth century, Thambi, and wisdom consists in moving with the times. I have regretfully observed that very few people take a genuine interest in religious matter and social reform. I believe it is because it affords little scope for personal gain. And further the task of the social reformer is a thankless one and is beset with many obstacles. But according to Bhartrihari: 'Wise men may praise or censure, wealth may come or go, death may seize to-day or centuries after, but the firm-minded persons do not swerve a step from the right path.' So, let us rise and get up from peaceful slumber, and break the tyranny and the tie of mental-slavery to acquire religion, the true teaching of our God. We as a nation have lost our mental equillibrium and that is the cause of all mischief in our society. When we have men, who are ready to sacrifice their everything for the community, Indians will become great in every respect. Our young men of Natal must realise that religious service and social reform are most essential for

our emanicipation and advancement. We have but one mission to fulfil in this world, to do our duty by God and to promote the happiness of all. Let us we stand on our own feet and fight against the superstition and fanaticism, concentrating our mind on the Supreme-Being, without any consideration of success or failure. Let the Veda be our authority in determining what ought to be done for the welfare of humanity, and carry on our duty in this world, as laid down in it.

Thambi: Thinking that you are my friend and fully unaware of your greatness, I have often used such a language for which I am sorry now. You are a notable religious man and there is none to equal you in Natal. I implore you to forgive me.

Gopi: Thank you for your compliments. I wish you good luck. Now I must go. NAMASTE, Thambi.

Lead us from Ignorance unto Truth;
From Darkness unto Light;
And from Death unto Immortality.

## PAKISTANIS

IN our last issue we reported a statement made by Dr. M. A. Munshi, president of the Transvaal Muslim League, who is presently in Pakistan, that he would try and secure liaison between Pakistan and the Union in the interests of the Muslim people of this country who, he declared, had sworn allegiance to the New Dominion. Dr. Munshi's line of action is very unfortunate, for at all times we in this country have tried to maintain the fact that we are Indians and that the divisions which have riven our Motherland was not for importation into South Africa. All long we have struggled as Indians; we have fought our political battles as one Indian people organised against the forces which oppress us, but there are dark days ahead if the Muslims in the Transvaal now declare that they are Pakistanis and have sent an emissary to Pakistan to negotiate for declaration of the rights of South African Muslims as Pakistan nationals or subjects. By this Dr. Munshi and the Transvaal Muslims are importing a dangerous doctrine into this country.

Historically all the Muslims in this country originate and have their connections with all the states which are part of the Union of India. They have their kinsmen and the social and group connections with Kathiawad and Surat, both of which are part of the Indian Dominion. Many Muslims have their properties there. Are they now going to go to India, sell up and then buy new places in Pakistan ? Further, what of the Muslim who, like the majority of Hindus in South Africa, have no connection whatsoever with India. Are they going to take an oath of allegiance to Pakistan and refuse to be disignated Indians ? Are we now to assume that we shall have two national groups in this country—the Indians and Pakistanis ? This is exactly what Dr. Munshi implies. He overstretched himself when he said that the Muslims were 'highly civilised' and had a 'high standard of living' the inference being that the non-Muslims were neither highly civilised nor had a high standard of living. The less said about this the better. In our news columns we publish an interview with a Muslim who is not a politician but has taken a keen interest in Muslim welfare. Let us hope that he expresses the feelings of the average Muslim who has no axe to grind.

—THE LEADER

# 3863 MILLION YARDS

of Cotton Textiles are produced by India's 423 mills representing a paid-up capital of over 63 crores of rupees and an investment of over 100 crores of rupees.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Area under cultivation 1946-47: | Indian Union .. | 10,349,000 | Acres |
| | Pakistan | 3,319,000 | " |
| Annual Cotton Production 1946-47: | Indian Union .. | 2,119,000 | Bales |
| | Pakistan | 1,411,000 | " |

**Persons engaged**

| | |
|---|---|
| Cultivators | 90,00,000 |
| Skilled Workers | 5,00,000 |

**Per capita consumption**

| | | |
|---|---|---|
| U. S. A. | .. | 64 Yards |
| Sweeden | .. | 36 " |
| India | .. | 16 " |

The Cotton Textile Industry has increased the growing of more cotton per acre of better types of cotton to benefit the cultivators. It is also endeavouring to increase the per capita consumption of cloth in India which is almost the lowest in the world.

J. K. Industry together with the rest of industries seek today to meet the basic needs of all classes of people in India and to raise their standard of living.

Inserted By J. K. INDUSTRIES

In the interest of Indian Industries

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष १ जुलाई १९४८ अंक ८

# महात्मा गांधीकी कुछ स्नेहमयी स्मृतियाँ ।

## ( ४ )

### वेश-परिवर्तन ।

सन १९१३ के सत्याग्रहकी अंतिम लड़ाईमें अनेक दुर्घटनाएँ घटी थीं । दक्षिण अफ्रिकाकी जालिम सरकारने निहत्थे और शांत भारतीय मजदूरोंपर गोलियां चलवा दी थी, जिससे अनेक निर्दोष व्यक्ति धरती-माताकी गोदमें सदाके लिये सो गये; उनकी स्त्रियाँ बिधवा बन बैठीं, उनके बच्चे अनाथ हो गये । जिस समय श्वेताङ्गोंके अत्याचारका नृशंस अभिनय हो रहा था उस समय बापू बंदीघरमें तपस्या कर रहे थे । जब वे जेलसे छूटकर आये और मजदूरोंपर जो नाना प्रकारके अत्याचार हुए थे उनकी कहानियाँ सुनीं तो शोक सागरमें डूब गये । उनके दिलपर कैसी गहरी चोट पहुँची थी, उसकी कल्पना केवल वेही कर सकते हैं जिन्होंने अपनी आँखों उस दृश्यको देखा था और संयोगवश उनमें एक मैं था । शहीदोंकी स्मृतिपर शोकांजलि चढ़ानेके लिये बापूने अपना खान-पान और रहन-सहन बदल दिया । अबतक दिनमें वे दो बार फलाहार करते थे, अब केवल एकही बार फलाहार करनेका व्रत धारण कर लिया । जहाँ पैरोंमें चप्पल पहना करते थे, वहाँ अब नंगे पैरों चलनाही उनको उचित जँचा । कोट पतलून और कमीज भी उन्होंने उतार दिये और उनकी जगह मोटियाकी धोती और मोटियाकाही लबादा पहन लिया । कँधेपर एक झोली लटका ली और हाथमें लम्बी लाठी ले ली । उनके इस दिव्य साधु वेशको देखकर मेरा हृदय भर आया, आँखोंसे आँसूकी धारा बह चली । देह-दमनकी उनकी अद्भुत् शक्ति और कठोर तपस्याको देखकर लोग आश्चर्य-चकित हो गये और उनके विरोधियों के मुखसे भी हठात् यह उद्गार निकल पड़ा कि "मनुष्य है तो बस यही एक । इसके जोड़का मनुष्य और कहाँ मिल सकता है ।"

सन १९१४ की कई घटनाएँ इस जीवनमें कभी मैं भूल नही सकता । डरबनके फिल्ड स्ट्रीटमें काका रुस्तमजीके मकान पर सत्याग्रही मजदूरोंकी भीड़ लगी थी । मकानके अहातेमें जो लोग बैठे हुए थे उनमें लड़ाईमें मरनेवाले शहीदोंके औरत और बच्चे भी थे । साँझकी बेलामें बापू वहाँ आये और वे मजदूरोंसे मिलकर उनकी बातें ध्यानसे सुनने लगे । जब वे वहाँ पहुँचे जहाँ आँगनके

एक कोनेमें स्वर्गीय सुझाई और स्वर्गीय सेलवनकी विधवाएँ बैठी थीं तो इस साधु पुरुषको देखकर उनका दिल दुःखसे उमड़ आया और वे बापूके चरणोंपर गिरकर रोने लगीं। बापूने उनको बड़े स्नेह और श्रमसे उठाया। उनके रुदनके प्रत्याघातसे बापूके नेत्र भी सजल हो आये। उनके कँधेपर हाथ धर कर बापू उनकी ओर कुछ देरतक गौरसे देखते रहे मानों उनके नेत्रोंकी काली पुतलियोंके सामने उन विपदग्रस्त विधवाओंके रुपमें भारतकी तीस करोड़ जनताकी दासता, दरिद्रता और दुरवस्थाका सजीव दृश्य उपस्थित हो। उस समय उस अलौकिक महापुरुषके हृदय में भावों और विचारोंकी कैसी आँधी चल रही थी, यह कहना तो दुष्कर है। पर मुझे तो ऐसा भासित हुआ कि मानो सुझाई और सेलवनकी विधवाएँ नही, स्वयं दलित और व्यथित भारत माता अपने एक सपूतके सामने अपना दुखड़ा रो रही है, और "मातृभूमिको गुलामीके बंधनसे छुड़ाकर और उसके माथेपर स्वाधीनताका तिलक चढ़ाकर ही मैं दम लूँगा," ऐसी भीषण प्रतिज्ञा वह महापुरुष कर रहा है, यह भाव उसके चेहरे पर झलक रहा था।

बापूने तामिल जाननेवाले एक दुभाषियेको बुलाया। यद्यपि तपश्चर्या एवं कष्ट सहनके कारण उनका शरीर अत्यंत कृश हो गया था तो भी उनका मुखमंडल दिव्य ज्योतिसे देदीप्यमान था। उनके मुखसे स्वाभाविक किंतु भावगर्भित वाक्य धारावाहिक रुपसे निकलने लगे। दुभाषिया उनका मर्म तामिलमें समझाता जाता था—

"माँ धीरज धरो; रोओ मत! तुम्हारे दुःखमें हम सबकी समवेदना है। तुम्हारा पति, जो अत्याचारियों की गोलियोंसे शहीद हुआ है, स्वर्गमें सिंहासनपर विराज रहा है। उसने अपने देशवासियोंके हितमें अपने देहकी बलि चढ़ाई है, उसका नाम इतिहासमें अमर हो गया है। वह किसी बीमारीसे खाटपर पड़ा-पड़ा मरता तो आज मैं तुम्हारे सामने सहानुभूति दिखाने न आता, दुनिया भी उसके बारेमें कुछ न जानती। पर वह धर्मयुद्धमें मरकर वीर-गतिको पाया है, सारी कौम उसकी कुर्बानीको याद करेगी। यह सब सोचकर माँ तुम अफसोस मत करो। भारत-माताका उद्धार सहजही न होगा; भारतोद्धारके संग्राममें जब हजारों-लाखों बलिदान चढ़ेंगे और तुमसा हजारों माँ-बहनोंको विधवा बननेकी नौबत आवेगी तभी हमारा देश स्वतंत्र हो सकेगा और उसके अच्छे दिन लौटेंगे। माँ! मैंने अपना यह शरीर और सिर भारत-माता के चरणोंमें अर्पण कर रखा है। जब जालिमकी तलवार इस सिरको धड़से अलग कर देगी अथवा उसकी गोली मेरी छातीको चीर डालेगी और मेरी पत्नी भी तुमसी एक दुःखी और कङ्गाल विधवा बन जायगी तभी मैं समझूंगा कि मेरी प्रतिज्ञा पूरी हुई—मेरा व्रत सफल हुआ।"

यह कहकर उस महपुरुषने मजदूरकी विधवा स्त्री को 'दासनम्' (मद्रासी नमस्कार) किया और वहाँसे चला गया। उस विलक्षण दृश्यको देखकर दर्शक और उस देववाणीको सुनकर श्रोता स्तब्ध रह गये, सबकी आँखोंमें आँसू छलछला आये। कई व्यक्ति तो इस करुण दृश्यको देखनेका साहस न कर सके, इस लिये वहाँसे टल गये। उस दिन कौन सोच सकता था कि बापूकी भविष्य-द्वाणी सत्य सिद्ध होगी। अन्तर केवल यही पड़ा कि बा को विधवा होनेकी नौबत न आई, उससे पहले वह भारतोद्धारके महायज्ञमें अपने जीवनकी आहुति देकर स्वर्ग सिधार गईं। पर बापू आखिर गोलियोंसेही शहीद हुए लेकिन वे गोलियाँ जालिम विदेशियोंकी नही, स्वदेशके ही एक नराधमकी थी। हा हन्त!

## मेरी सम्पादकीय शान।

मैं पिनिक्समें संपादकीय कुर्सीपर आसीन हो चुका था। सब लड़के 'एडीटर' समझकर मेरा सम्मान करते और मुझे तो यह अभिमान थाही कि मैं एक लोक प्रसिद्ध पत्रका संपादक हूँ। सबलोग टाइप जोड़ने अथवा छपे हुए मैटरके टाइपको वितरित करनेमें कुछ समय लगाते, पर मैं अपनी सम्पादकीय कुर्सीसे हिलना डोलना पसंद न करता। मैं संपादक होकर टाइप जोड़नेका काम कैसे करता? सब आश्रमवासी जहाँ सवेरे चार बजे उठ जाते थे वहाँ बापूसे आज्ञा लेकर मैं छः बजेतक सोता था। इसके बाद नित्य कर्मसे निबटकर प्रेसपर जाता और वहाँ दफ्तरमें बैठकर या तो कुछ लिखता अथवा अखबार पढ़ता। आठ-दस दिन मेरी संपादकी खूब रौनकपर रही। देवयोगसे एक दिन बापू मेरे दफ्तरमें आये और मुझसे पूछनेपर जब उनको मालूम हुआ कि मैं पढ़ने-लिखनेके सिवा और कुछ नही करता तब केवल इतनाही कहकर चले गये—"इस तरह केवल पढ़ने-लिखनेमें समय नष्ट करना ठीक नही, तुम्हें थोड़ा-बहुत टाइप जोड़नेका काम

भी सीखना चाहिये।" बस उसी दिनसे मेरी आधी संपादकी गायब हो गई। दो-पहरतक एडीटर रहता और उसके बाद कम्पोजीटर बनना पड़ता।

जब पत्रके मुद्रणका दिन आता तो सभी को पारापारी सिलेन्डर मशीन चलानेका काम करना पड़ता। इस विशाल मशीनमें दो तरफ कागज एक साथ छपकर निकलते थे। इसके चलानेके लिये जो इंजन था उसे बापूने पेन्शन दे दी थी और सिलेण्डरके चक्केमें डण्डा लगा कर हाथसे चलानेकी व्यवस्था कर रखी थी। दो आदमी मिलकर उसको घुमाते थे और एक जोड़के थक जानेपर दूसरा जोड़ा जुट जाता था। जब लोग मशीनपर मशक्कत करते तब मैं संकोचमें पड़ कर कागजकी तह लगानेके काममें जुट जाता। मेरी यह कारगुजारी बापूकी दृष्टिसे ओझल नही रहने पाई। मेरे पिनिक्स प्रवासके दो सप्ताहके बाद जब पत्र मुद्रणका दिन आया तो मैं नियमानुसार अपने काममें जा लगा। बापू एक युवकके साथ मशीन चला रहे थे। जब युवक थक गया तो बापूने मुझे पुकारा। मैं अपना नाम सुनकर भी मानो न सुना, जान बूझकर अनजान बन गया और अपने धुन में मस्त रहा। अन्य युवक मेरा आदर करतेही थे, अतएव उनमेंसे एक दौड़ गया। "क्या तुम्हीं भवानी दयाल हो?" बापूने हँसकर युवकसे पूछा और उसको वापस कर दिया। उन्होंने फिर मेरा नाम लेकर पुकारा। मैं समझ गया कि अब पिण्ड नही छूट सकता। इस लिये अपना इच्छित धंधा छोड़ कर बापूके साथ मशीन चलाने गया। एक तरफ बापू और दूसरी तरफ मैं। चलने लगी मशीन। पर पाँच मिनटमेंही मेरी साँसोंने जबाव दे दिया। बापूसे मेरी हालत छिपी नही रही और उन्होंने पूछा, 'थक गये न?'

"नही, अभी तो नहीं थका" कहकर मैं अपनी धीरता बघार तो गया पर हृदयही जानता था कि उस की क्या गति हो रही थी? बापूको मेरी दशापर दया आये बिना न रही और उन्होंने मेरी रिहाई कर दी। मशीनके पास एक कील लगी थी, उसपर बापू अपनी घड़ी लटका देते थे और फिर घण्टाभर बराबर उस विशाल मशीनको चलाते थे, इस बीचमें उनके कई साथी बदले जाते थे क्योंकि पंद्रह-बीस मिनटसे अधिक कोई भी बापूके साथ टिकनेका साहस नही कर सकता था। आज भी वह कील पिनिक्सके प्रेस-रूममें बरकरार है और बापूकी श्रमशीलताकी याद दिलाती है।

## जगरानीकी बीमारी।

जेलसेही जगरानी रुग्न-शरीर लेकर निकली थीं। डरबनके डाक्टरोंके इलाजसे कोई फायदा न हुआ, दिनों-दिन उनकी बीमारी बढ़तीही गई। असाध्य रोगने उनको उस स्थानपर पहुँचा दिया जहाँ जीवन और मरणकी संधि है। डाक्टर हताश हो बैठे। आखिर बापू उनको पिनिक्स ले आये। डरबनसे पिनिक्स तक तो वे रेलगाड़ीमें आईं। बापूने उनको संभालकर गाड़ीसे उतारा और एक ठेला गाडी (Hand-Cart) पर उनको लेटा दिया। फिर वे स्वयं ठेलागाड़ी चलाने लगे। मेरे सिवा और भी कई व्यक्ति लपककर उनके पास पहुँच गये और उनसे प्रार्थना की गई कि हमारी मौजूदगीमें उनका गाड़ी खींचना शोभाकी बात नही है, अतएव वे गाड़ी हमारे हवाले कर दें। पर बापू कहाँ माननेवाले? उन्होंने हमें फटकार बता दी और कह दिया कि "मेरे काममें किसीको दखल देनेका अख्तियार नही है। जब मैं थक जाऊँगा तब तुम्हें बुला लूँगा।"

बापूसे अब क्या कहता? जगरानीकी भयंकर अवस्थासे परिचित होते हुए भी धृष्टतापूर्वक उनसे बोला, "यदि तुम किसी तरह पैदल चल सको तो बापूसे गाड़ी खिंचवानेका पाप मत कमाओ।" उनकी आँखोंसे टपाटप आँसू टपकने लगे और वे अधीर होकर बोलीं, "मुझमें तो उठने-बैठनेकी भी ताकत नही रह गई है अन्यथा मैं इस स्थितिको भला सहन कर सकती? मैं स्वयं ग्लानिसे गड़ी जा रही हूँ पर करूँ तो क्या? बड़ी विवशता है।"

बापू दो-ढाई मील अकेलाही ठेलागाड़ी खींचकर आश्रम तक ले गये। वहाँ उन्होंने जगरानीकी परिचर्याका काम माता कस्तूर बाको सौंपा। उन्होंने सचमुचही अपनी अथक और स्नेहमयी सेवासे जगरानीकी जान बचा ली। उस समय स्वयं बाका स्वास्थ्य अच्छा न था, जेलकी यातनाओंसे उनका शरीर अत्यन्त क्षीण एवं शक्तिहीन हो गया था। फिर भी उन्होंने जिस तन्मयतासे जगरानीकी सेवा-शुश्रूषा की वह उनकी सहृदयता, स्नेहशीलता और सद्भावनाकाही सूचक था। उस समयका वह करुणापूर्ण दृश्य आज भी मेरे हृदय-पटलपर ज्योंका त्यों अंकित है। बाकी वह साधना और त्यागवृत्तिही उनके स्वभावकी विशेषता थी। एक सप्ताहके उपचारमे, जिसमें बापूकी अपनी वही रामबाण औषधि—पेटपर केवल मिट्टीकी पुलटिश बाँधी

जाती थी, जगरानी अच्छी हो गई, चलने-फिरने लगीं।

जगरानीको मेरित्सबर्ग जेलमें बाके साथ एक मास रहनेका सौभाग्य प्राप्त हो चुका था। वहाँ कैदी स्त्रियोंसे कपड़े फींचनेका काम लिया जाता था। बा जगरानीका बच्चा रामदत्तको खेलाया करतीं और बाके हिस्सेके कपड़े जगरानी धोया करती थीं। वहींसे जगरानीपर बाका स्नेह हो गया था और बा पर जगरानीकी श्रद्धा।

## बापूका शिशु-स्नेह।

जिन लोगोंने बापूके स्वभावका परिचय प्राप्त किया है उनको मालूम है कि शिशुओंपर उनका कितना स्नेह था। इस लिये आश्रममें मेरे बच्चे रामदत्तको भी बापूसे प्रीति पैदा करनेमें देर न लगी। यहाँ एक विशिष्ट घटना का उल्लेख किये बिना मैं नही रह सकता। उस दिन आश्रमपर अनेक प्रतिष्ठित यूरोपियन और भारतीय नेता आये हुए थे और तत्कालीन समस्याओंपर गंभीर वार्त्तालाप हो रहा था। उस विचार-भवनमें किसीको प्रवेश करनेका अधिकार नही था। ठीक उसी समय रामदत्त बरामदेमें ठोकर खाकर गिर पड़ा और उसे कुछ चोट आ गई। फिर तो बालकने न आव देखा न ताव, न माता के पास गया और न पिताके पास—सीधे बापूके पास उस कमरेमें पहुँच गया और उनसे लिपटकर रोने लगा। विचार-सभा बाल-रुदनसे गूँज उठी। बापूने बच्चेको गोदमें उठा लिया और कमरेमें टहलना शुरु कर दिया। कुछ देर तक सभा स्थगित रही। आखिर बच्चा चुप हो गया और बापू उसी प्रकार बच्चेको गोदमें लेकर टहलते हुए विचार विमर्शमें योग देने लगे। वात्सल्यताकी कैसी अलौकिक आभा? यदि मैं होता तो महत्वके ऐसे बार्तालापके अवसर पर बच्चेको तो डाँट कर बाहर निकालही देता, पर उसके मा-बापको भी दो चार खरी-खोटी सुनाये बिना न मानता। पर गङ्गा और गड़हीमें जो अंतर है वही तो महान और क्षुद्र जीवके बीचमें पाया जाता है। महापुरुष की छोटी-छोटी बातोंमें भी महानताका आभास मिलेगा।

## बाल हठ।

आश्रममें कोई सलोना खाता और कोई अलोना। किसी पर कोई दबाव न था, अपनी इच्छासेही लोग अलोना या सलोना भोजन चुन लेते थे, पर एकबार चुन लेनेपर बापू इस बातका ध्यान रखते थे कि कोई व्रत भङ्ग न करने पावे। बापूके छोटे पुत्र देवदासने एकबार प्रण किया कि वे एक सप्ताहतक नमक नही खाएँगे। इस व्रतके चौथे दिन पाकशालामें षट्रस भोजन देखकर उनका मन डोल गया और वे व्रत भङ्ग करने पर उद्यत हो गये। पर देवदासकी प्रार्थना बापूके सामने स्वभावतः अस्वीकृत हुई। बालकने खाना छोड़कर रोना शुरु किया और भोजन के आसनसे उठकर चला गया। इधर बापूने निश्चय कर लिया कि जबतक देवदास अपने व्रतपर अटल रहनेका आश्वासन न देगा और स्वयं आकर मुझसे न कहेगा कि "बापू! तुम खाओ, मैं भी अलोना भोजन करता हूँ" तबतक मैं भी अनशन करुंगा। एक ओर बाल-हठ, दूसरी ओर पिताकी प्रतिज्ञा! बालकने हठ बाँधकर दो पहरको नही खाया और न पितासे खानेका अनुरोध किया—दोनों भूखे रहे। देवदासको बहुत समझाया गया, पर वह अपने हठसे नही हटे। शामको सत्याग्रहकी विजय हुई। देवदास बहुत नम्र होकर पिताके पास पहुँचे और अपनी भूलके लिये क्षमा माँगकर बोले, "बापू! मैं निर्धारित अवधितक अलोनाही खाऊँगा, आप भी खाइये।" फिर दोनों पिता-पुत्रने एक साथ बैठकर भोजन किया।

## व्रत भङ्गका दण्ड।

एकबार आश्रमके तरुण प्रवासियोंने एक मासतक अलोना खानेका व्रत धारण किया, पर बीचमेंही उनकी रसनेंद्रियाँ बगावत कर बैठीं। उन्होंने डरबनसे पूरी, तरकारी, भुजिया आदि नमकीन चीजें मँगवाई और आपसमें बाँटकर खाया। सबसे यह प्रतिज्ञा करा ली गई थी कि बापूके कानोंतक यह चोरीकी खबर न पहुँचने पावे। खेद की बात है कि इस दुष्कर्मका नेता एक ऐसा व्यक्ति था जो बालकोंको शिक्षा देनेके कार्यपर नियुक्त था। आखिर भण्डा फूट गया। देवदास गांधी भी इस गुप्त भोजमें शरीक थे, पर सत्यको छिपा रखना उनके लिये दुष्कर हो गया। उन्होंने सारी बातें बापूसे साफ-साफ कह दीं। शामको सब प्रार्थनाके लिये जुटे। प्रार्थनाके बाद बापू उनसे पारापारी पूछने लगे लेकिन सबके सब नकार गये और खबर देनेवालेको झूठा साबित करने लगे। उस समय बापूका मुखड़ा सत्यके तेजसे प्रदीप्त हो उठा, उनकी आँखोंसे दया और करुणाकी वृष्टि होने लगी। वे गंभीर होकर बोले, "खबर देनेवाला तो झूठा नही है, पर मुझमें ही सत्यकी कमी है। इसीसे मेरे सामने सत्य प्रकट करने में तुम्हें हिचक होती है।" यह कहकर बापू अपने दोनों

गालोंपर दनादन तमाचे लगाने लगे। उस समय ऐसा भासित हुआ कि मानो धरती फट जायगी और आकाश टूट पड़ेगा। सबके होश हवाश गुम हो गये। इस कठोर दण्डको सह लेना मुश्किल हो गया। सभीने एक स्वरसे अपराध स्वीकार कर लिया और क्षमाकी याचना की। सत्यका रुप प्रकट हो गया, सत्य विजयी हुआ।

मैंने तो शुरुमेंही बापूसे कह दिया था कि उनका भोजन मेरी रुचिके अनुकूल नही है। मैं अलोना तो खा नही सकता, किसी तरह सलोनासे काम चला लूँगा। उनके यह पूछने पर कि मैं सप्ताहमें तीन दिन डरबनमें क्यों बिताता हूँ, मैंने साफ जवाब दे दिया था कि स्वादिष्ट भोजनके लिये डरबन चला जाता हूँ। उनकी पत्थरसी पावरोटीको कूँचकाँच कर अंदर ले जानेमें मेरे दाँतोंको बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है और बिना छौंकी-बघारी हुई केवल उबली तरकारीको ठूस-ठासकर गलेके नीचे उतारना मेरे लिये तो कठिन तपस्या है। मैं बापूको प्रसन्न रखनेके खयालसे उनको धोखा नही दे सकता। बापू मेरी बातपर खूब हँसे और बोले कि तुम्हारी सचाईको मैं पसंद करता हूँ।

## नग्न स्नान।

जेलमें मुझे नग्न-स्नान करनेपर वाध्य होना पड़ा था। पहले तो बड़ा संकोच मालूम होता था, पर धीरे धीरे झिझक जाती रही। यह देखकर मुझे अचरज हुए बिना नही रहा कि आश्रममें भी लोग नग्न-स्नानही पसंद करते थे। प्रेसके पासही एक कुँआ था, वहींपर स्नान के लिये लोगोंका जमाव हुआ करता था। सबके सब वस्त्र उतार कर नग्न हो जाते, धूप खाते और क्रमागत नहाते। मेरे संकोचका बाँध तो जेलमेंही टूट गया था, अतएव यहाँ मैं बेधड़क नहाता। तभीसे मुझे नग्न-स्नान की ऐसी आदत पड गई कि आजतक नही छूटी। अंतर केवल यही पड़ा है कि अब मैं बाहर सबके सामने नही, वरन स्नानागारका दरवाजा बंदकरके एकांतमें नग्न होकर नहाता हूँ। इससे शरीरके सब अंगोंको धोनेका सुभीता होता है।

## बापूका प्रयोगशाला।

पिनिक्स-आश्रम बापूका प्रयोगशाला था जहाँ वे सत्य और अहिंसाको अपने जीवनमें घटाते थे। उस शांत-एकांत एवं सौंदर्यपूर्ण स्थानमें वे तपोमय जीवन बिताते थे और प्राचीन आर्य ऋषियों एवं अर्वाचीन टालस्टाय तथा रस्किनके आदर्शोंको कार्यान्वित कर दिखाते थे। मानवी जीवनको सरल और उच्च बनाना तथा नियम और संयमके साँचेमें ढालनाही आश्रमका एकमात्र उद्देश्य था। बापूका सार्वजनिक और घरेलू जीवन एकसा पवित्र था। एकबार बा बहुत बीमार थीं, बापूने उनको समझाया कि "नमक खाना ठीक नही, इससे रक्तमें सुधार नही, विकार होता है। आदमी स्वादके लिये नमक खाता है, उससे शरीरको कुछ फायदा नही। फलके अंदर जितना नमक जरुरी है उतना मौजूद है, अतएव नमकको छोड़कर फलाहार करना स्वास्थ्यके लिये लाभदायक है।"

"भला नमकके बिना कैसे काम चल सकता है? अलोना मैं कैसे खा सकूँगी?" कहकर बा उनको आश्चर्यभरी दृष्टिसे निहारने लगीं। "क्यों नही," बापू हँसते हुए बोले, "नमक बिना भी काम चल सकता है। अलोना भोजन तो और भी पुष्टिकर होता है।" बा कुछ खीझकर बोलीं, "यदि ऐसी बात है तो आप खुद नमक क्यों नही छोड़ देते हैं?" बस, बापूने उसी क्षण प्रण कर लिया कि "आजसे तुम्हारे साथ मैंने भी नमक खाना छोडा।" फिर तो शनैः शनैः उन्होंने अन्न छोड़ा, दूध-दही और घी भी त्याग दिया और जबतक वे दक्षिण अफ्रिकामें रहे, फलाहारसे काम चलाते रहे।

आश्रमके प्रवासी संयमसे रहते थे, पर उनमेंसे कभी कभी किसीका नैतिक पतन भी हो जाता था। ऐसेही दो व्यक्तियोंके पतनपर बापूको प्रथमबार सात दिनोंका उपवास करना पड़ा था। इस महापुरुषने दक्षिण अफ्रिकामें ऐसा उच्च, पवित्र और त्यागमय जीवन बिताया था कि आधुनिक जगतमें उसका दूसरा उदाहरण मिलना कठिन ही है। जड़वादी पश्चिमीय प्रजाके बीचमें रहकर भी पूर्व के इस साधु पुरुषने अपने सात्विक जीवनसे, निष्काम कर्मसे, विश्वबंधुत्वकी भावनासे और दलित देशबंधुओंकी शुद्ध सेवासे सारे विश्वको विस्मित कर रखा था। पूर्वकी प्रजा पतित है, जंगली है, कुली-कवाड़ी है—वहाँके गौराङ्गोंकी इस धारणाको महात्माने अपने उच्चतम जीवनसे दूर कर दिया था।

# "इंडियन व्यूज" का विष वमन।

डरबन ( दक्षिण अफ्रिका ) के सहयोगी "इंडियन व्यूज" अपनी पाकिस्तानी मनोवृत्तिके लिये काफी मशहूर है और हिंदके विरुद्ध मिथ्या प्रचार करनेमें वह कराचीके अखबार 'डोन' को भी मात कर रहा है। इस लिये ५ और १२ मईके अंकोंमें उसके विस्तृत अग्रलेखको पढ़कर हमें कोई आश्चर्य न हुआ, पर इस बातपर अफसोस अवश्य हुआ कि सहयोगीने 'उल्टा चोर कोतवालको डाँटे' वाली कहावतको अपने लेखमें चरितार्थ कर दिखाया है और "प्रवासी" को मुसलमानोंका बैरी कहकर ऐसी गंदीसे गंदी गालियाँ दी है कि जिनको सुनकर यहाँके भठियारे भी शर्मसे सिर झुकाये बिना न रहेंगे। "इंडियन व्यूज" जब किसी विवादास्पद सवालका माकूल जबाब नही दे सकता है तब वह गालियाँ देकर अपनी कमजोरीको छिपानेकी कोशिश किया करता है। पर "प्रवासी" उसीकी भाषामें उसको जबाब देकर अपने कलेवरको कलंकित करना नही चाहता है। हम तो सहयोगीकी गालियोंकी उपेक्षाही करना उचित समझकर मौन साध लेते, पर उसने "प्रवासी" के सिवा व्यक्तिगत रुपसे उसके संपादक और डाक्टर लंकासुंदरम तथा हमारेही जैसे विचार रखनेके कारण महात्माजीके द्वितीय पुत्र श्री मणीलाल गांधी पर भी मुस्लिम विरोधी होनेका जो दोष लगाया है उसका प्रतिवाद न करनेपर मुसलमानोंमें भ्रम फैलनेकी आशंका है।

हम तो मुसलमानोंको अपनाही अङ्ग मानते हैं, अपनेसे भिन्न नहीं। हमारा तो यह अभिमत है कि किसीका धर्म बदलनेसे उसका रक्त-मांस नही बदलता, उसके बाप-दादे नही बदलते और इस लिये उसकी कौम भी नहीं बदल सकती है; यदि कुछ बदलता है तो धार्मिक विचार और ईश्वर-प्रार्थनाका प्रकार। हम यह भी मानते हैं कि धर्म एक चीज है और कौम है दूसरी। धर्मका सम्बंध आत्मासे है और कौमका शरीरके रक्तमांससे। अनेक अंग्रेज, जर्मन, फ्रेंच, चीनी आदिने मजहबके लिहाजसे इस्लाम कबूल कर लिया है, पर क्या उनके धर्मके साथ उनकी कौम भी बदल गई है? कदापि नहीं। फिर हिंदके मुसलमानोंकी कौम कैसे बदल सकती है? वे तो कौमसे विशुद्ध हिंदुस्थानी हैं—हमारेही रक्तके रक्त है और हमारेही मांसके मांस। किसी जमानेमें जो मुठ्ठीभर मुगल आदि विदेशी मुसलमान यहाँ आये थे, वे भी हमारे साथ दूध-पानीकी तरह मिलकर कौमसे हिंदुस्थानी बन गये, उनकी भी अलग कोई हस्ती नही रही। इस लिये धार्मिक विचारोंमें विभिन्नता होते हुए भी हिंद के हिंदू, मुसलमान और ईसाई कौमसे हिंदुस्थानीही हैं।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भाई हमारे विचारों से भली भाँति परिचित हैं। "इंडियन व्यूज" को भी यह स्वीकार करना पड़ा है कि दक्षिण अफ्रिकामें हमारे विचार और कार्य राष्ट्रियताके परिपोषक थे, पर सहयोगीका कथन है कि अब भारतके विषाक्त वातावरण और बुरी संगतके कारण हमारे विचार भ्रष्ट हो गये हैं और हम मुसलमानोंका बैरी बन बैठे हैं। कहनेकी आवश्यकता नही कि सहयोगीका यह लांछन सर्वथा निराधार है। हमारे राष्ट्रिय विचारमें कोई फरक नही पड़ा है बल्कि यहाँ के वातावरणमें वह और भी पुष्ट हो गया है। हम अपने सिद्धांतकी सचाई सिद्ध करने के लिये हालकी एक घटनाका यहाँ उल्लेख करने पर बाध्य हो रहे हैं।

पिछले साल अगस्तके आरंभमें असलम खाँ नामक एक युवक प्रवासी-भवन आया। वह ब्रिटिश इंडिया स्टीम नेविगेशन कम्पनीके किसी जहाजमें लौण्डरीका मनेजर था। इस लिये दक्षिण अफ्रिका और भारत यात्राके सभय हमारे परिवारके प्राणियोंसे उसका परिचय हो गया था। दुर्भाग्यसे उसकी नौकरी छूट गई और वह नौकरीकी खोजमें अजमेर आ पहुँचा। यहाँ उसने प्रवासी-भवनमेंही डेरा जमा दिया। उसके आनेके बादही देशमें हिंदू-मुस्लिम विग्रहका ज्वालामुखी फूट पड़ा। पाकिस्तानमें मुसलमानोंने रेलगाडियाँ रोककर हिंदू-सिखोंको कत्ल करना शुरु कर दिया उसकी प्रतिक्रिया भारतमें हुए बिना कैसे

रह सकती थी ? यहाँ भी मुसलमानोंके लिये रेलकी यात्रा खतरेसे खाली नही रही । हमने असलमको रोक लिया और उसे कुछ दिन प्रवासी-भवनमेंही बितानेकी सलाह दी ।

दुर्देवसे अजमेरमें भी कुछ मुस्लिम गुंडोंने विग्रहकी आग लगा दी—एक हिंदू सिपाहीको बोटी बोटी काटकर कब्रमें गाड़ दिया । बहुत खोज होनेपर चार-पाँच दिनके बाद जब लाश मिली और वह भी बड़ी बुरी हालतमें, तो हिंदुओंमें जोश और रोष फैल गया । कुशल यही हुई कि अधिकांश मुसलमान दरगाह में जा छिपे और शेष इधर उधर भाग गये । दरगाह पर शुरुसेही फौजका पहरा बैठ गया था, इस लिये बहुत कम मुसलमान हताहत हुए, कुछ हिंदू गुण्डोंने मौका पाकर उनकी दूकानें लूटीं और कई दूकानें जला भी डालीं ।

उस समय किसी मुसलमानको अपने घरमें शरण देना मानों आफतका आवाहन करना था । जब इन लड़ाकू हिंदुओंको पता लगा कि एक मुसलमान युवक हमारे साथ प्रवासी भवनमें रहता है तो हमारे पास पैगाम पर पैगाम आने लगे कि यदि हम उसको घरसे निकाल बाहर नही करते हैं तो हमारी खैरियत नहीं है । हमने साफ जबाब दे दिया कि हमारे जिन्दा रहते उस युवकका कोई बाल भी बाँका नही कर सकता । उस युवकको नौ मासके बाद देशमें पूर्ण शांति हो जाने पर ठीक उसी ५ मईको हमने यहाँसे बम्बईके लिये विदा किया, जिस दिन "इंडियन व्यूज" के उस अग्र लेखका प्रथम भाग निकला, जिसमें हमपर मुसलमानों का दुश्मन होनेका लांछन लगाया गया है ।

इन मतांधोंने महात्मा गांधीको भी नही छोडा, जिन्होंने मुसलमानोंके कल्याणके लिये अपने जीवनका बलिदान चढ़ा दिया । पाकिस्तानी आंदोलनके जमानेमें उनको मुसलमानोंका दुश्मन नम्बर १ की उपाधि दी गई थी । फिर हमारी तो बिसातही क्या ? पर सत्य बात तो यह है कि मुसलमानोंके लिये हमारे हृदयमें स्नेह और सद्भावही है, द्वेष और दुर्भाव नहीं । जब उनको हम अपनाही अङ्ग समझते हैं तो उनसे वैर-विरोध कैसा ? हाँ, उन मुसलमानोंके लिये हमारे दिलमें न कोई इज्जत है और न मुहब्बत, जो हिंदुस्थानी होकर पाकिस्तानको अपना देश और राज्य समझते हैं, उसीपर श्रद्धा और भक्ति रखते हैं, 'सइयाँके खाकर भैयाका गीत गाने' की कहावत पूरी कर दिखाते हैं, हिंदके विरुद्ध प्रचार करते रहते है, उसको बदनाम करनेसे बाज नही आते हैं, हिंदमें पाकिस्तानी हुकूमत कायम करनेका सपना देखते हैं, उसके लिये साजिश करते हैं और मौका आनेपर पाँचवी पंक्तिका पार्ट अदा करनेको तैयार रहते हैं । ऐसेही व्यक्तियोंसे हम साफ साफ कहते हैं कि अगर वे सच्चे दिलसे हिंदके वफादार नही रह सकते तो उनको फौरन अपना बोरिया-बधना लेकर पाकिस्तानको कूच कर देना चाहिये । इसीमें उनका और हमारा दोनोंका कल्याण है । ऐसेही देश-द्रोहियोंके कारण उन मुसलमानोंकी हालत भी नाजुक हो रही है जो हिंदके तहेदिलसे वफादार हैं ।

हिंद पाकिस्तानकी भाँति मजहबी राज्य नही है । यह एक ऐसा प्रजातंत्र ( Secular State ) है जहाँ सारे नागरिकोंको, चाहे किसी का मजहब कुछ भी क्यों न हो, समानाधिकार प्राप्त है । यहाँ न धर्म भेद है, न जाति भेद और न रङ्ग भेद । इसी वजहसे आज हिंदके केंद्रीय मंत्री मंडलके चौदह सदस्योंमें मौलाना अबुल कलाम आजाद और श्री रफी अहमद किदवाई दो मुसलमान, श्री जान मतई और राजकुमारी अमृत कुँवर दो ईसाई, श्री जगजीवनराम और डाक्टर अम्बेदकर दो हरिजन, सरदार बलदेव सिंह एक सिख और श्री भाभा एक पारसी ( अभी हालमें इन्होंने इस्तीफा दिया है ) सदस्य है । हिंदके गवर्नरोंमें बंबईके गवर्नर राजा महाराज सिंह ईसाई हैं और आसामके गवर्नर सर हैदरी मुसलमान हैं । सारी प्रजाको यहाँ बराबरीके हक और अख्तियार हासिल है । पर समान अधिकार के बदलेमें हिंदुस्थान सभी फिर्के और वर्गके लोगोंसे पूरी वफादारी चाहता है, देशद्रोही और पंचमांगी तो उसकी हस्तीके लियेही खतरा हैं, ऐसे साँपको दूध पिलानेसे क्या फायदा, जो मौका मिलतेही डँसे बिना छोड़ेगा नहीं । हिंदमें रहनेवाले इसी श्रेणीके गद्दारोंकी निंदा करनेके लिये "इंडियन व्यूज" हमें सारे मुसलमानोंका बैरी कहनेका गुस्ताखी कर रहा है ।

अबतक हम हिंदू महासभावादियोंके मुँहसे सुना करते थे कि कोई भी मुसलमान सच्चे दिलसे हिंद

का वफादार नही है और पाकिस्तानसे लड़ाई छिड़नेपर सारे मुसलमान दुश्मनका साथ देंगे और हिंदकी पीठमें छुरी भोंकनेसे बाज नही आवेंगे। इसे हम उनकी दूषित मनोवृत्तिकी ही उपज समझते हैं। पर अब "इंडियन व्यूज" के प्रस्तुत अग्रलेखमें यह दलील देखकर हम तो दङ्ग रह गये और हमारे आश्चर्यकी सीमा न रही कि न कोई मुसलमान हिंदुस्थानका वफादार हो सकता है और न कोई हिंदू पाकिस्तानका। मुसलमानोंको स्वभावतः पाकिस्तानसे प्रेम है और हिंदुओंको हिंदुस्थानसे। इस मानवी प्रकृतिको बदला नही जा सकता। इसलिये दुर्दैव से कहीं हिंद और पाकिस्तानमें लड़ाई छिड़ गई तो सहयोगीकी रायमें मुसलमानोंको पाकिस्तानियोंसे लड़ने और अपने भाइयोंके खूनसे हाथ रंगनेके लिये मजबूर करना वास्तवमें सभ्यता और मनुष्यताका गला घोटना होगा। सहयोगीके आदेशानुसार हमें हिंदके चार करोड़ मुसलमानोंसे कह देना चाहिये कि "भाइयों! हम भी मनुष्य हैं और आपकी विकट स्थितिको समझते हैं। हम आपको अपने भाइयोंसे लड़ने और उनका खून बहानेके लिये नहीं कहेंगे क्योंकि ऐसा करनेपर आप फिर दुनियामें मुँह दिखाने लायक नही रहेंगे। आपसे हम बस यही चाहते हैं कि आप निरपेक्ष दर्शककी भाँति तमाशा देखा करें। न हमारी मदद करें और न कोई ऐसा काम करें जिससे हमारा नुकसान हो।"

दुःख है कि "प्रवासी" सहयोगीके इस फिलासफीसे सहमत नही हो सकता। हमारा यह खयाल है कि जहाँ भारतीय मुसलमानोंमें खलीकुज्जमा आदि के समान गद्दारोंकी कमी नही है जो वफादारीकी कसम खाकर भी मौका पातेही उसको तोड़नेमें कोई संकोच नही करते हैं वहाँ ब्रिगेडियर उस्मानके जैसे भी हिंदके वफ़ादार मुसलमान हैं जिन्होंने काश्मीरके मोर्चेपर अपनी दिलेरी और बहादुरीसे कबायलियों और पाकिस्तानियोंके छक्के छुड़ा दिये और नवशेराके मैदानमें उन खूनी लुटेरोंको ऐसी कठोर सजा दी कि पाकिस्तानकी कठपुतली 'आजाद काश्मीर सरकार' ने उस्मानको पकड़कर जिन्दा या मारकर उसकी लाशही ला देनेवालेको पचास हजार रुपये इनाम देनेकी घोषणा की थी। जबकि मुसलमान हिंदमें समानाधिकार भोग रहे है तो वे उसकी एकाकी निष्ठेदारीसे कैसे बरी हो सकते हैं? यदि आज पाकिस्तान हिंदपर हमला कर दे तो क्या यहाँके चार करोड़ मुसलमान बैठकर तमाशा देखेंगे? ऐसा कभी नही हो सकता। दुःखकी बात तो यह है कि इधर हैदराबादके मियाँ कासिम रिजवी हिंदके चार करोड़ मुसलमानोंको गद्दार कहनेकी हिमाकत कर रहे हैं और उधर दक्षिण अफ्रिकाके मियाँ मीर साहब भी। ऐसी बातें कहकर रिजवी और मीर भारतीय मुसलमानोंको फायदा नही, नुकसान पहुँचा रहे हैं।

हम यह जानते हैं कि रिजवी और मीरका कथन प्रमाणिक नही है। इस बातसे भी हम इन्कार नही कर सकते कि मुसलमानोंमें ऐसे रंगे सियारोंकी कमी नही है जो बाहरसे तो वफादरीका स्वांग रचते हैं पर अंदरसे गद्दारी करनेके लिये तैयार है और केवल मौकेके ताकमें बैठे हैं। पर साथही हम उन देशभक्त मुसलमानोंको नही भूल सकते जो सदासे जनाब जिन्ना और मुस्लिम लीगकी नीति और प्रवृतिका प्रचंड विरोध करते आये हैं, जिन्होंने पाकिस्तानकी माँगके खिलाफ जबर्दस्त आवाज उठाई थी और जिन्होंने पाकिस्तानकी स्थापनाको भारतीय मुसलमानोंके लिये ईश्वरका अभिशाप समझा था। उनकी संख्या नगण्य नही थी। पिछले निर्वाचनमें मुस्लिम-लीगको मुसलमानोंके केवल ६५ प्रतिशत वोट मिले थे, शेष ३५ प्रतिशत वोट इन देशभक्त मुसलमानोंके हिस्सेमें आये थे। इन्होंने ब्रिटिश सरकारके अधिकारियोंके सिवा महात्मा गांधी तथा कांग्रेस नेताओंसे भी बारबार प्रार्थना की थी कि जनाब जिन्नाको सारे मुसलमानोंका नेता मान लेना मुसलमानोंकी एक बड़ी जमातके साथ अन्याय करना होगा पर उनकी पुकारपर किसीने ध्यान नही दिया और आखिर पाकिस्तानकी स्थापना हो ही गई जिसका फल हिंदू और मुसलमान दोनों भोग रहे हैं।

पंजाब और सीमाप्रांत तो हिंदू और सिखोंसे खाली हो ही गया। सिंध और पूर्व बंगालसे भी हिंदू भागे चले आ रहे हैं और कुछ दिनोंमें सारा पाकिस्तान काफिरोंसे पाक-साफ हो जायगा, केवल दीनदार वहाँ रह जायँगे। पर आश्चर्यकी बात तो यह है कि जो मुसलमान नापाक हिंदको छोड़कर पाकिस्तान चले गये थे—इस्लामी हकूमतका मजा चखनेके लिये, वह भी

निराश होकर लौट रहे हैं। कोई तीन चार लाख तो हिंद में आ भी चुके और रोज एक हजारके औसतसे चले आ रहे हैं। इसीसे पता लग सकता है कि हिंदमें मुसलमानोंको कितना आराम और सुख है और उनके साथ कैसा सद्व्यवहार होता है। वे इज्जत- आबरूसे यहाँ रह सकते हैं; अपने दीन और इमानका पालन कर सकते हैं और उनका जान-माल सर्वथा सुरक्षित है।

वास्तवमें " इंडियन न्यूज " पाकिस्तानकी स्थापनाके बाद भारतके विरुद्ध मिथ्या प्रचार करनेमें अपनी सारी शक्ति खर्च कर रहा है। इस लिये कुछ पाठकोंने उसे यह राय दी है कि अब उसका नाम "इंडियन न्यूज" से बदलकर "पाकिस्तान न्यूज" रख देना चाहिये। यदि कोई उसकी फाइल उठाकर देखे तो उसे यही प्रतीत होगा कि भारतको बदनाम करनेमें इस प्रवासी अखबारने कराचीके 'डोन' को भी मात कर दिया है। इसने गांधी, नेहरु, पटेल आदि सभी पर मुस्लिम विरोधी होनेका लांछन लगाया है। यदि किसी को हमारे कथनमें संदेह हो तो उसकी सालभरकी फाइलमें खासकर गुजराती अग्रलेख देख लेवे। गांधी जी भी मर करही 'न्यूज' का श्रद्धा भाजन बन पाये हैं, जीवित रहते हुए नहीं।

सहयोगीका पिछला 'इद नम्बर' को पाकिस्तान अंक कहना अधिक उपयुक्त होगा। उसमें पाकिस्तानी झंडेका प्रदर्शन है, हिन्दके झंडेका नही। कराचीके शासकोंके चित्र छापे गये हैं, दिल्लीके शासकोंके नहीं। मजेकी बात तो यह है कि इसके सम्पादक मियाँ मूसा मीर सूरतके निवासी हैं पर इनका सिद्धांत है कि हर एक मुसलमानको पाकिस्तानका वफादार होनाही चाहिये।

हमने हिंदके खाकर पाकिस्तानके गीत गाने वाले मुसलमानोंकी जो समय समयपर कड़ी अलोचना की है, इसीसे हम "इंडियन न्यूज" के कोप भाजन बन गये हैं। हमपर हिंदके चार करोड़ मुसलमानोंका वैरी होनेका लांछन लगाया गया है ताकि दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी मुसलमान हमें अपना दोस्त नहीं, दुश्मन समझ लेवें। इस अखवारने प्रवासी मुसलमानोंको पाकिस्तानी बनानेमें सारी शक्ति लगा रखी है। इस लेखमें हमारे साथही हमारेही जैसा विचार रखनेके कारण श्री मणीलाल गांधी पर भी कमीना हमला किया गया है और उनको भी मुसलमानोंका बैरी कहकर दिलका गुबार निकाला गया है। अंतमें हम हिंदमें रहनेवाले पाकिस्तानी मुसलमानोंको यही राय देंगे कि वे अपनी गद्दारीसे उन मुसलमानोंकी स्थिति न बिगाड़े जो हिंदके प्रति तहेदिलसे वफादार हैं क्योंकि दो-चार सड़ी मछलियाँ सारे तलाव को गंदा कर डालती हैं। उनके लिये पाकिस्तानका रास्ता खुला हुआ है।

| दानदाता | रुपये |
|---|---|
| **कलकत्ता:** | |
| श्री मूलचन्द्रजी अग्रवाल | ३००) |
| श्री सेठ दीपचंदजी पोद्दार | २५०) |
| श्री मिहिरचन्द्रजी धीमान | २००) |
| श्री रूलियारामजी गुप्त | २००) |
| श्री भागीरथमलजी कनोडिया | २००) |
| जमा | ११५०) |

## श्री मूलचंद्रजी अग्रवाल।

हिंदी संसारमें श्री मूलचन्द्रजी अग्रवाल एक अद्वितीय पत्रकार हैं। भारतमें केवल अंग्रेजीके दो दैनिक अखबार दो शहरोंसे निकलते हैं उनमें एक तो "अमृतबाजार पत्रिका" है जो कलकत्ता और प्रयागसे नित्य निकलता है और दूसरा 'स्टेट्समेन' है जो कलकत्ताके सिवा नई दिल्ली से भी प्रकाशित होता है। पर मूलचंद्रजीका "विश्वमित्र" इस समय भारतके पाँच बड़े नगरों—कलकत्ता, बंबई, नई दिल्ली, पटना और कानपुर—से दैनिक रुपमें निकल रहा है। कलकत्तासे 'विश्वमित्र' का साप्ताहिक संस्करण भी निकलता है। मासिक संस्करण भी निकल रहा था पर इधर कुछ दिनोंसे शायद वह बंद है। मूलचंद्रजी कलकत्तासे अंग्रेजी दैनिक 'एडवान्स' भी निकालते हैं। वे एक महाकंगालकी स्थितिसे अपने श्रम, साहस और पुरुषार्थसे हिंदीके सर्वोपरि पत्रकार बन गये हैं। सन १९१९

में इनसे मेरी भेंट और जान-पहचान हुई। 'विश्वमित्र' से प्रवासी भारतीयोंके सेवा-कार्यमें निरंतर सहायता मिलती आई है। सन १९३१ में जब मुझे अखिल भारत हिंदी संपादक सम्मेलनका प्रधान बनाया गया था तो मूलचंद्र जीही सम्मेलनके स्वागताध्यक्ष थे। 'विश्वमित्र' की रजत जयंतीका मुझकोही सभापति चुना गया था पर अचानक बीमार हो जानेके कारण मैं इस सौभाग्यसे वंचित रह गया। मेरेही अनुरोधसे मूलचंद्रजीने अपनी राम कहानी लिख डाली है जो 'पत्रकारकी आत्मकथा' के नामसे प्रकाशित हो चुकी है। हिंदी जगत इस अनुपम आत्मकथाकी विस्तृत द्वितीयावृतिकी प्रतिक्षा कर रहा है। सन १९४४ में "विश्वमित्र" की रजत-जयंतीके समयसे बिना माँगे दो-ढाई सौ रुपया हर साल मेरे खर्चके लिये वे भेजते आये हैं। बीचमें एकबार मैं असाध्य बीमार पड़ गया था और मुझपर कुछ कर्ज भी हो गया था, इसकी खबर पातेही भाई मूलचंद्र जीकी धर्मशीला पत्नी श्रीमती स्वदेश्वरी देवी ने साढे छः सौ रुपये एक मुदतसे भेजकर मुझे ऋणमुक्त कर दिया था और साथही यह आदेश भी दिया था कि अब मैं निश्चिन्त होकर अपने स्वास्थ्य सुधारकी चेष्टा करूँ। पिछली दिवालीपर मेरे पास दानकी रकम नही आई थी। उसकी चर्चा छिड़नेपर मूलचंद्रजीने हँसते हुए देवीजीसे कहा था कि अब तो सूद-ब्याज और दण्डके साथ यह रकम देनी पड़ेगी। उसी सालाना सहायताके सिलसिलेमें यह ३००) प्राप्त हुआ है

## श्री सेठ दीपचन्दजी पोद्दार।

श्री सेठ दीपचन्दजी कलकत्ताके एक प्रसिद्ध रईस और आर्यसमाजके एक अनमोल रत्न हैं। वर्षों कलकत्ता आर्य समाजके प्रधान-पदको आप सुशोभित कर चुके हैं। वैद्यनाथधाम ( देवघर ) के गुरुकुलका तो आप प्राणही हैं। जहाँ अपने स्वयं इस संस्थाको पर्याप्त दान किया है वहाँ दूसरोंसे दान प्राप्त करनेमें भी पूरा परिश्रम किया है। प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नमें भी सदासे आपका अनुराग है। जबजब उनके सेवा-कार्यके लिये धनकी आवश्यकता पड़ी है, आपने कभी मुझे निराश नही किया। आशा है कि प्रवासी भारतीयोंपर आपकी कृपादृष्टि इसी प्रकार बनी रहेगी।

## श्री मिहिरचन्द्रजी धीमान।

भाई मिहिरचंद्रजी कलकत्ताके एक प्रतिष्टित नागरिक, हिंदुओंके एक सम्मानित नेता एवं आर्यसमाजके एक स्तंभ हैं। मुस्लिम लीगकी हुकूमतके जमानेमें कलकत्ताके कत्लेआमकी घड़ियोंमें आपने जिस साहस और शौर्यसे हिंदुओंके जानमालकी रक्षा की थी उसे वहाँके निवासी कभी विस्मरण नहीं कर सकते। धीमानजी पत्रकार-कला में भी पूरा अनुराग रखते है और घाटा उठाकर भी दैनिक एवं साप्ताहिक 'जागृति' का संचालन कर रहे हैं। उनके बचपनके सहपाठी श्री जगदीशचन्द्रजी हिमकर पत्रकारीके कार्यमें उनका हाथ बँटा रहे हैं। हिमकरजी ही 'जागृति' के मुद्रक, प्रकाशक और संपादक हैं। धीमानजी अपने ठेकेदारीके काममें अत्यंत व्यस्त होते हुए भी समय समय पर 'जागृति' में विशेष लेख लिखा करते हैं जो अपने विषयमें बडे गंभीर और विचार पूर्ण होते हैं। धीमानजी और हिमकरजीसे आर्यसमाजीके नाते हमारा पुराना परिचय है।

## श्री रुलियारामजी गुप्त।

भाई रुलियारामजी कलकत्ताके एक देशभक्त और हिंदी प्रेमी महाभाग हैं। पहले आप जनरल प्रिंटिङ्ग वर्क्स लिमिटेडके मनैजर थे, पर इधर कुछ वर्षोंसे आपने अपना निजी कारबार और व्यापार आरंभ कर दिया है और अपनी योग्यता एवं कार्य-दक्षताकी बदौलत काफी सफलता प्राप्त की है। आपका बंगाल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स कलकत्तेका एक मशहूर मुद्रणालय बन गया है। अनुष्ठान, आवर्त्तन, अंतिम इच्छा आदि पुस्तकें निकाल कर आपने हिंदी-साहित्यकी स्तुत्य सेवा की है। हमें विश्वास है कि आपके परिश्रम और पुरुषार्थसे हिंदी संसारका बहुत कुछ उपकार होगा। दलित और पीड़ित प्रवासी भाइयोंके लिये आपके हृदयमें सच्ची समवेदना है। जहाँ "प्रवासी" को आपने २००) दान देकर अपनी सहृदयताका परिचय दिया वहाँ स्थायी सहायताके रुपसे अर्द्धपृष्टका विज्ञापन भी देकर "प्रवासी" को चिरऋणी बना लिया है।

## श्री सेठ भागीरथमलजी कनौड़िया।

सेठ भागीरथमलजी कलकत्ताके अग्रगण्य मारवाड़ी व्यपारियोंमें एक हैं। उनसे हमारा कोई परिचय न था, हमारे कामोंकी भी उनको कोई जानकारी नही थी, फिर भी उन्होंने मुझे निराश न किया और अपनी इच्छासे जो कुछ "प्रवासी" की सहायता की है उसी पर हमें संतोष है और हम उनका आभार मानते हैं। आशा है कि कनौड़ियाजी विदेशोंमें बसे हुए अपने पीड़ित प्रवासी भाइयोंकी तरफ भविष्यमें विशेष ध्यान देनेकी कृपा करेंगे।

हिंदकी विधान परिषदमें शासन विधान बन रहा है। जब नया विधान अमलमें आवेगा तो आजकलकी भाँति गवर्नर-जनरल और गवर्नर बन जाना सहज न होगा। प्रजा या प्रजाके प्रतिनिधियोंकी रायसेही उनकी नियुक्ति हो सकेगी। इस बीचके समयमें जो कुछ हो जाय सो थोड़ाही है। हमने "प्रवासी" के पिछले अङ्कमें लिखा था कि श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचार्यका गवर्नर-जनरल बनाया जाना भारतका दुर्भाग्य है। हमारे खयालमें जब राजाजीको उनका अपनाही प्रांत मद्रासने दूधकी मक्खीकी भाँति निकालकर बाहर फेंक दिया है तो उनको भारतके सर्वोच्च सिंहासनपर ला बैठाना लोकतंत्रकी सरासर हत्या है। अब "ट्रिब्यून" अखबारमें यह खबर छपी है कि राजाजीकी नियुक्तिकी बात भारत सरकारके अनेक मंत्रियों को सार्वजनिक घोषणाके बाद मालूम हुई है। इसका तो यह मतलब हुआ कि राजाजी मंत्री-मंडलकी रायसे भी नही बल्कि कुछ खास मंत्रियोंकी सिफारिशसे गवर्नर-जनरल बन बैठे हैं। इस समय जिनके हाथमें देशकी बागडोर है वे जिसको चाहें सातवें आसमान पर चढ़ा सकते है।

* * * * *

इसी प्रकार श्री आसफ अली उड़ीसाके गवर्नर बना दिये गये हैं। उनकी नियुक्तिपर भी राजनीतिक क्षेत्रमें बड़ी कटु आलोचना हो रही है। कहा जाता है कि इस समय विश्वके सबसे अधिक उन्नतशील देश अमेरिकाका राजदूत उनको बनाया गया था, पर वे वहाँ सर्वथा असफल रहे। इस लिये एकबार उनको वापस बुलानेकी चर्चा भी चली थी। इनके कार्यकालमें भारतके जो यात्री अमेरिका गये उनका कथन है कि भारतके इस राजदूतने वहाँ रहकर न देशका गौरव बढ़ाया और न भारतके विचारोंका प्रचारही किया। काश्मीरके सवाल पर भी आसफ अली वहाँ भारतके अनुकूल लोकमत नही बना सके। इस लिये राजनीतिज्ञोंको विस्मयके साथही विषाद भी हुआ हैं कि उड़ीसा जैसे पिछड़े हुए प्रांतका गवर्नर इनको बनाया गया है जहाँ रचनात्मक कार्योंका संचालन करनेके लिये किसी योग्य गवर्नरकी जरुरत है। जनतामें यह खयाल फैल रहा है कि इस तरहकी नियुक्तियाँ योग्यताके लिहाजसे नही प्रत्युत व्यक्तिगत मित्रता और खुशामदके आधारपर हो रही हैं। इसी तरह सरकारके सभी विभागोंमें अमलदारोंकी नियुक्तियोंमें जिस पक्षपातपूर्ण नीतिसे काम लिया जा रहा है उससे जनतामें असंतोष फैलना स्वाभाविकही है।

* * * * *

पाकिस्तानकी स्थापना हो जानेपर बम्बई वाले जनाब मुहम्मद अली जिन्ना वहाँके गवर्नर-जनरलकी गद्दी पर जा बिराजे, यू० पी० के मियाँ लियाकत अली खाँ प्रधान-मंत्रीका पद पा गये और मुस्लिम लीगके अन्य बड़े बड़े नेता अच्छे अच्छे ओहदोंपर जाकर जम गये, पर बेचारे साधारण मुसलमानोंको क्या मिला? वह एक मुस्लिम महिलाने लाहौरके उर्दू "दैनिक जमींदार" अखबारके संपादक मौलाना जफर अली खाँ और पाकिस्तानी पंजाबके पूर्व मंत्री सरदार शौकत अली खाँको एक पत्रमें लिखकर बतलाया है जो उसीके शब्दोंमें सुनिये—

"चार दिन फाका करनेके बाद मेरे खाविंदने यह फैसला कर लिया है कि इस तरह भूखसे छटपटाने के बजाय मर जानाही अच्छा है। घरका किराया ४०-५० रुपया एक भूखा और आधा नंगा आदमी कैसे दे सकता है? एक शख्स जो मुल्कके बँटवारासे पहले एक उम्दा घर और कुछ दुकानोंका मालिक था और खुशहाल जिंदगी बसर कर रहा था वही आज गरीबीसे तंग आकर अपने बीबी-बच्चेके साथ खुदकुशी करने जा रहा है। हमने आज रातको व्यास नदीमें कूदकर जान दे देनेका इरादा कर लिया है। बच्चोंको यह समझाया गया है कि उनको उनके दादाके घर ले चलेंगे जहाँ उनको खूब खाना मिलेगा। चार दिनके

भूखे बच्चे इस खबरसे बहुत खुश हैं। यह खत लिखते वक्त मैं रो रही हूँ और उम्मीद करती हूँ कि अगर इसका मतलब अखबारोंमें छपेगा तो वह पाकिस्तान सरकारको नींदसे जगा देगा। पाकिस्तान कायम करने से पहले लीडरोंने बड़े बड़े वायदे किये थे, वे लीडर और उनके वायदे अब कहाँ हैं? मैं यह खत आधीरात को अपने खाविंद और बच्चोंके साथ व्यास नदीमें डूब कर मरनेके लिये जाते वक्त डाकके डब्बेमें डालूँगी।"

इसी प्रकार लाखों मुसलमान आज पाकिस्तानमें तड़प-तड़पकर प्राण गँवा रहे हैं—पाकिस्तान उनके लिये कब्रस्तान बन रहा है। लाखों हिन्दुस्थान भागे आ रहे हैं।

* * * * *

आर्य सार्वदेशिक सभाके मंत्री पं० गङ्गाप्रसाद उपाध्याय एम० ए० का कथन है कि "धर्मपत्नी" शब्द का प्रयोग करना अर्थात 'पत्नी' के साथ 'धर्म' का विशेषण लगाना अयुक्त, अवांछनीय और अनर्थकारी है। वास्तव में पत्नीके साथ धर्मको जोड़ना एक विशेष भाव और अर्थ का सूचक है। जिस पुरुषके पास अनेक पत्नियाँ होती हैं उनमेंसे उसी एकके लिये 'धर्मपत्नी' शब्दका उपयोग किया जा सकता है जो विधि-विहित (कानूनसे जायज) स्त्री है। जो एक पत्नीव्रतका पालक है, दूसरा विवाह कर लेना या रखेली रख लेना अपराध और अधर्म समझता है उसकी पत्नीको 'धर्मपत्नी' कहना जहाँ उसके आचारपर प्रहार करना है और वहाँ उसकी पत्नीका घोर अपमान भी। मेरे खयालमें उपाध्यायजीका विचार युक्तियुक्त और प्रमाणिक है, जब 'धर्मपति' शब्दको अव्यवहार्य माना जाता है तो 'धर्मपत्नी' कैसे व्यवहार्य हो गया? धर्मपिता, धर्म भ्राता आदि शब्दोंके सामान्य अर्थसे यह स्पष्ट है कि उससे भिन्न कोई वास्तविक पिता और भ्राता भी है। इस लिये हिंदीमें जो धर्मपत्नी शब्द चल पड़ा है उसका व्यवहार बंद हो जाना चाहिये। लोग 'पत्नी' के प्रति सम्मान प्रकट करनेके विचारसे 'धर्म' जोड़कर 'धर्मपत्नी' लिखते या कहते हैं, पर तनिक ध्यान देनेपर स्पष्ट प्रतीत होगा कि इससे पत्नी का आदर नही, निरादरही होता है। आशा है कि हिंदी संसार उपाध्यायजीके विचारको स्वीकार कर 'धर्मपत्नी' शब्दका व्यवहार त्याग देगा।

* * * * *

"क्रायसिस" अखबारमें यह खबर छपी है कि हमारे गवर्नर जनरल राजाजीने प्रवर्तक संघके वार्षिकोत्सव पर सभापतिकी हैसियतसे भाषण देते हुए कहा कि पंजाब और काश्मीर आदिमें स्त्रियोंका जो अपहरण हुआ है उस पर हमें व्यथित नही होना चाहिये; यदि रावणने जानकी का हरण न किया होता तो रामायणकी रचना न हुई होती। वाह राजाजी! आपने तो कमाल कर दिखाया। यद्यपि रावणको राक्षस कहा जाता है तो भी वह सभ्य पुरुष था। लक्ष्मणने उसकी बहन शूपनेखाकी नाक काट ली थी जिसके बदलेमें उसने सीता-हरण किया था, पर सीताको उसने अपने राजमहलमें नही, अशोक-वाटिकामें कैद कर रखा था। उसने सीताकी इच्छाके विरुद्ध कोई ऐसा कार्य नही किया जिसपर आपत्ति की जा सके। तिसपर भी रावणको अपने कर्मका दंड भोगनाही पड़ा था। कहाँ सभ्य रावण और कहाँ अधुनिक कालमें अबलाओंके हरण करनेवाले आततायी? दोनोंको एकही तराजूपर तौलना राजाजीकी बुद्धिकी बलिहारी है। राजाजी का हृदय किसी विशेष धातुका बना हुआ है जो इस युग के चंगेज और हलाकूकी करतूतोंको भूल सकता है और दूसरोंको भूल जानेकी प्रेरणा कर सकता है, पर हमसा साधारण व्यक्तियोंको देशका अङ्ग भङ्ग; लाखों घरोंका सर्वनाश और हजारों आदमियोंका कत्ल भी उतना नहीं अखरता है जितना कि अवलाओंका अपहरण, उनपर किये गये पाशविक बलत्कार और उनका हृदय विदारक अपमान, चाहे वे स्त्रियाँ हिंदूकी हों अथवा मुसलमानोंकी।

* * * * *

राजा महेन्द्र प्रतापजीको यह संदेह है कि भारतको ब्रिटिश साम्राज्यके अंदर रखनेके लिये एक भयानक षडयंत्र हो रहा है। हम अबतक राजा साहबके संदेहको निराधार समझते रहे क्योंकि भारतीय विधान परिषदने सबसे पहले अपना ध्येय निश्चित कर लिया और वह है भारतमें स्वतंत्र प्रजातंत्रकी स्थापना। पर इधर कुछ दिनोंसे अपने देशके कुछ नेताओंकी मनोवृत्ति और प्रवृत्तिसे हमें राजा महेन्द्र प्रतापजीके विचारमें सचाईकी झलक दिखाई पड़ने लगी है। जहाँ अगस्त तक नया विधान तैयार हो जानेकी आशा थी वहाँ अब यह कहा जाता है कि नवम्बरसे पहले विधान परिषदकी बैठकही न हो सकेगी क्योंकि इस दरम्यानमें पं० जवाहरलाल नेहरु लंडन जायँगे और वहाँ प्रधान मंत्री एटली तथा ब्रिटिश सरकारके अन्य सूत्रधारोंसे ब्रिटिश राष्ट्र मंडलके साथ भारतके भावी सम्बन्ध पर

बातचीत करेंगे। एटलीने इस विषयपर बातचीत करने के लिये नेहरुको विशेष रुपसे आमंत्रित किया है। सुनते है कि इस बातचीतके बादही विधान परिषदमें यह निश्चय हो सकेगा कि भारत ब्रिटिश राष्ट्रमंडलमें रहेगा अथवा उससे अलग। छोटासा बर्मा ब्रिटिश साम्राज्यसे सर्वथा स्वतंत्र हो चुका है, पर भारत और पाकिस्तान अभीतक 'ब्रिटिश डोमिनियन' बने हुए हैं—यहाँ के गवर्नर-जनरल, गवर्नर, राजदूत आदि की नियुक्ति इङ्गलेण्डके राजाकी स्वीकृतिसे होती है। अभी पिछले मासमें राजाकी जन्म जयंती मनाई गई थी और यूनियन जेक सरकारी दफ्तरों पर शानसे फहराया गया था। यह बात स्वाधीनता-प्रेमियोंको खटके बिना न रही, और इसपर जब उन्होंने आपत्ति उठाई तो भारतके गवर्नर जनरल राजाजीने उनको उपदेश दिया था कि स्वतंत्र भारतमें यूनियन जेकका फहराना गुलामीकी नही, हमारी सौजन्यताकी निशानी है और यह भी कहा था कि हम किसीके दबावमें आकर ब्रिटिश साम्राज्यसे अलग न होंगे। इससे स्पष्ट है कि हमारे कुछ नेता ब्रिटिश राष्ट्र मंडलमें 'परिया' बनकर रहनेको तैयार हैं। जिस राष्ट्रमंडलके देश दक्षिण अफ्रिकामें हमारी जो दुर्गति और बेइज्जती हो रही है वह किसीसे छिपी नही है, और कनाडा, न्यूजीलेण्ड तथा आस्ट्रेलिया लाखों गौराङ्गों को सब प्रकारकी मदद देकर बसानेको तैयार हैं पर एक भी भारतीयका वहाँ पैर धरना बर्दास्त नही कर सकते। ब्रिटिशके निजी उपनिवेशोंमें भी भारतीयोंकी कोई प्रतिष्ठा नही है। केनिया, मोरिशस, फिजी, डमरारा, ट्रिनीडाड, जमैका आदि कहीं भी उनको श्वेताङ्गोंके समान अधिकार नही है, सर्वत्र वे नीच और अछूत समझे जाते हैं। काश्मीरके मामलेमें ब्रिटिश सरकारने पाकिस्तानका जो खुल्लम खुला पक्ष लिया है वह भी हमारी आँख खोल देने के लिये काफी है। पर हम देखते हैं कि हमारे कुछ नेता ब्रिटिश साम्राज्यमें हीन स्थिति स्वीकार करनेके लिये तैयार है। इङ्गलेण्डका मित्र होकर रहनेमें भारतका सम्मान है पर उसका डोमिनियन बनकर रहना भारतके लिये घोर अपमान है।

* * * * *

हैदराबादसे भारतका समझौता नही हो सका, यह हमारी सरकारकी भूलकाही परिणाम है। जहाँ भारत के समस्त रजवाड़ोंको यह चेतावनी दे दी गई थी कि वे १५ अगस्त १९४७ से पहले भारतीय संघमें सम्मलित हो जावें वहाँ हैदराबादके साथ विशेष व्यवहार किया गया और निजामको अपनी इच्छा एवं सुविधाके अनुसार सोचने तथा निर्णय करनेका समय दे दिया गया। भारत के वर्तमान सूत्रधार यह जानते हैं कि निजाम मतांध मुसलमान है, वे अपनी ८५ प्रतिशत हिंदू प्रजापर १५ प्रतिशत मुसलमानोंका शासन विधिका अटल विधान मानते हैं और पाकिस्तानको शक्तिशाली बनाकर सारे भारतमें इस्लामी हुकूमत कायम करनेका अरमान भी रखते हैं, फिर भी निजामके साथ एक मियादी समझौता कर लिया गया। निजामको खुश रखनेके लिये हमारी सरकार ने हैदराबादसे अपनी फौज हटा ली, अपनी छावनी निजाम को सौंप दी और हर तरहसे निजामकी खुशामद की गई। पर निजामने इसे कोई उदारता नही, हमारी निर्बलताकाही लक्षण समझा। उन्होंने फरमान निकाला कि हैदराबाद पूर्ण स्वतंत्र रहेगा, भारतीय संघमें हर्गिज शरीक न होगा। भारत सरकारसे बिना पूछे पाकिस्तानको बीस-पचीस करोड़ रुपया कर्ज भी दे डाला, विदेशोंसे हथियार मँगाना शुरु कर दिया। सरकारी फौजके सिवा कासिम रिजवीके नेतृत्वमें एक खानगी फौज तैयार कर ली गई, जो रजाकार कहलाती हैं और रजाकारोंकी संख्या करीब एक लाखतक पहुँच गई है। रजाकार जहाँ हिंदुओंको मारकाट और लूटकर हैदराबादसे खदेड़ रहे हैं वहाँ हिंदुस्थानकी हद्में घुसकर भी गाँव पर गाँव लूट रहे हैं और हिंदुओंको कत्ल कर रहे हैं। निजाम अरब, पठान आदि बाहरके मुसलमानोंको बुलाकर फौजमें भर्ती कर रहे हैं। लड़नेके लिये वे पूरी तरहसे तैयार है।

* * * * *

इधर हमारे नेहरुजी देशवासियोंको आश्वासन देते रहे कि भौगोलिक दृष्टिसे हैदराबाद चारों तरफ हिंदसे घिरा हुआ है इस लिये वह स्वतंत्र रहही नही सकता। उसका स्वतंत्र रहना तो भारतके लिये सबसे बड़ा खतरा है। इस लिये भारत संघमें उसको सम्मलित होनाही पड़ेगा। उधर निजाम १५ अगस्तके बाद कई फरमान निकाल चुके और वे अपनीही रट लगाये जाते हैं कि हैदराबाद किसी भी रुपसे हिंदमे शरीक न होगा और वह आजाद रहेगा। इस लिये हम यह तो शिकायत नही कर सकते कि निजामने हमें धोखेमें रखा है, हमारी यदि किसीसे शिकायत है तो वह अपनी सरकारसे जो यही आशा बाँधे

बैठी रही कि निजाम सोच-विचारकर भारतीय संघमें शामिल हुए बिना न रहेगा।

जनाब जिन्नाने भी हैदराबादकी पीठ ठोक दी है और कह दिया है कि हैदराबादको आजाद होकर रहनेका पूरा अधिकार है, भारतीय संघमें उसको शरीक होनेके लिये मजबूर करना सरासर अन्याय है। यही तो पाकिस्तानी इन्साफ है। फिलस्तीनका बँटवारा प्राकृतिक पाप है पर भारतका बँटवारा कुदरतका तकाजा। वहाँके अल्पसंख्यक यहूदियोंको अरबोंकी हुकूमत कबूल करनाही चाहिये, पर यहाँके अल्पसंख्यक मुसलमान हिंदूराज्यमें कदापि नही रह सकते; काश्मीरको स्वतंत्र रहनेका अधिकार नहीं उसे तो पाकिस्तानमें शामिल होनाही चाहिये अन्यथा कवायली और पाकिस्तानी मुसलमान काश्मीरका विनाश किये बिना न छोड़ेंगे, पर हैदराबादको स्वतंत्र रहनेका पूरा अधिकार है। गजबकी दलील है—अजीब इन्साफ है।

* * * * *

निजामका सच्चा सिपहसालार कासिम रिजवी नेहरु सरकारको लड़नेके लिये खुल्लमखुल्ला चुनौती दे रहा है। वह कहता है कि हैदराबाद इस्लामी रियासत रहेगा, यहाँ लोकतंत्रका सवाल उठानाही फजूल है। ब्राह्मण और बनिया (नेहरु और पटेल) राज चलाना क्या जाने? उनके हाथमें अचानक हिंदुस्थानकी बागडोर आ गई तो उनको बेहद गरुर हो गया है और वे हैदराबादसे छेड़खानी कर रहे हैं। हमें तो अल्लाहने हुकूमत करनेके लियेही पैदा किया है, हम सदियोंसे राज करते आ रहे हैं और हम जानते हैं कि राज क्या चीज है और हुकूमत कैसे की जाती है। हम तो अमनके फरिश्ता हैं, पर यदि हिंदने हैदराबाद पर चढ़ाई कर दी तो उसकी फौजको हिंदुओंकी लाशोंके सिवा और कुछ हाथ न लगेगा। अगर एक भी भारतीय सिपाहीने कहीं हैदराबादकी जमीनपर पैर रखनेकी गुस्ताखी कर दी तब तो प्रलय हो जायगा। हमारे रजाकार जो खम ठोंक कर चल पड़ेंगे तो पानीपतकी पुनरावृत्ति किये बिना नही मानेंगे और दिल्लीके लाल किलेपर आशफिया झंडा फहरा करही दम लेंगे। यही नही, वे हिंदुस्थान भरमें फैल जायँगे और फिर तो उनके सामने चंगेज और हलाकू खाँको लोग भूलही जायँगे।

इस तरह कासिम रिजवी भारतके सर्वोपरि नेताओंको गालियाँ दे रहा है और भारत सरकारका खुले आम अपमान करता फिरता है फिर भी हमारे प्रधान मंत्री नेहरु उसको एक बेजिम्मेदार आदमी कहकर उसकी बातोंकी उपेक्षा करनाही उचित समझते हैं। पर सोचने की बात है कि रिजवीको ऐसी गुस्ताखी करनेकी हिम्मत कहाँ से आई? यदि निजाम उसकी बातोंको बुरी समझते तो वह इस तरह गुलछर्रे उड़ाता न फिरता बल्कि किसी जेलमें अपनी बदमाशीका मचा चखता होता। सच बात तो यह है कि रिजवीके मुँहसे निजाम बोल रहे हैं। यदि कोई दूसरा देश होता तो अबतक अपने प्रधान-मंत्री और उप प्रधान मंत्री तथा अपनी सरकारके इस अपमानका बदला सूद-समेत चुका दिया होता पर हमारे धैर्यका तो अंतही नही आता है, यही अचरज और अफसोस है।

* * * * *

निजामको यह भी भरोसा है कि हिंदसे लड़ाई छिड़नेपर पाकिस्तान तो उनका साथ देगाही, साथही यहाँके चार करोड़ मुसलमान भी उनकी मदद करनेसे बाज न आवेंगे। रिजवीने अपने एक भाषणमें कहा भी है कि हैदराबादसे भिड़ो और फिर देखो तमाशा? हिंदके चार करोड़ मुसलमान पंचमाङ्गका काम करेंगे और सारे देशमें बगावतकी आग लगा देंगे। उस अंदरुनी आगको बुझाना ही भारत सरकारके बूतेसे बाहरकी बात होगी, फिर वह हैदराबादसे लड़ेगी क्या? अतएव समय आ गया है कि निजामका दिमाग दुरुस्त कर दिया जाय और उनको बतला दिया जाय कि पानीपतकी पुनरावृत्ति करने और दिल्लीके लाल किलेपर झंडा उड़ानेकी कल्पना भी कितनी महँगी पड़ जाती है? भारतीय मुसलमानोंमें कौन भारत का वफादार है और कौन गद्दार, इसका भी पता लग जायगा। यदि भारत सरकारने कुछ भी सुस्ती और ढिलाई दिखाई तो क्षुब्ध लोकमत और भी क्रुद्ध हो उठेगा। हैदराबाद रुपी खतरेको दूर किये बिना भारतका कल्याण नही है।

* * * * *

काश्मीरका मामला दिनपर दिन गंभीरही होता जाता है। सैनिक दृष्टिसे तो हमारी विजय होती जा रही है। सीमांतके कबायलियों और पाकिस्तानियोंको हमारे सैनिकोंने लड़ाईका ऐसा मजा चखा दिया है कि वे तोबा-तोबा चिल्ला कर मैदानसे भाग रहे हैं। जब रणक्षेत्रमें उनका टिकना असंभव हो गया और पाकिस्तानने देखा

कि संयुक्त राष्ट्र संघकी सुरक्षा समितिके कमीशनके यहाँ आनेसे पहले सारे काश्मीरपर हिंदका कब्जा हो जायगा तो उसने अपनी नियमित सेनाको मैदानमें उतार दिया है। अबतक पाकिस्तान परदेकी आड़में शिकार खेल रहा था इस लिये इस नई कारगुजारीको छिपानेके लिये सैनिकोंको आज्ञा दी गई है कि लड़ते लड़ते मर मिटें अथवा जरूरत पड़नेपर आत्मघात कर लें, पर भारतीय सेनाके हाथमें न पड़ें। हालमें पाकिस्तानी फौजसे जो बंदी बनाये गये हैं उनके बयानसे यह बात मालूम हुई है। मोर्चेपर भेजते समय उनको लेक्चर देकर समझाया जाता है कि हिंदुस्थानी फौज जिसको पकड़ लेती हैं, सबसे पहले उस की आँखे चिमटीसे निकाल लेती है और फिर घुला घुला कर मार डालती है इस लिये शरणागत होनेकी अपेक्षा मर जानाही बेहतर है।

युद्धकी दृष्टिसे काश्मीरके लिये हमें कोई चिन्ता नहीं है पर सुरक्षा समितिसे फरियाद कर हमारी सरकार ने जो भयंकर भूल की है उसका फल क्या होगा, यह हमारे लिये अवश्य चिन्ताकी बात है। हमारे प्रधान मंत्री को संयुक्त राष्ट्रसंघमें बड़ा विश्वास था इस लिये वे पाकिस्तानकी शिकायत लेकर वहाँ पहुँच गये। महीनों काश्मीर पर बहस होती रही और अब एक कमीशन आ रहा है। युद्ध रोकनेकी बात तो हवा खा रही है। कमीशनको यह काम सौंपा गया है कि वह अब्दुल्लाके मंत्री मंडलको तोड़ कर उसकी जगह नया मंत्री मंडल कायम करे जिसमें उनको भी स्थान दिया जाय जो इस समय काश्मीरका सर्वनाश कर रहे हैं। हिंदकी फौजको काश्मीरसे हटानेकी चेष्टा करे और जरुरत पड़नेपर पाकिस्तानकी फौज काश्मीर में बुला ले। इसके बाद लोकमत जाननेकी व्यवस्था करे कि काश्मीरकी प्रजा भारतके साथ रहना चाहती है अथवा पाकिस्तानके साथ। कमीशनको जूनागढ़ और मुसलमानों की हत्याके जाँचका काम भी सौंपा गया है। इङ्गलेण्डने अमेरिका आदि देशोंको मिलाकर काश्मीरको हिंदसे हड़प कर पाकिस्तानके हवाले करनेके लिये भयंकर षडयंत्र रच रखा है और यह कमीशन ब्रिटिश सरकारकी सजिशकाही नतीजा है।

नेहरुजीने उपरोक्त बातोंमें कमीशनसे सहयोग करना इन्कार कर दिया है। सुरक्षा समितिका रङ्ग-रवैया देखकर हिंदकी तरफसे साफ कह दिया गया था कि इस तरहकी कमीशनकी न जरुरत है और न उससे कुछ फायदा है, फिर भी कमीशन "मान न मान मैं तेरा मेहमान" बननेके लिये आ ही रहा है। देखें, कमीशनके यहाँ पहुँचनेपर क्या गुल खिलता है?

* * * * *

जिस तरह भारतमें आग लगाकर अंग्रेज यहाँसे कूच कर गये उसी तरह फिलस्तीनमें अरब और यहूदियों को लड़ाकर अंग्रेजोंने वहाँसे विदाई ली है। अंग्रेजोंकी लीला अपरम्पार है, गिरगिटकी तरह रङ्ग बदलनेमें वे बड़े उस्ताद हैं। प्रथम महायुद्धके बाद जब फिलस्तीनपर अंग्रेजोंका दखल जमा तो अंग्रेजोंने यह घोषणा की कि वहाँ यहूदियोंके लिये देश और राजकी सृष्टि करनाही उनके शासनका ध्येय होगा। संसारके यहूदी, जो दो हजार वर्ष पहले अपने देशसे खदेड़ दिये गये थे और संसारमें इधर उधर भटकते फिरते थे, अंग्रेजोंके इस आश्वासनसे फूले न समाये और वे अपनी मातृभूमि फिलस्तीनमें आकर बसने और उसे धन धान्यसे संपन्न बनानेकी चेष्टा करने लगे। यहूदियोंको अपने उद्योगमें पूर्ण सफलता हुई वह रेगिस्तान एक सरसब्ज बाग बन गया। अरबोंके विरोध करनेपर नये यहूदियोंको फिलस्तीनमें प्रवेश और निवास करनेकी संख्या निश्चित कर दी गई। अंग्रेज वहाँ के यहूदी और अरब दोनोंको लड़ाकर अपना मतलब गाँठते रहे। द्वितीय विश्वयुद्धके बाद वहाँकी स्थिति बडी भयंकर हो गई। जर्मनी तथा यूरोपके अन्य देशोंसे निकाले हुए लाखों यहूदी अपनी मातृभूमिमें आनेके लिये आतुर थे पर अंग्रेजोंने एक निश्चित संख्यासे अधिक यहूदियोंका प्रवेश वर्जित कर दिया। अमेरिकाके प्रधान टरुमेनका यह अनुरोध कि कमसे कम एक लाख यहूदियोंको फिलहाल फौरन फिलस्तीनमें दाखिल कर लेना चाहिये, अंग्रेजोंने स्वीकार न किया। इससे चिढ़कर यहूदियोंका एक दल बगावत कर बैठा और उसने अंग्रेजोंके छक्के छुड़ा दिये। अंग्रेज लाचार होकर, फिलस्तीनको संयुक्त राष्ट्र संघको सौंप कर और वहाँसे बोरिया बिस्तर उठाकर चलते बने। पर जानेसे पहले उन्होंने अरबोंको सारे देशपर दखल जमा लेनेके लिये तैयार कर दिया था। इस लिये अंग्रजोंके रवाना होतेही अरबों और यहूदियोंमें लड़ाई छिड़ गई। एक ओर तो मुट्ठीभर यहूदी और दूसरी ओर इराक, सिरिया, ट्रांसजोर्डन आदि अरब देशोंके सिवा मिश्रकी

भी विशाल सेना, जिनको अंग्रेज हथियार और अफसरसे मदद दे रहे हैं। पर यहूदियोंने कमाल कर दिखाया, उन्होंने अपनी वीरतासे अरबों और मिश्रियोंका घमंड चूर चूर कर दिया है।

* * * * *

संयुक्त राष्ट्रसंघने फिलस्तीनको दो भागोंमें विभक्त कर एक भाग यहूदियोंको और दूसरा भाग अरबोंको देने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। उसीके अनुसार यहूदियोंने अपने इस्रायल राजकी स्थापना कर ली है। इस नये इस्रायल राजको अमेरिका और रुसके सिवा संसारके अनेक देशोंकी सरकारोंने स्वीकार कर लिया है, पर ब्रिटिश सरकार ने नहीं। ब्रिटिश राष्ट्र मंडलमें केवल दक्षिण अफ्रिकाने इस्रालयको मंजूर किया है। भारत भी मुसलमानोंकी भावनाके लिहाजसे यहूदी राजको मंजूर करनेमें हिचकिचा रहा है। चाहे जो कुछ हो, फिलस्तीन यहूदियोंकाही असली देश है, अरबोंका नहीं। अतएव इस्राइल राजकी बुनियादको उखाड फेंकना अरबोंकी शक्ति से बाहरकी बात है। यद्यपि सुरक्षा समितिके प्रयत्नसे चार सप्ताहके लिये युद्ध स्थगित हो गया है, पर समझौते की कोई आशा नही है। अरब यहूदी राजको स्वीकार करनेको तैयार नही है, उनका कथन है कि यहूदी वहाँ रहना चाहें तो उनका गुलाम बनकर रहें। यहूदी इस शर्तपर समझौता करनेकी अपेक्षा मर मिटना श्रेयस्कर समझते हैं। इस लिये स्थायी संधिकी कोई आशा नही है। अंग्रेज खुल्लम खुल्ला अरबोंकी सहायता कर रहे हैं, अमेरिका और रुस यहूदियोंकी सहायता करेंगे। इस तरह फिलस्तीनमें संसारकी बड़ी बड़ी शक्तियोंका अप्रत्यक्ष संघर्ष होगा, अरबों और यहूदियोंका रक्त पीकर रणचंडी तृप्त होगी और विश्वकी शांतिपर ग्रहण लगे बिना न रहेगा।

## शोक-सम्बाद

### सर महमद हबीबुल्ला।

सर महमद हबीबुल्लाके स्वर्गवाससे जहाँ भारतको अपने एक सपूतसे वंचित होना पड़ा है वहाँ प्रवासी भारतीयोंको अपने एक शुभचिन्तकसे हाथ धोना पड़ा है। सन १८६९ में उनका जन्म मद्रासके वेलोर नगरमें हुआ था और ७९ वर्षकी आयुमें उनका देहावसान हुआ है। सन १९२५ में दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारने भारतीयोंको अछूतोंकी भाँति अलग बसानेके लिये एक कानून बनानेका इरादा कर लिया था और उस कानूनके भीषण परिणामकी ओर भारतकी सरकार और जनताका ध्यान दिलानेके लिये प्रवासी भारतीयोंका एक शिष्टमंडल यहाँ आया था। उन दिनों सर हबीबुल्लाही भारत सरकारके प्रवास-विभाग के अधिष्टाता थे, अतएव उनसे हमारा परिचय हो जाना प्राकृतिकही था। वह कानून पास नही होने पाया। सन १९२६ के अंतमें केपटाउनमें गोलमेज परिषद बैठी उसमें सम्मलित होनेके लिये इनकेही नेतृत्वमें भारतका प्रतिनिधि मंडल गया था। परिषदका परिणाम यह निकला कि भारत और दक्षिण अफ्रिकाके बीच संधि हो गई और वह संधि हर्टजोग-हबीबुल्ला-अग्रिमेंटके नामसे मशहूर हुई।

सन १९२९ में ट्रिनीडाड, डमरारा, जमैका आदि से ७७५ प्रवासी भारतीयोंको लेकर जब 'सतजल' जहाज कलकत्ता पहुँचा तो यह बात हमसे छिपी नही रही कि उसकी ४८ दिनकी यात्रामें ४४ प्रवासी भारतीयोंकी मौत हो चुकी है। मैं उन दिनों कलकत्तामेंही था। पं० बनारसीदास चतुर्वेदीके साथ मैंने 'सतलज' पर पहुँचकर यात्रियोंसे मुलाकात की और उनकी स्थितिकी जाँच भी। इसके बाद हमने सर महमदको तार और पत्र भेजकर प्रार्थना की कि इस दुर्घटनाकी सरकारकी ओरसे अवश्य जाँच होनी चाहिये। उन्होंने हमारे प्रस्तावको मान लिया और बंगाल सरकार पर कमीशन बैठानके लिये जोर डाला। भारत सरकारके आदेशसे बंगाल सरकारको कमीशन बैठानेके लिये बाध्य होना पड़ा। कलकत्ताके प्रवासी-रक्षक ( Protector

of Emigrants) और चौबीस प्रगनेके मजिस्टरके सिवा मुझे भी कमीशनका सदस्य चुना गया था, पर 'सतलज' के वहाँ से कूच कर देनेके बाद जाँचका काम शुरु किया गया, इस लिये मैंने कमीशनमें बैठना अस्वीकार कर दिया। जिनपर उन ४४ मौतोंकी जिम्मेदारी थी वे तो जहाज लेकर रफूचक्कर हो गये, फिर जाँच किसकी और किससे की जाती। महात्मा गांधीने भी मेरे असहयोगका अनुमोदन किया था और कहा था कि इसके अतिरिक्त और कोई उपायही न था।

सर हबीबुल्ला मद्रास और भारत सरकारके उच्च पदोंको सुशोभित कर चुके थे। वे उदार विचारके मुसलमान थे, मतांधतासे उनको घोर घृणा थी। प्रवासी-भारतीय उनकी सेवा और स्नेहशीलताको कभी भूल नहीं सकेंगे।

## प्रोफेसर सुधाकरजी।

दिल्लीके प्रोफेसर सुधाकरजीके आकस्मिक अवसान से हमें बड़ा संताप हुआ है। वे आर्यसमाजके एक अनमोल रत्न थे और हिंदी-साहित्य-गगनके एक उज्वल नक्षत्र। आर्य सार्वदेशिक सभाके वे कईवार प्रधान मंत्री चुने गये थे। हिंदीके वे एक सिद्धहस्त लेखक थे, अनेक छोटी-बड़ी पुस्तकोंकी उन्होंने रचना की थी जिनमें "मनोविज्ञान" नामक ग्रन्थपर उनको हिंदी साहित्य सम्मेलनका तृतीय मंगला प्रसाद पुरस्कार प्राप्त हुआ था। प्रवासी भारतीयोंके धार्मिक और सामाजिक स्थितिकी ओर उनका विशेष ध्यान रहता था। सन १९३६ में जब भारत सरकारके प्रवास-विभागके कुँवर सर जगदीश प्रसाद और सर गिरजाशंकर बाजपेयीसे दक्षिण अफ्रिका की तत्कालीन समस्याओंपर बातचीत करनेके लिये मैं दिल्ली गया था तो लगभग एक सप्ताह सुधाकरजीकाही मेहमान रहा। उस समय उनको निकटसे देखनेका अवसर मिला था। वे बड़े सहृदय और स्नेहशील व्यक्ति थे। उनके निधनसे आर्य जगतकी जो क्षति हुई है उनकी पूर्त्ति शीघ्र न हो सकेगी। हम उनकी सुशीला पत्नी और बच्चोंके प्रति समवेदना प्रकट करते हैं और ईश्वरसे प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्माको अनंत शांति देवें।

## श्री हरीलाल गांधी।

महात्मा गांधीके जेष्ट पुत्र भाई हरीलाल गांधी का गत १८ जूनको बम्बईमें दहांत हो गया। दक्षिण अफ्रिकामें उनसे मेरी मुलाकात न हो सकी थी क्योंकि जब सन १९१२ में मैं वहाँ गया तो उससे पहलेही बापू को त्यागकर हरीलालजी हिंदुस्थान चले आये थे। जब वे मुसलमान बने और देशभरसे सनसनी फैल गई थी, उन दिनों मैं भारत मेही था और कलकत्ता आर्य समाजमें उनके इस दुष्कर्मकी मैंने कठोर आलोचना भी की थी। कुछ दिनोंके बाद बम्बई आर्य समाजने उनको शुद्ध कर फिर हिंदू बना लिया। उनसे मेरी कभी देखादेखी न हुई थी। पर सन १९४२ में वे अचानक एक दिन प्रवासी-भवन आ पहुँचे और बापूके नाते मेरे भाईकी हैसियतसे मेहमान बने। मैंने उनको एक कमरा अलग दे दिया और उनके खान-पान और आरामकी यथेष्ट व्यवस्था कर दी। उनसे केवल यह प्रतिज्ञा करा ली कि प्रवासी भवनमें वे मदिरा का सेवन न करेंगे। वे एक पखवारा मेरे साथ रहे, दिनभर पढ़ने-लिखनेमें संलग्न रहते, लगभग दो दर्जन छोटी-बड़ी पुस्तक पढ़ गये और अंग्रेजीमें एक छोटी सी पुस्तिका भी लिख डाली। मैं उनको अपने साथ दो तीन सभाओंमें भी ले गया और उनके भाषण भी कराये। वे अच्छी हिंदी बोल लेते थे और बोलनेका ढंग भी प्रभावकारक था। उनका शुद्धाचरण और स्वाध्यायसे मैं इतना प्रसन्न हुआ कि मैंने उनको स्थायी रूपसे प्रवासी भवनमें रहनेका अनुरोध किया। इस पर वे राजी हो गये, पर इस शर्त्तपर कि एकबार उनको लखनऊ जाकर कुछ छपी हुई पुस्तकें और अन्य वस्तुएँ लानेकी व्यवस्था कर दी जाय। मैंने कुछ कपड़े और रुपये देकर उनसे प्रार्थना की कि वे यथासंभव शीघ्र लखनऊसे अपनी चीजें लेकर वापस आ जावें। विदा होते समय उन्होंने अंग्रेजीमें लिखित अपनी पुस्तिका मुझे भेंट की जिसमें मेरे सम्बन्धमें न जाने उन्होंने क्या क्या लिखा है क्योंकि मैंने शिष्टाचारके विचारसे उनकी पांडुलिपिको स्वीकार तो कर लिया पर आजतक उसको पढ़ा नही। यहाँसे विदा होकर वे अजमेरके अनेक रईसोंके पास गये और राहखर्च के नामपर उनसे रुपये वसूल किये। फिर तो शराब पीकर गली-गली गिरते फिरे और उन्होंने वह तमाशा दिखाया कि जिसे लोग भूल न सकेंगे।

वास्तवमें हरीलालजी घृणाके नही, दयाके पात्र थे। परिस्थितिके फेरमें पड़कर वे पतनके गर्त्तमें गिर पड़े थे। उनके पतनके कुछ हद्दतक बापू भी जिम्मेदार थे।

बापूकी भाँति बैरिस्टर बननेकी उनकी भी महत्वाकांक्षा थी, पर बापूका तो सिद्धांतही निराला था। वे अपने बच्चोंको उच्च शिक्षा देना निरर्थक समझते थे—उनके चारो पुत्रोंमें कोई भी ग्रेज्युएट नही है। इसी बातपर हरीलाल बापूसे विद्रोह कर बैठे। उनको त्याग कर भारत चले आये और यहाँ कुसंगतमें पड़कर शराबी बन गये। यदि उनकी इच्छाके अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करनेकी व्यवस्था कर दी गई होती तो कदाचित हरीलालका जीवन इससे भिन्न साँचेमें ढला होता। इनका असली नाम हरीलाल था, हीरालाल नही, जैसा कि भारतीय पत्रोंमें प्रचलित हो गया था। सन १८८७ में इनका जन्म हुआ था और ६० साल की आयुमें देहांत हुआ है। माताकस्तूर बा का इनपर बड़ा स्नेह था। सच कहा है—

'पूत कपूत होत बहुतै पै होत कुमाता नाही।
बरु कपूतपर अधिक मातका होतै स्नेह सदाही॥

## सम्पादक की डाक

### श्री संपादकजी, नमस्ते !

"प्रवासी" के चतुर्थ अङ्कमें बाबा रमता योगीकी कलिकाल-कथा मैंने ध्यानसे पढ ली। उसमें जो विचार व्यक्त किये गये हैं वह आदरणीय है। हमारे पत्रकारोंको किसीकी समालोचना करते समय शिष्टाचारका विचार रखना आवश्यक है—मर्यादाका उलंघन कर जाना सच-मुच अक्षम्य है आशा है कि भविष्यमें हमारे पत्रकार अपनी लेखनी पर अंकुश रखेंगे।

पं० विष्णु दयालजीसे हमारा कोई व्यक्तिगत द्वेष नही है। यदि कोई भेद है तो केवल विचार या सिद्धांत भेद है आप जानते हैं कि प्रवासी भारतीयोंको अंधविश्वास और सड़ी-गली रुढियोंके पाशसे मुक्त करनेके लिये श्री मणीलालजी डाक्टरने, एक सनातनी होते हुए भी, पोर्ट लुइसमें पहले पहल आर्य समाजकी स्थापना की थी। हमें पं० विष्णुदयालसे बड़ी बड़ी आशाएँ थीं और हमारा विश्वास था कि वे प्रवासी हिंदुओंको अंधविश्वास और अंध श्रद्धासे मुक्तकर हिंदूसमाजको विवेकशील और बलशाली बनानेका प्रयास करेंगे, पर उन्होंने इससे भिन्न मार्ग ग्रहण कर लिया है। मैं आपकी जानकारीके लिये केवल एक दो दृष्टांत देकर संतोष करूँगा।

इस समय मोरिशसमें पाठशालाओंकी जितनी आवश्यकता है उतनी अन्य किसी वस्तुकी नहीं। गरीब हिंदुओंके बालकोंकी शिक्षाकी व्यवस्था करके पं० विष्णु-दयालजी सभीके श्रद्धाभाजन बन जाते, पर उन्होंने पालमा रोडमें लोगोंको प्रेत्साहित करके शिवालय बनवाया और उसमें बड़ी धूमधामसे मूर्त्तिकी स्थापना करवाई। यही नहीं, मोरिशसके उत्तर-पूर्व समुद्रतटपर बेलमारमें गंगा स्नानके नामसे वार्षिक मेला आरंभ किया गया है। इस मृत रुढिको पुनर्जीवित करनेमें उन्होंने क्या लोक हित सोचा, यह तो वही बतला सकते हैं, पर इससे प्रवासी महिलाओंमें अंधश्रद्धाकी भावना अवश्य प्रबल हुई है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि इस मेलेमें पंडित जी स्वयं महंतके आसन पर विराजते है और स्त्रियोंसे अपनी आरती उतरवाते हैं। क्या उनके जैसे विद्वानके लिये यह शोभाकी बात है? यदि मेरे कथनमें आपको संदेह हो तो आप स्वयं स्वतंत्र रुपसे इसकी जाँच करा लें।

भवदीय—
लावेनीर, सेंट पियरे। मोहनलाल मोहित

### (१) गांधीजी-प्रथम खण्ड।

संपादकः श्री कमलापति त्रिपाठी, श्री कृष्णदेव प्रसाद गौड, श्री काशीनाथ उपाध्याय 'भ्रमर', श्री करुणापति त्रिपाठी और श्री विश्वनाथ शर्मा। प्रकाशकः काशी विद्यापीठ प्रकाशन विभाग, विद्यापीठ रोड, बनारस छावनी। पृष्ट १४४ अजिल्द, सचित्र, मूल्य डेढ रुपया।

काशी विद्यापीठने पचीस खण्डोंमें एक गांधीजी ग्रंथमाला निकालनेका संकल्प कर लिया है उसीका यह प्रथम खण्ड है। इस खण्डमें श्रद्धांजलियोंका संकलन है। महात्माजीकी हत्या इस युगकी सबसे बड़ी दुर्घटना है। अदूरदर्शी हत्यारेने सोचा था कि वह गांधीजीको मारकर देशकी परिस्थिति बदल देगा पर उसके दुष्कर्मका परिणाम उसकी महत्वाकांक्षाके सर्वथा विपरीतही हुआ। संसारमें क्या कभी विचारोंकी हत्याकी जा सकी है? व्यक्तिकी हत्यासे उसके विचार और भी व्यापक और प्रभावोत्पादक हो जाते हैं। मूर्ख हत्यारेने इस पहलूपर ध्यान नही दिया अन्यथा वह बापूको मारकर उनके विचारोंके प्रचारमें सहायक न बनता। स्वर्गस्थ गांधीका विचार जीवित गांधीके विचारसे कहीं अधिक प्रभावशाली बन गया है। भारतीय जनतामें गांधीजीके विचारोंका प्रचार करनेके लिये काशी विद्यापीठने यह अनुष्टान आरंभ किया है जो सर्वथा स्तुत्य है। आशा है कि इस ग्रंथमालाका देश और विदेशोंमें पर्याप्त प्रचार होगा।

## ( २ ) गीता गुर्जरी।

लेखकः श्री चरणतीर्थ। प्रकाशकः रसशाला औषधाश्रम, गोंडल, काठियावाड़। बड़े आकारका पृष्ट ५६, अजिल्द, मूल्य अज्ञात।

यह भगवद्गीताका गुजरातीमें पद्यानुवाद है। काठियावाड़के प्रसिद्ध साहित्यकार श्री उमेश कवि लिखित ग्रंथके प्रारंभमें ग्रंथकारका परिचय है जिससे ग्रंथकारकी विद्वता, प्रतिभा और महत्तापर प्रकाश पडता है। इस ग्रंथके सृजनमें पर्याप्त परिश्रम किया गया है।

## उपनिवेशोंमें हमारे प्रतिनिधि।

आज भारत स्वतंत्र है, कमसे कम इसे औपनिवेशिक स्वराज्य तो मिल गया है, पर प्रवासी भारतीयोंकी अवस्थामें कोई अंतर नही आया, उनकी वही दशा है जो पहले थी। आज भी वे पददलित और परमुखापेक्षी हैं, आज भी वे लावारिश मालकी भाँति उपेक्षनीय हैं। भाग्यकी ठोकरें खाकर वे जिन उपनिवेशोंमें जा बसे हैं, वहाँकी सरकारें उनको अपने देशका अछूत वर्ग मानकर उनके साथ वैसाही व्यवहार करती हैं। उनकी सामाजिक स्थिति चाहे कितनीही ऊँची क्यों न हो गई हो, पर औपनिवेशिक सरकारोंकी दृष्टिमें वे-कुली-कवाड़ी या उनकी औलादही समझे जाते हैं। उनके जीवनमें कभी ऐसा समय नही आया जिसे संतोषजनक कहा जा सके।

जिन प्रवासी भारतीयोंने उपनिवेशोंके बीहड़ बनोंको काटकर उसे साफ-सुथरा कृषिके योग्य बनायरा, जहाँ जंगली जानवरोंका बसेरा था, वहाँ नगर और गाँव बसाये; रेलवे लाइन निकालने, बाग-बगीचा लगाने और हरीभरी खेती लहरानेमें अपनी एड़ी-चोटीका पसीना बहाया था, आज वेही वहाँ हर तरहसे तंग और तबाह किये जा रहे हैं, धक्के मारकर निकाले जा रहे हैं। दक्षिण अफ्रिकाकी भयंकर अवस्थासे आज हमारे देशमें कौन अपरिचित है? वहाँके प्रवासी भाइयोंके सर्वनाशके लिये जनरल स्मट्सने जो 'घेटो कानून' रुपी ब्रह्मास्त्र चलाया है वह अचूक है, अमोघ है। इङ्गलेण्डके निजी उपनिवेश पूर्व अफ्रिकामें जो इमिग्रेशन कानून बन रहा है उससे जहाँ नवीन भारतीयोंका वहाँ प्रवेश वर्जित हो जायगा वहाँ पुराने प्रवासियोंकी स्थिति भी डँवाडोल हुए बिना न रहेगी। अफ्रिकाके यह वही भाग है जिसकी रक्षाके लिये अभी पिछले विश्वयुद्धमें भारतीयोंने अपने शोणितकी सरिता बहाई थी और जर्मन-इटालियनोंके आक्रमणसे उसे बचाया था। फिजी भी ब्रिटिशका निजी उपनिवेश है वहाँकी सरकार भी भारतीयोंकी अभिवृद्धिको कैसे सहन कर सकती है? फिजीमें भी इमिग्रेशन कानून बन गया है जिसका परिणाम यह होगा कि उस देशमें कोई नवीन भारतीय अब पैर भी न धरने पावेगा। वहाँके जन्म प्रवासी भारतीयोंके लिये भी इस कानूनमें यह अडङ्गा लगा दिया गया है कि सत्ताधारियोंके तलब करनेपर उनको अपना जन्म सिद्ध प्रवासाधिकार साबित करनेके लिये जन्म पत्री (बर्थ-सार्टिफिकेट) पेश करना चाहिये। पहले जमानेमें बेचारे अपढ़ भारतीय मजदूर जन्म पत्री ( बर्थ सार्टिफिकेट ) का न मर्म समझते थे और न उसका महत्वही; इस लिये उन्होंने अपने बच्चोंके लिये सरकारी "जन्म पत्री" लेना जरुरी नही समझा। अब इस कानूनके द्वारा उनके प्रवासाधिकारका सरकार चुनौती दे सकती है।

मोरिशसके चार लाखकी आबादीमें तीन लाख भारतीय हैं पर उनकी अवस्था वैसीही है जैसी दाँतोंके बीचमें बेचारी जीभकी। मोरिशसके सिवा डमरारा, ट्रिनीडाड, जमैका और सेन्ट लूशिया भी ब्रिटिशके निजी उपनिवेश है। इन सबका शासन इङ्गलेण्डके कलोनियल आफिससे होता है, पर इनमें कहीं भी भारतीयोंकी हालत संतोषजनक नही है, सर्वत्र वे मद्रासके परियाकी भाँति घृणा और अपमानके पात्र समझे जाते हैं। अस्ट्रेलिया जो विश्वयुद्धके जमानेमें भारतका भाई होनेका दम भरता था, आज वहाँकी धरतीपर किसी भारतीयको पैर धरने देना भी बर्दास्त नही कर सकता। आस्ट्रेलियाकी आबादी बढानेके लिये वहाँकी सरकारने सारे यूरोपकी जनताको खुला आमंत्रण दे रखा है लड़ाईके समय जर्मन, इटालियन आदि शत्रुओंके प्रवेश पर जो प्रतिबंध लगा दिया गया था वह भी अब हटा लिया गया है। कोई भी श्वेताङ्ग वहाँ प्रवेश कर सकता है और सरकारी सहायतासे बस सकता है, पर एक भी एशियाई वहाँ प्रवेश नही कर सकता। इस अङ्कके अंग्रेजी भागमें आस्ट्रेलियाकी इस वर्णविद्वेष पूर्ण नीतिपर 'फिजी समाचार' के संपादकका एक लेख हम प्रकाशित कर रहे हैं। न्यूजीलेण्डमें भारतीयों के साथ जो व्यवहार होता है वह श्री एस. सहोदर सिंह की उस अंग्रेजी चिट्ठीमें पढिये जो "प्रवासी" के चतुर्थ अङ्कमें छपा है।

प्रवासी भाई औपनिवेशिक सरकारोंसे मानवी अधिकारों और न्यायशीलताकी याचना करते हैं, पर सुनता है कौन और सुने भी कैसे? कमजोरों और गुलामों के साथ वाचिक सहानुभूति प्रकट की जा सकती है, मौखिक आश्वासन दिया जा सकता है अथवा दयासिक्त वचनोंकी वृष्टि भी की जा सकती है, पर उनके साथ न्याय कौन करेगा? उनके दावेको मंजूर कौन करेगा? 'जिसकी लाठी, उसकी भैंस' के युगमें कैसी इन्सानियत और कैसा इन्साफ? चिल्ल-पों मचानेवालोंपर दो चार और भी जमा देना वर्त्तमान युगकी सर्वोपरि विशेषता है। यह संसार निर्बलों और दासोंके लिये नही है, इसमें उसींका प्रतिष्टा के साथ निर्वाह हो सकता है जिसमें है आत्मसम्मानकी जगमगाती हुई ज्योति और उसकी रक्षाके लिये है पीठ पर बलवती राष्ट्रीय सरकार।

प्रवासी भाई जिस दिनकी उत्सुकतासे प्रतीक्षा कर रहे थे वह दिन ईश्वरकी अनुकंपासे आ गया। भारत की विदेशी सरकारने प्रवासी भारतीयोंको उपनिवेशोंमें गोरोंकी गुलामी करनेके लिये भेजकर उनको बिलकुल बिसारही दिया था, पर यदि हमारी राष्ट्रिय सरकार भी उसी नीतिका अनुसरण करती और प्रवासी भारतीयोंको अपने भाग्य पर छोड़ देनाही ठीक समझती तो इससे जहाँ प्रवासी भाइयोंकी आशाकी ज्योति बुझ जाती, उनकी आँखोंके सामने निविड़ अंधकार छा जाता वहाँ भारतकी प्रतिष्ठा भी धूलमें मिल जाती और वह संसारकी दृष्टिसे गिरे बिना न रहता। यह स्थिति भारत और उसके प्रवासी अङ्ग दोनोंके लिये कितनी अहितकर और विघातक होती, इसकी कल्पनासेही हम कांप उठते हैं।

पर हर्ष और संतोषकी बात है कि देशमें अनेक जटिल समस्याओंके होते हुए भी हमारी सरकारने प्रवासी भाइयोंको विस्मरण नही किया है। हालहीमें उसने फिजी, मोरिशस और पूर्व अफ्रिका तथा अन्य उपनिवेशोंके लिये भारतीय कमिश्नरोंकी जो नियुक्तियाँ की है उससे प्रवासियोंके प्रति उसके प्रेमानुरागका परिचय मिल जाता है। वास्तवमें यह प्रश्न अन्तर्राष्ट्रिय दृष्टिसे भारतके लिये बड़े महत्वका है और इसकी उपेक्षा मानो राष्ट्रिय आत्मघातही है। हमारे कमिश्नर शीघ्रही उपरोक्त उपनिवेशोंमें पहुँच कर प्रवासी भारतीयोंके सुख-दुःखमें योग देंगे, मातृ भूमिसे उनके सम्बन्धको और भी दृढ़ बनावेंगे और उनकी परिस्थितिसे भारत सरकारके साथही भारतीय जनताको भी अवगत करते रहेंगे।

## फिजीके लिये श्रीवड्ज।

फिजीके लिये श्री एस. ए. वड्ज़ कमिश्नर चुने गये हैं और यह चुनाव सर्वथा उचित और उपयुक्त हुआ है। वड्ज़ महाशयसे हमारा बहुत पुराना परिचय है और हम दावेके साथ कह सकते हैं कि भारतमें इनसे बढ़कर प्रवासी भारतीयोंकी समस्याओंका विशेषज्ञ मिलना दुर्लभ ही है। आज लगभग एक चौथाई सदीसे इनको हम बम्बईके इम्पिरियल इंडियन सिटीज़नशीप एसोसियेशनके मंत्रीके रुपमें देख रहे हैं। महात्मा गांधी जब दक्षिण अफ्रिकासे स्वदेश लौटे तो सत्याग्रह-फण्डका बचा हुआ द्रव्य अपने साथही लेते आये थे, उसी फण्डके आधार पर प्रवासी भारतीयोंकी सेवा करनेके अभिप्रायसे बम्बईमें इम्पिरियल इंडियन सिटीजनशीप एसोसियेशनकी स्थापना

हुई थी। इस एसोसियेशनके मंत्रीकी हैसियतसे वझ़ महाशयने प्रवासी भारतीयोंकी जो सेवा-सहायता आजतक की है उसे हम कभी भूल नहीं सकते। कुछ वर्षोंतक आप भिन्न भिन्न उपनिवेशोंके प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति और समस्याओंपर अंग्रेजीमें छोटी-छोटी पुस्तकें निकालते रहे और फिर उन सबको संकलित और सुचारु रुपसे संपादित कर आपने बडे आकारमें ६७५ पन्नेका "इंडियन्स अब्रोड" ( Indians Abroad ) नामक एक बृहद् ग्रंथ प्रकाशित कराया। आपकी यह अनुपम कृति संदर्भ-ग्रंथ Reference Book का काम देती रहेगी इसके अतिरिक्त आपकी एक और ऐसी कृति है जिससे देश-वासियों और प्रवासी भारतीयोंकी एक बहुत बडी आवश्यकताकी पूर्ति हुई है। वह है प्रवासी भारतीयोंकी डायरेक्टरी (Indians Abroad Directory) यह इतना दुष्कर कार्य था कि शायदही कोई दूसरा इसको कर पाता। संसारमें जहाँ जहाँ हमारे भाई जा बसे हैं वहाँ वहाँ के प्रवासियोंसे उनके सम्बन्धका ज्ञातव्य वृतांत मँगाकर इस ग्रंथकी रचना करना कोई साधारण कार्य न था। सन १९३३ में इस डायरेक्टरीका पहला संस्करण ५०० से अधिक पृष्टोंका निकला था और इस संस्करणमें जो कुछ त्रुटियाँ रह गई थी उसे आपने सन १९३४ में दूसरी आवृत्ति निकालकर पूरी कर दी, यह संस्करण ६७२ पृष्ठोंमें समाप्त हुआ है। इस डायरेक्टरीमें उन सभी देशोंका विवरण है जहाँ जहाँ हमारे प्रवासी बंधुओंकी आबादी है। प्रत्येक देश और उपनिवेशके प्रवासी भारतीयोंका संक्षिप्त इतिहास, उनकी राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शिक्षा सम्बन्धी स्थितिका दिग्दर्शन और उनकी सभा-समितियों तथा संस्थाओंका विवरण दिया गया है, और साथ ही व्यापारियों तथा सार्वजनिक कार्यकर्ताओंके नाम और पतेकी सूची भी दे दी गई है। आप हर साल इस डायरेक्टरीकी नई आवृत्ति निकालना चाहते थे, पर प्रवासियों तथा देशवासियोंकी उदासीनता और अकर्मण्यतासे उनकी इच्छा पूरी होने न पाई और पिछले चौदह सालमें उसका तीसरा संस्करण निकलनेका अवसरही न आया, वही संस्करण आज तक संदर्भका काम दे रहा है। कहनेकी आवश्यकता नहीं कि आपकी यह दोनों पुस्तकें—इंडियन्स अब्रोड और इंडियन्स अब्रोड डायरेक्टरी—इम्पिरियल इंडियन सिटीज़नशीप एसोसियेशनकी ओरसेही प्रकाशित हुई है।

वझ़ भाईने प्रवासी भारतीयोंकी जो भिन्न भिन्न रुपसे सेवाएँ की हैं उनमें 'प्रवासी भवन' का संचालन भी एक था। बम्बईमें विदेशोंके प्रत्यागत प्रवासियोंको ठहराने के लिये एसोसियेशनकी ओरसे आपने यह भवन खोला था और विहारके मेरे प्रवासी-भवनके नामको ग्रहण कर इसका नाम भी प्रवासी भवनही रखा था। विश्वके भिन्न भिन्न देशोंसे लौटनेवाले प्रवासी भारतीयोंको बम्बईमें मकानोंकी कमीके कारण ठहरनेमें जो कष्ट और कठिनाई होती है वह भुक्तभोगीही जानते हैं। पर यह भवन स्थायी नहीं हो सका, कुछही महीनोंके बाद बंद हो गया।

वझ़ महोदय पंजाबके एक रत्न हैं और धर्मसे ईसाई हैं। वे बडे सहृदय और मिलनसार हैं। मुझे प्रवासी भाइयोंके सेवा-कार्यमें आपसे निरन्तर सहायता मिलती रही है। फिजीके प्रवासी भाइयोंका यह सौभाग्य है कि वझ़ महाशय स्वतंत्र भारतके प्रथम कमिश्नरकी हैसियतसे उनके मध्यमें जा रहे हैं। आपके निर्वाचनपर हम भारत सरकारका भी अभिनंदन करते हैं।

फिजीमें अभी २ अक्टूबर १९४६ को जो मनुष्य गणना हुई थी उसके अनुसार वहाँ भारतीयोंकी संख्या १२०,०६३ तक पहुँच चुकी है जिसमें १०१,४९८ तो फिजीके जन्म प्रवासी हैं। इनमें ९९,३३२ हिंदू, १६,८२१ मुसलमान, २,२२६ ईसाई और शेषके धर्म अज्ञात हैं। फिजीके लगभग सवा लाख भारतीयोंमें केवल २१,९६७ व्यक्ति किसी भाषामें पढ़-लिख सकते हैं जिनमें १७,५९० पुरुष और ४३७७ स्त्रियाँ हैं। उस समय १५ वर्षसे कम आयुके ९३२६ बालक और ५०६२ बालिकाएँ पाठशालाओंमें शिक्षा प्राप्त कर रही थी। पर खेदकी बात है कि ५ से १५ वर्षकी आयुकी १३,५५३ कन्याएँ और ९६७२ बालकोंकी शिक्षाके लिये पाठशालाएँ नहीं हैं—उनके जीवनका प्रभात काल अज्ञानाधंकारमें बीत रहा है। इनके सिवा १६ सालसे अधिक आयुके १३,४५५ बालक और १७,७६४ बालिकाओंने कभी पाठशालाका मुँह भी नहीं देखा। शिक्षाकी उचित व्यवस्था न होनेके कारण अधिकांश भारतीय बालक और युवक अशिक्षित है। इस ओर हमारे मित्र वझ़ महाशयको विशेष ध्यान देना होगा।

दक्षिण अफ्रिकामें भी स्वर्गीय श्रीनिवास शास्त्रीके वहाँ जानेसे पहले भारतीय-शिक्षाकी बड़ी हीन दशा थी। केवल नौ हजार बालक शिक्षा पाते थे और शिक्षाके मदमें

सरकार केवल २७,००० पौंड खर्च करती थी। शास्त्रीजी के उद्योग और परिश्रमसे शिक्षाकी प्रगति आरंभ हुई और इस समय जहाँ ३६ हजार बच्चे शिक्षा पाते है वहाँ सरकार इस मद में एक लाख पौंडसे अधिक खर्च कर रही है। पर जब तक श्वेताङ्गों और उनके वर्णसंकरोंकी भाँति भारतीयोंके लिये भी शिक्षा निःशुल्क और अनिवार्य नही हो जायगी तबतक प्रवासी भाइयोंको संतोष कहाँ! औपनिवेशिक सरकारोंको भारतीय शिक्षाकी न कोई फिक्र है और न पर्वाह। हमें आशा है कि भारतीय कमिश्नरके उद्योगसे वहाँ प्रवासी भारतीयोंके इतिहासमें एक नया अध्याय आरंभ हो जायगा।

## मोरिशसके लिये श्री धर्मयश देवजी।

"प्रवासी" के गताङ्कमें हमने पटनाके 'सर्चलाइट' के एक सम्पादकीय लेखके समर्थनमें यह अभिमत प्रकट किया था कि चूंकि मोरिशसके भारतीयोंमें बिहारियोंकी संख्या अधिक है अतएव वहाँ किसी बिहारीको कमिश्नर बनाकर भेजना अधिक उपयुक्त होगा। इससे जहाँ बिहारियोंको संतोष हो जायगा क्योंकि अबतक विदेशोंके लिये जितने राजदूत, कमिश्नर और एजन्ट चुने गये हैं उनमें बिहारका कोई नही है इससे वहाँकी जनतामें असंतोष फैलना स्वाभाविकही है, वहाँ मोरिशसकी अधिकांश जनता भी अपने मध्यमें अपने प्रांतके कमिश्नरको पाकर संतुष्ट हुए बिना न रहेगी। पर इसका यह अभिप्राय नही था कि अन्य प्रांतके योग्य व्यक्तिकी उपेक्षा की जाय और बिहारके अनुभवशून्य व्यक्तिको भी तरजीह दे दी जाय। वास्तवमें प्रांतीयताकी भावनाको हम भारतीय राष्ट्रियताके लिये क्षयरोगसे भी अधिक भयंकर समझते हैं और काँग्रेसने भाषाके आधार पर प्रांत निर्माणका जो निश्चय कर लिया है उसका फल यह होगा कि भारतकी अखंडता छिन्न भिन्न हो जायगी और कई स्वतंत्र राष्ट्रों एवं राज्योंकी सृष्टि हुए बिना न रहेगी। बंगाल आज बिहारकी धरती हड़पनेपर कटिवद्ध है, इस आधार पर कि बिहारके पूर्वी जिलोंमें कुछ लोग बंगला बोलते हैं। प्रांतीयताकी विषाक्त व्याधि फैलाने वाले कोई साधारण जीव नही, नेताजीके भाई श्री शरत चन्द्र बोसके जैसे आखिल भारतीय नेता हैं। यदि इस रोगका शीघ्र उपचार न किया गया, जिसका कोई लक्षण दिखाई नही पड़ता है, तो यह असाध्य हो जायगा और भारतको खंड-खंडकर दासत्वके गहरे गर्त्तमें गिराये बिना न छोड़गा।

इस लिये जब हमें यह सूचना मिली कि श्री धर्मयश देवजी मोरिशसके कमिश्नर चुने जा चुके हैं तो हमें बड़ी प्रसन्नता हुई। यद्यपि देवजी बिहारी नहीं, पंजाबी हैं तो भी प्रवासियोंकी समस्याओंके विशेषज्ञ हैं, इस लिये उनका निर्वाचन सर्वथा श्लाघ्य है। देवजीको हम बहुत वर्षोंसे जानते हैं। प्रवासी भारतीयोंकी स्थिति और समस्याओंका आपने अच्छा अध्ययन किया है और अखिल भारत काँग्रेस कमेटीके प्रवासी-विभागमें भी आप काम कर चुके हैं। आपने अपने अध्ययनके आधारपर अंग्रेजी में एक पुस्तक भी लिखी है जिसका नाम है—'विदेशोंमें हमारे देशवासी' (Our Countrymen Abroad) इसमें भिन्न भिन्न देशोंमें बसे हुए प्रवासी भारतीयोंका संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इस पुस्तकको पं० जवाहरलाल नेहरुकी भूमिकाके साथ काँग्रेसनेही प्रकाशित की थी। इधर आप विधान परिषदके प्रकाशनके अधिष्टाताके रुपमें कार्य कर रहे थे।

मोरिशसके नवीन विधानके अनुसार अगस्तके आरंभ में कौंसिलका पहला चुनाव हो जायगा। हम पिछले अङ्कमें इस विषयपर कुछ प्रकाश डाल चुके हैं। रिडलीने अपनी रिपोर्टमें वहाँकी अवस्थाका विश्लेषण करते हुए साफ कहा था कि यद्यपि मोरिशसमें तीन-चौथाई भारतीय है अर्थात कुल चार लाखकी आबादीमें उनकी संख्या तीन लाख है, उनमें विद्वानों, राजनीतिज्ञों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियोंकी भी कमी नही है, पर जब कोई भारतीय उठने और आगे बढ़नेकी चेष्टा करता है तो श्वेताङ्गोंके सभी दल एक मत होकर उसको गिरानेके लिये बद्धपरिकर हो जाते हैं और निर्वाचकोंपर आर्थिक तथा राजनीतिक दबाव डालकर उसको गिराये बिना दम नही लेते हैं। भाई धर्मयश देव को भारतीयोंके नैसर्गिक अधिकारोंकी रक्षामें सदा जागरुक रहना होगा और इस बातका ध्यान रखना होगा कि उनकी विद्यमानतामें प्रवासी भाइयोंके साथ अन्याय न होने पावे। इनको प्रवासी भारतीयोंके स्वत्वोंका संरक्षक बनाकर भेजा जा रहा है जो एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी का काम है, पर हमारे प्रतिनिधि अपने उत्तरदायित्वको भली प्रकार निबाहेंगे, ऐसा हमें विश्वास है।

हम अपने कमिश्नरोंको एक बातकी विशेष रुपसे चेतावनी दे देना आवश्यक समझते हैं। फिजी, मोरिशस आदि सभी उपनिवेशोंमें राजनीतिक दलबंदियाँ हैं, जहाँ भारतीयोंको कुछ राजनीतिक अधिकार मिले हुए हैं वहाँ दलबंदीकी भावना भी बलवती हो उठी है। कभी कभी तो यह दलबंदी ऐसा उग्ररुप धारण कर लेती है कि आपसमें हाथापाई तककी नौबत आ जाती है। इस तरहकी राजनीतिक दलबंदियाँ प्रवासी भारतीयों तकही सीमित नही हैं, अन्य वर्गके लोग भी इस व्याधिसे बुरी तरह ग्रस्त है। यूरोपकी राजनीतिकी यह देन है और लोकतंत्रका अनिवार्य परिणाम है।

हमारे कमिश्नरोंको प्रवासी भारतीयोंकी राजनीतिक दलबंदीसे बिलकुल अलग रहना चाहिये और इस दलदलमें पड़नेकी भूल कदापि नही करनी चाहिये अन्यथा उनकी प्रतिष्ठा धूलमें मिल जायगी और वे अपने कर्तव्यका यथावत् पालन न कर सकेंगे। यदि वे किसी दल विशेषके पोषक और समर्थक बनेंगे तो स्वभावतः अन्य दलोंके सहयोगसे उनको वंचित होना पडेगा जो उनके लक्ष्यकी पूर्तिमें बाधक होगा। उनको तो बस—

"कबीरा खड़ा बजारमें सबकी चाहे खैर।
न काहूसे दोसती न काहूसे बैर॥"

की नीतिसे काम लेना चाहिये। बिना किसी भेदभावके सब दल और सब वर्गसे सम्बंध बनाये रखना चाहिये और उनके आपसके झगडोंसे सर्वथा तटस्थ रहना चाहिये। इससे जहाँ वे समस्त जनताका स्नेह और सम्मान भाजन बन सकेंगे वहाँ अपने उत्तरदायित्व पूर्ण पद-भारको भी सहजही वहन कर सकेंगे। वहाँ उनके पहुँचनेपर हरएक दल उनको अपनी तरफ खींचनेकी कोशिश करेगा और यदि कहीं वे दलबंदीके दलदलमें जा फँसे तो फिर उसमेंसे सही-सलामत निकल आना दुस्तर हो जायगा। इस लिये उनको शुरुसेही सचेत एवं सावधान रहनेकी आवश्यकता है।

## प्रवासी-भवनमें मोरिशसके कमिश्नर।

गत ६ जुलाईको मोरिशसके कमिश्नर श्री धर्मयशदेवजी प्रवासी भवन पधारे थे, उनके आगमनका उद्देश्य था हमसे मिलना और मोरिशसके सम्बंधमें विशेष जानकारी प्राप्त करना। हम यह लिख चुके हैं कि धर्मयश देवजीको हम कई वर्षोंसे जानते हैं; आप पंजाब विश्वविद्यालयके स्नातक है। आपके पिता तथा परिवारके अन्य प्राणियोंका आर्यसमाज पर विशेष अनुराग रहा है, यहाँतककि आपके काकाने सत्यार्थ प्रकाशका जर्मन भाषामें अनुवाद किया है, पर आपकी अभिरुचि उनसे भिन्न रही है आरंभसेही आप राजनीतिकी ओर आकर्षित हो गये। सन १९२८ में सरदार भगतसिंहके षडयंत्रके मामलेमें आप भी गिरफ्तार हुए थे पर सबूत न मिलने पर छोड़ दिये गये। सन १९३२ से १९३७ तक पाँच साल आप इङ्गलेण्डमें रहे और वहाँ आपने पत्रकार कलाका अध्ययन किया। ब्रिटिश पार्लामेंटके सदस्य श्री सकलत वालाके साथ आपने लंडनमें कुछ दिनोंतक काम किया था। सन १९३७ में भारत लौटनेपर आप "पायोनियर" के सहकारी संपादक नियुक्त हुए। सन १९३९ में आपने अमेरिका, वेस्ट इंडीज, फ्रांस, बेलजम, इटाली और हाँलेण्ड आदि देशोंका एक पत्रकारके रुपमें पर्यटन किया। सालभर आपने कांग्रेसके प्रवासी-विभागमें भी काम किया और उसी समय 'विदेशोंमें हमारे देशवासी' नामक पुस्तक अंग्रेजीमें लिखी। धारा सभाके पिछले निर्वाचनके समय सरदार पटेलके नेतृत्वमें आपने कॉंग्रेस के प्रकाशन विभागमें काम किया और इधर जबसे भारतीय विधान परिषदकी स्थापना हुई है, आपही उसके प्रकाशन-विभागके अधिष्टाता रहे।

हम तो यही कहेंगे कि हमारे कमिश्नरोंको विदेशों में मिश्नरीके रुपमें जाना चाहिये और वहाँ प्रवासी भारतीयोंमें जहाँ भारतीय संस्कृतिका प्रचार करना चाहिये वहाँ औपनिवेशिक श्वेताङ्गों तथा आदिम निवासियोंको भारतके वास्तविक रुपका परिचय भी देना चाहिये। ब्रिटिश शासन कालमें हमारे देशवासी जो अर्द्ध गुलाम बनाकर विदेशोंमें भेजे जाते रहे उससे संसारमें भारतकी बड़ी बदनामी और बेइज्जती हुई है और हम वहाँ कुली कवाड़ी के नामसे मशहूर हो गये हैं। इस कलंक मोचनके लिये हमारे कमिश्नरोंको यथाशक्ति उद्योग करना चाहिये। आशा है कि स्वतंत्र भारतके प्रतिनिधि बनकर जो महाभाग विदेशोंमें जा रहे हैं वे जहाँ प्रवासी भारतीयोंके स्वत्वोंकी रक्षा करेंगे वहाँ उनमें भारतीय संस्कृतिका संचार भी।

## दक्षिण अफ्रिकामें मलानशाही।

दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंके लिये जैसे जनरल स्मट्स थे वैसेही डाक्टर मलान हैं—जैसे वह सांपस्वामी थे वैसेही यह नागनाथ हैं। दोनोंमें यदि कुछ अंतर है तो यही कि जनरल बाहर तो विश्वबंधुत्व, लोकतंत्र और मानवी स्वाधीनताका राग अलापा करते थे पर घरमें आदिम निवासियों और प्रवासी भारतीयोंके साथ ठीक उसके विपरीत व्यवहार किया करते थे—'घेटो एक्ट' बनाकर उन्होंने वह पाप कमाया है जिसका कोई प्रायश्चित नहीं। सत्ताके लोभ से उन्होंने मानवताकी हत्या कर डाली, फिर भी सत्ता उनको अंगूठा दिखाकर चलही गई। पर डाक्टर मलान कूटनीतिसे नितांत अनभिज्ञ हैं, इस लिये अपने वचन पर प्रवंचनाका मुलम्मा चढाना नहीं जानते और इसलिये वे गला फाड़कर चिल्ला रहे हैं कि गैर-गोरोंको गुलाम बनाकरही रखेंगे, चाहे संसार उनको भला कहे या बुरा। उनके स्वरमें स्वर मिलाकर अन्य मंत्री भी गैर-गोरोंके मानवी अधिकारोंके विरुद्ध युद्धकी घोषणा कर रहे हैं। डाक्टर मलानके दलका यह अटल सिद्धांत है कि यदि श्वेताङ्गोंकी संस्कृति, समृद्धि और शासनकी रक्षाके लिये देशियों और भारतीयोंका सर्वनाश भी करना पड़े तो भी कोई संकोच न करना चाहिये। डाक्टर मलान तत्वज्ञान, साहित्य या व्याधियोंके डाक्टर नहीं है बल्कि धर्मके डाक्टर हैं, पादरी हैं और ईसाई धर्मके रक्षक हैं इस लिये उनके नामके साथ डाक्टरका पुछल्ला लगा है पर इनके धर्मकी परिधिमें श्वेताङ्गोंके सिवा अन्य किसीका प्रवेश नहीं हो सकता। जिस डच चर्चके मलान धर्माध्यक्ष हैं उसमें सफेद चमड़े वालोंके सिवा अन्य सभी रङ्गके व्यक्तियोंका प्रवेश बर्जित है। उसके दरवाजेपर यह नहीं देखा जाता कि आगंतुक धर्मिष्ट है या पातकी बल्कि यही देखा जाता है कि उसके चमड़ेका रङ्ग सफेद है या नहीं।

अतएव मलान जैसे मतांध और रङ्गद्वेषके पोषकका सत्तारुढ होना प्रवासी भारतीय और भारत सरकारके लिये घोर चिन्ताकी बात है। दक्षिण अफ्रिकाके मामलेमें भारत सरकार एक आवेदन पत्र तैयार कर रही है, जो संयुक्त राष्ट्र संघके मंत्रीके पास भेजा जायगा और उनसे यह अनुरोध किया जायगा कि संघके सितम्बर-अधिवेशनकी विचार-विषय सूची (एजेंडा) में इस मामलेको भी सम्मलित कर लिया जाय। इस विषय पर राष्ट्र संघमें दो बार चर्चा हो चुकी है अतएव इसको एजन्डामें शामिल कर लेनेमें किसीको कोई आपत्ति नहीं हो सकती।

सन १९४६ में दक्षिण अफ्रिका बनाम भारतका मामला राष्ट्र संघमें पेश हुआ था उस समय जनरल असम्बलीने दो-तिहाई बहुमतसे यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था कि दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयों के साथ जो व्यवहार वहाँकी सरकार कर रही है वह अन्यायमूलक है। अतएव उनके साथ भारत तथा दक्षिण अफ्रिकाके बीच हुई संधिके शर्तों और मानवी अधिकारोंके चार्टरके अनुसार व्यवहार होना चाहिये। इस विषय पर हम "दक्षिण अफ्रिकामें श्वेताङ्ग नीति का नंगा नाच" शिर्षक लेखमें विस्तारपूर्वक प्रकाश डाल चुके हैं। जब जनरल स्मट्सकी सरकारने संघके आदेशकी अवहेलना करनेका दुस्साहस कर डाला तो सन १९४७ के अंतमें भारतने फिर संघके अधिवेशनमें इसकी चर्चा छेड़ी पर इसवार गोरे राष्ट्रोंका गुट्ट दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारका समर्थक बन गया, इस लिये भारतको दो-तिहाई वोट न मिल सका और यह मामला खटाईमें पड़ा रह गया। यद्यपि दक्षिण अफ्रिकाकी सरकारको राष्ट्र संघकी आज्ञाका उल्लंघन करनेके अपराधमें दण्ड नहीं दिया जा सका तो भी संघके सन १९४६ के प्रस्ताव या निर्णय पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, वह तो ज्योंका त्यों बना रहा। इस वार भी भारतका यह प्रस्ताव कि संघके प्रस्तावके आधार पर एक गोल मेज परिषद करके प्रवासी भारतीयोंकी समस्याएँ हल हो जानी चाहिये, बहुमतसे पास हो गया था, पर संघके किसी विशेष प्रस्तावको कार्यान्वित करनेके लिये केवल बहुमत पर्याप्त नहीं है—दो-तिहाई मत अपेक्षित है।

भारत सरकार इस प्रश्नको पुनः इस लिये उठाना चाहती है क्योंकि वहाँकी स्थिति सुधरनेके बदले दिन पर दिन बिगडती ही जाती है। इस समय वहाँ जो नई सरकार कायम हुई है वह पृथक्करण (Seg-

regation ) नीति पर अमल करनेके लिये प्रतिज्ञावद्ध है। इससे प्रवासी भारतीयोंका रहा-सहा मानवी अधिकार भी विनष्ट हो जायगा और उनके सर्वनाशका मार्ग प्रशस्त हो जायगा। यह केवल वहाँ बसे हुए ढाई लाख प्रवासी भारतीयोंकी स्थितिकाही नहीं, भारतकी राष्ट्रिय प्रतिष्ठा एवं महत्ताका भी प्रश्न है। इस लिये भारत सरकार राष्ट्र संघमें फिर इसकी चर्चा उठाकर विश्वको इस वर्ण विद्वेष मूलक नीति एवं प्रवृतिसे सूचित और सचेत कर देना चाहती है जिसका परिणाम होगा पूर्व और पश्चिममें भयंकर संघर्ष और विश्वकी शांतिका संहार।

## नेटालमें हिन्दी प्रचार।

हमारा यह पक्का विश्वास है कि यदि प्रवासी भारतीयोंने अपनी भाषा भुला दी तो उनकी भारतीयता भी विलुप्त हो जायगी। शरीर रहेगा पर आत्मा नहीं। जिस राष्ट्रकी भाषा मर जाती है उस राष्ट्रका जीवित रहना असंभव है। इस विषयपर माननीय श्री निवास शास्त्रीसे हमारा गहरा मतभेद हो गया था। उन दिनों नेटालमें शिक्षा कमीशन बैठा था। हम चाहते थे कि नेटालके सभी सरकारी और सहायक स्कूलोंमें भारतीय विद्यार्थियोंको उनकी मातृभाषा एक विषयके तौरपर पढाई जाय। नेटाल इंडियन कॉंग्रेस की ओरसे कमीशनको जो आवेदन-पत्र दिया गया था उसमें भी इस माँगकी पुनरावृत्ति की गई थी। जब अध्यापकोंका अभाव कहकर इस प्रश्नको टालने की चेष्टा की गई तो हमने यह उपाय सुझाया था कि फिलहाल तो ट्रेंवलिङ्ग टीचरोंसे काम लिया जाय और भविष्यके लिये टीचर ट्रेनिङ्ग क्लासमें प्रत्येक अध्यापक के लिये एक भारतीय भाषा सीखना अनिवार्य कर दिया जाय, इससे दो तीन सालमें अध्यापकोंकी कमी दूर हो जायगी। पर चूंकि शास्त्रीजी हमारे मंतव्यके प्रचंड विरोधी बन गये, इससे हम अपने प्रयत्नमें सफल न हो सके, हमारी मनोकामना पूरी न होने पाई।

अब हमें नेटालसे यह समाचार पाकर बड़ा संतोष हुआ है कि गुरुकुलके एक सुयोग्य स्नातक पं० नरदेवजी वेदालंकार इस समय नेटालमें हिंदी प्रचारके लिये विशेष रुपसे प्रयत्नशील हैं। हालहीमें नेटालकी आर्य प्रतिनिधि सभाकी ओरसे एक हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसका सारा कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलनमें विशेष महत्वका काम यह हुआ कि एक "हिंदी शिक्षा संघ" नामक संस्थाकी स्थापना हो गई और इसके सभापति पं० नरदेवजीही निर्वाचित हुए हैं। इस संघका उद्देश्य है कि नेटालकी हिंदी पाठशालाओंका एकी करण, उन्हें अधिक संगठित, नियमित और व्यवस्थित बनाना और उनकी पाठविधि एवं अभ्यास क्रममें एकरुपता लाना। संघ नेटालकी अवस्थाके अनुसार परीक्षा पद्धति चलानेका भी यत्न करेगा और परीक्षोतीर्ण विद्यार्थियोंको प्रमाण-पत्र देनेकी व्यवस्था करेगा। नवीन पाठशालाओंका स्थापन एवं संचालन, परीक्षकों की नियुक्ति, अध्यापकोंकी योग्यतामें अभिवृद्धि और आवश्यकतानुसार हिंदुस्थानसे अनुभवी अध्यापकों को बुलानेका प्रबंध करना भी संघके कार्यक्रमके अन्तर्गत हैं।

इस समय जो सबसे अधिक उपयोगी और आवश्यक कार्य है वह है हिंद के अध्यापक तैयार करने का। यों तो यत्रतत्र अनेक पाठशालाएँ खुली हुई है, लोगोंमें अपने बच्चोंको हिंदी पढ़ाने और बच्चोंमें अपनी मातृभाषा पढ़नेकी उत्कल अभिलाषा भी है, पर उनकी अभीष्ट सिद्धिमें सबसे बड़ी कठिनाई है अध्यापकोंकी। हिंदी अध्यापकोंका वहाँ नितांत अभाव है। जो इस समय अध्यापनका कार्य करते हैं वे ठोंक-पीट कर वैद्यराज बनाये गये हैं। जब उनको स्वयं शुद्ध हिंदी लिखना नही आता और न स्त्री लिङ्ग और पुलिङ्ग का ज्ञान है तो वे बेचारे बच्चोंको क्या पढावेंगे? नेटालमें शायदही कोई अध्यापक मिले जिसे हिंदीका सम्यक बोध हो। अतएव संघके सामने यही सबसे विकट समस्या है।

यह जानकर हमें बड़ा संतोष हुआ कि डरबन में हिंदी अध्यापक मंदिरके नामसे टीचर ट्रेनिङ्ग क्लास खोला गया है और पीटर मेरित्सबर्गमें भी इसकी शाखा खोलनेका विचार हो रहा है। यदि नरदेवजीने कुछ ऐसे अध्यापक तैयार कर दिये जो बालकोंको शुद्धरुपसे हिंदी पढ़ा सकें तो उनका नेटाल प्रवास सार्थक हो जायगा और हिंदी-भाषी उनके चिरकृतज्ञ

रहेंगे। इस कार्यमें उनको श्री सत्यदेवजी, श्री सुखराज छोटई प्रभृतिसे विशेष सहायता प्राप्त हो रही है। भारतीयताकी रक्षाके लिये हिंदीका ज्ञान अनिवार्य है। हिंदी सम्मेलनके सभापति श्री राजदेव बोधासिंहका यह कथन कि "यह एक मानी हुई बात है कि यदि इस देशमें हम अपने भारतीय रूपको कायम रखना चाहते हैं तो भारतके साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक सम्बंध बनाये रखना अत्यावश्यक है और इस सम्बंध को स्थायी एवं दृढ़ बनानेका शक्तिशाली साधन है—भाषा," प्रत्येक प्रवासी भारतीयके लिये मनन और हृदयंगम करने योग्य है।

"हिंदी लिखना, हिंदी पढ़ना, हिंदी भाषाका हो ज्ञान।
खाते-पीते-सोते-जगते हिंदीकाही हो अब ध्यान॥
सांझ-सवेरे सर्व प्रवासी जपा करो यह मंत्र महान।
जय-जय प्यारी हिंदी भाषा, जय-जय प्यारा हिंदुस्थान॥

## शारदाजीकी हीरक जयंती।

कुँवर चाँदकरणजी शारदाकी हीरक-जयंती गत २३ जूनको अजमेरमें मेयो-कालेजके उपाचार्य कुँवर मदन सिंहजीकी अध्यक्षतामें धूमधामसे मनाई गई। इस अवसर पर शारदाजीको शारदा-सत्कार-समितिकी ओरसे एक 'अभिनंदन-पुस्तिका' भी भेंट की गई थी। शारदाजी ने स्वधर्म, स्वदेश और स्वजातिकी जो सेवाएँ की हैं वह सर्वथा प्रशंसनीय है। प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नोंमें भी आप विशेष अनुराग रखते है, इसी लिये द्वितीय प्रवासी परिषदका आपको प्रधान वरण किया गया था। भारतके असहयोग-आंदोलनके प्रथम युगमें आप काँग्रेसकर्मी थे, पर काँग्रेसकी मुस्लिम-तुष्टिकरण नीतिसे खिन्न होकर आप हिंदू महासभामें जा मिले। इधर लगभग एक चौथाई सदीसे आप हिंदू महासभाकी नीति एवं प्रवृत्तिके पोषक हैं और उसके मंत्री भी चुने जा चुके हैं। आर्यसमाजके तो आप उच्च कोटिके एक नेता हैं और भिन्न भिन्न रूपसे समाजकी जो सेवाएँ की हैं वह अभिनंदनीय हैं। शारदाजी ने अपनी हीरक जयंतीके अवसर पर एक बात ऐसी कही है जो प्रत्येक देशसेवकको अपने हृदय पट पर अंकित कर लेना चाहिये। आपने अपने सत्कारके लिये उपकार मानते हुए कहा कि "जो कुछ मैंने किया है वह ईश्वरकी अनुकंपासे। मैं तो एक नाटकके पात्रके समान हूँ, जो कुछ करता हूँ, जो कुछ होता है वह भगवानकी प्रेरणासे ही। हमलोग तुच्छ प्राणी अज्ञानवश इसे अपना काम समझकर अहंकार करते हैं और किये हुए कामोंके लिये प्रशंसा और यश चाहते हैं......मैं तो भगवानसे यही प्रार्थना करता हूँ कि मुझे बल दे कि मैं अपने जीवनमें यश और अहंकारको त्यागकर जनता-जनार्दनका सच्चा सेवक बनूँ।......यश और कीर्त्ति तो कर्तव्य पालनसे अपने आप मिल जाती है।"

वास्तवमें अहंकारही मानवके पतनका सोपान है। जो नाम और यशकी तृष्णासे जन सेवाके क्षेत्रमें प्रवेश करते हैं उनपर प्रकृति अट्टहास करती और पग-पगपर बाधा डालती है जिससे अंततः उनको हताश होकर या तो अपनी भावना बदलनी पड़ती है अथवा इस क्षेत्रसे विरक्त हो जाना पड़ता है। इसीसे गीतामें निष्काम कर्म की शिक्षा दी गई है। जो कुछ कर्म करो उसका फल चखनेकी इच्छा न रखो। आत्मश्लाघासे बचे रहो, अपने शरीरको अपना नहीं, ईश्वरका औजार समझो। यदि कर्मोंका मृदुफल मिले तो स्वयं स्वीकार न करो, ईश्वरको समर्पित कर दो। सच्चे सेवकको अपने नाम और कामकी विज्ञप्ति करनेकी जरुरत ही नहीं, कीर्त्ति और प्रतिष्ठा तो चेरी बनकर उसके पीछे पीछे दौडती फिरती है।

## प्रवासी भवनमें श्री डी. सिबरन।

The History of these islands and continental colonies is brimful of colour and romance. For it was here that British, French, Dutch and Spaniards fought for supremacy in the 17th and 18th centuries; here buccaneers, pirates and genuine adventurers met, fought, formed alliances, divided rich spoils and intrigued for their respective countries. It was to these historic shores that the quest for El Dorado, the fabulous city of gold, brought the flower of European adventurers, and Raleigh,

But after the futile quest for the city whose streets were paved with gold had left the see ers baffled, exhausted and in many cases indigent, the British found themselves in possession of a string of colonies which later was to become the sugar bowl of Europe.`

Cultivation of sugar-cane, introduced from the East, brought new importance to the West Indies. For with it came the slave trade. Together these became the foundation of British prosperity in the 17th century and English cities like Bristol, Liverpool and even London itself owe much to the trade with the West Indies. But if the dream of El Dorado was not realised there was enough agricultural and other mineral wealth to compensate. The renowned Asphalt Lake of Trinidad and its important oil industry, the Bauxite and gold-bearing areas of British Guiana, the bananas, citrus fruits and sugar cane of Jamaica and the other northern islands still kept these historic colonies high in world esteem.

After the emancipation of the Negro slaves from the sugar plantations new sources of free labour had to be found as the emancipated Negroes refused to work on the land where but recently they were bound with chains. Indentured labour from Portugal and the Portuguese possessions of Funchal and Madeira was tried; later Chinese immigration was introduced, but both proved unsuccessful. It was then that eyes turned to India as the country which could provide men to save the rapidly declining sugar plantations.

The unsettled state of India—just about the time of the general revolt of 1857—caused many a young man to venture to new fields. Hundreds volunteered to come to the West Indies. The early history of their presence here does not make cheerful reading as many were the heartaches and the disappointments, but so successful was the propaganda of the paid agents in the Indian cities that hundreds more came until the system was finally abolished in 1917.

Thus today from Jamaica to British Guiana, large Indian colonies are to be found. Trinidad with an Indian population of 200,000 has the largest Indian colony in the Western Hemisphere and British Guiana with 150,000 comes next. By dint of hard work, thrift and innumerable sacrifices the Indians, by and large, have earned a secure place for themselves in these parts; but economic, political and social problems remain to be solved. The peasantary are not a happy lot, but the degree of economic emancipation in the larger colonies holds out hope for a better future.

With the growing political consciousness of West Indians of non-Indian ancestry, the deep racial antoganisms, and the insular outlook of many of the people, the Indians have now to consolidate their position or else find themselves pariahs in the land they have sacrificed so much to make a smiling garden. This is the major problem that Indians in the West Indies have to face today. To say that they must forget their Indian identity and merge themselves fully with the majority community is simply to beg to question for the majority community must be of similar mind and that is not the experience of thinking Indians on the spot. This is where skilful leadership and wise planning becomes necessary, and the appointment of a Commissioner, though he is not to interfere with internal matters, is extremely useful at this juncture.

The loyalty of Indians of the Caribbean to India has been a notable feature of their lives. Indian tradition and customs die hard, and these have been carefully maintained through the long, dark years when India was not in a position to help, and when no one knew what the fate of the Mother country itself would be. But they have been content to wait. Today with India free and independent much is expected from her. Not to fulfil the pledge of Indian leaders of the past would be a blow from which many could not recover.

The appointment of an Indian Commissioner so soon after India has gained her freedom is interpreted here to be partial fulfilment of promises made by the Congress and the other leaders of the past. Because of the large number of Indians and because of the peculiar nature of their problems the value of a diplomatic representative of the Government of India here must surely be greater than in many European and American countries where there is no significant Indian population. Already the Commissioner, Professor Satyacharan, has got down to business. He has made his headquarters in Trinidad, which is the strategic centre of the British Caribbean, and has visited British Guiana where he met Indian leaders and discussed with them the labour situation on the sugar plantations where ninety per cent of the workers are Indians, and he is soon to visit Jamaica where the Indian community is in great need of help along social and cultural lines.

With this appointment a new chapter in Indo-West Indian relationship is opened. The need for trade and improved culture contacts is acute and already the Commissioner has shown by his diplomatic ability and pleasing personality that he is the right man for the job. He has been extremely popular wherever he has been and he has been able to impress people of other races of his genuine interest, not only in his own but in all the peoples of the Caribbean. Thus the half-a-million Indians of the Caribbean look forward to the future with hope and confidence.

# DR. DOOKHAN RAM ON WORLD TOUR

Dr. D. Ram, B. Sc., M.B. (Calcutta), D. L. O., D. O. M. S. (London), Professor of Ophthalmology and Oto-rhino-Laryngology, P. W. Medical College, Patna, who is a staunch supporter of the "Pravasi" and takes a keen interest in the problems of the Indians overseas since the early days of his career, was born at Sasaram, in the district of Shahabad (Arrah), Bihar, in 1899. After being matriculated in 1918, he joined the Medical College at Calcutta in 1920 where he completed his B. Sc., and M. B. Examinations in 1926, He joined service in 1927 under the Bihar Government at the Eye-Hospital of the Medical College, Patna, where he served his people till 1933. Thereafter, he went to England and spent two years on a special study. On his return from abroad he was appointed a lecturer and later, since 1943, a professor of ophthalmology and Oto-rhino-laryngology in Medical College, Patna.

He has also been honoured by the Universities of Patna, Calcutta, Lucknow, Agra and Punjab as an Examiner.

Dr. Ram is not only a popular physician in the Province of Bihar, but also a noted philanthropist. He is connected with many educational institutions and social organisations. He

donates a considerable sum of his income for the deserving institutions as well as for the poor and needy. He has financially assisted many poor students in the medical and other professions who are today holding responsible position in Bihar The Editor of "Pravasi" is well acquainted with him since he was a medical student in Calcutta.

डाक्टर दुखनरामजी Dr. Dookhan Ram

Now he has been selected by the Government of India and awarded travelling fellowship from the Department of Ophthalmology for a period of nine months, for a general tour of the world in order to visit the different centres and institutions and acquaint himself with the latest developments in this branch of Medical Science. He has left Bombay on the 3rd June 1949, for London, which is the first objective in his world tour, and from there he will proceed to other places assigned by the Department. We wish him all the success in his enterprise.

# NOTES

## DURBAN CONFERENCE

Indians and Africans, coloured people and Europeans, declared from the same platform the urgent need for South Africa to TAKE STEPS AGAINST FACISM, which they said was gaining ground in the Union.

They were speaking at the opening of the annual conference of the Natal Indian Congress, on June 25th, 1949.

The African people were represented through the fraternal greetings of the Natal African National Congress, Europeans by Dr. Edgar Brookes, of the Union Senate, and the Coloured people by a representative of the African Peoples' Organisation.

The gathering included Shri R. T. Chari, Secretary to the Indian High Commissioner in South Africa, who explained India's interest in the South African Indian people.

Dr. Brookes, in a written address to the conference, said: "I am quite sure that South Africa will never realise her destiny until she finds a place for all her children of whatever colour or descent and recognises the needs of all and the potentialities of all service to our common country."

"As a South African, I realise our reputation will depend, largely on the way we handle our citizens of Indian decent," he said.

Dr. G. M. Naicker, President of the Natal Indian Congress, urged a union of all democratic forces in South Africa.

Speaking for the Natal African National Congress, Shri H. Selby Msimang said that the

African regarded the Union as the only home of the South African Indians.

Both Indians and Africans, he said, could travel together to their destiny by co-operation born of mutual respect, tolerance and suffering and willingness to extend a helping hand to the less fortunate.

The colour of a man was immaterial, said the representative of the coloured people Mr. E. C. Swales. There should be a clarion call for co-operation among all races.

Mr. Chari said that as a representative of a Commonwealth Government beyond the seas, he could not comment on matters before the conference.

"It has been a matter of surprise to me that there should exist in the Union such unclear views on the interest of the Government and people of India in the treatment and position of Indians and other non-Europeans in the Union," he said.

"These people are Union nationals," Mr. Chari said. "How then does India come into the picture ? This attitude, it seems to involve a complete misconception of India's standpoint.

"It is not denied that the Indian community in this country are Union nationals; 90% of them were born in the Union and rest have taken deep root in the soil of your beautiful country."

There was so much inflammable material laying around in South Africa, Mr. Chari said, and so many careless "lightning of fires and throwing of lighted cigarettes about" negligently, that it was mere common sense, wisdom and good neighbourliness for someone to call out over the fence: "Look out or you will burn yourself." That was India's interest in S. Africa, he said.

## DONGES ON REPATRIATION

Their short term policy was to increase restrictions, and their immediate policy to see that segregation was applied, not only between Indians and Europeans but also between Indians and Negroes.

There were now a quarter of a million Indians in South Africa, Dr. Donges said. He asked what difference that number would make to the sub-continent of India, with a population of over four hundred millions, if repatriation took place?

The principle of transfer of population, approved at the Potsdam Conference, was almost a regular matter of policy today, he declared. It had taken place between India and Pakistan and was happening in Palestine and Europe.

Mr. Donges said that to bring down the Union's Indian population to its "irreducible minimum" was a matter which could not be achieved in one year.

When an Opposition Senator interjected "one century," the Minister commented: "Well, I do not want to be so pessismistic, but the Opposition said the Government declared this to be our policy, and asked why we had not yet done it." If there was any lesson to be learned from the recent Natal riots, it was that mixed areas, were dangerous he said. The object of the Government's segregation policy was to avoid friction created by such areas.

The Government did not at present treat the Indian population as a separate entity falling under a particular Ministry, Dr. Donges stated. The community was dealt with like all other people, under various departments. The Government had approached the Indian community suggesting establishment of advisory councils, representing Hindus and Muslims separately, under one Minister. The idea was not favourably received. By the repeal of Part II of the Asiatic Land Tenure and Indian Representation Act of 1946, the Government had indicated it was not prepared to give the franchise to Indians. The repeal was the first step in the long-range policy of repatriation. If Indians were given the franchise, it would be shown that they were accepted as a permanent factor in the population, Dr. Donges said.

INDO-UNION R. T. C.

India has proposed to Pakistan that the two countries approach South Africa jointly to discuss the treatment of their nationals in the Union, it was authoritatively learnt.

Pakistan has not yet replied but usually well informed quarters said that the Government was likely to give the proposal its full support.

There was no likelihood at present of restrictions being lifted on exports from Pakistan to South Africa, it was stated.

WHITE AUSTRALIA AND ASIANS

Neither Britain nor America was likely to send armed forces to defend "White Australia" policy, Prof. Macvahon Ball, former member of the Allied Control Council for Japan, said.

Suggesting that Australia should admit a small quota of imigrants from Asia each year, he declared: "We must stop regarding ourselves as superior to Asian peoples. If we offend them with a policy treating them as untouchables, they could retaliate by closing airfields and sea-ports."

CALPIN'S BOOK ON KAJEE

Indian moderates are "written off as a political force" by Mr. G. H. Calpin, a close associate of the late Mr. A. I. Kajee, in his book INDIANS IN SOUTH AFRICA just published.

Mr. Calpin states that the social and political order of Indians has undergone a revolutionary change. A complete new generation of Indian leaders has appeared, to the presence of which and to the significance of which Europeans have given no attention.

Commenting on the "Indian moderates who still exist," Mr. Calpin says: "These men, disillusioned time and again, continued to hold the belief that the South Africa of General Smuts will grant them honourable terms. The best of them, the late A. I. Kajee, dropped dead in the tracks of compromise and broken promises. Those who still live are written off as a political force. They carry no more weight than their own avoirdupois.

"Political power," adds Mr. Calpin, "has passed into the hands of the forces of the Left, the trade unionists, the Indians who have been overseas, the rising young lawyers the ambitious students the twentieth-century passive resisters.

"These have thrown over the 'old gang'. They compose the militant groups of the passive resisters.

"They represent in South Africa the revolutionary forces of Indonesia, the mass drives in China, the warrings in Malaya. They are not merely products of the class war; they are the products of the race war...

"Their ultimate aim is the overthrow of white society in South Africa. Their methods are the methods of the Left. Their immediate purpose is the unification and the solidarity of Indians, Natives and Coloureds in a Non-European Front."

——0——

## Our Editor's Illness

We have already announced the serious illness of our Editor, Swami Bhawani Dayal, in our previous issues. He was on the path of recovery for a period of fortnight when on the 26th June the fever in its acutest form appeared suddenly again for two days and knocked the balance of his health.

However, at the time of the publication of this issue, he is a little better and his asthma and fever are under control, but he is still too weak, so much so that a little strain makes him exhausted and even speaking amounts to exertion. We hope to announce his complete recovery in our next issue.

सम्पादक—भवानीदयाल संन्यासी

वर्ष २ ॐ ॐ जुलाई १९४९ ॐ ॐ अंक ६

# प्रवासी विद्यार्थियोंको एक संदेश

लेखकः—वयोवृद्ध तपस्वी श्री स्वामी शिवानन्दजी महाराज, आनन्द-कुटीर, ऋषिकेश (हरद्वार)

अर्द्ध-पृथ्वी-तलकी दूरीपर पवित्र प्राची दिशाके प्रांगणमें स्थित-सन्तों एवं सिद्ध पुरुषोंके देश—आप लोगोंकी मातृ-भूमिसे अपने हृदयके गद्‌गद् प्रेम एवं शुभ कामनाओंके साथ मैं यह संक्षिप्त संदेश भेज रहा हूं। स्मरण रखिये, कि आप लोग भारतकी महान संस्कृतिके परमोत्तम प्रतिनिधि हैं। आपके उत्तरदायित्व महान हैं और यही भावना आज मुझे पवित्र गंगा नदीके तट पर स्थित, हिमालयकी अपनी कुटीरसे आप लोगोंको संदेश भेजनेके लिये प्रेरित कर रही है।

यदि आप आजकी अन्तर्राष्ट्रिय समस्याओंका ध्यान पूर्वक अध्ययन करें, तो अनुभव करेंगे कि हम लोग आज कितने विषम एवं कठिन समयके बीचसे गुजर रहे हैं। आपके अग्रज वयस्क नेतृ-वर्ग अगले जीवनकी यात्राके लिये प्रस्थान करनेवाला है। अतः इन समस्त समस्याओंका भार शीघ्रही आप लोगोंके कंधोंपर आनेवाला है। अनेकानेक महान कर्तव्य आपके समक्ष विद्यमान है और अब आप लोगोंके लिये समय है कि आप भारतकी पवित्र सभ्यता एवं संस्कृतिका सच्चे उत्साहके साथ प्रदर्शन करें और शेष मानव जातिका, जिसमें सहिष्णुता, सत्यता तथा प्रेमकी भावना लुप्त हो चुकी है—नेतृत्व करें। आप लोग शान्ति, सत्य एवं प्रेमके प्रतीक एवं दिव्य जीवनकी शक्तिरूपी उस सेनाके अग्रदलका निर्माण करते हैं जो शीघ्रही अपनी विजयोन्मुख एक झपटसे सारे पृथ्वी तलको आच्छन्न कर देनेवाली है। लेकिन यह कार्य तभी पूरा हो सकेगा, जब आप सात्विक जीवनके वास्तविक भावनाको, भारत की प्राचीन नैतिक सभ्यता, सदाचार एवं संस्कृतिको, उसकी सहिष्णुताकी निष्ठाको, उसकी सार्वभौम कल्याणकी कामनाको उसकी शान्ति-प्रियता सद्भावना एवं बन्धुत्वको तथा सत्य और अहिंसाके मार्गके सही अवलम्बनको अपने निजी-जीवनमें व्यवहृत करेंगे।

इसलिये आप लोग अपने आपको नैतिक एवं आत्मिक बलपर ऊँचा उठानेका प्रयत्न करें। सेवा-भाव और सर्वहित-कामनाका अपनी चारों ओर प्रसार करें और अपना उदाहरण प्रस्तुत कर दिखला दें कि किस प्रकार प्रेम, सहिष्णुता एवं पारस्परिक बन्धुत्वकी भावनाके द्वारा सात्विक जीवनकी प्राप्ति होती है।

आप लोगोंने विदेशोंकी सभ्यता, संस्कृति, गुण एवं उत्तमता तथा जीवनके विभिन्न अंगोंमें उनकी कार्यकुश-

लतासे परिचित एवं लाभान्वित होनेके लिये विदेशोंकी यात्रा की है। किन्तु जब आप अन्य लोगोंसे कुछ सीखने जाते हैं तो स्वाभाविक रूपसे बदलेमें आप लोगोंको भी उन्हें कुछ देना चाहिये और देनेके लिये आपके पास सबसे उत्तम वस्तु है भारतीय सभ्यता एवं संस्कृतिके आदर्श। फिर भी जब आप अन्य व्यक्तियोंके मुताबिक वस्तुओंमें भेद करना चाहते हैं तो आपको उसके विशाल सहिष्णुतापूर्ण आवश्यक समष्टिगत दृष्टिकोणोंकोही उनके सम्मुख रखना चाहिये। ऐसा करनेसे आपको ज्ञात होगा कि इन वस्तुओंकी वे प्रशंसा करेंगे, क्योंकि अन्ततोगत्वा प्रायः सभी धर्म, सभ्यता एवं संस्कृतियोंके आवश्यक सिद्धान्त एकही हैं। सत्य एक है, केवल जातियों, वर्गों एवं प्रवृत्तियोंकी भिन्नतासे उस सत्य तक पहुंचनेके लिये स्वभावतः भिन्न-भिन्न मार्गोंकी प्रतिष्ठा हुई है। यही कारण है कि मानवीय सभ्यताके उत्थानमें इतनी भिन्नता परिलक्षित होती है। आधारभूत सिद्धान्त कभी परस्पर प्रतिरोधी नहीं, क्योंकि वे सब केवल एक सत्यका मार्ग प्रदर्शन करते हैं। इसलिये आप अपने मनको साम्प्रदायिकताकी भावनासे अनुरंजित न होने दें, क्योंकि धार्मिक अंधविश्वास एवं साम्प्रदायिक धारणाओंका सभ्य संसार में कोई स्थान नहीं है। उनका न तो विचारशील मनमें और न आधुनिक सामाजिक प्रजातंत्रीय शासनमेंही कोई स्थान है। फिर जैसा कि आप लोगोंको समयके अनुसार आगे बढ़ना है यह मध्य-कालीन संकुचित मनोवृत्तिपूर्ण साम्प्रदायिक धारणा आप लोगोंको त्यागनी होगी।

मैं पुनः यह दोहरा देना चाहता हूँ कि आप लोग भावी नागरिक हैं और मातृभूमिकी समस्त आशाएँ, गौरव तथा समृद्धि आप लोगोंके हाथोंमें है। आप लोग इस गौरव युक्त और परम अपेक्षित उत्तरदायित्वके योग्य बननेका प्रयत्न करें और भारतके सूक्ष्म बौद्धिक ज्ञानके सच्चे प्रतीक बनकर संसारमें उसका सही प्रतिनिधित्व करें। अपने नित्यके व्यवहारमें जीवनके इस उच्च आदर्श को अपनानेका प्रयास करें तभी आप लोग भारतकी वास्तविक महानताका गौरव युक्त प्रदर्शन कर सकेंगे।

यह भी स्मरण करा देनेकी अनुमति चाहता हूं, कि एक दूसरेके प्रति घृणा और हिंसा हम लोगोंका धर्म नहीं। हम लोग अपने पड़ोसियों तथा संसारके अन्य राष्ट्रोंके साथ शान्तिपूर्वक रहना चाहते हैं। सबके साथ हमारा व्यवहार समान है और वह पारस्परिक शुभ इच्छाओं एवं आपसी मेलके ऊपर आधारित है। अतीत कालसे भारत सत्य अहिंसा, और शान्तिका सनातन दूत रहा है। वह परम्परागत इस उच्च आदर्शको—जो केवल हाल की दुखद साम्प्रदायिक घटनाओंसे कुछ आच्छन्नसा हो गया था, कैसे भूल सकता है? किन्तु ये बातें अब भूतकालकी हैं और वे आप लोगोंको एक बुद्धिमत्ताका पाठ सिखा चुकी हैं कि घृणाको घृणा और बदलेकी भावनासे कभी नहीं जीता जा सकता है। केवल प्रेमही उसका निदान हैं। इसे आप सदैव स्मरण रखिये और इन्हीं भूतकालीन अनुभवों तथा अभ्यासोंके बलपर अपने नैतिक कर्मकी ओर क्रियाशील होनेका प्रयत्न कीजिये।

हमें एकताकी आवश्यकता है। पर विशेष पक्षावलम्बी दल-गत एकताकी नहीं, जो साम्प्रदायिकताकी संकुचित मनोवृत्तिको साथ लेकर चलती है प्रत्युत् एक वास्तविक सनातन अपेक्षित सार्वभौम एकताकी आवश्यकता है। यह प्रत्यक्ष है कि यदि आप किसी कार्यको सफलता पूर्वक सम्पादित करना चाहते हैं, तो उसके लिये एक शक्तिशाली संयुक्त मोर्चाका निर्माण होना चाहिये और तभी मूल सिद्धिकी यथार्थतः प्राप्ति भी हो सकती है। क्या आपने कभी वर्षाकी एक छोटीसी बूँदके ऊपर ध्यान दिया है? वह कभी अकेली नहीं चलती, क्योंकि यदि अकेली चले तो पृथ्वीतल पर पहुंचनेके पूर्वही सूर्यकी तीक्ष्ण किरण बीच हीमें उसे चट कर जांय, किन्तु यदि ये बूँदें मूसलाधार बौछारके रूपमें गिरती हैं तो उनकी प्रचंडता को कोई भी शक्ति नहीं रोक सकती। वे अपने प्रलयंकारी आवेगमें पहाड़ियों तथा घाटियोंको जलमग्न करती नदियोंमें बाढ़ लाती अपने मूल वासस्थानकी ओर भयंकर वेगमें दौड़ती चली जाती हैं। इसी प्रकार यदि आप अपने प्रयत्नोंमें संगठनशील हैं तो पृथ्वीतलकी कोई भी शक्ति आपकी सफलताको नहीं रोक सकती। कोई भी बल आपकी सिद्धि में रुकावट नहीं डाल सकता। इसलिये सार्वभौम एकता तथा परम्परागत सहिष्णुताकी भावनाको संगठित कीजिये और इन गुणोंको अपने जीवनके व्यवहारोंमें अभिव्यक्त एवं चारितार्थ करते हुये संसारकी समस्त जातियोंमें शान्ति, सद्भावना और पारस्परिक आदान-प्रदान सही समाञ्जस्य और उपयुक्त विचार-विनिमयके आधारपर विस्तार करें।

उस परमपिता परमात्माका शुभाशीर्वाद आपके लिये हो और वह आपके प्रयत्नोंमें उचित प्रेरणा करते हुए सत्यपथका दिग्दर्शन करावें।

———

# स्वर्गीय शास्त्रीजीका एक संदेश

( माननीय श्री निवास शास्त्री, पी. सी. )

मैं इस संदेशके द्वारा अपने अनेक प्रवासी भारतीय मित्रोंको, जिनसे मिलनेका सौभाग्य मुझे अपनी पिछली यात्रामें प्राप्त हुआ था, यह बतला सकूँगा कि जिस प्रेमके साथ उन्होंने मेरा स्वागत किया उसकी मैं कद्र करता हूँ, जो सहायता उन्होंने मेरी तत्कालीन कार्यमें दी, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता और हमारी मातृभूमिके प्रति उनके हृदयमें जो गाढ़ प्रेम है उसकी मैं इज्जत करता हूँ। कितने ही तो सैकड़ों मील चलकर मुझसे मिलनेके लिये आये थे और उसमें उनका बहुतसा रुपया और समय व्यय हुआ था और अनेक कष्ट और असुविधाएँ सहन करनी पड़ी थी। मातृभूमिसे खास तौर पर उनकीही भलाईके लिये आये हुए एक देशी भाईसे मिलकर उन्होंने जो हर्ष प्रकट किया उसे देखकर किसी कठोर-हृदय मनुष्यका भी दिल पिघल जाता। यदि सरकारसे असहयोग करनेका भाव प्रवासी भाइयों तक न पहुँच गया होता और अगर उनमें शिक्षाका इतना प्रचार होता जिससे कि वे राजनीतिके मर्मको समझ सकते तो अवश्यही वे भारत सरकारके प्रति अपनी कृतज्ञताके भावको किसी स्पष्ट रूपमें प्रगट कर सकते। भारत सरकार प्रवासी भारतीयोंके पक्ष समर्थनके लिये जो प्रयत्न कर रही है, मेरी उपनिवेश-यात्रा उसीका एक प्रमाण थी और राज्यपद्धतिकी दृष्टिसे उसका कुछ महत्व था। उनकी इस दशामें भी जब मैंने थोड़ी देर तक उनके साथ सच्चे दिलसे बातचीत की तो उन्होंने तुरन्तही कृतज्ञताके भाव प्रकट किये। कितनेही प्रवासी भाइयोंने मेरे सामने यह बात कही कि "हमलोग बहुत दिनोंसे इस बात पर विचार कर रहे थे कि दूसरे सरकारोंने तो अपने अपने यहाँके प्रभावशाली और उच्चपदस्थ प्रतिनिधि यहाँ पर रख छोड़े हैं, जो अपने देशी भाइयोंके हितकी देखभाल करते रहे हैं, लेकिन हमारी भारत सरकार और भारतीय नेताओंने इस बातको बिलकुल उपेक्षाकी दृष्टिसे देखा है।"

जब मैंने देखा कि प्रवासी भाई भारत सरकारकी पूर्व उपेक्षा नीतिमें उचित परिवर्तन

स्वर्गस्थ माननीय श्री निवास शास्त्री

The Late Rt. Hon. Srinivasa Sastri, P.C.

देख कर प्रसन्न हैं और साथ ही साथ इस बातका भी अनुभव करते हैं कि मेरे द्वारा उन्हें पहलेही पहल थोड़ी बहुत तसल्ली भी मिली है तो मैंने समझ लिया कि अपने परिश्रमका मुझे भरपूर बदला मिल गया। प्रवासी भाइयों को यह पढ़ कर प्रसन्नता होगी कि भारत सरकारके पास अपनी रिपोर्ट पेश करते हुए मैंने उसमें इस बातकी सिफारिश कर दी है कि भविष्यमें ब्रिटिश साम्राज्यके भिन्न-भिन्न भागोंमें एक उच्च पदस्थ अफसर रक्खा जाना चाहिये जो प्रवासी भाइयोंको मित्रतायुक्त मदद दे सके और सरकारसे उनके झगड़े सुलझानेमें प्रभावशाली सहायता पहुँचा सके। ऑस्ट्रेलिया, न्युजीलेण्ड तथा कनाडाके प्रवासी भारतीयोंमें शिक्षित और ऊँचे पेशेवाले भाइयोंका लगभग बिलकुल अभावही है और यह बात सचमुच खेदजनक है। पारस्परिक समानताके बर्तावका जो समझौता साम्राज्य परिषद में पहले हो चुका है दुर्भाग्यवश उसमें इस बातके लिये कोई गुँजायशही नहीं रखी गयी कि जिससे इन स्थानोंमें शिक्षकों, डाक्टरों तथा बैरिस्टरोंका प्रवेश कराया जा सके क्योंकि इस समझौतेके अनुसार केवल यात्री, व्यापारी और विद्यार्थीही थोड़े समयके लिये वहाँ प्रवेश कर सकते हैं। कितनेही माकूल और प्रामाणिक कारणोंसे—यह बात दूसरी है कि राजनैतिक जोशके समयमें कोई उन्हे भलेही ऐसा न माने—मेरी यात्राके उद्देश्यमें यह बात शामिल नहीं की गयी थी कि मैं भारतीय प्रवासके विषयमें भी बातचीत कर सकूँ। लेकिन फिर भी प्राइवेटमें बातचीत करते हुए मैंने प्रत्येक स्थानके मुख्य-मुख्य आदमियोंके सम्मुख यह बात साफ-साफ कह दी कि उच्च पेशेके योग्य आदमियोंको संसारके अनेक भागोंमें न घुसने देनेकी नीति अनावश्यक और बुद्धिमत्ताहीन है। लेकिन वर्त्तमान हालतसे तो यही समझमें आता है कि दीवालसे सिर भिड़ानेमें कुछ लाभ नहीं और प्रवासी भाइयोंको यह समझकर कि भूतकालसे उन्हें यह दुर्भाग्य पूर्ण विरासत मिली है सन्तोष कर लेना चाहिये।

अपनी यात्रामें मैंने यह बात देखी कि भारतसे उपनिवेशोंको देशी भाषाओंके जो पत्र जाया करते हैं बस उन्हीं से हमारे प्रवासी भाइयोंको स्वदेशके समाचार मिला करते हैं, क्योंकि स्थानीय अंग्रेजी पत्र भारतके विषयमें बहुतही कम लिखते हैं अथवा यों कहिये कि यहाँकी घटनाओंकी चर्चा ही नहीं करते। क्या मैं आशा करूँ कि देशी भाषाके ये पत्र थोड़ा देरके लिये मेरे राजनीतिक रूप रंगको, यदि वह उन्हें नापसन्द है, भूल जावेंगे और मेरी पिछली रिपोर्ट पर कुछ लिखेंगे जिससे वह हमारे प्रवासी भाइयों तक पहुँच सके।

# बृहत्तर भारतका निर्माण

( लेखकः—राजा महेन्द्र प्रताप )

परमात्माको सहस्त्र धन्यवाद है कि आज भारतके लाल अनेक देशोंमें अनेक लीलाएँ रच रहे हैं और बहुत महत्वपूर्ण कर्तव्यपालन कर रहे हैं। ये कुली कहलाने वाले भारतीय भ्रातृगण ही जो आज कई एक टापुओं और द्वीपोंमें मार-कूट और नाना प्रकारके दुःख झेल रहे हैं वास्तवमें एक विशाल हिन्दुस्तानी राज्यकी नींव डाल रहे हैं। आज वे चाहे कुली, काले आदमी, नेटिव बेगर कहलावें पर कल वे ही उन बाग बगीचोंके स्वामी होंगे जहां उन्होंने जागृत क्लेशमें रातें काटी हैं। यह स्वाभाविक नियम है। यह ही तो है कर्मका फल और अटल ईश्वरका न्याय।

पर हम यह नहीं कहते कि कोई भारतीय जो भगवान कृष्ण अथवा बुद्धदेवको अपना पूज्य जानता है या जो हजरत मुहम्मद वा ईसा मसीह को खुदाका पैगम्बर मानता है दो गज पृथ्वीके लिये लालच को उत्तेजित करेगा—नहीं वह तो सदाही ईश्वरीय मर्यादाका पालन करता है और सभीको ईश्वरीय मार्ग दिखाना चाहता है। इन भारतवासियोंका तप अवश्य ही अन्तमें सफल होगा और वे गुमराह काफर जो दो दिनके सुखके लिये अपने

ही मनुष्य भाइयोंपर अत्याचार करते हैं अवश्य ही पश्चाताप कर इन्हीं भाइयोंके साथ वास्तविक भाइयोंकी तरह रहना सीखेंगे। न फिर कोई कुली रहेगा और न मनमाना स्वामी। सभी ईश्वरीय मर्यादानुसार एक दूसरे को भाई जानते हुए सभी मिलजुल कर समस्त मनुष्य जाति की भलाईके लिये धार्मिक कार्यमें तत्पर होंगे और इस प्रकार सबे स्वामी बनेंगे।

और इसमें कुछ भी सन्देह नहीं कि इस अपूर्व सुखदायक समयकी रचना में भारतीय श्रमजीवियों का एक विशेष स्थान रहेगा। पश्चिमी देशोंके अन्ध मजदूर दल प्राचीन सभ्यता को खो बैठे हैं। वे आज थोड़ेसे लालची स्वार्थी मनुष्योंके बहकानेसे कुमार्गमें पड़ गये हैं और सबसे अधिक खेद की बात यह है कि वे दो पैसेके लोभको अपना आदर्श बना उच्च मानसिक भावोंका पतन कर रहे हैं और इस प्रकार मनुष्य जातिको महान हानि पहुँचा रहे हैं। पर भारतीय मजदूर-समूह जो बचपन से ही श्रीरामचन्द्रकी बन-यात्रा, श्री कृष्णका गीता-उपदेश, बुद्धदेवका त्याग, हजरत मुहम्मदका इलहामी वाक्य और ईसामसीहके सबक सुनता है—जो बचपन से ही दसों गुरु महाराजोंके जीवन चरित्रको अपने सामने रखता है, कदापि लालची मनुष्योंके फन्देमें नहीं पड़ सकता। यही कारण है कि आजके कुली कहलानेवाले भारतीय मजदूर जो समस्त संसारमें फैले हुए हैं कलके धार्मिक राज्यके प्रचारक हैं।

---

# फिजीके भूतलेनकी कथा ।

लेखकः स्वर्गीय पण्डित तोतारामजी सनाढ्य

—— —:o: ——

## ( १ )

सन् १८९३ ई० के मई महीनेकी २८ तारीखको मैं कलोनियल शुगर रिफायनिंग कम्पनी फिजीका शर्तबन्ध मजदूर होकर जिला रेवाकी नौसूरी नामक कोठी में पहुँचा। मेरे साथ १४० आदमी और थे। कोठीके मैनैजरका हुक्म पाकर एक अंग्रेज ओवरसियर हमारे पास आया और कुली लेनमें सबको रहनेके लिये घर देने लगा। मेरे साथी १४० आदमियों को उसने रहने को घर दे दिये, केवल मैं ही अकेला बिना घरके रह गया। ओवरसियरने मुझसे कहा कि यहाँ पर अब कोई घर खाली नहीं है चलो तुमको भूत लेनमें घर दिया जायगा। यहाँ पर प्रथम भूत लेनका हाल संक्षेपमें लिखना आवश्यक है जिससे मेरे भूतकालका हृदय-द्रावक हाल पाठकोंको ज्ञात हो जायगा। नौसूरी कोठीमें शर्तबंधे मजदूरोंके रहनेके लिये २६ कुली लेनें थी। हरएक कुली लेनमें चौबीस-चौबीस कोठरीयां थीं। हरएक कोठरी ८ फीट चौड़ी, १२ फीट लम्बी थी। एक कोठरीमें तीन आदमी रहते और स्त्री-पुरुष हुए तो दो के लिये हीं कोठरी मय बाल-बच्चोंके रहनेको दी जाती थी। इस भांति लगभग १५०० स्त्री-पुरुष काम करने वाले इन लेनोंमें रहते थे। इस छब्बीस लेनोंसे पृथक ६ जरीबके फासलेपर एकान्तमें यह भूतलेन थी। इस भूत लेनमें पहले इसी कम्पनीका काम करने वाले फिजीके आदिम निवासी रहते थे। जब बीमार होनेके कारण आठ आदिम निवासी मर चुके तब शेष आदिम निवासी इस लेनको छोड़कर भाग गये, तबसे इस लेनका नाम भूत लेन पड़ गया था। इस लेनमें रहना कोई स्वीकार नहीं करता था। रात्रिके समय कोई भी मनुष्य इस लेनके पाससे होकर नहीं निकलता था। कोई नया आदमी यदि इस लेनके समाचार जाने बिना आ भी जाता था तो समाचार ज्ञात होते ही डरकर भाग जाता था। अस्तु, ओवरसियर मुझे साथ लेकर इस भूत लेनमें आया और मेरे रहनेके लिये कोठरी बता दी। मैंने अपना सामान इस कोठरी में रख दिया। तब ओवरसियरने मुझसे कहा—"यह घर तुमको पाँच वर्ष तक रहनेके लिये दिया जाता है, अगर तुम इसको छोड़ दोगे तो फिर दूसरा घर तुमको नहीं मिलेगा और बिना हुक्म घर छोड़ने के

अपराधमें तुमको दण्ड मिलेगा और कैदमें रहना पड़ेगा ।" इतना कहकर ओवरसियर चला गया तब मैंने चारों तरफ घूमकर इस भूतलेन को देखा। इसमें चौबीस कोठरियाँ थीं, चारों तरफ घासका जङ्गल लगा हुआ था और घास में घुस जानेपर बाहरका खड़ा हुआ आदमी दिखाई नहीं देता था। घासमें मच्छर और झींगुर अधिक थे। लेनके एक तरफ कुछ दूरीपर शक्करका बड़ा भारी कारखाना था जिसके इंजिनोंकी घड़घड़ाहटसे कान सुन्न हो जाते थे। तीन जरीबके फासले पर नदी बह रही थी। लेनकी कोठरियोंमें बदबू आ रही थी और उनमें चूहोंकी भरमार थी। इस लेनकी चौबीस कोठरियोंमें मेरे और चूहोंके सिवाय और कोई न था। थके थकाये छः सात कुत्ते अलबत्ता थोड़ी देर विश्राम कर जाते थे।

मैंने विचार किया कि अब तो शर्तबंधीके पाँच वर्ष इसी भूतलेनमें पूरे करने होंगे। मैं तुरन्त उठा और अपने कोठरीके सामने खड़ी हुई घासको काटकर साफ किया, फिर चूहोंसे खोदी हुई मिट्टी कोठरीसे बाहर फेंका। चार घंटेमें कोठरीको साफ कर लिया और कम्बल बिछाकर कोठरीमें बैठ गया। बैठते ही बाहर खड़ी हुई घासमेंसे निकलकर झुण्डके झुण्ड, बहुत दिनोंके भूखे मच्छर मेरे शरीरमें मारे प्रेमके लिपट गये, शरीरमें कोई स्थान खाली नहीं छोड़ी—उनके काटनेसे सारे शरीरमें चकते उठ आये। बड़ी खुजली मचने लगी। घबराकर मैं कोठरीसे बाहर भाग आया। थोड़ी देरमें मैंने देखा कि दो चूहे घरके अन्दर दौड़ फिर रहे हैं जिनकी पीठपर मच्छर टिड्डी दलके समान लिपटे हैं। चूहे लाचार होकर बिलमें घुस गये। मच्छरोंने बिलमें भी पीछा न छोड़ा। बिलमें घुसकर फिर चुहोंको निकालही लाये। जब मच्छरोंके काटनेसे चकते पड़कर बढ़ते-बढ़ते रुपयेके बराबर सूज गये तब मैंने घरमें धूंवाँ किया, इस यत्नसे मच्छरोंके स्वागत से मेरे प्राण बचे। फिर कोठरीमें चौका देकर चूल्हा बनाया। इतने में कम्पनी के दफ्तरसे हुक्म हुआ कि नये कुली दफ्तर पर जाकर खाने के लिये रसद ले आवें। सब नये कुली जाने लगे तब मैं भी भूतलेनका नया कुली उनके साथ गया और दफ्तरसे सात दिनके लिये रसद ली। आटा ३ सेर, दाल १ सेर, घी पाव भर, नमक आधा पाव इत्यादि लेकर घरको चलने लगा तो मनैजरने कहा—"हुक्म सुनो"। मैं खड़ा हो गया। तब मनैजर बोला— "यह रसद सात दिनके लिये खानेको है, इसको बेचना नहीं, बदले में दूसरी चीज़ लेना नहीं, किसीको खिलाना नहीं। इस हुक्मको न माननेसे एक सप्ताह से तीन सप्ताह तक सजा हो सकती है। यदि बीच सप्ताहमें रसद समाप्त कर दोगे तो भूखे मरना होगा। दफ्तरसे बीच सप्ताहमें रसद नहीं मिलेगी।" हुक्म सुनकर घरको चला और मन ही मन विचारता था कि अच्छा देश है कि जिसमें किसी को खाना देना भी अपराध है और सजा होती है। हे प्रभो! न जाने क्या क्या होनेको बाकी है। यह सोचता हुआ मैं अपने घर आया। भोजन बनाया, खा पीकर मैं बैठा था कि इतनेमें मुझे देखकर एक पुराना स्वदेशी भाई मेरे पास आया और बोला—"अरे भाय, यहि लेनियामें तू रहत हौ। अरे यहि मां भूत रहत आहि। केहू येहि मा रहके का जिये पावत है, कतना आदमिये मरि चुकन हाँ। तुहाँर माथ छुई हम फुर कहत हई।" स्वदेशी भाईकी बात सुनकर मुझे बड़ा विस्मय हुआ किन्तु कर क्या सकता था। ओवरसियरके हुक्मसे तो पैर कांपते थे कि घर छोड़ने पर सजा होगी। मैंने कहा—भाई, आप कुछ सहायता करो और दूसरा घर दिला दो ओवरसियर तो मुझे यही घर दे गया है। ओवरसियरका नाम सुनते ही वह वेचारा घबरा कर कहने लगा—"अरे भाय, वह बड़ा दुष्ट आहि। हमारा इहि मां रचकौ बस नाहीं चलत।" मैंने कहा कि अच्छा तो फिर हरि इच्छा। जो होना होगा सो होगा, जब लेनका भूत आवेगा तब देखूंगा। वह तो लेनका भूत है, मैं कम्पनीका भूत हूँ। इस भांति दोनों भूतोंका युद्ध होगा, अगर मैं जीत गया तो भूतको लेनसे निकाल बाहर करूंगा। मैं भूतोंसे लड़ने की विद्या खूब जानता हूँ। इस बातको सुनकर वह भाई चला गया और मैं थका हुआ सो गया।

सबेरे उठकर कामपर चला गया। इसी भांति मैं नित्य काम करके सन्ध्याको घर आता, भोजन बनाकर खा पीकर रात्रिको पांडव गीताका पाठ किया करता था और नींद आनेपर सो रहता था। एक बैजू नामके भक्त थे, वे मेरे पास आ बैठते थे और गीताको बड़े प्रेमसे सुनते थे। बैजू भक्तसे कुलीलेनके लोग पूछते थे कि भक्तजी कहाँ रोज जाया करते हो? तब बैजू भक्त उनसे कह देते कि एक नया कुली आया है, वह सनाढ्य ब्राह्मण का लड़का है, भूत लेन में रहता है, उसके पास नित्य जाकर मैं

गीताकी कथा सुनता हूँ। सुनकर लोग आश्चर्य करते थे और कहते थे—"अरे भुतवाँ उनका कुछु नाहिं करिसि। वहि लेनियांमें भुतवाके मारे का किह्नू रहे पावत रहा है। गितवा पाठ किहे सन लेनियाँ छाड़िके भुतवा भाग्गा जान परत है। अरे भगतजी, अजु रतिहांका तुंहरे साथे हमहूँ चलब वहि बभनवांका देखई।" इत्यादि बातें लोग कहते और बैजू भक्तके साथ जब तब मेरे घर आते थे। इस भांति इस भूतलेनके प्रतापसे सब लोग मुझे जान गये थे। अधिकांश स्त्री-पुरुष यह समझते थे कि इसके पास भूतोंको वशमें करनेकी अवश्य कोई विद्या है। इस अन्ध-विश्वासपर यदि कोई लड़का-लड़की बीमार होता तो फौरन मेरे पास लेकर दौड़ आते और कहते कि महाराज यह लड़का बीमार है। कुछ-झाड़-फूँक दीजिये। मैं बार-बार उनको समझाता कि भाई मैं कुछ नहीं जानता हूँ लेकिन वे हठ कर जाते और पिण्ड नहीं छोड़ते। यह देख कर लाचार हो चार-पांच तुलसीके पत्ते देकर मैं अपना पिण्ड छुड़ा लेता था। इस भांति मेरे पास लोग आते जाते रहते।

रविवारके दिन मैं कुलीलेनमें घूमनेके लिये गया। लेनमें कोई आल्हा गा रहा है, कोई रामायण पढ़ रहा है, कोई खंजड़ी इकतारे बजाकर भजन गा रहा है, कोई गाली बक रहा है, कोई अपने इष्ट मित्रोंका स्वागत कर रहा है, कोई अखाड़ेमें दांवपेच सिखा रहा है, कोई सरदारके सन्मुख सिर नीचा किये खड़ा है और सरदार उसके ऊपर गालियोंका बौछार कर रहा है, धमका रहा है। कोई आँखोंसे आंसू बहाकर सरदारसे कह रहा है, आपहीं हमारे अन्नदाता हैं हमें मार डालें तो अच्छा है। पेट भरनेको पैसा दिन-रात कमाने पर भी नहीं होता, हाय हम अब नहीं जियेंगे सरदार! इन दीन बचनोंको सुनकर बज्र हृदय भी टूक टूक हो जाता है परन्तु सरदार का कुछ भी ध्यान इनके रोने पर नहीं है। मानों बज्रसे भी कठिन हृदय करके निर्दयता की मूर्ति हो गया हो। यह दृश्य देखकर आखोंसे आंसू बहाता हुआ मैं आगे को बढ़ा और जिन लेनोंमें भारतसे गई हुई हमारी मां और बहिनें रहती थी वहाँ पहुँचा और चौकमें आमके पेड़के नीचे जा खड़ा हुआ। यह चौक चारों तरफ बनी हुई ४ लेनोंका आंगन था। खड़ा होकर मैंने देखा कि अबलाएँ अपने-अपने काममें लगी हैं। कोई बासन मांज रही है, कोई रसोई बना रही है, एक दूसरी से अपने माता-पिता, पति पुत्रका हाल कहते-कहते रो देती हैं। रोते समय काम करना रुक जाता है और माता-पिता, पति पुत्रकी, जिन्हें वे स्वदेशमें छोड़ आई हैं, यादमें दुःख भरी आहकी आँसू जब आँखोंसे टपक जाते हैं तब लम्बी सांस लेकर आँखें खोलती हैं और फिर अपना काम करने लगती हैं। कुछ देर तक सोचने लगती हैं तब फिर हृदयसे हिलोरें उठती हैं। आंखोंके आंसू आंखोंमें ही रह जाते हैं तब सिसक-सिसककर और मन्द-मन्द आवाजमें फिर एक दूसरीसे—"हाय बहिन कहा कहूँ हमारो भैय्या" रुके हुए गलेसे कहकर नीचा सिर करके आंखोंसे आँसू गिराती हुई क्षण-भरके लिये अचेत हो जाती है। तब दूसरी अबला अपना काम छोड़कर पास आती हैं और स्वयं रो-रोकर उसके आंसू अपनी ओढ़नीका छोर हाथमें लेकर पोछती हैं और गदगद कण्ठसे कहती—"अरे बहिन मत रो, सुधि करके क्या करोगी? रोनेसे क्या होता है? भैय्या, मां बाप कोई किसीका नहीं हैं। सत्यानाश जाय अरकटी कौ। हाय भगवान, कुल कुटुम्ब सब छूटिगे" कोई—"हाय भगवान! घरमें कबहुं कमुआं नाहिं किहा। ए बहिनी, पांच बर-सिया गिरमिटिया कइसे कटी ए दादा" कहकर रो देती हैं। कोई कोई अबला अपनी मां की सुधि करके जोर से रो रही है, दस-पांच अबलाएँ रोती हुई चारों ओर से घेरे हुए उसको समझा रही है। यह हृदय-द्रावक दृश्य देखते हुए मैं दूसरी ओर देखने लगा तो देखा कि नदी किनारे एक अपने फटे पुराने कपड़े धो रही है। कपड़ेका धोना बन्द करके जोरसे रोने लगी। मैं उसके पास गया और मैंने पूछा कि बहिन तुम क्यों रोती हो? धीरज आने पर रोती हुई मुझसे कहने लगी—"कि मेरे विवाहके ७ वर्ष बाद मेरा पति स्वर्गवासी हुआ। घरमें मेरी बूढ़ी सास और ३ वर्षका मेरा लड़का है। लड़के को सासके पास छोड़ मैं द्वारिकाजी गई वहां छापें ली। दर्शन करके ग्रामके लोगोंके साथ मथुराजी वापस आई। वहां गांवके साथी लोगोंसे भीड़में साथ बिछुड़नेपर इस दशामें आकर फँस गई। मुझे अपनी बूढ़ी सास और बच्चेकी बड़ी सुधि आती है। ईश्वर अब तो मृत्यु दे तो अच्छा है।" यह दशा कुली लेनोंमें देखकर मेरी आंखोंसे आंसू गिरने लगे और एक जगह खड़े होकर मैं खूब रोया और अनेक संकल्प विकल्पों के लहरोंमें बहता हुआ उन्मतकी नाई अपने घर भूतलेनमें आ पहुँचा। (अपूर्ण)

( १ ) अच्छी हिन्दीका नमूना । लेखकः पं० किशोरीदास वाजपेयी । प्रकाशकः पं० हजारीलाल शर्मा, जनवाणी प्रेस एण्ड पब्लिकेशन्स लिमिटेड, ३६ बाराणसी घोष स्ट्रीट, कलकत्ता-७ । पृष्ठ २००, अजिल्द मूल्य दो रूपया बारह आना ।

काशीके प्रसिद्ध हिंदी लेखक श्रीरामचन्द्र वर्माने 'अच्छी हिंदी' नामक एक पुस्तक लिखी है जो भारतके विश्वविद्यालयोंमें बी. ए. आदिके विद्यार्थियोंको पढ़ाई जाती है । इसी 'अच्छी हिंदी' की प्रस्तुत पुस्तकमें ऐसी युक्तियुक्त, निर्भीक और प्रमाणिक समालोचना है जिससे वर्माजीकी वाक्य-रचनापर यथेष्ट प्रकाश पड़ता है । वाजपेयीजी हिंदीके प्रथम श्रेणीके लेखक हैं और उन्होंने समालोचनाके रूपमें जो कुछ लिखा है वह विद्यार्थियों, लेखकों, ग्रंथकारों और पत्रकारोंके लिये अध्ययन और मनन करने योग्य है ।

( २ ) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धाके बारह वर्ष । लेखक और प्रकाशक: श्रीभदंत आनन्द कौसल्यायन, मंत्रीः राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा । पृष्ठ १०६, अजिल्द मूल्य सवा रुपया ।

यह राष्ट्रभाषा समितिके बारह वर्षका इतिहास है । इसमें समिति और उसके सूत्रधारों एवं कार्यकर्ताओंके लगभग ३६ चित्र भी दिये गये हैं जिससे ग्रंथकी शोभा और भी बढ़ गई है । कहनेकी आवश्यकता नहीं कि यह समिति भी महात्मा गांधीकी प्रेरणाकाही फल है और प्रारंभमें बापूही इसके सर्वोपरि स्तंभ थे पर जब मुसलमानों के तुष्टिकरणके विचारसे उन्होंने हिंदीके स्थानपर 'हिंदुस्थानी' को राष्ट्रभाषा बनानेका निश्चय किया और यह घोषणा कर दी कि उनकी 'हिंदुस्थानी' वह भाषा है जो न तो फारसीमयी है और न संस्कृतमयी । वह उत्तर हिंदुस्थानमें बोली और समझी जाती थी । उसीको राष्ट्रभाषा बनाना उनकी दृष्टिमें श्रेयस्कर है और वह उर्दू एवं नागरी दोनों लिपियोंमें लिखी जानी चाहिये । इसलिये प्रत्येक 'हिन्दुस्थानी' के हिमायतीके लिये दोनों लिपियोंका जानना आवश्यकही नहीं, अनिवार्य भी है । इस स्थितिमें बापूको हिंदी साहित्य सम्मेलनके साथही राष्ट्रभाषा प्रचार समितिसे भी सम्बन्ध विच्छेद कर लेना पड़ा । फिर तो उनके 'हिंदुस्थानी' प्रचारकोंने उनके आदेशानुसार 'हिंदुस्थानी' को संस्कृतमयी न बनने देनेके लिये मानों शपथ खा ली लेकिन उसको अरबी-फारसी शब्दोंसे ऐसा सजाया कि उर्दू और 'हिंदुस्थानी' में कोई भेदही नहीं रह गया । राष्ट्रभाषाके लिये 'हिंदुस्थानी' के नामपर विशुद्ध उर्दूका प्रचार होने लगा ।

खैर, बापू और उनके कर्मठ कार्यकर्त्ताओंको समितिसे अलग हो जाने पर भी समितिका काम उत्साहपूर्वक चलता रहा । समितिको सौभाग्यवश श्री भदंत आनंद कौसल्यायन जैसा क्रियाशील, पुरुषार्थी, त्यागी और सच्चा राष्ट्रवादी सूत्रधार मिल गया जिन्होंने मँझधारमें पड़ी हुई समितिकी डगमगाती नैय्याको संभालही नहीं लिया बल्कि उसको अपने निर्दिष्ट स्थानके अत्यंत निकट पहुँचा दिया । हम कौसल्यायनजीका अभिनंदन करते हैं और उनके भावी कार्यक्रम की पूर्ण सफलताकी कामना करते हैं ।

( ३ ) शारदाजीके ६२ वें जन्म-दिवसपर अभिनदन । सम्पादक और प्रकाशकः श्रीसत्यदेव शास्त्री अशोक, मंत्रीः शारदा सत्कार समिति, अजमेर । छोटे आकारके ८० पन्ने, मूल्य आठ आने ।

यह शारदा सत्कार समिति एक स्थायी समिति है और इसके सूत्रधार हैं श्री सत्यदेव शास्त्री अशोक । इस समितिका उद्देश्य है प्रति वर्ष श्री कुँवर चांदकरणजी शारदाकी जन्म जयंतीका प्रबंध करना और इस अवसर पर प्राप्त उनके हित-मित्रोंके संदेशोंको पुस्तकाकार छपवाना । सदाकी भाँति इस वर्ष भी शारदाजीकी जन्म-गांठ बड़ी धूमधामसे अजमेरमें मनाई गई और प्राप्त शुभकामनाओंको पुस्तककार छपवाया गया । शारदाजी स्वयं इस उत्सवमें शरीक होते हैं और भाषण देते हैं । उनका भाषण भी पुस्तकके अंतमें दे दिया गया है ।

भारतमें जन्मजयंती मनानेकी एक भयंकर बीमारी पैदा हो गई है। संसारके अन्य किसी भी देशमें इस प्रकार जन्मगांठ मनानेकी प्रथा नहीं है। अमेरिकामें ऐसे-ऐसे प्रेसिडेन्ट हुए जिनकी प्रतिभाके सामने आज भी संसार श्रद्धासे शीश झुका देता है पर न तो उनके जीवन में उनकी सार्वजनिक रूपसे जन्म जयंती मनाई गई और न आज किसी प्रेसिडेन्टकी जन्मगांठ मनाई जाती है। इङ्गलेण्डमें तो ऐसे तेजस्वी और यशस्वी प्रधान मंत्री हो गये जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यका इतना विस्तार किया जिसमें कभी सूर्यास्तही नहीं होता था। एशियामें हिंदसे हाङ्गकाङ्ग तक, अफ्रिकामें केपसे कैरो तक और अमेरिकाके हाथसे निकल जानेपर भी उ के निकटके वेस्ट इण्डीज़, ब्रिटिश गायना, जमैका, सेन्टलूसिया, कनाडा, न्यूज़ीलेंड, आस्ट्रेलिया, फिजी आदि देशोंपर आज भी यूनियन जेक शानसे फहरा रहा है। हिंदपर दो सौ वर्षोंतक सफलता पूर्वक शासन करके अब उन्होंने इसका पिण्ड छोड़ा है। पर इङ्गलेण्डके किसी भी प्रधान मंत्रीकी सार्वजनिक रूपसे आजतक न जन्मगांठ मनाई गई और न मनाई जाती है।

सभी सभ्य देशोंमें बुद्ध, ईसा, मुहम्मद आदि धर्म-प्रवर्त्तकों और पैगम्बरोंके सिवा किसी भी धर्माध्यक्ष, समाज सुधारक या राजनैतिक नेताकी जन्मगांठ सार्वजनिक रूपसे नहीं मनाई जाती है। हरएक व्यक्ति अपने जन्मदिवसपर कोई प्रिय स्थान चुन लेता है और कार्यक्रम बना लेता है और व्यक्तिगतरूपसे अपनी जन्मगांठ मना लेता है। हालहीमें विश्वविख्यात साहित्यकार बनर्ड शॉको उनके इस वृद्धावस्थामें उनके गाँवके लोगोंने सार्वजनिक रूपसे कृतज्ञता प्रकट करने और कुछ प्रेमोपहार देनेका निश्चय किया था पर उस दिन सबेरेही वे गांवसे गायब हो गये और किसी शांत-एकान्त स्थानमें जाकर दिन बिता दिया। हाँ, कभी-कभी किसी महान पुरुषके जीवन कालमें लोग स्वर्ण या हीरक जयंती अवश्य मनाते हैं और उनको अभिनंदन ग्रंथ भेटकर अपनी कृतज्ञताका परिचय देते हैं।

पर भारतकी दशा बड़ी विचित्र है; यहाँ तो बिहार के गांगूभक्तसे लेकर महात्मा गांधीतककी जन्म जयंती हरसाल सार्वजनिक रूपसे मनाई जाती है। खैर, महात्मा गांधीकी तो अवतारों और पैगम्बरोंमें गणना होने लगी है। हालहीमें दिल्लीके हरिजनोंने डाक्टर अम्बेडकरकी जन्म-जयंती सार्वजनिक रूपसे मनानेकी तैयारी की थी पर जब वे डाक्टर साहबके पास स्वीकृति लेने गये तो उस भद्र पुरुषने स्पष्ट कह दिया कि "संसारमें पैगम्बरोंके सिवा किसी राजनैतिक नेताकी जन्मजयंती सार्वजनिक रूपसे नहीं मनाई जाती है। इस लिये मैं न तो अपनी जन्म जयंती मनानेकी इजाजत दे सकता हूँ और न उसमें सम्मलित हो सकता हूँ।"

चित्तौड़ गुरुकुलके आचार्य स्वामी व्रतानंदजीने शारदा-जीकी जन्म-जयंतीपर जो संदेश भेजा है वह हृदयङ्गम करने योग्य है। वे लिखते हैं कि "मेरी सम्मतिमें शारदा-जीको अपना जन्म-दिवस मौन एवं उपवास रखकर विशेष आत्म-निरीक्षणमें बिताना चाहिये।" हम स्वामीजीकी सम्मतिसे सहमत हैं।

---

## असफल अभिलाषा।

(लेखकः पं० लक्ष्मणदत्त भट्ट)

### (१)

"मुझे तो यह सब बातें थोथी मालूम होती हैं। सब ढँकोसला है। पर हां इस बार तो इन 'बातों' में भी कमी आ गयी है न?"

थोड़ी शान्तिसे काम लेना चाहिये मित्र! देखो कांग्रेसको गयामें इस वर्ष जिस आफतका सामना करना पड़ा है उसे देखते हुए उसका यह कार्य क्षम्य है। वैसे क्या श्रीराजगोपालाचारीजीने एक स्थानपर व्याख्यान देते हुए नहीं कहा था कि यदि ब्रिटिश सरकारने खिलाफतका ठीक-ठीक निबटारा करनेमें हाथ न बटाया, यदि हमारे प्रवासी-भाइयोंके न्यायोचित अधिकारोंकी अवहेलना ही की तो हम लोगोंको विवश होकर इस बातकी घोषणा करनी होगी कि हम इस साम्राज्यके अन्दर नहीं रह सकते।"

"इस घुड़कीसे तो बस हो लिया। तुम हृदयपर हाथ रखकर कहो मित्र! क्या इस राष्ट्रिय महासभाका केवल इतना ही कर्तव्य था? जिन प्रवासी भाइयोंकी फिजी, ट्रान्सवाल, केनिया, आदि स्थानोंमें दुर्दशा हो रही है, जिनकी करुण कथाको सुनकर हृदय टूक-टूक हो जाता है क्या उन भारतवासियोंसे हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है? उन निर्लज्ज और पाषाण हृदय ओवरसियरों द्वारा हमारी मां, बहिनोंके सतीत्व धर्म नष्ट करनेकी कुचेष्टाएँ की जाय और हम लोग यह कह करही संतोष करलें कि 'स्वराज्य' मिल जानेपर इसका प्रबन्ध हो जायगा। यह वही भारत-वर्ष है जहां एक पांचालीका अंचल खींचे जानेहीके कारण घोर महाभारत मच गया था। आज यहां से हजारों मील दूर, उन दूर देशोंमें—

वतनसे दूर तबाहीमें है वतनका जहाज
हुआ है जुल्मके पर्देमें हश्रका आगाज
हमारे दिलमें न उलफतकी हूक उठे अफसोस!
वतनका काफिला परदेसमें लुटे अफसोस!!

राजेन्द्रने देखा कि ऐसा कहते कहते विपिन की आंखों से आंसू गिरने लगे। उसे सान्त्वना देते हुए उन्होंने कहा—

"हां इतना तो तुम्हारा कहना ठीक ही है कि कांग्रेस ने पूरी तरहसे इस प्रश्नपर विचार नहीं किया पर फिर भी मैं कहता हूँ कि बिना 'स्वराज' मिले उन उपनिवेशोंमें हमारी बातका कुछ भी मूल्य नहीं है।"

"इसे मैं कब इन्कार करता हूं। पर मेरे विचारमें तो कुछ लोगोंको इस प्रश्नपर अपना सारा समय ही लगा देना चाहिये! उन उपनिवेशोंमें जाकर भाइयोंकी दशाका पूर्ण ज्ञान प्राप्त करके वहां तो उन्हें दृढ़ करना होगा, इधर उनके अधिकारोंके लिये घोर आन्दोलन मचा देना चाहिये। यदि हम लोग 'स्वराज' की बाटमें इस विषयमें ऐसेही उदासीन रहे और इस बीच उनकी "न मर्ज रहा न मरीज ही रहा" वाली दशा हो गयी तो फिर क्या होगा? मेरे विचारमे तो कुछ नवयुवकोंको एक संगठन तैयार करना चाहिये। यदि वे लोग भारत तथा बाहर उपनिवेशोंमें प्रवासी भाइयोंके लिये ही अपनी सारी शक्तियां लगा दें तो कुछ-कुछ आशा हो सकती है। अपने स्वराज्यान्दोलनके साथ ही साथ हमें इस प्रश्नको भी अपने हाथोंमें लेना होगा और जैसे भी बने एक बार कटिबद्ध हो इस कामके लिये जूझ मरना होगा। कांग्रेसके अन्दरहीं इस संगठनको तैयार करना चाहिये। मैंने निश्चित किया है कि अपने जैसे नवयुवकोंका एक दल तैयार करूँ। इस विषयमें शीघ्रही एण्ड्रयूज़ प्रभृति सज्जनोंसे मिलनेकी सोच रहा हूं।"

विपिनकी यह बात सुनकर राजेन्द्रको उसके इस संकल्पपर हर्ष हुआ। उसने विपिनके कंधेपर हाथ रखकर कहा "उद्योग करो मित्र! और जब इस संगठनके लिये अपील प्रकाशित करो तो उस सेवा-कार्यके लिये मेरा नाम भी लिख लेना। तुम जैसे उत्साही सहयोगीके साथ कार्य करना किसे अच्छा न लगेगा।" कुछ इधर-उधरकी बातें करके विपिन चला गया। राजेन्द्र भी उठ खड़े हुए और अन्तःपुरको जानाही चाहते थे कि द्वार पर पहुंचतेही कमला से भेंट हो गई। "आज तो बड़ी देरतक विपिन बाबूसे बातचीत होती रही। इधर माजी कबसे खाना लिये बैठीं है। कितना दिन चढ़ आया। चलिये स्नान कर लीजिये।" राजेन्द्रने घड़ी देखी तो १२ बज चुके थे—"अहो! बड़ी देर हो गई" कहकर हड़बड़ाएसे वे भीतर चले गये।

(२)

दुमंजिले मकानके एक कमरेमें कमला एक कुर्सी पर बैठी थी। उसका मुख आज उदास था। वह किसी विचार में लीन थी। राजेन्द्रके भीतर आनेका उसे पता भी न था। राजेन्द्र बड़े हंसोड़ व्यक्ति थे, सदा की भांति कमरे में छिपे-छिपे आकर कमलाको आश्चर्यचकित कर देनेके विचारसे उन्होंने अपने हाथोंसे कमलाकी आंखें मूंद लीं। वह एक विचारमें मग्न होनेके कारण राजेन्द्रके इस कार्यसे एकदम चौंक उठी। फिर संभल कर बोली "क्या आपको भी पहचानना कठिन है, देव!" राजेन्द्र हाथ हटाकर हसते-हंसते बोले, "आज किस विचारमें इतनी डूबी हुई थीं कमला, जो मेरे आनेतककी तुम्हे सुध नहीं। मैं देखता हूं कि कुछ समयसे तुम उदास रहने लगी हो। क्या बात है हमसे तो कुछ छिपाना नहीं चाहिये।"

"आज कितने दिन हुए मैंने एक बात विपिन बाबूकी माताके मुंह सुनी थी। मेरी कितनीही बार इच्छा हुई कि आपसे ठीक-ठीक पता लगाऊँ पर साहस न हुआ। न जाने क्यों पूछनेकी इच्छा करतेही दिलमें घबराहट होने लगती थी। आज जब आपने प्रश्न छेड़ही दिया है तो मैं भी ठीक समझती हूँ कि इसका पता लगाही लूँ।" कमलाने झिझकते-झिझकते कहा। "हां, हां कमला! जरूर पूछो, शंका को हृदयमें रखकर व्यर्थही क्यों कष्ट उठाती हो?"

"मैंने सुना है कि विपिन बाबू और आप किसी दूर देशको जानेका विचार कर रहे हैं। क्या यह बात सच है?" राजेन्द्रने देखा कि कमलाके नेत्रोंमें जल छल-छला रहा था। वह आगे कुछ न कह सकी। वह बोले, "तुम्हारी सब बातें मुझे भाती हैं पर बात-बातमें योंही व्याकुल हो जाना सचमुच तुम्हारे योग्य नहीं है। देखो न कितने ही आदमी प्रतिवर्ष सुदूर देशोंमें जाते हैं, यदि तुम्हारी तरह उनके घर वाले इस प्रकार चिन्तित होने लगे तो बस हो लिया। कुछ धैर्यसे भी काम लिया करो।" "आपने तो मेरे प्रश्नका उत्तर न देकर इधर-उधरकी बातें कह डालीं।" "हां! कुछ-कुछ विचार तो किया है कमला! पर मैं वहां क्यों जाना चाहता हूँ यदि इसका तुम्हें पता लग जाय तो तुम सहर्ष मुझे उस कार्यके लिये विदा करोगी। याद है न? कांग्रेसका कार्य करनेके लिये जब मैंने हाथ बढ़ाया था तब भी तुमने ऐसी ही दुखसे भरी मोहकी बातें की थीं। पर पीछे तो मेरे एक वर्ष तक जेलमें रहनेपर भी तुम्हें उतनी चिन्ता न हुई जितनी आज फिजीकी यात्राके लिये हो रही है।" राजेन्द्रने कहा।

"यह सब कुछ तो आपका कहना ठीक है, मेरे देव! पर आखिर मैं स्त्री ही ठहरी। मोह-ममता संसारसे दूर हो नहीं सकती। फिर यदि मैं अपने जीवन सर्वस्वको अपनेसे विलग होते देखूं, आपको सदा कष्टमय जीवन व्यतीत करते देखूं, तो क्या मेरा उदास होना भी 'अन्याय' है? यह नारी-हृदय है, देव! थोड़ा-थोड़ा सभी बातोंका ध्यान करो! ऐसी निठुराई किस कामकी?" कमलाका स्वर अस्पष्टसा पड़ने लगा। अपनी खद्दरकी साड़ीके आँचलसे वह आँखें पोछने लगी! मोहवश हो राजेंद्रने कमलाको छातीसे लगा लिया। बहुत रोकेसे भी उनसे आंसू न रुक सके, कठिनसे कठिन कष्टोंको सहन कर लेने का दावा करने वाला वीर युवक नारी कमलाके आंसुओंमें बह गया, दोनोंके नेत्रोंसे बही हुई अश्रुधाराने गंगा-यमुनाके समान मिलकर प्रेमकी सरस्वतीको उमड़ा दिया। राजेन्द्रने और जोरसे कमलाको अंगसे लिपटा लिया। फिर सान्त्वना देते हुए बोले—"कमला तुम्हें अधिक समझाने और बतलानेकी अब जरुरत नहीं रही। देश सम्बंधी बहुत कुछ बातें तो मैं तुम्हें समय-समयपर सुनाता ही रहा हूँ। तुम्हें याद होगा मैंने एक बार, शायद 'जेल यात्रा' से कुछ ही समय पूर्व, डा० मणिलाल-जी बैरिस्टरके विषयमें तुमसे कुछ कहा था। फिजी आदि देशोंमें किस प्रकार उन्हें अपने देश भाइयोंके लिये कष्ट उठाने पड़े थे? क्यों, कुछ याद पड़ता है?"

"जी हाँ, मुझे अच्छी तरह याद है। पर उससे और आपकी इस फिजी देशकी यात्रासे क्या सम्बन्ध?" कमला बोली।

राजेन्द्र—"उस समय मैंने तुम्हें इस विषयमें समयाभावके कारण अधिक नहीं बताया था, कमला! पूर्वी और दक्षिणी अफ्रिका, मोरीशस, फिजी, मलाया आदि स्थानोंमें हमारे भाई और बहनोंकी जो दुर्दशा है यदि उसका कुछ भी हाल तुम सुनोगी तो तुम्हें रोमाञ्च हो आवेगा। हमारे देशके भोले बालकों, सीधी सादी मां-बहिनों और भाइयों को धोखा देकर, प्रलोभन दिखाकर आरकाटी लोग इन द्वीपों में ले जाते हैं, वहां पर उनके साथ जिस निष्ठुरताके साथ व्यवहार किया जाता है, स्त्रियोंके ऊपर जैसे अमानुषी अत्याचार किये जाते हैं उनके आगे टाम काकाकी कुटिया भी फीकी दिखाई देती है। उन सब बातों को कहने और सुननेके लिये कड़े हृदयकी आवश्यकता है। मैं सच कहता हूं, कमला!"

"अच्छा तो कुछ बतलाइये, देव! सचमुच इस ओर की बात तो आपने मुझसे कभी कही ही नहीं। ईश्वर उन पापियोंका मुंह काला करें" कमलाने एक दीर्घ निश्वास परित्याग करते हुए कहा। उसके नेत्रोंसे घृणा और तिरस्कारके भाव टपक रहे थे। "अच्छा मैं हालही के 'भारतमित्र' में प्रकाशित फिजीका एक वर्णन तुम्हें पढ़कर सुनाये देता हूँ। इसीसे तुम्हें कुछ कुछ पता चल जायगा। लो सुनो!"

(क)

बंग-भंगके समयकी बात है। करजन शाहीके निरंकुश शासनके मारे देशमें खलबली मच गई थी। बंगालको दो भागोंमें विभाजित करनेके प्रश्नने प्रादेशिक होते हुए भी भारतीय जनसमाजमें स्वाभिमान और देश भक्तिका भाव जागृत कर दिया था। कितनेही नवयुवक फांसीपर लटका दिये गये। शंका होते ही कितनोंको कठोर दण्ड दे दिया गया। जब शांतिप्रिय अरविन्दपर ही बम केस चला दिया गया तो और कौन बच सकता था। पंजाबमें भी दमनका दावानल धधक रहा था। कितनेही निरपराध प्राणियोंको केवल शकपर ही दमनकारी कानूनोंके शिकार बन

जाना पड़ा। एक दिन अकस्मात प्रातः काल रमेशके घरपर पुलिस आ धमकी और गिरफ्तारीका वारण्ट दिखाकर उन्हें हथकड़ी पहनाकर साथ ही ले चली। गांवके अंदर यह पहली गिरफ्तारी थी। चारों ओर शोर मच गया। ग्रामीण स्त्रियाँ भयसे कांप रही थीं। रह रहकर उन्हें अनिष्टकी आशंका होने लगी। वृद्धजन, रमेश जैसे गम्भीर और शान्तिप्रिय युवकके पकड़े जाने पर सरकारके इस कुत्सित व्यवहारकी घोर निन्दा करने लगे। पर नवयुवकों के हृदयमें आज अपने अन्य भाइयोंकी भांति गुप्त समितियां बनाकर कुछ कर मिटनेकी होड़ हुई। बस यही तो दमनका अन्तिम और एक मात्र परिणाम है।

रमेशका कोई भारी कुटुम्ब न था। उनकी एक स्त्री थी और इस दम्पतिको अपनी शिशु-जन-सुलभ मुसकान से प्रफुल्लित कर देने वाला एक बालक भी था। रमेश इस गांवकी पाठशालामें अध्यापक थे। लोग उनका मान करते थे। उनकी मासिक वृत्ति इतनी ही थी कि अच्छी प्रकार खा पीकर सधारणतया जीवन व्यतीत करने पर जोड़नेके लिये न इतना बच ही सकता था और न रमेश को धनकी हाय हाय ही थी।

पुलिसके इस प्रकार आ जाने पर रमेश घबरा उठे। बाहरका द्वार तोड़कर पुलिस कर्मचारी सरासर अन्दर घुस आये। रमेश हैरान थे कि किस्सा क्या है। पूछनेपर पता चला कि तलाशी और गिरफ्तारीका वारंट है। एक ही दममें घरकी तमाम चीजें इधरसे उधर फेंक दी गयी। 'बम' कहीं पर न मिलनेके कारण हताश हो पुलिसने कुछ कागजातही ले लिये और रमेशको हथकड़ी पहनाकर ले चलनेके लिये तैयार हुई। रमेशने बड़ी कठिनतासे अपनी स्त्रीसे दो बातें करनेकी आज्ञा पायी। पर ऐसे समयमें उनकी समझहीं में न आया कि क्या कहें? बस दो बूंद आंसू बहाकर चल दिये। उधर करुणाको चक्कर आया और वह वहीं पृथ्वीपर बैठ गई। खाटपर पड़ा बालक पगड़ियोंको देखकर ऐसा कूद-कूद कर हँसा कि देखतेही बनता था। जो रमेश सदा इस मुसकानसे स्वर्गीय सुख का अनुभव करते आज वही मुसकान दुधारी छुरीके समान उनके हृदयको बेध रही थी। उन्होंने चलती बार ज्यों ही बालकके कपोलोंके निकट अपना मुँह ले जाकर चूमना चाहा कि निष्ठुर सिपाहीने हाथ झटककर कहा—"चलो आगे बढो। लगे प्यार करने। प्यारही करना था तो ऐसी बदमाशी करने क्यों बैठे थे?" कैदी रमेश चलती बार अपने प्यारे बच्चेको पुचकार भी न सके। आज यह भी दुर्लभ था। इस वेदनाका एक मात्र वही हृदय अनुभव कर सकते हैं जिनका नरके रुपमें राक्षसोंके साथ पाला पड़ा हो।

* * * *

"भला तू मेरे सामने इतनी क्यों शर्माती है बेटी? मैंने तो बालकपनमें तुझे इन्हीं हाथोंमें खेलाया था। तू जब कुछ बड़ी हुई तो दुर्भाग्यसे मैं गांव ही छोड़ कर चला गया था। इसी से तू मुझे क्या पहचान सकेगी? तेरे माता पिता आदिका पता पाने से ही तो तुझे पहचान पाया हूँ। मैं तो, तू सच जान, तेरे पिताकी ही जगह पर हूँ।" "यह तो आपका कहना ठीक है पर मैं बेजाने बूझे कैसे आपके साथ जाने को हां कह देती। जब आपने मुझे इतनी बातें बतायी हैं तभी तो मुझे भी पता चला पर जैसा आपने कहा क्या लाहौरमें मेरी 'उनसे' भेंट हो सकती है? जब घर परही दो बातें न कर सकी तो वहां कौन बोलने देगा?"

"तू चली तो चल बेटी। वहां मैं सब देख लूँगा। क्या तेरे लिये, जिसे अपनी गोदमें खेलाया, मैं इतना भी नहीं कर सकता" इतना कहकर वृद्धने दुपट्टेसे अपनी आंखें पोंछी। फिर बालक को गोदमें लेकर प्यार करने लगे। वृद्धकी सन जैसी सफेद दाढ़ी देखकर बालक उसे पकड़ पकड़कर खींचता और किलकारी मारता।

करुणाने वृद्धके साथ लाहौर जानेका निश्चय किया। लाहौर इस गांवसे १२ मीलकी दूरी पर था। वृद्धके बहुत कहने पर भी करुणा गाड़ में जाने को राजी न हुई। प्रातः काल ही दोनों पैदल चल पड़े। करुणाको पैदल चलने का अभ्यास न था। जैसे तैसे सूर्यास्त होने तक वे पहुंच पाये। "अब रात्रिमें उनसे भेंट नहीं हो सकती बेटी? इसलिये इस समय इस मकानमें ठहरो, सवेरे देखा जायगा" कह-कर एक बड़े मकानमें वृद्ध करुणाके साथ घुसे। एक अलग कमरेमें करुणा ठहरी। "तुम यहां बैठो! मैं भोजनका प्रबन्ध करता हूं" कहकर वृद्ध बाहर गये और कुछ भोजन लेकर जल्दी ही वापिस आये। भोजन करके करुणा खाटपर लेट गई। वृद्ध महाशय भी बाहर चले गये। थकावटके कारण लेटतेही करुणा नींदमें बेहोश हो गयी। प्रातः काल होतेही उसकी नींद खुली, पतिसे मिलनेकी लालसा

बढ़ती ही जाती थी। धीरे-धीरे सूर्योदय हुआ। करुणा इधर उधर खटखटकी आवाज सुनतेही अनुमान करने लगती कि वृद्ध महाशय आये। पर १० बजे तक न तो वृद्धही आये और न कोठरीका द्वारही खुला, द्वार बाहरसे बन्द था। वह एक ऐसे मकानमें थी जहां किसीको न जानती थी। फिर किसीको पुकारती भी कैसे। और हां, वह वृद्धका नाम भी तो न जानती थी। अब तो वह घबरायी। उसने कितनीही बार द्वार पर धक्का मारा पर व्यर्थही। शामतक करुणा उसी तरह बन्द रही। उसे अपने अनिष्टकी आशंका होने लगी।

इधर गोदका बालक बन्द कमरेमें घबराकर चिल्लाता। शामको अकस्मात द्वार खुला। करुणाको एक बार फिर वृद्ध महाशयके दर्शन हुए। बड़ा शोक प्रकट करते हुए उन्होंने कहा—"देखो, एकही दिनकी देरमें कितना अनर्थ हो गया बेटी, कलही तुम्हारे पति दोपहरकी गाड़ीसे फिजी को भेज दिये गये। फिजी यहां से कई हजार मील दूर है और जहाजमें जाना होता है। अब क्या करना चाहिये ?" करुणापर मानो वज्रपात हुआ। उसकी आंखोंके सामने अन्धकार छा गया। उसने रोते-रोते कहा—"अब तो मैं भी वहीं जाऊँगी। क्या कुछ प्रबन्ध हो सकता है ? मेरे जीवन सर्वस्वके पास किसी तरह मुझे पहुँचा दो मेरे अच्छे पिता ! अब पिता हो तो तुम्हीं, माता हो तो तुम्हीं, जब यहां तक लाये हो, इतना कष्ट उठाया है तो मेरे ऊपर और भी इतनी दया करो—मैं तुम्हारे पैर पड़ती हूं।"

"अच्छा तुम खा तो लो। देखो, कलसे भूखी हो, मैंने दिनभर फिरकर पता लगाया है। भोजनका प्रबन्ध करने ही न पाया" यह कहकर उसने एक कपड़ेमें से कुछ भोजन निकालकर करुणाको दिया। पर करुणाको भोजन करने की कहां सुध थी। भूख प्यास न जाने कहां हवा हो गई। वृद्ध फिर कहने लगे "देखो बेटी, मैं कोशिश करता हूं। आगे ईश्वर मालिक हैं। शीघ्र एक जहाज फिजीको जावेगा। हो सका तो कल ही उसमें तुम्हारा प्रबन्ध कर दूंगा। इस मकानमें फिजी भेजे जानेवाले और भी लोग ठहरे हैं। कल उनकी जांचके लिये मजिस्ट्रेट आवेगा। तुमसे भी पूछे तो कह देना कि हां मैं भी जाना चाहती हूं। पर हां, एक बात है तुम्हारे पास जो गहने हैं वह तुम मुझे उतार कर दे देना। मैं तुम्हारे घर पहुंचा दूंगा, नहीं तो मार्गमें जहाजके यात्री बड़ी बदमाशी करते हैं और सीधे मनुष्यों की चीजें योंही ले लेते हैं। मजिस्ट्रेट पूछे तो कह देना कि हमारे पास जेवर कुछ नहीं है।" इतना कहकर वह चले गये पर करुणा को चैन कहां। उसकी वह रात घण्टे गिनतेही बीती। दूसरे दिन मजिस्ट्रेटकी पूछताछके बाद गाड़ीमें बन्द हो बहुतसे लोगोंके साथ करुणा ने भी 'पति मिलन' की आशासे एक अपरिचित व्यक्तिके साथ एक अपरिचित स्थानके लिये प्रस्थान किया। हावड़ा तक वृद्ध भी साथ थे। मार्गमें करुणाने किसीसे भी बात न की। हावड़ामें फिर पूछताछ हुई। वृद्धके सिखाये अनुसार करुणाने ५ वर्षके लिये नौकरी करना कबूल किया। वह प्रत्येक बातको सहर्ष स्वीकार करनेको तैयार थी, यदि कोई उसे उसके पतिसे मिलानेका वचन देता। फिर ५ वर्ष की नौकरी तो उसने इमीग्रेशन दफ्तरके अफसरकी धमकी समझ ली। वृद्धने उसे इसी प्रकार समझा दिया था। अपने गहने वृद्धको सौंपकर माताके लिये सन्देश देती हुई करुणा जहाज पर बैठ गयी। जहाज चल दिया। करुणा कृतज्ञ नेत्रोंसे वृद्धकी ओर देखती रही जब तक कि जहाज वृद्धकी दृष्टिसे ओझल न हो गया। ज्यों ज्यों जलयान आगेको बढ़ता करुणा समझती कि वह उतनाही अपने पति के निकट पहुँच रही है, पर क्या करुणाका यह अनुमान ठीक था। 'हां' या 'ना' का उत्तर भविष्यके गर्भमें है।

( अपूर्ण )

---

ब्रिटिश गायना और ट्रिनीडाड आदि उपनिवेशोंमें भ्रमण करनेके बाद मैं इस परिणामपर पहुँचा हूँ कि ज्यों ज्यों एकके पश्चात दूसरी नस्ल आती है त्यों त्यों वे अपने देश, धर्म और भाषाको भूलते जाते हैं। वहां जितने भारत से गये हुए स्त्री पुरुष हैं वे तो हिंदी बोलना जानते हैं। पर जो बच्चे वहां पैदा होते हैं उनकी बोलचाल अधिकतर अंग्रेजीमेंही होती है और उनकी संतान तो हिंदी भाषाको सर्वथा परित्यागही कर देती है। उनको अपने देश और धर्मका कुछ भी ज्ञान नहीं होता। मैं तो भाषाको स्वदेश और स्वजाति प्रेमका मूल कारण समझता हूँ। उन प्रवासी भाइयोंमें हिंदी प्रचारका प्रबन्ध होना चाहिये और वहांके प्रवासी भाइयोंको भारतसे कोई हिंदी पत्र मँगाकर अवश्यमेव पढ़ना चाहिये।

—भाई परमानन्द।

## संपादकका स्वास्थ्य ।

इस बार "प्रवासी"के कर्मचारियोंने मेरे पास एक अर्जी भेजी है जिसमें मुझसे प्रार्थना की गई है कि मैं सम्पादकजीके स्वास्थ्यका समाचार पाठकोंको सुना दूँ । इसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूँ कि जबतक संपादकजी असाध्य-रूपसे बीमार रहे—उनके बच जानेकी कोई आशा न थी तबतक किसी-ने उनकी बीमारी पर कुछ लिखनेका अप्रिय कार्य मुझे नहीं सौंपा—"प्रवासी" के कर्मचारियोंने स्वयं कुछ गोदगाद-कर अपना काम चला लिया । पर अब मुझे यह शुभ-संवाद सुनानेका अवसर दिया गया है कि संपादकजी कालके गालसे निकल आये हैं—वे वहांतक पहुँच गये थे जहां जीवन और मृत्युकी संधि-रेखा है पर परमात्मा और प्रकृतिने उनको वहांसे फिर एकबार अपने कार्यक्षेत्रमें लौटा दिया है । वे मौतके दरवाजेसे कैसे वापस आ गये, यह एक मनोरंजक और अद्‌भुत कथा है और उसे शरीरमें कुछ शक्ति आ जानेपर सम्पादकजीही ठीक-ठीक सुना सकेंगे । इस विषयपर मेरा कुछ लिखना उचित न होगा । मुझे तो केवल यही सूचना देना है कि तीन मास तक दमेकी व्याधि अपना मारक-रूप दिखाकर जूनके द्वितीय सप्ताहमें एक दिन अचानक अलक्षित हो गई और उसके साथही बुखारने भी संपादकजीका पिण्ड छोड़ दिया । अन्य व्याधियोंने भी उनके शरीरसे विदाई ले ली । इस प्रकार संपादकजी फिलहाल रोग-व्याधिसे छुटकारा पा गये हैं ।

❀ ❀ ❀ ❀

पर तीन मासकी गंभीर और भयंकर बीमारीने स्वामीजी के क्षीण शरीरको सर्वथा शक्तिहीन बना दिया है । उनमें इतना भी बल नहीं रह गया है कि वे दूसरेके सहारे के बिना स्वयं खाटसे उठ सकें । इतना निर्बल वे पहले कभी नहीं हुए थे । डाक्टरोंने उनको पढ़ने-लिखने और बोलनेकी सख्त मनाही कर दी है । थोड़ी देरतक बात-चीत करनेपर भी वे इतना थक जाते है कि मानो बद्रीनाथकी यात्रासे पैदल चले आ रहे हों । उनके शरीरका सारा रक्त-मांस गल-पच गया है—वे केवल हड्डियोंका ढांचा जान पड़ते हैं । यदि अब किसी रोग-व्याधिने अचानक आक्र-मण न कर दिया और उनकी तन्दुरस्ती इसी प्रकार बनी रही तो कहीं दो-तीन मासके बाद वे कुछ कामकाज करनेकी शक्ति प्राप्त कर सकेंगे । इससे पहले कुछ भी काम करना मानो जानबूझकर खतरेको आमंत्रित करना होगा क्योंकि सम्पादकजीके शरीरमें अब इतनी भी शक्ति नहीं है कि वे किसी साधारण बीमारीका भी प्रति-रोध कर सकें । इसलिये उनको डाक्टरोंके आदेशानुसार कमसे कम दो-तीन मासतक पूर्ण विश्राम करनाही श्रेय-स्कर होगा ।

❀ ❀ ❀ ❀

स्वामीजीकी बीमारीसे प्रवासी भाइयों और उनके शुभचिन्तक देशवासियोंमें बड़ी चिन्ता फैल गई है । बबई के गवर्नर राजा महाराजसिंहने लिखा है कि इस समय भारत स्वामीजी जैसे देशसेवकको खोनेकी हिम्मत और ताकत नहीं रखता है । बम्बईके सेठ इब्राहिम हसन मामूजी, सेठ इस्माइल भाई वाहद, श्री ए. एच. सूबेदार आदि मित्र तो इस अवसर पर स्वामीजीको खो देना प्रवा-सियोंके दुर्भाग्यकी पराकाष्ठा समझते हैं । पर सत्य बात तो यह है कि जो जन्मा है उसकी मृत्यु निश्चित है—केवल समयका कुछ भेद अवश्य होता है । दक्षिण अफ्रिका खबर पहुँचनेपर स्वामीजीके पुत्र भाई कृष्णदत्तके साथ उनकी पुत्री गायत्री और उनकी पुत्रवधुएँ प्रकाशवती और पद्मावती तथा बच्चे ७ जुलाईको "करंजा" स्टीमरसे स्वामीजीके दर्शनार्थ आने की पूरी तैयारी कर चुके थे पर जब उनका तार आया तो स्वामीजीने तत्क्षण उनको जबाब भेजवा दिया कि वे वर्षा ऋतुमें समुद्रयात्रा करनेका विचार त्याग दें क्योंकि इस ऋतुमें हिन्द महासागर अत्यन्त प्रक्षुब्ध रहता है । वर्षाके बादही उनका आना ठीक होगा । उनको यह भी सूचित कर दिया गया कि

स्वामीजीका स्वास्थ्य शनैः शनैः सुधर रहा है अतएव उनको अब विशेष चिन्ता करनेकी जरूरत नहीं। अन्य अनेक मित्रोंके पत्र आये हैं जिनमें स्वामीजीकी बीमारीपर चिन्ता और उनके आरोग्य होनेके लिये शुभकामना प्रकट की गई है। सभीको हम "प्रवासी" के कर्मचारियों की ओरसे धन्यवाद देते हैं।

## उपाधिकी व्याधि !

इस समय हिंदुओंमें जाति-भेद-सूचक उपाधियोंकी व्याधि देखकर अक्ल हैरान हो जाती है। आर्ष ग्रंथोंमें मुझे एक भी उदाहरण ऐसा नहीं मिलता है कि प्राचीन कालमें किसी ऋषि-मुनि या राजाने अपने नामके आगे-पीछे किसी प्रकारकी पदवी लगाई हो। वैदिक, पौराणिक और बौद्धकालके आर्यराष्ट्रमें नामके आगे-पीछे पदवीके पुछल्ले लगानेकी प्रथाही नहीं थी। सत्ययुगमें अंगिरा आदि वेदज्ञ ब्राह्मण 'द्विवेदी-त्रिवेदी' नही बने थे और न हरिश्चन्द्र जैसे प्रतापी क्षत्रिय "सिंह" या "वर्मा" ही। त्रेतामें रघु, दलीप, दशरथ, राम, लक्ष्मण आदि भी 'सिंह' या 'वर्मा' बने बिना रह गये और वशिष्ट, विश्वामित्र आदि विद्वान ब्राह्मणोंने 'चतुर्वेदी या शर्मा' बननेकी कोई आवश्यकता न समझी। द्वापरमें कृष्ण, युधिष्टिर, भीम, अर्जुन, कर्ण आदिके नामके साथ 'सिंह या राय" की पुच्छ नहीं लगी और न द्रोण, व्यास, पराशर आदिके नामके साथ 'पांडे, तिवारी, और मिश्र' काही। बौद्धकालमें भी अशोक, चन्द्रगुप्त आदि चक्रवर्ती सम्राटके नामके साथ भी कोई खास पदवी नहीं लगी। इतिहास तो यह बतलाता है कि अभी एक हजार वर्षसे पहले कोई उपाधिकी व्याधि नहीं पालता था। विदेशी मुगलोंके आगमनके समय भी पृथ्वीराज, जयचन्द, बच्छराज, परमाल, आल्हा, उदल आदि 'सिंह और वर्मा' के पुछल्लेसे विरक्तही रहे और तुलसीदास, सूरदास, टोडरमल और बीरबल जैसे महान ब्राह्मणों ने 'शर्मा या शुक्ल' बननेमें अपनी कोई प्रतिष्ठा नही समझी।

वास्तवमें यह सब पदवियाँ थोड़े दिनोंसे चल पड़ी हैं। जब हिंदुस्थान गुलाम हो गया—आलंकारिक भाषामें क्षत्रिय कहलानेवाले जब राजपाट गँवाकर 'सियार' बन गये तब उन्होंने अपने नामके साथ 'सिंह' का पुछल्ला जोड़ दिया, और जब ब्राह्मण नामधारी जीव विद्या-विहीन बनकर हिंदू रईसोंके घरमें बावर्चीका धन्धा करने लगे तब उनके नामके साथ 'दूबे, तिवारी, चौबे, मिश्र, पांडे, शुक्ल, महाराज' आदि नाना प्रकारकी पदवियाँ आ जुड़ीं। कैसा अजीब तमाशा है? जब भारतमें वेदके दर्शन भी दुर्लभ हो गये तब यहाँ 'द्विवेदी, त्रिवेदी और चतुर्वेदी' उत्पन्न होने लगे। इसे बुद्धिकी उपज कहें अथवा दिमागकी खराबी। परस्पर भेदभाव बढ़ानेके सिवा इन पदवियोंसे और क्या लाभ है?

कुछ आर्य समाजी ऋषि दयानन्दकी दुहाई देते हैं कि उन्होंने अपनी 'संस्कार-विधि' में शर्मा, बर्मा, गुप्त और दासकी पदवियाँ लगानेकी आज्ञा दी है पर यथार्थ बात तो यह है कि जब अरबमें पैगम्बर मुहम्मदने देखा कि वहाँ एक आदमी सैकड़ों तो क्या हजारों शादियाँ कर सकता है—न उसकी कोई हद है और न किसी तरहकी रुकावटही—तब उन्होंने यह व्यवस्था दी कि किसीको चारसे अधिक शादी करना नाजायज समझा जायगा। उसी प्रकार जब ऋषि दयानन्दने हिंदुओंकी पदवियोंपर दृष्टि डाली तो उनका हृदय तिलमिला उठा। उपाधियोंकी व्याधिसे हिंदू समाजको ग्रस्त पाया—इसमें जितनी जातियाँ-उपजातियाँ हैं उतनीही पदवियाँ भी। उन्होंने सोचा, इससे अच्छा तो यह होगा कि लोग अन्य सब जाति-सूचक उपाधियाँ त्यागकर वर्ण-सूचक शर्मा, वर्मा, गुप्त और दासकी पदवियोंपर संतोष कर लें। यह ऋषि दयानन्दका अभिमत है, पुरातन प्रथा नहीं।

❀ ❀ ❀ ❀

अमेरिकाके जितने प्रेसिडेन्ट हुए हैं उनमेंसे किसीने भी अपने नामके आगे-पीछे किसी प्रकारका पुछल्ला नहीं लगाया। जनता उनको केवल 'मिस्टर' कहकर पुकारती रही। इङ्गलैंडमें भी जो बड़े से बड़े आदमी हुए हैं और जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यका सफलता पूर्वक संचालन किया है उनमेंसे भी किसीने "लॉर्ड" तक बनना पसंद नहीं किया—वे अपने जीवनभर 'मिस्टर' ही बने रहे। संसारके अन्य देशोंमें भी पदवियोंका कोई मूल्य और महत्व नहीं समझा जाता है, पर "तीन लोकमें मथुरा न्यारी" की कहावतके अनुसार हिंदुस्थानकी दशा बड़ी विचित्र है! यहाँ जब जात सूचक पदवियोंसे लोगोंका चित्त नहीं अघाया तो उन्होंने अन्य प्रकारकी उपाधियोंकी सृष्टि शुरु कर दी। महात्मा मुंशीरामने पहले-पहल गांधी जीके लिये महात्मा लिखना आरंभ किया और यह पदवी

संसार-व्यापी हो गई। गांधीजीको यदि ऋषि या महर्षि की पदवी दी जाती तो मेरे विचारमें अधिक उपयुक्त होता क्योंकि इस देशमें महात्माओंकी तो भरमार है। यहाँ तक कि हमारे अजमेरके निकट डुमाड़ा गांवमें भी एक "महात्मा श्री गोकुलदासजी" रहते हैं, इसी प्रकार इस देशमें सैकड़ों महात्मा विराज रहे हैं। इसके अतिरिक्त लाला लाजपतरायको "पंजाब-केसरी" बनाया गया तो श्री सुरेन्द्रनाथ बनर्जीको 'बंगाल केसरी' कहा जाने लगा। फिर तो कोई देशबन्धु बनाया गया तो कोई देशप्रिय, किसीको भारत-भूषण बनाया गया तो किसीको त्याग-मूर्ति। इसी तरह हमारे देशके जितने नेता हैं उनके नाम के साथ कोई न कोई विशिष्ट पदवियाँ जोड़ दी गई। यह ऐसी बीमारी है जो रुकनेका नाम नहीं लेती। यद्यपि भारतकी संविधान परिषदने यह प्रस्ताव पास कर दिया कि भविष्यमें किसी भी भारतवासीको किसी तरहकी पदवी न दी जायगी और न विदेशियोंकी दी हुई पदवियों को भारत सरकार स्वीकार करेगी। इससे रायबहादुर, दीवान बहादुर, रायसाहेब, खां साहेब तथा अन्य ए. बी. सी. डी. आदि अक्षरोंकी पदवियोंके विलुप्त हो जानेकी संभावना है पर जनताको कौन रोक सकता है? वह जिसे चाहे उसीके गले कोई न कोई पदवी मढ़ दे।

❀ ❀ ❀ ❀

जब काश्मीरके शेख अब्दुल्ला "शेरे-काश्मीर" बने तो राजपूतानेके कुछ राजनैतिक नेता बेतरह छटपटाने लगे। पर करते तो क्या? यहाँ तो कुँवर चाँदकरण शारदा पहिलेसेही "देश भक्त" और "राजस्थान केसरी" बनाये गये थे और एक जंगलमें दो केसरी या शेर रह भी कैसे सकते हैं, इस लिये कुछ लोग बड़े असमंजसमें पड़े रहे। पर इधर शारदाजी को तरक्की दी गई और उनको जब "भारतकेसरी" बनाया गया हैं तो राजस्थानका जंगल सूना हो गया। बस, इस मौकेको भला श्री जयनारायण जी व्यास कैसे हाथसे जाने देते? वे पहलेसेही 'लोक नायक" बन गये थे पर इस से उनको सन्तोष न था। इस लिये ज्योंही शारदाजी "भारत केसरी" बने त्योंहीं मैदान साफ पाकर हमारे व्यासजी 'शेरे-काश्मीर' की तरह 'शेरे-राजस्थान' बन बैठे। आजकल राजस्थानका सघन बन उन्हींके गर्जनसे गूंज रहा है। जहाँ संसारके लोग नई-नई वस्तुओंका आविष्कार कर अपनी बुद्धिमता-से सबको आश्चर्य-चकित कर रहे हैं वहाँ हमारे देशवासी नईसे नई पदवियों का आविष्कार कर अपने नेताओंके नामके साथ जोड़नेमें मस्त और व्यस्त हैं। मालूम पड़ता है कि पदवियोंसेही इस अभागे देशकी उन्नति हो सकेगी।

❀ ❀ ❀ ❀

## शेरे-राजस्थानका चमत्कार।

शेरे-राजस्थान श्री जयनारायण व्यास बड़े चमत्कारी महापुरुष हैं। वे जिसको चाहें आज राजगद्दीपर बैठा दें और उनकी हुक्मउदूली करने पर कलही उसके कान पकड़ कर गद्दीसे उतार सकते हैं। जब भारत सरकारके अनुरोध-से राजाओंने शासनका अधिकार प्रजाको सौंप दिया तो जोधपुरके प्रधान-मंत्री 'लोकनायक' जयनारायण व्यास बने, उदयपुरके प्रधान मंत्री श्री माणिकलाल वर्मा और शाहपुराके प्रधान-मन्त्री प्रोफेसर ओसावा बने। इन प्रधान मंत्रियोंने लोकहितकी अपेक्षा अपने व्यक्तिगत बंगले, मोटरकार तथा ऐशोआरामपर जितना ध्यान दिया उसे राजस्थानकी प्रजा कभी भूल न सकेगी। जब सरदार पटेलके उद्योगसे संयुक्त राजस्थान निर्माणका समय आया तो दिल्लीमें राजपूताना प्रांतिक कॉंग्रेस कमेटीकी बैठक हुई। उस बैठकमें श्रीजयनारायण व्यास और श्री माणिकलाल वर्माके प्रस्ताव और समर्थनसे जयपुरके श्री हीरालाल शास्त्री सर्वानुमतसे संयुक्त राजस्थानके प्रधान मंत्री चुने गये। शास्त्रीजी व्यासजीको तो अपने मंत्रीमंडलमें शामिल करने के लिये प्रस्तुतही नहीं, आतुर भी थे, पर उनके मित्रोंको नहीं। वे अपनी इच्छानुसार अपने मंत्रीमंडलका संगठन करना चाहते थे। संसारमें जहां-जहां लोकतंत्र शासन प्रणाली है वहांके प्रधान मंत्रियोंको अपना सहयोगी चुननेका पूर्ण अधिकार होता है, उसके इस काममें कोई भी दखल नही दे सकता। इङ्गलैन्डके मजदूर दलने क्लेमेंट एटलीको अपना पार्लमेंटरी नेता चुना और वे प्रधान मंत्री बन गये। इसके बाद उन्होंने अपनी इच्छासे अपने मंत्री मंडलका संगठन किया और जब वे जरूरत समझते हैं तो किसी भी मंत्रीको निकाल बाहर करते हैं और उसकी जगह किसी और को बहाल कर लेते हैं। संयुक्त राजस्थानमें जब शास्त्रीजीने व्यासजीकी इच्छानुसार उनके मित्रोंको अपने केबिनेटमें नहीं लिया और जिनपर उनका पूर्ण विश्वास था उनको अपना सहयोगी मंत्री बनाया तो व्यासजीने भी

शास्त्रीजीके मंत्री-मंडलमें शामिल होनेसे इन्कार कर दिया। उनके मित्रोंने बड़े जोरोंसे यह प्रचार आरंभ कर दिया कि शेरे-राजस्थान व्यासजी और श्री माणिकलाल वर्माने राजपूताना प्रांतिक कांग्रेस कमेटीकी दिल्लीकी बैठकमें राजी-खुशीसे शास्त्रीजीको प्रधान-मंत्री नहीं चुना था बल्कि सरदार पटेलने उनका गला दबाकर उनसे यह काम करा लिया। फिर क्या था? राजस्थानकी धरती डोल गई और आस्मान काँप उठा। व्यासजी और वर्माजीसे उनके मित्रोंने यह नहीं पूछा कि जब वे सरदार पटेलके दबावमें आकर अपनी अंतरात्माके विरुद्ध काम कर सकते हैं तो फिर उनकी निजी हस्तीकी बिसातही क्या और उनके नेतृत्वका मूल्य ही क्या रहा? व्यासजीने भी यह शपथ खा ली कि जिस तरह उन्होंने शास्त्रीजीको राज-सिंहासनपर बैठा दिया है उसी तरह उनको गद्दीसे उतारे बिना अब चैन न लेंगे। फौरन लगभग ८० सदस्योंने एक अर्जी तैयार की और उसे सभापतिके पास भेजा। उस अर्जीमें यह बात कही गई थी कि वे शीघ्रही प्रांतिक कांग्रेस कमेटीकी बैठक करें जिसमें स्वयं सभापति श्री गोकुलभाई भट्ट और प्रधान मंत्री श्री हीरालाल शास्त्रीके विरुद्ध अविश्वासका प्रस्ताव पेश किया जायगा। भट्टजीने सभा तो बुलाई पर वे स्वयं इस्तीफा देकर इस झंझटसे अलग हो गये। श्री व्यासजी उनकी जगह पर सभापति बनाये गये। रह गये शास्त्रीजी सो उनके विरुद्ध अविश्वासका प्रस्ताव पास हो गया और उनको हुक्म दिया गया कि वे फौरन राजगद्दी छोड़ दें यानी प्रधान मंत्रीत्वसे इस्तिफा देकर अपने लिये और कोई धंधा ढूँढ़ें। पर बीचमें कूद पड़े सरदार पटेल, जिसका फल यह हुआ कि शेरे-राजस्थानको प्रधानमंत्री बननेकी तमन्ना पूरी न हो सकी। व्यासजीने जब सरदार पटेलको तार दिया कि शास्त्रीजीके विरुद्ध कांग्रेस कमेटीने अविश्वासका प्रस्ताव पास कर दिया है तो सरदारने साफ जबाब दे दिया कि "इससे शास्त्रीकी स्थितिमें कोई अंतर नहीं आता है। देशी राज्योंमें अभी तक धारा सभा नहीं है और कांग्रेस कमेटी धारा सभाकी जगह नहीं ले सकती। इसलिये जबतक नये-संविधानके अनुसार नया चुनाव नहीं होता है तब तक संयुक्त-राजस्थानका शास्त्रीजी प्रधानमंत्री बने रहेंगे।" इससे शेख-चिल्लीकी तरह शेरे-राजस्थानका बना बनाया कम्पित महल ढह पड़ा और उनके निराशाकी सीमा न रही। सरदारने शेरे राजस्थानको यह भी समझा दिया है कि आप दूसरेको गिरनेके लिये जो गड्ढा खोद रहे हैं उसमें स्वयं आपको ही एक दिन गिरना पड़ेगा।

❀ ❀ ❀ ❀

## खून लगाकर शहीद।

मोरिशसके पंडित विष्णुदयालजी जब पहले पहल दो तीनवार जेल गये तो दुनियामें उनकी बड़ी प्रशंसा हुई। उस समय उन्होंने जेल जाकर हिन्दुओंको एक बहुत बड़े अपमानसे बचाया था। बात यह थी कि मोरिशसमें पादरी लोग ईसाई धर्मका प्रचार करनेमें सर्वतंत्र स्वतंत्र थे, उनके प्रचार-कार्यमें किसी प्रकारकी बाधा नहीं डाली जाती थी। पर जब विष्णुदयालजीने हिन्दुओंकी धार्मिक सभा बुलाई और उसमें विशुद्ध धर्मकाही प्रवचन किया तो उनसे जबाब तलब किया गया कि उन्होंने सभा बुलाने और प्रवचन करनेसे पहले पुलिसकी आज्ञा क्यों नहीं ली? जब उन्होंने अपने कार्यकी पुष्टिमें पादरियोंका प्रमाण दिया तो हिन्दुओंके इस अधिकारको स्वीकार कर लेनेके बदले सरकारने विष्णुदयालजीपर मामला चला दिया। उनको कैद की सजा दी गई जिसे उन्होंने खुशीसे मंजूर कर लिया। जेलमें उनको अनेक यातनाएँ सहनी पड़ी पर वे अपने प्रण पर अटल रहे। इसी प्रकार शायद दो तीन बार उनको जेल जाकर हिन्दुओंके धार्मिक अधिकारकी रक्षा करनी पड़ी। इसलिये मोरिशसही नहीं, भारतके हिंदूसमाज पर भी उनका गहरा प्रभाव पड़ा, सभीने उनकी वीरताकी भूरि-भूरि सराहना की। मोरिशसके वे एक सर्वमान्य नेता माने जाने लगे और उनके कार्योंकी ओर सभीकी दृष्टि लगी रही। उन्होंने लोक-हितके लिये जो कुछ भी कार्य किया उस पर "प्रवासी" में यथेष्ट प्रकाश पड़ चुका है पर उनके विरुद्ध सम्पादकजीने आजतक कोई लेख नहीं छापा, यद्यपि उनके पास विष्णुदयालजीके विरोधमें अनेक लेख आये। हालहीमें उन्होंने पुनः जेल यात्रा की। इस बार उनकी जेल यात्राकी कहानी सुनकर मुझे खून लगा कर शहीद बनने वाली कहावत याद हो आई उनको किसी व्यक्तियोंके झगड़ेमें गवाही देनेके लिये कोर्टमें बुलाया गया। दैवयोगसे उस दिन महा शिवरात्रि थी। पंडित विष्णुदयालको उस दिन अनेक स्थानोंपर भाषण देनेका प्रबंध हो चुका था। इस स्थितिमें उचित तो यह था कि वे 'पब्लिक प्रोसेक्यूटर' (PUBLIC PROSECU-

TOR ) से मिलते और उसको समझा देते कि वह दिन उनके और उनकी कौमके लिये त्योहारका दिन है और उस दिन सुबहसे शामतक उनके भाषणके लिये अनेक स्थानों पर प्रबन्ध हो चुका है। इसलिये यदि कोर्ट उनकी गवाही लेनी जरूरी समझती है तो मुकद्दमेका तारीख बदल देनी चाहिये। मेरा खयाल है कि इस प्रकार स्पष्टीकरण करनेपर अदालतको सन्तोष हो जाता और वह मुकद्दमे की तारीख बदल देती पर प्रोफेसर साहबने ऐसा करना फजूल समझा और सम्मन्स मिलने पर भी उस दिन अदालतमें हाजिर होनेकी कोई जरूरत नहीं समझी। दुनिया में जहां कहीं कोर्ट और कानून है, इसको अदालतकी मानहानिही समझी जायगी। जान-बूझकर देशके साधारण कानूनको भंग करना या अदालतकी मानहानि करना कोई बुद्धिमत्ताका काम तो नहीं है। विष्णुदयालजीकी यह उपेक्षावृत्ति सरासर कोर्टकी इज्जत-हतक (CONTEMPT OF COURT) थी और इस अपराधमें उनपर जो मामला चला और कैदकी सजा मिली उसमें आश्चर्य और अन्यायकी बातही क्या है? संसारके सभ्य देशोंकी कोई भी अदालत इस तरहकी बेइज्जती बर्दास्त नहीं कर सकती और वह सजा दिये बिना नहीं छोड़ती है। अदालतका अपमान करनेवाला चाहे कितना ही बड़ा सरकारी अफसर या जन-नेता क्यों न हो, यदि वह माफी माँगकर पिण्ड नहीं छुड़ाता है तो सजासे बचही नहीं सकता।

❀ ❀ ❀ ❀

कुछ लोग महात्मा गांधीकी दुहाई देते हैं और कहते हैं कि उन्होंने भी कानून तोड़ा और कानून तोड़नेकी शिक्षा दी। पर यह ध्यान रखना चाहिये कि महात्माजीने देशके साधारण कानूनको भंग करनेकी कभी किसीको आज्ञा नहीं दी। सत्याग्रहके लिये वे खासकर ऐसे एक-दो कानून को चुन लेते थे जिनको वे कौमके लिये अपमानजनक समझते थे, देशके अन्य कानूनोंको भंग करना वे स्वयं भयंकर अपराध समझते थे। एकबार एक उत्साही युवकने महात्माजीसे पूछा कि वे क्यों नहीं देशके सारे अंग्रेजी कानूनों को भंग करनेकी आज्ञा दे देते हैं, उन्होंने क्यों नमक-कानून तोड़ने तकही पाबंदी लगा रखी है? महात्माजीने जबाब दिया कि देशके साधारण कानून को तोड़नेकी इजाजत देना देशको बर्बाद करना होगा। मान लो कि सार्वजनिक स्थानों और सड़कोंपर पेशाब करना कानूनसे वर्जित है। यदि लोग पार्कों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानोंपर टट्टी-पेशाब करते फिरें और कहते फिरें कि हम कानून भङ्ग कर रहे हैं—सत्याग्रह कर रहे हैं तो इससे किसकी हानि होगी? देशकी या अंग्रेजोंकी? इसलिये हम जिस कानून को देशके लिये अन्यायपूर्ण और अपमानजनक समझते है उनकोही तोड़कर सत्याग्रह कर सकते हैं। देशके साधारण कानूनोंको तोड़नेका पारिणाम यह होगा कि जनताके दिल में कानूनोंके लिये फिर कोई इज्जत न रह जायगी। आज तो भारतपर अंग्रेजोंकी हुकूमत है पर कल हमारा अपना शासन होगा तब इस प्रकार कानून-भंजनकी प्रवृत्तिका फल खुद हमींको चखना पड़ेगा। महात्माजी इस प्रकारके कामोंको सत्याग्रह नहीं, दुराग्रह कहा करते थे।

❀ ❀ ❀ ❀

पर मोरिशसके प्रोफेसर विष्णुदयालजी कोई भी कानून भङ्ग कर देना सत्याग्रहके अंतर्गत समझते हैं—यहांतक कि कोर्टकी इज्जत-हतककर जेल चला जाना भी उनकी दृष्टिमें सत्याग्रहही हैं। उनको सजा होते ही "प्रवासी" के पास तार पहुँच जाता है कि विष्णुदयालजी फिर जेल भेजे गये हैं। "प्रवासी" के संपादक महोदय उस समय भी बीमार थे और रुग्नशय्यापर पड़े हुए थे, यद्यपि बादमें उनकी बीमारी बड़ी गंभीर हो गई। इसलिये मैं नहीं कह सकता कि उनके आदेशसे अथवा "प्रवासी" के कर्मचारियोंने अपनी इच्छासे श्री रघुके अंग्रेजी लेखके साथ उनका चित्र छापा और लेखके अंतमें उनके जेल जानेकी सूचना भी छापी। हिंदी अंशमें "प्रवासी" के कर्मचारियोंने एक टिप्पणी भी छाप डाली जिससे यह भी मालूम हुआ कि विष्णुदयालजी के विरुद्ध कोई लेख कम्पोज करके भी नहीं छापा गया। यद्यपि मेरी खरी-खरी बातें बहुतसे लोगोंको नागवार मालूम देती है तो भी मैं "प्रवासी" के सम्पादक और उनके कर्मचारियोंको यही सलाह दूँगा कि ऐसी बातोंमें उनको बड़ी सावधानीसे काम लेना चाहिये ताकि "प्रवासी" की प्रतिष्ठापर आँच न आने पावे। कईबार मैंने प्रोफेसर विष्णुदयालकी नीति और प्रवृत्ति पर बड़ी सौम्य टीका की पर मेरी कथासे उस अंशको हमेशा निकाल दिया गया।

❀ ❀ ❀ ❀

उधर पं० विष्णुदयाल पर मोरिशसकी "जनता" ने जो लांछन लगाये हैं ये अत्यन्त भयंकर हैं। उस अखबारने उनके विचारों और कार्यपद्धतियों परही दोषारोप नहीं किया है क्योंकि ऐसी समालोचना तो प्रायः सभी सार्व-

जनिक नेताओंके विरुद्ध हुआ करती है पर उनके विरुद्ध "जनता" ने यह लांछन लगानेका साहस कर डाला है कि उन्होंने पब्लिकके पैसेसे बहुतसे जमीन-मकान खरीद लिये हैं। इसपर मैंने अपनी एक टिप्पणीमें यह सलाह दी थी कि संसारके अन्य किसी भी देशमें यदि कोई अखबार किसी सर्वमान्य नेताके विरुद्ध इस प्रकारका लांछन लगाता तो उसे कानूनके चंगुलमें फँसकर अदालतमें हाजिर होना पड़ता और यदि वह अपने आक्षेपको सत्य सिद्ध न कर सकता तो उसके संपादकको जेलकी हवा खानी पड़ती। पर यदि यह साबित हो जाता कि जो लांछन अखबारने लगाए हैं वे सत्य हैं तो फिर उस व्यक्ति या नेताको दुनियामें मुँह दिखाना भी मुश्किल हो जाता। मेरा मतलब यह था कि जनताके विरुद्ध पं० विष्णुदयाल को इज्जत-हतकका मामला चलाना चाहिये और उसके सम्पादकको कठोर दंड दिलाना चाहिये। पर विष्णुदयालजी इस बातपर बिलकुल खामोश रह गये। हां, "जनता" ने एक और टिप्पणी लिख डाली और मुझे बतलाया कि मोरिशसमें मानहानिका कानून अन्य देशोंकी अपेक्षा अधिक कठोर है, पर यदि विष्णुदयालजी कोर्टमें चलनेकी हिम्मत रखते हों तो उसने उनपर जो कुछ लांछन लगाये हैं उनको सत्य सिद्ध करनेके लिये सर्वथा तैयार हैं। यह तो खुली चुनौती है। हमारे वर्तमान गवर्नर-जनरल श्री राजगोपालाचारीके विरुद्ध मद्रासके एक अखबारने केवल इतनाही लिखा था कि सन् १९४२ में जब गांधीजीके आदेशसे सारा देश अंग्रेजी हुकूमतके बरखिलाफ बगावत कर रहा था तब राजाजी अंग्रेजोंका साथ दे रहे थे। इस अदनीसी बातको लेकर राजाजीने उस अखबारके विरुद्ध अदालतमें इज्जत-हतकका दावा कर दिया और उसके सम्पादकको सजा दिलाकर हो छोड़ा। पर जहां किसी नेताके विरुद्ध जनताके पैसे खा जानेका लांछन लगाया गया हो और वह भी एक सार्वजनिक अखबारमें, जिसको सैकड़ों-हजारों आदमी पढ़ते हों तो वह नेता कैसे खामोश रह सकता है ?

❀ ❀ ❀ ❀

मेरे पास भी मोरिशसके कई अखबार अथवा अनेक पत्रोंके कतरन और कुछ भाइयोंके पत्र भी अक्सर आया करते हैं, उनसे मालूम होता है कि विष्णुदयालजीने जो नया आन्दोलन चलाया है उसके संचालनके लिये न कोई सभा है और न कोई संस्था। वे स्वयं अपने आंदोलनके सर्वाधिकारी हैं। महात्मा गांधी जैसे महापुरुष भी जब दक्षिण अफ्रिकामें रहते थे तब वे नेटाल इंडियन एसोसियेशन और ट्रांसवाल ब्रिटिश इंडियन एसोसियेशनके अन्तर्गत अपना सत्याग्रह चलाते थे। जब वे भारत आये तब उन्होंने इंडियन नेशनल कॉंग्रेसका आश्रय लिया और इसको जनताका सर्वप्रिय संगठन बना दिया। इसके अतिरिक्त खादी-प्रचारके लिये उन्होंने खादी-संघ खोला, हरिजनोंके उद्धारके लिये हरिजन-संघ बनाया, अपनी नई भाषा 'हिंदुस्थानी' के प्रचारके लिये हिंदुस्थानी प्रचार संघकी बुनियाद डाली और इसी प्रकार जितने काम उन्होंने अपने हाथमें लिये उनके संचालनके लिये अवश्य कोई न कोई सभा बनाई और देशके चुने हुए अपने विषय के विशेषज्ञोंको उनके अधिकारी और सदस्य बनाये। यद्यपि महात्माजी स्वयं सारा कार्य करते थे तो भी उन सभाओंके सदस्योंकी बैठकमें एक-एक पाईका हिसाब दे दिया करते थे। इस प्रकार उन्होंने देशके सार्वजनिक नेताओंके सामने एक बहुत बड़ा आदर्श रखा। पर मेरे तो आश्चर्यकी सीमा नहीं रही, जब मुझे यह सूचना मिली कि प्रो० विष्णुदयालजी अपने नये आंदोलनका सर्वेसर्वा हैं। उन्होंने आजतक कोई सभा बनाना और उसके मातहत काम करना उचित नहीं समझा। यदि उन्होंने महात्माजीसे सबक लेकर कोई सभा या संघ बना लिया होता और उसके सामने अपने कार्यों और आय व्ययका सालाना विवरण उपस्थित कर दिया करते तो 'जनता' या अन्य किसीको उनपर कलंक लगानेका अवसरही नहीं मिलता और यदि कोई ऐसी धृष्टता करता तो उसे अदालत से दंड दिलाया जा सकता था।

❀ ❀ ❀ ❀

## ये दादू कौन हैं ?

इस समय डाक्टर यूसफ मोहम्मद दादू भारतमें विराज रहे हैं और उनके वक्तव्य भारतीय अखबारोंमें धड़ाधड़ निकल रहे हैं। वे ट्रांसवाल इंडियन कॉंग्रेसके सभापति हैं। पेरिसमें जब संयुक्त राष्ट्र संघका अधिवेशन हो रहा था तो दादूने वहां पहुँचकर भारतके प्रतिनिधियों को दक्षिण आफ्रिकाकी सामयिक परिस्थितिसे अवगत करा देना उचित समझा। इसलिये वे पेरिस जानेको तैयार हुए पर ज्यों ही उन्होंने वायुयान पर बैठना चाहा त्योंही सरकारकी ओरसे उनका पासपोर्ट छीन

लिया गया। इस लिये उनकी यात्रा रुक गई। उन्होंने सुप्रिमकोर्टमें सरकारकी कार्रवाईके विरुद्ध अपील की और सुप्रिमकोर्टने यह फैसला कर दिया कि दादूको पेरिस जानेसे रोकना सरकारकी शक्तिसे बाहरकी बात है। दादू किसी तरह लंडनतक तो पहुँच गये पर फ्रांसकी सरकार ने उनको पेरिस जानेकी इजाजत नहीं दी। इसलिये वे राष्ट्रसंघकी बैठकमें भारतीय प्रतिनिधियोंको सलाह देनेके महत्वपूर्ण कार्यसे वंचित रह गये। लंडनमेंही कुछ दिन ठहरकर उन्होंने दक्षिण अफ्रिकाके मलानशाहीके खिलाफ प्रचार-कार्य किया। वहांसे अब वे भारत आ गये हैं। उनकी तरफसे ट्रांसवालके सुप्रिमकोर्टका दरवाजा फिर खटखटाया गया और सुप्रिमकोर्टके न्यायधीश जस्टिस मलानने यह हुक्म दिया है कि सरकारको दादूका पास-पोर्ट जब्त करनेका कोई अधिकार न था और इस लिये उनका पासपोर्ट फौरन लौटा देना चाहिये। पासपोर्ट तो वापस मिल जायगा पर उसकी अवधि समाप्त हो चुकी है और अब उसका कोई मूल्य नहीं रहा। इस लिये दादू बड़े असमंजसमें पड़े हुए हैं। चूंकि उनका जन्म दक्षिण अफ्रिकामेंही हुआ है इस लिये उस देशमें उनके प्रवेशाधिकारको रद्द नहीं किया जा सकता। किसी भी समय वहाँ प्रवेश करना उनका जन्म-सिद्ध अधिकार है पर इस समय मलानकी सरकार जिस नादिरशाहीका परिचय दे रही है उससे दादू कुछ घबरा रहे हैं। मेरा तो यह खयाल है कि मलान-सरकार दादूके प्रवेशपर प्रतिबंध लगा कर अन्तर्राष्ट्रिय कानूनको भंग करनेका साहस नहीं कर सकेगी।

डाक्टर दादू सबसे पहिले कम्युनिस्ट हैं और उसके बाद भारतीय राष्ट्रवादी। संसारके चुने हुए २०-२५ कम्युनिस्टोंमें दादू भी एक हैं। ट्रांसवाल इंडियन कॉंग्रेसपर कब्जा करनेके लिये दादू वर्षों कोशिश करते रहे पर जब तक सुलेमान नाना जिन्दा रहे तब तक दादूकी दाल नहीं गली। नानाके निधनके बाद दादू ट्रांसवालके भारतीयोंके नेता बन गये और कॉंग्रेसके प्रधान भी। सन १९३९ में वे ट्रांसवालमें सत्याग्रह चलानेके लिये बड़े आतुर थे और उस समय भी उनकी प्रवृत्तियोंकी खबर नित्य ही भारतके अखबारोंमें छपती थी। पर महात्मा गांधीने तार देकर उनको सत्याग्रह करनेसे रोक दिया और स्पष्ट कह दिया कि जब तक सारी व्यवस्थित आंदोलन असफल न हो जावें तब तक सत्याग्रह करनेकी आवश्यकता नहीं और यह समय भी सत्याग्रहके अनूकूल नहीं है। लाचार होकर दादूको सत्याग्रह चलानेका विचार त्याग देना पड़ा। इसके बाद द्वितीय विश्वयुद्ध छिड़ गया। कम्युनिस्ट दादू मैदानमें उतर आये। उन्होंने न केवल भारतीयोंको बल्कि कलर्ड और हबशियोंको भी यह उपदेश देना आरंभ किया कि यह साम्राज्यवादकी लड़ाई है और इसमें अश्वेत जातियोंका भाग लेना राजनैतिक दृष्टिसे भयंकर भूल है। इसपर युद्ध-उद्योगमें बाधा पहुँचानेके अपराधमें दादू गिरफ्तार हुए, उनपर मामला चला और एक मासकी सादी कैद अथवा २५ पौंड जुर्मानेकी सजा हुई। पर दादू के किसी मित्रने जुर्माना देकर उनको फौरन छुड़ा लिया। इसपर दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंमें दादूके लिये जो इज्जत थी वह हवा हो गई। लोग सोचने लगे कि जो व्यक्ति अपने सिद्धान्तके लिये केवल एक मासकी सादी कैद नहीं भोग सकता वह भला सत्याग्रहका संचालन कैसे करता, जिस सत्याग्रहके लिये अभी कुछ मास पहले उसने जमीन-आस्मानके कुलाबे मिला रखे थे। दादूका कथन यह था कि उनसे बिना पूछे उनके एक नादान मित्रने जुर्माना भरकर उनका अनिष्ट किया है। इस लिये वे फिर बड़े जोर-शोरसे दक्षिण अफ्रिकाके सारे गैर-गोरोंको युद्ध उद्योगों का बहिष्कार करनेके लिये सलाह और उपदेश देने लगे, उनके भाषणोंकी फिर धूम मच गई। युद्धके जमानेमें इस प्रकारकी प्रवृत्तिको कोई भी सरकार बर्दास्त नहीं कर सकती। दादू फिर गिरफ्तार हुए और इसबार उनको तीन मास कैद की सजा हुई। वे बड़ी खुशीसे जेल चले गये और सजाकी पूरी अवधि बंदीघरमें बिताकर जब बाहर आये तो फिर जनता पर उनके नेतृत्वकी धाक जम गई। इधर ट्रांसवाल इंडियन कॉंग्रेसपर कब्जा करनेके लिये वे हरसाल चुनावमें कोशिश करते रहे पर राष्ट्रवादी सुलेमान नानाके सामने कम्युनिस्टों दादू सदा परास्तही हुए।

❀ ❀ ❀ ❀

जिस दिन हिटलरने रूसपर हमला बोलकर अपने सर्वनाशका रास्ता खोला उसी दिन कम्युनिस्ट दादूका अन्य देशों तथा भारतके कम्युनिस्टोंकी भाँति रङ्ग बदल गया। उसी क्षणसे वह साम्राज्यवादी युद्ध उनकी दृष्टिमें लोकयुद्ध बन गया। फिर क्या था? जो दादू युद्ध-उद्योगोंको बहिष्कार करनेके लिये अश्वेत जातियोंको उपदेश देते फिरते थे और इस अपराधमें जेल भी काट आये थे वही दादू दक्षिण अफ्रिकाकी सारी अश्वेत जनताको समझाने लगे कि रूस-

पर हिटलरके हमला कर देनेसे लड़ाईका रूप-रङ्ग बदल गया और अब यह जगतकी सारी जातियोंका युद्ध बन गया है चाहे वह गोरा हो या काला, भूरा हो या पीला। यही नहीं, दादूने अब यह उपदेश देना आरंभ कर दिया कि इस लोक युद्धमें हरएक आदमीको भाग लेना चाहिये और सरकारकी सहायता करनी चाहिये। साधारण आदमियोंको यह फिलासफी कैसे समझमें आ सकती, उनकी तो अक्ल चकरा गई। वे कहने लगे कि कलके युद्ध के प्रतिपक्षी आज उसका पक्षपाती कैसे हो सकता है? रूसही तो जगतकी जनता नहीं है कि उसपर हमला हो जानेसे यह जगतका जनयुद्ध बन गया? खासकर प्रवासी भारतीयोंको दादूकी बात शूलकी तरह चुभने लगी क्योंकि उन दिनों महात्माजीने ब्रिटिश सरकारसे लड़ाईका लक्ष्य जाननेकी चेष्टा की थी पर उनको कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला था। चर्चिल भारतके विरुद्ध जहर उगल रहे थे। ब्रिटेनके इस रुखसे भारतमेंही नहीं, प्रवासी भारतीयों में भी बड़ा असंतोष फैला हुआ था। इस लिये दादू उन दिनों प्रवासी भारतीयोंकी दृष्टिसे बिलकुल गिर गये थे। जब महात्माजी, नेहरु, पटेल, राजेन्द्रबाबू आदि भारतके सभी सर्वमान्य नेता जेलमें ठेल दिये गये तब तो दादूकी शक्ल सूरतसे भी प्रवासी भाइयोंको नफरत हो गई। पर दादू वहांके कलर्ड और हबशियोंकी सभामें लोक युद्धमें मदद देनेके लिये भाषण देतेही रहे—भारतके राष्ट्रिय संघर्षका उनपर कोई प्रभाव न पड़ा।

❀ ❀ ❀ ❀

लड़ाईके जमानेमें ही सन् १९४१ के अंतमें स्वामी भवानी-दयालजी दक्षिण अफ्रिकासे सदाके लिये विदा लेकर भारत आ गये। उसके बाद वहां जो धाँधली मची वह दक्षिण अफ्रिकाके इतिहासमें एक विलक्षण घटना है। ट्रांसवाल में सुलेमान नानाका अकस्मात देहांत हो गया और वहां की कांग्रेसपर दादूने दखल जमा लिया। इधर नेटालमें कुछ ऐसे कम्युनिस्ट युवक मैदानमें उतर आये, जिनका पहले कभी नाम भी नहीं सुना गया था। उन्होंने अपने उग्र भाषणसे जनता पर प्रभाव जमा लिया। जब नेटाल इंडियन कॉंग्रेसके चुनावका समय आया तो सारे पुराने नेताओंको, जिन्होंने अपना जीवनही वहांकी जनताकी सेवामें लगा दिया था, वैराग्य ले लेनेपर बाध्य होना पड़ा और नेटाल इंडियन कॉंग्रेस भी डाक्टर नायकरके सभा-पतित्वमें कम्युनिस्टोंके कब्जेमें आ गई। इस प्रकार ट्रांस-वाल और नेटालमें कम्युनिस्टोंकी धाक जम गई। इन नये नेताओंने अपने भाषणोंमें वहांके सारे श्वेतांगोंको गालियाँ देना शुरू कर दिया, जिसका नतीजा यह हुआ कि जो यूरोपियन प्रवासी भारतीयोंके मित्र और शुभचिंतक थे; वे भी उनका दुश्मन बन गये। इधर नेटालमें सत्याग्रहकी लड़ाई छेड़ दी गई और जब तक स्मट्सका शासन था तब तक सत्याग्रह भी चलता रहा, पर ज्योंही मलानके हाथमें राजसत्ता आई त्योंही सत्याग्रह बंद कर दिया गया और अब सत्याग्रहको फिर चलानेकी कोई भी संभावना नहीं है। हमारे युवक कम्युनिस्ट नेताओंके उत्तेजनापूर्ण भाषणोंसे श्वेतांगोमें जो प्रतिक्रिया हुई उसका फल आज वहांके गरीब भारतीयोंको भोगना पड़ रहा है। गोरोंके कारखानों और फेक्टरियोंमें जो भारतीय नौकरी करते थे और अच्छी तरह अपनी गुजर-बसर कर लेते थे उनको नौकरीसे मौकूफ कर दिया गया। नेटालमें आज हजारों आदमी बेकार हो गये हैं और वे बेचारे अपनी किस्मतको कोसते तथा अपने नेताओंकी करतूत पर रोते हैं। कुछ बदमाश गोरोंने तो हबशियोंको भारतीयोंके विरुद्ध भड़काना भी आरंभ कर दिया जिसका परिणाम गत जनवरी मासमें हमारे सामने आ गया, जबकि हबशियोंने बिगड़कर भारतीयोंका कत्ल किया, उनकी औरतोंकी आबरू बिगाड़ी, उनके बच्चों तककी हत्या कर डाली, उनके गोदाम, दुकान और मकान लूटकर फूँक डाले और ऐसा उत्पात मचाया जैसा दक्षिण अफ्रिकामें पहले कभी देखा-सुना नहीं गया था। इस प्रकार दक्षिण अफ्रिकाकी हालत बिगाड़नेमें हमारे यह कम्युनिस्ट नेता बहुत कुछ जिम्मेदार हैं। इनकी नीति और प्रवृत्तिसे चिंतित होकर कुछ पुराने नेताओं और कार्यकर्त्ताओंने एक नई राजनैतिक सभा बनाई है जिसका नाम रखा है—नेटाल इंडियन ऑर्गनिज़ेशन। पर यह काम बहुत बिलंबसे हुआ। इससे पहले कम्युनिस्ट नेताओंकी बदौलत प्रवासी भारतीयों की जो क्षति हो चुकी है उसकी पूर्तिकी अब कोई आशा नहीं रही। मलान या डोङ्गस जब दादूको पक्का कम्युनिस्ट कहकर पुकारते हैं तो कोई अत्युक्ति नहीं करते हैं क्योंकि दादूकी गणना संसारके प्रमुख कम्युनिस्ट नेताओंमें होती है। महात्मा गांधीके द्वितीय पुत्र श्री मणिलाल गांधी भी दक्षिण अफ्रिकाके वर्तमान कम्युनिस्ट नेतृत्व पर चिंता प्रकट कर चुके हैं और इसीलिये वे नेटाल इंडियन कॉंग्रेससे विरक्त भी हैं। दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंको इन कम्यु-निस्टोंके नेतृत्वका अबतक बड़ा कटुफल चखना पड़ा है। आगे क्या होगा, यह तो भविष्य बतावेगा।

❀ ❀ ❀ ❀

## पाकिस्तानकी बहादुरी।

जबतक जनाब जिन्ना साहेब जिन्दा रहे तबतक वे बड़े फक्रके साथ कहा करते थे कि दुनियामें पाकिस्तान ही सबसे बड़ी मुस्लिम रियासत है और अब उनके शागिर्द मियां लियाकत और मियां जफरुल्ला उनकी कही हुई बातको रटते फिरते हैं। हालहीमें लंडनमें ब्रिटिश कॉमनवेल्थके प्रधान मंत्रियोंकी एक परिषद हुई थी जिसमें खासकर भारतकी स्थितिपर विचार किया गया। चूंकि भारत शीघ्रही प्रजातंत्रकी घोषणा करनेवाला है और रिपब्लिक हो जाने पर भारत कॉमनवेल्थमें रह सकता है या नहीं? इसी बातपर विचार करनेके लिये परिषद हुई थी। विचार विमर्शके बाद यह निश्चय हो गया कि प्रजातंत्र भारत भी कॉमनवेल्थका सदस्य रह सकता है। इस परिषदमें पाकिस्तानके प्रधान मंत्री मियाँ लियाकतअली खां भी शरीक हुए थे। वहां जैसा वे चाहते थे, उनका आगत-स्वागत नहीं हुआ। प्रधान मंत्रियोंकी परिषदमें लगभग सभी देशके प्रधान मंत्री पंडित नेहरुकी खुशामदमें लगे रहे ताकि भारत कॉमनवेल्थमें बना रहे। मियाँ लियाकतकी तरफ किसीको ध्यान देनेका अवकाशही नहीं मिला। इसपर मियाँ साहब बेतरह बिगड़ उठे, उनके गुस्सेका पारा यू. पी. की गर्मी की तरह ११५ डिग्री तक पहुँच गया। उन्होंने लंडनमें वहां के पत्रकारोंको नेवता देकर अपने होटलमें बुलवाया, उनको खूब खिलाया-पिलाया और फिर अपना बयान देते हुए फरमाया कि लंडनमें बहुतसे लोग पाकिस्तानको इङ्गलैंडका पिछलगू समझकर भारी भूल कर रहे हैं। दरअसल पाकिस्तानमें मुसलमान बसते हैं जिनकी देहमें लहू है और वह लहू बहुत गाढ़ा और गरम है। मियाँ साहबकी यह अजीब बात सुनकर मैं तो हैरान रह गया। पाकिस्तान के मुसलमानोंके गाढ़े और गरम खूनके बारेमें किसने कब शुवहा जाहिर किया था जिसकी सफाई मियाँ साहबको विलायती-पत्रकारोंके सामने देनी पड़ी? मियाँ साहबने यह भी फरमाया कि आर्थिक दृष्टिसे पाकिस्तानकी हालत हिन्दुस्थानसे बहुत अच्छी है। इसमें भी किसीको क्या शक हो सकता है?

पाकिस्तानके मुसलमानोंका खून गाढ़ा और गरम है और वे अव्वल दर्जेके बहादुर हैं, यह तो सारी दुनिया जान चुकी। एक ओर तो पाकिस्तान अपने पड़ोसी हिन्दुस्थान से काश्मीरके मोर्चेपर लड़ रहा है और दूसरी ओर अपने पड़ोसी अफगानिस्तानपर बम बरसा कर यह साबित कर रहा है कि पाकिस्तान एक ऐसी ताकत है जिसके सामने हिन्दुस्थान और अफगानिस्तानको घुटने टेक देने पड़ेंगे। अफगानिस्तान और पाकिस्तानके बीचमें जो पठानोंका देश है जो सदा आजाद रहा है और जिनकी आजादीमें अंग्रेजों ने भी कभी दखल नहीं दिया उस इलाकेको भी पाकिस्तान ने अपने अंदर मिला लेनेका ऐलान कर दिया है। फ्रन्टियर के प्रधान-मन्त्री मियाँ कयूम तो अपने भाषणमें यहाँ तक कह चुके हैं कि अफगानिस्तानका इसीमें कल्याण है कि वह पाकिस्तानमें मिलकर उसका एक अङ्ग बन जावे। बेचारे गरीब अफगान बड़े परेशान है। एक तो उनके सिरपर बम गिर रहा है और दूसरे उनको गुलाम बन जानेके लिये चुनौती दी जा रही है। पाकिस्तानमें इनेगिने मुसलमान हैं जो वायुयान चला सकते हैं, इसलिये मियाँ लियाकतने सैकड़ों देशद्रोही पोलोंको, जो अब अपनी मातृ-भूमि पोलेण्डकी जमीनपर पैर नहीं रख सकते, पाकिस्तान का नागरिक बना लिया है और उन्हींके द्वारा उनके वायु-यानोंका संचालन हो रहा है। यह पोल वायुयान लेकर सीमा-प्रान्त और अफगानिस्तानकी सरहद पर चक्कर लगाया करते हैं और जहां चाहते हैं वहां बम भी गिरा दिया करते हैं। मियां लियाकत काश्मीरमें मुसलमानोंकी रक्षाके लिये काफिर हिन्दुओंसे लड़ रहे हैं यह तो मजहब से जायजही है पर अफगानिस्तानके मुसलमानोंपर बम मारना मुस्लिम भाईचारेका अच्छा नमूना है।

❀ ❀ ❀ ❀

अफगानिस्तान असलमें हिंदुस्थान नहीं है। यहां तो महात्मा गांधीने अहिंसाका उपदेश देकर अपने देशवासियों को शांतिप्रिय बना दिया है। यहाँ तक कि जब पाकिस्तान के बदमाश, गुण्डे और फौज काश्मीरको लूटकर बरबाद कर रहे थे और भारतके केन्द्रीय मंत्री-मंडलने यह निश्चय कर लिया था कि जबतक काश्मीरकी लड़ाई खतम नहीं हो जायगी तब तक भारत उसको ५० करोड़ रुपया नहीं देगा, जो हिसाबसे उसके हिस्सेमें निकलता था, तब महात्मा गांधीने पाकिस्तानके तुष्टिकरणके लिये उपवास करके और हिंद सरकारपर दबाव डालकर पाकिस्तानको ५० करोड़ रुपया दिला करही दम लिया था। इसके चन्द दिन बादही बापूकी हत्या हो गई और हत्यारेने इस ५० करोड़ रुपयेका अदालतमें बारबार उदाहरण देकर अपने दुष्कर्मको देशके लिये हितकर बतलाया। आज भी पाकिस्तानकी फौज काश्मीरमें बनी हुई है और भारतकी सरहद पर उसकी तरफसे सैकड़ों छोटे-बड़े हमले हो चुके हैं लेकिन

हमारे नेता शांति और सद्भावनाके नामपर पाकिस्तानकी खुशामदमें ही लगे हुए हैं और कोई ऐसी बात नहीं करते जिससे उनके पड़ोसीको दुख पहुँचे। उधर मियाँ लियाकत अपने भाषणोंमें भारतको कोसतेही रहते हैं और उसको दुश्मन कहकर पुकारते हैं। जफरूल्ला संयुक्त राष्ट्र संघकी सुरक्षा समितिमें हैदराबादका ढोल पीट कर गड़े हुए मुर्दे को उखाड़नेसे बाज नहीं आते है। हमारी सरकार ऐसी सहनशील है जो पाकिस्तानके विष-वमनको शांतिके नाम पर सहते जानाही उचित समझती है। मगर अफगानिस्तानको छेड़कर मियाँ लियाकतने एक अच्छे घरमें बायन दे दिया है और उसका फल उनको चखनाही पड़ेगा। सारे अफगान आज गुस्से से कॉप रहे हैं और पाकिस्तानको सबक सिखानेके लिये अपने राजासे हुक्म माँग रहे हैं। अफगान सरकारने अभी तो ब्रिटिश सरकारसे अनुरोध किया है कि इस परिस्थितिके पैदा करनेकी जिम्मेदारी ग्रेट ब्रिटेन पर है इस लिये उसको बीचमें पड़कर समझौता करा देना चाहिये अन्यथा ऐसी भयंकर लड़ाई होगी कि खूनकी नदियाँ बह जायँगी। अफगानिस्तानका कथन है कि उसे एक इंच भी जमीन नहीं चाहिये लेकिन सीमा प्रान्त, ब्रिटिश बलूचिस्तान और कबायली क्षेत्रमें जो पठान बसते हैं उनकी जाति अफगान है। इसलिये उनको यह आजादी और अधिकार मिलना चाहिये कि पाकिस्तानकी गुलामीसे छुटकारा पा जावें और अपना अलग पठानिस्थान बना लेवें। यदि ऐसा न हुआ तो जहाँ सीमा-प्रांतमें भयंकर बगावत होगी वहाँ अफगानिस्तान भी दर्शककी भाँति चुपचाप न रह सकेगा, एक-एक अफगान अपने भाइयोंकी मददमें कट मरेगा। इससे लियाकत और ज़फरुल्ला बड़े चिंतित हो रहे हैं। आगे देखें, ऊँट किस करवट बैठता है ?

❀ ❀ ❀ ❀

## हत्यारों की अपील।

विश्व-वंद्य महात्मा गांधीका हत्यारा नाथूराम गोडसे और उसके साथियोंने पंजाब हाईकोर्टमें अपील की थी। हाईकोर्टके तीन जज—जस्टिस भंडारी, जस्टिस अच्छूराम और जस्टिस खोसलाके सामने उनकी अपीलकी सुनवाई हुई थी। हत्यारा गोडसेने हाईकोर्टसे अपनी अपीलमें स्वयं बहस करनेकी इजाजत माँगी थी। हाईकोर्टने भारत सरकारसे राय माँगी। भारत सरकारने इस बातको हाईकोर्टके फैसले पर छोड़ दिया। आखिर हाईकोर्टकी कृपासे हत्यारेको अपने सिद्धान्तोंके प्रचार करनेका अच्छा मौका हाथ लग गया। वह चार दिनों तक हाईकोर्टके सामने उन्हीं बातोंको रटता रहा जो जज आत्माचरणके इजलासमें एकबार रट चुका था। उसने अपने लँगोटिया यार आप्टेके जीवन-दानके लिये बड़े मर्म-स्पर्शी शब्दोंमें भिक्षा माँगी और उसको फाँसीके बदले जन्म कैदकी सजा देनेकी प्रार्थना की। अपने भाई गोपालके लिये भी उसने दया दिखानेको कहा। कई दिनों तक जजोंने बड़े धैर्य्यसे इस अपीलको सुना और अंतमें सर्वानुमतसे गोडसे और आप्टेको फासीपर लटकाये जानेका दण्ड बहाल रखा। ग्वालियरके डाक्टर परचुरे और सरकारी गवाह बाडगेके नौकर शंकर किस्तियाको निर्दोष पाकर हाईकोर्टने छोड़ दिया, शेष अभियुक्तोंके जन्म कैदकी सजा बहाल रही। इस प्रकार भारतके इतिहासमें एक शोकजनक नाटकका अंतिम पटाक्षेप हो गया। गोडसेने ऐसा दुष्कर्म कर डाला है जिसका उदाहरण इतिहासमें दूसरा नहीं मिल सकता। आजतक किसी हिंदूने विचार-भेदके कारण किसी संतकी हत्या नहीं की थी पर गोडसेने हिंदू जातिपर वह कलंक लगाया है जो कभी धुल न सकेगा। आश्चर्यकी बात तो यह है कि अपने कुकृत्यपर पश्चाताप करनेके बदले हत्यारा उसको हिंदू जाति और हिंद-देशके लिये हितकर समझता है। जिसको दिशा भ्रम हो जाता है उसके लिये-सूर्य पूर्व में नहीं, पश्चिममें उदय हुआ करते हैं, यही अवस्था हत्यारा गोडसे की है।

❀ ❀ ❀ ❀

गांधी जैसे ऋषिकी हत्या करके गोडसे और आप्टेने जो पाप कमाया है उनके जन्म-जन्मांतरमें भी उसका प्रक्षालन न हो सकेगा। दुःखकी बात यही है कि उन्होंने अपनी काली करतूतसे हिन्द-देश और हिंदू-जातिको भी बदनाम कर डाला। स्वयं महात्माजीकी तो कोई हानि नहीं हुई, वे तो अपने सिद्धांतपर शहीद हो गये और इसी प्रकारकी मौत तो वे चाहते भी थे। पर हम तो दुनियामें मुँह दिखाने लायक भी नहीं रहे। सारे संसारमें हिन्दुओंपर धिक्कारोंकी बौछार-हुई पर अभागा गोडसे अभी तक यही सोचता जा रहा है कि उसने अपने दुष्कर्मसे संसारके सर्वश्रेष्ठ हिंदू को मारकर हिंदू-हितके रक्षाका दम भरने वालेको विक्षिप्तके सिवा और क्या कहा जा सकता है ?

## प्रवासी भारतीयोंके शुभचिन्तक—

# श्री ठाकुर महेन्द्रसिंहजी।

मध्यभारतमें रतलामके निकट 'सरवन' नामक एक कस्बा है वहाँके जागीरदार हैं—श्री ठाकुर महेन्द्रसिंहजी। कहा जाता है कि जागीरदार हृदयहीन होते हैं परन्तु ठाकुर महेन्द्रसिंहको ईश्वरने एक ऐसा हृदय दिया है जिसमें अपने देश और राष्ट्रके पतन पर वेदना और उनके उत्थानके लिये उत्कट कामना है। प्रजाके सुख और

श्री ठाकुर महेन्द्रसिंहजी
Shri Thakur Mahendra Singh

समृद्धिमेंही वे अपने सुयश और वैभवकी अभिवृद्धि समझते है। उनके यहाँ संन्यासियों, साधुओं, विद्वानों और सार्वजनिक सेवकोंको आश्रय मिलता रहता है। ठाकुर साहब का कार्यक्षेत्र उनके अपने इलाके तकही सीमित नहीं है, देशकी गति और प्रगति पर भी उनका पूरा ध्यान रहता है। उन्होंने राजनीति-शास्त्रका अच्छा अध्ययन और मनन किया है। हालहीमें रतलाम राज्यके वे मन्त्री चुने गये थे। इस उत्तरदायित्वपूर्ण पदकी प्रतिष्ठाको आपने जिस क्षमतासे निभाया और अपने कर्त्तव्यको जिस निष्ठा एवं तत्परतासे पालन किया, सभी उसकी मुक्तकंठसे प्रशंसा करते है।

"प्रवासी" के लिये ठाकुर महेन्द्रसिंहमें विशेषता यह है कि प्रवासी भारतीयोंकी समस्या में उनका पूरा अनुराग है। काठियावाड़के अंतर्गत वीरपुरके राज घरानेमें उनकी कोई रिश्तेदारी है। इसलिये दक्षिण अफ्रिकाके प्रवासी भारतीयोंमें चार वर्षतक वैदिक धर्म और आर्य संस्कृतिके प्रचार करनेवाले, वहाँ वेद धर्म सभाएँ तथा हिन्दू महासभाकी स्थापना करनेवाले और वहाँके गिरे हुए प्रवासी हिंदुओं को उठाकर अपने पैरोंपर खड़ा कर देनेवाले श्री स्वामी शंकरानन्दजी महाराजसे परिचय प्राप्त करने और उनके सत्संगसे लाभ उठानेका अवसर मिल गया था। तभीसे उनके हृदयमें प्रवासी भाइयोंके प्रति सहानुभूति पैदा हो गई। इधर जबसे अजमेरमें हमने प्रवासी भवन बनवाया और जब यहाँसे प्रवासी पुस्तक-मालामें स्वामी शंकरानन्दजीका बृहद जीवन-चरित्र प्रकाशित हुआ तभीसे ठाकुर साहबसे हमारा परिचय भी हुआ। उन्होंने इस जीवन-चरित्र की बहुतसी प्रतियाँ मँगाकर अपने मित्रों और रिश्तेदारोंको उपहार-स्वरूप दिया। प्रवासी भारतीयोंके सेवा-कार्यमें बिना माँगेही आप

अपनी इच्छासे सदा हमारी सहायता करते रहे। अपनी जन्म-जयन्ती पर भी आप प्रवासी भारतीयोंको भूलते नहीं और कुछ न कुछ आर्थिक सहायता भेज कर उनके सेवा-कार्यमें अपना अनुराग प्रकट कियाही करते हैं।

जबसे "प्रवासी" निकला तबसे आपने प्रवासियोंके प्रश्नकी ओर विशेषरूपसे ध्यान देना आरंभ कर दिया है। इसके कई अंकोंकी अनेक प्रतियाँ मँगा कर आपने अपने रजवाड़े मित्रों और रिश्तेदारोंके पास भेजी और उनसे बलपूर्वक अनुरोध किया कि वे "प्रवासी" के ग्राहक बनकर और उसे आर्थिक सहायता देकर उन प्रवासी भाइयोंके सेवा-यज्ञमें अपनी आहुति डालनेसे न चूकें, जो विदेशोंमें भारतवासी होनेके अपराधमें श्वेतांगोंकी ठोकरें खाते और अपमानके प्याले पीते हैं। यह बात दूसरी है कि ठाकुर साहबका प्रयत्न निष्फल गया और उनके रजवाड़े मित्रों एवं रिश्तेदारों पर उनकी अपीलका कोई प्रभाव न पड़ा। कारण स्पष्ट है, यहांके रजवाड़े अपने आमोद-प्रमोदमेंही पैसे खर्च करना जानते हैं और नाच-रङ्गमें अपने समयका सदुपयोग करना। प्रवासियोंके शुष्क एवं निरस प्रश्नमें उनकी दिलचस्पी कहाँ? खैर, इससे ठाकुर साहबके उद्योग और परिश्रमका मूल्य घट नहीं सकता। कर्म करनेका ही उनको अधिकार है, उसका फल पानेका नहीं—वह तो दूसरोंके अधीन है।

इधर गत जनवरीमें जबसे डरबनमें दंगा हुआ है, गोरोंकी बहकावटमें आकर हबशियोंने वहाँके प्रवासी भारतीयोंको कत्ल किया, उनके स्त्री-बच्चों तककी हत्या कर डालनेमें संकोच न किया और उनके गोदाम, दुकान और मकानोंको लूट कर उनको जला डाला तबसे "प्रवासी" की आर्थिक अवस्था चिंताजनक हो गई है। इस दुर्घटनासे ठाकुर महेन्द्रसिंहके संतापकी सीमा नहीं रही। एक तो मेरी रुग्नावस्था और तिसपर "प्रवासी" के लिये आर्थिक चिंताका क्या परिणाम हो सकता है, यह बात स्नेहशील ठाकुर साहबके दृष्टिसे ओझल न रह सकी। उन्होंने पत्र लिखकर मेरी कठिनाईमें सहानुभूति प्रकट की और यह वचन दिया कि वे प्रतिमास "प्रवासी" को ५०) पचास रुपया दान-स्वरूप दिया करेंगे और उन्होंने अपने इस संकल्पकी पहली किस्त हमारे पास भेज भी दिया है जिसके लिये "प्रवासी" उनका चिरकृतज्ञ रहेगा। उन्होंने दूसरोंसे भी "प्रवासी" को सहायता दिलवानेका आश्वासन दिया है और मुझे आशा है कि इस बार उनका प्रयत्न निष्फल नहीं जायगा।

---

## मोरिशसकी सेवा समिति।

लेखक—श्रीदयानन्दलाल वसन्तराय।

---

गत २७ मार्चको उत्तर मोरिशसके एक गांव में जिसका नाम ललितपुर पड़ा है, एक मेला लगा। आठ-दस हजार अंग्रेज, क्रिओल, चीनी और भारतीय उनमें सम्मिलित थे। पुलिस वहाँ आयी थी। पर उससे कोई काम नहीं लिया गया। आजकल जनता पुलिसकी मदद चाहती भी नहीं है। इसका कारण यह है कि आठ सालसे मोरिशसमें सेवा-समिति कार्य कर रही है और उस कार्यसे लोगोंको संतोष है।

जो भाई सेवकोंका सदा अपमान करते रहे, वे भी उस मेलेके बाद उनका अपमान करनेके बदले उनकी खुले-मुंह प्रशंसाही कर रहे हैं। उस दिन उनकी आँखोंने भी सुप्रबन्ध देखा। कलके विरोधी आज समझ पाये हैं कि मोरिशस-जीवनमें समिति द्वारा नये प्राण भरे जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात जो उस रोज देखनेमें आती थी वह स्वयंसेवकोंकी नम्रता और विनयशीलता थी।

उसके दो दिन पश्चात वाक्वा नगरमें ५,००० स्त्री पुरुष एकत्र हुए। उनके सम्बन्धी फौजमें भर्ती हुए हैं, इस लिए हर मास पोर्ट लुई या वाक्वामें अपनी पेन्शन लेने जाते हैं। सैनिक लोग हाथमें डंडे लिए नवयुवतियों, वृद्धाओं, मर्दों और स्त्रियों पर अपनी धाक जमा रहे थे! दोही दिन पहिले ललितपुरमें सुव्यवस्था देखकर जब कोई वाक्वामें बीती घटनाको स्मरण करता है तो उसे सेवा-समितिकी आवश्यकतामें लेशमात्र भी सन्देह नहीं रहता।

सेवा समिति स्त्रीवर्गका आदर करती है। भारी मेलों में स्त्रियोंके इर्द-गिर्द चक्रव्यूहकी-सी रचना करती है। जब स्त्रियोंको बैठा दिया जाता है तब पुरुष वर्गकी तरफ समिति की ओरसे ध्यान दिया जाता है। फौजकी ओरसे स्त्रियोंकी अपमान होता है। मोरिशसके संयुक्त पत्रने वाक्वाकी दुर्घटना वर्णन करके फौजको खूब खरी-खोटी सुनाई। दो दिन बाद मालूम हुआ कि फौजने सूचित किया है कि जैसे

पुरुषोंको सैनिक बनाकर विदेश भेजा जाता है, वैसे अब स्त्रियां भी भेजी जायँगी। स्त्रियोंके साथ जो हालही में दुर्व्यवहार हुआ था उसने प्रजाको चिंतातुर बना दिया है। संयुक्त पत्रने अपने अप्रैलके अंकमें लिखा कि मालूम पड़ता है कि स्त्रियोंकी विदेशोंमें इसलिये आवश्यकता नहीं है कि वे वहाँ जाकर कपड़े धोवें और सीएँ, कोई सूचना प्रकाशित नहीं की गयी जिससे जनताको ज्ञात हो सके कि स्त्रियाँ कौनसा काम करेंगीं। यह डर है कि अपने देश से दूर पहुँच कर महिलाओंको कोई ऐसा काम न करना पड़े जो उनकी मर्यादाके विरुद्ध हो। इस स्थितिमें हम यही सलाह दे सकते हैं कि यदि कोई अपनी बहिन या बेटीको सेना में भरती कराना चाहे तो वह गंभीर विचार करके ही

मोरिशसके वृन्दावन ( पाल्मारोड़ ) में दिवालीके दिन सेवा-समितिके स्वयं-सेवकोंका प्रदर्शन। मैदान के बीचमें महात्माजीकी एक मूर्त्ति है।

Volunteers of the Seva Samiti, Mauritius.

ऐसा निर्णय करे। यह पत्र अनुदार दलवालोंका है। यह भी घबरा रहा है कि दालमें कुछ काला होगा। अभी १५००० पुरुष विदेशमें हैं। उन्होंने अपनी तकलीफोंको छिपाये न रखा होगा। सेनाके अफसर स्पष्ट कहना नहीं चाहते कि क्यों अब स्त्रियाँ भी सेनामें ली जायँगी।

ललीतपुरमें कोई बमचख मचा न सका। सेवकोंको देवियाँ आज भी आशीर्वाद दे रहीं हैं। नारी-संसारमें सेवा-समितिकी चर्चा होती रहती है। सेवक वेतनभोगी नौकर नहीं हैं। वे सेवाव्रतके व्रती बन कर देश और जातिकी सेवा करते हैं।

सेवा-समितिका जन्म सन् १९४१ ई० में हुआ। उसकी ओर समस्त देशका ध्यान सन् १९४३ ई० में आकृष्ट हुआ। सन् १९४४ में सरकारने समितिकी प्रगति को रोकना चाहा, ग्राम-ग्राममें समितिके नायकोंको पुलिस स्टेशन पर बुलाया गया और उन्हें धमकियाँ दी गई। कुछको जेलमें भी ठेला गया। स्वयंसेवकोंने भीषण कठिनाईयों और भयंकर आपदाओंका मुकाबला किया है।

कैदी तक सेवकोंकी निर्भयतासे प्रभावित हुए। ऐसे लोग सेवा समितिमें दाखिल होने लगे जो बुरे अपराधोंमें कई वार जेल जा चुके थे। जैसे किसी समयमें सीमाप्रांत वासी पठानोंका अहिंसावादी बनना असम्भव-सा था ठीक वैसेही कैदियोंका लूटमारसे अपना ध्यान हटा कर सेवा पर उसे लगाना मोरिशसवासियोंको आश्चर्य-चकित करने वाला सिद्ध हुआ।

गत मास किसी सज्जनने जनताको सन्मार्ग दिखाते हुए कहा कि खानगी पाठशालाएँ एकत्रित किये गये दानसे बहुत दिन चल नहीं सकतीं। उनके शब्दोंका यह अर्थ किया गया कि सरकारसे प्रार्थना करके प्राइवेट पाठशालाओंको आर्थिक सहायता लेनी चाहिये। किन्तु हम कह चुके कि यह सही बात है कि जब सरकारकी ओरसे कभी सहायता मिलने लगेगी, हम ज्यादा काम कर सकेंगे, परन्तु बुद्धिमानी यह चाहती है कि हम उस सहायताकी प्रतीक्षामें हाथ पर हाथ धरे बैठे न रहें।

स्वयं सेवक ३०,०००) तक खर्च कर चुके हैं। वृन्दाबन (पाल्मा रोड) में दिवाली होने वाली थी। सेवकोंको सुनाया गया कि उनका प्रदर्शन उस अवसर पर होगा। नगर नगर और ग्राम ग्राममें नवयुवक अपनी वर्दी सिलवाने और जूते बनवाने लगे। दिवालीके दिन तक गरीब कौमकी ओरसे एक पवित्र उद्देश्यकी पूर्तिमें तीस हजार रुपये खर्च किये गये।

निर्धन होते हुए भी सेवक लोग दानी हैं। कई गांवोंमें उन्होंने गरीबोंको उनके घरके जल जानेपर आर्थिक सहायता पहुँचाई है। कई मोरिशियन अपने मुर्देको दफनाना ही पसंद करते हैं। पोर्ट-लुई शहरमें जिन सेवकोंका हाथ हमेशा ऊँचा रहता है, उन्होंने कई कबरें खरीद छोड़ी हैं। जिनमें गरीबोंके लाशोंको दफनाया जाता है। उन्होंने कभी किसी गरीबको नहीं कहा कि जब तक आप दाह क्रिया को पसंद नहीं करेंगे हम आपके मददगार नहीं बन सकते। उन्हें त्याग, सेवा और उदारताका पाठ पढ़ाया गया है।

## प्रवासी भारतीयोंके हितैषी—

# डाक्टर दुखनरामजी ।

भारत सरकारने पटनाके डाक्टर दुखनरामको विश्व भ्रमणके लिये भेजा है ताकि वे संसार के भिन्न-भिन्न देशोंमें जाकर यह पता लगावें कि किस देशमें नेत्र-रोग संबन्धी चिकित्सा की कितनी नई खोज और कहाँ तक प्रगति हुई है । डाक्टर दुखनराम प्रथम भारतीय हैं जिनको यह अपूर्व सम्मान प्राप्त हुआ है । कहनेकी आवश्यकता नहीं कि उनकी संसार यात्राकी सारा खर्च भारत सरकार देगी । डा० साहबके इस सम्मान पर बिहारी होनेके नाते हमें अभिमान है ।

डाक्टर दुखनरामजी, Dr. Dookhan Ram.

डाक्टर दुखन रामजीका जन्म सन १८९९ में आरा जिलेके सहसराम शहरमें हुआ था । इसी सहसराम प्रगने में मेरी भी पितृ-भूमि है और इस लिये दुखन रामजीसे हमारा परिचय तभीसे है जबकि वे कलकत्ताके मेडिकल कालेजमें विद्यार्थी थे । सन १९१८ में आपने मैट्रिककी परीक्षा पास की और सन १९२६ में आप एम० एस-सी० परीक्षामें सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए । डा० दुखन राम एक कुशाग्र बुद्धिके छात्र रहे हैं । स्कूलसे लेकर सारे कालेज-जीवन तक आपको छात्रवृत्तियाँ मिलती रही हैं ।

सन १९२७ में आपने नौकरी कर ली । इसके बाद अवकाश ग्रहण कर आप लन्डन चले गये और वहाँ आपने नेत्र-रोगोंके निदाका विशेष रुपसे अध्ययन और अनुशीलन किया । वहाँ से लौटने पर सन १९३५ में आप पटना मेडिकल कालेजके लेक्चरर नियुक्त हुए और सन १९४३ में प्रोफेसर बनाये गये । इसके सिवा पटना, कलकत्ता, लखनऊ, आगरा, पंजाब, आदि भारतके अनेक विश्वविद्यालयोंने आपको परीक्षक बनाकर सम्मानित किया है ।

डा० दुखनराम केवल एक प्रसिद्ध चिकित्सकही नहीं हैं, पर बिहारके एक लोकप्रिय सज्जन भी हैं । पटनाके अनेक धार्मिक, सामाजिक और शैक्षनिक संस्थाओंसे उनका सम्बंध है जिनको वे निरंतर आर्थिक सहायता देकर अपनी दान शीलताका परिचय देते रहते हैं । अनेक गरीब विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देकर उन्होंने उनके जीवनको सार्थक बना दिया है, जो आज बिहारके भिन्न-भिन्न क्षेत्रोंमें अच्छे पदोंपर सार्वजनिक सेवा कर रहे हैं । सैकड़ों गरीब आदमियोंकी आँखोंका इलाज आपने बिना फीस लियेही किया है और करतेही रहते हैं । आप अपने काममें इतने व्यस्त रहते हैं कि प्रातः कालसे अर्द्ध-रात्रितक आपको दम लेनेकी भी फुर्सत नहीं रहती ।

डा० दुखनराम अपने विद्यार्थी-जीवनसेही प्रवासी भारतीयोंके प्रश्नमें अनुराग दिखाते आये हैं और सच पूछिये तो इसीसे उनसे मेरा परिचय भी हुआ । जब-जब मैं दक्षिण अफ्रिकासे भारत आता रहा हूँ तब-तब आप बिना माँगेही प्रवासियोंके सेवा-कार्यमें मुझे कुछ न कुछ आर्थिक सहायता देते रहे हैं । दानशीलता तो आपके स्वभावका एक अङ्ग ही बन गया है । मैं जब कभी पटना जाता हूँ तो डा० दुखनरामके मकान परही ठहरता हूँ । पिछले साल जब मैं पटना गया था तो कई दिनोंतक आपके यहाँ मेहमान रहा । आपने वहाँके प्रसिद्ध डाक्टर बी. एन. प्रसादसे मेरा इलाज भी करवाया और इस बात पर बहुत जोर दिया कि मैं वहां एक-दो मास रहकर अपनी तन्दुरस्ती ठीक कर लूँ पर मैं "प्रवासी" के कामकाजके कारण उनकी नेक-सलाह पर अमल न कर सका । वहाँसे प्रस्थान करते समय उन्होंने "प्रवासी" के लिये

५०५) रुपये और मेरे व्यक्तिगत खर्चके लिये १०१) रुपये दक्षिणा देकर मुझे बड़े स्नेह और सम्मानसे विदा किया था।

ऐसे महाभागको भारत सरकारने सारे संसारमें भ्रमण करके नेत्ररोगके लिये नईसे नई चिकित्सा-प्रणाली देख आनेका जो अवसर दिया है उससे देशवासियोंका बहुत कुछ हित होगा। डा० दुखनराम वायुयानसेही यात्रा करेंगे और नौ मासमें विश्व-भ्रमण कर लौट भी आवेंगे। गत ३ जूनको आप बम्बईसे प्रस्थान भी कर चुके। हम ईश्वरसे यही प्रार्थना करते हैं कि आपकी यह यात्रा मङ्गलमय हो, आपके ज्ञानमें और भी अभिवृद्धि हो जिससे देशवासियों का अधिकाधिक कल्याण हो सके।

---

| दानदाता | दानकी रकम | | |
|---|---|---|---|
| | पौं० | शि० | पें० |
| श्री बी० एम० पटेल, डरबन, दक्षिण अफ्रिका | ३ | ० | ० |
| श्री गांधी एण्ड कम्पनी, डरबन, दक्षिण अफ्रिका | १ | १ | ० |
| जमा | ४ | १ | ० |

## श्री बी. एम. पटेल।

श्री बी. एम. पटेल डरबन (नेटाल) के एक प्रख्यात रईस हैं। बड़ौदा राज्यके 'धर्मज' नामक ग्राममें सन् १८८७ में आपका जन्म हुआ था। मैट्रिक पास करनेके बाद सन् १९०३ में पटेलजी दक्षिण अफ्रिका गये। प्रारम्भमें कुछ वर्षोंतक आपने पीटर मेरित्सबर्गमें प्रवास किया और फिर सन् १९१८ में स्थायीरूपसे डरबनमें जा बसे। जहाँ आपने अपने पुरुषार्थ और परिश्रमसे पर्याप्त धनार्जन किया वहां आप सार्वजनिक कार्योंमें भी निरंतर भाग लेते रहे। आप साउथ अफ्रिकन हिन्दू महासभा और नेटालकी आर्य प्रतिनिधि सभाके प्रधान पदको प्रतिष्ठित कर चुके हैं। नेटाल इंडियन कॉंग्रेसके आप कई वर्षोंतक उपप्रधान चुने जाते रहे और साउथ अफ्रिकन इंडियन कॉंग्रेसके आप खजानची भी रह चुके हैं। कई साल तक आप डरबनके प्रसिद्ध गांधी लायब्रेरीके पुस्तकाध्यक्ष रहे और आपहीके प्रयत्नसे लायब्रेरीमें उच्च कोटिके हिन्दी ग्रंथोंका संकलन हुआ। आपहीने लायब्रेरीके लिये हिन्दीकी पत्र-पत्रिकाएँ मँगानी आरंभ की थी जो अब तक जारी हैं और उनसे हिंदी-भाषिओंको यथेष्ट लाभ होता है। जब आपने गांधी लायब्रेरीसे इस्तीफा दिया तो लायब्रेरी-कमेटीने आपका उचित सत्कार किया था। हिन्दू धर्म, हिन्दू जाति और हिन्दी भाषापर आपका बड़ा अनुराग है।

❀ ❀ ❀ ❀

## श्री गांधी एण्ड कम्पनी।

श्री अभयचन्द गांधी सन् १८९६ में दक्षिण आफ्रिका गये थे। आप महात्मा गांधीके निकट सम्बंधी हैं। अनेक स्थानोंपर व्यापार करते हुए अन्तमें आपने नेटालके टोंगाट में सन १९०० में अपनी दुकान खोली और सन १९३१ में उसे लिमिटेड-कम्पनीके रूपमें परिणत कर दिया। आपके दामाद श्री पुरुषोत्तम गिरधरदास देसाईने कारबारकी बाग-डोर संभाली। देसाईजी वर्षोंतक महात्मा गांधीके साथ उनके आश्रममें रह चुके हैं और सत्याग्रह-संग्राममें भाग भी ले चुके हैं। आपके कई पुत्र हैं जिनमें श्री नगीनदास भाई एक प्रसिद्ध डाक्टर हैं, शेष सर्व श्री वरजीवनदास, विठ्ठलदास, कृष्णदास, शान्तिलाल, कान्तिलाल और मणी-लाल 'गांधी एण्ड कम्पनी' के स्तंभ हैं। इन भाइयोंने टोंगाटके सिवा डरबन नगरमें भी गांधी एण्ड कम्पनीकी एक बहुत बड़ी दुकान खोली है और बड़ी बुद्धिमत्तासे अपना कारबार चलाते हैं। डाक्टर नगीनदास तो इस समय साउथ अफ्रिकन हिन्दूमहासभाके प्रधान भी हैं और उनके उद्योगसे हिंदुओंकी बहुत कुछ प्रगति हुई है। सारा परिवार शिक्षित है। श्री कृष्णदास भाईका हिंदीके प्रति ऐसा अनुराग है कि दक्षिण अफ्रिकामें रहकर भी उन्होंने हिंदीकी उच्च परीक्षा दी है। नेटालके सभी सार्वजनिक कार्योंमें गांधी एण्ड कम्पनीके सूत्रधार बड़े उत्साहसे भाग लेते हैं।

## डच गायनामें हिंदू मंदिर।

डित भवानीभीख मिश्रके विशेष उद्योग और परिश्रमसे डच गायनामें एक नवीन हिन्दू मंदिरका निर्माण हुआ है और उसके साथही हिन्दी पाठशालाकी भी स्थापना हुई है। मिश्रजीकी एक बहुत बड़ी इच्छाकी पूर्ति हो गई। वे वहाँके सनातनधर्मी हिन्दुओं के एक मान्य नेता हैं। सन १९३६ में वे भारत भी आय थे और यहां पं० बनारसीदास चतुर्वेदी और स्वामी भवानीदयालके साथ कई दिनोंतक रह कर डच गायनाके प्रवासी भारतीयोंकी कथा सुना गये। वे बड़े सीधे सादे और सच्चे आदमी हैं।

ऐसे तो डच गायनामें कई हिन्दू मंदिर हैं पर इस नवीन मंदिरमें विशेषता यह है कि इसके साथ हिंदी पाठशालाकी भी स्थापना की गई है। इस मंदिरकी नीव पं० भवानीभीख मिश्रके हाथोंसेही डाली गई थी। मंदिरके निर्माणके लिये सर्वश्री हेमराज मिश्र वकील, शिवनारायण मिश्र, हरदेव जानकी, हरिशिवप्रसाद, कन्हई, रामनारायण रामदत्त मिश्र, रामभरोस राजागंगा पांडे, विंधेश्वरी जानकी सिंह, महावीर गुप्त, शिवचरण शास्त्री गुप्त, बंशीधर गुप्त आदि सज्जनोंकी एक समिति बना दी गई थी। इस समिति ने पं० भवानीभीखके नेतृत्वमें बड़े उत्साहसे काम किया और लगभग साल भरमें मंदिर और विद्यालय बनकर तैयार भी हो गया।

गत चैत्र रामनवमी (७ अप्रेल १९४९) को मंदिरका उद्घाटन चार हजार मनुष्योंकी उपस्थितिमें डच गायनाके गवर्नरके हाथोंसे हुआ। सभापति पं० हेमराज मिश्रने अपने संक्षिप्त भाषणमें गवर्नरका आगत-स्वागत किया और उनसे मंदिरके उद्घाटनके लिये प्रार्थना की। तुमुल जय-ध्वनिके साथ गवर्नरने मंदिरका दरवाजा खोला। पं० भवानीभीख मिश्रने ईश्वरोपासना किया और पं० भगवान-दत्तके आचार्यत्वमें यज्ञ किया गया। इसके बाद गवर्नरने हिन्दुओंके इस धार्मिक कार्यके लिये उनकी सराहना करते हुए कहा कि हिन्दुओंके धर्म और संस्कृतिको हम बड़े आदर की दृष्टिसे देखते हैं और आशा करते हैं कि इस मंदिर और पाठशाला द्वारा उनके हृदयमें धर्म और ज्ञान का प्रकाश फैलेगा। गवर्नरके बिदा हो जानेके बाद उत्सवका शेष कार्यक्रम पूरा किया गया। लड़के और लड़कियों की ईश्वर प्रार्थनाको जनताने बहुत प्रसंद किया। इस उत्सवमें विशेषता यह थी कि इसमें सनातनियोंके साथ आर्यसमाजियोंने भी बड़े अनुराग और उत्साहसे भाग लिया था। परस्पर किसी प्रकारका द्वेष-भाव दृष्टिगोचर न हुआ।

पं० भवानीभीखकी एक इच्छा और है वह यह कि सुरीनाममें भारतीयोंका और खासकर हिन्दीका एक छापाखाना खुल जावे। भारतसे टाइप आदि मंगानेमें इस समय बड़ी दिक्कत है। इस लिये मिश्रजीका यह स्वप्न कबतक पूरा होगा, यह कहना कठिन है। पर उन्होंने यह निश्चय कर लिया है कि इस विचारको वे अवश्य कार्यान्वित करेंगे अन्यथा वृद्ध तो हो ही चुके हैं, अतएव इसी विचारमें सुरधाम सिधार जायगें। पं० भवानी भीखने बहुत कुछ खर्च करके अपने पुत्र हेमराजजीको वकील बनाया, जो डच गायनामें प्रथम भारतीय वकील हैं। हम ईश्वरसे प्रार्थना करते हैं कि उनकी अन्तिम इच्छाकी भी पूर्ति हो जावे।

## फिजीका मजदूर संघ।

फिजीमें गन्ना बोने और शक्कर बनानेकी जो सबसे बड़ी कम्पनी है उसका नाम है—सी० एस० आर० कम्पनी। इस कम्पनीके खेतों और कारखानोंमें अधिकांश भारतीय मजदूर नौकरी करते हैं। इस कम्पनीको फिजीकी सर्वोपरि सत्ता कहनेमें कोई अतिशयोक्ति न होगी।

अब फिजीमें भारतीय मजदूरोंने अपना संगठन करना आरंभ कर दिया है और भिन्न-भिन्न धन्धा करनेवाले मजदूरोंने अपने संघ (यूनियन) बना लिये हैं। सी० एस० आर० कम्पनीके मजदूरोंका भी 'चीनी मजदूर संघ' बन गया है। इस संघके प्रधान श्री नन्दकिशोरजी एक पत्र लिखकर हमें सूचित करते हैं कि:—

"सी० एस० आर० कम्पनी और चीनी मजदूर संघके अन्तर्गत मजदूरोंके बीच एक शर्त्तनामा बना है जिसके अनुसार मजदूरोंकी वर्त्तमान अवस्थामें केवल निम्न परिवर्त्तन होंगे—

(१) सात रोज काम करने वाले मजदूरको प्रति सप्ताह २४ घन्टेकी छुट्टी रहेगी।

(२) प्रति सप्ताह ४८ घन्टेसे अधिक काम करने वाले मजदूरोंके लिये भी ऐसा ही बन्दोबस्त होगा।

केवल एंजिन चलानेवाले मजदूरोंको ५४ घन्टे प्रति सप्ताह काम करना होगा। लॉंच (Launch) में काम करने वालोंको ज्वारके अनुसार या जैसा निश्चय किया जायगा वैसा काम करना होगा।

(३) वर्तमान मजदूरी ३ पेनी रोजके हिसाबसे बढ़ा दी जायगी।

(४) फील्डमें काम करनेवाले मजदूरोंका कमसे कम तलब मिलमें काम करने वाले मजदूरोंके बराबर होगी।

(५) बीमारीके समयके वेतनको ६ पेनी रोजके हिसाब से बढ़ा दिया जायगा।

इस शर्त्तनामाका समय १ एप्रिल १९४९ से लेकर एक वर्ष तक रहेगा।

## हिंद-दक्षिण अफ्रिका परिषद।

संयुक्त राष्ट्र-संघके गत अधिवेशनमें गये हुए भारतीय प्रतिनिधि मंडलके नेता श्री एम० सी० सीतलवादके कथनानुसार दक्षिण अफ्रिकाके प्रश्नपर भारत, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रिकाके बीच सफल गोलमेज सम्मेलनकी कोई उम्मीद नहीं दिखलाई पड़ती है।

गत २८ जूनको दक्षिण अफ्रिकाकी पार्लमेंटमें आन्तरिक विभागके मंत्री डा० डोंगेसने कहा था कि दक्षिण अफ्रिकासे भारतीयोंकी संख्या न्यूनतम कर दी जायगी। उसीपर आलोचना करते हुए श्री सीतलवादने उपर्युक्त विचार व्यक्त किये हैं।

श्री सीतलवादने बम्बईमें प्रेस ट्रस्टको कहा कि दक्षिण अफ्रिकाके मंत्रीकी यह घोषणा ही बतलाती है कि वहांसे भारतीयोंको एकदम निकाल देनेका जानबूझ कर प्रयत्न किया जा रहा है। इस घोषणासे साफ़ जाहिर होता है कि भारतीयोंके मामलेमें दक्षिण अफ्रिकाकी सरकार रंगभेद नीतिको जारी रखनेके लिये दृढ़ निश्चित है।

श्री सीतलवादने यह भी कहा कि एक राज्य इस प्रकार निर्लज्जतापूर्वक अपने यहांके कुछ निवासियोंको निकालनेकी घोषणा करे, इससे तो यही स्पष्ट होता है कि रंगभेद तथा एक समूह विशेषके प्रति विरोधी भावना किस हदतक पहुंच गयी है।

## मलान्की हिटलरशाही।

दक्षिण अफ्रिकाके डाक्टर दादूने श्रीनगर (काश्मीर) के एक प्रेस प्रतिनिधिसे कहा कि दक्षिण अफ्रिकामें जो घटनाचक्र चल रहा है उसे देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंकी वही दशा होगी जो हिटलरशाही जर्मनीमें यहूदियोंकी हुई थी।

आपने कहा कि ऐसी स्थितिमें इस बातकी अत्याधिक आवश्यकता है कि भारत तथा पाकिस्तानकी सरकारों द्वारा तत्काल सुनिश्चित तथा कड़ी कार्यवाही की जाय। अब संकोच करने या राजनीतिक आधार पर बातचीत चलानेका अवसर नहीं रहा। अब तो सामयिक कार्यवाही द्वाराही अफ्रिकाकी जनताको और विशेष रूपसे भारतीय जनता को संभावित विनाशसे बचाया जा सकता है।

डा० दादूने कहा कि मलान सरकार बेहयाईके साथ संयुक्त राष्ट्र संघका विरोध कर रही है। मलान सरकार जो कुछ भी कर रही है वह चीनसे लेकर तुर्की तक समस्त एशियाई देशोंकी प्रतिष्ठाके विरुद्ध है। आज यह सवाल नहीं है कि दक्षिण अफ्रीका सरकार संयुक्त राष्ट्र संघके उस निर्णयको पूरा करे जिसमें दक्षिण अफ्रिका, भारत तथा पाकिस्तानके गोलमेज सम्मेलनका आदेश था, अपितु आज इस बातकी और भी अधिक आवश्यकता है कि भारत, पाकिस्तान, ब्रिटेन तथा विश्वके अन्य सभी राष्ट्र दक्षिण अफ्रिकाके भारतीयोंके प्रश्नको बेहद जरूरी समझ कर उस पर तत्काल विचार करें। आज मलान सरकार पूरी तरह दक्षिण अफ्रिकासे भारतीयोंको निकाल भगाने पर तुली हुई है।

श्रीनगरसे डा० दादू अमृतसरको रवाना हो गये। रवाना होनेसे पहले दादूने भारतके प्रधान मंत्री पन्डित नेहरु तथा भारतीय विधान परिषद्के अनेक सदस्योंसे बातचीत की। अमृतसरसे आप करांची पहुँच कर पाकिस्तान सरकारसे भी बातचीत करेंगे।

---

## सम्पादकजीकी बीमारी।

जिस समय बाबा रमतायोगीने अपनी कलिकाल कथामें "प्रवासी" के सम्पादक स्वामी भवानी दयालजीकी बीमारीकी खबर लिखी थी उस समय स्वामीजीकी तबियत बहुत अच्छी हो गई थी। लगभग १५ दिनोंतक वे बड़े आराम और सुखसे रहे, किसी प्रकारकी बीमारीका लक्षण दिखाई न पड़ता था। उनका मुख्यरोग दमा तो बिलकुल ही दब गया था और शनैः शनैः शरीरमें शक्ति भी आने लगी थी। ऐसा सोचा गया कि अब संकट-काल बीत गया और मास-दो-मासमें वे पूर्ववत् अपना काम करने लगेंगे। पर प्रकृतिकी लीलाके सामने हमारी सारी आशाएँ

धूलमें मिल गई। गत २४ जूनको स्वामीजीका शरीर कुछ गरम मालूम पड़ा और थर्मामिटर लगाकर देखने पर मालूम हुआ कि उनके शरीरमें कुछ बुखार है। दूसरे दिन २५ जूनको बुखारने बड़ा उग्र रूप धारण कर लिया और शरीरकी गर्मी १०४ डिग्रीतक पहुँच गई। सारा दिन बेहोशीमें कटा। डाक्टर अम्बालालजी तो आबू चले गये थे पर डाक्टर उमाशंकर प्रसादने इस संकटकी घड़ीमें जिस लगनसे स्वामीजीका इलाज किया उसको हम कभी भूल नहीं सकते। रात्रिको बुखार घटकर १०० डिग्रीपर आ गया इसके बाद एक-दो-दिन तक बुखारका कुछ अंश रहा पर डाक्टर के उद्योगसे एकबार पुनः रोगका दमन हो सका। यद्यपि बुखार तो जाता रहा पर इधर पन्द्रह दिनोंके अन्दर उनके शरीरमें जो कुछ शक्ति आ गई थी उसे भी वह अपने साथ ही लेता गया। इस समय स्वामीजीकी निर्बलता बहुत बढ़ गई है और इस लिये यह कहना कठिन हो गया है कि कबतक वे शक्ति संचय कर पूर्ववत "प्रवासी" के कार्यको संभाल सकेंगे और "प्रवासी" के कर्मचारियोंको इस गंभीर जिम्मेदारीसे छुट्टी मिल सकेगी।

---

# सात्विक जीवन ।

हिंदीका सर्वोपयोगी मासिक पत्र । उद्देश्य—शुद्ध एवं सात्विक जीवनका निर्माण । गंभीर गवेषणापूर्ण लेख एवं मर्मभेदिनी कवितामोंसे अलंकृत । समाजमें चरित्र-गठनका संदेशवाहक । ईश्वरभक्ति, कर्तव्य-बोध, धर्माभिमान, देशसेवा, समाज संस्कार एवं आत्मोन्नतिका पथ-प्रदर्शक । वार्षिक मूल्य देशके लिये ३) रुपया और विदेशों के लिये केवल ६ शिलिंग ।

---

# सात्विक-जीवन ग्रंथ माला ।

## ओम् प्रणव रहस्य ।

श्रीस्वामी शिवानंदजी महाराजकी लिखी हुई यह पुस्तक अपने ढंगकी अद्वितीय है । ओमकी व्यापकता, श्रेष्टता और महत्तापर उत्कृष्ट रचना । थोड़ीसी प्रतियाँ शेष हैं । इन अनमोल ग्रंथके कागज और मुद्रणका मूल्य केवल दस आना, सजिल्द बारह आना ।

## सचित्र हठ योग ।

संसारके सुखोंमें स्वस्थ शरीरही सर्वोपरि सुख है । स्वस्थ शरीरमेंही सबल मन बसता है । यदि आप अपनी खोई हुई शारीरिक शक्तिको पुनः प्राप्त करना चाहते हैं और वह भी पैसे खर्च किये बिना तो योगके अनुभूत उपायोंका आश्रय लें । इस पुस्तकमें प्रतिपादित योगके नियमों और आसन व्यायामोंका अभ्यास करनेसे आपका मन तेज और तन तारुण्यसे चमक उठेगा । सुंदर, सचित्र, सजिल्द पुस्तक का दाम केवल दो रुपया ।

## वैराग्यके पथपर ।

मानवी जीवनका उद्देश्य बहुत ऊँचा है । जिसको भूलकर और विषय-वासनाओंमें फँस कर लोग पतित हो जाते हैं । इस ग्रंथमें जीवनको उन्नतिके शिखरपर ले जानेके अनुभूत उपाय बताये गये हैं । विश्वके अशांत एवं दुखद वातावरणमें विचरते हुए भी मनुष्य शांति और सुखका अनुभव कैसे कर सकता है, यह जाननेके लिये इस पुस्तकको पढ़ना चाहिये । सुंदर सजिल्द ग्रंथका मूल्य केवल एक रुपया ।

## मन और उसका निग्रह ( दो भाग ) ।

मनकी चंचलता किसीसे छिपी नही है । अतएव उसको अनियंत्रित रूपमे छोड़ देनेसे जहाँ वह मनुष्यको पतनके गहरे गर्तमें गिरा देता है, वहाँ उसको वश में लाकर सुपथ पर चलानेसे वह मनुष्यको उत्कर्षके सर्वोच्च सोपानपर पहुँचा देता है । मनके वशीकरण बिना अभीष्टकी सिद्धि असभव है । यदि आप मनको वशमें रखना चाहते हैं तो इस ग्रंथके दोनों भाग को एकवार अवश्य पढ़े । सुंदर सजिल्द दोनों भागका मूल्य क्रमशः एक और तीन रूपया है अर्थात कुल चार रुपया ।

---

# हमारा ज्ञानवर्धक प्रकाशनः—

| | |
|---|---|
| (१) ब्रह्मचर्य नाटक........... | ॥) |
| (२) आध्यात्मिक शिक्षावली (प्रथम खण्ड)........... | ।॥) |
| (३) " " (द्वितीय " )........... | ।॥) |
| (४) सचित्र हठयोग (सजिल्द)........... | २) |
| (५) स्वामी शिवानंदकी जीवनी व उनके उपदेश (अंग्रेजी)........... | १॥) |
| (६) मन और उसका निग्रह (प्रथम खण्ड)........... | १) |
| (७) " " (द्वितीय " )........... | ३) |
| (८) ओ३म (प्रणव रहस्य)........... | ॥=) |
| (९) वैराग्यके पथपर........... | १) |
| (१०) जीवन सौरभ........... | ।-) |
| (११) मानव जीवनका रहस्य........... | ।-) |
| (१२) राष्ट्रीय जागरणका इतिहास........... | ।) |
| (१३) देशके नौनिहालोंसे........... | =) |
| (१४) सदाचारका महत्व........... | =) |
| (१५) काँग्रेसके सभापति........... | ।) |
| (१६) काँग्रेस चार्ट........... | ।) |
| (१७) स्वास्थ्य पत्र........... | ।) |

हमारी लोकप्रिय डायरियाँ तथा कैलेंडर जो प्रति-वर्ष बड़े सज-धजके साथ निकलते हैं:—

| | |
|---|---|
| (१) राष्ट्रिय डायरी । | १।) |
| (२) जनरल डायरी । | १) |
| (३) सदाचार डायरी । | १=) |

मिलनेका पता:—

# जनरल प्रिन्टिङ्ग वर्क्स लिमिटेड ।

८३ पुराना चीना बाजार स्ट्रीट,
कलकत्ता ।
फोन नं० २१०४ बड़ाबाजार । तारका पताः भाईकाशी ।

Registered No. N. 1043







Printed and published by Bhawani Dayal Sannyasi at the Pravasi Press, Pravasi-Bhawan
Adarshnagar, Ajmer, India.